बाह्य प्रकृति पर अपने नियंत्रण में भी, असाधारण रूप में प्रभावकारी हो सकता है, किंतु इसका कारण केवल यह है कि उसकी अंतर्दृष्टि आलोकित है और इसके परिणामस्वरूप वैश्व और परात्पर संकल्प के साथ उसका सामंजस्य अथवा तादात्म्य स्थापित हो गया है; क्योंकि ज़ब वह निम्न शक्ति के स्थान पर उच्च शक्ति का यंत्र बन जाती है केवल तभी सत्ता की इच्छाशक्ति वैश्व मनः-शक्ति, प्राण-शक्ति तथा भौतिक-शक्ति के कार्य तथा प्रक्रिया के द्वारा यांत्रिक निर्धारण से तथा इस निम्न प्रकृति की प्रेरणा की अज्ञानपूर्ण अधीनता से मुक्त हो जाती है। आरंभ करने की, यहां तक कि जागतिक शक्तियों का वैयक्तिक निरीक्षण करने की शक्ति हो सकती है, किंतु यह एक साधनसंबंधी आरंभ तथा प्रतिनिधिवत् निरीक्षण होगा; व्यक्ति के चुनाव को असीम सत्ता की स्वीकृति इसलिये मिलेगी कि वह स्वयं ही असीम सत्ता के किसी सत्य को अभिव्यक्त करता है। इस प्रकार व्यक्तित्व अधिकाधिक एवं उसी मात्रा में शक्तिशाली और प्रभावपूर्ण हो जायगा जिस मात्रा में वह अपने आपको वैश्व और परात्पर 'सत्ता' एवं 'प्रकृति' के केंद्र और रचना के रूप में अनुभव करता जायगा। कारण, ज्यों ज्यों परिवर्तन उन्नति-पथ की ओर अग्रसर होता जायगा, मुक्त व्यक्ति की शक्ति मन, प्राण और शरीर की ही शक्ति नहीं रह जायगी, जैसी कि वह प्रारंभ में थी; मनुष्य 'चेतना' के एक महत्तर प्रकाश में तथा 'शक्ति' के एक महत्तर कर्म के रूप में प्रकट होगा तथा उन्हीं को धारण कर लेगा। इसी प्रकार ये वस्तुएं भी उसमें प्रकट होंगी तथा उसमें उतर आयंगी, उसे अपने अंदर धारण कर लेंगी। उसका प्राकृतिक अस्तित्व एक उच्चतर 'शक्ति' का, एक अधिमानसिक तथा अतिमानसिक 'चेतना-शक्ति' का, मूल 'भागवत-शक्ति' की सामर्थ्य का यंत्र बन जायगा। विकासक्रम की सब प्रतिक्रियाएं एक परमोच्च और वैश्व चेतना का कार्य प्रतीत होंगी, एक परमोच्च और वैश्व शक्ति कार्य कर रही होगी, कार्य करने का उसका ढंग एवं स्तर उसका अपना होगा, किन सीमाओं में वह कार्य करेगी यह भी वह स्वयं ही निर्धारित करेगी; यह एक परात्पर और वैश्व 'सत्ता' का चेतन कार्य होगा, यह उस सर्वशक्तिमती और सर्वज्ञ जगत्-जननी का कार्य होगा जो सत्ता को अपने अंदर अपनी अति-प्रकृति में धारण कर लेगी। जिस प्रकार अब व्यक्ति अज्ञानमय प्रकृति का एक बंद क्षेत्र और अचेतन या अर्ध-चेतन यंत्र है, उसी प्रकार उसके स्थान पर अब भागवत 'विज्ञान' की एक अति-प्रकृति होगी। और व्यक्तिगत आत्मा उसका एक चेतन, उन्मुक्त और स्वतंत्र क्षेत्र एवं साधन तथा उसके कार्य में एक भागीदार बन जायगी, वह उसके उद्देश्य और उसकी प्रक्रिया के प्रति, अपनी महत्तर सत्ता के प्रति, वैश्व और परात्पर सद्वस्तु के प्रति सचेतन हो जायगी, उसे इस बात का ज्ञान हो जायगा कि वह स्वयं असीम रूप में उसके साथ एक हो गयी है पर फिर भी वह उसकी 'सत्ता' की ही एक वैयक्तिक सत्ता, एक यंत्र एवं आध्यात्मिक केंद्र रहेगी।

मनुष्य का 'अतिप्रकृति' के कार्य में पहली बार भाग लेने का अर्थ है कि वह अब अंतिम अर्थात् अतिमानसिक रूपांतर के मार्ग की ओर मुड़ गया है, क्योंकि यह रूपांतर अंध यांत्रिकता के एक ऐसे अज्ञानपूर्ण सामंजस्य से जिसे लेकर प्रकृति अपना कार्य शुरू करती है आत्मा के स्वतः-स्थापित सत्य की आलोकपूर्ण और सच्ची सहजता और निर्भ्रांत क्रिया तक पहुंचने के मार्ग की पूर्ति है। विकास जड़पदार्थ तथा निम्न प्राण की यांत्रिकता से प्रारंभ होता है, क्योंकि इनमें सब निश्चित भाव में प्रकृति की प्रेरणा का आदेश मानते हैं, उसी के

सत्तासंबंधी विधान का यंत्रवत् पालन करते हैं और इसी कारण उसके एक विशेष प्रकार के सीमित अस्तित्व और कर्म के सामंजस्य को बनाये रखने में सफल होते हैं। फिर यह एक ऐसी मानवजाति के मन और प्राण की उर्वर अस्तव्यस्तता में से होकर गुजरता है जो प्रेरित तो इसी निम्न प्रकृति से होती है पर जो उसकी दुर्बलताओं से बचने, उसपर स्वामित्व प्राप्त करने, उसे प्रेरित करने तथा उसका उपयोग करने के लिये संघर्ष भी करती है; तब विकास एक ऐसे महत्तर और सहज सामंजस्य एवं स्वतः ही पूर्ण होनेवाले कर्म में प्रकट होता है जो वस्तुसंबंधी आध्यात्मिक सत्य पर आधारित होता है। इस उच्चतर अवस्था में चेतना उस 'सत्य' को देख लेगी तथा उसकी शक्तियों की दिशा का पूर्ण ज्ञानपूर्वक, एक सबल सहयोग, एक यांत्रिक स्वामित्व तथा कर्म और अस्तित्व के पूर्ण आनंद के साथ अनुसरण करेगी। व्यक्ति की समष्टि के प्रति एक अंध और कष्टप्रद अधीनता के स्थान पर उसकी सबके साथ एक प्रकाशपूर्ण और आनंदमय पूर्ण एकता स्थापित हो जायगी, और प्रत्येक क्षण व्यक्ति में समष्टि का और समष्टि में व्यक्ति का कार्य परात्पर अतिप्रकृति के द्वारा आलोकित एवं शासित होगा।

किंतु यह सर्वोच्च अवस्था बड़ी कठिन है और स्पष्टतः ही इसके आने में काफी समय लगेगा। कारण, 'पुरुष' का सहयोग और उसकी स्वीकृति ही काफी नहीं है, इसमें 'प्रकृति' की सहकारिता और स्वीकृति भी होनी चाहिये। केवल केंद्रीय विचार और संकल्प की ही स्वीकृति नहीं चाहिये, बल्कि हमारी सत्ता के सभी भागों को भी आध्यात्मिक 'सत्य' का नियम स्वीकार कर लेना चाहिये तथा उसके प्रति आत्म-समर्पण कर देना चाहिये। इन्हें समस्त भागों में स्थित चेतन भागवत शक्ति के शासन को मानना सीखना चाहिये। हमारी सत्ता में कुछ ऐसी दुराग्रहपूर्ण कठिनाइयां मौजूद हैं जो उसके विकासात्मक स्वभाव से उत्पन्न होती हैं, ये इस स्वीकृति का विरोध करती हैं। कारण, इनमेंसे कुछ भाग अभी भी निश्चेतना और अवचेतना के तथा अभ्यास की निम्न यंत्रवत् प्रवृत्ति या प्रकृति के तथाकथित नियम के अधीन हैं,—ये अभ्यास हैं मन के अभ्यास, प्राण के अभ्यास, सहजप्रवृत्ति के अभ्यास, व्यक्तित्व के अभ्यास, चरित्र के अभ्यास, प्रकृतिगत मनुष्य की बद्धमूल मानसिक, प्राणिक तथा शारीरिक आवश्यकताएं, आवेग और इच्छाएं और साथ ही वे सब प्रकार के पुराने कार्यकलाप जो इतने गहरे जमे हैं कि ऐसा प्रतीत होने लगता है मानों हमें उन्हें बाहर निकालने के लिये अथाह तल तक खोदना पड़ेगा। ये भाग 'निश्चेतन' में स्थापित निम्न विधान को प्रत्युत्तर देना बंद नहीं करना चाहते; ये लगातार पुरानी प्रतिक्रियाओं को चेतन मन और प्राण की तरफ भेजते रहते हैं तथा वहां इन्हें 'प्रकृति' के सनातन नियम के रूप में स्थापित करने की चेष्टा करते हैं। सत्ता के अन्य भाग कम अस्पष्ट एवं यांत्रिक हैं, इनकी जड़ें भी निश्चेतना में कम गहरी हैं, किंतु ये सभी अपूर्ण हैं तथा अपनी अपूर्णता में आसक्त हैं, इनकी अपनी दुराग्रहपूर्ण प्रतिक्रियाएं भी हैं: प्राणिक भाग स्व-पुष्टि एवं इच्छा के साथ बंधा हुआ है, मन अपनी स्वनिर्मित क्रियाओं में आसक्त है और दोनों ही स्वेच्छापूर्वक 'अज्ञान' के निम्न विधान का आदेश मानते हैं। यह सब होते हुए भी सहयोग का नियम और समर्पण का नियम अलंघनीय हैं; संक्रमण के प्रत्येक पग पर 'पुरुष' की स्वीकृति आवश्यक है, साथ ही प्रकृति के प्रत्येक भाग को अपने में परिवर्तन लाने के लिये उच्चतर शक्ति के कार्य को अपनी अनुमति देनी होगी। और तब हमारे अंदर की मानसिक सत्ता को चेतन

रूप में इस परिवर्तन की ओर, इस परात्परता की ओर अग्रसर होना चाहिये, उसे चेतन रूप में पुरानी प्रकृति के स्थान पर अतिप्रकृति को सुस्थापित करना चाहिये। आत्मा के उच्चतर सत्य के प्रति चेतन अधीनता का नियम तथा समस्त सत्ता का 'अतिप्रकृति' से उत्पन्न प्रकाश और शक्ति के प्रति समर्पण वह दूसरी अवस्था है जिसे सत्ता स्वयं ही धीरे धीरे एवं कठिनाई के साथ प्राप्त करेगी, केवल इसके बाद ही अतिमानसिक रूपांतर संभव हो सकता है।

अतः तीसरे और अंतिम परिवर्तन अर्थात् अतिमानसिक परिवर्तन के आरंभ होने से पहले आंतरात्मिक और आध्यात्मिक रूपांतर को काफी दूर तक आगे बढ़ जाना चाहिये। यहां तक कि जितना संभव हो इसे पूरा हो जाना चाहिये; कारण, इस दोहरे परिवर्तन के द्वारा ही 'अज्ञान' की अहंमय इच्छा 'असीम' की महत्तर चेतना के पुनर्निर्माणकारी सत्य और संकल्प के प्रति आध्यात्मिक अधीनता में पूर्णतया बदल सकती है। इससे पहले कि एक ऐसी निश्चयात्मक अवस्था तक मनुष्य पहुंच सके जिसमें समस्त सत्ता का सर्वोच्च 'सत्ता' और सर्वोच्च प्रकृति के प्रति समर्पण सर्वांगीण और पूर्ण हो जाय, उसे एक सतत प्रयत्न और शक्ति की, व्यक्तिगत संकल्प के नियंत्रण और तपस्या की एक लंबी और कठिन अवस्था में से सामान्यतः गुजरना ही पड़ेगा। एक तो जिज्ञासा और प्रयत्न की प्रारंभिक अवस्था होगी जिसमें हृदय और मन की उच्चतम 'सत्ता' के प्रति एक केंद्रीय समर्पण अर्थात् आत्मदान की भावना उपस्थित होगी, इसके बाद एक ऐसी मध्यवर्ती अवस्था आयेगी जिसमें मनुष्य उसकी महत्तर शक्ति पर पूर्ण और चेतन रूप में निर्भर रहेगा और जो उसे व्यक्तिगत प्रयत्न में सहायता पहुंचायेगी। इस पूर्ण निर्भरता का भी आगे विकास होगा; तब मनुष्य अपने प्रत्येक भाग में, प्रत्येक क्षण में अपने आपको प्रकृति में स्थित उच्चतर सत्य की क्रिया के प्रति पूर्णतया और अंतिम रूप में समर्पित कर देगा। इस समर्पण की पूर्णता तभी प्राप्त हो सकती है यदि आंतरात्मिक परिवर्तन पूरा हो जाय या आध्यात्मिक रूपांतर एक बड़ी उच्च अवस्था तक साधित हो जाय। कारण, मन के लिये इसका अर्थ अपने सब ढांचों, सब विचारों, मानसिक रचनाओं, सम्मतियों, बौद्धिक निरीक्षण और निर्णय के समस्त अभ्यासों को छोड़ना है और तब इनका स्थान पहले एक ऐसी अंतःप्रेरित और पीछे एक अधिमानसिक या अति-मानसिक क्रिया ले लेगी जो एक सीधी सत्य-चेतना, सत्य-दृष्टि, सत्य-विवेक तथा एक ऐसी नयी चेतना का कार्य प्रारंभ करती है जो अपने समस्त ढंग में हमारे मन की वर्तमान प्रकृति के लिये नितांत परकीय है। इसी प्रकार प्राण से भी अपनी प्रिय इच्छाओं, भावना-ओं, भावों, आवेगों, वेदन के अभ्यासों, क्रिया और प्रतिक्रिया की सबल यांत्रिक रचना को छोड़ने की, तथा इन्हें एक आलोकपूर्ण, इच्छारहित, स्वतंत्र पर स्वभावतया स्व-निर्धारित शक्ति के द्वारा स्थानापन्न करने की मांग की जाती है, यह एक केंद्रित, वैश्व और निर्व्य-क्तिक ज्ञान, शक्ति और आनंद की शक्ति होती है, प्राण को इसका यंत्र बनना चाहिये तथा इसे अभिव्यक्त करना चाहिये। किंतु प्राण को इसके बारे में अभी कोई संकेत नहीं मिला है, न ही इसकी प्राप्ति के लिये उसे किसी महत्तर आनंद और बल का भास ही हुआ है। हमारे भौतिक भाग को भी अपनी सहज प्रवृत्तियों, आवश्यकताओं, अंध और रूढ़ आसक्तियों, प्रकृति के स्थिर अभ्यासों तथा अपनेसे परे की सब वस्तुओं में संदेह और अविश्वास को तथा भौतिक मन, भौतिक प्राण और शरीर के नियत कार्यों की अनिवार्यता में अपनी श्रद्धा

को छोड़ना होगा और इनके स्थान पर एक ऐसी नयी शक्ति लानी होगी जो जड़पदार्थ के आकार और सामर्थ्य में अपना महत्तर विधान और क्रिया स्थापित कर दे। यहां तक कि हमारे अंदर निचेश्तन और अवचेतन को भी चेतन बनना होगा, उसे उच्चतर प्रकाश को अनुभव करना होगा, चेतना-शक्ति के चरितार्थता लानेवाले कार्य में उसे बाधक नहीं बल्कि अधिकाधिक 'आत्मा' का एक ऊपरी सांचा और निम्न आधार बनना होगा। ये बातें तब तक नहीं हो सकतीं जब तक कि मन, प्राण और भौतिक चेतना या तो सत्ता की प्रमुख शक्तियां न बन जायं या फिर वे प्रबल न हो जायं। इस प्रकार का परिवर्तन केवल तभी साधित किया जा सकता है जब कि आत्मा और आंतरिक सत्ता पूरी तरह से प्रकट हो जाय, जब कि आंतरात्मिक और आध्यात्मिक संकल्प प्रबल हो जायं, जब उनका प्रकाश और बल लंबे समय तक सत्ता के भागों पर कार्य कर चुकें तथा जब समस्त प्रकृति को नये सिरे से एक आंतरात्मिक और आध्यात्मिक सांचे में ढाल दिया जाय।

आंतरिक और बाह्य प्रकृति के बीच की दीवार को तोड़कर समस्त सत्ता का एकीकरण करना अतिमानसिक परिवर्तन की एक दूसरी अनिवार्य शर्त है जिसका अर्थ है चेतना की स्थिति और उसके केंद्र को बाह्य सत्ता से आंतरिक सत्ता की ओर मोड़ना, फिर इस नए आधार पर पक्की नींव रखना, आंतरिक सत्ता, उसकी इच्छाशक्ति और अंतर्दृष्टि के आधार से स्वाभाविक रूप में कार्य होना तथा व्यक्ति का वैश्व चेतना के प्रति खुलना। यह आशा करना एक भ्रांति होगी कि सर्वोच्च 'सत्य-चेतना' हमारे ऊपरी मन, हृदय और प्राण की संकीर्ण रचना में अपने आपको स्थापित कर सकती है, चाहे वे कितने भी आध्यात्मिकता की ओर क्यों न मुड़े हों। समस्त आंतरिक केंद्रों को पूरे का पूरा खुल जाना चाहिये तथा उन्हें अपनी योग्यताओं को कार्य रूप में परिणत कर देना चाहिये। आंतरात्मिक सत्ता को आवरण से मुक्त होकर एक नियंत्रण में रहना चाहिये। यदि यह परिवर्तन जो कि सत्ता को एक सामान्य चेतना के स्थान पर एक आंतरिक एवं अधिक विस्तृत अर्थात् यौगिक चेतना में स्थापित कर देता है नहीं साधित हो जाता तो अधिक महान् रूपांतर होना असंभव है। साथ ही व्यक्ति को पर्याप्त रूप में विश्वभाव को अपनाना होगा, उसे अपने वैयक्तिक भाव को वैश्व मन की असीमता में ढालना होगा, अपने वैयक्तिक जीवन को वैश्व जीवन की गतिशील क्रिया के तात्कालिक वेदन और सीधे अनुभव में विस्तृत एवं सजीव करना होगा, अपने शरीर और वैश्व प्रकृति की शक्तियों में संबंध का रास्ता बनाना होगा, इससे पहले कि वह एक ऐसा परिवर्तन साधने में समर्थ हो सके जो कि वर्तमान वैश्व रचना को पार करके उसे विश्व-व्यापकता के निम्न क्षेत्र से ऊपर उठाकर उच्चतर आध्यात्मिक चेतना में ले जाता है। इसके अतिरिक्त उसे उसके प्रति भी चेतन हो जाना चाहिये जो उसके लिये अतिचेतन है; उसे तो एक ऐसी सत्ता बन जाना चाहिये जो उच्चतर आध्यात्मिक प्रकाश, शक्ति, ज्ञान और आनंद के प्रति सचेतन हो, जिसके अंदर इनके नीचे उतरते हुए प्रभाव प्रविष्ट हो जायं, जो आध्यात्मिक परिवर्तन के फलस्वरूप नयी बन जाय। यह संभव है कि अंतरात्मा के बहुत आगे बढ़ने या पूर्णतया विकसित होने से पहले ही सत्ता आध्यात्मिकता की ओर खुल जाय तथा उसमें उसका कार्य होने लगे; कारण, ऊपर का आध्यात्मिक प्रभाव आंतरात्मिक परिवर्तन को जगा सकता है, उसकी सहायता कर सकता है तथा उसे पूर्ण बना सकता है। पर आवश्यकता केवल इस बात की है कि आंतरात्मिक सत्ता का इतना प्रभाव अवश्य

हो कि उच्चतर आध्यात्मिक मार्ग खुल सके। किंतु तीसरा अर्थात् अतिमानसिक परिवर्तन सर्वोच्च प्रकाश को समय से पहले उतरने की अनुमति नहीं देता, क्योंकि वह आरंभ ही तभी होता है जब कि अतिमानसिक 'शक्ति' सीधी कार्य करना शुरू कर देती है, और यह वह तब तक नहीं करती जब तक कि प्रकृति तैयार नहीं हो जाती। कारण, सर्वोच्च 'शक्ति' की सामर्थ्य तथा सामान्य प्रकृति की शक्यता में अत्यधिक विभिन्नता होती है; निम्न प्रकृति या तो सहन ही नहीं कर सकेगी और यदि सहन किया तो प्रत्युत्तर नहीं दे सकेगी, और न ही ग्रहण कर सकेगी, और यदि ग्रहण कर लिया तो पचा नहीं सकेगी। जब तक 'प्रकृति' तैयार नहीं हो जाती, अतिमानसिक 'शक्ति' को अप्रत्यक्ष रूप में ही कार्य करना होता है। वह अधिमानस या सहजज्ञान की मध्यवर्ती शक्तियों को आगे ले आती है, या फिर वह अपने में परिवर्तन लाकर उसके द्वारा कार्य करती है और तब अर्ध-परिवर्तित सत्ता उसे पूर्ण या आंशिक रूप में प्रत्युत्तर दे सकती है।

आध्यात्मिक विकास एक क्रमिक अभिव्यक्ति के तर्क के आदेश के अनुसार चलना है, वह एक नया निश्चयात्मक और प्रधान कदम तभी उठा सकता है जब कि उससे पहला प्रधान कदम पर्याप्त सफलता के साथ उठाया जा चुका हो; चाहे एक द्रुत विशृंखल आरोहण किन्हीं गौण अवस्थाओं को आत्मसात् करके उन्हें पार भी कर ले, तो भी चेतना को पीछे मुड़कर यह निश्चय कर लेना होगा कि जिस भूमि को पार कर लिया गया है वह नयी अवस्था में सुरक्षित रूप से मिला ली गयी है। यह सत्य है कि आत्मा की विजय का अर्थ है कि प्रक्रिया एक जन्म में या कुछ जन्मों में पूरी हो जायगी; जब कि प्रकृति की सामान्य अवस्था में वह सैकड़ों या हजारों वर्षों में धीमी और अनिश्चित गति से आगे बढ़ेगी, किंतु यह उस गति पर निर्भर है जिससे पग आगे बढ़ाये जाते हैं। एक अधिक महान् या केंद्रित गति न तो स्वयं पगों को और न उनके क्रमिक आरोहण की आवश्यकता को कम कर देती है। गति की द्रुतता के बढ़ने का केवल यही कारण हो सकता है कि वहां आंतरिक सत्ता का चेतन सहयोग होता है और अतिप्रकृति की शक्ति भी अर्ध-रूपांतरित निम्न प्रकृति में अपना कार्य आरंभ कर रही होती है, जिससे कि जो कदम वैसे प्रयोगात्मक रूप में 'निश्चेतना' अथवा 'अज्ञान' की रात्रि में उठाये जाते थे वे अब ज्ञान के अधिकाधिक बढ़ते हुए प्रकाश और बल में उठाये जा सकते हैं। विकासात्मक 'शक्ति' की पहली अस्पष्ट भौतिक क्रिया में युग-व्यापी क्रमिकता दृष्टिगोचर होती है। जीवन-विकास की गति क्रमिक रूप में आगे बढ़ती है, पर द्रुत पगों से; वह हजारों वर्षों की संख्या पर केंद्रित है; मन तो और भी 'समय' की सुस्त और धीमी गति को दबा सकता है तथा शताब्दियों के लंबे कदम भर सकता है। किंतु जब चेतन आत्मा हस्तक्षेप करती है तो विकास की द्रुतता एक अत्यधिक तीव्र चाल से आगे बढ़ने लगती है। पर फिर भी विकास के मार्ग के अंदर एक ऐसी द्रुतता जो अवस्थाओं को आत्मसात् करती जाय तभी आ सकती है जब कि चेतन आत्मा की शक्ति क्षेत्र को तैयार कर दे और अतिमानसिक शक्ति अपने सीधे प्रभाव का प्रयोग शुरू कर दे। 'प्रकृति' के समस्त रूपांतर एक चमत्कार का रूप अवश्य धारण कर लेते हैं किंतु इस चमत्कार में भी एक प्रणाली होती है। उसके अत्यधिक लंबे पग बड़ी निश्चित भूमि पर उठाये जाते हैं, उसकी अत्यधिक द्रुत छलांगें एक ऐसे आधार से लगायी जाती हैं जो विकासात्मक उड़ान को सुरक्षा और निश्चयता प्रदान करता है। एक गुप्त

सर्व-ज्ञान उसकी प्रत्येक वस्तु को शासित करता है, उन पगों और प्रक्रियाओं को भी जो अत्यधिक अवर्णनीय प्रतीत होती हैं।

प्रकृति की प्रणाली का यह विषय संक्रमण की अंतिम प्रक्रिया में एक क्रम-परंपरा की आवश्यकता उत्पन्न कर देता है। अवस्थाओं को क्रमिक रूप से पार करना होता है, उन अधिकाधिक उच्च अवस्थाओं को प्रकट होना होता है जो हमें आध्यात्मिक मन से अतिमानस की ओर ले जाती हैं, यह एक ऐसा ढालुवां मार्ग है जो किसी प्रकार से तय नहीं हो सकता। हम यह देख चुके हैं कि हमारे ऊपर सत्ता की कुछ ऐसी क्रमिक अवस्थाएं, स्तर तथा क्रम-बद्ध शक्तियां हैं जो हमारे सामान्य मन के ऊपर स्थित हैं तथा जो हमारे अपने अतिचेतन भागों में छुपी हुई हैं; ये मन के उच्चतर स्तर हैं, तथा आध्यात्मिक चेतना और अनुभूति की स्थितियां हैं। इनके बिना कोई ऐसी योजक कड़ी नहीं होती, न ही कोई सहायक मध्यवर्ती स्थल ही होते हैं जो इस भारी आरोहण को संभव बना दें। इन उच्चतर स्तरों से ही वस्तुतः गुप्त आध्यात्मिक शक्ति सत्ता पर काम करती है तथा अपने दबाव के द्वारा आंतरात्मिक रूपांतर या आध्यात्मिक परिवर्तन लाती है; किंतु हमारे विकास की प्रारंभिक अवस्थाओं में यह कार्य प्रत्यक्ष नहीं होता, यह गुह्य और अग्राह्य रहता है। शुरू में आवश्यकता केवल इस बात की है कि आध्यात्मिक शक्ति का विशुद्ध संपर्क मानसिक प्रकृति में हस्तक्षेप करे; उस जाग्रत् होते हुए प्रभाव को मन, हृदय और प्राण पर अपना सिक्का जमा लेना चाहिये तथा उन्हें अपने ऊर्ध्वमुख विकास की दिशा में मोड़ देना चाहिये। एक सूक्ष्म प्रकाश या एक महान् रूपांतरकारी शक्ति को उनकी गतिविधियों को शुद्ध, सूक्ष्म और उच्च बनाना चाहिये तथा उन्हें एक ऐसी उच्चतर चेतना से ओतप्रोत कर देना चाहिये जो उनकी अपनी सामान्य योग्यता या स्वभाव से भिन्न होती है। इस कार्य को अंदर से एक अदृश्य क्रिया आंतरात्मिक सत्ता और आंतरात्मिक व्यक्तित्व के द्वारा करती है; ऊपर से एक ऐसा अवरोहण जिसे चेतन रूप में अनुभव किया जाता हो अनिवार्य नहीं है। आत्मा की उपस्थिति प्रत्येक सजीव सत्ता में, प्रत्येक स्तर पर, समस्त वस्तुओं में मौजूद है और क्योंकि वह वहां मौजूद है, सच्चिदानंद का अनुभव, विशुद्ध आध्यात्मिक अस्तित्व और चेतना का अनुभव तथा भागवत उपस्थिति, निकटता और संपर्क के आनंद का अनुभव मन, हृदय या प्राणिक भाव के द्वारा, बल्कि भौतिक चेतना के द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है। यदि अंतर के द्वार काफी हदतक खुल जायं तो हृदयमंदिर का प्रकाश बाह्य सत्ता के अंतरतम और दूरतम कक्षों में फैल जायगा। आवश्यक मोड़ या परिवर्तन ऊपर से आध्यात्मिक शक्ति के गुह्य अवरोहण के द्वारा भी साधित हो सकता है। इस अवस्था में प्रवाह, प्रभाव तथा आध्यात्मिक फल अनुभव में तो आते हैं पर उच्चतर स्रोत अज्ञात रहता है और अवरोहण की वास्तविक अनुभूति भी नहीं होती। इस प्रकार का संपर्क प्राप्त करनेवाली चेतना इस हद तक ऊपर उठ जाती है कि सत्ता विकासक्रम का मार्ग छोड़कर 'परम सत्ता' या 'भगवान्' के साथ तत्काल जुड़ जाती है और यदि इसके लिये स्वीकृति मिल जाय तो किसी भी क्रमिक अवस्था, ढंग या प्रणाली का फिर प्रश्न ही नहीं उठता, तब प्रकृति के साथ संबंध निश्चित रूप में टूट जाता है। कारण, अलग हट जाने का नियम जब एक बार संभव हो जाता है तो वह विकासात्मक रूपांतर और पूर्णता के नियम के समान नियम नहीं रहता। न ही वैसा रहने की उसके लिये कोई आवश्यकता ही है। वह एक छलांग होती है या हो सकती है और

तब सब बंधन द्रुत वेग से या तत्काल ही टूट जाते हैं या टूट सकते हैं। आध्यात्मिक उपेक्षा की स्थिति प्राप्त हो जाती है, बाकी केवल शरीर के दैवनियत त्याग की स्वीकृति बच रहती है। किंतु यदि पार्थिव जीवन का रूपांतर अभिप्रेत हो तो आध्यात्मीकरण के पहले संपर्क के बाद मनुष्य को उच्चतर स्रोतों तथा सामर्थ्यों के प्रति जागृत हो जाना चाहिये, उनके लिये अभीप्सा होनी चाहिये, सत्ता को उनकी विशिष्ट अवस्थाओं में विस्तृतता एवं उच्चता प्राप्त कर लेनी चाहिये तथा चेतना को उनके महत्तर विधान तथा गतिशील स्वभाव में परिवर्तित हो जाना चाहिये। इस परिवर्तन को एक एक पग करके आगे बढ़ना चाहिये, जब तक कि आरोहण की सीढ़ी पार ही नहीं कर ली जाती तथा वे अत्यधिक विशाल और उन्मुक्त स्थल ही नहीं प्रकट हो जाते जिन्हें 'वेदों' में चेतना के निज धाम कहा गया है, यह चेतना अत्यंत उच्च रूप में प्रकाशमय एवं असीम है। कारण, यहां भी विकास की वही प्रक्रिया चलती है जो कि प्रकृति के बाकी के कार्यों में चलती है—चेतना उच्च और विस्तृत हो जाती है, नए स्तर पर आरोहण किया जाता है, निम्न स्तरों पर भी कार्य किया जाता है। एक ऐसी 'सत्ता' की उच्च शक्ति जो कार्य करने के अपने ढंग और उपादान-शक्ति के अपने स्वभाव और सामर्थ्य को प्रकृति के पूर्व-विकसित उतने ही अंगों पर लागू करती है जितनों पर वह कर सकती है, जीवन को धारण करके उसे एक नया समग्र रूप दे देती है। प्रकृति के व्यापारों की इस उच्चतम अवस्था में समग्रता की मांग अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हो उठती है। आरोहण के निम्नतर स्तरों पर चेतना के उच्चतर सिद्धांत में जीवन को नए रूपमें धारण करने तथा उसे समग्र बनाने की क्रिया अपूर्ण रह जाती है; मन प्राण और जड़ पदार्थ को पूर्णतया मानसिक रूप नहीं दे सकता। प्राणिक सत्ता और शरीर के ऐसे बहुत से भाग हैं जो अब मानसिक और अवचेतन या निश्चेतना के क्षेत्र में निवास करते हैं। यह बात स्वभाव की पूर्णता के लिये किये गये मन के प्रयत्न में एक बड़ी गंभीर बाधा उपस्थित करती है। कारण, क्रियाओं के शासन में मन के नियम को छोड़कर किसी अन्य नियम के द्वारा अवमानस, अवचेतन तथा निश्चेतन का सदा भाग लेते रहना चेतन प्राण एवं भौतिक चेतना को मन के द्वारा लादे गये नियम को अस्वीकार करने में समर्थ बना देता है तथा अपनी ही प्रेरणाओं और सहजप्रवृत्तियों का अनुसरण करने के योग्य बना देता है, इस कार्य में वह मानसिक तर्क और विकसित बुद्धि के तर्कसंगत संकल्प की पूर्णतया उपेक्षा करता है। इससे मन के लिये अपनेसे आगे बढ़ना, अपने स्तर को पार करना तथा प्रकृति को आध्यात्मिक बनाना कठिन हो जाता है। कारण, जिस वस्तु को वह पूरा चेतन नहीं बना सकता उसे सुरक्षित रूप में वह मानसिक और तर्कसंगत भी नहीं बना सकता, उसे आध्यात्मिक भी नहीं बना सकता, क्योंकि आध्यात्मीकरण एक अधिक महान् और कठिन समन्वय है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आध्यात्मिक शक्ति की सहायता से वह प्रकृति के कुछ भागों में एक प्रभाव स्थापित कर सकता है, एक प्रारंभिक परिवर्तन ला सकता है, विशेषकर विचारशील मन और हृदय में जो कि उसके अपने प्रदेश के अधिकतम निकट हैं; किंतु यह परिवर्तन प्रायः ही, यहां तक कि सीमाओं के भीतर भी, एक समग्र पूर्णता नहीं होता और जो प्राप्ति वह करता भी है वह दुर्लभ और कठिन होती है। मन का प्रयोग करनेवाली आध्यात्मिक चेतना निम्न साधनों से काम लेती है। यद्यपि वह मन के अंदर एक दिव्य प्रकाश और हृदय में एक दिव्य पवित्रता, भावावेग और लगन का भाव ले आती है, यहां तक कि प्राण पर भी

आध्यात्मिक नियम लागू कर देती है, तथापि इस नयी चेतना को सीमाओं के भीतर ही कार्य करना होता है। अधिकतर तो यह केवल प्राण की निम्न क्रिया को नियमित या नियंत्रित ही कर सकती है, साथ ही शरीर पर भी कठोर नियंत्रण रख सकती है, किंतु ये भाग चाहे परिष्कृत या अधीन हो भी जायें, इन्हें आध्यात्मिक प्राप्ति नहीं होती, न ही ये पूर्ण या रूपांतरित ही हो सकते हैं। इसके लिये एक ऐसे उच्चतर गतिशील सिद्धांत को लाने की आवश्यकता होती है जो आध्यात्मिक चेतना की वस्तु है और अतएव जिसके द्वारा वह अपने नियम के अनुसार एक अधिक पूर्ण और स्वाभाविक प्रकाश और शक्ति में कार्य कर सकता है तथा उन्हें अपने भागों पर लागू कर सकता है।

किंतु एक नए गतिशील सिद्धांत का यह हस्तक्षेप तथा शक्तिशाली दबाव काफी लंबे समय के बाद सफल हो सकता है। कारण, सत्ता के निम्न भागों के भी अपने अधिकार हैं और यदि उन्हें सचमुच में रूपांतरित करना हो तो उन्हें अपने रूपांतर के लिये स्वीकृति देने को बाध्य करना होगा और ऐसा करना कठिन है, क्योंकि हमारे प्रत्येक भाग की स्वाभाविक प्रवृत्ति अपने ही विधान को, अपने ही धर्म को मानने की होती है, चाहे वह उच्चतर विधान या धर्म से कितना भी निम्न कोटि का क्यों न हो; कारण, वह उसे अपना अनुभव नहीं करता। वह अपनी ही चेतना या अचेतना के साथ, अपनी ही प्रवृत्तियों और प्रतिक्रियाओं के साथ तथा सत्तासंबंधी अपनी क्रियाओं और अपने ढंग के अस्तित्वसंबंधी आनंद के साथ चिपटा रहता है। वह उनके साथ और भी अधिक हठपूर्वक चिपटा रहता है यदि वह ढंग आनंद का विरोधी हो अथवा अंधकार, दुःख, कष्ट और पीड़ा का हो; कारण, वह अंधकार और दुःख में एक विकृत और उलटे प्रकार का रस लेने लगा है, कष्ट और पीड़ा में भी उसे एक क्रूर और निर्दय प्रकार के आनंद की प्राप्ति होती है। हमारी सत्ता का यह भाग चाहे अच्छी वस्तुओं की खोज भी करे, तो भी उसे बुरी वस्तुओं के पीछे जाने को विवश होना पड़ता है, क्योंकि वे उसकी अपनी हैं, उसकी अपनी शक्ति के लिये, उसके अपने सार-तत्त्व के लिये स्वाभाविक हैं। एक पूर्ण और आमूल परिवर्तन केवल तभी लाया जा सकता है जब कि विरोधी तत्त्वों में आध्यात्मिक प्रकाश का, आध्यात्मिक सत्य, बल और आनंद के गंभीर अनुभव का प्रवेश हो जाय, और ऐसा तब तक होते रहना चाहिये जब तक कि वे स्वयं ही यह न जान लें कि उनकी पूर्णता का मार्ग इसी ओर है और वे स्वयं आत्मा की एक न्यूनतम शक्ति हैं तथा सत्ता के इसी नए ढंग से वे अपने सत्य एवं प्रकृति की समग्रता को पुनः प्राप्त कर सकते हैं। निम्न प्रकृति की शक्तियां इस ज्ञान का विरोध सदा करती रहती हैं, वे आसुरी शक्तियां तो और भी अधिक जो संसार की अपूर्णता के द्वारा ही जीवित रहती तथा शासन करती हैं तथा जिन्होंने अपना भयावह आधार 'निश्चेतना' की काली चट्टान पर खड़ा कर रखा है।

इस कठिनाई को दूर करने के लिये आंतरिक सत्ता और कार्य करनेवाले उसके केंद्रों का का खुलना अनिवार्य है। कारण, जो कार्य उपरितलीय मन वहां नहीं कर सकता था, वह अब अधिक संभव होने लगता है। एक बार जब आंतरिक मन, आंतरिक प्राणिक चेतना और प्राणिक-मन, सूक्ष्म भौतिक चेतना तथा उसकी सूक्ष्म भौतिक मानसिकता कार्य करना आरंभ कर देते हैं तो वे एक ऐसी विशालतर, सूक्ष्मतर तथा महत्तर चेतना उत्पन्न कर देते हैं जो अपना हस्तक्षेप करके विश्व-चेतना के साथ तथा जो उनके ऊपर स्थित है उसके साथ

संपर्क स्थापित कर सकती है, साथ ही वह उनकी शक्ति को सत्ता के समस्त क्षेत्र में, अवमानसिक क्षेत्र में, अवचेतन मन और अवचेतन प्राण में, यहां तक कि शरीर की अवचेतना में भी ले आती है; ये चाहे पूरे आलोकित न भी हों, तब भी ये कुछ हद तक खुलकर निश्चेतना में प्रवेश करते हैं और उसपर कार्य करते हैं। और ऊपर से आध्यात्मिक प्रकाश, बल, ज्ञान और आनंद नीचे उतरकर मन और हृदय से आगे तक पहुंच सकते हैं जिनतक पहुंचना सदा ही आसान होता है तथा जो जल्दी ही प्रकाश ग्रहण कर लेते हैं। ये तब समस्त प्रकृति को ऊपर से नीचे तक अधिकृत करके प्राण और शरीर में भी अधिक पूर्ण रूप से व्याप्त हो जाते हैं और एक और भी अधिक गंभीर आघात के द्वारा निश्चेतना की नीवों को हिला सकते हैं। किंतु भीतर से मन और प्राण का यह व्यापकीकरण अभी भी एक निम्न प्रकार का प्रकाश है। यह अज्ञान को कम तो कर सकता है पर उससे मुक्त नहीं हो सकता; यह उन सामर्थ्यों और शक्तियों पर जो निश्चेतना के सूक्ष्म और गुप्त नियम को स्थिर रखती हैं आक्रमण करता है, उन्हें पीछे हटने के लिये विवश भी करता है, पर उन्हें अपने अधीन नहीं करता। इस बृहत्तर मानसीकरण और प्राणिकीकरण के द्वारा कार्य करनेवाली आध्यात्मिक शक्तियां एक उच्चतर प्रकाश, शक्ति एवं आनंद ला सकती हैं, किंतु पूर्ण आध्यात्मीकरण, चेतना का पूर्णतम नया एकीकरण इस स्तर पर अभी भी असंभव है। यदि अंतरतम सत्ता अर्थात् अंतरात्मा कार्य को अपने हाथ में ले ले तो एक गहनतर परिवर्तन जो मानसिक नहीं होगा आध्यात्मिक शक्ति के अवतरण को अधिक प्रभावशाली बना सकता है। कारण, तब समस्त चेतन सत्ता एक ऐसे प्रारंभिक आत्मिक परिवर्तन में से गुजर चुकी होगी जो मन, प्राण और शरीर को उनकी अपनी अपूर्णताओं और अपवित्रताओं के जाल से मुक्त कर देता है। इस स्थल पर एक महत्तर आध्यात्मिक गतिशीलता, आध्यात्मिक मन एवं अधिमानस की उच्चतर शक्तियों की क्रिया पूर्ण रूप से हस्तक्षेप कर सकती है; वस्तुतः वे अपना कार्य पहले भी प्रारंभ कर सकती हैं, चाहे वह प्रभावों के रूप में ही हो, पर नयी अवस्थाओं में वे केंद्रीय सत्ता को उसके अपने स्तर तक उठा सकती हैं तथा प्रकृति के अंतिम और नए एकीकरण का आरंभ कर सकती हैं। ये उच्चतर शक्तियां मनुष्य के अनाध्यात्मिक मन में पहले से ही कार्य करती हैं, किंतु उनका यह कार्य अप्रत्यक्ष, आंशिक एवं न्यून रूप में होता है। इससे पहले कि वे कार्य कर सकें वे मन के सारतत्त्व और उसकी शक्ति में बदल जाती हैं, और यह शक्ति और सारतत्त्व अपने संवेदनों में आलोकित और तीव्र हो जाते हैं, इस प्रवेश से वे आगे कुछ गतियों में उन्नत एवं आह्लादित भी हो जाते हैं पर रूपांतरित नहीं होते। किंतु जब आध्यात्मीकरण शुरू हो जाता है और उसके महत्तर परिणाम—मन की नीरवता, वैश्व चेतना में हमारी सत्ता का प्रवेश, वैश्व सत्ता के भाव में क्षुद्र अहंभाव का 'निर्वाण', दिव्य सद्वस्तु के साथ संपर्क,—प्रकट होने लगते हैं तो उच्चतर प्रेरक शक्ति के हस्तक्षेप और इनकी ओर हमारा उद्घाटन बढ़ सकते हैं, ये अपने कार्य में एक अधिक पूर्ण, अधिक प्रत्यक्ष और अधिक विशिष्ट शक्ति प्राप्त कर सकते हैं और यह विकास चलता रहता है जब तक कि इनकी एक पूर्ण और परिपक्व क्रिया ही संभव नहीं हो जाती। इसके बाद ही आध्यात्मिक रूपांतर अतिमानसिक रूपांतर की ओर मुड़ना शुरू करता है; कारण, अधिकाधिक उच्च स्तरों तक चेतना का आरोहण हमारे अंदर उस अतिमानस की ओर आरोहण की अवस्था उत्पन्न करता है जो एक कठिन और सर्वोच्च यात्रा है।

यह नहीं माना जा सकता कि परिवर्तन की परिस्थितियां और दिशाएं सबके लिये एक ही प्रकार की होंगी, क्योंकि यहां हम असीम के क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। किंतु, क्योंकि इन सबके पीछे एक मूल सत्य की एकता विद्यमान है, आरोहण की किसी एक दिशा की छानबीन से आरोहण की समस्त संभावनाओं के सिद्धांत पर प्रकाश डालने की आशा की जा सकती है। केवल एक दिशा की ऐसी जांच के लिये ही प्रयत्न किया जा सकता है। यह दिशा आरोहण की सीढ़ी के स्वाभाविक आकार के द्वारा निर्धारित होती है, जैसा कि सब दिशाओं के साथ होना है। इस सीढ़ी में बहुत से डंडे हैं, क्योंकि यह एक अविराम स्तर-परंपरा है और कहीं भी कोई खाली स्थान नहीं है। चेतना हमारे मन से उन सक्रिय शक्तियों की उन्नतिशील शृंखला में से गुजरती हुई ऊपर की ओर उठती है जिनकी सहायता से मन अपना विकास कर सकता है। चेतना के इस आरोहण के दृष्टिकोण से इस स्तर-परंपरा को चार मुख्य सोपानोंवाली सीढ़ी में बदला जा सकता है, प्रत्येक की चरितार्थता ऊंचे दर्जे की होती है। संक्षिप्त रूप में ये स्तर चेतना के 'उच्चतर मन', 'आलोकित मन' और 'सहजज्ञान' से 'अधिमानस' और उससे आगे तक के विकास के क्रम कहे जा सकते हैं। ऊपर शिखर पर पहुंचने के लिये जहां अतिमानस और दिव्य विज्ञान अवस्थित हैं आत्मा के रूपांतर के कई क्रम होते हैं, ये सब अपने सिद्धांत और बल में विज्ञानमय हैं। कारण, प्रारंभ में भी हम एक ऐसी चेतना से जो एक आरंभिक 'निश्चेतना' पर आधारित है तथा जो एक सामान्य 'अज्ञान' में या एक मिश्रित 'ज्ञान-अज्ञान' में कार्य करती है उस चेतना में जाना आरंभ करते हैं जो एक गुप्त स्वयंस्थित ज्ञान पर आधारित है तथा जिसने पहले उस प्रकाश और शक्ति द्वारा प्रेरित होकर उन्हींपर कार्य किया था और बाद में जो स्वयं ही उसी सार-तत्त्व में परिवर्तित हो गई तथा जिसने इस नए साधन का पूर्णतया प्रयोग किया। अपने आपमें ये स्तर 'आत्मा' के शक्ति-रूपी तत्त्व के स्तर हैं। कारण, हमें यह नहीं सोचना चाहिये कि क्योंकि हम उनके मुख्य स्वभाव तथा ज्ञान के साधन और सामर्थ्य के अनुसार उनमें विभेद करते हैं, वे केवल जानने का एक ढंग या मार्ग अथवा ज्ञानप्राप्ति की एक क्षमता या शक्ति हैं; वे सत्ता के प्रदेश हैं, आध्यात्मिक सत्ता के उपादान-तत्त्व और शक्ति के स्तर हैं, सत्ता के अस्तित्व के क्षेत्र हैं जिनमेंसे प्रत्येक वैश्व 'चेतना-शक्ति' का स्तर है, प्रत्येक एक नई स्थिति में अपना निर्माण एवं अपनी व्यवस्था कर रहा है। जब किसी भी स्तर की शक्तियां हमारे अंदर पूर्ण रूप से उतर आती हैं तो हमारे विचार और ज्ञान पर ही उनका प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि हमारी सत्ता और चेतना का सार-तत्त्व और उपादान, उसकी समस्त अवस्थाएं और कार्य भी प्रभावित हो जाते हैं, उनके अंदर तक पैठा जा सकता है तथा उनका पुनर्निर्माण एवं पूर्ण रूपांतर भी किया जा सकता है। अतएव इस आरोहण का प्रत्येक स्तर सत्ता का एक महत्तर जीवन की नई ज्योति और शक्ति में रूपांतर है, यह रूपांतर यदि समग्र नहीं है तो सामान्य अवश्य है।

स्तर-परंपरा स्वयं ही मूलतः सत्ता, उसकी चेतना, उसके जीवन-आनंद तथा उसकी अस्तित्व-शक्ति के एक उच्चतर या निम्नतर सार-तत्त्व, शक्ति और उसके स्पंदनों की तीव्रता पर निर्भर करती है। ज्यों-ज्यों हम सीढ़ी से नीचे उतरते आते हैं, चेतना उत्तरोत्तर कम शक्तिशाली और मिश्रित होती जाती है,—वस्तुतः अपनी अधिक स्थूल अपरिपक्व-

ता के कारण वह जड़-पिंड सी बन जाती है, किंतु जब उस घनता की अपरिपक्वता अज्ञान के तत्त्व को ओतप्रोत कर देती है, तो वह प्रकाश को अपने अंदर कम से कम आने देती है। वह चेतना के विशुद्ध सारतत्त्व में हलकी पड़ जाती है तथा उसकी चेतना-शक्ति भी कम हो जाती है, उसका अपना प्रकाश धीमा पड़ जाता है और आनंद ग्रहण कर सकने की योग्यता में भी वह मंद और निर्बल हो जाती है, किसी तथ्य पर पहुंचने के लिये उसे अपने निर्बल सार-तत्त्व की स्थूलतर घनता और अपनी अस्पष्टतर शक्ति की श्रमपूर्ण मात्रा का आश्रय लेना पड़ता है, किंतु प्रयत्न और श्रम का यह आभास शक्ति का चिह्न नहीं वरन् दुर्बलता का चिह्न है। इसके विपरीत, जब हम ऊपर की ओर जाते हैं तो एक सूक्ष्मतर पर कहीं अधिक बलशाली और अधिक यथार्थ और आध्यात्मिक रूप में मूर्त सत्त्व, चेतना का महत्तर प्रकाश और शक्तिशाली तत्त्व तथा आनंद की एक अधिक सूक्ष्म, अधिक मधुर एवं विशुद्ध तथा अधिक शक्तिशाली रूप में आह्लादकारी शक्ति प्रकट होती है। जब इन उच्चतर स्तरों का हमारे अंदर अवरोहण होता है तो यही महत्तर प्रकाश, शक्ति, सत्ता और चेतना का सारतत्त्व और आनंद का बल मन, प्राण और शरीर में प्रवेश करते हैं तथा उनके निर्बल, मिश्रित और अयोग्य पदार्थ को बदल एवं सुधारकर उसे आत्मा की उच्चतर और सबल क्रियाशीलता में तथा सद्वस्तु के आंतरिक रूप और बल में परिवर्तित कर देते हैं। ऐसा इसलिये हो सकता है क्योंकि आमूल रूप में सब कुछ एक ही वस्तु, एक ही चेतना तथा एक ही शक्ति है, केवल उसका रूप, उसकी शक्तियां और स्तर भिन्न-भिन्न हैं। इसलिये 'उच्चतर' का 'निम्नतर' को अपने हाथ में ले लेना संभव है और निश्चेतना-संबंधी हमारी दूसरी प्रकृति को छोड़कर यह आध्यात्मिक रूप में स्वाभाविक क्रिया भी है; जो कुछ उच्च स्तर से प्रकट किया गया था वह उसकी अपनी महत्तर सत्ता और मूलतत्त्व से आच्छादित हो जाता है तथा उसके अधीन हो जाता है।

हमारी मानवी बुद्धि और हमारी सामान्य मानसिकता से उठाया गया हमारा पहला निश्चयात्मक पग उच्चतर 'मन' की ओर आरोहण है, यह मन अब मिश्रित प्रकाश, अस्पष्ट या अर्ध-प्रकाशवाला मन नहीं है बल्कि यह आत्मा की विशाल स्पष्टता है। इसका आधार-भूत तत्त्व सत्ता का एकात्मक भाव है, इसके साथ एक शक्तिशाली और बहुविध सक्रियता भी है जो ज्ञान के अनेक पक्षों का, कार्य-प्रणालियों का, अभिव्यक्ति के रूपों और अर्थों का तथा उन सबका जिनके बारे में सहज और आंतरिक ज्ञान प्राप्त है निर्माण करने में समर्थ होती है। अतएव, यह एक ऐसी शक्ति है जो अधिमानस से निकली है,—किंतु इसका दूरवर्ती स्रोत अतिमानस है—जैसे कि इस प्रकार की सभी महत्तर शक्तियां उसी से निकली हैं। किंतु इसके विशेष गुण पर तथा चेतनासंबंधी इसकी क्रिया पर 'विचार' शासन करता है; यह एक प्रकाशपूर्ण विचारात्मक मन अर्थात् एक ऐसा मन है जो आत्मा से उत्पन्न विचारयुक्त ज्ञानवाला है। एक ऐसी सर्व-चेतना जो मूल तादात्म्य से प्रकट होकर उसके अंदर निहित सत्यों को अपने साथ लाती है, जो द्रुत, विजयपूर्ण और बहुविध रूप में विचार करती है, अपने विचारों को सूत्रबद्ध करती है तथा जो 'विचार' की अपनी शक्ति से सफलतापूर्वक उन्हें चरितार्थ करती है, ज्ञान के इस महत्तर मन का विशिष्ट स्वरूप है। इस प्रकार का ज्ञान वह अंतिम ज्ञान है जो एक पृथक्कारी ज्ञान अर्थात् 'अज्ञान' के आधार के आरंभ से पहले मूल आध्यात्मिक तादात्म्य से प्रकट होता है; इसलिये जब हम

विचारात्मक और तार्किक मन से जो कि 'अज्ञान' की अत्यधिक व्यवस्थित ज्ञानशक्ति है 'आत्मा' के प्रदेशों में जाते हैं तो यही ज्ञान हमारे सामने पहले-पहल आता है। वस्तुतः यह हमारी विचारात्मक और मानसिक धारणा-शक्ति का आध्यात्मिक जनक है, और यह स्वाभाविक है कि जब हमारे मन की यह प्रमुख शक्ति अपने आपको पार कर ले तो यह सीधी अपने उद्गम में चली जाय।

किंतु यहां इस महत्तर विचार में एक जिज्ञासाशील और स्व-विवेचक तर्क की कोई आवश्यकता नहीं है, न ही परिणाम पर पहुंचने के लिये एक एक पग करके आगे बढ़ने की तार्किक क्रिया और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तर्कों और निष्कर्षों की यंत्रवत् क्रिया की ही आवश्यकता है, ज्ञान के किसी व्यवस्थित योगफल या परिणाम पर पहुंचने के लिये विचारों के निर्माण करने या एक विचार को दूसरे विचार के साथ कड़ी के रूप में जोड़ने की भी जरूरत नहीं है। कारण, हमारे तर्क की यह पंगु क्रिया अज्ञान की वह क्रिया है जो ज्ञान की खोज कर रही है, जो भ्रांति से बचने के निमित्त अपने पगों को सुरक्षित रखने के लिये, अपने अस्थायी आश्रयस्थल के रूप में अपनी पसंद का मानसिक ढांचा खड़ा करने के लिये तथा उसे पहले से रखे एक ऐसे आधार-स्थल पर स्थापित करने के लिये बाध्य होती है जो रखा तो बड़ी सावधानी से गया है पर जो दृढ़ कभी नहीं होता, क्योंकि वह जन्मगत चेतना की भूमि पर नहीं वरन् निर्ज्ञान की प्रारंभिक भूमि पर अवस्थित है। हमारे मन का दूसरा अर्थात् अत्यधिक सूक्ष्म और तीव्र पक्ष भी यहां उपस्थित नहीं है, न यहां एक द्रुत संशयात्मक भविष्यवाणी और अंतर्दृष्टि अथवा उस बुद्धि के तीक्ष्ण प्रकाश का खेल ही है जो कम ज्ञात या अज्ञात क्षेत्र में खोज करती रहती है। यह उच्चतर चेतना एक ऐसा ज्ञान है जो अपनी रचना स्वयं-स्थित सर्व-चेतना के आधार पर करता है तथा अपनी समग्रता के एक भाग को, विचार के आकार में बद्ध अपने अर्थों के सामंजस्य को अभिव्यक्त करता है। वह स्वतंत्रतापूर्वक अपने आपको पृथक् अखंड विचारों में व्यक्त कर सकता है, किंतु उनकी अत्यधिक विशिष्ट क्रिया विचारों का समूह तथा एक ही दृष्टि में पूर्ण सत्य को जान लेने की प्रणाली है। विचार के विचार से और सत्य के सत्य से संबंध तर्क के द्वारा नहीं स्थापित होते, परंतु वे पहले से ही अपना अस्तित्व रखते हैं तथा पूर्ण समग्रता में प्रकट होते हैं, वे पहले से ही देखे जा चुके होते हैं। सर्वदा उपस्थित पर अब तक निष्क्रिय ज्ञान रूपों में प्रकट होना आरंभ हो जाता है पर वहां प्रमाणित और प्रस्तुत तथ्यों से निष्कर्ष निकालने की प्रणाली नहीं होती। यह विचार सनातन ज्ञान की स्व-अभिव्यक्ति है, प्राप्त ज्ञान नहीं है। सत्य के बृहत् पक्ष दृष्टिगोचर होने लगते हैं जिनमें आरोहण करता हुआ मन, यदि वह चाहे तो, संतोषपूर्वक निवास कर सकता है तथा अपने पुराने ढंग से उसी प्रकार निवास कर सकता है जैसे कि किसी रचना में। किंतु यदि विकास करना ही है तो ये रचनाएं एक अधिक बड़ी रचना में लगातार विस्तृत हो सकती हैं अथवा इनमेंसे बहुत सी मिलकर एक बृहत्तर संपूर्ण रचना बना लेती हैं जो अस्थायी होती है और अभी भी अप्राप्त समग्रता को पाने के मार्ग पर बढ़ रही होती है। अंत में ज्ञात और अनुभूत सत्य की एक बड़ी समग्रता प्राप्त हो जाती है किंतु अभी भी यह समग्रता असीम रूप में विस्तृत होने की सामर्थ्य रखती है, कारण, ज्ञान के पक्षों का कोई अंत नहीं, **नास्त्यंतो विस्तरस्य मे**।

अपने ज्ञान-पक्ष में यह 'उच्चतर मन' है, किंतु इच्छाशक्ति का, 'सत्य' की गतिशील

चरितार्थता का एक और पक्ष भी है। यहां हमें पता चलता है कि यह महत्तर और अधिक प्रकाशमान 'मन' सदा सत्ता के बाकी के भागों पर, मानसिक संकल्प, हृदय और उसकी भावनाओं पर, प्राण और शरीर पर चिंतन की सामर्थ्य तथा विचार-शक्ति के द्वारा कार्य करता है। वह ज्ञान के द्वारा शुद्धता लाने की, ज्ञान के द्वारा मुक्त करने की तथा ज्ञान की अंतर्जात शक्ति के द्वारा निर्माण करने की इच्छा रखता है। हृदय और प्राण में विचार एक ऐसी शक्ति के रूप में रख दिया जाता है जो कि स्वीकार और चरितार्थ की जाती है। हृदय और प्राण उस विचार के प्रति सचेतन हो जाते हैं तथा उसकी गतियों को प्रत्युत्तर देने लगते हैं और उनका सार-तत्त्व उसी अर्थ में अपने आपको बदलना शुरू कर देता है जिससे कि भाव और कर्म इस उच्चतर ज्ञान के स्पंदन बन जाते हैं, इससे अनुप्राणित हो उठते हैं, इसके भावावेग और इसकी अनुभूति से ओतप्रोत हो जाते हैं। इसी प्रकार इच्छा-शक्ति और जीवनप्रवृत्तियां भी इसकी शक्ति को और स्व-चरितार्थता की प्रवृत्ति को ग्रहण कर लेती हैं; शरीर में भी यही विचार कार्य करता है, उदाहरणार्थ, सामर्थ्ययुक्त विचार और स्वास्थ्य की इच्छा रोग में उसके विश्वास का और रोग के लिये उसकी स्वीकृति का स्थान ले लेते हैं। अथवा शक्ति का विचार[1] शक्ति के तत्त्व, बल, कर्म और स्पंदन को अपने अंदर ले आता है; यह विचार अपने उपयुक्त शक्ति और आकार को पैदा करता है तथा उसे हमारे मन, प्राण और जड़पदार्थ के सार-तत्त्व पर लागू कर देता है। इसी ढंग से पहला कार्य आगे बढ़ता है। यह समस्त सत्ता को एक नयी और उच्चतर चेतना से प्लावित कर देता है, परिवर्तन का आधार खड़ा करता है तथा उसे जीवनसंबंधी उच्चतर सत्य के लिये तैयार करता है।

जब उच्चतर शक्तियों की उच्च सामर्थ्य पहली बार नीचे उतरती है तथा अनुभव में आती है तो स्वभावतः ही एक भ्रांति उठ खड़ी होती है। उसे दूर करने के लिये यह कहना आवश्यक है कि ये उच्चतर शक्तियां उतरने के साथ ही सर्वशक्तिमान् नहीं होतीं जैसी कि ये स्वभावतः ही अपने कर्मसंबंधी स्तर पर या अपने माध्यम के क्षेत्र में होती हैं। जड़-पदार्थ के विकासक्रम में इन्हें एक विजातीय और निम्न माध्यम में प्रवेश करना पड़ता है तथा उसपर कार्य करना होता है। वहां इन्हें हमारे मन, प्राण और शरीर की आवश्यकताओं का तथा अज्ञान की अग्रहणशीलता एवं अंध स्वीकृति का सामना करना पड़ता है तथा 'निश्चेतना' के निषेध और उसकी बाधा का अनुभव होता है। अपने स्तर पर ये आलोकित चेतना तथा सत्ता के आलोकित सारतत्त्व के आधार पर कार्य करती हैं तथा स्वतः ही प्रभावशाली होती हैं, किंतु यहां इन्हें निर्ज्ञान की पूर्वनिर्मित दृढ़ आधारशिला का सामना करना पड़ता है,—यह केवल जड़ पदार्थ का पूर्ण निर्ज्ञान ही नहीं होता बल्कि मन, हृदय और प्राण का संशोधित निर्ज्ञान भी होता है। इस प्रकार, विकसित मानसिक बुद्धि में उतरते हुए उच्चतर 'विचार' को वहां भी उन निर्मित विचारों के संघात या प्रणाली के बांध को पार करना पड़ता है जो 'ज्ञान-अज्ञान' की तथा इन विचारों की स्थिरता एवं चरितार्थता के संकल्प की वस्तुएं हैं। कारण, सब विचार शक्तियां हैं तथा उनमें एक निर्माणकारी या

---

[1]विचार को प्रकट करनेवाले शब्द में भी, यदि उसमें आध्यात्मिक शक्ति व्याप्त है तो, यही सामर्थ्य होती है। यही मंत्र के भारतीय प्रयोग का मूल आधार है।

प्रभावशाली योग्यता है जो अवस्थाओं के अनुसार कम या अधिक होती है। जब इन्हें निश्चेतन जड़ पदार्थ के साथ व्यवहार करना होता है तो यह योग्यता नहीं के बराबर भी हो जाती है, फिर भी यह होती सामर्थ्ययुक्त है। इस प्रकार तत्काल ही एक प्रतिरोध की शक्ति पैदा हो जाती है जो उतरते हुए 'प्रकाश' के प्रभावों का विरोध करती है या उसे कम कर देती है, यह प्रतिरोध 'प्रकाश' को अस्वीकार कर सकता है, त्याग सकता है, या फिर यह उसे नुकसान पहुंचाने, पराजित करने, चतुरतापूर्वक उसे परिवर्तित करने या उसे अपने अनुकूल बनाने या कुटिलतापूर्वक उसे विकृत करने के प्रयत्न का रूप भी धारण कर सकता है, जिससे कि वह 'अज्ञान' की पूर्वकल्पित धारणाओं के अनुकूल बन जाय। यदि पूर्व-कल्पित या पूर्वनिर्मित विचारों को छोड़ दिया जाय या स्थिर रहने के उनके अधिकारों से उन्हें वंचित कर दिया जाय, तो भी बाहर से, वैश्व मन में उनके अस्तित्व के कारण, उनका बारंबार आने का अधिकार तो रहता ही है। या फिर ये नीचे प्राणिक भौतिक या अवचेतन भागों में चले जाते हैं और फिर वहां से जरा सा मौका मिलते ही अपना खोया हुआ प्रदेश पुनः प्राप्त करने के लिये ऊपर आ जाते हैं। कारण, विकासात्मक प्रकृति उन वस्तुओं को जिन्हें एक बार उसने अपने विकास-क्रमों में एक पर्याप्त स्थिरता और दृढ़ता लाने के लिये स्थापित कर दिया है स्थायित्व का यह अधिकार देती ही है। इसके अतिरिक्त अभिव्यक्त होनेवाली 'शक्ति' का यह स्वभाव और दावा है कि वह जीवित रहे, जहां संभव हो और जब तक संभव हो वह अपने आपको चरितार्थ करे और यही कारण है कि 'अज्ञान' के जगत् में सब कुछ केवल शक्तियों की एक जटिल प्रणाली के द्वारा ही नहीं वरन् उनके आघात-प्रतिघात, संघर्ष और परस्पर-मिश्रण के द्वारा होता है। किंतु इस सर्वोच्च विकास के लिये यह आवश्यक है कि अज्ञान और ज्ञान के समस्त मिश्रण को दूर कर दिया जाय। शक्तियों के संघर्ष के द्वारा किये हुए कर्म और विकास का स्थान शक्तियों के सामंजस्य के द्वारा किये हुए कर्म और विकास को ले लेना चाहिये, किंतु यह अवस्था तभी प्राप्त हो सकती है जब कि 'प्रकाश' और 'ज्ञान' की शक्तियां अंतिम रूप से अज्ञान की शक्तियों के साथ संघर्ष करके उनपर विजय प्राप्त कर लें। सत्ता के निम्न स्तरों पर हृदय, प्राण और शरीर में भी यही बात लागू होती है, पर अधिक तीव्र रूप में।

कारण, यहां केवल विचारों का ही सामना नहीं करना पड़ता बल्कि निम्न प्रकृति के भावावेगों, उसकी इच्छाओं, प्रवृत्तियों, वेदनों तथा प्राणिक आवश्यकताओं और अभ्यासों का भी सामना करना पड़ता है। ये सब, विचारों से कम चेतन होने के कारण, अपने प्रत्युत्तर में अधिक अंध हैं तथा अधिक हठपूर्वक अपनी पुष्टि करते हैं। सभी में प्रतिरोध करने और दुबारा आने की वैसी ही या उससे अधिक बड़ी शक्ति मौजूद है, या फिर सभी सर्व-चेतन वैश्व प्रकृति में या हमारे अपने निम्न स्तरों में या अवचेतन में एक बीज के रूप में आश्रय लेते हैं और फिर वहां से एक नया आक्रमण करने या पुनः ऊपर उठने के लिये शक्ति प्राप्त करते हैं। प्रकृति में बने रहने की, दुबारा प्रकट होने तथा सुस्थापित वस्तुओं का प्रतिरोध करने की शक्ति सदा ही एक बड़ी बाधा होती है जिसका विकासात्मक शक्ति को सामना करना पड़ता है तथा जिसे उसने एक अधिक द्रुत परिवर्तन को रोकने के लिये स्वयं ही पैदा किया है, उस समय भी जब कि वस्तुओं में परिवर्तन उसका अपना अंतिम अभिप्राय है।

यह बाधा इस महत्तर आरोहण के प्रत्येक स्तर पर होगी, यद्यपि यह क्रमशः कम अवश्य हो सकती है। उच्चतर 'प्रकाश' को पर्याप्त रूप में प्रवेश करने या कार्य करने की शक्ति प्रदान करने के लिये यह आवश्यक है कि प्रकृति में अचंचल रहने की शक्ति पैदा हो जाय, एक स्थिर, शांत और नियंत्रित निष्क्रियता स्थापित हो जाय या मन, हृदय, प्राण और शरीर में पूर्ण नीरवता व्याप्त हो जाय। किंतु फिर भी एक सतत विरोध जो वैश्व 'अज्ञान' अथवा प्रच्छन्न-चेतना भाग की शक्ति में प्रत्यक्ष या अनुभूत रूप में और व्यक्ति की मनोमय प्रकृति की, उसके प्राणिक रूप तथा उसके स्थूल शरीर की सार शक्ति में प्रच्छन्न एवं अस्पष्ट रूप में विद्यमान है अथवा अज्ञानमयी प्रकृति की नियंत्रित या दबी हुई शक्तियों का एक गुह्य विरोध, विद्रोह या आग्रह सदा ही संभव होता है और यदि सत्ता का कोई भाग उन्हें स्वीकृति देता है तो वे अपना अधिकार फिर जमा लेते हैं। पहले से स्थापित आंतरात्मिक नियंत्रण अत्यधिक वांछनीय है क्योंकि यह एक सामान्य प्रकार की प्रत्युत्तर-शक्ति उत्पन्न कर देता है तथा 'प्रकाश' के विरोध में किये गये निम्न भागों के विद्रोह को तथा 'अज्ञान' की मांगों के प्रति उनकी स्वीकृति को रोक देता है। एक आरंभिक आध्यात्मिक रूपांतर भी 'अज्ञान' की पकड़ को ढीली कर देगा; किंतु इन प्रभावों में से कोई भी बाधा या दुर्बलता को बिलकुल ही दूर नहीं करता। कारण, ये प्रारंभिक परिवर्तन पूर्ण चेतना और ज्ञान को नहीं लाते। निश्चेतना के अज्ञान का मूल आधार अभी भी उपस्थित रहेगा, उसे प्रत्येक मोड़ पर परिवर्तित और आलोकित होना है तथा अपने प्रक्रियासंबंधी परिमाण और शक्ति में क्षीण होना है। आध्यात्मिक 'उच्चतर मन' की शक्ति तथा उसकी विचार-संबंधी शक्ति चाहे हमारी मानसिकता में प्रवेश पाने के कारण कुछ परिवर्तित और कम अवश्य हो गयी है पर वह इन सब बाधाओं को दूर हटा देने तथा एक विज्ञानमय सत्ता को उत्पन्न करने के लिये काफी नहीं है, किंतु वह एक पहला परिवर्तन, एक संशोधन अवश्य ला सकती है जो एक अधिक उच्च आरोहण और साथ ही एक अधिक शक्तिशाली अवरोहण की सामर्थ्य प्रदान करेगा और फिर आगे चेतना और ज्ञान की एक महत्तर शक्ति में सत्ता की पूर्णता के लिये तैयारी करेगा।

यह महत्तर शक्ति 'आलोकित मन' की शक्ति है, ऐसे मन की जिसका संबंध उच्चतर विचार से नहीं वरन् आध्यात्मिक प्रकाश से है। यहां आध्यात्मिक बुद्धि की निर्मलता, उसका शांत उज्ज्वल प्रकाश अपना स्थान आत्मा की तीव्र ज्योति को, उसके वैभव और प्रकाश को दे देते हैं या अपने आपको उनके अधीन कर देते हैं। ऊपर से चेतना में आध्यात्मिक सत्य और शक्ति की ज्योति प्रकट होकर क्रीड़ा करने लगती है जिसके फलस्वरूप शांति के स्थिर और विस्तृत आलोक और विशाल अवरोहण के साथ, जो एक अधिक बड़े विचारात्मक-आध्यात्मिक तत्त्व के कार्य की विशेषताएं हैं या जो उसके साथ रहते हैं, सिद्धि की तीव्र लगन और ज्ञान का अत्यधिक आनंद जुड़ जाता है। आंतरिक रूप में दिखायी देनेवाले 'प्रकाश' का तेज प्रवाह साधारणतया इस कर्म को आच्छादित कर देता है; कारण यह जान लेना चाहिये कि, हमारी सामान्य धारणाओं के विपरीत, प्रकाश मुख्यतः एक स्थूल सृष्टि नहीं है और आंतरिक-आलोक के साथ रहनेवाले प्रकाश की भावना या उसका अंतःज्ञान केवल आंतरिक एवं प्रत्यक्ष प्रतिमूर्त्ति या कोई प्रतीकात्मक तथ्य ही नहीं है। प्रकाश मुख्यतः उस 'भागवत सद्वस्तु' की आध्यात्मिक अभिव्यक्ति है जो प्रकाशकारी एवं सृजनकारी

है। भौतिक प्रकाश जड़ पदार्थ में भौतिक 'शक्ति' के प्रयोजनों के लिये उसका एक प्रतिनिधि या परिवर्तित रूप है। इस अवरोहण में आंतरिक शक्ति और सामर्थ्य की एक महत्तर गति, एक सुनहली प्रेरणा, एक प्रकाशपूर्ण उत्साह भी होते हैं, यह शक्ति 'उच्चतर मन' की अपेक्षाकृत धीमी और विचारपूर्वक की गयी प्रक्रिया का स्थान द्रुत रूपांतर की एक ऐसी प्रेरणा को दे देती है जो द्रुत तो होती ही है पर प्रायः ही उत्साहपूर्ण और अत्यधिक तीव्र भी होती है।

आलोकित 'मन' प्रधानतया विचार के द्वारा नहीं बल्कि अंतर्दृष्टि के द्वारा कार्य करता है; यहां विचार केवल एक गौण क्रिया है जो दृष्टि द्वारा देखी जानेवाली वस्तु को अभिव्यक्त करने में सहायक होती है। मानव मन, जो प्रधानतः विचार पर निर्भर होता है उसीको ज्ञान की सर्वोच्च या प्रधान प्रक्रिया समझता है, किंतु आध्यात्मिक व्यवस्था में विचार एक गौण प्रक्रिया है, अनिवार्य नहीं। विचार जब शब्द का रूप ग्रहण करता है तो उसे 'ज्ञान' की 'अज्ञान' के प्रति की गयी एक रियायत कहा जा सकता है, क्योंकि अज्ञान सत्य को अपने लिये, उसके समस्त विस्तार और बहुविध अर्थों में, स्पष्ट और सुबोध बनाने मं असमर्थ है, वह केवल उसे अर्थपूर्ण ध्वनियों की विशद यथार्थता के द्वारा ही समझ सकता है। इस उपाय के बिना वह विचारों को एक यथार्थ रूपरेखा तथा एक व्यक्त करनेवाला आकार नहीं दे सकता। किंतु यह स्पष्ट है कि यह एक उपाय और साधनमात्र है। विचार अपने आपमें, चेतना के उच्चतर स्तरों पर स्थित अपने स्रोत में, एक बोध है, किसी वस्तु या वस्तुसंबंधी किसी सत्य को ज्ञानपूर्वक समझना है; यह बोध और ज्ञान आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि का एक साधारण और गौण परिणाम है, यह सत्ता का सत्ता पर, कर्त्ता का अपने पर या अपने किसी भाग पर एक विषय के रूप में दृष्टिपात करना है, क्योंकि यहां सब वस्तुएं आत्मा के विविध और अनेक रूप हैं। मन में देखी या खोजी गयी वस्तु, तथ्य या सत्य के संपर्क को बोध तलीय रूप में प्रत्युत्तर देता है, और इसके फलस्वरूप उसके बारे में एक विचार बन जाता है। किंतु आध्यात्मिक प्रकाश में चेतना के सारतत्त्व से एक गहनतर बोधात्मक प्रत्युत्तर प्राप्त होता है, उसी सारतत्त्व में एक बोधग्राही रचना भी होती है और सत्ता के उपादान में सत्य के प्रकाशक विचार-चित्र की यथार्थ प्रतिमूर्त्ति होती है, इससे अधिक कुछ नहीं; इस विचार रूपी ज्ञान को यथार्थ और पूर्ण रूप से समझने के लिये शब्दों के प्रतिनिधित्व की आवश्यकता नहीं रहती। विचार 'सत्य' की एक प्रतिनिधिरूप प्रतिमूर्त्ति उत्पन्न करता है जिसे वह 'सत्य' को ग्रहण करने तथा उसे ज्ञान की वस्तु बनाने के लिये मन को सौंप देता है। किंतु 'सत्य' का आकार पकड़ में आ जाता है और उसे एक गहनतर आध्यात्मिक दृष्टि के उज्ज्वल प्रकाश में ठीक रूप में रखा जाता है। इस दृष्टि के लिये विचार द्वारा उत्पन्न किया गया प्रतिनिधिरूप आकार एक गौण और अन्यमूलक वस्तु है तथा ज्ञान का प्रतिपादन करने के लिये शक्ति रखता है, किंतु ज्ञान को ग्रहण या अधिकृत करने के लिये वह अनिवार्य नहीं होता।

ऐसी चेतना जो अंतर्दृष्टि के द्वारा कार्य करती है अर्थात् द्रष्टा की चेतना ज्ञानप्राप्ति के लिये विचारक की चेतना से अधिक बड़ी शक्ति है। आंतरिक दृष्टि की प्रत्यक्ष शक्ति विचार की प्रत्यक्ष शक्ति से अधिक बड़ी और सीधा कार्य करनेवाली है। आध्यात्मिक भाव सत्य के केवल आकार को नहीं वरन् उसके सारतत्त्व के एक अंश को भी समझता है, किंतु

साथ ही वह आकार की रूपरेखा भी बनाता है और उसके अर्थ को भी जान लेता है। जितना वह उसे एक अधिक सूक्ष्म, स्पष्ट और प्रकट करनेवाली रूपरेखा तथा समग्रता का एक बृहत्तर बोध और बल प्रदान कर सकता है उतना विचार-धारणा नहीं कर सकती। जिस प्रकार 'उच्चतर मन' आध्यात्मिक विचार और सत्यसंबंधी उसकी शक्ति के द्वारा सत्ता में महत्तर चेतना ले आता है, उसी प्रकार 'आलोकित मन' 'सत्य' दृष्टि, 'सत्य' के प्रकाश और उसकी देखने और समझने की शक्ति के द्वारा उसमें और भी बड़ी चेतना ले आता है। वह एक अधिक शक्तिशाली और गतिशील समग्रता को चरितार्थ कर सकता है। वह विचारक मन को एक सीधी आंतरिक दृष्टि एवं प्रेरणा से आलोकित कर देता है, हृदय में एक आध्यात्मिक दृष्टि और उसकी भावना और भावावेगों में एक आध्यात्मिक प्रकाश और बल ले आता है, वह प्राणिक शक्ति को एक आध्यात्मिक प्रवृत्ति, एक ऐसी सत्य-प्रेरणा प्रदान करता है जो कर्म को गति देती है तथा प्राण की क्रियाओं को उन्नत करती है, वह इंद्रियों को आध्यात्मिक संवेदन की एक सीधी और समग्र शक्ति से भर देता है जिससे कि हमारी प्राणिक और भौतिक सत्ता अधिक मूर्त्त रूप में सब वस्तुओं में स्थित भगवान् के साथ संपर्क स्थापित कर सके तथा उसके साथ संयुक्त हो सके, उसी प्रकार जिस प्रकार कि मन और भावावेग उनके बारे में तीव्रता के साथ सोच सकते हैं, देख एवं अनुभव कर सकते हैं। भौतिक मन के ऊपर वह एक ऐसा रूपांतरकारी प्रकाश फेंकता है जो उसकी सीमाओं को तोड़ देता है, उसके रूढ़ तमस् को नष्ट कर देता है, उसकी संकुचित विचार-शक्ति तथा उसकी शंकाओं के स्थान पर अंतर्दृष्टि ले आता है तथा शरीर के अणु-परमाणु में प्रकाश और चेतना उंडेल देता है। 'उच्चतर मन' द्वारा किये गये रूपांतर में आध्यात्मिक ज्ञानी और विचारक को अपनी समग्र और गतिशील चरितार्थता प्राप्त होगी; 'आलोकित मन' द्वारा किये गये रूपांतर में द्रष्टा को, आलोकित गुह्यवेत्ता को और उन-को भी जिनमें आत्मा अंतदृष्टि में, एक प्रत्यक्ष भाव और अनुभव में निवास करती है यही प्राप्ति होगी। कारण, इन्हीं उच्चतर स्रोतों से वे प्रकाश ग्रहण करते हैं और उसी प्रकाश में उन्नति करना और रहना उनका अपने जन्मसिद्ध साम्राज्य में आरोहण होगा।

किंतु आरोहण की ये दो अवस्थाएं केवल तीसरे स्तर के संबंध से ही अपनी सत्ता का उपभोग कर सकती हैं तथा अपनी संयुक्त पूर्णता प्राप्त कर सकती हैं; कारण, उच्चतर शिखरों से ही जहां कि अंतर्ज्ञानियुक्त सत्ता निवास करती है ये ज्ञान को प्राप्त करती हैं, इसे फिर ये विचार या दृष्टि में बदल कर मन के रूपांतर के लिये हमें प्रदान करती हैं। अंतर्ज्ञान चेतना की एक शक्ति है और तादात्म्य द्वारा प्राप्त मूल ज्ञान के अधिक निकट है तथा उसके साथ घनिष्ठ रूप में संबद्ध है। कारण, यह सदा ही एक ऐसा ज्ञान होता है जो छुपी हुई तादात्म्य से सीधा फूट पड़ता है। जब ज्ञाता की चेतना पदार्थ की चेतना से मिलती है, उसके अंदर पैठ जाती है तथा उसके साथ संपर्क स्थापित करती है, उसके सत्य को देखती है, अनुभव करती है तथा उसके द्वारा स्पंदित होती है तभी अंतर्ज्ञान एक चिनगारी के समान अथवा बिजली की चमक के समान उनके संपर्क के आघात से प्रकट हो उठता है; या जब चेतना, ऐसे किसी संपर्क के बिना भी, अपने अंदर की ओर देखती है तथा वहां उपस्थित सत्य या सत्यों को प्रत्यक्ष और घनिष्ठ रूप में अनुभव करती है और इस प्रकार बाह्य रूपों के पीछे छुपी हुई शक्तियों के साथ संपर्क स्थापित कर लेती है, तब

भी अंतर्ज्ञानयुक्त प्रकाश प्रकट होता है। और भी, जब चेतना परमोच्च सद्वस्तु या वस्तु और सत्ता संबंधी आध्यात्मिक सत्य के संपर्क में आती है तथा उसके साथ संपर्क द्वारा संयुक्त हो जाती है, तब भी आंतरिक सत्य-बोध की चिनगारी, झलक या लौ गहराइयों में जल उठती है। यह सूक्ष्म बोध दृष्टि से, विचार से कुछ अधिक है; यह एक ऐसे अंदर पैठ जानेवाले तथा बोध करा देनेवाले संपर्क का परिणाम है जो अपने एक अंग के या स्वाभाविक निष्कर्ष के रूप में अपने अंदर दृष्टि और विचार भी रखता है। एक गुप्त या प्रसुप्त तादात्म्य, जिसने अभी अपने आपको प्राप्त नहीं किया है, अभी भी अंतर्ज्ञान के द्वारा ही अपनी वस्तुओं को, अपनी आत्म-भावना की घनिष्ठता को, वस्तुसंबंधी आत्मदृष्टि को, अपने सत्य के प्रकाश को और अपनी प्रबल एवं यांत्रिक निश्चयता को स्मरण रखता है तथा दूसरों तक पहुंचाता है।

मानव मन में अंतर्ज्ञान का अर्थ सत्य को स्मरण रखना, उसे दूसरों तक पहुंचाना है या फिर यह एक ऐसी चमक या लौ है जो अज्ञान के बृहत् संघात में निर्ज्ञान के पर्दे के बीच से फूट पड़ती है। किंतु हम यह देख चुके हैं कि वहां यह एक आक्रमणकारी मिश्रण या एक मानसिक आवरण के या हस्तक्षेप एवं प्रतिस्थापन के अधीन हो जाता है; साथ ही यहां मिथ्या अर्थ लगाने की भी कई संभावनाएं रहती हैं जिससे कर्म की पवित्रता और पूर्णता में बाधा पड़ती है। इसके अतिरिक्त, सत्ता के समस्त स्तरों पर कुछ ऐसे ऊपरी अंतर्ज्ञान भी होते हैं जो अंतर्ज्ञान नहीं बल्कि एक प्रकार की सूचनाएं होते हैं और इनका स्रोत, महत्त्व एवं स्वभाव भी अत्यंत विभिन्न प्रकार का होता है। तथाकथित अवबौद्धिक गुह्यवेत्ता—कारण एक सच्चा गुह्यवेत्ता बनने के लिये तर्क-बुद्धि को अस्वीकार करना तथा विचार और कर्म के उन स्रोतों पर निर्भर रहना ही पर्याप्त नहीं है जिनका उसे कोई ज्ञान नहीं,—प्रायः ही प्राणिक स्तर पर एक अंधकारमय और भयावह स्रोत से ऐसी सूचनाओं के द्वारा प्रेरित होता है। इन परिस्थितियों में हमें प्रधानतः तर्कबुद्धि पर निर्भर रहना पड़ता है और हमारी प्रवृत्ति अंतर्ज्ञान के सुझावों को निरीक्षण और भेद करनेवाली बुद्धि के द्वारा नियंत्रित करने की होती है,—यह वह मिथ्या अंतर्ज्ञान होता है, जो बहुधा इसी रूप में देखा जाता है, क्योंकि हम अपने बौद्धिक भाग में यह अनुभव करते हैं कि हम किसी और तरह से निश्चयपूर्वक यह नहीं जान सकते कि क्या चीज सत्य है और क्या मिश्रित या क्या गंदली और क्या झूठी। किंतु इससे अंतर्ज्ञान की उपयोगिता पर हमारा विश्वास बहुत कम हो जाता है; कारण, इस क्षेत्र में तर्कबुद्धि एक विश्वसनीय मध्यस्थ नहीं है, क्योंकि उसकी प्रणालियां भिन्न एवं परीक्षणात्मक ढंग की तथा अनिश्चित हैं, यह केवल एक बौद्धिक खोज है; चाहे यह स्वयं असल में अपने निष्कर्षों के लिये एक कृत्रिम अंतर्ज्ञान पर ही निर्भर रहती है—कारण, उस सहायता के बिना यह न तो अपना मार्ग चुन सकती है और न ही किसी निश्चित प्राप्ति तक पहुंच सकती है,—यह इस पराधीनता को एक तर्कसंगत निष्कर्ष या एक प्रमाणित धारणा की प्रक्रिया के द्वारा अपने आपसे छुपा लेती है। वह अंतर्ज्ञान जिसकी तर्कबुद्धि ने न्यायसंगत आलोचना की है अंतर्ज्ञान नहीं रहता, उसके पास केवल तर्क-बुद्धि की सत्ता ही रहती है जिसके विषय में सीधी निश्चयता प्राप्त करने का कोई आंतरिक स्रोत नहीं होता। किंतु मन चाहे मुख्यतः एक ऐसा अंतर्ज्ञानात्मक मन बन भी जाय जो अपनी उच्चतर योग्यता के एक अंश पर ही निर्भर रहता है, तो भी उसके ज्ञान और उसकी पृथक् क्रियाओं का समन्वय होना,—कारण, मन में ये सदा ही अपूर्णतया संबंधित आलोकों की

शृंखला के रूप में प्रकट होती हैं,—तब तक कठिन रहेगा जब तक कि यह नयी मानसिकता अपने अतिबौद्धिक स्रोत के साथ चेतन रूप में जुड़ नहीं जाती या ऊपर उठकर चेतना के उस उच्चतर स्तर तक नहीं पहुंच जाती जिसमें अंतर्ज्ञानियुक्त कर्म विशुद्ध और स्वाभाविक होता है।

अंतर्ज्ञान सदा ही सर्वोच्च प्रकाश का एक छोर, उसकी एक किरण या एक छलांग का रूप होता है; हमारे अंदर यह एक बहुत दूरस्थित अतिमानसिक प्रकाश की आगे की ओर निकली हुई धारा, उसका एक सिरा या बिन्दु है, यह प्रकाश हमारे ऊपर स्थित एक मध्यवर्ती सत्य-मन के सारतत्त्व में प्रवेश करता है तथा उसके द्वारा परिवर्तित होता है और इस प्रकार परिवर्तित होकर यह पुनः हमारे सामान्य या अज्ञानयुक्त मन के तत्त्व में प्रवेश करता है तथा उसके कारण अत्यंत अंध बन जाता है। किंतु उस उच्चतर स्तर पर जिसके लिये यह स्वाभाविक वस्तु है इसका प्रकाश अमिश्रित रहता है और इसी कारण यह वहां पूर्ण और विशुद्ध रूप में सच्चा भी रहता है; इसकी किरणें अलग अलग नहीं रहतीं वरन् एक लहरों की क्रीड़ा के रूप में जिसे संस्कृत-कविता में 'स्थायी विद्युत्-प्रभाओं' का समुद्र या संघात कहा जा सकता है, एकत्र होकर आपस में संयुक्त हो जाती हैं। जब यह मूल या जन्मजात अंतर्ज्ञान, उसके स्तर तक हमारी चेतना के आरोहण के प्रत्युत्तर में या उसके साथ हमारे संबंध के स्पष्ट मार्ग को ढूंढने के परिणामस्वरूप हमारे अंदर उतरने लगता है तो यह उन विद्युत्-प्रभाओं की क्रीड़ा के रूप में निरंतर प्रकट होता रह सकता है जो पृथक् या सतत रूप में क्रिया करती हैं। किंतु इस अवस्था में तर्कबुद्धि का निर्णय बिलकुल अनुपयुक्त हो जाता है, अब यह केवल एक ऐसे निरीक्षक या प्रस्तोता के रूप में ही कार्य कर सकता है जो उच्चतर शक्ति की अधिक प्रकाशयुक्त सूचनाओं, निर्णय तथा विभेदों को समझता है या उन्हें अंकित कर देता है। एक पृथक् अंतर्ज्ञान को पूर्ण या प्रमाणित करने के लिये या उसके स्वभाव का, उसके प्रयोग तथा उसकी सीमाओं का विवेचन करने के लिये ग्रहणकारी चेतना को एक अन्य पूरक अंतर्ज्ञान की सहायता लेनी चाहिये या समस्त वस्तुओं को उपयुक्त स्थान दे सकनेवाले एक पुंजीभूत अंतर्ज्ञान को पुकारने में समर्थ होना चाहिये। कारण, एक एक बार जब परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो जाती है, तो मन के तत्त्व और उसकी क्रियाओं का अंतर्ज्ञान के तत्त्व, आकार और उसकी शक्ति में पूर्ण रूपांतर अति आवयक हो जाता है। जब तक चेतना की प्रक्रिया निम्नतर बुद्धि पर आश्रित रहती है तथा अंतर्ज्ञान की सेवा या सहायता करती रहती है या उसका प्रयोग करती है, तब तक परिणाम केवल उस 'ज्ञान'-'अज्ञान' के मिश्रण का जीवित रहना हो सकता है जो एक उच्चतर प्रकाश और शक्ति के द्वारा ऊपर उठा दिया जाता है या मुक्त कर दिया जाता है; यह प्रकाश और बल 'ज्ञान' के भागों में कार्य करते हैं।

अंतर्ज्ञान की शक्ति चतुर्विध है—सत्य के रहस्य को देख लेने की शक्ति, प्रेरणा और सत्य को सुनने की शक्ति, सत्य को छूने या उसके अर्थ को तत्काल ही हृदयंगम कर लेने की शक्ति जो हमारी मानसिक बुद्धि में इसके हस्तक्षेप के सामान्य स्वरूप से मिलती-जुलती है तथा एक सत्य के साथ दूसरे सत्य के व्यवस्थित और यथार्थ संबंध का सच्चा और सहज विवेचन करने की शक्ति अंतर्ज्ञान की चार शक्तियां हैं। अतएव, अंतर्ज्ञान तर्कबुद्धि के सभी कर्म कर सकता है,—इसमें उस तार्किक बुद्धि का कार्य भी शामिल है जिसे वस्तुओं का यथार्थ संबंध तथा एक विचार का दूसरे विचार के साथ यथार्थ संबंध चरितार्थ करना

है,—किंतु ऐसा वह अपनी सर्वोच्च प्रक्रिया के द्वारा तथा ऐसे क्रमों के द्वारा करता है जो न तो लड़खड़ाते हैं और न चलना ही बंद करते हैं। वह न केवल विचारक मन को ही अपने हाथ में लेकर उसे अपने सार-तत्त्व में रूपांतरित करता है, बल्कि हृदय, प्राण और भौतिक चेतना को भी रूपांतरित कर देता है। इन सबकी अपनी अंतर्ज्ञानसंबंधी शक्तियां हैं जो छिपे हुए प्रकाश से निकलती हैं; ऊपर से उतरती हुई विशुद्ध शक्ति इन सबको अपने अंदर धारण कर लेती है तथा हृदय के इन गहनतर बोधों को, प्राण के बोधों तथा शरीर के सहजज्ञान को एक महत्तर समग्रता एवं पूर्णता प्रदान करती है। इस प्रकार वह समस्त चेतना को अंतर्ज्ञान के तत्त्व में बदल सकती है, कारण, वह अपनी महत्तर आलोकमयी क्रिया को संकल्प में, भावनाओं और भावावेगों में, प्राणिक आवेगों में, इंद्रियों और वेदनों के कार्य में, वस्तुतः शारीरिक चेतना की क्रियाओं में भी ले आती है; वह इन्हें सत्य के प्रकाश और शक्ति में पुनः ढाल देती है तथा इनके ज्ञान और अज्ञान को आलोकित कर देती है। इस प्रकार एक प्रकार की समग्रता लायी जा सकती है, किंतु यह एक पूर्ण समग्रता है या नहीं यह उस परिमाण पर निर्भर करता है जिस परिणाम तक नया प्रकाश अवचेतन को अपने हाथ में ले लेता है और मूल निश्चेतन में पैठ जाता है। यहां अंतर्ज्ञान के प्रकाश और उसकी शक्ति के कार्य में बाधा पड़ सकती है, क्योंकि यह एक प्रतिनिधिस्वरूप और परिवर्तित अतिमानस का एक छोर है, किंतु यह तादात्म्य द्वारा प्राप्त ज्ञान के पूरे संघात या आकार को सामने नहीं लाता, हमारी प्रकृति में निश्चेतना का आधार इतना अधिक विशाल, गहरा और ठोस है कि सत्य-प्रकृति की निम्नतर शक्ति उसमें पूरी तरह प्रवेश नहीं कर सकती, न ही उसे पूरी तरह प्रकाश में परिवर्तित या रूपांतरित ही कर सकती है।

आरोहण का अगला पग हमें अधिमानस की ओर ले आता है; अंतर्ज्ञानसंबंधी परिवर्तन केवल उच्चतर आध्यात्मिक उद्‌घाटन की भूमिकास्वरूप है। किंतु हमने देख लिया है कि अधिमानस, जब वह अपने कर्म में निर्वाचन की क्रिया करता है पर समग्रता से युक्त नहीं होता, तब भी वह विश्व-चेतना की एक शक्ति होता है तथा जागतिक ज्ञान का एक तत्त्व होता है जिसमें अतिमानसिक 'विज्ञान' का प्रकाश प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहता है। अतएव विश्व-चेतना में खुलने से ही अधिमानसिक आरोहण और अवरोहण पूर्णतया संभव बनाया जा सकता है; ऊपर की ओर एक उच्च और तीव्र व्यक्तिगत उद्‌घाटन पर्याप्त नहीं है,—शिखर पर के 'प्रकाश' की ओर सीधे आरोहण के साथ साथ चेतना का 'आत्मा' की किसी समग्रता में एक विशाल दिगंत-व्यापी विस्तार भी होना चाहिये। कम-से-कम, आंतरिक सत्ता ऊपरी मन और उसके सीमित दृष्टिकोण के स्थान पर अपनी गंभीरतर और विशालतर चेतना को अवश्य ला देगी और एक विशाल विश्व-व्यापकता में निवास करना भी उसे सीखना ही होगा। कारण, अन्यथा वस्तुसंबंधी अधिमानसिक दृष्टिकोण और अधिमानसिक गतिशीलता को अपनी गतिशील चेष्टाओं में संचरण करने का और चरितार्थ करने का अवकाश नहीं मिलेगा। जब अधिमानस नीचे उतरता है तो केंद्रीकारक अहं-भावना की प्रधानता पूर्णतया गौण हो जाती है, वह सत्ता की विशालता में विलीन हो जाती है और अंत में समाप्त हो जाती है; उसके स्थान पर एक विशाल विश्वबोध तथा एक असीम वैश्व सत्ता और क्रिया की भावना आ जाती है। बहुत सी क्रियाएं जो पहले अहं पर केंद्रित थीं अभी भी चलती रह सकती हैं, किंतु वे विशाल विश्व में लहरों या तरंगों के

समान आती हैं। विचार अधिकतर अब शरीर या व्यक्ति में व्यक्तिगत रूप में पैदा होता प्रतीत नहीं होता किंतु ऊपर से अभिव्यक्त होता है अथवा वैश्व मन की तरंगों में प्रवेश करता है। वस्तुसंबंधी समस्त आंतरिक और व्यक्तिगत दृष्टि एवं बुद्धि का अर्थ उस वस्तु का अभिव्यक्त या उद्‌भासित होना है जो देखी एवं समझी जा चुकी है, किंतु अभिव्यक्ति का स्रोत मनुष्य की पृथक् सत्ता में नहीं बल्कि वैश्व ज्ञान में स्थित है; भावनाएं, भावावेग और वेदन भी उसी वैश्व विशालता की लहरें हैं जो सूक्ष्म और स्थूल शरीर से टकराती हैं तथा जिन्हें विश्व-व्यापकता का व्यक्तिगत केंद्र उसी प्रकार प्रत्युत्तर देता है। कारण, शरीर एक विशाल विश्वरूपी यंत्र की क्रिया के लिये एक छोटा सा आश्रय या कम-से-कम एक संबंध-स्थल है। इस असीम विशालता में पृथक् अहंभाव ही नहीं किंतु व्यक्तित्व की सभी भावना, यहां तक कि एक गौण या साधन-रूप व्यक्तित्व की भावना भी पूर्णतया विलीन हो सकती है। तब वैश्व अस्तित्व, वैश्व चेतना, वैश्व आनंद तथा वैश्व शक्तियों की क्रीड़ा ही बाकी बच रहती है; जिसे व्यक्तिगत मन, प्राण या शरीर कहा जाता है उसमें यदि आनंद या शक्ति के केंद्र का अनुभव होता है तो यह व्यक्तित्व की भावना से नहीं वरन् अभिव्यक्ति के क्षेत्र के रूप में होता है। और आनंद की या शक्ति की क्रिया की यह भावना व्यक्ति या शरीर के लिये सीमित नहीं है, बल्कि यह एकता की सर्वव्यापी असीम चेतना में सब स्थलों पर अनुभव की जा सकती है।

किंतु अधिमानसिक चेतना और अनुभव के कई रूप हो सकते हैं; कारण, अधिमानस में नमनीयता अधिक है और साथ ही वह अनेक संभावनाओं का क्षेत्र है। एक अकेंद्रित और अनियत विस्तार के स्थान पर यह भावना हो सकती है कि विश्व व्यक्ति में है या उसके रूप में है; किंतु वहां भी यह सत्ता अहंकार-भावना नहीं है; यह एक मुक्त और विशुद्ध मूलस्वरूप चेतना का विस्तार है अथवा 'सर्व' के साथ तादात्म्य है, यह वह विस्तार या तादात्म्य है जो एक वैश्व सत्ता या एक वैश्व व्यक्ति का निर्माण करता है। वैश्व चेतना की एक अवस्था में व्यक्ति विश्व में समाविष्ट होता है किंतु वह उसके अंदर निहित समस्त वस्तुओं के साथ, वस्तुओं और सत्ताओं के साथ, दूसरों के विचार और भाव के साथ, हर्ष और शोक के साथ तादात्म्य स्थापित कर लेता है। दूसरी अवस्था में सत्ताएं व्यक्ति में मिल जाती हैं और उनके जीवन का एक सत्य उसकी अपनी सत्ता का एक अंग बन जाता है। बहुधा इस अत्यधिक विशाल क्रिया को शासित करने के लिये कोई नियम नहीं होता, केवल वैश्व प्रकृति की स्वतंत्र क्रीड़ा ही वहां होती है जिसके प्रति व्यक्तिगत सत्ता एक निष्क्रिय स्वीकृति या एक सक्रिय तादात्म्य के साथ प्रत्युत्तर देती है, जब कि आत्मा अभी भी इस निष्क्रियता या इस वैश्व तथा निर्व्यक्तिक तादात्म्य और संवेदना की प्रतिक्रियाओं के बंधन से मुक्त रहती है और वह उसे अशांत नहीं कर सकता। किंतु अधिमानस के सबल प्रभाव या पूर्ण क्रिया के साथ वैश्व 'आत्मा' या ईश्वर के नियंत्रण की अत्यंत समग्र भावना तथा एक पूर्ण आश्रय-दात्री और सर्वोपरि उपस्थिति और मार्गप्रदर्शन भी आ सकता है तथा सामान्य बन सकता है; या फिर एक विशेष केंद्र भी प्रकट हो सकता है या उत्पन्न किया जा सकता है जो भौतिक यंत्र को आक्रांत करके उसपर अपना अधिकार जमा सके, यह यंत्र अस्तित्व की दृष्टि से व्यक्तिगत है पर भावना में निर्व्यक्तिक है, इसे स्वतंत्र ज्ञान एक ऐसी वस्तु समझता है जो एक 'परात्पर' और 'वैश्व' सत्ता के कार्य के लिये साधन-रूप

है। अतिमानस की ओर होनेवाले संक्रमण में यह केंद्रीकारी क्रिया उस सच्चे व्यक्ति की खोज की ओर प्रवृत्त होती है जो मृत अहं का स्थान ले लेता है। वह एक ऐसी सत्ता है जो अपने सार-तत्त्व में परमोच्च 'सत्ता' के साथ तथा जगत् के विस्तृत रूप के साथ एक है, पर फिर भी जो 'असीम' के विशेष कार्य का वैश्व केंद्र एवं उसकी परिधि है।

ये ही पहले सामान्य परिणाम हैं तथा विकसित आध्यात्मिक सत्ता में अधिमानसिक चेतना के सामान्य आधार का निर्माण करते हैं, किंतु इसके विभेद और विकसित रूप बहुत अधिक हैं। जो चेतना इस प्रकार कार्य करती है वह 'प्रकाश' और 'सत्य' की चेतना के रूप में अनुभव की जाती है, वह एक शक्ति है, सामर्थ्य है, 'प्रकाश' और 'सत्य' से ओतप्रोत एक क्रिया है, वह उस सौंदर्य और आनंद की भावना और संवेदना है जो अपनी बारीकियों में व्यापक और बहुविध है; वह सब में, समस्त वस्तुओं में, एक क्रिया में और समस्त क्रियाओं में एक प्रकाश है, उसके साथ सदा ही व्यापक रूप में संभावनाओं की असीम क्रीड़ा जुड़ी रहती है, वह अपने बहुविध निश्चयों में अनंत और अनिर्धार्य है। यदि एक आदेश देनेवाला अधिमानसिक 'ज्ञान' हस्तक्षेप करता है तो चेतना और क्रिया की एक वैश्व रचना स्थापित हो जाती है पर यह कठोर मानसिक रचनाओं के समान नहीं होती, वरन् नमनीय, सुघटित तथा एक ऐसी वस्तु होती है जो असीम में उन्नत, विकसित एवं विस्तृत हो सकती है। सब आध्यात्मिक अनुभवों को नयी प्रकृति में समाविष्ट कर लिया जाता है तथा वे स्वाभाविक और सामान्य बन जाते हैं। मन, प्राण और शरीर की आवश्यक अनुभूति को हाथ में लेकर उन्हें आध्यात्मिक बना दिया जाता है एवं रूपांतरित कर दिया जाता है, वे असीम सत्ता की चेतना, आनंद और शक्ति के रूप में अनुभव किये जाते हैं। अंतर्ज्ञान, आलोकित दृष्टि और विचार अपने आपको विस्तृत कर लेते हैं। उनका तत्त्व एक महत्तर वास्तविकता, संघात तथा शक्ति धारण कर लेता है, उनकी क्रिया अधिक व्यापक, विशाल, बहुमुखी और अपनी सत्य-शक्ति में अधिक विस्तृत और सामर्थ्य-युक्त होती है। समस्त प्रकृति, ज्ञान, सौंदर्यभाव, संवेदना, भावना, गतिशीलता अधिक उदार, सर्वग्राही, सर्वव्यापी, वैश्व और असीम बन जाती है।

अधिमानसिक परिवर्तन गतिशील आध्यात्मिक रूपांतर की चरम और परम क्रिया है। यह आध्यात्मिक मन के स्तर पर आत्मा की यथासंभव उच्चतम गतिशीलता की अवस्था है। यह उस सबको अपने हाथ में ले लेता है जो इसके नीचे के तीन सोपानों पर पाया जाता है तथा उनकी विशिष्ट क्रियाओं को उनकी सर्वोच्च और विशालतम शक्ति तक ऊपर उठा देता है तथा उनके साथ चेतना और शक्ति की विश्वव्यापकता, ज्ञान का एक लययुक्त समन्वय और सत्ता का एक बहुविध आनंद भी जोड़ देता है। किंतु उसकी अपनी ही विशिष्ट स्थिति एवं शक्ति से उत्पन्न कुछ ऐसे कारण भी हैं जो उसे आध्यात्मिक विकास की अंतिम संभावना बनने से रोक देते हैं। यह एक उच्चतम शक्ति होते हुए भी निम्नतर गोलार्ध की ही एक शक्ति है। यद्यपि इसका आधार वैश्व एकता है, तथापि इसकी क्रिया विभाजनात्मक और पारस्परिक है, पर यह एक ऐसी क्रिया है जो बहुविधता की क्रीड़ा पर आधारित है। इसकी क्रीड़ा समस्त 'मन' की क्रीड़ा की भांति संभावनाओं की क्रीड़ा है। यद्यपि यह 'अज्ञान' में नहीं बल्कि इन संभावनाओं के सत्य के ज्ञान के साथ कर्म करता है, फिर भी यह इनकी शक्तियों के स्वतंत्र विकास के द्वारा इन्हें चरितार्थ करता है। यह

प्रत्येक वैश्व नियम में उसी नियम के आधारभूत अर्थ के अनुसार कार्य करता है तथा यह गतिशील परात्परता के लिये एक शक्तिरूप नहीं है। यहां, पार्थिव जीवन में इसे एक वैश्व नियम के आधार पर कार्य करना होता है जिसके मूल में एक ऐसा पूर्ण निर्ज्ञान काम कर रहा है जो 'मन', 'प्राण' और जड़पदार्थ के अपने स्रोत और सर्वोच्च उद्गम से अलग होने के फलस्वरूप उत्पन्न होता है। अधिमानस विभाजन की इस खाई को उस बिंदु तक पाट सकता है जहां 'मन' 'अधिमन' में प्रवेश करके उसके कार्य का एक अंग बन जाता है; यह वैयक्तिक मन को वैश्व मन के साथ उसके उच्चतम स्तर पर जोड़ सकता है, वैयक्तिक सत्ता को वैश्व सत्ता के साथ एक कर देता है तथा प्रकृति को विश्वव्यापकता की क्रिया प्रदान कर सकता है। किंतु यह 'मन' को अपने से आगे नहीं ले जा सकता तथा इस प्रारंभिक निश्चेतना के संसार में यह 'परात्परता' को क्रियाशील नहीं बना सकता; कारण, अकेला अतिमानस ही सर्वोच्च स्व-निर्धारक सत्य-कर्म है तथा उस 'परात्परता' की अभिव्यक्ति की प्रत्यक्ष शक्ति है। यदि विकासात्मक 'प्रकृति' का कार्य यहीं समाप्त हो जाता, तो अधिमानस, जो चेतना को एक विशाल आलोकित विश्वव्यापकता के बिंदु तक और संपूर्ण सत्ता, चित्-शक्ति और आनंद के इस विस्तृत, शक्तिशाली एवं आध्यात्मिक ज्ञान की संगठित क्रीड़ा तक ले जा चुका है, 'परम आत्मा' के द्वार ऊपरी गोलार्ध में खोलकर एक ऐसे संकल्प के द्वारा ही आगे बढ़ सकता था जो आत्मा को अपनी वैश्व रचना से 'परात्परता' में प्रवेश करने में समर्थ बना देता है।

स्वयं पार्थिव विकास में भी अधिमानसिक अवरोहण 'निश्चेतना' को पूर्णतया रूपांतरित नहीं कर सकता; यह केवल अपने संपर्क में आनेवाले प्रत्येक मनुष्य में समस्त चेतन सत्ता को, आंतरिक और बाह्य वैयक्तिक और सार्वभौम रूप में निर्व्यक्तिक सत्ता को, अपने सार-पदार्थ में रूपांतरित कर सकता है तथा उसे 'अज्ञान' पर लागू करके उसे वैश्व सत्य और ज्ञान के प्रकाश से आलोकित कर सकता है। किंतु 'निर्ज्ञान' का आधार फिर भी बना रहेगा; यह ऐसा होगा मानों सूर्य और उसका सौर मंडल 'देश' के प्रारंभिक अंधकार में चमक उठा हो तथा जहां तक उसकी किरणें पहुंचती हैं वहां तक की प्रत्येक वस्तु को आलोकित कर दिया हो, जिसका परिणाम यह होगा कि वे सब जो इस प्रकाश में निवास करेंगे यह अनुभव करने लगेंगे कि जीवनसंबंधी उनके अनुभव में जरा भी कहीं कोई अंधेरा नहीं है। किंतु उस अनुभव के क्षेत्र या विस्तार के बाहर वह प्रारंभिक अंधकार फिर भी बना रहेगा और क्योंकि अधिमानसिक ढांचे में सभी कुछ संभव है वह अपने साम्राज्य में निर्मित प्रकाश के द्वीप पर पुनः भी आक्रमण कर सकता है। और, क्योंकि अधिमानस कई प्रकार की संभावनाओं के साथ संबंध रखता है, उसका स्वाभाविक कार्य एक या अधिक या बहुत सी गतिशील आध्यात्मिक रचनाओं की पृथक् संभावना को उनकी चरम सीमा तक विकसित करना या बहुत सी संभावनाओं को आपस में संयुक्त करना या उन्हें समन्वित करना होगा; किंतु यह प्रारंभिक पार्थिव रचना में एक रचना या अनेक रचनाएं होंगी, इनमेंसे प्रत्येक अपने पृथक् अस्तित्व में पूर्ण होगी। विकसित आध्यात्मिक व्यक्ति वहां विद्यमान रहेगा, इसके साथ ही उस जगत् में मनोमय मनुष्य और पशु की प्राणिक सत्ता के समान ही एक आध्यात्मिक जाति या जातियां भी विकसित हो सकती हैं, किंतु प्रत्येक जाति पार्थिव नियम के अंदर एक शिथिल संबंध में अपना स्वतंत्र अस्तित्व साधित कर रही होगी, एकता

के सिद्धांत की सर्वोच्च शक्ति जो सब विभिन्नताओं को अपने अंदर समाविष्ट कर लेती है तथा उन्हें एकता के अंग मानकर उनपर नियंत्रण रखती है,—यही नयी विकासात्मक चेतना का नियम होगा,—अभी वहां उपस्थित नहीं होगी। साथ ही केवल इतने ही विकास के द्वारा निश्चेतना के निम्न आकर्षण या खिंचाव से कोई सुरक्षा नहीं हो सकती, यह निश्चेतना उन सब रचनाओं को समाप्त कर देती है जिन्हें प्राण और मन इसके अंदर गढ़ते हैं, यह उन सब वस्तुओं को निगल जाती है जो इसके अपने अंदर से उठती हैं या जो इसके ऊपर लादी जाती हैं तथा उन्हें उनके मूल सार-पदार्थ में विभाजित कर देती है। निश्चेतना के इस खिंचाव से मुक्ति और एक सतत दिव्य या विज्ञानमय विकास का सुरक्षित आधार तभी प्राप्त हो सकते हैं जब कि अतिमानस पार्थिव रचना में उतर आये, उसमें सर्वोच्च विधान और प्रकाश तथा आत्मा की गतिशीलता ले आये तथा उसके द्वारा जड़ आधार की निश्चेतना में प्रवेश करके उसे रूपांतरित कर दे। इसलिये विकासात्मक 'प्रकृति' की इस अवस्था में 'अधिमानस' से 'अतिमानस' की ओर अंतिम संक्रमण तथा अतिमानस के अवतरण को हस्त-क्षेप करना ही चाहिये।

अधिमानस और उसकी प्रतिनिधिस्वरूप शक्तियां मन और उसपर निर्भर प्राण और शरीर को अपने हाथ में लेकर तथा उनमें प्रविष्ट होकर उन सबको एक उन्नायक प्रक्रिया के अधीन कर देती हैं; इस प्रक्रिया के प्रत्येक पग पर 'विज्ञान' की एक महत्तर शक्ति तथा उच्चतर तीव्रता जो मन के अपरिपक्व, छितरे और क्षीण एवं निर्बल कर देनेवाले पदार्थ से कम से कम मिश्रित होती है अपनी स्थापना कर सकती हैं। किंतु समस्त विज्ञान अपने मूल में अतिमानस की शक्ति है, फलतः इसका यह अर्थ होगा कि प्रकृति में अर्ध-आवृत और अप्रत्यक्ष अतिमानसिक प्रकाश और शक्ति का अधिकाधिक प्रवाह होने लगेगा। ऐसा तब तक चलता रहेगा जब तक कि वह स्थल ही नहीं आ जाता जहां अधिमानस अपने आपको अतिमानस में रूपांतरित करना शुरू कर देता है। तब अतिमानसिक चेतना और शक्ति रूपांतर को सीधे अपने हाथ में ले लेगी तथा पार्थिव मन, प्राण और शारीरिक सत्ता के आगे उनका अपना आध्यात्मिक सत्य और उनकी दिव्यता प्रकट कर देगी और अंत में तो समस्त प्रकृति में ही अतिमानसिक अस्तित्व का पूर्ण ज्ञान, शक्ति एवं अर्थ उंडेल देगी। आत्मा 'अज्ञान' की सीमाओं को लांघ जायगी तथा सर्वोच्च 'ज्ञान' से दूर हटने की प्रारंभिक रेखा को पार कर लेगी। वह अतिमानसिक 'विज्ञान' की समग्रता में प्रवेश करेगी और तब विज्ञानमय 'प्रकाश' का अवतरण 'अज्ञान' को पूर्णतया रूपांतरित कर देगा।

यह या कोई और ऐसी चीज जिनकी योजना इन्हीं दिशाओं में अधिकतर की गयी हो आध्यात्मिक रूपांतर का एक योजनात्मक, तार्किक या आदर्श विवरण, अथवा अतिमानसिक चोटी की चढ़ाई के क्रमों को दिखानेवाला मानचित्र मानी जा सकती है, जिसे अलग अलग सोपानों की श्रृंखला के रूप में देखा जा सकता है, इनमेंसे प्रत्येक सोपान अगले सोपान के शुरू होने से पहले ही पार कर लिया जाता है। यह तो ऐसा हुआ मानों आत्मा एक व्यवस्थित प्रकृतिगत व्यक्तित्व को आगे लाता हुआ एक ऐसा पथिक हो जो वैश्व 'प्रकृति' में बने हुए चेतनासंबंधी सोपानों पर चढ़ रहा है; इनमेंसे प्रत्येक आरोहण उसे चेतन सत्ता के पृथक् शरीर के रूप में, उसके अस्तित्व की एक अवस्था से अगली अवस्था तक पूर्ण रूप में एक निश्चित समग्रता तक ले जाता है। यह बात यहां तक ठीक है कि एक अवस्था के

पर्याप्त समग्रीकरण को अगले उच्चतर स्तर को पूर्णतया प्राप्त करने से पहले स्वयं पूरा हो जाना चाहिये। इस विकास की प्रारंभिक अवस्थाओं में भी यही स्पष्ट क्रम वह मार्ग हो सकता है जिसका कि कुछ ही लोग अनुसरण करते हैं। परंतु जब विकास की पूरी सीढ़ी तैयार एवं सुरक्षित बना ली जाती है तब यह क्रम भी एक सामान्य प्रक्रिया बन सकता है। किंतु विकासात्मक 'प्रकृति' पृथक् पृथक् खंडों की एक तार्किक शृंखला नहीं है, यह सत्ता की उन आरोहणकारी शक्तियों का एक समग्र रूप है जो एक दूसरी में पैठकर आपस में संयुक्त हो जाती हैं तथा एक दूसरी पर कार्य करके संशोधन की शक्ति को परस्पर लागू कर देती हैं। जब उच्चतर चेतना निम्नतर चेतना में उतरती है तो वह निम्न चेतना को बदल तो देती है पर साथ ही वह उसके द्वारा स्वयं भी परिवर्तित एवं न्यून हो जाती है; और जब निम्न चेतना का आरोहण होता है तो वह स्वयं तो ऊपर उठती है, किंतु साथ ही वह ऊपर उठानेवाले पदार्थ और शक्ति में अपनी विशिष्टता भी ले आती है। आदान-प्रदान का यह कार्य एक बड़ी संख्या में सत्ता की शक्ति और चेतना की विभिन्न, मध्यवर्ती और परस्पर-संबंधित अवस्थाएं उत्पन्न कर देता है, किंतु यह समस्त शक्तियों की पूर्ण समग्रता को किसी एक शक्ति के पूर्ण नियंत्रण में लाना भी कठिन बना देता है। इसी कारण व्यक्ति के विकास में वस्तुतः सरल, स्पष्ट और क्रमिक अवस्थाओं की कोई शृंखला नहीं होती। उसके स्थान पर क्रियासंबंधी एक जटिलता और एक ऐसी व्यापकता होती है जो कुछ अंश में निर्धारित और कुछ अंश में अस्तव्यस्त होती है। आत्मा को अभी भी एक यात्री या आरोही कहा जा सकता है जो अपने उच्च लक्ष्य की ओर एक एक पग करके आगे बढ़ता है, उसे अपने प्रत्येक पग को पूर्ण बनाना पड़ता है, किंतु अधिकतर उसे फिर नीचे भी उतरना होता है जिससे कि वह सहारा देनेवाली सीढ़ी को दुबारा खड़ा कर सके तथा इस बारे में निश्चित हो जाय कि सीढ़ी उसके नीचे से निकल नहीं जायगी। किंतु समस्त चेतना के विकास की क्रिया 'प्रकृति' के एक आरोहणकारी सागर की क्रिया की भांति होती है। इस-की तुलना एक ज्वार या ऊपर उठते हुए प्रवाह से की जा सकती है, जिसका अगला हिस्सा एक खड़ी चट्टान या पहाड़ी के उच्चतर सिरों को छूता है जब कि बाकी का अभी भी नीचे पड़ा हुआ होता है। प्रत्येक स्तर पर प्रकृति के उच्चतर भाग नयी चेतना में थोड़े समय के लिये पर अपूर्ण रूप में व्यवस्थित हो सकते हैं जब कि निम्न भाग गति या रचना की अवस्था में रहते हैं, ये कुछ हद तक तो पुराने ढंग से ही चलते रहते हैं—यद्यपि उनपर कुछ प्रभाव भी पड़ता है और उनमें परिवर्तन होना भी आरंभ हो जाता है,—और कुछ हद तक नया रूप धारण कर लेते हैं, किंतु अभी भी उनकी प्राप्ति अपूर्ण ढंग की होती है और उन-का परिवर्तन भी पक्का नहीं होता। इसको एक और ढंग से भी कह सकते हैं कि सेना की एक टुकड़ी आगे बढ़ती है और नये स्थल को हस्तगत कर लेती है जब कि उसकी प्रमुख टुकड़ी अभी भी उस प्रदेश में पड़ी है जिसे जीत तो लिया गया है पर जो इतना बड़ा है कि वास्तविक रूप में उसे अभी तक अधिकृत नहीं किया जा सकता। परिणामतः अब इसके लिये बार बार ठहरना पड़ेगा तथा जिन क्षेत्रों को पार कर लिया गया है उनमें कुछ हद तक वापिस आकर हस्तगत प्रदेश को एकीकृत करना पड़ेगा तथा उसपर अपने अधिकार को सुरक्षित कर लेना होगा, साथ ही वहां के लोगों को भी अपने में मिला लेना होगा। एक द्रुत विजय संभव हो सकती है, किंतु यह कार्य विदेश में एक प्रकार का पड़ाव डालना

या अधिकार जमाना ही होगा। यह पूर्ण अधिकृति नहीं होगी, न ही यह वह पूर्णतया आत्मसात् करने या समग्रता लाने की क्रिया होगी जिसकी पूर्ण अतिमानसिक परिवर्तन के लिये आवश्यकता पड़ती है।

इसके कई परिणाम निकलते हैं जो विकास के स्पष्ट क्रमों को बदल देते हैं तथा उसे उस सुनिश्चित और सुव्यवस्थित मार्ग का अनुसरण करने से रोक देते हैं जिसकी हमारी तार्किक बुद्धि 'प्रकृति' से मांग करती है पर जिसकी प्राप्ति उसे शायद ही होती है। जिस प्रकार प्राण और मन उस समय प्रकट होना आरंभ करते हैं जब कि 'जड़पदार्थ' की व्यवस्था उन्हें स्वीकार करने के लिये पर्याप्त हो जाती है,—किंतु जड़पदार्थ की अधिक जटिल और पूर्ण व्यवस्था प्राण और मन के विकास के साथ आती है,—जिस प्रकार मन उस समय प्रकट होता है, जब कि प्राण इतना व्यवस्थित हो जाता है कि वह चेतना का एक विकसित स्पंदन ग्रहण कर सके,—किंतु प्राण पूर्णतया व्यवस्थित और विकसित तभी होता है जब कि मन उसपर कार्य कर सकता है,—जिस प्रकार आध्यात्मिक विकास उस समय आरंभ होता है जब मनुष्य मन के रूप में आध्यात्मिक क्रियाओं के योग्य हो जाता है,—किंतु मन भी अपनी उच्चतम पूर्णता आत्मा की शक्तियों और ज्योतियों के विकास के द्वारा ही साधित करता है,—उसी प्रकार 'आत्मा' की आरोहणकारी शक्तियों के इस उच्चतर विकास का भी यही क्रम होता है। ज्योंही आध्यात्मिक विकास पर्याप्त रूप से साधित हो जाता है, त्योंही सहजज्ञान, सत्ता का आलोक तथा चेतना के उच्चतर आध्यात्मिक स्तरों की क्रियाएं कुछ मात्रा में प्रकट होने लगती हैं, कभी एक तो कभी दूसरी और कभी सब भी सामने आ जाती हैं; इससे पहले कि उच्चतर शक्ति कार्य-क्षेत्र में उतरे, ये शृंखला में किसी एक शक्ति के पूर्णतया प्राप्त करने के लिये प्रतीक्षा नहीं करतीं। 'अधिमानसिक' प्रकाश और शक्ति किसी रूप में नीचे उतर सकते हैं, सत्ता में अपना एक आंशिक रूप उत्पन्न कर सकते हैं तथा अपना एक प्रमुख स्थान भी बना सकते हैं या देखरेख और हस्तक्षेप ही कर सकते हैं, जब कि सहजज्ञानयुक्त और आलोक प्रदान करनेवाला मन एवं उच्चतर मन अभी भी अपूर्ण रहते हैं। ये तब समग्र वस्तु के अंग बनकर रहेंगे, महत्तर शक्ति के साथ कार्य करेंगे, उधर वह भी बहुधा उनमें प्रविष्ट होकर उन्हें ऊपर उठा देगी अथवा ये उसके अंदर उठकर एक महत्तर या अधिमानसिक सहजज्ञान, एक महत्तर या अधिमानसिक प्रकाश, एक महत्तर या अधिमानसिक आध्यात्म-चिंतन का रूप धारण कर लेंगे। इस जटिल क्रिया के घटित होने का कारण यह है कि नीचे उतरनेवाली प्रत्येक शक्ति प्रकृति पर अपने दबाव की तीव्रता के एवं उन्नतिकारी प्रभाव के द्वारा सत्ता को पहले से ही एक और भी अधिक उच्च आक्रमण के योग्य बना देती है, जब कि प्रारंभिक शक्ति अपनी रचना को बाद में पूरा करती है; एक कारण यह भी है कि यदि ऊपर से अधिकाधिक उच्च हस्तक्षेप न हो तो निम्न प्रकृति को अधिकृत और रूपांतरित करने के कार्य में कठिनाई आ सकती है। प्रकाश और उच्चतर विचार को सहजज्ञान की सहायता की आवश्यकता पड़ती है और सहजज्ञान को उस अंधकार या अज्ञान के साथ जिसमें वे अभिभूत रहते हैं संघर्ष करने तथा उन्हें उनकी पूर्णता प्रदान करने के लिये अधिमानस की सहायता की आवश्यकता पड़ती है। तब भी, अंत में अधिमानस की जो स्थिति या समग्रता है उसका पूर्ण होना तब तक संभव नहीं है जब तक कि उच्चतर मन और आलोकित मन

पूर्णता प्राप्त नहीं कर लेते तथा सहजज्ञान उन्हें धारण नहीं कर लेता और फलतः स्वयं सहजज्ञान पूर्ण नहीं हो जाता तथा सबको विस्तृत और उन्नत करनेवाली अधिमानसिक शक्ति में आत्मसात् नहीं हो जाता। विकासात्मक 'प्रकृति' की जटिल प्रक्रिया में स्तर-परंपरा के विधान को पूरा करना ही होगा।

जटिलता का एक और कारण स्वयं पूर्णता की आवश्यकता से भी उत्पन्न होता है; कारण, यह प्रक्रिया आत्मा का एक उच्चतर स्थिति तक आरोहण ही नहीं है, वरन् इस प्रकार प्राप्त एक उच्चतर चेतना का अवरोहण भी है; इस चेतना का कार्य निम्न प्रकृति को अपने हाथ में लेकर उसे रूपांतरित करना होता है। किंतु इस प्रकृति में अपनी पहली रचना की स्थूलता भी होती है जो अवरोहण का प्रतिरोध करती है तथा उसमें बाधा पहुंचाती है ; यहां तक कि जब उच्चतर शक्ति बाधा को दूर करके नीचे उतर चुकी होती है और कार्य कर रही होती है तो यह भी देखने में आता है कि 'अज्ञान' की प्रकृति प्रतिरोध करती है और कार्य में बाधा डालती है या बिलकुल ही रूपांतर को अस्वीकार करने या नयी शक्ति को अपने कार्य के अनुरूप बनाने के लिये उसमें परिवर्तन कर देने की चेष्टा करती है, यहां तक कि उसपर आक्रमण करके उसे अधिकृत करने, नीचा दिखाने तथा कार्य के अपने ढंग और निम्न उद्देश्य के लिये उसे अपना दास बना लेती है। साधारणतया तो ऐसा होता है कि उच्चतर शक्तियां, 'प्रकृति' के इस कठिन तत्त्व को अधिकृत एवं आत्मसात् करने की प्रक्रिया में, पहले मन में उतरती हैं तथा मन के केंद्रों को अधिकृत कर लेती हैं, क्योंकि ये केंद्र बुद्धि और ज्ञान-शक्ति में उनके निकटतम हैं। यदि ये पहले हृदय में या शक्ति और वेदनों की प्राणिक सत्ता में न उतरें, जैसा कि ये कुछ उन व्यक्तियों में करती हैं जिनमें ये अधिक खुली होती हैं और जिन्हें ये पहले पुकारती हैं तो उसकी अपेक्षा जब कि घटनाएं तार्किक रूप से घटती हैं परिणाम अधिक मिश्रित, संदेहजनक, अपूर्ण एवं अनिश्चित होते हैं। किंतु अपनी सामान्य प्रक्रिया में भी जब अवतरित होती हुई शक्ति अवरोहण के स्वाभाविक क्रम में सत्ता के एक एक भाग को बारी बारी से अपने हाथ में लेती है तो वह अपने आगे बढ़ने से पहले प्रत्येक भाग को पूर्ण रूप में अधिकृत एवं रूपांतरित नहीं कर सकती। उसे केवल एक सामान्य और अपूर्ण अधिकार ही प्राप्त होता है; परिणामतः प्रत्येक भाग की क्रिया कुछ अंश में नए उच्चतर स्तर का और कुछ अंश में मिश्रित और पुराने अपरिवर्तित निम्न स्तर का अंग बनी रहती है। मन अपने संपूर्ण क्षेत्र में एकदम परिवर्तित नहीं हो सकता, क्योंकि मन के केंद्र ऐसे क्षेत्र नहीं हैं जो शेष सत्ता से पृथक् हों। मन की क्रिया में प्राणिक और भौतिक भागों की क्रिया का मिश्रण हो जाता है और इन भागों में भी मन, प्राणिक मन और भौतिक मन के निम्नतर रूप उपस्थित रहते हैं और इससे पहले कि मानसिक सत्ता का पूर्ण रूपांतर हो सके इन सबका परिवर्तन होना आवश्यक है। इसलिये उच्चतर रूपांतरकारी शक्ति को जितना जल्दी हो सके और पूर्ण मानसिक परिवर्तन की प्रतीक्षा किये बिना हृदय में उतर आना चाहिये जिससे कि वह भावुक प्रकृति को अपने हाथ में लेकर उसे परिवर्तित कर सके। बाद में उसे समस्त प्राणिक, क्रियाशील और संवेदनात्मक प्रकृति को अधिकृत एवं परिवर्तित करने के लिये निम्न प्राणिक केंद्रों में उतरना होगा और अंत में तो उसे भौतिक केंद्रों में भी उतरना होगा जिससे कि वह भौतिक प्रकृति को भी अधिकृत करके उसे परिवर्तित कर दे। किंतु यह अंतिम अवस्था भी अंतिम

नहीं है, क्योंकि अभी अवचेतन भाग और निश्चेतन आधार बाकी बचे हैं। सत्ता की इन शक्तियों और भागों की जटिलता और एक दूसरी में गुंथी हुई क्रिया इतनी बड़ी है कि यह भी कहा जा सकता है कि इस परिवर्तन में जब तक सब कुछ चरितार्थ नहीं हो जाता तब तक कुछ भी प्राप्त नहीं होता। यहां ज्वार और भाटा है, पुरानी प्रकृति की शक्तियां पीछे हट जाती हैं और फिर दुबारा पुराने प्रदेश का कुछ भाग हस्तगत कर लेती हैं। फिर ये धीरे धीरे हटने लगती हैं, अपनी पिछली पंक्ति में कार्य करती रहती हैं और फिर दुबारा आक्रमण कर देती हैं, उधर उच्चतर शक्तियों का प्रवाह हर बार अधिक प्रदेश की विजय तो कर लेता है किंतु वह तब तक अपने प्रभुत्व की ओर से पूर्णतया निश्चित नहीं होता जब तक कि कोई ऐसी चीज बची रहती है जो उसके आलोकपूर्ण राज्य का एक अंग न बन गयी हो।

एक तीसरी जटिलता चेतना की एक ही समय एक से अधिक अवस्थाओं में रहने की शक्ति से पैदा होती है; विशेषतया हमारी सत्ता के आंतरिक और बाह्य अथवा उपरितलीय प्रकृति में विभाजन के द्वारा तथा एक ऐसी गुप्त परिचेतन या परिपार्श्विक चेतना की अत्यधिक गूढ़ता के कारण भी कठिनाई उत्पन्न हो जाती है जिसमें बाहर के जगत् के साथ हमारे अदृश्य संबंध निर्धारित होते हैं। आध्यात्मिक उद्घाटन में जागृत आंतरिक सत्ता ही तत्परता से उच्चतर प्रभावों को ग्रहण तथा आत्मसात् कर लेती है तथा उच्चतर प्रकृति को धारण कर लेती है। बाह्य एवं ऊपरी सत्ता जो अधिक पूर्ण रूप में 'अज्ञान' और 'निश्चेतना' की शक्तियों के द्वारा ढाली जाती है, जाग्रत् होने में, ग्रहण एवं आत्मसात् करने में अधिक धीमी है। इसलिये एक ऐसी लंबी अवस्था आती है जिसमें आंतरिक सत्ता तो पर्याप्त रूप में रूपांतरित हो जाती है किंतु बाह्य सत्ता अभी भी अपूर्ण रूपांतर की मिश्रित और कठिन क्रिया में उलझी रहती है। यह विरोध आरोहण के प्रत्येक पग पर बार बार प्रकट होता है, क्योंकि प्रत्येक परिवर्तन में आंतरिक सत्ता अधिक तत्परता से उसका अनुसरण करती है जब कि बाह्य सत्ता पीछे लंगड़ाती हुई चलती है; या तो वह आगे बढ़ने के लिये अनिच्छुक होती है या अभीप्सा और इच्छा होने पर भी उसके लिये असमर्थ होती है। इसी कारण ग्रहण करने, अनुकूल बनाने तथा मार्गदर्शन करने के लिये सतत रूप में बार बार परिश्रम करने की आवश्यकता पैदा होती है। यह एक ऐसा परिश्रम होता है जो सदा ही नए नए रूपों में किया जाता है पर सिद्धांत में यह सदा एक ही होता है। किंतु जब व्यक्ति की बाह्य और आंतरिक प्रकृति एक सुसमन्वित आध्यात्मिक चेतना में एकीकृत हो भी जाती है, तब भी उसका और अधिक बाह्य किंतु गुह्य भाग जिसमें उसकी सत्ता बाह्य जगत् की सत्ता से संपर्क स्थापित करती है और जिसके द्वारा बाह्य जगत् उसकी चेतना पर आक्रमण करता है अपूर्णता का क्षेत्र बना रहता है। यहां विरोधी प्रभावों में अवश्य ही आदान-प्रदान होता रहता है; आंतरिक आध्यात्मिक प्रभाव उन बिलकुल ही विरोधी प्रभावों के संपर्क में आ जाता है जो वर्तमान जागतिक व्यवस्था पर दृढ़तापूर्वक नियंत्रण रखते हैं। उधर नयी आध्यात्मिक चेतना को 'अज्ञान' की प्रबल और पहले से स्थापित अनाध्यात्मिक शक्तियों के जबर्दस्त धक्के को सहना पड़ता है। इससे एक ऐसी कठिनाई उत्पन्न हो जाती है जो आध्यात्मिक विकास की सभी अवस्थाओं के लिये और प्रकृति की परिवर्तन-संबंधी प्रेरणा के लिये अत्यधिक महत्त्व रखती है।

एक ऐसी आंतरिक आध्यात्मिकता स्थापित की जा सकती है जो संसार के साथ व्यव-

हार को अस्वीकार कर दे या कम कर दे अथवा केवल उसके कर्म की साक्षी बनकर ही संतुष्ट रहे तथा उसके आक्रमणकारी प्रभावों को पीछे या बाहर की ओर फेंक दे, पर इनकी ओर न तो किसी प्रकार की प्रतिक्रिया होने दे और न इन्हें हस्तक्षेप ही करने दे। किंतु यदि आंतरिक आध्यात्मिकता को एक स्वतंत्र विश्व-कर्म में मूर्त रूप देना है, यदि व्यक्ति को संसार के क्षेत्र में उतरना है और एक अर्थ में संसार को अपने अंदर लाना है तो यह अपनी ही परिचेतन या पारिपार्श्विक सत्ता के द्वारा, संसार के प्रभावों को ग्रहण किये बिना, सक्रिय रूप में नहीं हो सकता। आध्यात्मिक आंतरिक चेतना को तब उन प्रभावों के साथ कुछ ऐसा व्यवहार करना होता है कि जैसे ही वे निकट आते या प्रवेश करते हैं वे या तो नष्ट या निष्फल हो जाते हैं या वहां प्रवेश पाने के कारण ही उसके अपने ढंग और सार-पदार्थ में रूपांतरित हो जाते हैं। या वह चेतना उन्हें आध्यात्मिक प्रभाव को ग्रहण करने तथा जिस लोक से वे आये हैं उसे रूपांतरित करने की शक्ति के साथ वापिस जाने के लिये विवश कर सकती है। कारण, निम्न वैश्व-प्रकृति पर यह दबाव पूर्ण आध्यात्मिक कर्म का एक भाग है। किंतु इसके लिये परिचेतन या पारिपार्श्विक सत्ता आध्यात्मिक प्रकाश और आध्यात्मिक तत्त्व में इतनी परिप्लावित होनी चाहिये कि कोई भी वस्तु इस रूपांतर को साधित किये बिना उसमें प्रवेश न पा सके, आक्रमण करनेवाले बाह्य प्रभावों को अपनी निम्न चेतना, अपनी निम्न दृष्टि और निम्न गति को बिलकुल भी अंदर नहीं लाना होगा। किंतु यह एक कठिन प्रकार की पूर्णता है, क्योंकि सामान्यतया परिचेतन सत्ता पूर्णतया हमारी अपनी निर्मित और चरितार्थ सत्ता नहीं है, बल्कि वह हमारी सत्ता और बाह्य जगत्-प्रकृति दोनों का संयुक्त रूप है। इस कारण आंतरिक और स्वपर्याप्त भागों को आध्यात्मिक बनाना बाह्य कर्म को रूपांतरित करने से सदा अधिक आसान होता है। संसार से अलग और सुरक्षित रहकर अंतर्मुखी, अंदर निवास करनेवाली या आंतरिक आध्यात्मिकता की पूर्णता समस्त प्रकृति की गतिशील और सक्रिय आध्यात्मिकता की उस पूर्णता से अधिक सरल है जो जीवन में मूर्तिमान् हो गयी हो, विश्वव्यापी बन गयी हो, अपने वातावरण की स्वामिनी हो चुकी हो तथा विश्व-प्रकृति के साथ व्यवहार में जिसका स्थान ऊंचा हो। किंतु, क्योंकि पूर्ण रूपांतर के लिये गतिशील सत्ता को पूर्णतया अपने में धारण करना तथा कर्ममय जीवन एवं बाह्य जगत्-सत्ता को अपने अंदर समाविष्ट करना आवश्यक है, इस पूर्णतर परिवर्तन की विकासात्मक प्रकृति से अपेक्षा की जाती है।

एक प्रधान कठिनाई इस तथ्य से भी निकलती है कि हमारी सामान्य सत्ता का सार-तत्त्व 'निश्चेतना' में से गढ़ा गया है। हमारा अज्ञान एक ऐसी सत्ता के सार-पदार्थ में विकसित होता हुआ ज्ञान है जो निर्ज्ञानरूप है; जिस चेतना को यह विकसित करता है, जिस ज्ञान की यह स्थापना करता है उनका यह निर्ज्ञान पीछा करता है, उनमें प्रविष्ट होकर उन्हें आक्रांत कर देता है। निर्ज्ञान के इसी तत्त्व को अति-चेतना के तत्त्व में बदलना है, एक ऐसे तत्त्व में जिसमें चेतना और आध्यात्मिक जागृति सदा उपस्थित रहती हैं, चाहे वे वहां सक्रिय और अभिव्यक्त न भी हों, चाहे उन्हें ज्ञान का रूप न भी दिया गया हो। जब तक यह नहीं हो जाता, यह निर्ज्ञान उस सबपर जो इसके अंदर प्रवेश करता है आक्रमण कर देता है या उसे चारों ओर से घेर लेता है, यहां तक कि उसे अपने अंदर ग्रस्त करके उसे अपने विस्मृतिपूर्ण अंधकार में विलीन कर देता है। यह नीचे उतरते हुए प्रकाश को

उस निम्न प्रकाश के साथ जिसमें वह प्रवेश करता है समझौता करने को विवश कर देता है; तब यह मिश्रित हो जाता है, न्यून और निर्बल पड़ जाता है, इसका सत्य और बल कम हो जाते हैं तथा परिवर्तित हो जाते हैं, साथ ही वे पूर्णतया प्रमाणित भी नहीं किये जा सकते। या कम से कम निर्ज्ञान अपने सत्य को सीमा में बांध देता है, अपनी शक्ति की हदबंदी कर देती है और अपने प्रयोग एवं विस्तार को खंडित कर देता है। सिद्धांत-संबंधी इसके सत्य को, वैयक्तिक उपलब्धि के पूर्ण सत्य या जगत्-व्यवहार के सत्य को प्राप्त करने में बाधा आती है। उदाहरणार्थ, प्रेम जीवन के नियम के रूप में अपनी क्रियात्मक पुष्टि एक आंतरिक सक्रिय सिद्धांत के रूप में ही कर सकता है। किंतु जब तक वह सत्ता के संपूर्ण तत्त्व को अधिगत नहीं कर लेता, तब तक समस्त वैयक्तिक भावना और कर्म प्रेम के नियम के द्वारा नहीं ढाले जा सकते। व्यक्ति में वह पूर्णता प्राप्त कर भी ले किंतु सामान्य निर्ज्ञान उसे एकपक्षीय एवं प्रभावहीन बना सकता है, क्योंकि वह उसकी ओर से अंध है और उसका विरोधी है अथवा उसके सार्वभौम प्रयोग के क्षेत्र को सीमित कर देने के लिये विवश हो जाता है। एक ऐसा पूर्ण कर्म जो सत्ता के नए विधान के साथ अनुकूल रहते हुए किया जाता है सदा ही मानव-प्रकृति में कठिनाई से संपन्न होता है। कारण, निश्चेतना के सारतत्त्व में अंध और अनिवार्य 'आवश्यकता' का स्व-रक्षक नियम उपस्थित रहता है जो उन संभावनाओं की क्रीड़ा को सीमाबद्ध कर देता है जो उससे निकलती हैं या जो उसमें प्रवेश करती हैं तथा उन्हें अपने स्वतंत्र कर्म एवं परिणाम की स्थापना करने या अपनी पूर्णता की तीव्रता को प्राप्त करने से रोक देता है। उन्हें केवल एक मिश्रित, आपेक्षिक, अवरुद्ध और क्षीण क्रीड़ा की ही अनुमति दी जाती है, अन्यथा वे निश्चेतना के ढांचे को नष्ट कर देती हैं तथा जगत्-व्यवस्था के आधार को सफलतापूर्वक परिवर्तित किये बिना उसे बुरी तरह से क्षुब्ध कर देती हैं। कारण, उनमें से किसी में भी मानसिक या प्राणिक क्रिया में इस अंधकारमय प्रारंभिक तत्त्व का स्थान लेने और एक पूर्णतया नयी जगत्-व्यवस्था की स्थापना करने के लिये भागवत शक्ति नहीं है।

मानव-प्रकृति का रूपांतर केवल तभी साधित किया जा सकता है जब कि सत्ता का सार-तत्त्व आध्यात्मिक तत्त्व में इतना गहरा डूबा हुआ हो कि उसकी समस्त क्रियाएं आत्मा की एक सहज गतिशीलता और समन्वित प्रक्रिया बन जायं। किंतु जब उच्चतर शक्तियां और उनकी तीव्रता 'निश्चेतना' के तत्त्व में प्रवेश करती भी हैं, तो भी उन्हें इस अंध और विरोधी 'आवश्यकता' का सामना करना पड़ता है तथा निर्ज्ञानमय पदार्थ के इस सीमित एवं क्षीण कर देनेवाले नियम की अधीनता स्वीकार करनी पड़ती है। वह अपने प्रचलित और कठोर विधान के सबल अधिकारों के साथ उनका विरोध करता है, जीवन के स्वत्व का मृत्यु के विधान के साथ और 'प्रकाश' की मांग का अंधकार के उभार और उसकी पृष्ठभूमि की आवश्यकता के साथ मुकाबिला करता है, उधर वह आत्मा की सर्वोच्चता, स्वतंत्रता और गतिशीलता का मुकाबिला सीमाबंदी के द्वारा व्यवस्था करने, असमर्थता के द्वारा मर्यादा निर्धारित करने तथा मूल जड़ता की स्थिरता पर शक्ति को आधारित करने की अपनी सामर्थ्य के साथ करता है। उसके निषेधों के पीछे एक गुह्य सत्य विद्यमान है जिसे केवल अतिमानस ही, मूल 'सद्वस्तु' में विरोधों का समाधान करके, अपने हाथ में ले सकता है और इस प्रकार इस गूढ़ पहेली का व्यावहारिक समाधान ढूंढ़ सकता है। केवल अतिमानसिक

'शक्ति' ही मूल 'निर्ज्ञान' की इस कठिनाई को पूरी तरह दूर कर सकती है। कारण, इस-के साथ एक ऐसी विरोधी और आलोकमयी अनिवार्य 'आवश्यकता' भी आ जाती है जो समस्त वस्तुओं के मूल में स्थित है और जो स्वयं-स्थित 'असीम' की प्रारंभिक और अंतिम स्व-निर्धारक सत्य-शक्ति है। यह महत्तर आलोकमयी आध्यात्मिक 'आवश्यकता' और उसकी सर्वोच्च अनिवार्यता ही निश्चेतना की अंध आवश्यकता (Ananke) के अंदर पूर्ण रूप से प्रवेश कर सकती है, उसे अपने रूप में बदल सकती है या उसके स्थान पर स्वयं प्रतिष्ठित हो सकती है।

सत्ता के समस्त सार-तत्त्व का और इस कारण आवश्यक रूप में उसके समस्त गुणों, उसकी समस्त शक्तियों, और गति-विधियों का भी अतिमानसिक परिवर्तन तब होता है जब 'प्रकृति' में निहित अतिमानस 'अतिप्रकृति' से नीचे उतरती हुई अतिमानसिक ज्योति एवं शक्ति के साथ मिलने एवं युक्त होने के लिये प्रकट होता है। व्यक्ति ही रूपांतर का साधन और पहला क्षेत्र होता है, किंतु एक एकाकी वैयक्तिक रूपांतर काफी नहीं है और न यह पूर्णतया साध्य ही है। यदि यह साधित हो भी जाय, तो भी वैयक्तिक परिवर्तन को एक स्थायी और वैश्व अर्थ तभी प्राप्त होगा जब कि व्यक्ति 'प्रकृति' की पार्थिव क्रियाओं में, एक प्रत्यक्षतः क्रियाशील शक्ति के रूप में, अतिमानसिक 'चेतना-शक्ति' की स्थापना का एक केंद्र या संकेत बन जाय, उसी प्रकार जिस प्रकार चिंतनशील 'मन' मानव-विकास के द्वारा 'प्राण' और 'जड़पदार्थ' में एक प्रत्यक्षतः क्रियाशील शक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है। इसका अर्थ यह होगा कि विकासक्रम में एक 'विज्ञानमयी' सत्ता या 'पुरुष' और एक 'विज्ञानमयी प्रकृति' प्रकट होंगे। एक ऐसी उदीयमान अतिमानसिक 'चेतना-शक्ति' प्रकट होनी ही चाहिये जो पार्थिव समग्रता में मुक्त होकर क्रियाशील हो जाय तथा जो प्राण और शरीर में 'आत्मा' का एक सुव्यवस्थित अतिमानसिक यंत्र बन जाय। कारण, शारीरिक चेतना को इतना जाग्रत् हो जाना चाहिये कि वह नयी अतिमानसिक 'शक्ति' और उसकी नयी व्यवस्था की क्रियाओं का एक योग्य यंत्र बन सके। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, तब तक कोई भी मध्यवर्ती परिवर्तन केवल आंशिक या असुरक्षित ही रहेगा। 'प्रकृति' के अधिमानसिक या सहज ज्ञान द्वारा प्रेरित यंत्र का विकास तो हो सकता है, पर वह मूल और पारिपार्श्विक चेतना पर लादी हुई एक आलोकमयी रचनामात्र होगी। एक बार यदि अतिमानसिक सिद्धांत और उसके वैश्व व्यापार स्थायी रूप से अपने आधार पर दृढ़ हो जायं तो अधिमानस और आध्यात्मिक 'मन' की मध्यवर्ती शक्तियां उसपर सुरक्षित रूप में अपनी स्थापना कर सकती हैं तथा अपनी पूर्णता प्राप्त कर सकती हैं। वे पार्थिव अस्तित्व में चेतना के स्तरों की एक ऐसी परंपरा का रूप धारण कर लेंगी जो मन और शारीरिक जीवन से उठकर उच्चतम आध्यात्मिक स्तर तक पहुंचती है। मन और मनोमय मनुष्य-जाति आध्यात्मिक विकास में एक सोपान ही रहेगी, किंतु उससे ऊपर अन्य स्तर भी बन जायंगे तथा उनतक पहुंचा जा सकेगा। इन स्तरों के द्वारा मूर्त्त मनोमय सत्ता तैयार होकर 'विज्ञान' में आरोहण कर सकेगी और एक मूर्त्त अतिमानसिक और आध्यात्मिक सत्ता में बदल सकेगी। इसी आधार पर पार्थिव 'प्रकृति' में एक दिव्य जीवन के तत्त्व की अभि-व्यक्ति होगी। अज्ञान और निश्चेतना का जगत् भी अपना गुप्त रहस्य ढूंढ़ सकता है तथा प्रत्येक निम्न स्तर पर अपने दिव्य अर्थ को प्राप्त करना आरंभ कर सकता है।

१९५७

अशुभ की शक्ति से बड़ी शक्ति ही विजय प्राप्त कर सकती है। एक ऐसा शरीर नहीं जिसने अपना बलिदान किया हो बल्कि एक ऐसा शरीर ही जो दिव्य महिमा से युक्त हो संसार की रक्षा कर सकता है।

—श्री माताजी

प्रश्न और उत्तर

१९५७ के लिये आपने यह जो संदेश दिया है उसका क्या अर्थ है: "अशुभ की शक्ति से बड़ी शक्ति ही विजय प्राप्त कर सकती है। एक ऐसा शरीर नहीं जिसने अपना बलिदान किया हो बल्कि एक ऐसा शरीर ही जो दिव्य महिमा से युक्त हो संसार की रक्षा कर सकता है।"

यदि यह संदेश ठीक रूप में समझा गया है तो यह कहा जा सकता है कि यही वह चीज है जो वर्तमान समय की सर्वश्रेष्ठ मानव-सद्भावना को अपने लक्ष्य तक ले जा सकती है। मैंने इसे एक बृहत्, कारुणिक एवं सामूहिक प्रयत्न के उत्तर में लिखा था और मेरा उद्देश्य इसके द्वारा मनुष्यों के अंदर भ्रातृभाव की सच्ची भावना को जाग्रत् करना तथा भावी युद्ध को रोकना था।

इस संदेश ने एक विशेष रूप धारण कर लिया है, क्योंकि यह सद्भावना एक ईसाई देश की ओर से प्रकट की गयी है और मैंने भी एक ईसाई धारणा को या, अधिक यथार्थ रूप में कहा जाय तो, उस रूप को प्रत्युत्तर दिया है जो ईसाई धर्म ने एक धारणा को प्रदान किया है। यह धारणा संसार में सर्वत्र देखने में आती है तथा भिन्न भिन्न देशों और धर्मों में भिन्न भिन्न ढंग से व्यक्त की गयी है। मैं यहां समस्त भौतिक वास्तविकता के पूर्ण त्यागसंबंधी विचार के संबंध में कह रही हूं, यह विचार संसारभर में उन सबके लिये जो आध्यात्मिकता की ओर मुड़ते हैं सर्व-सामान्य वस्तु है, अर्थात् स्थूल जगत् के लिये गहरी घृणा। यह घृणा जगत् को भ्रममय और मिथ्या बना देती है और, जैसा कि श्रीअरविन्द सदा कहा करते थे, इसका अर्थ जागतिक क्षेत्रों को विरोधी शक्तियों के सर्वोच्च प्रभुत्व के लिये खुला छोड़ देना है। एक अमूर्त और दूर की वास्तविकता को खोजने के लिये मूर्त वास्तविकता से बचने का अर्थ है प्रत्यक्ष प्राप्ति के संपूर्ण क्षेत्र को विरोधी शक्तियों की स्वतंत्र इच्छा पर छोड़ देना। ये शक्तियां उस क्षेत्र को अपने अधिकार में कर चुकी हैं और इन-

का उसपर अब थोड़ा-बहुत राज्य भी स्थापित हो चुका है। इसका अर्थ, जैसा कि श्रीअरविन्द 'विचार और झांकियां' नामक पुस्तक में कहते हैं, अपने लिये एक शून्य एवं रिक्त एकता प्राप्त करना तथा शून्यता का स्वामी बनना है।

अब तक 'अशुभ' का विरोध एक ऐसी आध्यात्मिक शक्ति करती रही है जो जड़ जगत् में कोई रूपांतरकारी शक्ति नहीं रखती ; इसी कारण हजारों वर्षों में मानवजाति द्वारा सद्भावना लाने के लिये किये गये विशाल प्रयत्नों का अंत केवल एक शोचनीय पराजय में ही हुआ है जिसके फलस्वरूप संसार अभी भी उसी दुःख-दैन्य, पतन और असत्य की अवस्था में पड़ा है। वस्तुतः जिस स्तर पर विरोधी शक्तियां अत्यधिक सबल हैं उसी स्तर पर अर्थात् जड़पदार्थ के स्तर पर ही एक ऐसी शक्ति प्राप्त करनी चाहिये जो उनसे बड़ी हो तथा जो उनके अपने ही क्षेत्र में उनपर पूर्णतया विजय करने में समर्थ हो। यही सच्चा और एकमात्र उपाय है। दूसरे शब्दों में यह वह आध्यात्मिक शक्ति है जो चेतना और जड़जगत् को रूपांतरित करने की सामर्थ्य रखती है। यह शक्ति अतिमानसिक शक्ति है। आवश्यकता अब इस बात की है कि व्यक्ति को भौतिक स्तर पर किये गये कर्म के प्रति ग्रहणशील होना चाहिये। अपने छोड़े हुए क्षेत्र को बिना संघर्ष किये शत्रु के हाथ में सौंपकर दूर निर्वाण की ओर भाग नहीं जाना चाहिये।

न भौतिक जीवन का बलिदान और न ही भौतिक शक्ति का त्याग विजय प्राप्त कर सकते हैं। यह कार्य केवल आनंद कर सकता है, वह आनंद जिसे अतिमानस अपने साथ लाता है, वह आनंद जो 'शक्ति', 'सहनशीलता' एवं 'सर्वोच्च साहस' है। यह निश्चित रूप में सत्य है कि इसके लिये सब कुछ छोड़ देने या भाग जाने की अपेक्षा कहीं बड़ी वीरता की जरूरत पड़ती है। किंतु विजय-प्राप्ति का केवल यही एक तरीका है।

"जब हम बोधों को पार कर जाते हैं, तभी हमें ज्ञान प्राप्त होता है। बुद्धि तब सहायक थी; बुद्धि अब एक बाधा है।"

श्रीअरविन्द—"विचार और झांकियां"

इस पहले अनुच्छेद में, जिसमें मानसिक सत्ता और उसकी क्रियाओं का उल्लेख हुआ है, हम देखते हैं कि श्रीअरविन्द 'बोध' को सच्चे ज्ञान का विरोधी बताते हैं।

किंतु यह बोध क्या है? इसके अंतर्गत वह सब आ जाता है जो मानसिक क्रिया के विभिन्न क्षेत्रों में स्थूल निरीक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन से जाना जा सकता है, यह क्रिया विज्ञान, कला, दर्शनशास्त्र या साहित्य के संबंध की हो सकती है। दूसरे शब्दों में, मानव मन केवल इतने को ही जीवन और वस्तुओं का बाह्य रूप से अध्ययन करके प्रकाश में लाया है, केवल इतना ही पुस्तकों में मिलता है तथा प्रकृति का सीधा अध्ययन करके तर्क, अनुमान, विश्लेषण और सामान्यतः मानव मन की समस्त कल्पनासंबंधी क्रिया के द्वारा प्राप्त हो सकता है।

इस अनुच्छेद के दूसरे वाक्य में हम देखते हैं कि श्रीअरविन्द बुद्धि को मानव मन से ऊपर रखते हैं। वस्तुतः मानसिक विकास के पूरे समय में बुद्धि ही उसकी क्रिया की निर्णा-

यक-शक्ति होती है, वह उसकी अत्यधिक सुनिश्चित मार्गदर्शक एवं स्वामिनी है, यह भी कहा जा सकता है कि वही उसपर नियंत्रण रखती है। जब तक तुम मानसिक क्रियाओं पर निर्भर रहते हो, उनपर भी जो अत्यधिक कल्पनात्मक हैं, तब तक बुद्धि ही तुम्हारा पथ-प्रदर्शन करती है, तुम्हें मार्ग-भ्रष्ट होने से, गलत रास्ता पकड़ने से तथा कम या अधिक भ्रांतिपूर्ण और अस्वस्थ कल्पनाओं द्वारा भ्रमग्रस्त होने से बचाती है।

किंतु यदि तुम सच्चे ज्ञान अर्थात् आध्यात्मिक ज्ञान को प्राप्त करना चाहते हो, उस ज्ञान को जो तादात्म्य के द्वारा प्राप्त होता है, तो तुम्हें बुद्धि के आगे जाना होगा तथा मन से अधिक ऊंचे स्तर में प्रवेश करना होगा जहां तुम्हारा सीधा संबंध अधिमानसिक और अतिमानसिक प्रकाश से है।

जब तक तुम मन के क्षेत्र में निवास करते हो, बुद्धि तुम्हारी पथ-प्रदर्शक होती है और सहायक होती है। किंतु यदि तुम तादात्म्य के द्वारा सच्चा ज्ञान प्राप्त करना चाहते हो, तब 'बुद्धि' एक सीमित करनेवाली और बाधा पहुंचानेवाली वस्तु बन जाती है। इसका यह मतलब नहीं कि तुम्हें इसे गंवा देना चाहिये। न, यह बात नहीं है, किंतु इसे तुम्हारी आरोहणकारी क्रिया के अधीन अवश्य हो जाना चाहिये। इसका यह भी मतलब नहीं कि तुम बुद्धि के विरुद्ध कार्य करने लगो, वरन् तुम्हें बुद्धि को पार करके उच्चतर सत्य और प्रकाश में प्रवेश करना चाहिये।

बुद्धि का छोड़ना कब संभव होता है?

बुद्धि को तुम तभी छोड़ सकते हो जब तुम मानसिक क्रिया को पार कर जाते हो। यह तभी हो सकता है जब तुम भगवान् के आगे अपना पूर्ण समर्पण कर देते हो, जब तुम्हारी सब इच्छाएं समाप्त हो जाती हैं। बुद्धि को तब तक शासक रहना ही चाहिये जब तक कि तुम उस अवस्था को पार नहीं कर जाते जहां यह अनिवार्य या केवल लाभप्रद ही होती है। जब तक अहंकार रहता है, जब तक इच्छाएं रहती हैं, जब तक अपना संकल्प रहता है, जब तक आवेग, लालसाएं, अभिरुचियां, आकर्षण और द्वेष रहते हैं, तुम बुद्धि का त्याग नहीं कर सकते; यदि करोगे तो तुम्हारा संतुलन नष्ट हो जायगा।

बुद्धि को पार करने के लिये एक और अत्यधिक अनिवार्य शर्त को भी पूरा करना होगा, अर्थात् तुम्हें विरोधी जगत् के किसी भी सुझाव के प्रति किसी प्रकार भी खुले नहीं रहना चाहिये। वस्तुतः यदि तुम विरोधी सुझावों को प्रत्युत्तर देने की आदत से पूर्णतया मुक्त नहीं हो गये हो तो तुम बुद्धि को छोड़ने के साथ साथ सामान्य व्यावहारिक बुद्धि को भी छोड़ बैठते हो और तुम उस अवस्था में एक ऐसे असंगत ढंग से व्यवहार करने लगते हो कि वह तुम्हें एक भयावह असंतुलन की अवस्था में डाल सकता है। इसलिये यदि तुम यह चाहते हो कि विरोधी सुझाव तुम्हारा स्पर्श भी न करें तो तुम्हें अनन्य भाव से भागवत प्रभाव के अधीन हो जाना चाहिये।

अब तुम देखते हो कि समस्या इतनी सरल नहीं है। वस्तुतः बात यह है कि जब तक तुम पूर्ण रूप से आलोकित और रूपांतरित नहीं हो जाते, तब तक बुद्धि के अनुसार ही कार्य करना अधिक सुरक्षित है। यह एक सीमित शक्ति हो सकती है, वस्तुतः यह एक बहुत बड़ी सीमित शक्ति है, किंतु साथ ही यह एक ऐसा प्रतिबंध भी है जो तुम्हें एक अर्ध-

विक्षिप्त व्यक्ति बनने से रोक देता है, जैसे कि आजकल इस संसार में बहुत से लोग हैं।

बुद्धि एक अति सम्माननीय व्यक्तिगत सत्ता है और दूसरी सभी सम्माननीय व्यक्तिगत सत्ताओं की भांति उसकी अपनी सीमाएं हैं, अपने पक्षपात हैं। किंतु यह सब होते हुए भी उसकी बड़ी उपयोगिता है। यदि तुम्हारे पास बुद्धि न होती तो तुम ऐसे कई काम कर चुके होते जो तुम्हें सीधे विनाश के गढ़े में ले जाते। कारण, जब तक तुम अपने उच्चतर क्षेत्रों तक नहीं पहुंच जाते तब तक भला-बुरा पहचानने का तुम्हारा सर्वश्रेष्ठ साधन बुद्धि ही होती है।

स्वभावतया ही यह न तो एक आदर्श वस्तु है न चरम अवस्था। यह तो तुम्हें जीवन-यात्रा में आगे चलाने के लिये तुम्हारी मार्गदर्शक है, यह एक ऐसा प्रतिबंध है जो तुम्हारी निरर्थक अपव्ययों से, क्षतियों और अस्तव्यस्त भावावेगों से बल्कि इनसे भी ज्यादा उन आवेगयुक्त कार्यों से तुम्हारी रक्षा करता है जो तुम्हें नीचे गढ़े में गिरा सकते हैं।

अतएव यदि मनुष्य बुद्धि से आगे निकलना चाहता है तो उसे अपनी ओर से पूर्ण निश्चित हो जाना चाहिये तथा अहंकार से बिलकुल मुक्त होकर भागवत इच्छा के प्रति अपना पूर्ण समर्पण कर देना चाहिये।

सच्चे ज्ञान तक पहुंचने के लिये पहला पग कौन सा है?

मानव-ज्ञान की मूर्त और पूर्ण उपयोगिता के भ्रम से मुक्त होना ही पहला पग है। और शायद यही सबसे अधिक कठिन पग भी है।

उदाहरणार्थ, यदि तुम विद्याओं का अर्थात् विज्ञान, दर्शन या किन्हीं अन्य शास्त्रों की विभिन्न शाखाओं का अध्ययन करते हो, यदि तुम उनकी गहराई तक जाकर उनका अधिक गंभीरतापूर्वक अध्ययन करते हो तो तुम बड़ी सरलता से इस प्रकार के बोधों की सापेक्षता को समझ लेते हो। किंतु जब तुम एक पग नीचे उतरकर मानसिक क्रिया के निचले स्तर पर पहुंचते हो, उस स्तर पर जो जीवन की क्रियात्मक समस्याओं के प्रति तुम्हारी मनोवृत्ति को निर्धारित एवं नियंत्रित करता है तो तुम उन सब बुद्धियुक्त प्राणियों की या जो बुद्धि की ओर बढ़ रहे हैं उनकी भांति यह देखते हो कि तुम प्रत्येक क्षण ही वस्तुओं के बारे में ऐसे विचारसमूह बना लेते हो जो उनका सच्चा ज्ञान नहीं बल्कि उनके सामान्य बोध हैं। वे सबके सब मानसिक धारणाएं हैं जो निरीक्षण से, अध्ययन और अनुभवों से उत्पन्न हुए हैं और जिनकी संख्या मनुष्य की आयु के साथ साथ बढ़ती जाती है। तुम इस मानसिक रचना में, अपने अनुभवों और निरीक्षणों की पूर्ण उपयोगिता में आंतरिक, सहज और अडिग भाव से विश्वास रखते हुए निवास करते हो, और ऐसा तब तक चलता रहता है जब तक तुम्हारे पास एक सशक्त बुद्धिमत्ता ही नहीं आ जाती और तुम उच्चतर लोकों की ओर खुल नहीं जाते। वस्तुतः ये समस्त मानसिक धारणाएं तुम्हारी सत्ता में स्वतः ही कार्य करती रहती हैं, इसमें तुम्हारे चेतन विचार की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती। दो क्रियाओं को एक दूसरी के साथ इस प्रकार संबद्ध मानने की तुम्हारी आदत बन जाती है कि ऐसी चीज अवश्य ही ऐसी दूसरी चीज को अपने साथ लायेगी और जब तुम इसी तथ्य को बार बार घटते देख लेते हो तो तुम्हारे अंदर यह भावना उत्पन्न हो जाती है कि जो कुछ तुम अपने विषय में, अपने जीवन के विषय में जानते हो वही सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है।

और यहां इस प्रकार के ज्ञान की सापेक्षता और अनिश्चितता को जो भ्रांति का रूप भी धारण कर सकती है समझाना बहुत ही अधिक कठिन हो जाता है। इसे तुम तभी जान पाते हो जब तुम्हारे अंदर अनुशासन और आध्यात्मिक उन्नति का संकल्प विद्यमान रहता है और तुम उसके प्रकाश में, एक गहन आलोचनात्मक भाव के साथ इन वस्तुओं को देखते हो। तब तुम्हें पता चलता है कि तुम अचेतन रूप में किस दासता के वश में हो गये हो। और यह सब स्वचालित क्रिया की यंत्रवत् क्रीड़ा के द्वारा हुआ है और अवचेतन की इसमें सहायता प्राप्त हुई है। अवचेतन में कारण और परिणाम एक प्रचलित क्रम से परस्पर आबद्ध हो जाते हैं जब कि उसकी यांत्रिक क्रिया को तुम जरा भी नहीं देख सकते।

अतिमानस की प्रकृति में ही कोई ऐसी चीज है जो इस महान् परिणाम को अनिवार्य बना देगी। वह अपने मूल में एक ऐसी एकत्वपूर्ण चेतना है जो समग्रता एवं समन्वय को लाती है। वह अपने अवरोहण में तथा 'असीम' की विभिन्नता की विकासात्मक कार्यान्विति में भी अपनी रचनात्मक प्रवृत्ति को, समग्रीकरण की प्रेरणा एवं अपने सामंजस्यपूर्ण प्रभाव को नहीं खोयेगा। उधर अधिमानस विभिन्नताओं और विरोधी संभावनाओं का उनकी अपनी विरोधी दिशाओं में अनुसरण करता है। वह विरोधों और असंगतियों को भी सहन कर सकता है, पर वह उन्हें एक विश्व-समष्टि के अंग बना देता है जिससे कि वे न जानते और न चाहते हुए भी उसकी समग्रता में अपना योगदान करने को विवश हो जाते हैं। अथवा हम यूं भी कह सकते हैं कि वह विरोधों को स्वीकार करता है, उन्हें उत्साहित तक करता है, किंतु साथ ही वह उन्हें एक दूसरे का आधार बनने को विवश भी करता है जिससे कि सत्ता, चेतना और अनुभव के ऐसे कई विभिन्न मार्ग बन जायं जो 'एकमेव' से तथा एक दूसरे से परे ले जाकर भी उस 'एकत्व' पर स्थिर रहते हैं तथा प्रत्येक को एकत्व की ओर जानेवाले उसके अपने मार्ग पर दुबारा चला सकते हैं। यही हमारे अज्ञानमय जगत् का गुप्त अर्थ है जो 'निश्चेतना' के आधार से कार्य तो करता है किंतु जिसमें अधिमानसिक सिद्धांत की आधारभूत वैश्वता विद्यमान है। किंतु ऐसी सृष्टि में वैयक्तिक सत्ता को इस गुप्त सिद्धांत का ज्ञान नहीं होता और न वह इसे अपने कर्म का आधार ही बनाती है। अधिमानसिक सत्ता इस रहस्य को जान लेगी, किंतु वह अभी भी अपनी प्रकृति की दिशाओं और कर्मसंबंधी अपने विधान के अनुसार, अपने स्वभाव और स्वधर्म के अनुसार तथा अपने अंदर स्थित 'परम आत्मा' या भगवान् की प्रेरणा एवं उनके सक्रिय नियंत्रण या आंतरिक शासन के अनुसार ही कार्य कर सकती है और बाकी सब बातों को 'समष्टि' में उनकी अपनी दिशा के ऊपर छोड़ सकती है। अतएव 'अज्ञान' में ज्ञान की अधिमानसिक रचना आसपास के अज्ञानमय जगत् से अलग कोई चीज हो सकती है और उसकी रक्षा उसके अपने सिद्धांत का एक ज्योतिर्मय, परिवेष्टनकारी और पृथक्कारी आवरण कर सकता है। इसके विपरीत, अतिमानसिक विज्ञानमय व्यक्ति न केवल अपने समूचे अस्तित्व को अपने आंतरिक और बाह्य जीवन या सामूहिक जीवन में प्राप्त की गयी समन्वयपूर्ण एकता की अंतरीय भावना या सफल चरितार्थता पर आधारित करेगा, वरन् वह बाकी बचे हुए मनोमय जगत् के साथ भी सामंजस्यपूर्ण एकता स्थापित कर लेगा, चाहे वह बिलकुल ही 'अज्ञान' का जगत् क्यों न बना रहे। कारण, उसके अंदर की विज्ञानमयी चेतना 'अज्ञान' के रूपों के अंदर छुपे हुए समन्वय

के विकसनशील सत्य और सिद्धांत को देख लेगी तथा उसे प्रकाश में ले आयगी। यह उसकी समग्रता की भावना के लिये स्वाभाविक होगा और उसके अंदर इतनी शक्ति होगी कि वह इन्हें एक सच्चे क्रम में अपने विज्ञानमय सिद्धांत और अपनी महत्तर जीवन-रचना के विकसित सत्य और समन्वय के साथ जोड़ दे। विश्व के जीवन में बिना अधिक परिवर्तन के ऐसा होना असंभव हो सकता है, किंतु यह परिवर्तन 'प्रकृति' में एक नयी शक्ति के और उसके व्यापक प्रभाव के प्रकट होने का स्वाभाविक परिणाम होगा। विज्ञानमय मनुष्य की अभिव्यक्ति में ही पार्थिव प्रकृति की एक अधिक सामंजस्यपूर्ण और विकसनशील व्यवस्था उत्पन्न होने की आशा निहित है।

एक अतिमानसिक या विज्ञानमय मनुष्यजाति एक ऐसी जाति नहीं होगी जो एक ही प्रकार की या एक ही नियत ढांचे में गढ़ी हुई हो। कारण, अतिमानस का सिद्धांत वह एकता है जो विभिन्नता में चरितार्थ होती है और इसी लिये विज्ञानमयी चेतना की अभिव्यक्ति में असीम विभिन्नता होगी, यद्यपि यह चेतना अपने आधार में, अपनी रचना में तथा अपनी सर्वप्रकाशक और सबमें एकता स्थापित करनेवाली व्यवस्था में अभी भी एक होगी। यह स्पष्ट है कि अतिमानस की यह त्रिविध स्थिति इस नयी अभिव्यक्ति में अपने आपको एक सिद्धांत के रूप में पुनः निर्मित करेगी। उसके नीचे, पर फिर भी उसकी अपनी अधिमानस तथा अंतर्ज्ञान से युक्त विज्ञान की अवस्थाएं होंगी, साथ ही ऐसी आत्माएं भी होंगी जिन्होंने आरोहणकारी चेतना की इन अवस्थाओं को प्राप्त कर लिया है। जैसे जैसे ज्ञान में होनेवाला विकास आगे बढ़ता जायगा, कुछ ऐसे उच्च शिखर पर पहुंचे हुए व्यक्ति भी विकसित हो जायंगे जो अतिमानसिक रचना से भी आगे जाकर अतिमानस की उच्चतम ऊंचाई से उस शिखर तक पहुंच जायंगे जहां वे शरीर की एकत्वपूर्ण चरितार्थता साधित कर लेंगे, यह 'सृष्टि' के आविर्भाव की अंतिम और सर्वोच्च अवस्था होगी। किंतु स्वयं अतिमानसिक जाति में, उसकी विविध अवस्थाओं में भी, व्यक्ति किसी एक ही नमूने के व्यक्तित्व में नहीं ढाले जायंगे; प्रत्येक दूसरे से भिन्न होगा। 'सत्ता' का एक अलग ही स्वरूप होगा, पर फिर भी सत्ता के आधार तथा एकत्व की भावना में, साथ ही अपने सत्तासंबंधी मूलतत्त्व में वह शेष सबके साथ एक होगा। केवल अतिमानसिक अस्तित्व के इस सामान्य सिद्धांत के बारे में ही हम कोई धारणा बनाने का प्रयत्न कर सकते हैं, चाहे यह धारणा मानसिक विचार और मानसिक भाषाओं की सीमाओं के कारण कितनी भी निर्बल क्यों न हो। केवल अतिमानस ही विज्ञानमय सत्ता का एक अधिक सजीव चित्र उपस्थित कर सकता है, मन के लिये तो केवल एक अमूर्त्त रूपरेखा बनाना ही संभव है।

विज्ञान 'आत्मा' का एक प्रभावशाली तत्त्व है, आध्यात्मिक जीवन की सर्वोच्च क्रियाशक्ति है। विज्ञानमय व्यक्ति आध्यात्मिक मनुष्य की चरम अवस्था होगी। उसके रहने, सोचने, जीने, कर्म करने के समस्त ढंग एक विशाल वैश्व आध्यात्मिकता की शक्ति द्वारा संचालित होंगे। 'आत्मा' के तीनों तत्त्व उसकी आत्म-चेतना के लिये वास्तविक होंगे तथा उसके आंतरिक जीवन में चरितार्थ हो जायंगे। उसका समस्त अस्तित्व परात्पर और वैश्व 'सत्ता' और 'आत्मा' के साथ घुलमिलकर एक हो जायगा, उसका समस्त कर्म सर्वोच्च 'सत्ता' से तथा 'प्रकृति' के ऊपर 'आत्मा' के दिव्य शासन से आरंभ होगा तथा उसके अधीन रहेगा। उसके लिये समस्त जीवन का अर्थ 'चेतन सत्ता' अर्थात् अंदर निवास करनेवाला 'पुरुष' होगा,

जो प्रकृति में अपनी अभिव्यक्ति कर रहा है; उसका जीवन और इस जीवन के समस्त विचार, भाव और कर्म उसी अर्थ से ओतप्रोत हो जायंगे तथा इसकी वास्तविकता के आधार पर निर्मित होंगे। वह अपनी चेतना के प्रत्येक केंद्र में, अपनी जीवन-शक्ति के प्रत्येक स्पंदन में, अपने शरीर के प्रत्येक कोषाणु में भगवान् की उपस्थिति अनुभव करेगा। अपनी सभी प्रकृतिसंबंधी शक्ति की क्रियाओं में वह सर्वोच्च 'जगत्-माता' के अर्थात् अतिप्रकृति के कार्यों को देखेगा। वह अपनी प्राकृतिक सत्ता को 'जगत् माता' की शक्ति के प्रस्फुटन और अभिव्यक्ति के रूपमें अनुभव करेगा। इस चेतना के अंदर वह एक पूर्ण परात्पर स्वतंत्रता में, 'आत्मा' के पूर्ण आनंद मे, तथा वैश्व सत्ता के साथ पूर्ण तादात्म्य स्थापित करके जगत् में सबके साथ सहज सहानुभूति रखता हुआ निवास एवं कर्म करेगा। समस्त प्राणी उसके लिये अपनी आत्मा के समान होंगे; चेतना के समस्त ढंगों और उसकी शक्तियों को वह अपनी वैश्व सत्ता के ढंगों और शक्तियों के रूप में अनुभव करेगा। किंतु इस अंतर्भूत करनेवाली वैश्वता में निम्न शक्तियों के प्रति कोई अधीनता नहीं होगी, न उसे अपने सर्वोच्च सत्य को छोड़ना ही पड़ेगा। कारण, यह सत्य वस्तुसंबंधी समस्त सत्य को आच्छादित कर लेता है तथा प्रत्येक को अपने स्थान पर, दूसरे शब्दों में, विभिन्नता-युक्त समस्वरता के संबंध में स्थिर रखता है। वह किसी भी अव्यवस्था को, संघर्ष और सीमा के उल्लंघन को, उन विभिन्न समन्वयों की वक्रता को जो पूर्ण समन्वय का निर्माण करते हैं, अनुमति नहीं देगा। उसका अपना जीवन तथा विश्वजीवन उसके लिये एक पूर्ण कलाकृति होगा। वह कुछ इस प्रकार का होगा मानो एक ऐसी वैश्व और सहज प्रतिभा का जन्म हो रहा हो जो बहुविध व्यवस्था को कार्यान्वित करने में अचूक है। विज्ञानमय व्यक्ति जगत् में रहेगा और जगत् का होगा। किंतु अपनी चेतना में वह उससे आगे बढ़ जायगा तथा अपनी परात्पर सत्ता में उसके ऊपर निवास करेगा। वह विश्व से संबंधित होगा पर विश्व से स्वतंत्र भी रहेगा, वह अपना व्यक्तित्व रखेगा पर अपने पृथक्व्यक्तित्व के द्वारा सीमित नहीं होगा। सच्चा 'व्यक्ति' एक पृथक् सत्ता नहीं होता, उसका व्यक्तित्व विश्वमय होता है, वह विश्व को वैयक्तिक रूप दे देता है, साथ ही वह व्यक्तित्व परात्पर असीमता के आध्यात्मिक वायुमंडल में, मेघों को भी पार कर जानेवाले ऊंचे शिखर के समान दिव्य रूप में प्रकट होता है। कारण, वह दिव्य 'परात्परता' को वैयक्तिक बना देता है।

ये तीन शक्तियां हमारे जीवन के सामने उसके रहस्य की तीन कुंजियों के रूप में उपस्थित होती हैं, ये हैं: व्यक्ति, वैश्व सत्ता और इन दोनों में तथा इनके आगे अवस्थित 'सद्वस्तु'। अस्तित्वसंबंधी ये तीन रहस्य अतिमानसिक व्यक्ति के जीवन में अपने समन्वय को, संयुक्त चरितार्थता को प्राप्त करेंगे। यह व्यक्ति एक पूर्णता-प्राप्त सर्वांगीण व्यक्ति होगा तथा अपने विकास और स्व-अभिव्यक्ति में संतोष अनुभव करेगा। कारण, उसके समस्त तत्त्व उच्चतम अवस्था तक पहुंच जायंगे और एक प्रकार के व्यापक विस्तार के अंदर एक सूत्र में आबद्ध हो जायंगे। हम पूर्णता और समन्वय की ओर बढ़ने की चेष्टा कर रहे हैं, अपनी प्रकृति की अपूर्णता और अयोग्यता अथवा उसके विरोध से हम अंदर ही अंदर सबसे अधिक दुःख पाते हैं, किंतु इसका कारण है हमारी सत्ता की अपूर्णता, हमारा अधूरा आत्मज्ञान, अपनी सत्ता और प्रकृति पर हमारा अपूर्ण अधिकार। समस्त वस्तुओं में और सब समय एक पूर्ण आत्मज्ञान ही अतिमानसिक विज्ञान की देन है और इसके साथ पूर्ण

आत्मसंयम भी रहता है जिसका अर्थ केवल प्रकृति पर नियंत्रण नहीं वरन् प्रकृति में पूर्ण अभिव्यक्ति की शक्ति भी है। सत्ता का जो ज्ञान भी वहां होगा वह पूर्णतया सत्ता के संकल्प में अभिव्यक्त होगा और संकल्प सत्ता के कर्म में पूर्णतया अभिव्यक्त होगा। इसका परिणाम सत्ता की अपने स्वभाव में ही एक पूर्ण गतिशील स्व-रचना होगा। विज्ञानमय सत्ता के निम्न स्तरों पर, प्रकृति की विविधता के अनुसार, आत्म-अभिव्यक्ति सीमित होगी, 'दिव्य समग्रता' के एक पक्ष का, किसी एक अंग या अनेक अंगों के संयुक्त समन्वय का निर्माण करने के लिये एक सीमित पूर्णता होगी। असीम रूप से अनेकविध 'एकमेव' के वैश्व स्वरूप से कुछ शक्तियां बड़े सीमित रूप में चुनी जायंगी। किंतु अतिमानसिक सत्ता में पूर्णता पाने के लिये सीमाबंदी करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। विभिन्नता सीमाबंदी के द्वारा नहीं बल्कि 'अतिप्रकृति' की शक्ति और चित्र-विचित्रता में विभिन्नता के द्वारा प्राप्त होगी। सत्ता की वही समग्रता और प्रकृति की वही समग्रता अपने आपको एक अत्यधिक विभिन्न ढंग से अभिव्यक्त करेगी। कारण, प्रत्येक सत्ता 'एकमेव सत्ता' की एक नयी पूर्णता, एक नया समन्वय तथा एक नया साम्य होगी। क्या कुछ आगे लाकर अभिव्यक्त किया जायगा अथवा क्या कुछ किसी समय पीछे रखा जायगा यह योग्यता या अयोग्यता पर निर्भर नहीं करेगा बल्कि 'परम आत्मा' के सक्रिय चुनाव पर, अभिव्यक्तिसंबंधी उसके अपने आनंद पर, व्यक्ति में भागवत इच्छा के सत्य और अपने आनंद पर तथा गौण रूप में उस कार्य के सत्य पर निर्भर करेगा जो व्यक्ति के द्वारा समष्टि के समन्वय में किया जाता था। कारण, पूर्ण व्यक्ति वैश्व व्यक्ति है। जब हम विश्व को अपने अंदर समाविष्ट कर लेते हैं, साथ ही उसके आगे भी निकल जाते हैं तभी हमारा व्यक्तित्व पूर्ण हो सकता है।

अतिमानसिक व्यक्ति अपनी वैश्व चेतना में सबको अपने समान देखता और अनुभव करता हुआ इसी भाव में कार्य करेगा। वह एक व्यापक चेतना में अपनी वैयक्तिक सत्ता की संपूर्ण सत्ता के साथ, अपने वैयक्तिक संकल्प की संपूर्ण संकल्प के साथ तथा अपने वैयक्तिक कर्म की संपूर्ण कर्म के साथ समस्वरता में कार्य करेगा। कारण, जिस वस्तु से हम अपने बाह्य जीवन में तथा अपने आंतरिक जीवन पर उसकी प्रक्रियाओं में अत्यधिक कष्ट पाते हैं वह हमारे जगत् के साथ स्थापित हुए संबंधों की अपूर्णता है, दूसरों के विषय में हमारा अज्ञान है, वस्तुओं की समग्रता के साथ हमारा विरोध है। हमारे कष्ट का एक कारण यह भी है कि हम जगत् पर की गयी अपनी मांग में तथा जगत् द्वारा हमारे ऊपर की गयी मांग में साम्य नहीं बैठा सकते। हमारी अपनी आत्म-पुष्टि में तथा उस जगत् में जिसपर हम इस पुष्टि को लादते हैं एक संघर्ष रहता है, यह संभवतः एक ऐसा संघर्ष होता है जिससे अंतिम रूप में मनुष्य को तभी मुक्ति मिलती है जब वह इस संसार और सत्ता दोनों से छूट जाता है। यह संसार भी हमारे लिये इतना बड़ा प्रतीत होता है कि हम अपनी आत्मा, अपने मन, प्राण और शरीर से आगे, उसके अपने लक्ष्य तक पहुंचने के मार्ग में स्वतंत्र रूप में नहीं बढ़ सकते। संसार के मार्ग और लक्ष्य का हमारे मार्ग और लक्ष्य के साथ संबंध हमारे सामने स्पष्ट नहीं है तथा उसके साथ अनुकूलता स्थापित करने के लिये हमें या तो उसके ऊपर अपने आपको जबर्दस्ती लादकर उसे अपने अधीन करना होगा या अपने आपको दबाकर हमें उसके अधीन होना होगा, या फिर अपनी वैयक्तिक भवितव्यता और समूचे जगत् और उसके गुप्त प्रयोजन को आपसी संबंध की इन दो आवश्यकताओं के बीच में एक कठिन संतुलन

स्थापित करना होगा। किंतु अतिमानसिक सत्ता के लिये जो सदा वैश्व चेतना में निवास करती है यह कठिनाई समाप्त हो जायगी, क्योंकि उसमें अहंभाव नहीं है। उसका वैश्व व्यक्तित्व वैश्व शक्तियों और उनकी क्रिया और उनके अर्थ को अपने ही एक अंग के रूप में जानेगा, और उसके अंदर की सत्य-चेतना प्रत्येक पग पर यथार्थ संबंध को देखेगी तथा उस संबंध की सक्रिय एवं यथार्थ अभिव्यक्ति करेगी।

कारण, व्यक्ति और विश्व दोनों ही वस्तुतः एक ही परात्पर 'सत्ता' की समकालीन और परस्पर संबंधित अभिव्यक्तियां हैं। यह होते हुए भी कि 'अज्ञान' और उसके नियम में प्रतिकूलता एवं संघर्ष विद्यमान है, तो भी एक ऐसा यथार्थ संबंध, एक ऐसा साम्य अवश्य है जिसपर सब पहुंचते तो हैं पर जिसे हमारे अहंभाव की अंधता नहीं देख पाती और न ही जिसे हमारा वह प्रयत्न ही देख पाता है जो सत्ता की नहीं बल्कि अहं की पुष्टि करने के लिये किया जाता है। अतिमानसिक चेतना के अंदर इस संबंध का सत्य अपने स्वाभाविक और विशेष अधिकार के रूप में निहित है, क्योंकि, स्वयं वही वैश्व संबंधों को तथा व्यक्ति के विश्व के साथ संबंधों को निर्धारित करता है, साथ ही उन्हें 'परात्पर' की शक्ति के रूप में स्वतंत्रता और प्रभुता के साथ निर्धारित करता है। मानसिक सत्ता में अहंभाव को अधिकृत करनेवाली वैश्व चेतना का दबाव तथा परात्पर सद्वस्तु का बोध भी अपने आप ही एक सक्रिय समाधान नहीं निकाल सकते, क्योंकि अभी भी उसके मुक्त आध्यात्मिक मन में तथा वैश्व 'अज्ञान' के अंधकारमय प्राण में असंगति हो सकती है जिसका समाधान करने के लिये या जिसे वश में करने के लिये मन में शक्ति नहीं होती। किंतु अतिमानसिक सत्ता में जो केवल स्थिर रूप में चेतन ही नहीं है वरन् पूर्णतया क्रियाशील भी है तथा जो 'परात्पर सत्ता' के निर्माणकारी प्रकाश और सामर्थ्य में कार्य करती है, अतिमानसिक ज्योति अर्थात् सत्य की ज्योति, 'ऋतं ज्योतिः' के पास यह शक्ति होती है। कारण, वहां वैश्व सत्ता के साथ एकता तो होगी पर विश्व-प्रकृति के निम्न रूप के अज्ञान के प्रति अधीनता नहीं होगी। इसके स्थान पर वहां एक ऐसी शक्ति होगी जो 'सत्य' के प्रकाश में 'अज्ञान' पर कार्य करेगी। अभिव्यक्ति की एक विशाल व्यापकता, विश्व-सत्ता की एक विशाल समन्वययुक्त व्यापकता ही अतिमानसिक 'व्यक्ति' की विज्ञानमयी प्रकृति का चिह्न होगी।

अतिमानसिक सत्ता का अस्तित्व एकमेव अस्तित्व तथा एकमेव चेतना को अनेकविध तथा बहुविध ढंग से व्यक्त करनेवाली सत्य-शक्ति की एकमेव अस्तित्व के आनंद के लिये क्रीड़ा होगा। सत्तासंबंधी अपने सत्य में आत्मा की अभिव्यक्ति का आनंद ही विज्ञानमय जीवन का आशय होगा। उसकी समस्त क्रियाएं आत्मा के सत्य तथा आत्मा के आनंद का व्यक्त रूप होंगी। अर्थात् वे आध्यात्मिक अस्तित्व की पुष्टि, आध्यात्मिक चेतना की पुष्टि तथा सत्ता के आध्यात्मिक आनंद की पुष्टि होंगी। किंतु यह वैसी नहीं होगी जैसी कि अंतर्निहित एकता के होते हुए भी हमारे अंदर की आत्मपुष्टि हुआ करती है, अर्थात् यह कोई अहंकेंद्रित, पृथक्कारी और दूसरों की आत्मपुष्टि की या जीवन पर की गयी उनकी मांग की विरोधी या उसके प्रति उदासीन या अपर्याप्त रूप में सजीव वस्तु नहीं होगी। अतिमानसिक व्यक्ति सत्ता में सबके साथ एक रहता हुआ अपने अंदर 'आत्मा' की अभिव्यक्ति के आनंद की खोज करेगा, पर साथ ही समान रूप में सबमें 'भगवान्' के आनंद की भी खोज करेगा। उसे वैश्व आनंद की प्राप्ति होगी तथा वह दूसरों के लिये भी आत्मा का आह्लाद

तथा सत्य का आनंद लाने के लिये एक शक्ति-रूप होगा, क्योंकि उनका आनंद उसके अपने जीवन के आनंद का एक भाग होगा। समस्त प्राणियों की भलाई में लगे रहना, दूसरोंके हर्ष और शोक को अपना हर्ष और शोक समझना एक मुक्त और परिपूर्ण आध्यात्मिक मनुष्य का चिह्न कहा जाता है। इसलिये अतिमानसिक व्यक्ति के लिये परोपकार-वश किये गये आत्म-बलिदान की कोई आवश्यकता नहीं, क्योंकि यह कार्य उसकी अपनी परिपूर्णता के भी अत्यंत निकट होगा, यह 'एकमेव' की सबमें परिपूर्णता होगी, और उसकी अपनी भलाई और दूसरों की भलाई में कोई विरोध या संघर्ष नहीं होगा। न उसे अपने आपको 'अज्ञान' में निवास करनेवाले प्राणियों के हर्ष और शोक के अधीन करके एक सार्वभौम सहानुभूति प्राप्त करने की आवश्यकता ही होगी; उसकी वैश्व सहानुभूति उसकी अपनी सत्ता के अंतर्जात सत्य का एक अंग होगी तथा एक न्यूनतर आनंद और कष्ट में व्यक्तिगत रूप में भाग लेने पर ही निर्भर नहीं करेगी। वह जिसको अपने अंदर समाविष्ट करेगी उससे आगे भी निकल जायगी और इस आगे निकलने में ही उसकी शक्ति निहित होगी। व्यापकतासंबंधी उसकी भावना और क्रिया सदा ही एक सहज अवस्था और स्वाभाविक गति, सत्य की स्वतः-स्फुरित अभिव्यक्ति और आत्मा के अस्तित्व की हर्षपूर्ण क्रिया होगी, उसके अंदर सीमित सत्ता या कामना के लिये, सीमित सत्ता की संतुष्टि या निराशा के लिये अथवा कामना की तुष्टि या विफलता के लिये कोई स्थान नहीं हो सकता, न ही उसमें उस सापेक्ष या आश्रित सुख और दुःख के लिये ही स्थान होगा जो हमारी सीमित प्रकृति में आते हैं और उसे पीड़ित करते हैं। कारण, ये वस्तुएं अहंभाव और अज्ञान से संबंध रखती हैं, आत्मा की स्वतंत्रता और उसके सत्य से नहीं।

विज्ञानमय सत्ता के पास कर्म करने की संकल्प-शक्ति है पर साथ ही उसके पास उस वस्तु का ज्ञान भी है जिसके बारे में उसे संकल्प करना है, और उस ज्ञान को कार्यान्वित करने की शक्ति भी है। वह अज्ञान के द्वारा उस कार्य को करने के लिये प्रेरित नहीं होगी जो करने योग्य नहीं है। उसका कार्य किसी फल या परिणाम की इच्छा से भी नहीं किया जाता। उसका आनंद अस्तित्व और कर्म में है, आत्मा की विशुद्ध अवस्था, आत्मा के विशुद्ध कर्म तथा आत्मा के विशुद्ध उल्लास में है। जिस प्रकार उसकी स्थिर चेतना अपने अंदर सब वस्तुओं को धारण कर लेगी और इस कारण सदा के लिये परिपूर्णता प्राप्त कर लेगी, उसी प्रकार उसकी चेतना की गति भी प्रत्येक पग पर और प्रत्येक कर्म में एक आध्यात्मिक स्वतंत्रता और स्वचरितार्थता प्राप्त कर लेगी। सब कुछ समष्टि के संबंध में देखा जायगा जिससे कि प्रत्येक पग ज्योतिर्मय, आनंदपूर्ण और अपने आपमें संतोषकारक हो जायगा, क्योंकि प्रत्येक ही एक ज्योतिर्मय समग्रता के साथ जुड़ा हुआ है। यह चेतना, आध्यात्मिक समग्रता में निवास करना और वहीं से कार्य करना, सत्ता के सार-तत्त्व में एक संतुष्ट समग्रता तथा सत्ता की शक्तिशाली क्रिया में एक संतुष्ट समग्रता, प्रत्येक पग के साथ रहनेवाली उस समग्रता के संबंधों की भावना—ये सब वस्तुतः अतिमानसिक चेतना के वास्तविक चिह्न हैं तथा उसे हमारी अज्ञानमयी चेतना के असंबद्ध तथा अज्ञानपूर्ण क्रमिक पगों से अलग करते हैं। विज्ञानमय अस्तित्व और अस्तित्व का आनंद एक वैश्व और समग्र सत्ता एवं आनंद है और प्रत्येक पृथक् क्रिया में इस समग्रता और विश्वव्यापकता की उपस्थिति होगी, प्रत्येक में सत्तासंबंधी आंशिक अनुभूति या उसके आनंद का एक कण नहीं बल्कि एक

पूर्ण सत्ता की समस्त क्रिया की भावना और सत्ता के पूर्ण और समग्र आनंद की उपस्थिति होगी। विज्ञानमयी सत्ता का जो ज्ञान कर्म में चरितार्थ हो चुका है वह एक विचारणात्मक ज्ञान नहीं होगा बल्कि अतिमानस का 'वास्तविक विचार' होगा, चेतना के मूल प्रकाश का यंत्र होगा। वह सत्ता और अभिव्यक्ति की समस्त वास्तविकता का प्रकाश होगा, जिसका प्रकाश सदा होता रहेगा, वह प्रत्येक विशिष्ट कर्म और क्रिया को अपनी सत्ता के पवित्र और पूर्ण आनंद से परिपूरित करता रहेगा। तादात्म्य द्वारा प्राप्त ज्ञान से युक्त असीम चेतना के लिये प्रत्येक विभिन्नता में 'एकमेव सत्ता' का आनंद और अनुभव विद्यमान होता है, प्रत्येक 'ससीम' में 'असीम' की अनुभूति होती है।

विज्ञानमयी चेतना का विकास अपने साथ हमारी विश्व-चेतना तथा विश्व-कर्म का रूपांतर लाता है; कारण वह बोध की नयी शक्ति के अंदर आंतरिक जीवन को ही नहीं वरन् हमारी बाह्य सत्ता या हमारी वैश्व सत्ता को भी ले आता है। आध्यात्मिक सत्ता के अभिप्राय और बल में दोनों का पुनः निर्माण होता है तथा उन्हें समग्र बना दिया जाता है। इस परिवर्तन के फलस्वरूप हमारे जीवन का वर्तमान ढंग एकदम ही उलट जाता है, उसे अस्वीकार कर दिया जाता है, जब कि उसकी आंतरिक प्रवृत्ति और झुकाव चरितार्थ हो जाते हैं, कारण, अब हम दो सीमाओं के बीच खड़े होते हैं, एक तो 'प्राण' और 'जड़पदार्थ' का बाह्य जगत् है जिसने हमें बनाया है और दूसरी सीमा विकसित होती हुई 'आत्मा' के अर्थों में हमारे द्वारा जगत् का पुनः निर्माण है। जीवनसंबंधी हमारा वर्तमान ढंग 'प्राण-शक्ति' और 'जड़पदार्थ' के प्रति अधीनता है और साथ ही इन दोनों के साथ संघर्ष भी है। बाह्य सत्ता जब पहली बार प्रकट होती है तो वह अपने प्रति हमारी प्रतिक्रियाओं के द्वारा एक आंतरिक या मानसिक सत्ता को उत्पन्न कर देती है। यदि हम अपने आपको स्वयं गढ़ें भी तो भी अधिकतर मनुष्यों में यह कार्य अंदर की मुक्त आत्मा या बुद्धि के चेतन दबाव से उतना नहीं होता जितना कि उस प्रत्युत्तर के द्वारा होता है जो हम अपने आसपास के वातावरण को देते हैं या उस विश्व-प्रकृति के द्वारा जो हमपर कार्य करती है। किंतु हम अपनी चेतन सत्ता के विकास में जिस वस्तु की ओर बढ़ रहे हैं वह एक आंतरिक जीवन है जो अपने ज्ञान और बल के द्वारा अपने अस्तित्व के बाह्य रूप को तथा उसे अभिव्यक्त करनेवाले वातावरण को उत्पन्न कर रहा है। विज्ञानमयी प्रकृति में यह क्रिया अपनी पूर्णता प्राप्त कर ही लेगी। जीवन का स्वरूप एक ऐसा चरितार्थ आंतरिक अस्तित्व बन जायगा जिसका प्रकाश और बल बाह्य जीवन में एक पूर्ण आकार धारण कर लेंगे। विज्ञानमय मनुष्य प्राण और जड़पदार्थ के जगत् को अपने हाथ में ले लेगा किंतु वह उसे अपने सत्य तथा जीवनसंबंधी अभिप्राय के अनुरूप बना लेगा; वह स्वयं जीवन को ही अपनी आध्यात्मिक प्रतिमूर्ति में ढाल लेगा, और ऐसा वह इस कारण कर सकेगा कि वह आध्यात्मिक सृष्टि के रहस्य को जानता है तथा अपने अंदर के 'स्रष्टा' के साथ संबंधित है तथा उसके साथ एक हो गया है। यह सब पहले उसके अपने आंतरिक और बाह्य वैयक्तिक अस्तित्व के निर्माण में चरितार्थ होगा, किंतु फिर यही शक्ति और सिद्धांत किसी भी सामान्य विज्ञानमय जीवन में क्रियान्वित हो जायंगे। एक विज्ञानमय सत्ता का दूसरी विज्ञानमय सत्ता के साथ संबंध उनकी विज्ञानमय सत्ता और अतिप्रकृति को अभिव्यक्त करेगा; यह सत्ता या अतिप्रकृति समस्त सामूहिक अस्तित्व को अपनी महत्त्वपूर्ण शक्ति और रूप में ढाल देगी।

समस्त आध्यात्मिक जीवन-प्रणाली में आंतरिक जीवन ही अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है, आध्यात्मिक मनुष्य सदा अपने अंदर निवास करता है। अज्ञान के जगत् में जो बदलना नहीं चाहता उसे एक प्रकार से उससे अलग रहना पड़ता है तथा अज्ञान की अंधकारमयी शक्तियों के आक्रमण और प्रभाव से अपने आंतरिक जीवन की रक्षा करनी पड़ती है। संसार के अंदर रहते हुए भी वह उससे बाहर रहता है। यदि वह उसके ऊपर कार्य करता है तो अपनी आंतरिक आध्यात्मिक सत्ता के दुर्ग से ही करता है जहां वह अपने अंतरतम प्रदेश में 'सर्वोच्च सत्ता' के साथ एक हो गया है अथवा जहां आत्मा और 'परमात्मा' ही अकेले वास करते हैं। विज्ञानमय जीवन एक ऐसा आंतरिक जीवन होगा जिसमें 'आंतरिक' और 'बाह्य' का, आत्मा और जगत् का विरोध दूर हो चुका होगा और हम उसके परे चले गये होंगे। विज्ञानमय प्राणी का जीवन एक ऐसा अंतरतम जीवन होगा जिसमें वह भगवान् के साथ अकेला वास करता है, सनातन के साथ एक हो जाता है, असीम की गहराइयों में कूद पड़ता है तथा जिसमें उसका संबंध असीम की ऊंचाइयों और गुप्त और प्रकाशपूर्ण गहराइयों के साथ रहता है। कोई भी वस्तु इन गहराइयों को विक्षुब्ध नहीं कर सकती, न ही उनपर आक्रमण करके उन्हें उनके शिखरों से नीचे ही गिरा सकती है। संसार की कोई भी चीज, उसका कोई भी कार्य, उसके आसपास की कोई भी वस्तु ऐसा नहीं कर सकती। यह आध्यात्मिक जीवन का परात्परसंबंधी पक्ष है और यह आत्मा की स्वतंत्रता के लिये आवश्यक है। नहीं तो जगत् की प्रकृति के साथ तदात्मता एक बंधनकारी सीमा बन जायगी, वह एक स्वतंत्र, तदात्मता नहीं रहेगी। किंतु साथ ही हृदय भागवत प्रेम और भागवत आनंद के द्वारा उस आंतरिक संबंध और एकत्व को व्यक्त करेगा। और वे आनंद और प्रेम इतने व्यापक हो जायंगे कि वे समस्त अस्तित्व को अपने अंदर समाविष्ट कर लेंगे। विश्व के विज्ञानमय अनुभव में अंदर की भागवत शांति समता की व्यापक स्थिरता में विस्तृत हो जायगी जो निष्क्रिय नहीं बल्कि सक्रिय होगी। यह एकत्व के अंदर स्वतंत्रता की स्थिरता होगी जो उस सबको जिसके संपर्क में वह आयगी अपने वश में कर लेगी, जो कुछ उसमें प्रवेश करेगा उस सबको शांत-स्थिर कर देगी। जिस जगत् में अतिमानसिक व्यक्ति रहता है उसके साथ उसके संबंधों पर यह स्थिरता शांति के नियम को लागू कर देगी। उसके समस्त कर्मों में आंतरिक एकता, आंतरिक संपर्क उपस्थित रहेंगे, तथा दूसरों के साथ उसके संबंध को प्रभावित करेंगे। ये दूसरे भी उसके लिये दूसरे नहीं रहेंगे बल्कि एक अस्तित्व में, उसके अपने वैश्व अस्तित्व में उसकी अपनी सत्ताएं होंगे। आत्मा को प्राप्त यह संतुलन और यह स्वतंत्रता ही उसे समस्त जीवन को अपने अंदर धारण करने में समर्थ बनायगी जब कि वह स्वयं एक आध्यात्मिक सत्ता ही रहेगा। वह अज्ञानमय जगत् को भी अपने अंदर समाविष्ट कर लेगी, यद्यपि वह स्वयं अज्ञान में प्रवेश नहीं करेगा।

कारण, वैश्व जीवन के बारे में उसका अनुभव, प्रकृति-संबंधी उसके रूप और एक व्यक्तित्व-प्राप्त केंद्र के कारण, उस व्यक्ति का अनुभव होगा जो जगत् में निवास करता है, किंतु साथ ही वह एकत्व में स्व-व्यापकता और विस्तार के कारण एक ऐसे व्यक्ति का अनुभव भी होगा जो विश्व और उसके समस्त प्राणियों को अपने अंदर धारण किये रहता है। सत्ता की यह व्यापक अवस्था सत्ता के एकत्व में या धारणात्मक विचार और दृष्टि में ही

एक विस्तारमात्र नहीं होगी किंतु हृदय, इंद्रियों और एक स्थूल भौतिक चेतना में भी एकत्व का विस्तार होगी। उसे वह वैश्व चेतना, भाव और भावना प्राप्त होंगी जिसके द्वारा समस्त मूर्त जीवन उसके अपने आंतरिक अस्तित्व का एक अंग बन जायगा और जिसके द्वारा वह भगवान् को उसके सब रूपों में प्राप्त करेगा, उसे देखे-सुनेगा एवं अनुभव करेगा। सब रूप और सभी चेष्टाएं इस प्रकार चरितार्थ और इंद्रियगोचर होंगी, इस प्रकार देखी, सुनी और अनुभव की जायंगी मानों वे उसकी सत्ता के विशाल स्वरूप में ही घटित हो रही हों। संसार का संबंध केवल उसके वाह्य जीवन के साथ ही नहीं बल्कि उसके आंतरिक जीवन के साथ भी हो जायगा। वह संसार के साथ उसके बाह्य रूप में, किसी बाह्य संपर्क के द्वारा ही व्यवहार नहीं रखेगा, बल्कि वह आंतरिक रूप में वस्तुओं और प्राणियों की आंतरिक सत्ता के साथ भी संबंध रखेगा। वह चेतन रूप में उनकी आंतरिक और साथ ही बाह्य प्रतिक्रियाओं को भी उत्तर देगा। वह उनके अंदर की उस चीज को भी जान लेगा जिसे वे स्वयं नहीं जानते, सबपर एक आंतरिक बोध के साथ कार्य करेगा, सबके साथ पूर्ण सहानुभूति एवं एकत्व की भावना के साथ व्यवहार करेगा, साथ ही इस व्यवहार में वह एक स्वाधीनता भी रखेगा जो किसी भी संपर्क से नष्ट नहीं होती। संसार पर किया गया उसका कार्य मुख्यतः एक आंतरिक कार्य होगा जो आत्मा की शक्ति के द्वारा, जगत् में रूप धारण करनेवाली आध्यात्मिक-अतिमानसिक विचार-शक्ति के द्वारा, गुप्त अव्यक्त शब्द के द्वारा, हृदय की शक्ति तथा सक्रिय जीवन-सामर्थ्य के द्वारा और समस्त वस्तुओं के साथ एकाकार हुई सत्ता की सर्व-व्यापक और पैनी शक्ति के द्वारा किया जायगा। जो कार्य बाह्य रूप में व्यक्त होगा या देखा जायगा वह तो केवल इस विशाल, अखंड और संपूर्ण कार्य का एक छोर या एक अंतिम प्रक्षेप ही होगा।

इसके साथ ही व्यक्ति का वैश्व आंतरिक जीवन केवल भौतिक जीवन के साथ एक अंतरीय, व्यापक और सर्वग्राही संपर्क तक ही सीमित नहीं रहेगा, वह प्रच्छन्न आंतरिक सत्ता के दूसरे स्तरों के साथ स्वाभाविक संपर्क को पूर्णतया चरितार्थ करके उससे आगे भी निकल जायगा। उनकी शक्तियों और प्रभावों का ज्ञान तो आंतरिक अनुभव का एक सामान्य अंग बन ही चुका होगा, इसलिये इस जगत् की घटनाएं अब केवल अपने बाह्य रूप में ही नहीं देखी जायंगी किंतु उस गुप्त रहस्य के प्रकाश में भी देखी जायंगी जो भौतिक और पार्थिव सृष्टि तथा गति के पीछे विद्यमान है। एक विज्ञानमय व्यक्ति चरितार्थ आत्मा की शक्ति के द्वारा अपने भौतिक जगत् पर एक सत्य-चेतन नियंत्रण ही नहीं रखेगा, बल्कि मानसिक और प्राणिक स्तरों पर भी वह पूर्ण सामर्थ्य से युक्त होगा तथा उनकी महत्तर शक्तियों का भौतिक जीवन की पूर्णता के लिये उपयोग करेगा। समस्त अस्तित्व का यह महत्तर ज्ञान और उसपर प्राप्त यह व्यापक नियंत्रण विज्ञानमय व्यक्ति की उस साधना-शक्ति को अत्यधिक बढ़ा देगा जिसे वह अपने आसपास की वस्तुओं और भौतिक प्रकृति के जगत् पर प्रयुक्त करेगा।

'स्वयंस्थित सत्ता' में, जिसकी गतिशील 'सत्य-चेतना' अतिमानस है, सत्ता का उद्देश्य अपना अस्तित्व रखने के सिवाय और कोई नहीं हो सकता, चेतना का सत्ता के प्रति चेतन होने के सिवाय और सत्ता के आनंद का उसके आनंद के सिवाय और कोई उद्देश्य नहीं हो सकता। सब कुछ एक ऐसी सनातन सत्ता है जो स्वयंस्थित है तथा अपने आपमें पूर्ण है।

अभिव्यक्ति अर्थात् संभूति का भी अपनी मूल अतिमानसिक क्रिया में वही गुण है। वह अपने आपमें अस्तित्व रखनेवाली और अपने आपमें परिपूर्ण लय में सत्ता की एक ऐसी क्रिया का पोषण करती है जो अपने आपको एक अनेकविध अभिव्यक्ति के रूप में देखती है; यह चेतना की एक ऐसी क्रिया है जो अनेकविध आत्मज्ञान का रूप धारण कर लेती है, यह चेतन अस्तित्व की शक्ति की क्रिया है जो सत्ता की अपनी अनेकविध सामर्थ्य के वैभव और सौंदर्य के लिये अपना अस्तित्व रखती है; यह आनंद की क्रिया है जो आनंद के असंख्य रूप ग्रहण कर लेती है। यहां, जड़पदार्थ में अतिमानसिक सत्ता के अस्तित्व और उसकी चेतना का भी मूल रूप में यही स्वभाव होगा, किंतु उसके कुछ अप्रधान गुण भी होंगे जो अपने क्षेत्र में विद्यमान अतिमानस और पार्थिव अतिस्त्व में अभिव्यक्त हुई शक्ति के अंदर कार्य करते हुए अतिमानस में भेद करेंगे। कारण, यहां एक विकसित होती हुई सत्ता, एक विकसित होती हुई चेतना, एक सत्तासंबंधी विकसित होता हुआ आनंद उपस्थित होंगे। विज्ञानमय सत्ता 'अज्ञान' की चेतना के 'सच्चिदानंद' की चेतना में होनेवाले विकास के चिह्न के रूप में प्रकट होगी। अज्ञान में व्यक्ति को सबसे पहले विकसित होना होता है, जानना और कुछ करना होता है अथवा, अधिक यथार्थ रूप में कहें तो, किसी वस्तु में विकसित होना होता है और ज्ञानद्वारा किसी वस्तु तक पहुंचना होता है, कुछ करना होता है। अपूर्ण होने के कारण हम अपनी सत्ता से संतुष्ट नहीं हैं, हमें अवश्य ही कठिनाई सहकर और परिश्रम करके भी उस वस्तु में विकसित होने का प्रयत्न करना है जो हम नहीं हैं। क्योंकि हम अज्ञानी हैं और अपने अज्ञान की चेतना के बोझ से दबे हुए हैं। हमें उस वस्तु को प्राप्त करना है जिसके द्वारा हम यह अनुभव कर सकें कि हम कुछ जानते हैं। अयोग्यता के द्वारा सीमित होने के कारण हमें बल और शक्ति की खोज करनी है। कष्ट के बोध से पीड़ित होने के कारण हमें कोई ऐसी वस्तु साधित कर लेनी चाहिये जिसके द्वारा हम किसी सुख की प्राप्ति कर लें या जीवन की किसी संतोषकारी वास्तविकता पर अपना अधिकार जमा लें। अपना अस्तित्व बनाये रखना हमारा पहला कार्य एवं हमारी पहली आवश्यकता अवश्य है, किंतु यह केवल प्रारंभिक बिंदु है। कारण, एक अपूर्ण अस्तित्व को बनाये रखना जिसमें कष्ट के छींटे पड़ते रहते हैं हमारी सत्ता का पर्याप्त उद्देश्य नहीं हो सकता। जीवन के स्वाभाविक संकल्प और जीवन के सुख के साथ जिसे और केवल जिसे ही अज्ञान गुप्त अंतर्निहित 'शक्ति' और 'आनंद' में से गढ़ सकता है, कुछ करने और बनने की आवश्यकता को भी जोड़ देना होगा। किंतु क्या किया जाय और क्या बना जाय इसका पता हमें स्पष्ट रूप में नहीं है। जो ज्ञान हम प्राप्त कर सकते हैं, जो शक्ति, बल, पवित्रता, शांति और आनंद हमें मिल सकता है वह हम प्राप्त कर लेते हैं, जो हम बन सकते हैं वह बन जाते हैं। किंतु हमारे उद्देश्य और उन्हें प्राप्त करने के हमारे प्रयत्न और वह थोड़ी सी चीज जो हम अपनी कमाई के रूप में प्राप्त करते हैं सब उन पाशों का रूप धारण कर लेते हैं जिनके द्वारा हम बंधे हुए हैं। ये वस्तुएं ही तब हमारे जीवन का उद्देश्य बन जाती हैं। अपनी आत्माओं को जानना और अपना आप बनना जिसे हमारी सच्ची जीवन-प्रणाली का आधार होना चाहिये एक ऐसा रहस्य है जो हमारे बाह्य ज्ञान में, ज्ञान की बाह्य रचना में, बाह्य कर्म की चरितार्थता तथा बाह्य आनंद और सुख में संलग्न रहने के कारण हमसे छूट जाता है। आध्यात्मिक मनुष्य वह है जिसने अपनी आत्मा को पा लिया है। वह अपनी वास्तविक सत्ता को प्राप्त कर

चुका है और उसी में निवास करता है, वह उसके प्रति चेतन है तथा उसका आनंद उसे प्राप्त है। उसे अपने अस्तित्व की पूर्णता के लिये किसी बाह्य वस्तु की आवश्यकता नहीं है। विज्ञानमय सत्ता तब इस नये आधार से चलकर हमारी अज्ञानमयी अभिव्यक्ति को अपने हाथ में ले लेती है तथा उसे ज्ञान की ज्योतिर्मय अभिव्यक्ति की और सत्ता की चरितार्थ शक्ति में बदल देती है। अतएव जो कुछ हम अज्ञान में बनने का प्रयत्न करते हैं उस सबको विज्ञानमय व्यक्ति ज्ञान में पूरा कर देगा। समस्त ज्ञान को वह सत्तासंबंधी आत्म-ज्ञान की अभिव्यक्ति में, समस्त शक्ति और कर्म को सत्तासंबंधी सामर्थ्य की शक्ति और कर्म में और समस्त आनंद को सत्ता के वैश्व आनंद में बदल देगा। आसक्ति और बंधन छूट जायंगे, क्योंकि प्रत्येक पग पर तथा प्रत्येक वस्तु में सत्तासंबंधी पूर्ण संतोष होगा, अपने आपको चरितार्थ करती हुई चेतना का प्रकाश होगा, अपने आपको प्राप्त करते हुए अस्तित्व का आह्लादकारी आनंद होगा। ज्ञान में विकसित होने की प्रत्येक अवस्था सत्ता की इस शक्ति और संकल्प की तथा अस्तित्व रखने के आनंद की अभिव्यक्ति होगी। यह एक ऐसा स्वतंत्र प्रादुर्भाव होगा जिसे असीम की भावना की, 'ब्रह्म' के आनंद की, परात्पर सत्ता की आलोकित स्वीकृति की सहायता प्राप्त हो चुकी है।

अतिमानसिक रूपांतर और अतिमानसिक विकास के फलस्वरूप मन, प्राण और शरीर को अपने आपमेंसे निकलकर सत्ता की एक ऐसी महत्तर प्रणाली में ऊपर उठ जाना होगा जिसमें उनकी अपनी प्रणालियां और शक्तियां दबायी या नष्ट नहीं कर दी जायंगी बल्कि इस प्रकार अपने आपसे आगे निकलकर पूर्ण एवं चरितार्थ हो जायंगी। कारण, अज्ञान में सब रास्ते उस आत्मा के रास्ते हैं जो अपनी खोज अंधवत् या एक विकसित होते हुए प्रकाश के साथ कर रही है। विज्ञानमयी सत्ता एवं विज्ञानमय जीवन आत्मा की अपनी खोज होगी और इन सब रास्तों के लक्ष्यों को देखने और प्राप्त करने का उसका कार्य उसकी सत्ता के व्यक्त और चेतन सत्य की महत्तर प्रणाली से ही किया जायगा। मन प्रकाश और ज्ञान को खोजता है, एक ऐसे सत्य के ज्ञान को जो सबका आधार है, जो सत्ता और वस्तुओं का मूल सत्य ही नहीं बल्कि उस एकत्व में विद्यमान विभिन्नता और उसके समस्त विभिन्न अंगों के अर्थात् उसकी परिस्थिति में कार्य करने के बहुविध तरीकों, रूपों, क्रिया और घटनाओं के नियमों तथा विविध प्रकार की अभिव्यक्तियों एवं रचनाओं के समस्त सत्य का भी मूल सत्य है। चिंतनशील मन के लिये अस्तित्व का आनंद सृष्टि के रहस्य की खोज और उसके अंदर प्रवेश है और यह ज्ञान से प्राप्त होता है। विज्ञानमय परिवर्तन इसे काफी बड़े परिमाण में कर देगा, किंतु वह इसे एक नया गुण प्रदान करेगा। वह अपनी क्रिया अज्ञात की खोज के द्वारा नहीं बल्कि ज्ञात को बाहर लाकर करेगा। यह सब केवल "सत्ता की सत्ता के द्वारा और सत्ता में" ही खोज होगी। कारण, विज्ञानमय व्यक्ति की सत्ता मानसिक अहं-भाव नहीं बल्कि वह 'आत्मा' होगी जो सबमें एक है। वह जगत् को 'आत्मा' के विश्व-रूप में देखेगा। समस्त वस्तुओं के आधारभूत एक ही सत्य की खोज वह एकमेव सत्ता होगी जो तादात्म्य और तादात्म्य से परिपूर्ण सत्य को सर्वत्र खोज रही है, साथ ही जो तादात्म्य की शक्ति, उसके कार्यों और संबंधों को भी खोज रही है। बारीकियों का, परिस्थितियों का, और अभिव्यक्ति के प्रचुर ढंगों और रूपों का आविर्भाव उस तादात्म्य के सत्यों के अनंत वैभव का, सत्तासंबंधी उसके रूपों और शक्तियों का, उसकी रूपसंबंधी उस अद्भुत

बहुविधता और प्रचुरता का आविर्भाव होगा जो उसकी एकता को असीम रूप में प्रकट करती है। यह ज्ञान सबके साथ तादात्म्य स्थापित करके सबके अंदर प्रविष्ट होकर तथा एक ऐसे संपर्क के द्वारा आगे बढ़ेगा जो अपने साथ आत्म-खोज का वेग और ज्ञान की ज्योति तथा सत्य का एक ऐसा महत्तर एवं अधिक सुनिश्चित अंतर्ज्ञान अपने साथ लायगा जिस तक मन नहीं पहुंच सकता। एक ऐसा अंतर्ज्ञान भी होगा जो दृष्ट सत्य को मूर्त्त रूप देने तथा उसे उपयोग में लाने के साधनों के बारे में होगा; यह उसकी गतिशील प्रक्रियाओं का सक्रिय अंतर्ज्ञान होगा, यह ऐसा प्रत्यक्ष एवं अंतरीय बोध होगा जो प्राण और स्थूल इंद्रियों का, उनके कार्य के और 'आत्मा' के प्रति उनकी सेवा के प्रत्येक पग पर पथप्रदर्शन करेगा। इस समय प्राण और जड़पदार्थ में प्रक्रिया को चरितार्थ करने के लिये साधनों के रूप में उनका आवाहन किया जायगा।

ज्ञान की प्रत्येक विज्ञानमयी क्रिया तथा ज्ञान के कर्म के ये गुण होंगे : बौद्धिक खोज का स्थान अतिमानसिक तादात्म्य और उस तादात्म्य के अंदर निहित तत्त्वों का स्थान विज्ञानमय अंतर्ज्ञान ले लेंगे। आत्मा का सर्वत्र साम्राज्य हो जायगा तथा उसका प्रकाश ज्ञान की समस्त प्रक्रिया और उसके प्रयोग को आलोकित कर देगा जिससे ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञात वस्तु के बीच में तथा क्रियाशील चेतना, साधन और चरितार्थ वस्तु के बीच में एक अखंडता स्थापित हो जायगी जब कि एकमेव सत्ता उस समस्त अखंड क्रिया का निरीक्षण करेगी और उसमें अपने आपको घनिष्ठ रूप में चरितार्थ कर लेगी, उसे आत्म-चरितार्थता के लिये एक निर्दोष इकाई बना लेगी। निरीक्षक और तर्कशील मन अलग रहने की तथा जो कुछ उसे जानना है उसे मूर्त्त और सच्चे रूप में देखने की कोशिश करता है। वह उसे अपने से पृथक् रूप में, एक ऐसी स्वतंत्र और भिन्न सत्ता के रूप में जानने का प्रयत्न करता है जो वैयक्तिक चिंतन की प्रक्रिया या सत्ता की किसी भी उपस्थिति से प्रभावित नहीं होती। विज्ञानमयी चेतना अपने विषय के साथ एक ज्ञानपूर्ण और तीव्र तदात्मता स्थापित करके उसे तत्काल ही घनिष्ठ और यथार्थ रूप में जान लेगी। जिस वस्तु को उसे जानना है उससे वह आगे निकल जायगी, पर उसे वह अपने अंदर समाविष्ट भी कर लेगी; वह उस वस्तु को अपने एक अंग के रूप में उसी प्रकार जान लेगी जिस प्रकार वह अपनी सत्ता के किसी अंग या क्रिया को जान सकती है। इस क्रिया में वह तदात्मता के कारण न तो अपनेको संकुचित करती है और न उसका कोई विचार उसमें इस प्रकार उलझ ही जाता है कि वह उससे बंध जाय या ज्ञान में सीमित हो जाय। एक प्रत्यक्ष आंतरिक ज्ञान की घनिष्ठता, यथार्थता तथा पूर्णता तो वहां होगी ही, किंतु वहां वैयक्तिक मन का वह भ्रांतिपूर्ण निर्देशन नहीं होगा जिसके द्वारा हम सदा ही भूल करते है। कारण, यहां चेतना एक सीमित और अहंभावयुक्त व्यक्ति की चेतना नहीं वरन् एक वैश्व व्यक्ति की चेतना होगी। वह समस्त ज्ञान को प्राप्त करने का प्रयत्न करेगी, उसमें वह एक सत्य को दूसरे सत्य के विरुद्ध खड़ा करके यह नहीं देखेगी कि कौनसा सत्य स्थिर और जीवित रहेगा किंतु वह उस एक सत्य के प्रकाश में जिसके सभी सत्य विभिन्न पक्ष है एक के द्वारा दूसरे को पूर्ण बनायगी। समस्त विचार, अंतर्दृष्टि और बोध के ये गुण होंगे : एक आंतरिक दृष्टि, एक घनिष्ठ और व्यापक आत्मबोध, एक विशाल और समग्रीकारक ज्ञान, एक अविभाज्य समष्टि जो अपने कार्य को, सत्य-सत्ता के चरितार्थ करनेवाले समन्वय में, प्रकाश की प्रकाश पर क्रिया के द्वारा साधित

करती है। एक ऐसा प्रादुर्भाव होगा जिसमें अंधकार से प्रकाश का उद्धार नहीं होगा वरन् प्रकाश में से ही प्रकाश प्रकट होगा। कारण, यदि एक विकसित होती हुई अतिमानसिक चेतना अपने ज्ञान के कुछ अंशों को अपने पीछे छुपा लेती है तो ऐसा वह एक पग के रूप में या किसी अज्ञान के वश होकर नहीं करती, बल्कि वह ऐसा एक ऐसी क्रिया के रूप में करती है जिसमें वह 'कालगत अभिव्यक्ति' की प्रक्रिया में अपने कालरहित ज्ञान को स्वेच्छा से बाहर लाती है। एक आत्मज्योति, प्रकाश में से प्रकाश का आविर्भाव ही इस विकासात्मक अतिमानसिक 'प्रकृति' के ज्ञान की प्रणाली होगी।

जिस प्रकार मन प्रकाश की खोज करता है, ज्ञान को ढूंढने और अधिकृत करने की चेष्टा करता है, उसी प्रकार प्राण भी अपनी शक्ति को विकसित करना चाहता है तथा उसके द्वारा अधिकार प्राप्त करना चाहता है। उसकी खोज उन्नति, शक्ति, विजय, अधिकार-प्राप्ति, तुष्टि, सृजन, आनंद, प्रेम तथा सौंदर्य के लिये होती है। जीवनसंबंधी उसका आनंद सतत आत्म-अभिव्यक्ति और विकास में, कर्म, सृजन एवं उपभोग के विभिन्न एवं अनेक रूपों में तथा अपनी और अपनी शक्ति की प्रचुर एवं सामर्थ्ययुक्त तीव्रता में निहित है। उधर विज्ञानमय विकास इस सबकी उच्चतम और पूर्णतम अभिव्यक्ति करते हुए भी स्वयं मानसिक या प्राणिक अहं की शक्ति, तुष्टि और उसके उपभोग के लिये कार्य नहीं करेगा, न वह अपने ऊपर एक संकुचित प्रकार का अधिकार जमायगा और न वह दूसरे लोगों या वस्तुओं पर एक उत्सुक और महत्त्वाकांक्षापूर्ण भाव में प्रभुत्व स्थापित करने की चेष्टा ही करेगा, साथ ही वह अपनी महत्तर आत्म-पुष्टि की और अपने आपको मूर्त रूप में बड़ा दिखाने की भी कोशिश नहीं करेगा। कारण, इस तरीके से आध्यात्मिक समग्रता और पूर्णता प्राप्त नहीं हो सकती। विज्ञानमय जीवन अपने अंदर तथा जगत् के अंदर, बल्कि सबके अंदर उपस्थित भगवान् के लिये अपना अस्तित्व रखेगा तथा कार्य करेगा। भागवत उपस्थिति, प्रकाश, शक्ति, प्रेम, आनंद और सौंदर्य का उत्तरोत्तर व्यक्ति और संसार को अपने अधीन करते जाना विज्ञानमयी सत्ता के जीवन का अर्थ होगा। उस विकसित होती हुई अभिव्यक्ति की अधिकाधिक पूर्ण तुष्टि में ही व्यक्ति संतोष लाभ करेगा। उसकी शक्ति उस महत्तर जीवन और प्रकृति को लाने एवं उसे व्यापक बनाने के लिये 'अतिप्रकृति' की शक्ति का साधन होगी। जो विजय प्राप्त होगी और जो साहसपूर्ण कार्य किये जायंगे वे केवल इसी उद्देश्य के लिये होंगे, किसी वैयक्तिक या सामूहिक अहंभाव के शासन के लिये नहीं। प्रेम उसके लिये सत्ता का सत्ता के साथ, आत्मा का आत्मा के साथ संपर्क होगा, मेल एवं संयोग होगा; वह सत्ता का एकीकरण, उसका बल एवं आनंद होगा तथा आत्मा की आत्मा के साथ 'एकमेव' की 'एकमेव' के साथ निकटता एवं घनिष्ठता होगी; वह तादात्म्य का, एक विभिन्नतापूर्ण तादात्म्य के परिणामों का आनंद होगा। 'एकमेव' की घनिष्ठ और अपने आपको अभिव्यक्त करनेवाली विभिन्नता का यह आनंद, 'एकमेव' का बहुविध संयोग और तादात्म्य में सुखद पारस्परिक व्यवहार, यह ही उसके जीवन का पूर्ण व्यक्त अर्थ होगा। सौंदर्यात्मक और गतिशील रचना का, मानसिक, प्राणिक और भौतिक रचना का अर्थ भी उसके लिये यही होगा। यह सनातन शक्ति, प्रकाश, सौंदर्य, सद्वस्तु के महत्त्वपूर्ण रूपों की रचना होगी—यह उसके आकारों और रूपों का सौंदर्य एवं सत्य होगा, उसकी शक्तियों, गुणों और उसकी आत्मा का सौंदर्य और सत्य तथा उसकी सत्ता और सार-तत्त्व का रूपातीत सौंदर्य होगा।

चेतना का जो समग्र परिवर्तन और रूपांतर आत्मा का मन, प्राण और जड़पदार्थ के साथ एक नया संबंध स्थापित करता है और उस संबंध में एक नया अर्थ और पूर्णता लाता है उसके फलस्वरूप आत्मा के और उस शरीर के जिसमें वह रहती है संबंध का भी रूपांतर हो जायगा तथा उसे एक पूर्ण और नया अर्थ प्राप्त हो जायगा। जीवन के हमारे वर्तमान ढंग में आत्मा अपने आपको,—जितना अच्छे से अच्छा वह कर सकती है या जितना कम से कम उसे करना चाहिये,—मन और प्राण के द्वारा ही अभिव्यक्त करती है या फिर वह अधिकतर मन और प्राण को कर्म करने में सहायता देती है; शरीर इसमें एक साधन का काम करता है। किंतु शरीर इस आदेश का पालन करते हुए भी मन और प्राण की अभिव्यक्ति को अपने भौतिक साधनों की सीमित संभावनाओं और बाह्य स्वभाव के द्वारा सीमित एवं निर्धारित करता है। इसके अतिरिक्त उसका कर्मसंबंधी अपना विधान है, सत्तासंबंधी अपनी अवचेतन या अर्ध-व्यक्त चेतन शक्ति की गति एवं संकल्प है या सामर्थ्य अथवा क्रियासंबंधी प्रेरणा है। इस शक्ति को वे केवल आंशिक रूप में ही प्रभावित या परिवर्तित कर सकते हैं, और वहां भी उनका कार्य प्रत्यक्ष रूप में उतना नहीं जितना अप्रत्यक्ष रूप में होता है और यदि प्रत्यक्ष रूप में होता भी है तो एक स्वेच्छापूर्ण और चेतन रूप में उतना नहीं जितना कि अवचेतन रूप में होता है। किंतु सत्ता या जीवन की विज्ञानमय प्रणाली में आत्मा के संकल्प को शरीर की गतिविधियों और उसके विधान को सीधे नियंत्रित एवं निर्धारित करना होता है। कारण, शरीर का विधान अवचेतन या निश्चेतन में से उत्पन्न होता है, किंतु विज्ञानमयी सत्ता में अवचेतन संकल्प चेतन बन जायगा और अतिमानसिक नियंत्रण के अधीन हो जायगा, उसका प्रकाश एवं उसकी क्रिया उसके अंदर पैठ जायगी। अतिमानस के आविर्भाव से अंधकार और संदेह से पूर्ण तथा बाधाओं या मंद प्रत्युत्तरों से युक्त निश्चेतना का आधार एक निचले स्तर की या सहायक अतिचेतना में बदल जायगा। एक चरितार्थ और उच्चतर मनवाली सत्ता तथा एक अंतर्ज्ञानयुक्त, अधिमानसिक सत्ता में भी शरीर इतना चेतन अवश्य हो जायगा कि वह 'विचार' और 'संकल्पशक्ति' के प्रभाव को प्रत्युत्तर दे सके। इसके परिणामस्वरूप, भौतिक भागों पर मन की क्रिया जो हमारे अंदर अविकसित, अस्तव्यस्त एवं अत्यंत अनैच्छिक होती है बड़ी शक्तिशाली बन जायगी। किंतु अतिमानसिक सत्ता में एक ऐसी चेतना जिसमें वास्तविक 'सत्य-विचार' उपस्थित है समस्त वस्तुओं को शासित करेगी। यह वास्तविक विचार सत्य का वह बोध है जो अपनेको स्वयं ही चरितार्थ कर लेता है। कारण, यह आत्मा का वह विचार एवं संकल्प है जो सीधा कार्य करता है तथा जो सत्ता के सार-तत्त्व की क्रिया को उत्पन्न करता है; इस क्रिया को सत्ता की अवस्था और उसके कर्म में अपने आपको अनिवार्य रूप में चरितार्थ कर लेना चाहिये। 'सत्य-चेतना' का यह गतिशील, अदम्य एवं आध्यात्मिक यथार्थ रूप जो अपनी उच्चतम अवस्था तक पहुंच चुका है अब यहां चेतन हो जायगा तथा विकसित विज्ञानमयी सत्ता में चेतन रूप में शक्तिशाली बन जायगा। यह आज की भांति एक प्रत्यक्ष निश्चेतना मे आवृत और यांत्रिक नियम द्वारा सीमित रहकर नहीं वरन् प्रभावकारी कर्म में एक सर्वोच्च 'मद्वस्तु' के रूप में कार्य करेगा। यही पूर्ण ज्ञान एवं शक्ति के साथ समस्त जीवन को शासित करेगा तथा अपने शासन में यह शरीर के कार्यकलाप एवं क्रिया को भी समाविष्ट कर लेगा। उधर शरीर भी आध्यात्मिक चेतना की शक्ति के द्वारा 'आत्मा' के एक

सच्चे, योग्य और पूर्ण प्रत्युत्तर देनेवाले यंत्र में बदल जायगा। आत्मा और शरीर का यह संबंध समूची स्थूल प्रकृति का त्याग करने के स्थान पर उसे स्वतंत्र रूप में स्वीकार करता है बल्कि इस स्वीकृति को संभव बनाता है। उससे पीछे हटना, उसके साथ तादात्म्य स्थापित करने या उसे स्वीकार करने से इनकार करना, जो आध्यात्मिक चेतना की अपनी मुक्ति के लिये पहली सामान्य आवश्यकता होती है, अब उसके लिये अनिवार्य नहीं रहता। शरीर के साथ एकरूप न होना, शारीरिक चेतना से अपने आपको पृथक् कर लेना आध्यात्मिक मुक्ति के लिये या आध्यात्मिक पूर्णता और प्रकृति पर अधिकार प्राप्त करने के लिये एक स्वीकृत और आवश्यक पग है। किंतु एक बार जब यह मुक्ति प्राप्त हो जाय तो आध्यात्मिक प्रकाश और शक्ति का अवरोहण शरीर पर भी आक्रमण करके उसे अपने हाथ में ले लेता है और तब स्थूल 'प्रकृति' को एक नये, मुक्त और सर्वोच्च रूप में स्वीकार किया जा सकता है। किंतु यह वास्तव में तभी संभव होता है जब 'आत्मा' और 'जड़पदार्थ' का संबंध बदल जाता है, आदान-प्रदान का जो वर्तमान ढंग है तथा जिसके द्वारा भौतिक प्रकृति 'आत्मा' को आवृत करके अपने अधिकार की पुष्टि करती है, वह नियंत्रण में आ जाता है तथा परिवर्तित हो जाता है। एक विशालतर ज्ञान के प्रकाश में जड़पदार्थ भी 'ब्रह्म' के रूप में, 'ब्रह्म' के द्वारा प्रकट की हुई शक्ति के रूप में, 'ब्रह्म' के आकार और सार-तत्त्व के रूप में देखा जा सकता है। भौतिक तत्त्व में उपस्थित गुप्त चेतना को जानकर तथा इस बृहत्तर ज्ञान में सुरक्षित रहकर विज्ञानमय प्रकाश और बल जड़प्रकृति के इस रूप के साथ अपने आपको संयुक्त कर सकने हैं तथा उसे आध्यात्मिक अभिव्यक्ति के यंत्र के रूप में स्वीकार कर सकते है। यहां तक कि जड़पदार्थ के लिये एक प्रकार के सम्मान का भाव तथा उसके साथ सभी संबंधों में एक धर्मयुक्त वृत्ति रखना भी संभव है। जिस प्रकार 'गीता' में भोजन पाने का कार्य एक भौतिक प्रकार का पवित्र कार्य अथवा एक यज्ञ कहा जाता है तथा ब्रह्म की ब्रह्म के द्वारा ब्रह्म को अर्पित वस्तु समझा जाता है, उसी रूप में विज्ञानमयी चेतना और भावना भी 'आत्मा' और 'जड़प्रकृति' के सभी व्यवहारों को देख सकती है। 'आत्मा' ने अपने आपको जड़पदार्थ इसलिये बना लिया है कि वह सृष्ट सत्ताओं के सुख और आनंद की खातिर, उनके 'योगक्षेम' की खातिर, विश्व की भौतिक उपयोगिता और सेवा की खातिर अपने आपको एक साधन के रूप में उपस्थित कर सके; विज्ञानमयी सत्ता 'जड़पदार्थ' का प्रयोग करती तो है पर वह किसी प्रकार की भौतिक या प्राणिक आसक्ति या इच्छा के बिना ऐसा करती है। ऐसा व्यक्ति यह अनुभव करेगा कि वह 'आत्मा' का प्रयोग उसके इस रूप में उसकी सहमति और स्वीकृति से, उसके अपने उद्देश्य के लिये करता है। उसके अंदर भौतिक वस्तुओं के लिये एक प्रकार का आदर-भाव होगा, वह उनके अंदर उपस्थित गुह्य चेतना को, उपयोगिता और सेवासंबंधी उसके मूक संकल्प को जान लेगा; जिस चीज का वह उपयोग करता है उसमें वह भगवान् की, ब्रह्म की पूजा करेगा, वह अपने दिव्य पदार्थ का सावधानतापूर्वक पूर्ण एवं निर्दोष प्रयोग करेगा, वह एक सच्ची समस्वरता का, एक व्यवस्थित सामंजस्य का तथा जड़पदार्थ के जीवन और उसके उपयोग में उपस्थित सौंदर्य का ध्यान रखेगा।

'आत्मा' और शरीर के इस नये संबंध के परिणामस्वरूप विज्ञानमय विकास आंतरात्मिक सत्ता का आध्यात्मीकरण कर देगा, उसे पूर्ण और चरितार्थ कर देगा। वह शरीर के लिये

भी वही कार्य करेगा जो वह मन और प्राण के लिये करेगा। यह परिवर्तन अंधकार, दुर्बलताओं और दोषों को तो दूर करेगा ही साथ ही शारीरिक चेतना भी जो कि एक धैर्यवान् सेवक है संभावनाओं के अपने विशाल भंडार में वैयक्तिक जीवन का एक शक्तिशाली यंत्र हो सकती है ; वह अपने लिये अधिक की मांग नहीं करती। उसकी कामना केवल अपने स्थायित्व के लिये, अपने स्वास्थ्य, बल, भौतिक पूर्णता, शारीरिक सुख और आराम तथा दुःख से मुक्ति के लिये होती है। अपने आपमें ये मांगें कोई ऐसी नहीं हैं जो स्वीकृत न की जा सकती हों, न ये तुच्छ अथवा अनुचित ही हैं। कारण, ये आकार और पदार्थ-संबंधी पूर्णता को जड़प्रकृति के रूपों में व्यक्त करती हैं, उसे वह बल और आनंद प्रदान करती हैं जो 'आत्मा' का स्वाभाविक प्रवाह और स्पष्ट अभिव्यक्ति होता है। जब विज्ञानमयी 'शक्ति' शरीर में काम करती है, तभी ये सब बातें पूरी हो सकती हैं। कारण, इनकी विरोधी चीजें बाह्य शक्तियों के भौतिक मन तथा स्नायविक और भौतिक जीवन और शारीरिक ढांचे पर दबाव से और उस अज्ञान से निकलती हैं जो इन शक्तियों के साथ संपर्क स्थापित करना नहीं जानता या जो इनके साथ ठीक ढंग से या शक्तिशाली रूप में संपर्क स्थापित नहीं कर सकता। ये चीजें उस अंधकार से भी प्रकट होती हैं जो भौतिक चेतना के तत्त्व में व्याप्त है तथा जो उसके प्रत्युत्तरों का रूप विकृत कर देता है; उस अंधकार की इनकी तरफ प्रतिक्रिया भी गलत होती है। इस अज्ञान का स्थान लेनेवाली अतिमानसिक चेतना और ज्ञान जो अपने आप ही कार्य करते हैं तथा अपनेको चरितार्थ करते हैं शरीर की अंधकारमयी और विकृत अंतःप्रेरणाओं को मुक्त करके उन्हें दुबारा स्थापित कर देंगे तथा उन्हें एक महत्तर चेतन क्रिया के द्वारा आलोकित एवं समृद्ध बना देंगे। यह परिवर्तन वस्तुओं का एक यथार्थ भौतिक बोध, पदार्थों और शक्तियों के साथ एक यथार्थ संबंध और यथार्थ प्रतिक्रिया तथा मन, स्नायु और शरीर का एक यथार्थ समन्वय साधित कर देगा तथा इन्हें सुरक्षित भी रखेगा। यह शरीर में एक उच्चतर आध्यात्मिक शक्ति, एक ऐसी महत्तर जीवन-शक्ति ले आयगा जो वैश्व जीवन-शक्ति के साथ संयुक्त होगी तथा उससे शक्ति ग्रहण कर सकेगी। यह जड़ 'प्रकृति' के साथ एक प्रकाशपूर्ण समन्वय स्थापित कर लेगा तथा उसमें उस सनातन विश्राम का विशाल और स्थिर संस्पर्श ले आयगा जो उसे एक अधिक दिव्य सामर्थ्य एवं सुख प्रदान कर सकता है। इससे भी बढ़कर एक बात और होगी। क्योंकि यह एक अत्यधिक आवश्यक और आमूल परिवर्तन होगा, यह समस्त सत्ता को 'चेतना-शक्ति' के सर्वोच्च सामर्थ्य से परिप्लावित कर देगा, उधर यह शक्ति भी अस्तित्व की उन समस्त शक्तियों के संपर्क में आयगी जो शरीर के चारों तरफ रहती हैं तथा उसपर अपना प्रभाव डालती है; वह उन्हें अपने अंदर धारण करके उन्हें अपने साथ समन्वित भी कर लेगी।

मन, प्राण और शरीर में व्यक्त 'चेतना-शक्ति' की अपूर्णता और दुर्बलता, स्वेच्छापूर्वक ग्रहण या त्याग करने में उसकी असमर्थता, या यदि ग्रहण कर भी ले तो उसके ऊपर प्रयुक्त वैश्व शक्ति के संपर्कों को आत्मसात् या समन्वित करने में उसकी असमर्थता ही दुःख और कष्ट के कारण हैं। भौतिक क्षेत्र में प्रकृति एक पूर्ण संवेदनहीनता से आरंभ करती है, और यह एक महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि जीवन की प्रारंभिक अवस्थाओं में, पशु, आदिम या कम विकसित मनुष्य में कष्ट के प्रति एक प्रकार की अपेक्षाकृत जड़ता, अल्प चेतनता या अधिक-

तर एक महत्तर सहनशीलता और कठोरता पायी जाती है। ज्यों ज्यों मनुष्य विकासक्रम में आगे बढ़ता है, उसमें चीजों को अनुभव करने की शक्ति बढ़ती जाती है तथा वह मन, प्राण और शरीर में अधिक कष्ट अनुभव करने लगता है। कारण, चेतना के विकास को शक्ति के विकास से पर्याप्त सहायता नहीं मिलती। शरीर अधिक सूक्ष्म, अधिक परिष्कृत रूप में समर्थ तो बन जाता है, पर अपनी बाह्य शक्ति में उसकी ठोस कार्यक्षमता कम हो जाती है। मनुष्य को अपनी स्नायविक सत्ता को क्रियाशील बनाने तथा उसे सुधारने एवं नियंत्रित करने के लिये अपनी संकल्पशक्ति को, अपनी मानसिक शक्ति को बुलाना पड़ता है। जो कठोर काम वह अपने करणों से चाहता है उसके लिये उसे इसे विवश करना पड़ता है, कष्ट और विपत्तियों के सामने इसे पक्का बनाना पड़ता है। आध्यात्मिक आरोहण में चेतना की यह शक्ति, करणों के ऊपर उसकी संकल्प-शक्ति, बाह्य मन, स्नायविक सत्ता और शरीर पर आत्मा और आंतरिक मन का नियंत्रण अत्यधिक बढ़ जाते हैं। समस्त आघातों और संपर्कों के प्रति आत्मा का एक शांत और व्यापक समभाव उत्पन्न हो जाता है जो एक अभ्यासगत संतुलन का रूप धारण कर लेता है। यह क्रिया फिर मन से प्राणिक भागों में जा सकती है तथा वहां भी शक्ति और शांति-संबंधी एक अत्यधिक बड़ी और स्थायी विशालता स्थापित कर देती है। वस्तुतः शरीर में भी यह स्थिति उत्पन्न हो सकती है तथा आंतरिक रूप से वहां शोक और पीड़ा के तथा सब प्रकार के कष्टों के आघातों का सामना कर सकती है। यहां तक कि स्वेच्छापूर्वक एक भौतिक संवेदनहीनता की शक्ति भी आगे लायी जा सकती है या समस्त आघात और चोट से मन के पृथक् रहने की शक्ति भी प्राप्त की जा सकती है जिससे यह पता लगता है कि जड़ प्रकृति को प्रत्युत्तर देनेवाले सामान्य अभ्यासों के प्रति साधारण प्रतिक्रियाएं और शारीरिक सत्ता की निर्बल दासता न तो आवश्यक है और न ही अपरिवर्तनीय। इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण एक और शक्ति है जो आध्यात्मिक मन या अधिमानस के स्तर पर आती है। इसका कार्य पीड़ा के स्पंदनों को आनंद के स्पंदनों में बदलना होता है। यह कार्य यदि एक खास बिंदु तक ही पहुंचे, तो भी यह इस बात का सूचक अवश्य है कि प्रतिक्रिया करनेवाली चेतना के सामान्य नियम को पूर्णतया परिवर्तित किया जा सकता है। इसे आत्मरक्षा की शक्ति के साथ भी संबंधित किया जा सकता है; यह शक्ति उन सब आघातों को जिन्हें परिवर्तित करना या सहना अधिक कठिन है विफल बना देती है। एक खास अवस्था पर विज्ञानमय विकास को इस परिवर्तन और आत्मरक्षा की इस शक्ति को पूर्णता भी प्रदान करनी चाहिये जिससे शरीर की अपनी सत्तासंबंधी विमुक्ति और शांति और दुखों से छुटकारा पाने की इच्छा पूरी हो जायगी तथा उसके अंदर अस्तित्वसंबंधी पूर्ण आनंद की शक्ति स्थापित हो जायगी। इस प्रकार एक आध्यात्मिक 'आनंद' शरीर में प्रवाहित हो सकता है तथा एक एक अणु और तंतु को प्लावित कर सकता है। इस उच्चतर 'आनंद' का प्रकाशयुक्त भौतिक रूप स्वयं ही भौतिक प्रकृति की दुर्बल या विरोधी चेतनता का पूर्ण रूपांतर कर सकता है।

(अपूर्ण)

—श्रीअरविन्द

श्रीमाताजी के प्रवचन

जगत् की जिस वास्तविक सत्ता को हम भगवान् कहते हैं वह मूल रूप में आनंद-स्वरूप है। जगत् की रचना आनंद में और आनंद के लिये हुई है, किंतु यह आनंद केवल सृष्टि की अपने स्रष्टा के साथ पूर्ण एकता में ही रह सकता है।

श्रीअरविन्द अपनी 'विचार और झांकियां' नामक पुस्तक में लिखते हैं कि यह एकता एक प्रकार की पारस्परिक संपत्ति है। अधिकारी अर्थात् स्रष्टा जिसके अधिकार में सृष्टि है स्वयं उसके द्वारा अधिकृत है। यही एकता का मूलतत्त्व और समस्त आनंद का स्रोत विद्यमान है, किंतु विभाजन के कारण और क्योंकि अधिकारी के पास उसकी अधिकृत वस्तु नहीं है और क्योंकि उस वस्तु का अधिकार अधिकारी पर नहीं है, वह मूल आनंद अज्ञान में बदल गया है। मैंने अज्ञान कहा है निर्ज्ञान नहीं। मैं यहां यथार्थ अज्ञान की बात कह रही हूं, निर्ज्ञान जिसका एक परिणाममात्र है; यह अज्ञान एकता, मिलन, तादात्म्य के संबंध में अज्ञान है जो दुःखों का कारण है। ज्योंही सृष्टि ने अपने स्रष्टा के साथ सीधा संपर्क खो दिया, त्योंही अज्ञान का राज्य स्थापित हो गया जिसका परिणाम फिर दुःख और कष्ट हुआ। जिन लोगों को आध्यात्मिक उपलब्धि हो चुकी है उन सबने यह अनुभव किया है कि जिस क्षण मनुष्य दिव्य स्रोत के साथ एक हो जाता है उसी क्षण उसके समस्त दुःख विलीन हो जाते हैं।

फिर भी, समस्त जिज्ञासुओं और ज्ञानी मनुष्यों ने, विशेषतया बौद्ध धर्म की संपूर्ण विचार-धारा ने, सृष्टि के मूल में इस आवश्यक दिव्य आनंद को अर्थात् निर्माण और आत्म-अभिव्यक्ति के आनंद को नहीं बल्कि इच्छा को देखा है। उन सबने समस्या का समाधान एक पुनः स्थापित एकता में नहीं देखा जो अपने साथ अभिव्यक्त करने और कुछ बनने का मूल आनंद लाती है, बल्कि उन्होंने यह सोचा कि लक्ष्य और साधन दोनों ही सत्ता की समस्त इच्छा के पूर्ण त्याग और नास्ति की ओर लौटने में निहित है।

यह विचार एक गंभीर भ्रांति है। मुक्ति प्राप्त करने की ये प्रणालियां आत्म-विकास की प्रणालियां अवश्य है और काफी उपयोगी भी हो सकती है, किंतु यह विचार कि संसार अपने मूल रूप में ही बहुत बुरा है, क्योंकि यह इच्छाओं की उपज है और इससे सब तरह से और जितना जल्दी हो सके बचना चाहिये, मनुष्यजाति के इतिहास में समस्त आध्यात्मिक जीवन का एक बहुत ही बड़ा और गंभीर विकृत रूप रहा है। शायद यह विचार एक विशेष समय में उपयोगी था, क्योंकि संसार के इतिहास में सब कुछ उपयोगी होता है, किंतु आज वह एक पुरानी चीज बन गयी है। अब इससे आगे जाने का समय आ गया है, अधिक मूलभूत और उच्च सत्य की ओर, सत्तासंबंधी आनंद की ओर, ऐक्य के तथा दिव्य अभिव्यक्ति के आनंद की ओर लौटने का समय आ गया है।

वर्तमान समय में इसी नयी दिशा को,--नयी मैं इसे पार्थिव उपलब्धि में कह रही हूं--

पहली सभी आध्यात्मिक दिशाओं का स्थान ले लेना चाहिये तथा उस नयी उपलब्धि के लिये रास्ता खोल देना चाहिये जो अतिमानसिक उपलब्धि होगी।

केवल आनंद ही, भागवत आनंद ही विजय की ओर ले जा सकता है। किंतु एक आनंद को दूसरे आनंद के साथ मिला नहीं देना चाहिये। जिस भागवत आनंद की मैं बात कर रही हूं वह उस आनंद से बिलकुल भिन्न है जिसे साधारण आनंद या सुख कहते हैं। दूसरे प्रकार के आनंद को जान सकने के लिये मनुष्य को पहले आनंद का पूरा त्याग कर देना होगा जो उस सच्चे आनंद की अभिव्यक्ति का ही युक्त परिणाम है।

*
**

जो नयी शक्ति आजकल कार्य कर रही है, क्या वह व्यक्ति के प्रयत्न द्वारा कर रही है या उससे स्वतंत्र रूप में?

यह विरोध क्यों? शक्ति संसार में समस्त वैयक्तिक प्रयत्न से स्वतंत्र रूप में कार्य करती है, यह भी कहा जा सकता है, कि स्वतः ही कार्य करती है, किंतु उसका कार्य वैयक्तिक प्रयत्न को उत्प्रेरित करके उसका उपयोग करना है। यह सोचना कि वैयक्तिक प्रयत्न व्यक्ति द्वारा किया जाता है एक भ्रांति है। फिर यदि व्यक्ति यह मिथ्या विचार रखकर कि उससे स्वतंत्र एक वैश्व क्रिया है प्रयत्न करना अस्वीकार कर दे, तो वह सहयोग की भावना को अस्वीकार कर देता है। शक्ति वैयक्तिक प्रयत्न का उपयोग करना चाहती है और वास्तव में करती भी है, वह उसके लिये एक अत्यंत शक्तिशाली साधन, शायद सबसे अधिक शक्तिशाली साधन है। वस्तुतः स्वयं शक्ति ही तुम्हारा वैयक्तिक प्रयत्न है।

किंतु यहीं प्राणिक प्रेम की प्रतिक्रिया हस्तक्षेप करती है, वह कहती है: "यदि मैं कार्य नहीं कर रही, मेरा संकल्प व्यक्त नहीं हो रहा, मेरी शक्ति कार्य नहीं कर रही, तो मैं क्यों हिलूं-डुलूं?" दूसरे शब्दों में, "यदि काम करने का यश मुझे प्राप्त न हो तो मैं क्यों कुछ करूं?" इस प्रकार की प्रतिक्रिया सदा ही मेरे सामने आती है और यह केवल अपने क्षुब्ध अहंमूलक प्रेम को प्रदर्शित करने का साधनमात्र है।

इसके विपरीत, सच्ची और विशुद्ध प्रतिक्रिया सहयोग की एक आनंदपूर्ण प्रेरणा है, अर्थात् खेल को पूरी शक्ति के साथ, अपनी चेतना में विद्यमान संपूर्ण संकल्पशक्ति के साथ और इस भावना के साथ खेलना कि कोई तुमसे अनंतगुणा महान् वस्तु तुम्हें सहायता दे रही है और तुम्हें आगे ले जा रही है। यह एक ऐसी वस्तु है जिसकी क्रिया निर्भ्रांत है, जो एक अत्यधिक बहुमूल्य साधन के रूप में तुम्हारा उपयोग करती है, तुम्हें समस्त आवश्यक शक्ति प्रदान करती है और तुम्हारी रक्षा करती है। और तब व्यक्ति यह अनुभव करता है कि वह संरक्षण में कार्य कर रहा है, वह धोखा नहीं खा सकता क्योंकि सर्वोच्च बुद्धिमत्ता यहां कार्य कर रही है। जो कुछ भी वह करता है उसे वह अधिकतम सफलता के साथ तथा आनंदपूर्वक करता है।

यही सच्ची क्रिया है, अर्थात् यह अनुभव करना कि उसकी संकल्पशक्ति इस विचार के

बल पर अत्यधिक तीव्र हो जाती है कि उसके अंदर जो शक्ति संकल्प करती है वह कोई छोटी सी क्षुद्र वैयक्तिक शक्ति नहीं है बल्कि वह वैश्व और असीम शक्ति है, वह 'सत्य' की शक्ति है।

*
**

किसी बुरी प्रवृत्ति से पूरी तरह बचने के लिये व्यक्ति को क्या करना चाहिये ?

अधिकाधिक सचेतन होओ। सावधानी से देखो कि यह क्रिया कैसे उत्पन्न होती है, किस ओर से संकट आता है, और फिर उसके रास्ते में डट जाओ और इस बात का ध्यान रखो कि वह अपना उद्देश्य पूरा न कर सके। यदि तुम अपने किसी दोष को दूर करना चाहते हो या किसी कठिनाई को हल करना चाहते हो, तो केवल एक ही तरीका है : अपने अंदर एक जागृत चेतना उत्पन्न करो और पूर्णतया सतर्क रहो।

सबसे पहले तुम्हें अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप में जान लेना होगा। किंतु इसके लिये अपने मन पर निर्भर न रहो, क्योंकि तुम यह देखोगे कि वह सर्वदा डांवाडोल होता रहता है। ज्योंही तुम एक निश्चय पर पहुंचोगे, वह तुम्हारे आगे उन समस्त संभव तर्कों को उपस्थित कर देगा जिससे कि तुम उसपर संदेह करने लगो। वह तुम्हें एक ओर को लुढ़का देगा और तुम दुविधा में पड़ जाओगे और अंत में तुम कुछ भी नहीं कर सकोगे। इसलिये सबसे पहले तुम्हें यह ठीक ठीक जान लेना चाहिये कि तुम क्या करना चाहते हो; यह जानना केवल मन से ही नहीं बल्कि एकाग्रता, अभीप्सा और सचेतन संकल्प शक्ति के द्वारा होना चाहिये; यह अत्यंत आवश्यक है।

इसके बाद धीरे-धीरे निरीक्षण और एक सतत और स्थायी सतर्कता के द्वारा व्यक्ति को एक ऐसी प्रणाली गढ़ लेनी चाहिये जो उसकी अपनी होगी और मैं यहां यह भी कह सकती हूं कि केवल उसी के लिये संगत भी होगी। प्रत्येक को अपनी प्रणाली ढूंढ़ लेनी चाहिये और जितनी वह व्यवहार में लाई जायगी उतनी ही वह अधिक स्पष्ट और यथार्थ होती जायगी, एक स्थल पर वह ठीक होती जायगी और दूसरे स्थल पर सुनिश्चित। इस प्रकार कुछ समय तक सब कुछ ठीक चलता रहेगा।

किंतु अचानक एक सुबह एक अदम्य कठिनाई तुम्हारे सामने आ जायगी, तुम निराश हो जाओगे और यह सोचने लगोगे कि सब कुछ निष्फल हो गया है। पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। मैं तुम्हें बताती हूं कि जब तुम अपने आपको इस प्रकार की दीवार के सामने खड़ा पाते हो, तो यह एक नयी चीज का आरंभ होता है। अब एक और अधिक तीव्र, स्थिर और दृढ़ एकाग्रता के द्वारा तुम दीवार को पार करके उसके दूसरी ओर पहुंच जाओगे और वहां तुम अपने सामने एक नया ज्ञान, एक नयी शक्ति, नयी सामर्थ्य, नयी प्रणाली पाओगे जो तुम्हें और आगे ले जायगी।

ऐसा प्रायः होता रहेगा और कुछ समय के बाद तो तुम्हें इसका अभ्यास ही हो जायगा। अब तुम निरुत्साहित नहीं होओगे, न ही इस कार्य को छोड़ दोगे, बल्कि ऐसे प्रत्येक अवसर

पर तुम अपनी एकाग्रता को, अपनी अभीप्सा को, अपने विश्वास को बढ़ा लोगे और यह नयी सहायता जो तुम्हें प्राप्त होगी उससे तुम कई और साधन विकसित कर लोगे; ये साधन तुम्हारे उन साधनों का स्थान ले लेंगे जिन्हें तुम पीछे छोड़ आये हो।

इसी प्रकार मनुष्य एक एक पग रखता हुआ विकास करता है, किंतु तुम्हें इस बात का पूरा ख्याल रखना चाहिये कि ऐसे प्रत्येक पग पर तुम उस वस्तु को जो तुम्हें प्राप्त हो चुकी है या जो तुमने सीख ली है यथासंभव पूर्ण ढंग से चरितार्थ कर लो। तुम अपने आंतरिक विकास का भौतिक रूप में प्रयोग नहीं करोगे तो एक ऐसा समय आयगा जब कि तुम बिलकुल ही आगे नहीं बढ़ सकोगे। कारण, तब तुम्हारी बाह्य सत्ता जो कि अपरिवर्तित ही रह गयी है एक ऐसी जंजीर के समान हो जायगी जो तुम्हें आगे बढ़ने से केवल रोकेगी ही नहीं बल्कि तुम्हें पीछे घसीट लायेगी।

अतएव यह अत्यंत आवश्यक है। जो कुछ तुम जानते हो उसे व्यवहार में लाओ। यदि तुम उसमें लगे रहोगे तो तुम्हें सफलता अवश्य मिलेगी। कठिनाई तो बार बार आयगी ही। केवल जब तुम लक्ष्य पर पहुंच जाओगे तभी सब बाधाएं एकदम और सदा के लिये दूर होंगी।

*
**

जब मनुष्य कोई काम अपने हाथ में लेता है—मेरा मतलब जीवन की छोटी-छोटी बातों, कार्यों, खेलों आदि से है—तो जो कठिनाइयां और बाधाएं उसके सामने आती हैं क्या वे उस कार्य की उपयोगिता को दर्शाती हैं? क्या उनका यह अर्थ है कि मनुष्य का कार्य के संबंध में कोई निजी आग्रह नहीं होना चाहिये बल्कि इसके विपरीत उसे उसमें लगे रहना चाहिये, क्योंकि वह विकास और विजय प्राप्त करने का अवसर होता है?

यदि मनुष्य यौगिक अनुशासन का पालन करना चाहता है तो उसे किसी भी कार्य को करने से पहले यह जानने की कोशिश करनी चाहिये कि उसके लिये उसे जो प्रेरणा मिली है वह भगवत्प्रदत्त एक सच्ची प्रेरणा है या बाह्य परिस्थितियों के प्रति केवल एक प्रतिक्रिया या एक प्राणिक अथवा मानसिक आवेग मात्र। यह काफी महत्त्वपूर्ण है, वस्तुतः अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि व्यक्ति स्पष्ट रूप से यह सब देखे और पूर्ण चेतना के साथ कार्य करे।

किंतु ऐसे बहुत से कार्य हैं जिन्हें मनुष्य सामान्यतया बिना प्रारंभिक सोच-विचार के कर देता है। ऐसा कहा जा सकता है कि जब जो परिस्थिति तुम्हारे सामने आती है तुम उसी का आदेश मान लेते हो। ऐसे कार्यों का, वस्तुतः प्रत्येक कार्य का जो व्यक्ति अपने जीवन में करता है अपने आप में कोई महत्व नहीं होता, बल्कि उसके प्रति वह जो वृत्ति अपनाता है उसी का महत्त्व होता है। तुम्हें कोई काम करना है, क्योंकि वह तुम्हारे सामने है, और जब व्यक्ति बाह्य जीवन में निवास करता है तो उसे कर्म करना ही होता है। तुम्हारे लिये उसका महत्त्व तभी होता है यदि उसके परिणाम तुम्हारे जीवन पर गहरा असर डालें, उदाहरणार्थ, विवाह करना, एक या दूसरे स्थान पर जाकर बसना, किसी विशेष व्यव-

साय को अपनाना आदि। सामान्यतया यही कार्य महत्त्वपूर्ण समझे जाते हैं और कुछ हद तक ये महत्त्वपूर्ण हैं भी। किंतु योग के दृष्टिकोण से ऐसे कार्यों में भी सब कुछ स्वयं कार्यों पर नहीं बल्कि वृत्ति पर निर्भर करता है। यह तो सभी समझते हैं कि जब दैनिक जीवन की छोटी-छोटी बातों का प्रश्न उठता है तो उनका महत्त्व नहीं के बराबर होता है।

कुछ ऐसे अति सतर्क व्यक्ति होते हैं जो समस्याएं खड़ी तो कर लेते हैं पर उनका समाधान करना उनके लिये बड़ा कठिन हो जाता है। मैं एक ऐसी स्त्री को जानती थी जो कि थियोसोफिस्ट थी, वह उन दिनों साधनाभ्यास करने की चेष्टा कर रही थी। एक दिन उसने मुझसे कहा : "हमें यह सिखाया जाता है कि जो कार्य भी हम करें उसमें भागवत इच्छा पूरी होनी चाहिये, किंतु प्रातःकाल जब मैं अपना खाना खाती हूं तब मैं यह कैसे जानूं कि भगवान् मुझसे मेरे काफी के प्याले में दो चम्मच शक्कर डलवाना चाहते हैं या एक।" यह बड़ी मार्मिक बात थी, और मुझे उसे यह समझाने में बड़ी कठिनाई हुई कि जिस वृत्ति में वह अपनी काफी पीती है या जो वृत्ति उसकी खाते समय भोजन की ओर होती है वह शक्कर के चम्मचों की गिनती से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है।

वस्तुतः जो भी छोटे-छोटे कार्य हम प्रतिक्षण करते हैं, उन सबके साथ ऐसी ही बात है। भागवत चेतना मानवी ढंग से कार्य नहीं करती, न वह काफी में डाले जानेवाले खांड के चम्मचों की संख्या के बारे में ही निश्चय करती है। वह तो धीरे-धीरे सब वस्तुओं के प्रति तुम्हारी सच्ची वृत्ति बना देती है, यह समर्पण की, कोमलता, दृढ़ता, अभीप्सा, सद्भावना, नमनीयता तथा विकास के प्रयत्न की वृत्ति होती है। यही महत्त्वपूर्ण है, उन छोटे-छोटे निश्चयों से कहीं अधिक जो तुम्हें प्रत्येक क्षण करने पड़ सकते हैं।

कार्य करने से पहले यह देखने की कोशिश करो कि कौनसा कार्य ठीक है। किंतु ऐसा किसी मानसिक तर्क या किसी मानसिक समस्या के द्वारा तुम नहीं कर सकोगे। यह तो जब तुम अपने अंदर एक ऐसी वृत्ति बना लोगे जो समस्वरता का, एक विकसनशील समस्वरता का वातावरण पैदा कर देगी, तब तुम जो कुछ भी करोगे वह आवश्यक रूप में उस समय की परिस्थितियों में सर्वश्रेष्ठ कार्य होगा।

आदर्श बात तो यह होगी कि यह वृत्ति इतनी व्यापक हो जाय कि कार्य सहज-स्वाभाविक बन जाय, जिसका आदेश बाह्य तर्कबुद्धि से नहीं बल्कि किसी और वस्तु से प्राप्त हो। किंतु यह तो एक आदर्श हुआ, ऐसा आदर्श जिसके लिये मनुष्य को अवश्य ही अभीप्सा करनी चाहिये। पर यह एकदम प्राप्त नहीं किया जा सकता, इसके लिये कुछ समय चाहिये। तब तक इसकी अपेक्षा कि वह व्यायाम करे या न करे, कोई विषय पढ़े या न पढ़े, यह कहीं अधिक आवश्यक है कि वह ठीक वृत्ति और सच्ची अभीप्सा बनाये रखने के लिये सतर्क रहे। कारण, इसका अपने आप में कुछ महत्त्व नहीं। महत्व केवल एक वस्तु का है कि व्यक्ति अपनी अभीप्सा की यथार्थ दिशा को और विकास के लिये सजीव संकल्प-शक्ति को सुरक्षित रखे।

एक सामान्य नियम के रूप में और इसलिये कि अनुभव का सच्चा लाभ उठाया जाय, तुम्हें कोई काम हाथ में ले लेने पर उसमें लगन के साथ, बाधाओं और कठिनाइयों की परवाह किये बिना, तब तक लगे रहना चाहिये जब तक कि कोई अत्यंत आवश्यक कारण ही तुम्हें उसे करने से न रोक दे। किंतु ऐसा बहुत ही कम होता है। साधारणतया तो कार्य

अपने ही ढंग से चलते हैं और जब वे अपनी समाप्ति पर पहुंचते हैं—चाहे वे यूंही समाप्त हो जायं या वांछित फल को उत्पन्न करें—केवल तभी पता चलता है कि उनका क्या प्रयोजन था। बाधाएं, विरोध और प्रोत्साहन ऐसे संकेत नहीं हैं जिनको मानना जरूरी है; क्योंकि उनका किसी विशेष अवस्था में विभिन्न अर्थ भी हो सकता है। इन बाह्य घटनाओं के कारण हम उस कार्य के जिसे हमने अपने हाथों में लिया है औचित्य का निर्णय नहीं कर सकते।

जब मनुष्य बड़ा सावधान और सच्चा होता है, तो जो काम वह कर रहा है उसके महत्त्व का उसे एक आंतरिक और अत्यंत स्पष्ट बोध हो जाता है। यदि उसमें पूर्ण सद्भावना है, दूसरे शब्दों में, यदि वह ठीक कार्य को ठीक ढंग से, अपनी सत्ता के प्रत्येक भाग में पूर्ण सच्चाई के साथ करना चाहता है और यदि वह किसी कारण से किसी अवांछनीय कार्य को अपने हाथ में ले लेता है तो वह प्रायः तत्काल ही अपने अंदर एक प्रकार की बेचैनी अनुभव करने लगता है पर उसमें न तो तीव्रता होती है और न वह अपने आपको नाटकीय ढंग से प्रदर्शित ही करती है। पर एक सतर्क व्यक्ति उसे बड़ी आसानी से जान लेता है, वह एक प्रकार का खेद तथा दृढ़ता का अभाव अनुभव करता है। यह सहयोग की भावना की अस्वीकृति के रूप में भी प्रकट हो सकता है। किंतु मैं फिर कहती हूं कि इसमें बलप्रयोग नहीं होता, कोई क्रूर प्रकार का आग्रह भी नहीं होता, न इसमें शोर-गुल ही होता है, यह कोई पीड़ा भी नहीं पहुंचाता। अधिक से अधिक यह एक प्रकार का मामूली सा व्याकुलता का भाव होता होता है जिसकी तुम अधिक परवाह नहीं करते। जब कि यह गलती बनी रहती है और बढ़ती रहती है, यह भाव बढ़ने के स्थान पर पूर्णतया विलीन हो जाता है और चेतना पर एक आवरण छा जाता है। यह छोटा सा संकेत कोई निश्चित संकेत नहीं हो सकता, क्योंकि यदि तुमने इसकी बार बार उपेक्षा की है, यदि तुम इसका कुछ महत्त्व नहीं समझते तो यह दुबारा नहीं आयगा। किंतु इसके विपरीत, यदि तुम पूरी सच्चाई के साथ खूब सावधान हो तो यही तुम्हारा पक्का और अत्यधिक महत्त्वपूर्ण पथ-प्रदर्शक बन जायगा।

जो भी हो, जब यह बेचैनी अपने आपको व्यक्त न करे, तो चाहे कोई भी काम हाथ में लिया हुआ हो, अधिक अच्छा यही है कि उसे अंत तक किया जाय जिससे कि अनुभव पूरा हो जाय, कम-से-कम तब तक, जैसा कि मैं अभी कह रही थी,—जब तक कि तुम्हें कोई ऐसा बिलकुल ही यथार्थ और निश्चित संकेत न मिल जाय कि इसे नहीं करना चाहिये।

*
**

मनुष्य भगवान् से अपनी आवश्यकता की वस्तु कैसे प्राप्त कर सकता है?

मनुष्य की आवश्यकता के बारे में तुम्हारा क्या अभिप्राय है? तुम भगवान् की ओर मुड़ते हो और उन्हें कहते हो: "मुझे इस प्रकार का संबंध चाहिये, मुझे इस प्रकार का स्नेह चाहिये, मुझे इस प्रकार का ज्ञान चाहिये, मुझे यह भौतिक लाभ चाहिये।" पर क्या तुम्हें

इसका निश्चय है कि यह तुम्हारी सचमुच में एक आवश्यकता है, एक सच्ची आवश्यकता है, एक प्रभाव, एक इच्छा या एक पूर्णतया अज्ञानमयी क्रिया तो नहीं है? तुम यह सब कुछ नहीं जानते।

इतना ही नहीं, साधारणतया तो तुम इसका सच्चाई के साथ परीक्षण ही नहीं करते। तुम भगवान् से यह आशा करते हो कि वे तुम्हें वही प्रदान करें जिसे तुम अपनी आवश्यकता समझते हो—अधिकतर तो तुम उनसे मांगते भी नहीं—बल्कि तुम अपने आसपास के जीवन में, सब प्रकार के बाह्य साधनों के द्वारा, अपनी आवश्यकता को पूरी करने में लगे रहते हो।

एक बात और है, क्या तुमने अपने और भगवान् के बीच में कोई संबंध बना लिया है? क्या तुम उनके बारे में सोचते हो? क्या तुम अपनी वृत्ति में कम-से-कम एक प्रकार की सच्चाई रखकर ही उनकी ओर मुड़ते हो? क्या ऐसा नहीं है?

वस्तुतः तुम इससे उलटा करते हो। भगवान् की इच्छा को जानना या उसके अनुसार चलना तो दूर रहा, तुम उलटे उस समय अपनी इच्छा को भगवान् पर थोपना चाहते हो जब कि तुम उनसे कहते हो: "मुझे इस चीज की आवश्यकता है।" और तुम उनसे यह भी नहीं पूछते कि वे तुम्हें वह वस्तु देना चाहते हैं या नहीं। तुम तो केवल यह कहते हो: "क्योंकि इसकी मुझे जरूरत है, यह मुझे मिलनी चाहिये, मेरा इसको पाने का अधिकार है, भगवान् का यह कर्तव्य है कि जो मुझे चाहिये वह दें, नहीं तो, हां, नहीं तो वे भगवान् नहीं हैं।"

किंतु भगवान् क्योंकि भगवान् हैं, वे यह तुमसे अधिक जानते हैं कि तुम्हारी क्या आवश्यकता है, क्या सच्ची आवश्यकता है। वे तुम्हें केवल वही वस्तु देंगे।

फिर भी यदि तुम अपनी इच्छा उनपर लादते ही रहोगे, तो ऐसा हो सकता है कि वे तुम्हें सिखाने के लिये, तुम्हारी गलती के प्रति तुम्हें सचेतन करने के लिये, तुम्हें यह समझाने के लिये कि तुम्हारी यह आवश्यकता सत्य पर आधारित नहीं है, तुम्हारी इच्छित वस्तु तुम्हें दे दें। ऐसी अवस्था में, क्योंकि तब भलाई से अधिक बुराई ही परिणाम होता है, तुम विरोध करते हो: "ओह, भगवान् ने मुझे ऐसी वस्तु क्यों दी जिससे मुझे कष्ट पहुंच रहा है?" उस समय तुम यह बिलकुल भूल जाते हो कि तुम्हीं ने यह चीज उनसे मांगी थी। और यदि, उसके विपरीत, भगवान् तुम्हारी इच्छित वस्तु तुम्हें न दें तो तब भी तुम प्रतिवाद करते हो: "ऐसा क्यों होता है! मैंने यह चीज मांगी थी, मुझे इसकी आवश्यकता है और मुझे यह मिल नहीं रही है!" भगवान् जो भी करें, तुम शिकायत करोगे ही, सदा करते रहोगे।

किंतु यदि इस सबके स्थान पर तुम्हारे अंदर उस चीज को ढूंढने की एक अभीप्सा है, एक प्रेरणा और एक तीव्र और उत्साहपूर्ण मांग है जिसे तुम कम या अधिक ठीक रूप में अपनी सत्ता का सत्य समझते हो, जिसे तुम समस्त वस्तुओं का स्रोत, सर्वोच्च हित, सब खोजों का उत्तर तथा सब समस्याओं का समाधान समझते हो, यदि तुम्हारे अंदर यह तीव्र मांग है और तुम इसके पूरा होने के लिये सच्चे रूप में अभीप्सा करते हो तब तुम भगवान् से यह नहीं कहोगे: "मुझे यह दो, वह दो या मुझे इस चीज की आवश्यकता है, उस चीज की आवश्यकता है। इसके स्थान पर तुम उनसे यह कहोगे: "तुम मेरे लिये वही करो जो तुम जरूरी समझते हो, मुझे अपनी सत्ता के सत्य की ओर ले जाओ, मुझे केवल वही

दो जिसे तुम अपनी सर्वोच्च बुद्धिमत्ता में मेरी आवश्यकता समझते हो।"

यहां तुम्हें इस बात का निश्चय रहेगा कि तुम कोई गलती नहीं करोगे और ऐसी कोई चीज तुम्हें नहीं मिलेगी जो तुम्हें नुकसान पहुंचा सके।

तुम सत्य की ओर एक पग और भी आगे बढ़ा सकते हो, किंतु इसका अर्थ आत्म-समर्पण और आत्म-दान की ऐसी पूर्णता होगी कि जिसका यहां उल्लेख करना असंगत है। विश्वास की वृत्ति जिसके बारे में मैंने तुम्हें अभी बताया है उस वृत्ति से कहीं अधिक सच्ची वृत्ति है जो भगवान् से यह कहती है: "मुझे यह चीज चाहिये, मुझे दो।"

कारण, बहुत कम मनुष्य अपनी वास्तविक आवश्यकता को सचमुच में जानते हैं, बहुत ही कम। और इसका प्रमाण यह है कि वे सदा ही अपनी इच्छाओं की पूर्त्ति में लगे रहते हैं। उनके समस्त प्रयत्न इसी उद्देश्य के लिये किये जाते हैं और जब उनकी एक इच्छा पूरी हो जाती है, वे दूसरी के पीछे लग जाते हैं।

और जब तुम बहुत ढूंढ़ चुके होते हो, बहुत सी गलतियां कर चुकते हो, थोड़ा बहुत कष्ट भी पा चुकते हो, कभी निराशा भी हाथ लग चुकी होती है, तब कभी कभी तुम बुद्धिमान् होना आरंभ करते हो और यह पूछते हो "क्या इच्छाओं और आवश्यकताओं के अज्ञान से बचने का कोई तरीका नहीं है?"

तभी ऐसा समय आता है जब कि व्यक्ति अपने बाहु फैलाकर कह सकता है "मैं यहां हूं, मुझे अपने बाहुओं में ले लो, मुझे सत्य के पथ पर चलाओ।"

*
**

हमारी सत्ता के प्रत्येक दुःख में, उसकी प्रत्येक यंत्रणा में आनंद की ज्योति का रहस्य निहित है। इसकी तुलना में हमारा बड़े से बड़ा सुख भी एक क्षीण आभा मात्र है।

(श्रीअरविन्द, 'विचार और झांकियां')

वह कौन-सा रहस्य है जिसकी ओर दुःख हमें ले जाता है?

एक उपरितलीय और अपूर्ण ज्ञानवाले व्यक्ति को यह प्रतीत हो सकता है कि आत्मा कष्ट को ही खोजती है। पर ऐसा नहीं है। आत्मा का मूल स्वभाव ही एक सतत, अपरिवर्तनीय, असीमित तथा आह्लादकारी दिव्य आनंद है।

किंतु यह सत्य अवश्य है कि यदि तुम कष्ट का सामना साहस और सहनशीलता के साथ तथा भागवत कृपा में अडिग विश्वास रख के करते हो, यदि तुम उसके आने पर सामने से भाग नहीं जाते बल्कि प्रत्येक वस्तु के केंद्र में स्थित आलोकपूर्ण सत्य को ढूंढ़ने के लिये संकल्प और अभीप्सा रखते हुए उसमें प्रवेश करते हो तथा उसे पूर्णतया पार कर जाते हो तो कष्ट प्रायः ही सत्य तक पहुंचने के लिये संतोष और तृप्ति से अधिक सीधा और प्रत्यक्ष द्वार बन जाता है।

मैं साधारण सुख की बात नहीं कर रही। कारण, यह सुख सदा ही और पूरी तरह

से इस गहनतर दिव्य आनंद की ओर से पीठ फेर लेता है। यह उसका एक ऐसा मिथ्या और दुराग्रहपूर्ण रूप है जो हमें अपने लक्ष्य से भ्रष्ट कर देता है। अतएव यदि हमें सत्य को जल्दी-से-जल्दी ढूंढना है तो हमें इसके पीछे कभी नहीं जाना चाहिये। यह सुख हमें हल्का बना देता है, हमें धोखा देता है और पथभ्रष्ट कर देता है। उधर कष्ट हमें एकाग्र होने के लिये विवश करता है जिससे कि हम उस वस्तु को जो हमें नीचे दबा रही है सह सकें तथा उसका सामना कर सकें; अतएव वह हमें गहनतर सत्य की ओर पुनः ले आता है। जब व्यक्ति सशक्त होता है तो वह कष्ट के द्वारा ही सच्ची शक्ति को अत्यधिक सरलता से पा सकता है। कष्ट के द्वारा ही मनुष्य आसानी से सच्चे विश्वास को, कष्ट से ऊपर और परे की वस्तु में विश्वास को पा लेता है।

जब तुम प्रसन्नता की खोज करते हो, जब तुम जीवन की ओर सीधा देखने से कतराते हो और इसके लिये बुरे कर्म या आमोद-प्रमोद में प्रवृत्त होते हो, यह भूलते हुए कि कुछ समस्याएं ऐसी भी हैं जिनका हल ढूंढना है, कोई ऐसी भी चीज है जिसे प्राप्त करना है, सत्ता और जीवन का कोई और हेतु भी है, केवल समय को व्यतीत करना और बिना कुछ सीखे या किये हुए चले जाना जीवन का हेतु नहीं है, तब तुम सचमुच ही अपने समय को खो देते हो, उस अवसर को खो देते हो जो तुम्हें मिला है। यह अवसर अपूर्व न भी हो, पर आश्चर्यजनक अवश्य है, यह एक ऐसे जीवन में मिला है जो विकास का स्थान है, जो सनातन कालमें वह क्षण है जब कि व्यक्ति जीवन का रहस्य, जीवन का हेतु ढूंढ़ सकता है। तुम उस संभावना को खो देते हो जो तुम्हें गहनतर सत्य की ओर एक कदम आगे बढ़ने के लिये, उस रहस्य को ढूंढ़ने के लिये प्रदान की गयी है जो तुम्हें भागवत दिव्य जीवन के सनातन आनंद के साथ संयुक्त कर देता है।

दुःख और कष्ट की इच्छा करना एक अस्वस्थ प्रवृत्ति है और मैं यह कई बार कह चुकी हूं कि इससे मनुष्य को बचना चाहिये, किंतु एक उपरितलीय और हल्के भाव में उनसे भागना तथा दौड़-धूप और सुख में पड़कर उसे भूलने की चेष्टा करना भी एक प्रकार की कायरता है। जब कष्ट आता है तो वह हमें कुछ सिखाने के लिये आता है। जितनी जल्दी हम सीख लेंगे, उतनी जल्दी ही उसके टिकने की संभावना कम हो जायगी। और जब हम रहस्य को जान लेंगे तब हम और कष्ट नहीं पायंगे। कारण, वह रहस्य हमारे सामने तत्काल ही कष्ट के कारण और उसके मूल स्रोत को तथा उसे पार करने के तरीके को खोलकर रख देगा।

यह तरीका है अहंभाव से बाहर निकलना, इस कारागार से मुक्त होकर भगवान् के साथ संयुक्त होना, उसी में विलीन हो जाना, किसी भी वस्तु को हमें भगवान् से पृथक् करने की अनुमति न देना। जब हम इस रहस्य को जान लेते हैं तथा इसे अपनी सत्ता में चरितार्थ कर लेते हैं तो कष्ट के अस्तित्व का कोई कारण ही नहीं रहता और वह समाप्त हो जाता है। यह एक सर्वसम्मत ओषधि है, हमारी सत्ता के गहनतम भागों, आत्मा और आध्यात्मिक चेतना में ही नहीं, बल्कि इस प्राण और शरीर में भी यही सफल ओषधि है। ऐसा कोई रोग नहीं, कोई अव्यवस्था नहीं जो इस रहस्य की खोज या इसके क्रियात्मक प्रयोग का प्रतिरोध कर सके और मैं फिर कहती हूं कि ऐसा केवल सत्ता के उच्चतर भागों में ही नहीं बल्कि अणु अणु में भी साधित हो सकता है।

यदि तुम उन्हें उस वैभव को बता सकते हो जो उनके अंदर विद्यमान है, यदि तुम उन्हें उस सद्वस्तु का ज्ञान करा सकते हो जो उनके अस्तित्व का कारण है तो वे भी समग्र समस्वरता का अंग बन सकते हैं और उस अवस्था में शारीरिक अव्यवस्था जो रोग का कारण है सत्ता की अन्य सब अव्यवस्थाओं की भांति दूर हो जाती है।

पर उसके लिये मनुष्य को न तो कायर होना चाहिये और न डरपोक। जब कोई शारीरिक अव्यवस्था तुम्हारे अंदर पैदा होती है तो तुम्हें उससे डरकर भाग नहीं जाना चाहिये। इसके विपरीत, तुम्हें उसका सामना साहस, शांति, विश्वास तथा इस निश्चय से करना चाहिये कि रोग एक मिथ्या वस्तु है और यदि तुम पूर्ण शांति के साथ भागवत कृपा की ओर मुड़ते हो और एक पूर्ण विश्वास के साथ उसके प्रति पूर्ण आत्म-समर्पण कर देते हो तो वह तुम्हारे शरीर के अणुओं में भी उसी प्रकार स्थापित हो जायगी जिस प्रकार वह तुम्हारी सत्ता की गहराइयों में स्थापित हो सकती है। तब ये अणु भी सनातन 'सत्य' और 'आनंद' में भाग ले सकेंगे।

*
**

मृत्यु वह प्रश्न है जिसे 'प्रकृति' सदा ही 'जीवन' के सामने उसे यह स्मरण दिलाने के लिये रखती है कि उसने अभी तक अपने को नहीं ढूंढ़ा है। यदि मृत्यु का घेरा न होता तो प्राणी सदा के लिये एक अपूर्ण जीवन के ढांचे के साथ बंधा रहता। मृत्यु द्वारा पीछा किये जाने पर वह पूर्ण जीवन के विचार के प्रति जागृत हो जाता है तथा उसके साधन और उसकी संभावना की खोज करता है।

(श्रीअरविन्द, 'विचार और झांकियां')

मृत्यु क्यों होती है?

इस प्रश्न को उन सभी व्यक्तियों ने जिनकी चेतना जरा भी जागृत हो चुकी है, अपने जीवन में कम-से-कम एक बार तो किया है। प्रत्येक सत्ता की गहराई में अधिक जीवित रहने, विकास करने तथा जीवन को लंबा बनाने की एक ऐसी मांग मौजूद है कि मृत्यु के साथ संपर्क उन्हें आघात पहुंचाता है तथा उनमें जुगुप्सा उत्पन्न कर देता है। कुछ संवेदन-शील प्राणियों में तो वह भय और कुछ में क्रोध भी पैदा करता है। व्यक्ति अपने से पूछता है: "यह क्या मायावी नाटक है जिसमें मनुष्य को बिना चाहे और बिना समझे भाग लेना पड़ता है? यदि मरना ही है तो पैदा होने का क्या अर्थ? प्रगति, उन्नति और अपनी शक्तियों के विकास के लिये किये गये प्रयत्नों से क्या लाभ, यदि अंत में अवनति और पीछे नाश और विघटन होना है?" कुछ तो चुपचाप निष्क्रिय भाव में भावी के अधीन हो जाते हैं जिसे वे कठोर समझते हैं, कुछ विद्रोह करते हैं और कुछ यदि वे अधिक सशक्त न हुए तो निराश हो जाते हैं। पर ये प्रश्न सदा ही सबके सामने उठते रहते हैं। यदि इस सबके पीछे कोई चेतन संकल्प विद्यमान है तो वह दानवी ही प्रतीत होता है।

किंतु श्रीअरविन्द हमें यहां बताते हैं कि मृत्यु जड़प्रकृति की चेतना में पूर्णता और विकास की मांग को जागृत करने का एक अनिवार्य साधन थी। उसके बिना प्राणी जिस अवस्था में वे हैं उसी में अनिश्चित समय के लिये संतोष किये पड़े रहते।

इसके अतिरिक्त, हम जानते हैं कि प्रत्येक वस्तु सर्वदा उन्नति एवं विकास करती रहती है, दूसरे शब्दों में, समस्त सृष्टि, समस्त विश्व एक पूर्णता की ओर विकसित हो रहा है; और ज्यों ज्यों व्यक्ति आगे बढ़ता है, त्यों त्यों यह पूर्णता पीछे हटती प्रतीत होती है। कारण, जो एक समय पूर्ण प्रतीत होता था, वह पीछे वैसा प्रतीत नहीं होता। सत्ता की चेतनासंबंधी सूक्ष्मतम अवस्थाएं विकास की इसी दिशा का उस हद तक अनुसरण करती हैं, जिस हद तक वे अपने आपको चरितार्थ कर लेती हैं और जितनी वे अधिक सूक्ष्म होती हैं उतनी ही निकट उनकी प्रगति की लय दिव्य विकास की लय के पास पहुंचती है। किंतु यह जड़ जगत् स्वभाव से ही कठोर है, यहां रूपांतर बड़ा धीमा, अत्यंत धीमा होता है, काल की गणना के लिये, जैसा कि मानव चेतना उसे देखती है, वह दृष्टि में भी नहीं आता। इसका परिणाम यह होता है कि बाह्य और आंतरिक चेष्टा में सदा ही संतुलन का अभाव रहता है। संतुलन के इस अभाव ने, विकास-क्रिया का अनुसरण करने में बाह्य विकास की असमर्थता ने ही विघटन और आकार के परिवर्तन को एक आवश्यकता बना दिया है।

तथापि, यदि हम इस जड़ पदार्थ में इतनी चेतना फूंक सकें कि उसकी विकास-क्रिया सत्ता के सूक्ष्मतर भागों के साथ-साथ चलने लगे और यदि वह इतना नमनीय हो जाय कि आंतरिक विकास का अनुसरण कर सके, तो संतुलन नहीं टूटेगा और न ही मृत्यु की आवश्यकता होगी।

अतएव वर्तमान समय में, क्योंकि हम इसके बारे में कुछ अधिक जानते हैं, हमें रूपांतर को अवश्य ही साधित करना है, ऐसा हम उन साधनों की सहायता से जो हमें उपलब्ध हैं हैं तथा 'शक्ति', 'चेतना' और नयी 'सामर्थ्य' का आवाहन करके करेंगे; यह शक्ति जड़ पदार्थ में उस स्पंदन का प्रवेश करा सकती है जिसमें उसे रूपांतर करने तथा नमनीय, कोमल और विकसनशील बनाने की सामर्थ्य मौजूद है।

यह स्पष्ट है कि इस रूपांतर के रास्ते में जो सबसे अधिक गंभीर बाधा आती है वह वस्तुओं के वर्तमान स्वरूप के प्रति आसक्ति है। प्रकृति अपने पूरे कार्य में यह देखती है कि जिन व्यक्तियों की चेतना गहन है वे जल्दी जल्दी आगे बढ़ना चाहते हैं। पर वह घुमावदार रास्ते, क्रमिक परीक्षण, रुकावटें और बार बार किये गये आरंभ एवं नयी खोजें पसंद करती है। मार्ग की सनकी घटनाओं तथा अनुभव की आकस्मिकता भी उसे पसंद है। हम यह कह सकते हैं कि यह रूपांतर जितना अधिक समय ले उतना ही प्रकृति का मनोरंजन होता है।

किंतु बढ़िया-से-बढ़िया खेल से भी तुम तंग आ जाते हो। एक ऐसा समय आता है जब तुम्हें उसे बदलने की आवश्यकता होती है।

और तब तुम एक ऐसे खेल का स्वप्न देखते हो जिसमें आगे बढ़ने के लिये किसी चेतना को नष्ट करने की जरूरत नहीं होती बल्कि जिसमें उन्नति के लिये एक ऐसा उत्साह होगा कि तुम्हें सदा ही नए साधन और नए भाव प्राप्त होंगे। इनमें प्रेरणा इतनी तीव्र होगी कि दुर्बलता, निर्बोधता, थकावट और उपेक्षा सब समाप्त हो जायंगी।

ज्योंही शरीर कुछ उन्नति कर चुकता है उसे बैठ जाने की आवश्यकता क्यों पड़ती है? वह थक जाता है और कहता है "ठहरो, मुझे आराम करने के लिये कुछ समय दो।" वस्तुतः यही बात उसे मृत्यु की ओर ले जाती है। यदि उसके अंदर सदा पहले से अधिक अच्छा करने का, सदा अधिक स्पष्ट, अधिक सुंदर, अधिक प्रकाशपूर्ण और सदा अधिक युवा रहने का यह उत्साह होता तो व्यक्ति 'प्रकृति' की इस भयंकर प्रणाली से बच सकता था।

प्रकृति के लिये इसमेंसे कोई भी चीज महत्त्वपूर्ण नहीं है। वह 'समग्र' की ओर देखती है, वह इस बात का ख्याल रखती है कि वहां से कोई चीज खो न जाय। वह जानती है कि यह केवल अनगिनत, अत्यंत छोटे और तुच्छ तत्त्वों का मिश्रण है जिसका उद्देश्य किसी नयी चीज को बाहर निकालना है। किंतु यह खेल सबके लिये मनोरंजनक नहीं होता, और यदि कोई उसके समान और उससे अधिक विशाल चेतना प्राप्त कर ले तो वही कार्य भिन्न तरीके से क्यों नहीं हो सकता?

यही समस्या आजकल हमारे सामने है, और अतिमानसिक शक्ति की नयी सहायता प्राप्त हो जाने के बाद इस बृहत् खेल को अधिक सुंदर, अधिक समस्वर, अधिक सच्चा, दूसरे शब्दों में अधिक दिव्य बनाने के लिये क्यों नहीं हाथ में ले लेना चाहिये?

यदि कुछ मस्तिष्क इतने बलशाली हैं कि वे इस शक्ति को ग्रहण कर सकें तथा इसे चरितार्थ करने के आवश्यक कर्म को विधिवत् कर सकें तो अभी इतना ही पर्याप्त होगा। कुछ ऐसी 'चेतनाएं' होनी चाहियें जो 'प्रकृति' को यह विश्वास दिला सकें कि उसके साधनों के अलावा और साधन भी हैं।

यह एक पागलपन सा प्रतीत होता है, पर समस्त नयी वस्तुएं जब तक वे वास्तविकताएं नहीं बन गयीं पागलपन ही प्रतीत होती रही हैं। अब वह समय आ गया है जब इस 'पागलपन' को चरितार्थ हो जाना चाहिये। और क्योंकि हम सब यहां मौजूद हैं, और यद्यपि तुममेंसे कई यहां रहने का कारण भी नहीं जानते और ये कारण वस्तुतः अत्यंत सचेतन हैं, हम इस पागलपन को चरितार्थ करने का निश्चय कर सकते हैं। कम-से-कम यह जीवित रहने के कष्ट का उचित पुरस्कार तो हो ही जायगा।

*
**

सच्चे आनंद को प्राप्त करना कैसे सीखा जाय?

सबसे पहले तुम्हें, एक सतर्क निरीक्षण के द्वारा, यह ढूंढ लेना चाहिये कि इच्छाएं और इच्छाओं की पूर्त्ति केवल एक ऐसे अस्पष्ट सुख का भास देती है जो अनिश्चित, मिश्रित, परिवर्तनशील और सर्वथा असंतोषजनक होता है। यह तो सामान्यतः प्रारंभिक बिंदु है।

इसके बाद तुम्हें यह पहचानना सीखना चाहिये कि इच्छा क्या है। उसकी पूर्त्ति के प्रयत्न को अस्वीकार ही नहीं करना चाहिये बल्कि उसे निश्चित रूप से पीछे हटा देना चाहिये। फिर थोड़े बहुत लंबे समय के बाद, कभी कभी बहुत थोड़े समय के बाद भी तुम्हें पता चलता है, जैसे कि महात्मा बुद्ध को लगा था, कि जिस आनंद को तुम किसी

इच्छा को वशीभूत और विजित करने में अनुभव करते हो, वह उस तुच्छ, क्षणिक और मिश्रित सुख से असीम रूप में अधिक है जो तुम्हें उसकी पूर्त्ति में मिल सकता है। यह अगला कदम है।

स्वभावतः ही इस अनुशासन के सतत अभ्यास के द्वारा इच्छाएं तुमसे कुछ दूरी पर ही रहेंगी और तुम्हें अब दुःख भी नहीं पहुंचायेंगी। तुम तब अपनी सत्ता के अंदर और गहरे जाने के लिये तथा अभीप्सा करते हुए आनंद के 'दाता', दिव्य तत्त्व, 'भागवत कृपा' के प्रति खुलने के लिये स्वतंत्र हो जाओगे। यदि यह क्रिया एक सच्चे आत्मदान के साथ की गयी, दूसरे शब्दों में, यदि तुम आत्मसमर्पण कर दोगे, बदले में किसी भी चीज की आशा रखे बिना अपने आपको अर्पण कर दोगे, तो तुम एक ऐसी ऊष्मा अनुभव करोगे जो मधुर, घनिष्ठ और आभाप्रद होगी। वह हृदय को परिपूर्ण कर देगी तथा सच्चे आनंद की अग्रदूत होगी।

इसके बाद का रास्ता आसान है।

फिर भी एक बात मैं और कहूंगी। यदि तुम यह अभ्यास आनंद प्राप्त करने के अभिप्राय से करोगे तो तुम्हें उसकी प्राप्ति देर में होगी। कारण, तब तुम अपने प्रयत्न में एक अहंभावयुक्त तत्त्व ले आते हो। वह एक समर्पण नहीं रहता, एक मांग बन जाती है। स्वभावतः ही तुम्हें वह प्राप्त होगा, यह सब होने पर भी प्राप्त होगा, किंतु उसमें उससे कहीं अधिक समय और प्रयत्न लगेगा जब कि किसी वस्तु की भी मांग नहीं की जाती, किसी चीज की अभिलाषा नहीं की जाती, किसी चीज की आशा नहीं की जाती, जब वह, बिना किसी प्रकार का सौदा किये, एक विशुद्ध आत्म-समर्पण होता है, जब वह एक सहज स्वाभाविक अभीप्सा और आवश्यकता अर्थात् दिव्य बनने की आवश्यकता होती है। बस इतना ही।

किंतु जब श्रीअरविन्द एक ऐसे अस्तित्व के बारे में बात करते हैं जो केवल सत्ता के आनंद की खातिर अपने को बहुगुणा कर रहा है तो उनका अभिप्राय किस आनंद से होता है?

जिस आनंद के बारे में मैं बात कर रही हूं वही तो, अर्थात् अस्तित्व रखने का आनंद।

एक ऐसा समय आता है जब मनुष्य तैयार होना शुरू करता है, जब वह सर्वत्र, प्रत्येक वस्तु में, प्रत्येक क्रिया में, प्रत्येक स्पंदन में—केवल चेतना और प्राणियों में ही नहीं, केवल वृक्षों, पौदों और सब जीवित प्राणियों में ही नहीं, बल्कि उन सब वस्तुओं में भी जो उसके चारों ओर विद्यमान है, उन सब पदार्थों में भी जिनका वह प्रयोग करता है—केवल अस्तित्व का, अपने यथार्थ अस्तित्व का, केवल अस्तित्व का आनंद अनुभव करता है। तुम देखते हो कि प्रत्येक वस्तु स्पंदन करती है। तुम किसी वस्तु को छूते हो और तुम्हें उस आनंद का अनुभव होता है। किंतु यह भलीभांति समझ लेना चाहिये कि इसके लिये तुमने उस अनुशासन का अभ्यास अवश्य किया होगा जिसकी चर्चा मैंने अभी की थी; कारण, जब तक तुम्हारे अंदर इच्छा है, कोई अभिरुचि, आसक्ति, आकर्षण या विकर्षण है, जब तक तुम सुख को, प्राणिक या भौतिक सुख को पसंद करते हो, तुम दिव्य आनंद का अनुभव नहीं कर सकते, सचमुच में नहीं कर सकते।

पर फिर भी एक सूक्ष्म रूप में वह सर्वत्र, सब वस्तुओं में विद्यमान है। एक ऐसा समय आता है जब यह बोध तुम्हारे लिये खूब परिचित हो जाता है। तुम वस्तुओं के

बीच में से गुजरते हो, तुम्हें उनमेंसे प्रत्येक वस्तु आनंद के गीत गाती हुई प्रतीत होती है।

स्वभावतः ही मुझे यह स्वीकार करना होगा कि मनुष्य में इस आनंद के दर्शन करना जरा अधिक कठिन है क्योंकि उसकी सब मानसिक और प्राणिक रचनाएं अनुभव के क्षेत्र में आ जाती हैं और उसे क्षुब्ध कर देती हैं। उसके अंदर जरा अधिक मात्रा में एक प्रकार की अहंकारयुक्त कठोरता होती है जो सब वस्तुओं के साथ मिश्रित हो जाती है। पशु में इसे पाना अधिक सुगम है, किंतु पौदों और फूलों में, बल्कि समस्त वनस्पति-जगत् में, यह आश्चर्यजनक रूप में दृष्टिगोचर होता है। वहां प्रत्येक वस्तु अपने आनंद को व्यक्त एवं प्रकट करती है।

जब तुम उसे देख लेते हो, तभी तुम्हें सच्चे आनंद का, दिव्य आनंद का संपर्क प्राप्त होता है। और यह अनुभव किसी भी वस्तु पर निर्भर नहीं करता, न किन्हीं बाह्य परिस्थितियों पर और न किन्हीं कम या अधिक अनुकूल अवस्थाओं पर ही। यह तो सब वस्तुओं के द्वारा विश्व के अस्तित्व के मूल हेतु के साथ संबंध होता है। और यह जब आता है तो शरीर के सब अणुओं को ओतप्रोत कर देता है ; यह कोई ऐसी सत्ता नहीं होती जो विचार करती है। तुम तर्क नहीं करते, तुम विश्लेषण भी नहीं करते, यह केवल एक ऐसी अवस्था होती है जिसमें तुम निवास करते हो। और तब शरीर कितना ताजा, कितना स्वाभाविक हो जाता है। वह अब अपनी ओर ध्यान नहीं देता। वह आत्म-निरीक्षण की ओर, आत्म-विश्लेषण या वस्तुओं के विश्लेषण की ओर भी ध्यान नहीं देता। अब उसके अंदर मानों स्पंदन का स्तुति-गान होता है, वह प्रसन्नता अनुभव करता है पर उसमें जोर-जबर्दस्ती या आवेग नहीं होता। वह बड़ा सूक्ष्म और साथ ही बड़ा शक्तिशाली होता है। वस्तुतः समस्त विश्व एक आश्चर्यजनक सामंजस्य प्रतीत होने लगता है। यहां तक कि जो वस्तु सामान्य मानव-चेतना के लिये कुरूप, अरुचिकर होती है वह भी अद्‌भुत प्रतीत होने लगती है।

दुर्भाग्य से, आनंद की यह अवस्था स्थायी नहीं रह सकती, क्योंकि उन समस्त मानसिक और प्राणिक रचनाओं का जो बाहर से आकर हस्तक्षेप करती तथा उसे क्षुब्ध कर देती हैं प्रवाह होता रहता है। तब मनुष्य को विवश होकर सामान्य बोध की ओर लौटना पड़ता है, वस्तुओं के उस बोध की ओर जो बहुत अज्ञानमय और अंध होता है। किंतु यह सब होते हुए भी, जब यह बाह्य क्षोभ शांत हो जाता है, तो प्रत्येक वस्तु बदल जाती है, हां प्रत्येक वस्तु। तुम एक आश्चर्यजनक समस्वरता के अतिरिक्त और कुछ नहीं देखते,—आनंद, सच्चा आनंद, दिव्य आनंद।

*
**

"भगवान् ने संसार को एक युद्ध-क्षेत्र बना दिया है और उसे योद्धाओं की पद-चाप और महायुद्ध एवं संघर्ष के चीत्कार से भर दिया है। क्या तुम उनकी शांति को उसका वह मूल्य चुकाये बिना उनसे छीन लोगे जो कि उन्होंने उसके लिये निर्धारित किया है?"

पूर्ण प्रतीत होनेवाली सफलता पर विश्वास मत करो। परंतु सफलता प्राप्त करने के बाद भी जब तुम्हें और अधिक काम करने की आवश्यकता पड़ती है, तो प्रसन्न होओ और आगे बढ़ते जाओ। कारण, वास्तविक पूर्णता प्राप्त करने से पहले लंबे समय के लिये परिश्रम करना पड़ता है।

एक अवस्था को लक्ष्य समझ लेने से या एक पड़ाव पर अत्यधिक रुके रहने से अधिक निश्चेतन बनानेवाली भ्रांति और कोई नहीं होती।"

(श्रीअरविन्द, 'विचार और झांकियां)

श्रीअरविन्द यह हमें उस बात से सावधान करने के लिये लिखते हैं जो जड़, बोझिल, आलसी और आसानी से संतुष्ट हो जानेवाली है, जो मानव-प्रकृति में प्रयत्न की शत्रु है। जीवन में प्रायः ही ऐसे मनुष्य मिलते हैं जो इसलिये शांतिप्रिय हो जाते हैं क्योंकि वे लड़ाई से डरते हैं, विश्राम को प्राप्त किये बिना ही विश्राम करने की तीव्र इच्छा करने लगते हैं, जो थोड़ी सी उन्नति से ही सतुष्ट हो जाते हैं और जो अपनी कल्पना में और इच्छा में इस उन्नति को इतनी अद्‌भुत प्राप्ति समझ लेते हैं कि वे अब उचित रूप से रास्ते में विश्राम कर सकते हैं।

सामान्य जीवन में ऐसा बहुत होता है। मूल रूप में यह मध्यवित्तीय मनुष्य का आदर्श है, जिसने मनुष्यजाति को मूढ़ बना दिया है, उसे वैसी बना दिया है जैसी कि वह आजकल है। "जब तक युवा रहो, काम करो, धन और यश कमाओ, दूरदर्शी बनो, कुछ बचाकर रखो। कुछ पूंजी इकट्ठी कर लो, एक अफसर बनो जिससे कि जब चालीस वर्ष के हो जाओ तो आराम कर सको, अभी अपनी आमदनी का और पीछे अपनी पैनशन का उपभोग करो," जैसा कि कहा जाता है, अच्छी रीति से कमाये हुए आराम का उपभोग करो, जिसका मतलब है बैठ जाना, रास्ते में रुक जाना, आगे बढ़ना बंद कर देना, सो जाना, समय से पहले ही कब्र की ओर पांव बढ़ा देना, जीवन के अस्तित्व के हेतु को चरितार्थ करना बंद कर देना।

हां, बैठ जाना, हिलना-डुलना बंद कर देना।

जिस क्षण तुम आगे बढ़ना बंद कर देते हो, उसी क्षण तुम पीछे की ओर गिर पड़ते हो। जिस क्षण से तुम संतुष्ट हो जाते हो और अभीप्सा करना बंद कर देते हो, उसी क्षण से तुम मृत्यु की ओर जाना आरभ कर देते हो। जीवन गति है, जीवन प्रयत्न है। यह आगे की ओर बढ़ना है, पर्वत के ऊपर चढ़ना है, भावी अभिव्यक्तियों और प्राप्तियों की ओर आरोहण करना है। रास्ते में विश्राम करने से अधिक भयावह बात और कोई नहीं है। कर्म में, प्रयत्न में, आगे बढ़ने में तुम्हें विश्राम प्राप्त करना चाहिये, वह सच्चा विश्राम जो 'भागवत कृपा' में पूर्ण विश्वास से, इच्छाओं के त्याग से, अहंभाव के ऊपर विजय प्राप्त करने से प्राप्त होता है।

सच्चा विश्राम चेतना को विशाल बनाने में, व्यापक बनाने में होता है। जगत् की भांति विशाल बनो और तब तुम सदा विश्राम अनुभव करोगे। कर्म के ठीक बीच में, युद्ध के बीच में, अपने प्रयत्न के बीच में, भी तुम्हें 'असीम' का, 'सनातन' का विश्राम प्राप्त होगा।

त्रैमासिक विवरण

२१ फरवरी हम सभी के लिये एक महान् दिन था। इस दिन श्रीमाताजी ने अपने जीवन के ८०वें वर्ष में प्रवेश किया और इस अवसर के उपलक्ष में अनेक समारोह आयोजित किये गये। अनेक स्थानों के उद्घाटन-सभारंभों का सिलसिला भी जो पिछले कुछ दिनों से चला जा रहा था इसी दिन आकर पूर्ण हुआ। इन स्थानों में सब से अधिक विशिष्ट था हमारा चिर-प्रतीक्षित तैरने-का-तालाब।

नयी पाकशाला का उद्घाटन १९ फरवरी को संपन्न हुआ। उस दिन माताजी हमारी भोजनशाला ("Aroumé") में पधारीं और वहां के सब विभागों का खूब बारीकी से निरीक्षण किया। २० तारीख को उन्होंने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय तथा प्रदर्शनी-भवन में आयोजित प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया। पुस्तकालयवाली प्रदर्शनी में श्रीमाताजी की कृतियां प्रदर्शित की गयी थीं। उनकी समस्त प्रकाशित पुस्तकों के साथ साथ उनकी अनेक पाण्डुलिपियां तथा अंग्रेजी, फ्रेंच, चीनी, जापानी, संस्कृत और बंगला आदि नाना भाषाओं के उनके हस्तलेखों के नमूने भी प्रदर्शित किये गये। प्रदर्शनी-भवन में १०१ चित्रों का प्रदर्शन किया गया जो सब-के-सब एक ही छविकार डा. के. एल. कोठारी के खींचे हुए थे। इस प्रदर्शनी की सारी व्यवस्था आश्रम के छवि-विभाग के तत्त्वावधान में की गयी थी। सचमुच ही वह एक सुंदर चित्रसंग्रह था और उसमें छविकार की सभी श्रेष्ठ कृतियां आ गयी थीं।

तब वह महान् दिन आया। उस दिन प्रातःकाल सवा छः बजे बाल्कनी दर्शन हुआ। तदुपरांत १० बजे श्री माताजी के दर्शन आरंभ हुए जिसमें उन्होंने हमें अपना आशीर्वाद तथा एक संदेश प्रदान किया। फिर सायंकाल पौने चार बजे हम सब अपने खेल कूद के मैदान में एकत्र हुए। सब अपनी नयी सुफेद वर्दी में थे जो विशेष रूप से इसी अवसर के लिये बनायी गयी थी। ४ बजे मार्च पास्ट हुआ और फिर, एक बहुत लंबे अर्से के बाद, आखिर श्री मां ने हमारे तैरने के तालाब का उद्घाटन किया जिसकी हम इतने वर्षों से प्रतीक्षा करने आ रहे थे। उद्घाटन के बाद, तैरने, गोता मारने और जीवन-रक्षा करने के खेलों का प्रदर्शन किया गया और अंत में तैराकी के द्वारा ही कुछ आकृतियों का निर्माण भी। यह एक सुंदर प्रदर्शन था, विशेषकर यह देखते हुए कि तैराकों को इसकी तैयारी के लिये बहुत ही कम समय मिल पाया था।

उस तालाब का एक संक्षिप्त वर्णन कर देना यहां असंगत नहीं होगा। मुख्य तालाब ३३. ३३ मीटर लंबा और १५ मीटर चौड़ा है और उसमें दौड़ के लिये ६ रेखाएं खिंची हुई हैं। तल की कम-से-कम गहराई १. २० मीटर है और अधिक-से-अधिक ४. ०० मीटर। गोताखोरी का तालाब इस मुख्य तालाब के साथ जुड़ा हुआ एवं इसका एक भाग है। वह १४ मीटर लंबा, ६ मीटर चौड़ा तथा ४ मीटर गहरा है। तालाब में छलांग लगाने के लिये १ मीटर और ३ मीटर लंबे तख्ते और गोता मारने के लिये ५ मीटर का एक प्लेटफार्म बना हुआ है। गोताखोरी के तालाब के उत्तरी सिरे पर एक जलगत कक्ष है जिसमें पानी के अंदर के दृश्यों के फोटो लेने के लिये शीशे की खिड़कियां लगी हैं। तालाब

की लंबाई के साथ साथ पानी के अंदर ही बिजली की बत्तियों के लिये स्थान छोड़ दिये गये हैं जिनमें आगे चलकर आवश्यक सामान फिट किया जा सकता है।

निवृत्त होने तथा कपड़े बदलने के लिये दो पंक्तियों में कमरे बनाये गये हैं—एक ओर पुरुषों तथा दूसरी ओर स्त्रियों के लिये। इन कमरों में जाने के लिये एक ही रास्ता है जो इन सबसे होता हुआ चला गया है। यह एक बहुधार फुहारे के नीचे से गुजर रहा है और इसके साथ-साथ एक नाली भी बनी हुई है।

तैरी में भाग लेने से पूर्व डाक्टरी परीक्षा कराना सभी तैराकों के लिये अनिवार्य रूप से आवश्यक है।

तालाब में पानी दो नल-कूपों से भरा जाता है। पानी भारी और कठोर न होने पाय इसके लिये उसे फिटकिरी से साफ करके कंकड़-पथरियों की दो तहों में से छाना जाता है और अंत में, तालाब में जाने से पहले, नीलेथोथे (ताम्र गंधित या कोपर सल्फेट) तथा हरिन (क्लोरीन) से शुद्ध किया जाता है। पानी में अधिक चमक लाने के लिये उसमें से वायु गुजारने की भी अब व्यवस्था की जा रही है। तालाब का लगभग एक चौथाई पानी प्रतिदिन सिचाई के लिये निकाल लिया जायगा और उसकी जगह ताजा पानी पंप कर दिया जायगा। इस प्रकार, बचे हुए पानी में नये प्रवाह के संचार से ताजगी आ जायगी और हमारी इच्छा है कि आगे चलकर पुराने पानी को यांत्रिक दबाव से पुनः छानने के लिये भी यंत्रोपकरण का प्रबंध कर दिया जाय।

तालाब की सतह सुफेद संगमरमर के छोटे-छोटे टुकड़ों और सीमेंट को मिलाकर बनायी गयी है। सतह को सुंदर बनाने के लिये अंत में सुफेद टरेज्जो (white terazzo) का प्रयोग किया गया है। दक्षिणी सिरे पर एक दर्शक-वीथी (Spectatorium) है और बाद में उत्तर की ओर भी कुछ और गैलरियां बनायी जायंगी। छोटे बच्चों के लिये एक अलग तालाव है जिसे वे चलकर पार कर सकते हैं। उसमें उतरने के लिये एक ढलवां उतार (फिसलनी) है जिससे वे बारंबार फिसलते हुए पानी में गिरकर अपना मनोरंजन किया करेंगे।

तालाब के उद्घाटन के कार्यक्रम के बाद हम सब नाटक-गृह में गये। वहां हमें सुमधुर जलपान कराया गया। इतनी दूर से चलकर आने के बाद जलपान करने से हमारी बड़ी तृप्ति हुई और सभी ने इसे खूब पसंद किया। फिर माताजी ने बुलेटिन का वितरण किया और उसके बाद गायन, संगीत, नाटच तथा मूक अभिनय का एक छोटा सा कार्यक्रम चला। मूक अभिनय—"उषा और दानव"—हमारे विश्वविद्यालय-केंद्र के अध्यापकों और विद्यार्थियों का रचा और लिखा हुआ था और इसका अभिनय भी उन्होंने किया। वह एक अत्यंत विलक्षण एवं सुंदर अभिनय था। इसके साथ उस दिन का कार्यक्रम समाप्त हुआ।

इस त्रिमास के आरंभ में हमारे यहां श्री मनतोष राय पधारे थे। वे एक प्रसिद्ध देह-सुघटक हैं और १९५१ में उन्हें "विश्वश्री" श्रेणी नं. ३ (Mr. Universe, class III) की उपाधि दी गयी थी। उन्होंने हमें अपनी मांसपेशियों की कई भंगिमाएं दिखायीं जिनमें उन्होंने अत्यंत कलापूर्ण ढंग से अपने सुडौल, संतुलित और सुविकसित शरीर का प्रदर्शन किया। उन्होंने हमारे देह-निर्माताओं को एक विशेष व्यवस्थित रूप में खड़ा करके कुछ चित्रकार मुद्राएं भी दिखायीं। विश्वश्री मनतोष राय और उक्त मुद्राओं के चित्र इस अंक में दिये जा रहे हैं।

इस त्रिमास की एक और उल्लेखनीय बात है आयुर्वेदिक औषधालय का उद्घाटन। इस औषधालय में केवल आयुर्वेदिक पद्धति से चिकित्सा ही नहीं की जायगी बल्कि ओषधियां भी तैयार की जायंगी और एक कुशल वैद्य विद्यार्थियों को आयुर्वेद की शिक्षा भी दिया करेंगे।

सृष्टि के सनातन प्रवाह में प्रत्येक अवतार एक अधिक पूर्ण भावी चरितार्थता का उद्घोषक एवं अग्रदूत ही होता है।

और फिर भी मनुष्यों में सदैव ऐसी प्रवृत्ति होती है कि वे अतीत के अवतार को भविष्य के अवतार के विरोध में अधिक उच्च दैवी पद प्रदान करते हैं।

★

कोई भी महत्त्वाकांक्षा न रखो; सबसे बढ़कर, किसी भी चीज का झूठा दावा मत करो बल्कि प्रतिक्षण, जो कुछ तुम अधिक से अधिक, बन सकते हो, वही बनो।

★

शब्दों के द्वारा मनुष्य कभी-कभी कुछ समझ सकता है, पर ज्ञान की प्राप्ति उसे केवल नीरवता में ही होती है।

★

प्रगति करने के लिये तुम्हें पुरानी सभी धारणाओं को नष्ट कर देना होगा, सभी पूर्व-कल्पित विचारों को ध्वस्त कर डालना होगा। ये तो वे अगणित अभ्यासगत मानसिक रचनाएं हैं जिनमें तुम निवास करते हो तथा जो स्थिर हैं और इसी लिये सर्वथा अनमनीय हैं तथा प्रगति नहीं कर सकतीं। इन सबको तुम्हें भूमिसात् कर देना होगा। ऐसा करने पर ही नये विचार उत्पन्न होते हैं, वह सक्रिय विचारधारा जन्म लेती है जो सर्जनक्षम होती है।

★

बुरे विचारों से बुरे भाव उत्पन्न होते हैं—बुरे भाव तुम्हें भगवान् से दूर ले जाते हैं और शैतान की बाँहों में ले जाकर अरक्षित पटक देते हैं। वह शैतान बस तुम्हें निगल जाना चाहता है और यही अनंत दुःख-कष्ट का मूल कारण है।

★

भगवान् से मुंह मोड़ना और भगवत्कृपा को ठुकराना ही बड़े से बड़ा मूर्खतापूर्ण कार्य है जो कि मनुष्य कर सकता है।

—श्रीमाताजी

Vol. IX No. 3

Bulletin of Physical Education

Bulletin d'Éducation Physique

August 1957

Contents :

THE LIFE DIVINE :
THE SPIRITUAL EVOLUTION, V & VI —*Sri Aurobindo*

QUESTIONS AND ANSWERS —*The Mother*

REPORT ON THE QUARTER

ILLUSTRATIONS

Table des Matières:

LA VIE DIVINE :
L'ÉVOLUTION SPIRITUELLE, V & VI —*Sri Aurobindo*

ENTRETIENS —*La Mère*

RAPPORT TRIMESTRIEL

ILLUSTRATIONS

SRI AUROBINDO ASHRAM
PONDICHERRY (*India*)

Published by
SRI AUROBINDO ASHRAM
PONDICHERRY

All Rights Reserved

No matter appearing in this journal or part thereof may be reproduced in any form, except small extracts for purposes of review, without the written permission of the publishers.

Printed in India
SRI AUROBINDO ASHRAM PRESS
PONDICHERRY
604/657/2500

The Life Divine

THE SPIRITUAL EVOLUTION

These six chapters of *The Life Divine* of which the French translation is also given here form the last section of the book comprising Chapters XXIII-XXVIII of Vol. II, Part II and bear the general title, "The Spiritual Evolution". Sri Aurobindo gives here a general outline of the spiritual evolution of mankind and the transformation that will make a divine life upon earth possible.

★ ★

Les six chapitres de *La Vie Divine* dont nous publions ici la traduction sous le titre général: L'Évolution Spirituelle, sont les derniers de l'œuvre intégrale: les chapitres XXIII à XXVIII de la deuxième partie. Sri Aurobindo y donne une vue d'ensemble de l'évolution spirituelle de l'humanité et de la transformation qui rendra possible la vie divine sur la terre.

The Life Divine

THE SPIRITUAL EVOLUTION

V

THE GNOSTIC BEING (*continued*)

AN aspiration, a demand for the supreme and total delight of existence is there secretly in the whole make of our being, but it is disguised by the separation of our parts of nature and their differing urge and obscured by their inability to conceive or seize anything more than a superficial pleasure. In the body consciousness this demand takes shape as a need of bodily happiness, in our life parts as a yearning for life happiness, a keen vibrant response to joy and rapture of many kinds and to all surprise of satisfaction; in the mind it shapes into a ready reception of all forms of mental delight; on a higher level it becomes apparent in the spiritual mind's call for peace and divine ecstasy. This trend is founded in the truth of the being; for Ananda is the very essence of the Brahman, it is the supreme nature of the omnipresent Reality. The supermind itself in the descending degrees of the manifestation emerges from the Ananda and in the evolutionary ascent merges into the Ananda. It is not, indeed, merged in the sense of being extinguished or abolished but is there inherent in it, indistinguishable from the self of awareness and the self-effectuating force of the Bliss of Being. In the involutionary descent as in the evolutionary return supermind is supported by the original Delight of Existence and carries that in it in all its activities as their sustaining essence; for Consciousness, we may say, is its parent power in the Spirit, but Ananda is the spiritual matrix from which it manifests and the maintaining source into which it carries back the soul in its return to the status of the Spirit.

La Vie Divine

L'ÉVOLUTION SPIRITUELLE

V

L'ÊTRE GNOSTIQUE (*suite*)

UNE aspiration, une exigence de félicité suprême et totale dans l'existence, est là, secrètement dans toute la substance de notre être, mais elle est déguisée par la séparation des parties de notre nature et par leurs impulsions divergentes, obscurcie par leur incapacité à concevoir ou à saisir autre chose qu'un plaisir superficiel. Dans la conscience du corps cette exigence prend la forme d'un besoin de bonheur physique, dans les parties vitales, d'une soif de bonheur vital, d'une intense et vibrante réaction à la joie, aux ravissements de toutes sortes et à toutes les satisfactions inattendues; dans le mental elle prend l'aspect d'une prompte réceptivité à toutes les formes de joies mentales; à un niveau supérieur elle transparaît dans l'appel du mental spirituel vers la paix et l'extase divine. Cette tendance est fondée sur la vérité de l'être; car l'Ânanda est l'essence même du Brahman, c'est la suprême nature de la Réalité omniprésente. Dans les degrés descendants de la manifestation, le supramental lui-même émerge de l'Ânanda, et dans l'ascension évolutive il se fond dans l'Ânanda. En fait, il ne s'y fond pas au sens d'une absorption ou abolition, mais il est là, inhérent à l'Ânanda, indiscernable du moi conscient de la Félicité de l'Être et de sa force réalisatrice. Dans sa descente involutive comme dans son retour évolutif, le supramental est soutenu par la Félicité originelle de l'existence et la porte en lui dans toutes ses activités comme leur essence sustentatrice; car la Conscience, pourrait-on dire, est sa puissance-mère dans l'Esprit, mais l'Ânanda est la matrice spirituelle d'où

A supramental manifestation in its ascent would have as a next sequence and culmination of self-result a manifestation of the Bliss of the Brahman : the evolution of the being of gnosis would be followed by an evolution of the being of bliss; an embodiment of gnostic existence would have as its consequence an embodiment of the beatific existence. Always in the being of gnosis, in the life of the gnosis some power of the Ananda would be there as an inseparable and pervading significance of supramental self-experience. In the liberation of the soul from the Ignorance the first foundation is peace, calm, the silence and quietude of the Eternal and Infinite; but a consummate power and greater formation of the spiritual ascension takes up this peace of liberation into the bliss of a perfect experience and realisation of the eternal beatitude, the bliss of the Eternal and Infinite. This Ananda would be inherent in the gnostic consciousness as a universal delight and would grow with the evolution of the gnostic nature.

It has been held that ecstasy is a lower and transient passage, the peace of the Supreme is the supreme realisation, the consummate abiding experience. This may be true on the spiritual-mind plane : there the first ecstasy felt is indeed a spiritual rapture, but it can be and is very usually mingled with a supreme happiness of the vital parts taken up by the spirit; there is an exaltation, exultation, excitement, a highest intensity of the joy of the heart and the pure inner soul-sensation that can be a splendid passage or an uplifting force but is not the ultimate permanent foundation. But in the highest ascents of the spiritual bliss there is not this vehement exaltation and excitement; there is instead an illimitable intensity of participation in an eternal ecstasy which is founded on the eternal Existence and therefore on a beatific tranquillity of eternal peace. Peace and ecstasy cease to be different and become one. The supermind, reconciling and fusing all differences as well as all contradictions, brings out this unity; a wide calm and a deep delight of all-existence are among its first steps of self-realisation, but this calm and this delight rise together, as one state, into an increasing intensity and culminate in the eternal ecstasy, the bliss that is the Infinite. In the gnostic consciousness at any stage there would be always in some degree this fundamental and

il se manifeste et la source nourricière à laquelle il ramène l'âme dans son retour à l'état d'Esprit. Dans son ascension, la manifestation supramentale aura pour suite immédiate et pour couronnement de son développement, une manifestation de la Béatitude du Brahman : l'évolution de l'être de gnose sera suivie par l'évolution de l'être de béatitude; l'incarnation de l'existence gnostique aura pour conséquence l'incarnation de l'existence béatifique. Dans l'être de gnose, dans la vie de la gnose, se trouve toujours un certain pouvoir d'ânanda comme expression inséparable et dominante de l'expérience propre au supramental. Quand l'âme est libérée de l'ignorance, son premier fondement est la paix, le calme, le silence et la quiétude de l'Éternel et de l'Infini; mais un pouvoir plus complet et une forme plus haute de l'ascension spirituelle reprennent la paix de cette libération et la transforment en la joie d'une expérience et d'une réalisation parfaites de la béatitude éternelle, en la félicité de l'Éternel et de l'Infini. En tant que félicité universelle cet Ânanda est inhérent à la conscience gnostique, et il grandira avec l'évolution de la nature gnostique.

विज्ञानमय व्यक्ति के जीवन और कर्म का समस्त गुण उसके विज्ञानमय व्यक्तित्व के इसी स्वभाव में से निर्धारित होगा। उसके अंदर नैतिक या इसी ढंग की कोई और पृथक् समस्या या भले और बुरे का कोई संघर्ष नहीं उठ सकता, वस्तुतः कोई भी समस्या नहीं खड़ी हो सकती। कारण, समस्याएं उस मानसिक अज्ञान की उपज हैं जो ज्ञान की खोज कर रहा है, वे एक ऐसी चेतना में नहीं रह सकतीं जिसमें ज्ञान स्वयं ही उत्पन्न हो जाता है और कर्म ज्ञान से और सत्ता के पूर्व-उपस्थित सत्य से उत्पन्न होता है; यह सत्ता सज्ञान और सचेतन होती है। इसी प्रकार सत्ता का एक ऐसा मूल और विश्वव्यापी आध्यात्मिक सत्य, जो अपने आपको अभिव्यक्त करता है, अपने स्वभाव और अपने को क्रियान्वित करनेवाली चेतना के रूप में अपने आपको स्वतंत्रतापूर्वक चरितार्थ करता है, जो सत्तासंबंधी एक ऐसा सत्य है जो सबमें, उसके सत्य की असीम विविधता में भी एक होता है और जो सब सत्यों की एकता का अनुभव कराता है, अपने स्वभाव में एक ऐसा मूल और विश्वव्यापी 'शुभ' भी है जो अपने आपको अभिव्यक्त करता है, अपने स्वभाव में तथा अपने को क्रियान्वित करनेवाली चेतना में अपने आपको चरितार्थ करता है, यह 'शुभ'-विषयक एक ऐसा सत्य है जो सबमें और सबके लिये, शुभसंबंधी असीम विविधता में भी एक होता है। सनातन अस्तित्व की विशुद्धता अपने आपको समस्त क्रियाओं में उंडेल देती है और इस प्रकार सब चीजों को विशुद्ध बना देती है तथा उन्हें विशुद्ध रखती है। तब ऐसा कोई अज्ञान नहीं हो सकता जो अशुद्ध संकल्प और प्रगति के क्रमों की असत्यता का कारण बने, ऐसा कोई पृथक्कारी अहंभाव नहीं हो सकता जो अपने अज्ञान और पृथक् एवं विरोधी इच्छाशक्ति के द्वारा अपने को या दूसरों को हानि पहुंचा सके, जो स्वयं अपनी आत्मा, मन, प्राण और शरीर के साथ अशुद्ध व्यवहार करने को प्रेरित हो, यही तो समस्त मानवीय 'अशुभ' का क्रियात्मक अर्थ है। पुण्य और पाप से, शुभ और अशुभ से ऊपर उठना मुक्ति के वैदांतिक विचार का एक आवश्यक अंग है और इस पारस्परिक संबंध से एक स्पष्ट परिणाम उत्पन्न होता है। कारण, मुक्ति का अर्थ सत्ता की एक ऐसी सच्ची आध्यात्मिक प्रकृति में उदय होना है जहां समस्त कार्य उस सत्य की स्वतः-प्रेरित अभिव्यक्ति है और जहां कुछ और हो ही नहीं सकता। हमारे अंगों की अपूर्णता और संघर्ष में व्यवहारसंबंधी एक यथार्थ मानदंड तक पहुंचने तथा उसका पालन करने का प्रयत्न निहित है; यही नैतिकता है, यही गुण, योग्यता और पुण्य है और इससे उलटा करना अधर्म है, अयोग्यता एवं पाप है। नैतिक मन प्रेम के विधान की, न्याय और सत्य के विधान की, वस्तुतः अगणित विधानों की घोषणा करता है जिनका पालन करना या जिनमें समझौता करना बड़ा कठिन

हो जाता है। किंतु यदि दूसरों के साथ एकता और सत्य के साथ एकता ही चरितार्थ आध्यात्मिक प्रकृति का सारतत्त्व है तो सत्य के विधान की या प्रेम के विधान की आवश्यकता नहीं है,—कोई विधान या मानदंड हमपर आजकल इस कारण लागू किया जाता है कि हमारी स्वाभाविक सत्ता में पृथक्ता की एक विरोधी शक्ति, विरोध की संभावना, कलह की दुर्भावना और संघर्ष की प्रवृत्ति विद्यमान है। समस्त नीतिशास्त्र का कार्य 'प्रकृति' में शुभ का निर्माण करना है, उस प्रकृति में जिसे अज्ञानजन्य अंधकार की शक्तियों ने अशुभ से आक्रांत कर दिया है, जैसा कि वेदांत के एक पुराने आख्यान में कहा भी गया है। किंतु जहां सब कुछ चेतना और सत्ता के सत्य द्वारा निर्धारित होता है वहां कोई मानदंड नहीं होता, उसका पालन करने के लिये कोई संघर्ष नहीं करना पड़ता, न वहां कोई पुण्य होता है न धर्म, न प्रकृतिसंबंधी कोई पाप या अवगुण ही होता है। प्रेम की, सत्य की, उचित कर्म की शक्ति वहां अवश्य होगी, किंतु वह मन द्वारा निर्मित नियम के रूप में नहीं बल्कि प्रकृति के सार पदार्थ और उसके मूलतत्त्व के रूप में उपस्थित होगी, साथ ही वह सत्ता के समग्रीकरण के कारण आवश्यक रूप में कर्म का सार तथा गठनकारी स्वभाव भी होगी। हमारी सच्ची सत्ता के इस स्वभाव में अर्थात् आध्यात्मिक सत्य और एकता के स्वभाव में विकसित होना एक ऐसी मुक्ति है जो आध्यात्मिक सत्ता के विकास द्वारा ही प्राप्त हो सकती है: यह वह विज्ञानमय विकास है जो हमें अपनी सच्ची सत्ता को पुनः प्राप्त करने का पूर्ण क्रियाशील साधन प्रदान करता है। एक बार यदि ऐसा हो जाय तो पुण्य और धर्म के मानदंडों की आवश्यकता नहीं रहती बल्कि वहां आत्मा की स्वाधीनता का नियम और उसकी स्व-व्यवस्था लागू हो जाती है। तब व्यवहार या धर्मसंबंधी किसी भी नियम को लादने की या उसका निर्माण करने की आवश्यकता नहीं पड़ सकती। सब कुछ आध्यात्मिक स्व-प्रकृति का प्रवाह या स्वभाव या स्वधर्म बन जाता है।

यहीं हम मानसिक अज्ञान के जीवन और विज्ञानमयी सत्ता और प्रकृति के जीवन के क्रियाशील भेद के मूलतत्त्व का स्पर्श करते हैं। यह भेद इन दो सत्ताओं में है, एक तो ऐसी समग्र, पूर्णतया चेतन सत्ता है जिसका अपने अस्तित्व के सत्य पर पूर्ण अधिकार है, जो अपनी स्वाधीनता में इस सत्य को चरितार्थ कर रही है तथा जो सब निर्मित नियमों से स्वतंत्र है पर फिर भी जिसका अस्तित्व अभिव्यक्ति के समस्त सच्चे नियमों को उनके अपने मूल अर्थों में चरितार्थ करता है, दूसरी एक ऐसी अज्ञानमयी और विभाजित सत्ता है जो अपने ही सत्य की खोज करती है, जो अपनी खोजों को नियमों का रूप देने की चेष्टा करती है और अपने जीवन को इस प्रकार के बने हुए नमूने के अनुरूप ढाल लेती है। समस्त सच्चा विधान एक वास्तविक सत्ता की यथार्थ क्रिया और प्रक्रिया है, कर्मरत सत्ता की शक्ति या बल है, यह बल अपने अस्तित्वसंबंधी सत्य के अर्थों में अपनी अंतर्निहित क्रिया को चरितार्थ कर रहा है। यह नियम निश्चेतन हो सकता है, उसकी क्रिया भी यंत्रवत् प्रतीत हो सकती है,—भौतिक प्रकृति में नियम का यही गुण या कम से कम यही रूप होता है। यह एक चेतन शक्ति भी हो सकती है जो अपने कर्म में सत्ता की चेतना द्वारा स्वतंत्रतापूर्वक निर्धारित होती है तथा जो सत्य के अनिवार्य नियम को और सत्य की अभिव्यक्ति की नमनीय संभावनाओं को भलीभांति जानती है, साथ ही जो समग्र में हर समय और बारीकियों में प्रत्येक क्षण उन वास्तविकताओं को भी जान लेती है जिन्हें उसे चरितार्थ

करना है; यही 'आत्मा' के विधान का रूप है। आत्मा की पूर्ण स्वतंत्रता तथा एक ऐसी पूर्ण स्वयं-स्थित व्यवस्था जो अपनी स्वाभाविक और अनिवार्य क्रिया में अपने को निर्मित एवं चरितार्थ करती है तथा सुरक्षित रखती है विज्ञानमयी 'अतिप्रकृति' के इस सक्रिय साधन का स्वभाव है।

सत्ता के शिखर पर 'पूर्ण सत्' विद्यमान है। उसके पास असीमता की पूर्ण स्वतंत्रता है परंतु साथ ही वह अपने विषय में पूर्ण सत्य और सत्ता के सत्य की शक्ति भी रखता है। अतिप्रकृति में स्थित आत्मा के जीवन में ये दोनों वस्तुएं बार बार आती रहती हैं। वहां समस्त कर्म अतिप्रकृति के सत्य में सर्वोच्च सत्ता का, सर्वोच्च ईश्वर का कर्म है। वह सत्ता के अस्तित्व का और साथ ही ईश्वर की सत्य के साथ एकीभूत इच्छाशक्ति का सत्य है--यह एक द्वयात्मक वास्तविकता है जो प्रत्येक विज्ञानमय व्यक्ति में, उसकी अतिप्रकृति के अनुसार, अपने आपको अभिव्यक्त करती है। विज्ञानमय व्यक्ति की स्वतंत्रता उसकी आत्मा की स्वतंत्रता है, उसका कार्य उसकी सत्ता के तथा जीवन में उसकी शक्तियों के प्रभाव के सत्य को सक्रिय रूप में चरितार्थ करना है। किंतु इसका अर्थ यह है कि उसकी संपूर्ण प्रकृति उसके जीवन में अभिव्यक्त 'सत्ता' के सत्य का तथा उसके अंदर और सबके अंदर स्थित 'भगवान्' की इच्छा का आदेश मानती है। यह 'सर्व-इच्छा' प्रत्येक विज्ञानमय व्यक्ति में और अनेक विज्ञानमय व्यक्तियों में और उस चेतन 'सर्व' में जो उन्हें अपने अंदर धारण तथा समाविष्ट किये रहता है एक ही है। यह प्रत्येक विज्ञानमय व्यक्ति में अपने प्रति सचेतन रहती है तथा उसकी इच्छा-शक्ति के साथ एक-रूप रहती है। साथ ही विज्ञानमय व्यक्ति सब में विविध रूप से सक्रिय उसी इच्छा-शक्ति, आत्मा और 'शक्ति' के प्रति सचेतन रहता है। इस प्रकार की विज्ञानमयी चेतना और इच्छाशक्ति जो अनेक विज्ञानमय व्यक्तियों में अपने एकत्व को, अपनी समन्वयपूर्ण समग्रता तथा अपनी विभिन्नता के अर्थ एवं मिलन-बिंदु को जानती है, 'सर्व' के कार्य में समस्वर क्रिया का, एकता, सामंजस्य और पारस्परिकता की क्रिया का आश्वासन देती है, साथ ही वह व्यक्ति में उसकी सत्ता की समस्त शक्तियों और क्रियाओं की स्वरपूर्ण एकता का आश्वासन भी देती है। सत्ता की समस्त शक्तियां अपनी अभिव्यक्ति चाहती हैं और उनका उच्चतम कार्य अपनी पूर्णता की खोज करना है जिसे वे अपनी सर्वोच्च सत्ता में प्राप्त करती हैं, साथ ही वे स्व-निर्धारण और स्वचरितार्थता की सबको देखने और एक करनेवाली सक्रिय शक्ति में अर्थात् अतिमानसिक 'विज्ञान' में अपनी सर्वोच्च एकता और समस्वरता तथा एकीकृत और सामान्य स्व-अभिव्यक्ति का पारस्परिक संबंध भी प्राप्त करती हैं। एक पृथक् स्वस्थित सत्ता दूसरी पृथक् सत्ताओं से विरोध कर सकती है। उसमें और उस वैश्व 'सर्व-सत्ता' में जिनमें वे इकट्ठी निवास करती हैं विभिन्नता हो सकती है। वह किसी भी ऐसे सर्वोच्च 'सत्य' के जो जगत् में अपनी अभिव्यक्ति चाहता है विपरीत जा सकती है। 'अज्ञान' में यही कुछ व्यक्ति के साथ होता है, क्योंकि वह एक पृथक् व्यक्तित्व की चेतना पर स्थित होता है। इसी प्रकार सत्ता की शक्तियों, उसके गुणों, बलों और तरीकों में भी यही विरोध, संघर्ष एवं असमानता हो सकती है, ये शक्तियां, गुण, बल आदि व्यक्ति और जगत् में पृथक् शक्तियों के रूप में कार्य करते हैं। संघर्षमय जगत्, हमारे अंदर का संघर्ष और व्यक्ति का अपने चारों तरफ के संसार के साथ संघर्ष अज्ञान की और हमारे विषम जीवन की पृथक्कारी चेतना के सामान्य और

अनिवार्य चिह्न हैं। किंतु ऐसा सब कुछ विज्ञानमयी चेतना में नहीं हो सकता, क्योंकि वहां प्रत्येक अपनी पूर्ण सत्ता को और सब अपने सत्य एवं अपनी विभिन्न गतिविधियों के सामंजस्य को उस वस्तु में प्राप्त कर लेते हैं जो उनसे आगे की वस्तु है और जिसकी वे स्वयं अभिव्यक्ति हैं। इसलिये विज्ञानमय जीवन में व्यक्ति की स्वतंत्र अभिव्यक्ति और वस्तुसंबंधी सर्वोच्च वैश्व 'सत्य' के अंतर्निहित नियम के प्रति उसके स्वतःप्रेरित अनुसरण के बीच में पूर्ण संगति होती है। उसके लिये ये एक ही 'सत्य' के परस्पर-संबंधित पक्ष होते हैं, यह उसका अपना सत्तासंबंधी सर्वोच्च सत्य ही होता है जो एक ही अतिप्रकृति में उसके अपने और वस्तुओं के संपूर्ण एकत्वपूर्ण सत्य को चरितार्थ करता है। साथ ही सत्ता की अनेक और विभिन्न शक्तियों में और उनके कार्यों में पूर्ण संगति रहती है। कारण, वे शक्तियां भी, जो अपनी ऊपरी क्रिया में विरोधी होती है तथा उस अनुभव में जो हम मानसिक रूप में उनके बारे में बनाते हैं संघर्षमय प्रतीत होती हैं, अपने आपको तथा अपनी क्रियाओं को स्वाभाविक रूप में एक-दूसरे के अनुकूल बना लेती हैं। कारण, प्रत्येक का अपना सत्य होता है और साथ ही प्रत्येक का दूसरों के साथ संबंध का भी सत्य होता है, यह सत्य विज्ञानमय अतिप्रकृति में स्वभाव से ही विद्यमान एवं गठित होता है।

अतएव, अतिमानसिक विज्ञानमय प्रकृति में मानसिक कठोर ढंग या व्यवस्थासंबंधी कठिन पद्धति को, एक सीमाकारी नियत मानदंड तथा रूढ़ सिद्धांतों को लागू करने और जीवन को ऐसी एक ही प्रणाली या सांचे में ढालने की आवश्यकता नहीं होगी जो केवल इसलिये सत्य माना जाता है कि मन ने उसको सत्ता और व्यवहारसंबंधी एकमात्र यथार्थ सत्य मान लिया है। कारण, इस प्रकार का कोई मानदंड या ढांचा समस्त जीवन को न तो अपने अंदर समाविष्ट कर सकता है और न उसे अपने रूप में ढाल ही सकता है। वह 'सर्वजीवन' के दबाव के या विकासात्मक शक्ति की आवश्यकताओं के प्रति स्वतंत्रतापूर्वक अपने आपको अनुकूल भी नहीं बना सकता। वह अपने से या अपनी स्वयं निर्मित सीमाओं से तभी बच सकता है जब उसकी मृत्यु हो जाती है, या उसका विघटन हो जाता है, या फिर वह तीव्र विरोध और क्रांतिकारी अस्तव्यस्तता में ग्रस्त हो जाता है। मन को इस प्रकार जीवन-संबंधी अपने सीमित ढंग और नियम को चुनना पड़ता है क्योंकि वह स्वयं दृष्टि और योग्यता में बद्ध और सीमित है। उधर विज्ञानमयी सत्ता समस्त जीवन और अस्तित्व को अपने अंदर धारण कर लेती है, यह जीवन एक ऐसे विशाल सत्य की सामंजस्यपूर्ण स्व-अभिव्यक्ति में चरितार्थ और रूपांतरित होता है जो एक होते हुए भी अनेक है, जो असीम रूप में एक और असीम रूप में ही बहुविध है। विज्ञानमयी सत्ता के ज्ञान और कर्म के पास एक असीम स्वतंत्रता की विशालता और नमनीयता होगी। यह ज्ञान जब समष्टि की विशालता में प्रवेश करेगा तो अपने विषयों को अपनी पकड़ में ले आयगा। यह केवल समष्टि के पूर्ण सत्य और विषय के समग्र और अंतरतम सत्य के द्वारा ही बंधा होगा। यह एक ऐसे निर्मित विचार या उन रूढ़ मानसिक प्रतीकों द्वारा बंधा नहीं होगा जो मन को इस प्रकार अधिकृत कर के बंदी बना लेते हैं कि वह ज्ञानसंबंधी अपनी स्वतंत्रता ही खो बैठता है। समस्त क्रिया भी किसी कठोर नियम या किसी पूर्व-अवस्था या कार्य के अथवा उसके अवश्यंभावी प्रतिफल या कर्म के द्वारा नहीं बंधी होगी। उसके पास 'असीम' की एक क्रमिक पर स्वचालित और अपने विकास को स्वयं साधित करनेवाली नमनीयता होगी, ऐसे

'असीम' की जो अपने ससीम रूपों पर सीधा कार्य करता है। यह क्रिया एक तीव्र प्रवाह या अस्तव्यस्तता नहीं वरन् 'सत्य' की एक मुक्त और सामंजस्यपूर्ण अभिव्यक्ति होगी। एक नमनीय और पूर्णतया चेतन प्रकृति में आध्यात्मिक सत्ता स्वतंत्र रूप से अपना निर्धारण स्वयं करेगी।

'असीम' की चेतना में व्यक्तित्व वैश्वता को न तो नष्ट करता है न उसे सीमित ही करता है, उधर वैश्वता भी परात्परता का विरोध नहीं करती। 'असीम' की चेतना में निवास करती हुई विज्ञानमयी सत्ता एक व्यक्ति के रूप में अपनी अभिव्यक्ति स्वयं करेगी, किंतु वह इस कार्य को एक विशालतर वैश्वता के एक ऐसे केंद्र के रूप में करेगी जो साथ ही परात्परता का केंद्र भी होगा। क्योंकि वह व्यक्ति विश्वमय है, उसके समस्त कर्म में और विश्व-कर्म में समस्वरता होगी, किंतु क्योंकि वह स्वयं परात्पर है, उसका कर्म किसी क्षणिक और निम्न रचना द्वारा सीमित नहीं होगा, न वह किसी एक या किसी भी वैश्व शक्ति की दया पर निर्भर ही रहेगा। उसकी वैश्वता अपने चारों ओर के 'अज्ञान' को अपनी विशालतर सत्ता में समेट लेगी, किंतु उसे घनिष्ठ रूप में जानते हुए भी वह उसके द्वारा प्रभावित नहीं होगा। वह अपने परात्पर व्यक्तित्व के महत्तर विधान का पालन करेगा तथा उसके विज्ञानमय सत्य को वह अपनी सत्ता और कर्म के ढंग से व्यक्त करेगा। उसका जीवन उसकी सत्ता की एक स्वतंत्र और सामंजस्यपूर्ण अभिव्यक्ति होगा। क्योंकि उसकी उच्चतम सत्ता ईश्वर की सत्ता के साथ एक होगी, ईश्वर का, उसकी सर्वोच्च सत्ता एवं अतिप्रकृति का अर्थात् उसकी अपनी सर्वोच्च प्रकृति का उसकी आत्माभिव्यक्ति के ऊपर स्वाभाविक और दिव्य शासन स्वतः ही ज्ञान, जीवन और कर्म में एक विशाल और मुक्त पर पूर्ण व्यवस्था ले आयगा। ईश्वर और अतिप्रकृति के प्रति उसकी वैयक्तिक प्रकृति की अधीनता सत्ताकी स्वतंत्रता के साथ एकस्वर रहेगी, वस्तुतः उसकी एक शर्त होगी। कारण, यह उसकी अपनी सर्वोच्च सत्ता के प्रति अधीनता होगी, उसके समस्त अस्तित्व के मूल स्रोत के प्रति प्रत्युत्तर होगा। वैयक्तिक प्रकृति कोई पृथक् वस्तु नहीं होगी, वह 'अतिप्रकृति' की एक लहरमात्र होगी। पुरुष और प्रकृति का समस्त विरोध, 'आत्मा' और 'प्रकृति' का वह विचित्र विभाजन और असंतुलन जो अज्ञानमय क्षेत्र को अभिभूत कर देता है पूर्णतया समाप्त हो जायगा। कारण, प्रकृति 'व्यक्ति' की शक्ति का प्रवाह होगी, उधर व्यक्ति सर्वोच्च 'प्रकृति' का, ईश्वर की सत्ता की अतिमानसिक शक्ति का प्रवाह होगा। उसकी सत्ता का यह सर्वोच्च सत्य ही जो असीम रूप से एक सामंजस्यपूर्ण सिद्धांत है उसकी आध्यात्मिक स्वतंत्रता की व्यवस्था को उत्पन्न करेगा, यह एक प्रामाणिक, स्वतःचालित और नमनीय व्यवस्था होगी।

निम्न अस्तित्व में यह व्यवस्था स्वतः चालित होती है, यहां प्रकृति का बंधन पूरा होता है, उसकी लीक पक्की और अनिवार्य होती है। वैश्व 'चेतन-शक्ति' प्रकृति का एक नमूना, एक अभ्यासगत सांचा या कर्मसंबंधी एक पक्का घेरा बना लेती है तथा अवबौद्धिक सत्ता को इसी नमूने, सांचे या घेरे के अनुसार जीवन व्यतीत करने या कर्म करने को विवश कर देती है। मनुष्य के अंदर मन इसी पूर्वनिश्चित नमूने या दैनिक क्रम के अनुसार अपना कार्य आरंभ करता है, किंतु ज्यों ज्यों वह विकसित होता है त्यों त्यों वह इस नमूने को विकसित करता जाता है तथा प्रारंभिक सांचे को विस्तृत कर लेता है, साथ ही वह स्वयं-चालित प्रवृत्ति के इस रूढ़ अचेतन या अर्ध-चेतन नियम का स्थान एक ऐसी व्यवस्था को

देने की चेष्टा करता है जो विचारों, अभिप्रायों तथा जीवन के स्वीकृत हेतुओं पर आधारित होती है, या फिर वह एक ऐसा बुद्धिमत्तापूर्ण मानदंड या ढांचा बनाने का प्रयास करता है जो बौद्धिक उद्देश्य, उपयोगिता और सुविधा द्वारा निर्धारित हो। मनुष्य के ज्ञान और जीवनसंबंधी ढांचों में वस्तुतः कुछ भी अनिवार्य या स्थायी नहीं होता। किंतु फिर भी उसे विचार, ज्ञान, व्यक्तित्व, जीवन और व्यवहारसंबंधी मानदंड बनाने पड़ते हैं और साथ ही कम या अधिक चेतन और पूर्ण रूप में इन्हीं को अपने अस्तित्व का आधार भी बनाना पड़ता है, अथवा कम से कम उसे अपने चुने हुए या स्वीकृत धर्मों के कल्पनात्मक क्षेत्र के अनुरूप जीवन को ढालने का पूरा प्रयत्न करना पड़ता है। इसके विपरीत आध्यात्मिक जीवन के मार्ग में जो सर्वोच्च आदर्श माना जाता है वह नियम नहीं है वरन् आत्मा की स्वाधीनता है। आत्मा अपनी प्राप्ति के लिये सब नियमों का त्याग कर देती है और यदि तब भी उसे अभिव्यक्ति के बारे में विचार करना पड़े तो उसे एक कृत्रिम अभिव्यक्ति की स्वाधीनता नहीं वरन् एक मुक्त और सच्ची अभिव्यक्ति की स्वाधीनता, एक सच्ची और सहज आध्यात्मिक व्यवस्था प्राप्त कर लेनी चाहिये। "सब धर्मों का, अस्तित्व और कर्मसंबंधी समस्त आदर्शों और नियमों का त्याग कर, और केवल मुझमें ही आश्रय ग्रहण कर"—यह उच्चतम जीवन का वह सर्वोच्च नियम है जिसे भगवान् ने जिज्ञासु के सामने रखा है। इस स्वतंत्रता की प्राप्ति की इच्छा करते हुए, पूर्व-निर्मित नियम से, मुक्त होकर आत्मासंबंधी नियम में विकसित होते हुए, मानसिक नियंत्रण का त्याग करके उसके स्थान पर आध्यात्मिक 'सद्वस्तु' के नियंत्रण को स्थापित करते हुए और सत्तासंबंधी उच्चतर मूल सत्य की खातिर मन के निम्न पूर्वरचित सत्य को छोड़ते हुए एक ऐसी अवस्था में से गुजरना पड़ सकता है जिसमें आंतरिक स्वतंत्रता तो हो पर बाह्य व्यवस्था न हो,—यह प्रकृति के प्रवाह में एक ऐसी क्रिया है जो बड़ी सरल और निष्क्रिय है, वह एक ऐसे पत्ते के समान है जो या तो निश्चल पड़ा रहता है या हवा उसे जिधर ले जाय उधर ही उड़ जाता है। यह क्रिया अपने बाह्य रूप में असंबद्ध और निरर्थक भी हो सकती है। सत्ता की एक ऐसी क्षणिक और क्रमबद्ध आध्यात्मिक अभिव्यक्ति भी हो सकती है जो उस अवस्था तक के लिये काफी है जिसे कुछ समय के लिये या इस जीवन में प्राप्त किया जा सकता है या यह आत्म-अभिव्यक्ति का एक वैयक्तिक क्रम भी हो सकता है; यह क्रम आध्यात्मिक सत्य के आदर्श के अनुसार सत्य हो सकता है जिसे मनुष्य प्राप्त कर चुका है; पर जिस विशालतर सत्य को उसे प्राप्त करना है उसे अभिव्यक्त करने के लिये वह क्रम आध्यात्मिकता की शक्ति के द्वारा स्वतंत्रतापूर्वक बदलता भी रहता है। किंतु अतिमानसिक विज्ञानमयी सत्ता एक ऐसी चेतना में स्थित है जिसमें ज्ञान अपना अस्तित्व स्वयं बनाये रखता है और अतिप्रकृति में विद्यमान 'असीम' की 'इच्छाशक्ति' के द्वारा निर्धारित क्रम के अनुसार अपने आपको व्यक्त करता है। इस स्वयं-स्थित ज्ञान के अनुसार किया हुआ निर्धारण प्रकृति की स्वतःचालित क्रिया का और 'मन' के मानदंडों का स्थान एक ऐसे 'सत्य' की सहज-स्वाभाविक क्रिया को दे देता है जो अस्तित्व के सार-तत्त्व में ही सचेतन एवं सक्रिय है।

विज्ञानमय व्यक्ति का यह स्व-निर्धारक ज्ञान जो स्वतंत्र रूप से अपने सत्य के और साथ ही सत्तासंबंधी संपूर्ण सत्य के आदेश का पालन करता है उसके अपने अस्तित्व का नियम है। उसके अंदर 'ज्ञान' और 'संकल्प' एक हो जाते हैं, उनमें विरोध हो ही नहीं

सकता। आत्मा का सत्य और जीवन एक हो जाते हैं, उनमें संघर्ष नहीं हो सकता। उस-की सत्ता की चरितार्थता के समय भी उसकी आत्मा और अंगों के बीच में कोई संघर्ष, विरोध, या अंतर नहीं हो सकता। स्वतंत्रता और क्रम के ये दो सिद्धांत जो मन और प्राण में सदा ही विरोधी और असंगत रूप में प्रकट होते रहते हैं,—यद्यपि उन्हें ऐसा करने की जरूरत नहीं, जब कि स्वतंत्रता का पथ-प्रदर्शन सत्तासंबंधी सत्य पर आधारित ज्ञान और क्रम करते हैं,—अतिमानसिक चेतना में एक-दूसरे से घनिष्ठ संबंध रखते हैं, बल्कि मूल रूप में एक ही हैं। और ऐसा होने का कारण यह है कि दोनों आंतरिक आध्यात्मिक सत्य के अविच्छिन्न पक्ष हैं और इसलिये इनके निर्धारित रूप भी एक हैं। ये एक-दूसरे के अंदर विद्यमान हैं, क्योंकि इनका स्रोत तादात्म्य में है और इसलिये ये कार्य करते समय स्वाभा-विक तादात्म्य में संयुक्त हो जाते हैं। विज्ञानमय व्यक्ति को यह किसी भी प्रकार या किसी भी अंश में अनुभव नहीं होता कि उसकी स्वाधीनता उसके विचार या कर्म के द्वारा भंग हो रही है, क्योंकि वह क्रम वास्तविक और सहज है। वह अपनी स्वाधीनता और उस स्वाधीनता के क्रम दोनों को अपनी सत्ता का एक ही सत्य मानता है। ज्ञानसंबंधी उसकी स्वाधीनता का अर्थ मिथ्यात्व और भ्रांति का अनुसरण करने की स्वतंत्रता नहीं है; कारण, उसे ज्ञान प्राप्त करने के लिये मन की तरह भ्रांति की संभावना में से गुजरने की आवश्यकता नहीं है,—इसके विपरीत, ऐसे किसी भी व्यतिक्रम का अर्थ विज्ञानमयी सत्ता की परिपूर्णता से दूर हटना होगा, यह वस्तुतः उसके अपने सत्य को कम करना और उसकी अपनी सत्ता के लिये प्रतिकूल और हानिप्रद होगा। कारण, उसकी स्वतंत्रता प्रकाश की स्वतंत्रता है, अंधकार की नहीं। कर्मसंबंधी उसकी स्वतंत्रता अशुद्ध संकल्प या 'अज्ञान' के आवेगों के अनुसार कार्य करने की आज्ञा नहीं देती, क्योंकि वह भी उसकी सत्ता के विरुद्ध ही होगा, सत्ता को सीमित और कम करना होगा, मुक्त करना नहीं। मिथ्यात्व और अशुद्ध संकल्प को पूरा करने की प्रेरणा वह स्वतंत्रता की ओर एक क्रिया के रूप में नहीं वरन् आत्मा की स्वतंत्रता पर किये गये एक बल-प्रयोग के रूप में, अतिप्रकृति पर किये गये आक्रमण, आरोप और धावे के रूप में और किसी परकीय 'प्रकृति' के अत्याचार के रूप में अनुभव करेगा।

अतिमानसिक चेतना मूलतः सत्य-चेतना है, सत्ता और वस्तुओं के सत्य का एक प्रत्यक्ष और आंतरिक बोध है। यह उस 'असीम' की एक शक्ति है जो अपने ससीम रूपों को जानता और उन्हें चरितार्थ करता है; यह वैश्व सत्ता की एक शक्ति है जो अपने एकत्व और विस्तार को, वैश्वता और वैयक्तिक रूपों को जानती है और चरितार्थ करती है। क्योंकि 'सत्य' पर इसका अधिकार है, इसे 'सत्य' की खोज नहीं करनी पड़ेगी। उसे न पा सकने के कारण इसे कष्ट भी नहीं भोगना पड़ेगा, जैसा कि अज्ञानमय मन के साथ होता है। विकसित विज्ञानमय व्यक्ति 'असीम' और वैश्व सत्ता की इस सत्य-चेतना में प्रवेश कर चुका होगा, यह चेतना उसकी समस्त वैयक्तिक दृष्टि और कर्म को उसके लिये और उसके अंदर निर्धारित करेगी। उसकी चेतना वैश्व तादात्म्य की चेतना होगी, वस्तुतः वह एक फलीभूत या अंतवर्ती 'सत्य-ज्ञान', 'सत्य-दृष्टि', 'सत्य-भावना', 'सत्य-संकल्प', 'सत्य-बोध' और कर्मसंबंधी सत्य-क्रिया होगी जो एकमेव के साथ उसके तादात्म्य में निहित होगी या 'समस्त' के साथ उसके तादात्म्य में से स्वभावतः उत्पन्न हो रही होगी। उसका जीवन एक ऐसी क्रिया होगा जो आध्यात्मिक स्वाधीनता और विशालता का अनुसरण करता है; यह स्वाधीनता

और यह विशालता मानसिक विचार के और प्राणिक और शारीरिक आवश्यकता एवं इच्छा के नियम का तथा आसपास के जीवन के दबाव का स्थान ले लेगी। उसके जीवन और कर्म को 'भागवत बुद्धिमत्ता' और संकल्प के सिवाय और कोई चीज नहीं बांध सकेगी, वे उसके ऊपर और उसके अंदर अपनी 'सत्य-चेतना' के अनुसार कार्य करेंगे। यदि मनुष्य पर कोई निर्मित नियम न लादा जाय तो उसके अज्ञानमय जीवन में इसका परिणाम संघर्षमय अस्त-व्यस्तता, स्वेच्छाचारिता और अहंकारयुक्त अव्यवस्था होंगे; कारण, मनुष्य के अहंभाव में पृथक्ता और क्षुद्रता होती है, वह दूसरे मानवी जीवन में अनुचित हस्तक्षेप करना चाहता है तथा उसे अपने अधिकार में करके अपने उपयोग में लाना चाहता है। किंतु ऐसा विज्ञान-मय व्यक्ति के जीवन में नहीं हो सकता, क्योंकि अतिमानसिक सत्ता की विज्ञानमयी सत्य-चेतना में सत्ता के समस्त भागों और उसकी समस्त क्रियाओं के पारस्परिक संबंध के सत्य को आवश्यक रूप में उपस्थित रहना चाहिये,—चाहे यह व्यक्ति की सत्ता हो या किसी विज्ञानमय समुदाय की। चेतना की समस्त क्रियाओं में और जीवन के समस्त कर्म में एक सहज-स्वाभाविक और आलोकपूर्ण एकता और संपूर्णता का होना अति आवश्यक है। इस सत्ता के भागों में कोई संघर्ष नहीं रह सकता। कारण, केवल ज्ञान और संकल्पसंबंधी चेतना ही नहीं बल्कि हृदय, प्राण और शरीरसंबंधी चेतना भी अर्थात् जो हमारी प्रकृति के भाविक, प्राणिक या भौतिक अंग हैं वे भी उस संपूर्णता और एकता के इस पूर्ण समन्वय के अंतर्गत आ जायंगे। हम अपनी भाषा में यह कह सकते हैं कि विज्ञानमय व्यक्ति के अतिमानसिक ज्ञान और संकल्प का मन, हृदय, प्राण और शरीर पर पूर्ण नियंत्रण होगा। किंतु यह वर्णन केवल एक संक्रमणकालीन अवस्था का हो सकता है, जब कि अतिप्रकृति इन अंगों को अपने अनुरूप गढ़ रही होती है। इस संक्रमणकाल के समाप्त होने के बाद नियंत्रण की आवश्यकता ही नहीं रहेगी, क्योंकि सब कुछ एक एकीकृत चेतना का रूप धारण कर लेगा और फिर वह एक समष्टि के रूप में एक सहज-स्वाभाविक समग्रता और एकता के रूप में कार्य करेगा।

विज्ञानमयी सत्ता में अहंभाव के आग्रह और उच्च अहंभाव के नियंत्रण के बीच में कोई विरोध नहीं हो सकता, क्योंकि जीवनसंबंधी अपने कर्म में विज्ञानमय व्यक्ति अपने आपको, तथा अपनी सत्ता के सत्य को व्यक्त करेगा और साथ ही भागवत 'इच्छा' को चरितार्थ भी करेगा, क्योंकि वह भगवान् को अपनी सच्ची सत्ता और अपने आध्यात्मिक व्यक्तित्व का स्रोत और निर्माता समझेगा; उसके व्यवहार के ये दो उद्गम एक ही कर्म में एक ही साथ उपस्थित नहीं होंगे, बल्कि ये एक ही चालक शक्ति होंगे। यह प्रेरक शक्ति प्रत्येक परि-स्थिति में उस परिस्थिति के सत्य के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति में उसकी आवश्यकता, उसकी प्रकृति और उसके संबंध के अनुसार तथा प्रत्येक घटना में 'भागवत इच्छा' द्वारा घटना पर की गयी मांग के अनुसार कार्य करेगी। कारण, यहां सब कुछ एक 'शक्ति' की अंशभूत अनेक शक्तियों की जटिल प्रणाली और उनके घनिष्ठ संबंध का परिणाम होता है। विज्ञान-मयी चेतना और 'सत्य-चेतना' इन शक्तियों में से प्रत्येक के तथा सबके सत्य को देख लेगी; वह शक्तियों की इस जटिल प्रणाली पर आवश्यक क्रिया करके तथा उसमें हस्तक्षेप करके उस कार्य को पूरा कर लेगी जो उसके द्वारा होना निश्चित था, केवल उतना ही, अधिक नहीं। इस तादात्म्य का जो सर्वत्र उपस्थित है, जो प्रत्येक वस्तु को शासित करता है और जो समस्त विभिन्नताओं में सामंजस्य लाता है परिणाम यह होगा कि पृथक्कारी अहं-

भाव अपना पृथक् आग्रह रखते हुए भी अपने आपको व्यक्त नहीं करेगा। विज्ञानमय व्यक्ति की सत्ता की इच्छा ईश्वर की इच्छा के साथ एक होगी, वह पृथक्कारी या विरोधी स्व-इच्छा नहीं होगी। उसे कर्म और कर्म के परिणाम का आनंद प्राप्त होगा, किंतु वह अहं-भावयुक्त मांग से, कर्म की आसक्ति तथा परिणाम की इच्छा से मुक्त होगी। वह वही करेगी जिसे वह समझती थी कि किया जाना चाहिये और जिसे करने के लिये उसे प्रेरणा मिली थी। इसी प्रकार मानसिक प्रकृति में भी स्व-प्रयत्न और 'उच्चतर संकल्प' के आदेश के पालन के बीच में कोई विरोध या संघर्ष नहीं हो सकता, कारण, वहां आत्मा या प्रतीय-मान व्यक्ति अपने आपको सर्वोच्च सत्ता, संकल्प या पुरुष से पृथक् देखता है, किंतु यहां व्यक्ति 'सर्वोच्च सत्ता' की अंशभूत सत्ता है, अतएव विरोध या संघर्ष पैदा ही नहीं होता। व्यक्ति का कर्म व्यक्ति में उपस्थित 'ईश्वर' का, अनेक में उपस्थित 'एक' का कर्म है, और इसलिये स्व-इच्छा पर पृथक् रूप में आग्रह के लिये या स्वाधीन होने के अहंकार के लिये कोई कारण नहीं हो सकता।

विज्ञानमय व्यक्ति की स्वतंत्रता इस तथ्य पर आधारित है कि 'भागवत ज्ञान' और 'शक्ति' अर्थात् सर्वोच्च 'अतिप्रकृति' विज्ञानमय व्यक्ति के द्वारा, उसके पूरे सहयोग के साथ, कार्य करेगी। यही एकता उसे स्वाधीनता प्रदान करती है। नियम से मुक्ति,—इसमें नैतिक नियम भी शामिल है,—जो प्रायः ही आध्यात्मिक सत्ता का विशेष गुण मानी जाती है उसकी इच्छा के सनातन इच्छा के साथ एकत्व पर आधारित है। तब सब मानसिक मानदंड विलीन हो जायंगे, क्योंकि उनकी आवश्यकता नहीं रहेगी। उनका स्थान 'भागवत सत्ता' के साथ तादात्म्य तथा और समस्त सत्ताओं के साथ तादात्म्य का उच्चतर प्रामाणिक नियम ले लेगा। स्वार्थ या परार्थ का, अपने या पराये का कोई प्रश्न ही नहीं उठेगा, क्योंकि सब एक सत्ता के रूप में देखे और समझे जायंगे और केवल वही किया जायगा जिसे सर्वोच्च 'सत्य' और शुभ ने निर्धारित किया है। कर्म में स्वतः-स्थित वैश्व प्रेम की, सहानुभूति और एकत्व की व्यापक भावना उपस्थित होगी, किंतु यह भावना कर्म को केवल शासित या निर्धारित ही नहीं करेगी, बल्कि उसके अंदर पैठकर उसे प्रभावित भी करेगी, उसमें विचरण करेगी। वह अपनी खातिर वस्तुसंबंधी विशालतर सत्य के विरोध में नहीं खड़ी होगी, न ही वह भगवत्-इच्छित सच्ची क्रिया से अलग हटने के लिये किसी को विवश करेगी। यह विरोध और व्यतिक्रम केवल अज्ञान में ही घटित हो सकते हैं जहां प्रेम या प्रकृतिसंबंधी किसी अन्य सबल सिद्धांत को बुद्धिमत्ता से विच्छिन्न किया जा सकता है। किंतु अतिमानसिक विज्ञान में समस्त शक्तियां एक-दूसरी के अधिक निकट हैं तथा एक होकर काम करती हैं। विज्ञानमय व्यक्ति में 'सत्य-ज्ञान' ही पथ-प्रदर्शन एवं निर्धारण करता है। और सत्ता की अन्य समस्त शक्तियां कर्म में एकत्र होकर कार्य करती हैं। प्रकृति की शक्तियों में विरोध या संघर्ष के लिये कोई स्थान नहीं होता। समस्त कर्म में सत्ता का एक ऐसा अनिवार्य लक्ष्य होता है जो अपनी परिपूर्णता चाहता है। सत्तासंबंधी सत्य को जो अभी तक अभिव्यक्त नहीं हुआ है अभिव्यक्त करना चाहिये, या अभिव्यक्त होते हुए सत्य का विकास करना चाहिये, उसे अभिव्यक्ति में चरितार्थ करना एवं परिपूर्ण बनाना चाहिये, या फिर, यदि वह चरितार्थ हो चुका है तो सत्ता और स्व-चरितार्थतासंबंधी उसके आनंद का उपभोग करना चाहिये। 'अज्ञान' के अर्ध-प्रकाश और उसकी अर्ध-शक्ति में यह

अनिवार्य लक्ष्य गुप्त है या अर्धप्रत्यक्ष है, और चरितार्थता की प्रेरणा एक अपूर्ण, संघर्षमयी एवं अंशतः निष्फल क्रिया है। किंतु विज्ञानमय व्यक्ति और जीवन में सत्ता के अनिवार्य लक्ष्य उसके अपने अंदर ही अनुभव किये जायंगे, घनिष्ठ रूप में देखे और क्रियान्वित किये जायंगे, उनकी संभावनाएं मुक्त क्रीड़ा करेंगी। परिस्थिति के सत्य तथा 'अतिप्रकृति' के अभिप्राय के अनुसार ही वास्तविक कार्य किया जायगा, यह सब कुछ ज्ञानावस्था में देखा जायगा और कर्म में अपने आपको विकसित करेगा। कार्यरत शक्तियों में कोई अनिश्चित संघर्ष या क्षोभ नहीं होगा, न ही सत्य में विरोध के लिये या चेतना की विपरीत क्रिया के लिये वहां कोई स्थान होगा। यांत्रिक नियम के किसी बाह्य मानदंड को लागू करना वहां पूर्णतया व्यर्थ होगा जहां प्रकृति के कर्म में सत्य की स्वाभाविकता एवं उसकी सहज क्रिया पायी जाती है। एक सामंजस्यपूर्ण कर्म, भगवान् के उद्देश्य की क्रियन्विति तथा वस्तु-संबंधी अनिवार्य सत्य की चरितार्थता ही तब समस्त अस्तित्व का नियम और स्वाभाविक सक्रिय सिद्धांत होगी।

तादात्म्य द्वारा प्राप्त ज्ञान जो साधनों की समृद्धि के लिये सर्वांगीण सत्ता की शक्तियों का प्रयोग करता है अतिमानसिक जीवन का मूल सिद्धांत होगा। विज्ञानमयी सत्ता के अन्य स्तरों पर साधन भिन्न प्रकार के होंगे, यद्यपि वहां भी आध्यात्मिक सत्ता और चेतना का सत्य अपने आपको चरितार्थ कर लेगा। एक 'उच्चतर-मानसिक' सत्ता चिंतन और विचारसंबंधी सत्य के द्वारा कार्य करेगी तथा उसे जीवन के कर्म में चरितार्थ कर लेगी। किंतु अतिमानसिक विज्ञान में विचार एक परोक्ष क्रिया है, वह सत्य-दृष्टि की एक रचना है, निर्धारक या प्रमुख प्रेरित शक्ति नहीं। वह ज्ञान की प्राप्ति या कर्म का साधन कम है और ज्ञान को अभिव्यक्त करने का अधिक,—या फिर वह कर्म में तादात्म्य-संबंधी संकल्प और ज्ञान के स्वरूप के प्रवेश-बिंदु के रूप में हस्तक्षेप करेगा। इसी प्रकार आलोकित विज्ञानमयी सत्ता में सत्य-दृष्टि और अंतर्ज्ञानयुक्त विज्ञानमयी सत्ता में एक सीधा सत्य-संपर्क और अनुभवशील सत्य-भावना कर्म का प्रमुख स्रोत होगी। अधिमानस में वस्तु-संबंधी सत्य का एक व्यापक और तात्कालिक ज्ञान और प्रत्येक वस्तु की सत्ता का तथा उसके सक्रिय परिणामों का सिद्धांत विज्ञानमय अंतर्ज्ञान और विचार की विशाल विस्तृतता को उत्पन्न और संघटित करेंगे, साथ ही ज्ञान और कर्म के आधार का निर्माण भी करेंगे। अस्तित्व रखने, देखने और कार्य करने की यह विशालता एक आधारभूत तादात्म्य-चेतना का विविध परिणाम होगी, किंतु तादात्म्य स्वयं चेतना के सार-पदार्थ या कर्म की प्रत्यक्ष शक्ति के रूप में सामने उपस्थित नहीं रहेगा। किंतु अतिमानसिक विज्ञान में वस्तुसंबंधी सत्य का आलोकित और तात्कालिक ज्ञान, अर्थात् सत्य-भावना, सत्य-दृष्टि, सत्य-विचार तादात्म्य-चेतना के स्रोत तक पहुंच जायगा तथा वहां अपने ज्ञान के एक अखंड रूप में अपना अस्तित्व रखेगा। तादात्म्य-चेतना सबका पथ-प्रदर्शन करेगी तथा सबको अपने अंदर समाविष्ट कर लेगी। वह एक बोध के रूप में सत्ता के सार-पदार्थ में ही अभिव्यक्त होगी, अपने आपको चरितार्थ करनेवाली अंतर्जात शक्ति को आगे लायगी और सक्रिय रूप में चेतना और कर्म के आकार में अपना निर्धारण स्वयं करेगी। यह आंतरिक बोध अतिमानसिक विज्ञान की क्रिया का मूल स्रोत एवं सिद्धांत है। यह अपने आपमें पर्याप्त हो सकता है, इसे निर्मित करने या इसे मूर्त्त रूप देने के लिये किसी और वस्तु की आवश्यकता नहीं होती। किंतु

आलोकित दृष्टि की, एक प्रकाशपूर्ण विचार की तथा आध्यात्मिक चेतना की अन्य समस्त क्रियाओं की क्रीड़ा वहां उपस्थित होगी। उन्हें अपने गौरवपूर्ण कार्य को करने के लिये, दिव्य समृद्धि और विविधता को, स्व-अभिव्यक्ति के बहुविध आनंद तथा 'असीम' की शक्तियों के उल्लास को पाने के लिये स्वतंत्र साधन प्राप्त होंगे। विज्ञान के मध्यवर्ती स्तरों या अवस्थाओं या स्तरों में भागवत 'सत्ता' और 'प्रकृति' के पक्षों के विविध और पृथक् रूपों की अभिव्यक्ति हो सकती है, ये रूप प्रेम की आत्मा और उसका प्राण, भागवत प्रकाश और ज्ञान की आत्मा और उसका प्राण, भागवत शक्ति और सर्वोच्च कर्म एवं सृष्टि की आत्मा और उसका प्राण, साथ ही भागवत जीवन के कई और भी अगणित रूप हो सकते हैं। अतिमानसिक शिखर पर सब कुछ एक बहुविध एकता एवं सत्ता और जीवनसंबंधी सर्वोच्च समग्रता के अंतर्गत आ जायगा। अपनी अवस्थाओं और शक्तियों की आलोकित और आनंदपूर्ण समग्रता तथा उनकी संतुष्ट एवं सक्रिय क्रिया के रूप में सत्ता की चरितार्थता ही विज्ञानमय जीवन का अर्थ होगा।

समस्त अतिमानसिक विज्ञान एक दोहरी 'सत्य-चेतना' है, एक अंतर्जात स्वज्ञान की तथा आत्मा और जगत् के तादात्म्य द्वारा प्राप्त घनिष्ठ विश्व-ज्ञान की चेतना है। यह ज्ञान ही विज्ञान का मापदंड है, उसकी विशेष शक्ति है। किंतु यह केवल वैचारिक ज्ञान नहीं है, न ही यह ऐसी चेतना है जो निरीक्षण करती है, विचारों का गठन करती है या उन्हें कार्यान्वित करने का प्रयत्न करती है। यह चेतना की मूल ज्योति है, सत्ता एवं अभिव्यक्ति की समस्त वास्तविकताओं की अपनी ज्योति है, यह एक ऐसी सत्ता का सत्य है जो अपने आपको निर्धारित, निर्मित एवं चरितार्थ कर रही है। अभिव्यक्ति का उद्देश्य कुछ बनना है, जानना नहीं। ज्ञान तो केवल सत्ता की क्रियाशील चेतना का साधनमात्र है। पृथ्वी पर विज्ञानमय जीवन का रूप एक ऐसी सत्य-चेतन सत्ता की अभिव्यक्ति या क्रीड़ा होगा जो समस्त वस्तुओं में अपने प्रति सचेतन हो चुकी है, जो अपनी चेतनता से अनभिज्ञ नहीं है, जो रूप और कर्म में ग्रस्त हो जाने से अपनी वास्तविक सत्ता को बिलकुल या आधा भूल नहीं गयी है, बल्कि एक मुक्त आध्यात्मिक शक्ति के साथ अपनी स्वतंत्र और पूर्ण अभिव्यक्ति के लिये रूप और कर्म का प्रयोग करती है, जो अपने खोये हुए, भूले या छुपे हुए अथवा आवृत अर्थ या अर्थों की खोज नहीं करती, न ही जो अब बंधी हुई है बल्कि जो निश्चेतना और अज्ञान से मुक्त हो चुकी है, अपने सत्यों और अपनी शक्तियों को जानती है तथा अपनी अभिव्यक्ति को एक ऐसी क्रिया के रूप में स्वतंत्रतापूर्वक निर्धारित करती है जो हर क्षण और हर ब्योरे में अपनी सर्वोच्च और वैश्व वास्तविकता के साथ एक स्वर और एक लय में रहती है। यह उसके सार पदार्थ की, उसकी चेतना की, अस्तित्वसंबंधी उसकी शक्ति की और उसके आनंद की क्रीड़ा होगी।

विज्ञानमय विकास की अवस्था में चेतना के संतुलन, उसकी स्थिति और सामंजस्यपूर्ण क्रियाओं तथा जीवनसंबंधी शक्ति और आनंद में अत्यधिक विभिन्नता होगी। स्वभावतः ही अपने शिखरों की ओर जाते हुए विकासात्मक अतिमानस की और आगे की ऊंची चढ़ाइयों में बहुत से स्तर प्रकट होंगे, किंतु सबका आधार और सिद्धांत एक ही होगा। 'आत्मा' की अभिव्यक्ति में 'परम सत्ता' के लिये—क्योंकि वह अपने आपको पूर्णतया जानती है,—यह आवश्यक नहीं है कि वह अपने समस्त अस्तित्व की रचना और कर्मसंबंधी उस वास्तविक

रूप में व्यक्त करे जो उसकी आत्म-अभिव्यक्ति की उस समय की शक्ति एवं अवस्था है। वह अपने ऊपरी रूप को अभिव्यक्त कर सकती है तथा अपने शेष भाग को आत्मसत्ता के अव्यक्त आनंद में पीछे भी रख सकती है। जो कुछ पीछे स्थित है वह सब और उसका आनंद अपने आपको ऊपरी तल पर प्राप्त कर लेगा, उसमें अपने आपको जान लेगा तथा आविर्भाव या अभिव्यक्ति को धारण करके उसे अपनी उपस्थिति से तथा समग्रता और असीमता की भावना से ओतप्रोत कर देगा। यह ऊपरी तल की रचना जिसके पीछे शेष सब कुछ स्थित है तथा जिसके अंदर वह सत्तासंबंधी शक्ति में स्थिर है एक ज्ञानयुक्त क्रिया होगी, अज्ञान की क्रिया नहीं। यह 'अतिचेतन' की एक आलोकित स्व-अभिव्यक्ति होगी, निश्चेतना की उपज नहीं। इस प्रकार एक विशाल और समन्वित विविधता विज्ञानमयी चेतना और जीवन के विकास की सुंदरता और पूर्णता में एक तत्त्व होगी। जैसा कि विज्ञानमय विकास के निम्न स्तरों के साथ व्यवहार किया जाता है वैसे ही अपने चारों ओर के अज्ञानपूर्ण मन के साथ व्यवहार करते हुए अतिमानसिक जीवन सत्तासंबंधी 'सत्य' की इसी अंतर्निहित शक्ति और क्रिया का प्रयोग करेगा। वह उसी पूर्ण 'सद्वस्तु' के प्रकाश में अपने सत्तासंबंधी सत्य को उस सत्य के साथ संयुक्त कर देगा जो 'अज्ञान' के पीछे स्थित है। वह समस्त संबंधों का आधार एक ही आध्यात्मिक एकता पर रखेगा तथा प्रत्यक्ष विभेद को स्वीकार करके उसे समन्वित कर देगा। विज्ञानमय प्रकाश प्रत्येक परिस्थिति में एक दूसरे के यथार्थ संबंध को तथा एक की दूसरे पर की गयी क्रिया और प्रतिक्रिया को एक सुनिश्चित वस्तु बना देगा। विज्ञानमय बल या प्रभाव का आग्रह सदा ही एक समस्वरतापूर्ण चरितार्थता पर होगा, वह अधिक विकसित जीवन और कम विकसित जीवन में यथार्थ संबंध स्थापित कर देगा तथा अपने सामर्थ्य के द्वारा निम्न जीवन में एक महत्तर समन्वय ले आयेगा।

जिस हद तक हम अपने मानसिक विचार के द्वारा विकास को उसके उस बिंदु तक देख सकते हैं, जहां वह अधिमानस से प्रकट होगा और सीमा को पार करके अतिमानसिक विज्ञान में प्रवेश करेगा उस हद तक विज्ञानमय व्यक्ति की सत्ता का, उसके जीवन और कर्म का यही स्वरूप होगा। विज्ञान का यह स्वरूप प्रत्यक्षतः ही विज्ञानमयी सत्ताओं के वैयक्तिक जीवन और सामुदायिक जीवन के समस्त संबंधों को निर्धारित करेगा। कारण विज्ञानमय समुदाय सत्य-चेतना की एक सामूहिक आत्म-शक्ति होगी, उसी प्रकार जिस प्रकार विज्ञानमय व्यक्ति उसकी वैयक्तिक आत्मशक्ति होती है। एकत्वयुक्त जीवन और कर्म में उसकी वही पूर्णता होगी, सत्तासंबंधी वही चरितार्थता और चेतन एकता होगी, वही सहजता और घनिष्ठ ऐक्य-भावना होगी, अपनी और दूसरे की वही अनन्य और पारस्परिक सत्य-दृष्टि एवं सत्य-भावना होगी, प्रत्येक के प्रत्येक के साथ और सबके सबके साथ संबंध में वही सत्य-क्रिया होगी। यह सामूहिकता एक यांत्रिक पूर्णता नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक पूर्णता होगी और उसी रूप में कार्य भी करेगी। स्वतंत्रता और व्यवस्था के संयोग की ऐसी ही अनिवार्यता सामूहिक जीवन का नियम होगी। वह दिव्य आत्माओं में 'असीम' की विविध क्रीड़ा की स्वतंत्रता होगी, वह आत्माओं की चेतन एकता की व्यवस्था होगी, जो अतिमानसिक 'असीम' का नियम है। जब हम एकत्व का मानसिक रूप में अर्थ करते हैं तो उसमें समानता भी आ जाती है। मानसिक तर्कबुद्धि द्वारा प्राप्त एक सर्वांगीण एकता हमें एक पूर्ण मानदंड की ओर ले जाती है, वह उसका एक प्रभावशाली साधन होता है,—

यहां केवल विभिन्नता के हल्के रूपों को ही कार्य करने दिया जायगा। किंतु एकत्व की अभिव्यक्ति में एक अत्यधिक समृद्ध विभिन्नता ही विज्ञानमय जीवन का सिद्धांत होगी। विज्ञानमयी चेतना में विभिन्नता का परिणाम विरोध नहीं बल्कि एक सहज-स्वाभाविक अनुकूलता होगा, एक पूरक विपुलता की भावना और उस वस्तु की समृद्ध और बहुमुखी चरितार्थता होगा जिसे जीवन में मनुष्य को सामूहिक रूप में जानना चाहिये, संपन्न एवं चरितार्थ करना चाहिये। कारण, मन और प्राण में कठिनाई अहंभाव से, पूर्ण रूपों के अवयवीभूत अंगों में विभाजन से उत्पन्न होती है; ये अंग विपरीत, विरोधी और असमान रूप में प्रकट होते हैं। जिस बात में ये एक-दूसरे से पृथक् होते हैं, उसे सरलता से अनुभव किया जाता है। किंतु जिस बात में वे एकत्र होते हैं—उनकी विविधता को चाहे जो भी बस्तु एकत्र रखती हो—वह या तो वहां अधिकतर उपस्थित नहीं रहती या फिर वह बड़ी कठिनाई से प्राप्त होती है। प्रत्येक कार्य विभिन्नता को अधिकार में करके या उसके अनुकूल बनके तथा एक निर्मित एकता के द्वारा ही किया जाता है। वस्तुतः एकत्व का एक आधारभूत सिद्धांत होता है और 'प्रकृति' इस बात पर आग्रह करती है कि एकत्व के निर्माण में इस सिद्धांत को प्रकट होना ही चाहिये। कारण, वह सामूहिक और सामुदायिक होने के साथ साथ वैयक्तिक और अहंभावयुक्त भी होती है। उसके साधन सहचारिता, सहानुभूति, समान आवश्यकताएं, हित, आकर्षण और रुचियां अवश्य हैं, पर साथ ही वह एकीकरण लाने के लिये अधिक क्रूर साधनों का भी प्रयोग करती है। किंतु उसके अहंकारयुक्त जीवन और अहंकारयुक्त स्वभाव का गौण, आग्रहपूर्ण और अत्यधिक प्रबल आधार एकता को आच्छादित कर देता है तथा उसकी समस्त रचनाओं में अपूर्णता और अरक्षा की भावना ले आता है। एक और कठिनाई अंतर्ज्ञान और सीधे आंतरिक संपर्क की अनुपस्थिति. बल्कि इन दोनों की अपूर्णता से भी उत्पन्न होती है। वह प्रत्येक को एक ऐसी पृथक् सत्ता बना देती है जो दूसरे की सत्ता और प्रकृति को कठिनाई से समझने के लिये और एक आंतरिक पर सीधे अर्थ एवं बोध के स्थान पर बाह्य समझ और पारस्परिकता एवं समस्वरता स्थापित करने के लिये विवश होती है। इस सब का परिणाम यह होता है कि पारस्परिक अज्ञान का पर्दा समस्त मानसिक और प्राणिक आदान-प्रदान में बाधा उपस्थित कर देता है, उसमें अहंभाव, न्यूनता एवं अपूर्णता ले आता है। उधर सामूहिक जीवन में विज्ञानमयी प्रकृति की पूर्णता लानेवाली सत्य-भावना और समन्वयकारी एकता समस्त विभिन्नता को अपनी समृद्धि के रूप में अपने अंदर समाविष्ट कर लेती है तथा अनेकविध विचार, कर्म और भावना को एक आलोकपूर्ण समग्र जीवन की एकता में बदल देती है। यह 'सत्य-चेतना' के तथा समस्त सत्ताओं की आध्यात्मिक एकता की सक्रिय चरितार्थता के स्वभाव का प्रत्यक्ष सिद्धांत एवं अनिवार्य परिणाम होगा। यह चरितार्थता ही जो जीवन की परिपूर्णता की कुंजी है तथा जिसे पाना मानसिक स्तर पर कठिन होता है और यदि प्राप्त कर भी लिया जाय तो जिसे गतिशील और व्यवस्थित करना कठिन होता है, समस्त विज्ञानमयी सृष्टि और विज्ञानमय जीवन में स्वाभाविक रूप में सक्रिय और सहज रूप में व्यवस्थित होगी।

यह सब सरलता से तभी समझ में आ सकता है यदि हम विज्ञानमय सत्ताओं को 'अज्ञान' के जीवन के साथ कोई संपर्क रखे बिना ही अपना जीवन बिताते हुए देखें। किंतु यहां विकास के तथ्य के होने के कारण विज्ञानमयी अभिव्यक्ति समष्टि में एक परिस्थितिमात्र

होगी, चाहे वह होगी एक निश्चयात्मक परिस्थिति ही। चेतना और प्राण के निम्न स्तरों में एक सतत क्रम रहेगा, कुछ स्तर अज्ञान में अभिव्यक्ति को जारी रखेंगे और कुछ इस अभिव्यक्ति और विज्ञान में होनेवाली अभिव्यक्ति के बीच में मध्यस्थ का काम करेंगे। सत्ता और जीवनसंबंधी ये दो रूप या तो अपना अस्तित्व साथ साथ रखेंगे या एक दूसरे में प्रविष्ट हो जायंगे। परंतु दोनों अवस्थाओं में विज्ञानमय तत्त्व से यह आशा की जायगी कि वह यदि अभी नहीं तो अंत में 'समष्टि' को अपने अधिकार में कर लेगा। उच्चतर मन के आध्यात्मिक स्तर अपना संबंध अतिमानसिक तत्त्व से बनाये रखेंगे और यह तत्त्व अब उन्हें प्रत्यक्ष रूप से सहायता देगा और उन्हें एक सूत्र में बांधे रखेगा; ये स्तर भी अब 'अज्ञान' और 'निश्चेतना' की उस पकड़ से मुक्त हो जायंगे जो उन्हें पहले चारों ओर से आक्रांत किये हुए थी। सत्तासंबंधी सत्य की अभिव्यक्तियों के रूप में, चाहे ये अभिव्यक्तियां किसी भी विशिष्ट और परिवर्तित अंश में क्यों न हों, वे स्तर अपने समस्त प्रकाश और बल को अतिमानसिक विज्ञान से ही ग्रहण करेंगे तथा उसकी साधन-रूप शक्तियों से अपना अत्यधिक संपर्क रखेंगे। वे स्वयं भी आत्मा की चेतन प्रेरक शक्तियां होंगे। यद्यपि उन्हें अपने पूर्णतया चरितार्थ आध्यात्मिक तत्त्व की पूरी शक्ति अभी प्राप्त नहीं हुई है, फिर भी वे उस निम्न साधन के अधीन नहीं होंगे, जो निर्ज्ञान के तत्त्व के द्वारा खंड खंड हो चुका है, मिश्रित एवं क्षीण हो चुका है या धुंधला पड़ गया है। वह समस्त 'अज्ञान' जो अधिमानस में और अंतर्ज्ञानयुक्त आलोकित या उच्चतर मन-रूपी सत्ता में उत्पन्न होता है या उनमें प्रवेश करता है, अज्ञान नहीं रहेगा। वह प्रकाश में प्रवेश करेगा, वह इस प्रकाश में उस सत्य को प्राप्त कर लेगा जिसे उसने पहले अपने अंधकार से ढक दिया था। उसे एक ऐसी मुक्ति, एक ऐसा रूपांतर, चेतना और सत्तासंबंधी एक ऐसी अवस्था प्राप्त हो जायगी, जो उसे इन उच्चतर अवस्थाओं के साथ तद्रूप कर देगी तथा अतिमानसिक स्तर के लिये तैयार कर देगी। साथ ही विज्ञानसंबंधी अंतर्निहित सिद्धांत जो एक प्रत्यक्ष तत्त्व के रूप में कार्य कर रहा है, जो अब ऊपर उठकर एक सतत क्रियाशील शक्ति बन गया है, जो केवल एक ऐसी छुपी हुई शक्ति ही नहीं रहा है जिसका एकमात्र कार्य वस्तुओं को गुप्त रूप से उत्पन्न करना हो या पर्दे के पीछे से उन्हें सहायता पहुंचाना हो या उनमें कभी कभी हस्तक्षेप करना हो, अभी भी विद्यमान 'निश्चेतना' और 'अज्ञान' पर अपने समन्वयसंबंधी नियम का कुछ अंश लागू कर सकेगा। कारण, उनमें छुपी हुई गुप्त विज्ञानमयी शक्ति अपनी सहायता करनेवाली और उत्पन्न करनेवाली सामर्थ्य के साथ कार्य करेगी, अधिक स्वतंत्र और अधिक सबल रूप में हस्तक्षेप करेगी। अज्ञानमय जगत् के जीव, जो विज्ञानमयी सत्ताओं के साथ संबंध रखने के कारण तथा पार्थिव प्रकृति में अतिमानसिक 'परम सत्ता' और 'परम शक्ति' की विकसित एवं प्रभावशाली उपस्थिति होने के कारण विज्ञान के प्रकाश से प्रभावित हो चुके हैं, अधिक चेतन और प्रत्युत्तरशील हो जायंगे। स्वयं मनुष्यजाति के अरूपांतरित भाग में भी मनोमय मानव व्यक्तियों का एक नया और महत्तर वर्ग उत्पन्न हो सकता है। कारण, एक प्रत्यक्ष अंतर्ज्ञानयुक्त या आंशिक रूप में अंतर्ज्ञान रखनेवाली सत्ता,—पर जो अभी विज्ञानमयी मानसिक सत्ता नहीं है,—प्रत्यक्ष आंशिक रूप में आलोकित मानसिक सत्ता तथा उच्चतर विचारों के स्तर के साथ सीधा या आंशिक रूप में संबंध रखनेवाली मनोमयी सत्ता प्रकट हो जायंगी। ये संख्या में अधिक होती जायंगी तथा अपने आदर्शरूप में

अधिकाधिक विकसित एवं सुरक्षित होती जायंगी ; बल्कि ये एक ऐसी उच्चतर गठित मनुष्य-जाति के रूप में भी अपना अस्तित्व रख सकती हैं जो कम विकसित मनुष्यजाति को ऊपर की ओर, एक ऐसे सच्चे भ्रातृभाव की ओर ले जायगी जो समस्त सत्ताओं में स्थित 'एकमेव भगवान्' की अभिव्यक्ति की अनुभूति से उत्पन्न हुआ है। इस तरह सर्वोच्च वस्तु की पूर्ण चरितार्थता का अर्थ यह भी होगा कि जो कुछ अभी भी निम्न स्तर पर है उसे, उसी के अनुरूप अंश में, कुछ न्यून प्रकार की पूर्णता प्राप्त हो गयी है। विकास के उच्चतर स्तर पर अतिमानस की ऊपर की चढ़ाइयां और चोटियां अब सच्चिदानंद की सत्ता के विशुद्ध आध्यात्मिक अस्तित्व की ओर, उसकी चेतना और उसके आनंद की किसी सर्वोच्च अभिव्यक्ति की ओर आरोहण करना आरंभ कर देंगी।

यहां एक प्रश्न उठ सकता है कि विज्ञानमय परिवर्तन का और विज्ञानमय विकास की प्राप्ति के मार्ग या उसमें आगे के मार्ग का क्या यह अर्थ नहीं है कि अभी या देर में निश्चेतना में से विकास का होना बंद हो जायगा, क्योंकि यहां वस्तुओं के उस अस्पष्ट आरंभ का कारण ही समाप्त हो जायगा। अब इसके आगे एक और प्रश्न उठ सकता है कि क्या अस्तित्व के दो ध्रुवों के रूप में 'अतिचेतना' और 'निश्चेतना' के बीच में की क्रिया भौतिक अभिव्यक्ति का स्थायी नियम है या वह एक सामयिक परिस्थितिमात्र है। इस पिछले विचार को स्वीकार करना कठिन प्रतीत होता है, क्योंकि समस्त भौतिक जगत् का निश्चेतन आधार व्यापकता और स्थायित्व की एक बड़ी भारी शक्ति के द्वारा स्थापित किया गया है। पहले विकासात्मक सिद्धांत के पूर्ण रूपांतर या उसके बहिष्कार का अर्थ यह होगा कि इस विशाल वैश्व निश्चेतना के प्रत्येक भाग में गुप्त अंतर्निहित चेतना की एक ही साथ अभिव्यक्ति हो जायगी। 'प्रकृति' की किसी विशेष दिशा में, उदाहरणार्थ, पार्थिव दिशा में जो परिवर्तन होगा उसका ऐसा कोई सर्वव्यापी प्रभाव नहीं हो सकता। पार्थिव प्रकृति में होनेवाली अभिव्यक्ति का अपना विकासक्रम होता है और हमें केवल इसी क्रम की पूर्णता पर विचार करना है। यहां यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अभिव्यक्तिकारी सृष्टि के अंतिम परिणाम में या निम्नतर त्रिविध अस्तित्व में या चेतन सत्ता के ऊपर के गोलार्ध की प्रतिमूर्ति में विकास, चाहे वह अपने अंशों और अपनी अवस्थाओं में एक सा रहता है, समस्वरता के विधान के, विभिन्नता में स्थित एकता तथा विभिन्नता द्वारा एकता की कार्यान्विति के नियम के अधीन रहता है। यह संघर्ष में से गुजरनेवाला विकास नहीं होगा। यह एक अवस्था से दूसरी अवस्था तक, निम्नतर प्रकाश से उच्चतर प्रकाश तक, स्व-अभिव्यक्तिकारी अस्तित्व के बल और सौंदर्य के एक प्रतिरूप से उसके उच्चतर प्रतिरूप तक एक समन्वयपूर्ण विकास होगा। इससे अन्यथा तभी हो सकता है यदि किसी कारण संघर्ष और कष्ट का नियम असीम की उस रहस्यमय संभावना की चरितार्थता के लिये अभी भी आवश्यक हो जिसका सिद्धांत निश्चेतना में डुबकी लगाने का मूल कारण है। किंतु ऐसा प्रतीत होता है कि एक बार अतिमानसिक विज्ञान के निश्चेतना में से प्रकट हो जाने के बाद यह आवश्यकता पार्थिव प्रकृति के लिये समाप्त हो जायगी। एक परिवर्तन बड़े दृढ़ रूप में आरंभ हो जायगा। यह परिवर्तन अपनी चरम सीमा तक तब पहुंचेगा जब अतिमानसिक विकास पूरा हो जायगा तथा 'सच्चिदानंद' की सर्वोच्च अभिव्यक्ति की महत्तर पूर्णता को प्राप्त कर लेगा।

दिव्य जीवन

आध्यात्मिक विकास

६

दिव्य जीवन

१

ओ द्रष्टा 'ज्योति', तू कुटिल ढंगोंवाले मनुष्य को स्थायी सत्य और ज्ञान में ले जाती है। —ऋग्वेद, १. २१. ६.

मैं पृथ्वी और स्वर्ग को 'सत्य' के द्वारा पवित्र बनाता हूं। —ऋग्वेद, १. १३३. १.

उसका आनंद, उसमें जो उसे अपने अंदर धारण करता है, दो जन्मों को, मानवी अभिव्यक्ति और दैवी अभिव्यक्ति को, गतिशील कर देता है, वह दोनों में विचरता है। —ऋग्वेद, ९. ८६. ४२.

उसके अंतर्ज्ञान की अजेय किरणें वहां उपस्थित रहें, वे अमरत्व की खोज करें तथा दोनों जन्मों में व्याप्त रहें। कारण, उन्हीं के द्वारा वह मानवी शक्तियों और दैवी वस्तुओं को एक ही क्रिया के रूप में गतिशील कर देता है। —ऋग्वेद, ९. ७०. ३.

जब तू सूखे वृक्ष से एक सजीव देवता के रूप में उत्पन्न होता है तो सब तेरी इच्छा को स्वीकार करें, जिससे कि वे दिव्यता को प्राप्त कर सकें तथा तेरी गति के समान ही तेज चाल से 'सत्य' और 'अमरत्व' को प्राप्त कर सकें। —ऋग्वेद, १०. ६८. २.

अब तक हमारे प्रयत्न का अर्थ यह खोजना रहा है कि भौतिक जगत् में चेतन सत्ताओं के रूप में हमारे जीवन की वास्तविकता और उसका अर्थ क्या है और जो अर्थ एक बार खोज लिया गया है वह हमें किस दिशा में तथा कितनी दूर तक अर्थात् किस मानवी या दैवी भविष्य की ओर ले जायगा। हमारा जीवन वस्तुतः स्वयं 'जड़ पदार्थ' की या 'जड़-पदार्थ' का निर्माण करनेवाली किसी 'शक्ति' की एक व्यर्थ सी सनक या फिर 'परम आत्मा' की एक ऐसी सनक भी हो सकता है जिसकी व्याख्या न की जा सकती हो। यह भी हो सकता है कि यह एक अतिवैश्व स्रष्टा की एक स्वेच्छाचारी कल्पना हो। उस अवस्था

में, यदि जड़ पदार्थ या एक निश्चेतन 'शक्ति' 'कल्पनाएं' गढ़नेवाली हो तो, इसका कोई मूल अर्थ नहीं है, बिलकुल ही कोई अर्थ नहीं। कारण, तब यह अधिक से अधिक संयोग के घूमते हुए चक्र का एक असंबद्ध वर्णन या एक अंध 'आवश्यकता' का कठिन मोड़ होता है, उसका अर्थ तब केवल भ्रांतिपूर्ण ही हो सकता है। यदि यह 'परम आत्मा' की एक भूल हो तो यह अर्थ शून्य में विलीन हो जाता है। किंतु चेतन स्रष्टा ने हमारे जीवन का कुछ न कुछ अर्थ जरूर निश्चित किया होगा, अतएव, उसकी इच्छा की प्रत्यक्ष अनुभूति के द्वारा ही उसकी खोज की जानी चाहिये। वह वस्तुओं की प्रकृति में अंतर्निहित नहीं है, न ही वह वहां खोजा जा सकता है। किंतु यदि एक ऐसी 'सद्वस्तु' पृथ्वी पर विद्यमान है जिसका परिणाम हमारा यह जीवन है, तो उस 'सद्वस्तु' का एक ऐसा सत्य भी होना चाहिये जो अपने आपको अभिव्यक्त एवं चरितार्थ कर रहा है, अपने आपको विकसित कर रहा है, यही सत्य हमारी अपनी सत्ता और जीवन का अर्थ होगा। 'सद्वस्तु' चाहे जो भी हो, वह एक ऐसी वस्तु अवश्य है जिसने 'काल' में होनेवाली अभिव्यक्ति का एक रूप स्वीकार कर लिया है,—यह अविभाजित अभिव्यक्ति है, क्योंकि हमारा वर्तमान और हमारा भविष्य उस अतीत को जो कि उनका निर्माता है एक रूपांतरित या किसी अन्य रूप में धारण किये हुए हैं, उधर अतीत और वर्तमान भी अनिर्मित भविष्य के रूप में अपने रूपांतर को अपने अंदर पहले से धारण किये हुए थे और अब भी धारण किये हुए हैं, चाहे हम इस रूपांतर को देख नहीं सकते, क्योंकि वह अभी अभिव्यक्त और विकसित नहीं हुआ है। यहां हमारे अस्तित्व का अर्थ हमारी भवितव्यता को निर्धारित करता है। यह भवितव्यता एक ऐसी वस्तु है जो हमारे अंदर पहले से ही एक आवश्यकता और संभाव्यता के रूप में विद्यमान है, आवश्यकता तो हमारी सत्ता की गुप्त और प्रकट होती हुई सद्वस्तु की है, और संभाव्यता उसकी गुप्त शक्तियों का एक ऐसा सत्य है जिसे चरितार्थ किया जा रहा है। दोनों, यद्यपि अभी चरितार्थ नहीं हुए हैं पर तब भी जो अभिव्यक्त हो चुका है उसमें वे निहित अवश्य हैं। यदि कोई ऐसी 'सत्ता' है जो अभिव्यक्त हो रही है, यदि अस्तित्व-संबंधी कोई ऐसा सत्य है जो 'काल' में अपने आपको अभिव्यक्त कर रहा है, तो वह सत्ता और वह सत्य गुप्त रूप में जो कुछ है वही हमें बनना है, अतएव इस 'बनने' में ही हमारे जीवन का अर्थ निहित है।

चेतना और जीवन को उस सबका मूल आधार बनना चाहिये जो इस प्रकार 'काल' में क्रियान्वित हो रहा है। कारण, उनके बिना जड़पदार्थ और जड़पदार्थ का जगत् एक अर्थहीन तथ्य बन जायगा, एक ऐसी वस्तु बन जायगा जो अभी 'संयोग' के द्वारा या एक अचेतन 'आवश्यकता' के द्वारा उत्पन्न हुई है। किंतु चेतना और जीवन का वर्तमान रूप ही समस्त रहस्य नहीं हो सकता, क्योंकि स्पष्टतया दोनों अभी अधूरे हैं, अपने प्रक्रिया-काल में हैं। हमारे अंदर चेतना ही 'मन' है और हमारा मन अज्ञानी एवं अपूर्ण है, वह एक मध्यवर्ती शक्ति है जो कुछ विकसित हो चुकी है और अभी भी अपने से आगे की चीज में विकसित हो रही है। चेतना के कुछ ऐसे निम्न स्तर भी थे जो उससे पहले आये और जिनमें से वह प्रकट भी हुआ, अतएव स्पष्टतया ही कुछ ऐसे उच्च स्तर भी अवश्य होंगे जिनकी ओर वह स्वयं बढ़ रहा है। हमारे चिंतनशील, तर्कशील और विचारशील मन से पहले एक ऐसी चेतना अवश्य विद्यमान थी जो सोचती तो नहीं थी पर सजीव और चैतन्य

थी; इससे पहले अवचेतन और अचेतन सत्ताएं विद्यमान थीं। यह संभव है कि हमारे बाद या हमारी अब तक अविकसित सत्ताओं में एक अधिक बड़ी चेतना विद्यमान हो जो स्वप्रकाशित हो और जो निर्माणकारी विचार पर निर्भर न हो। हमारा अपूर्ण और अज्ञानी विचारक मन निश्चय ही चेतना की अंतिम अवस्था या उसकी अंतिम संभावना नहीं है। कारण, चेतना का मूल वह शक्ति है जो अपने प्रति और अपनी वस्तुओं के प्रति सचेतन है। उसे अपने सच्चे स्वभाव में ही प्रत्यक्ष, आत्मपरिपूर्ण तथा समग्र होना चाहिये। हमारे अंदर यदि वह अपनी क्रियाओं में अप्रत्यक्ष, अपूर्ण एवं अचरितार्थ रहती है या निर्मित साधनों पर निर्भर रहती है तो इसका कारण यह है कि यहां चेतना एक प्रारंभिक और आवृत करनेवाली 'निश्चेतना' से प्रकट होकर भी निश्चेतन सत्ता से उत्पन्न 'निर्ज्ञान' के द्वारा आक्रांत और आच्छादित हो गयी है। किंतु इसमें पूर्ण रूप से प्रकट होने की शक्ति होनी चाहिये और यह संभावना होनी चाहिये कि वह आगे जाकर उस पूर्णता में विकसित हो जाय जो उसका सच्चा स्वभाव है। उसका सच्चा स्वभाव अपनी वस्तुओं के प्रति पूर्णतया सचेतन होता है, इन वस्तुओं में सबसे पहली वस्तु आत्मा अर्थात् वह सत्ता है जो अपनी चेतना को यहां विकसित कर रही है, शेष वह है जिसे हम 'अनात्मा' के रूप में देखते हैं, किंतु यदि अस्तित्व अविभाजित है तो उसे भी वस्तुतः आत्मा होना चाहिये। अतएव विकसित हो रही चेतना की भवितव्यता यह है कि वह अपनी चेतनता में पूर्ण हो जाय, अपने प्रति, बल्कि सबके प्रति सचेतन हो जाय। चेतना की यह पूर्ण और स्वाभाविक अवस्था ही हमारे लिये अतिचेतना है, यह एक ऐसी अवस्था है जो हमसे आगे की वस्तु है और जिसमें यदि हमारा मन एकदम पहुंच जाय तो वह शुरू में कोई क्रिया नहीं कर सकेगा। किंतु इसी अतिचेतना की ओर हमारी चेतन सत्ता विकास कर रही है। हमारी चेतना का इस अतिचेतना में अर्थात् अपने ही उच्चतम रूप में विकास तभी संभव हो सकता है जब कि 'निश्चेतना' में जो कि हमारा वर्तमान आधार है 'अतिचेतना' निहित हो। कारण हमारे अंदर 'सद्वस्तु' की जो कुछ भी अभिव्यक्ति होनी है उसे अपने प्रारंभिक रूप में उस सद्वस्तु में पहले से ही निहित या गुप्त रूप में विद्यमान होना चाहिये। निश्चेतना की इस प्रकार की निवर्तित 'सत्ता' या 'शक्ति' होने की हम उस समय भलीभांति कल्पना कर सकते हैं जब हम अचेतन 'शक्ति' की इस भौतिक सृष्टि को निकट से देखते हैं तथा उसे एक अनोखी रचना एवं एक असीम कौशल के साथ एक विशाल निवर्तित बुद्धि का कार्य परिश्रमपूर्वक करते हुए देखते हैं और साथ ही यह भी देखते हैं कि निवर्तन से विकसित होती हुई बुद्धि का हम एक अंश हैं, हम एक ऐसी प्रकट होती हुई चेतना हैं जो रास्ते में नहीं रुक सकती जब तक कि अंतर्निहित वस्तु विकसित होकर एक सर्वोच्च और पूर्णतया सचेतन और सर्वचेतन 'बुद्धि' के रूप में आविर्भूत ही नहीं हो जाती। इस वस्तु को हमने 'अतिमानस' या 'विज्ञान' का नाम दिया है। कारण, यह स्पष्टतया ही उस 'सद्वस्तु' की, उस 'सत्ता' एवं 'आत्मा' की चेतना है जो हमारे अंदर गुप्त रूप में विद्यमान है तथा यहां धीरे धीरे अभिव्यक्त हो रही है और इसी की प्रकृति में हमें विकसित होना है।

यदि चेतना केंद्रीय रहस्य है तो जीवन बाह्य संकेत है, जड़पदार्थ में स्थित सत्ता की एक प्रभावशाली शक्ति है। कारण, यह चेतना को मुक्त करता है, उसे उसका शक्ति का रूप या आकार प्रदान करता है और भौतिक कर्म में उसे चरितार्थ करता है। यदि 'जड़पदार्थ'

में उसका प्रादुर्भाव या उसकी चरितार्थता ही विकसित होती हुई 'सत्ता' का उसके अपने जन्म में अंतिम उद्देश्य है तो जीवन उस प्रादुर्भाव और चरितार्थता का बाह्य और गतिशील चिह्न एवं संकेत है। किंतु जीवन भी, जैसा कि वह आजकल है, अपूर्ण है और विकसित हो रहा है। वह चेतना के विकास के द्वारा उसी प्रकार प्रगति करता है जिस प्रकार चेतना जीवन के एक महत्तर संगठन और उसकी पूर्णता के द्वारा प्रगति करती है। महत्तर चेतना का अर्थ है महत्तर जीवन। मनुष्य मनोमय प्राणी है, उसका जीवन अपूर्ण है, क्योंकि मन 'सत्ता' की चेतना की प्रथम और सर्वोच्च शक्ति नहीं है। यदि मन पूर्ण हो भी जाय, तो भी कोई ऐसी चीज अवश्य रह जायगी जो अभी तक न तो प्राप्त हुई है और न अभिव्यक्त हुई है। कारण, जो अंतर्निहित अवस्था में है और प्रकट होनेवाला है वह मन नहीं बल्कि 'आत्मा' है, मन आत्मा की चेतना की एक सहज-स्वाभाविक क्रिया नहीं है, बल्कि अतिमानस अर्थात् विज्ञान का प्रकाश ही उसका स्वाभाविक और सक्रिय साधन है। तब यदि जीवन को 'आत्मा' की अभिव्यक्ति होना है तो हमारे अंदर की आध्यात्मिक सत्ता की तथा उसकी अतिमानसिक या विज्ञानमयी शक्ति में एक पूर्णता को प्राप्त चेतना के दिव्य जीवन की यह अभिव्यक्ति ही विकासात्मक 'प्रकृति' का गुप्त अर्थ और अभिप्राय होगी।

समस्त आध्यात्मिक जीवन का अर्थ अपने मूल सिद्धांत में भागवत जीवन में विकास करना है। उस सीमा का निर्धारण करना कठिन है जहां भौतिक जीवन समाप्त होता है और भागवत जीवन प्रारंभ होता है, कारण दोनों एक दूसरे के अंदर प्रविष्ट हो जाते हैं और उनके इस परस्पर मिश्रित अस्तित्व का एक लंबा अंतराल होता है। इस मिश्रित अंतराल का एक बड़ा भाग,—विशेषतया जब आध्यात्मिक प्रवृत्ति पृथ्वी और संसार से बिलकुल ही विमुख नहीं हो जाती—एक उच्चतर जीवन के निर्माण की प्रक्रिया के रूप में देखा जा सकता है। ज्यों ही मन और जीवन आत्मा के प्रकाश से जगमगा उठते हैं, त्यों ही वे दिव्यता का, गुप्त महत्तर सद्वस्तु का एक अंश ग्रहण करके उसे प्रतिबिंबित करने लगते हैं; इस क्रिया को अधिकाधिक बढ़ते जाना चाहिये, जब तक कि यह मध्यवर्ती अंतराल पार ही नहीं कर लिया जाता और समस्त जीवन ही आध्यात्मिक तत्त्व के पूर्ण प्रकाश और शक्ति में एकीकृत नहीं हो जाता। किंतु विकासात्मक प्रवृत्ति की पूर्ण और सर्वांगीण चरितार्थता के लिये इस प्रकाश और परिवर्तन को समस्त सत्ता, मन, प्राण और शरीर को अपने हाथ में लेकर उसका पुनः निर्माण करना चाहिये। इसे केवल 'भगवान्' के विषय में एक आंतरिक अनुभूतिमात्र ही नहीं होना चाहिये, बल्कि इसे अपनी शक्ति में आंतरिक और बाह्य दोनों जीवनों का फिर से गठन करना चाहिये। इसे व्यक्ति के जीवन में ही नहीं बल्कि विज्ञानमयी सत्ताओं के एक ऐसे सामूहिक जीवन के रूप में प्रकट होना चाहिये जो पार्थिव प्रकृति में, 'आत्मा' की अभिव्यक्ति की उच्चतम शक्ति और रूप में स्थापित हो चुका है। इसे संभव बनाने के लिये हमारे अंदर के आध्यात्मिक सत्व को सत्ता की आंतरिक अवस्था की ही नहीं बल्कि उसकी बहिर्गामी शक्ति की भी सर्वांगीण पूर्णता प्राप्त कर लेनी चाहिये और उस पूर्णता के साथ तथा उसके पूर्ण कर्म की आवश्यकता के रूप में उसे अपने बाह्य जीवन की भी क्रिया और साधनों को विकसित कर लेना चाहिये।

इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारे अंदर एक आध्यात्मिक जीवन, एक स्वर्ग का राज्य हो सकता है जो बाह्य सत्ता की किसी भी अभिव्यक्ति, साधन या सूत्र पर निर्भर नहीं

होता। आंतरिक जीवन का आध्यात्मिक महत्त्व अत्यधिक है, बाह्य जीवन का मूल्य उसी हद तक है जिस हद तक वह आंतरिक स्थिति को अभिव्यक्त करता है। गीता में कहा गया है कि आध्यात्मिक उपलब्धिवाला मनुष्य अपनी सत्ता और कर्म के सब ढंगों में चाहे जैसे रहे, कर्म और व्यवहार करे "वह मुझ में रहता और विचरता है।" वह भगवान् में निवास करता है, उसे आध्यात्मिक जीवन प्राप्त हो गया है। वह आध्यात्मिक मनुष्य जो आध्यात्मिक सत्ता के अर्थ के अनुसार जीवन बिता रहा है, जिसने अपने अंदर और सर्वत्र स्थित भगवान् को प्राप्त कर लिया है, आंतरिक रूप से भागवत जीवन ही बिता रहा होगा और उसका प्रतिबिंब उसके जीवन के बाह्य कर्मों पर भी पड़ेगा, चाहे वे कर्म पार्थिव प्रकृति के इस जगत् में मानवी विचार और कर्म के सामान्य साधनों से आगे न भी बढ़ें या बढ़ते हुए न भी प्रतीत हों; यह इस बात का पहला सत्य एवं सार है। किंतु फिर भी आध्यात्मिक विकास की दृष्टि से यह केवल व्यक्ति की, अपने आसपास के अपरिवर्तित जीवन में, अपनी ही मुक्ति एवं पूर्णता होगी। कारण, स्वयं पार्थिव प्रकृति में एक महत्तर सक्रिय परिवर्तन, जीवन और कर्म के समस्त सिद्धांत और साधनों का आध्यात्मिक परिवर्तन, सत्ता-संबंधी एक नये क्रम का, एक नये पार्थिव जीवन का प्रादुर्भाव, इन सबको हमें पूर्ण प्राप्ति और भागवत परिणतिसंबंधी विचार में ले आना चाहिये। यहां विज्ञानमय परिवर्तन का अत्यधिक महत्त्व हो जाता है। इससे पहले जो कुछ होना है वह समस्त प्रकृति के इस रूपांतरकारी परिवर्तन की केवल एक आधारशिला और तैयारी ही हो सकती है। कारण, यह सक्रिय जीवन का एक ऐसा विज्ञानमय ढंग है जिसे पृथ्वी पर एक चरितार्थ दिव्य जीवन होना चाहिये, यह ढंग भौतिक जगत् में चेतना की क्रियाशीलता के लिये विश्व-ज्ञान और विश्व-कर्म के उच्चतर यंत्रों का विकास करता है तथा स्थूल 'प्रकृति' के जगत् के मूल्यों को अपने हाथ में लेकर उन्हें रूपांतरित कर देता है।

किंतु विज्ञानमय जीवन के समस्त आधार को अपने स्वभाव से ही आंतरिक होना चाहिये, बाह्य नहीं। आत्मा के जीवन में आत्मा अर्थात् आंतरिक 'सद्वस्तु' ने ही मन, प्राणिक सत्ता और शरीर को बनाया है तथा वह अपने साधनों के रूप में उनका प्रयोग भी करती है। विचार, भाव और कर्म अपने लिये अपना अस्तित्व नहीं रखते; वे उद्देश्य नहीं हैं, केवल साधन हैं। उनका उपयोग हमारे अंदर अभिव्यक्त दिव्य 'सद्वस्तु' को व्यक्त करने में होता है। नहीं तो, इस आंतरिक और आध्यात्मिक आरंभिक कार्य के बिना, एक अत्यधिक बाह्य चेतना में या केवल बाह्य साधनों के द्वारा कोई भी महत्तर या दिव्य जीवन संभव नहीं हो सकता। ऐसा प्रतीत होना है कि हमारे वर्तमान प्राकृतिक जीवन में, हमारे बाह्य ऊपरी तल के अस्तित्व में हमारा निर्माण जगत् ने किया है। किंतु जब हम आध्यात्मिक जीवन की ओर मुड़ते हैं तो हमें अपना और अपने संसार का निर्माण स्वयं करना चाहिये। सृष्टि-संबंधी इस नये नियम में आंतरिक जीवन का महत्त्व सबसे अधिक हो जाता है, बाकी तो केवल अभिव्यक्ति और परिणाममात्र हो सकता है। वस्तुतः यही वह वस्तु है जिसे पूर्णता की ओर किये गये हमारे प्रयास सूचित करते हैं, यह हमारी अपनी आत्मा, मन और जीवन की पूर्णता है, समस्त जाति के जीवन की पूर्णता है। कारण, हमें एक ऐसा संसार प्रदान किया गया है जो अस्पष्ट, अज्ञानमय, स्थूल एवं अपूर्ण है, हमारी बाह्य चेतन सत्ता स्वयं भी इस विशाल और मूक अस्पष्टता की शक्तियों, उसके दबावों एवं निर्माणकारी

क्रियाओं के द्वारा, भौतिक जन्म, वातावरण और जीवन के आघातों और आक्रमणों से प्राप्त शिक्षा के द्वारा निर्मित हुई है। पर फिर भी हम अस्पष्ट रूप में किसी ऐसी चीज के प्रति सचेतन अवश्य हैं जो हमारे अंदर विद्यमान है या विद्यमान होना चाह रही है; यह चीज उससे अलग है जो इस प्रकार संसार में बन चुकी है; यह एक आत्मा है जो स्वयं-स्थित और स्व-निर्धारक है, जो प्रकृति को अपनी गुह्य पूर्णता के प्रतिरूप या पूर्णतासंबंधी 'विचार' के निर्माण की ओर प्रेरित कर रही है। कोई ऐसी वस्तु है जो हमारे अंदर इस मांग के प्रत्युत्तर में विकसित हो रही है, जो किसी दिव्य सत्ता का प्रतिरूप बनने का प्रयास कर रही है तथा जो उस बाह्य जगत् पर जो उसे प्रदान किया गया है कार्य करने के लिये उसे एक अधिक महान् प्रतिरूप में, अर्थात् अपने आध्यात्मिक, मानसिक और प्राणिक विकास के प्रतिरूप में पुनः ढालने के लिये विवश की जाती है; उसे इस जगत् को भी एक ऐसी वस्तु बनाना पड़ता है जिसकी रचना हमारे मन के अनुसार, अपने विषय में आप कल्पना करनेवाली हमारी आत्मा के अनुसार हुई है, यह वस्तु एक नयी वस्तु है, सामंजस्ययुक्त एवं पूर्ण है।

किंतु हमारा मन अपनी धारणाओं में अस्पष्ट और आंशिक है, वह विरोधी तलीय रूपों के द्वारा विचलित हो जाता है, विविध संभावनाओं में विभाजित हो जाता है। वह तीन दिशाओं में जा सकता है और इनमें से किसी भी एक को अनन्य भाव में पसंद कर सकता है। जब हमारा मन उस वस्तु की खोज करता होता है जो होनी चाहिये, तो वह हमारी आंतरिक आध्यात्मिक उन्नति और पूर्णता पर, हमारी वैयक्तिक सत्ता और आंतरिक जीवन पर अपने को पूरी तरह से एकाग्र करना शुरू कर देता है। या फिर वह हमारी तलीय प्रकृति के वैयक्तिक विकास पर, हमारे विचार की पूर्णता पर, जगत् पर किये गये हमारे बाह्य सक्रिय अथवा क्रियात्मक कर्म पर, हमारे आसपास के जगत् के साथ हमारे वैयक्तिक संबंध के किसी आदर्श पर अपने आपको एकाग्र करता है। या फिर वह स्वयं बाह्य जगत् पर ही एकाग्र होने का यत्न करता है, वह उसे अधिक अच्छा, हमारे विचारों और हमारे स्वभाव के या जो कुछ होना चाहिये उसकी धारणा के अनुकूल बनाना चाहता है। एक ओर हमारी आध्यात्मिक सत्ता की पुकार है, यही हमारी सच्ची सत्ता है, परात्पर सत्य है, 'भागवत सत्ता' की एक अंशभूत सत्ता है, यह जगत् के द्वारा निर्मित नहीं हुई है, यह अपने आप में अपना अस्तित्व रख सकती है, जगत् से आगे जाकर परात्परता तक पहुंच सकती है। दूसरी ओर, हमारे चारों ओर के जगत् की मांग है, उस जगत् की जो एक वैश्व रूप है, 'भागवत सत्ता' की रचना है, छद्मवेष में 'सद्वस्तु' की शक्ति है। इसके साथ ही हमारी 'प्राकृतिक' सत्ता की विभाजित और दोहरी मांग भी है जो इन दोनों के बीच स्थित है, इनपर निर्भर है तथा इन्हें संयुक्त करती है। कारण, यह प्रत्यक्षतः जगत् के द्वारा की जाती है पर फिर भी क्योंकि इसका सच्चा स्रष्टा हमारे भीतर है, और उसका निर्माण करनेवाला जगत्-रूपी साधन ही केवल एक ऐसा साधन है जिसका सर्वप्रथम प्रयोग किया गया था, यह वास्तव में हमारे अंदर की महत्तर आध्यात्मिक सत्ता का एक रूप है, एक छद्मवेषधारी अभिव्यक्ति है। यही मांग आंतरिक पूर्णता या आध्यात्मिक मुक्तिसंबंधी हमारे प्रमुख कार्य तथा बाह्य जगत् और रचनासंबंधी हमारे प्रमुख कार्य के बीच मध्यस्थ का काम करती है, इन दोनों के बीच एक सुखकर संबंध पर आग्रह करती है तथा एक श्रेष्ठ जगत् में

एक श्रेष्ठ व्यक्ति के आदर्श का निर्माण करती है। किंतु हमें अपने अंदर ही सद्वस्तु को, एक पूर्णताप्राप्त जीवन के स्रोत और आधार को ढूंढ़ना चाहिये, कोई भी बाह्य रचना इसका स्थान नहीं ले सकती। यदि जगत् और 'प्रकृति' में सच्चे जीवन को प्राप्त करना हमारा उद्देश्य है तो हमें अपने अंदर सच्ची सत्ता को अवश्य प्राप्त कर लेना होगा।

दिव्य जीवन में विकसित होते समय आत्मा को हमारा प्रमुख लक्ष्य बन जाना चाहिये। जब तक हम उसे उसके मानसिक, प्राणिक और शारीरिक आवरणों और छद्मवेषों से बाहर निकालकर उसे अपनी सत्ता में प्रकट एवं विकसित नहीं कर लेते, जैसा कि उपनिषद् कहती है, जब तक हम धैर्यपूर्वक उसे अपने शरीर से पृथक् नहीं कर लेते, जब तक हम अपने अंदर आत्मा के एक आंतरिक जीवन का निर्माण नहीं कर लेते, तब तक यह स्पष्ट है कि कोई भी बाह्य दिव्य जीवन संभव नहीं हो सकता; हां, यदि हम किसी मानसिक या प्राणिक देवता को ही अनुभव करना चाहते हों या वही बनना चाहते हों तो बात दूसरी है। किंतु तब भी इससे पहले कि हमारा जीवन उस निम्न अर्थ में दिव्य बन सके अर्थात् आध्यात्मिक अतिमानस के, मानसिक अर्धदेवता या प्राणिक देव या असुर के जीवन का रूप धारण कर सके, वैयक्तिक या मानसिक सत्ता को या बल, प्राणिक शक्ति और इच्छा की सत्ता को हमारे अंदर उस देवता के एक स्वरूप में विकसित हो जाना चाहिये। यह आंतरिक जीवन जब एक बार निर्मित हो जाता है तो हमारी समस्त तलीय सत्ता का, संसार में होनेवाले हमारे विचार, भाव और कर्म का उस आंतरिक जीवन की पूर्ण शक्ति में रूपांतर करना ही हमारा दूसरा प्रमुख कार्य हो जाता है। जब हम अपने सक्रिय भागों में भी उसी गहनतर और महत्तर ढंग से रहने हैं, केवल तभी वह शक्ति उत्पन्न हो सकती है जो एक महत्तर जीवन का निर्माण कर सके, तभी जगत् का पुनर्निर्माण हो सकता है, चाहे उसका निर्माण मन और प्राण की किसी शक्ति या पूर्णता की या आत्मा की शक्ति या पूर्णता की अवस्था में हुआ हो। पूर्णता को प्राप्त मानवी जगत् उन मनुष्यों द्वारा नहीं गठित हो सकता, न ही उन द्वारा बनाया जा सकता है जो स्वयं अपूर्ण हों। हमारे समस्त कर्म यदि शिक्षा या नियम द्वारा या सामाजिक अथवा राजनीतिक यंत्रों द्वारा सच्चे अर्थों में निर्धारित हों भी, तो भी जो प्राप्ति होगी वह केवल यही होगी—मनों का एक नया नमूना, जीवनों का एक निर्मित नमूना और व्यवहार का एक संशोधित नमूना। किंतु इस प्रकार की अनुरूपता मनुष्य को अंदर से नहीं बदल सकती, उसका पुनः निर्माण नहीं कर सकती, वह एक पूर्ण आत्मा को, एक पूर्ण विचारक मनुष्य को या एक पूर्ण अथवा विकसनशील जीवित सत्ता को गढ़ या तराश नहीं सकती। कारण, आत्मा, मन और प्राण सत्ता की शक्तियां हैं। वे विकसित तो हो सकती हैं, पर गढ़ी या तराशी नहीं जा सकतीं। एक बाह्य प्रक्रिया या रचना आत्मा, मन और प्राण को सहायता दे सकती है या उन्हें अभिव्यक्त कर सकती है, पर उन्हें उत्पन्न या विकसित नहीं कर सकती। सत्ता को अपना विकास करने में सहायता पहुंचायी जा सकती है, पर यह सहायता गढ़ने के प्रयत्न के द्वारा नहीं बल्कि उसपर उद्दीपक प्रभावों का प्रक्षेप करके या आत्मा, मन और प्राणसंबंधी शक्तियों का उसपर प्रयोग करके दी जा सकती है। किंतु तब भी विकास को अंदर से आरंभ होना चाहिये, अंदर से ही यह निर्धारित होना चाहिये कि इन प्रभावों और शक्तियों का क्या प्रयोग हो सकता है, बाहर से नहीं। यह वह पहला सत्य है जिसे हमारे निर्माणकारी उत्साह और हमारी अभीप्सा को

सीखना है, नहीं तो हमारा सब मानवी प्रयत्न एक व्यर्थ के चक्कर का रूप धारण कर लेगा, उसका अंत केवल एक ऐसी सफलता में हो सकता है जो देखने में एक सुंदर असफलता होगी।

'प्रकृति' की शक्ति की समस्त चेष्टा ही कुछ होना या बनना है, किसी चीज को अस्तित्व में लाना है। जानना, अनुभव करना, कार्य करना केवल गौण शक्तियां हैं। इनका महत्व इसलिये है कि ये सत्ता को उसकी आंशिक स्व-उपलब्धि में अपना स्वरूप व्यक्त करने के लिये सहायता पहुंचाती है; जो अभी बाकी बचा है और अभी उसे प्राप्त नहीं हुआ है और जो उसे बनना है, उसे व्यक्त करने की सत्ता की प्रवृत्ति में भी ये सहायता देती हैं। किंतु ज्ञान, विचार, कर्म—चाहे ये धार्मिक, नैतिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, उपयोगितावादी या सुखवादी हों और चाहे उनके अस्तित्व का रूप या उसकी रचना मानसिक, प्राणिक या शारीरिक हो,—जीवन का सारतत्त्व या उद्देश्य नहीं हो सकते। ये केवल सत्ता की शक्तियों की अथवा उसकी अभिव्यक्ति की शक्तियों की क्रियाएं हैं, उसके गतिशील प्रतीक हैं, मूर्त आत्मा की रचनाएं हैं, जो कुछ वह बनना चाहती है उसे खोजने और उसका स्पष्ट रूप निर्धारित करने के साधन हैं। मनुष्य के भौतिक मन की प्रवृत्ति एक और प्रकार से देखने की, वस्तुसंबंधी सच्ची प्रणाली को उलट कर देखने की होती है, क्योंकि मन 'प्रकृति' की तलीय शक्तियों और रूपों को ही आवश्यक या मूल समझता है। वह एक प्रत्यक्ष बाह्य प्रक्रिया के द्वारा उसकी रचना को उसके कार्य के सार-पदार्थ के रूप में स्वीकार करता है और यह नहीं देखता कि यह केवल एक गौण रूप है और एक महत्तर एवं गुप्त प्रक्रिया को आच्छादित किये हुए है। कारण, यह प्रकृति की एक गुह्य प्रक्रिया है कि वह सत्ता की शक्तियों और उसके रूपों को बाहर लाकर उसे व्यक्त करती है, उसका बाह्य दबाव केवल निर्वर्तित सत्ता को इस विकास की, इस स्व-रचना की आवश्यकता के प्रति जाग्रत् करने का साधन है। जब उसका विकास आध्यात्मिक अवस्था तक पहुंच जायगा तब यह गुह्य प्रक्रिया ही समस्त प्रक्रिया बन जायगी; शक्तियों के इस पर्दे को पार करना तथा उनके गुप्त स्रोत—यह स्रोत स्वयं आत्मा ही है—पहुंचना ही अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। 'अपना आप' बनना एक ऐसा कार्य है जो हमें करना है, किंतु हमारा सच्चा स्वरूप वह है जो हमारे भीतर है, और शरीर, प्राण और मन की बाह्य सत्ता को पार कर जाना ही इस सर्वोच्च सत्ता के लिये अर्थात् हमारी सच्ची और दिव्य सत्ता के लिये अपने आपको मूर्त्त एवं सक्रिय बनाने की शर्त है। अपने अंदर विकास साधित करके, अपने अंदर स्थित रहकर ही हम उसे प्राप्त कर सकते हैं। एक बार जब ऐसा हो जाय तो वहां से आध्यात्मिक और दिव्य मन, प्राण और शरीर का निर्माण करना और फिर उस साधन के द्वारा एक ऐसे संसार का निर्माण करना जो दिव्य जीवन का सच्चा वातावरण होगा, यही अंतिम उद्देश्य है जिसे 'प्रकृति' की 'शक्ति' ने हमारे सम्मुख रखा है। अतएव यह पहली आवश्यकता है कि व्यक्ति,—प्रत्येक व्यक्ति—आत्मा की, अपने अंदर की दिव्य सद्वस्तु की खोज कर उसे अपनी समस्त सत्ता और जीवन में अभिव्यक्त करे। सबसे पहले और प्रधान रूप में दिव्य जीवन को एक आंतरिक जीवन होना चाहिये। और क्योंकि बाह्य वस्तु को अंदर की वस्तु की अभिव्यक्ति होना चाहिये, आंतरिक सत्ता का दिव्यीकरण हुए बिना बाह्य अस्तित्व में दिव्यता नहीं आ सकती। मनुष्य के अंदर दिव्यता उसके आध्यात्मिक केंद्र में आवृत रूप में निवास

करती है। यदि उसके अंदर एक सनातन सत्ता या आत्मा का वास्तविक अंश विद्यमान नहीं है तो यहां आत्म-अतिक्रमण जैसी या उसके अस्तित्व के एक उच्चतर लक्ष्य जैसी कोई वस्तु नहीं हो सकती।

कुछ 'होना' और पूर्ण रूप से 'होना' हमारे अंदर 'प्रकृति' का उद्देश्य है, परंतु पूर्ण रूप से 'होने' का अर्थ है अपनी सत्ता के प्रति पूर्ण सचेतन होना। अचेतना, अर्धचेतना या अपूर्ण चेतना सत्ता की एक ऐसी अवस्था है जिसका अपने ऊपर अधिकार नहीं है, यह एक अस्तित्व तो है पर सत्ता की पूर्णता नहीं है। अपने को तथा अपनी सत्ता के समस्त सत्य को पूर्ण और सर्वांगीण रूप में जानना अपने अस्तित्व के ऊपर सच्चा अधिकार पाने की एक आवश्यक शर्त है; इस स्व-चेतनता को ही आध्यात्मिक ज्ञान कहा जाता है और आध्यात्मिक ज्ञान का सार एक आंतरिक स्व-स्थित चेतना है। ज्ञानसंबंधी उसका कर्म, वस्तुतः उसका प्रत्येक कर्म वह चेतना है जो अपना निर्माण स्वयं कर रही है। बाकी सब ज्ञान एक ऐसी चेतना है जो अपने को भूल गयी है तथा अपने को और अपने अंदर निहित तत्त्वों को पुनः जानने का प्रयास कर रही है। यह अपने विषय में एक प्रकार का अज्ञान है जो पुनः स्व-ज्ञान में रूपांतरित होने की चेष्टा कर रहा है।

एक बात और भी है, क्योंकि चेतना अपने अंदर अस्तित्व की शक्ति रखती है, पूर्ण रूप से अस्तित्व रखने का अर्थ अपनी सत्ता की आंतरिक और पूर्ण शक्ति को प्राप्त करना, अर्थात् सत्तासंबंधी समस्त शक्ति और उस शक्ति के समस्त प्रयोग को अधिकृत करना होता है। अपनी सत्ता की शक्ति को अधिकृत किये बिना या उसकी अर्ध-शक्ति या अपूर्ण शक्ति के साथ अस्तित्व रखने का अर्थ एक विकृत एवं न्यून प्रकार का अस्तित्व रखना होगा। यह अस्तित्व है, पर सत्ता की पूर्णता नहीं है। यह सत्य है कि केवल एक स्थितिशील अवस्था में रहा जा सकता है जब कि सत्ता की शक्ति आत्मा में निश्चल रूप में एकाग्र होती है; किंतु तब भी उसकी अपूर्ण शक्ति में अस्तित्व रखना एक विकृत एवं क्षीण अस्तित्व है। सत्ता की शक्ति सत्ता की दिव्यता का चिह्न है, एक शक्तिहीन आत्मा आत्मा नहीं है। किंतु जिस प्रकार आध्यात्मिक चेतना आंतरिक और स्व-स्थित है, उसी प्रकार आध्यात्मिक सत्ता की इस शक्ति को भी आंतरिक तथा कर्म में स्वतः-चालित और स्वयंस्थित होना चाहिये; उसे अपनी पूर्णता को स्वयं चरितार्थ कर लेना चाहिये। जिन साधनों का यह प्रयोग करती है, उन्हें इसका अंग होना चाहिये, बल्कि जिन बाह्य साधनों का भी यह प्रयोग करे उन्हें भी इसके अंग बन जाना चाहिये तथा इसकी सत्ता को अभिव्यक्त करना चाहिये। चेतन अर्थ में सत्ता की शक्ति को संकल्प कहते हैं। जो आत्मा का चेतन संकल्प है, जो अस्तित्व और अभिव्यक्ति का संकल्प है उसे समस्त अस्तित्व को सामंजस्यपूर्ण ढंग से पूरा कर सकना चाहिये। जिस कर्म या शक्ति को यह अधिकार प्राप्त नहीं है या जो कर्म के साधनों का स्वामी नहीं है वह अपने अंदर इस दोष के कारण सत्ता की शक्ति की अपूर्णता का, चेतना के विभाजन या असमर्थ बना देनेवाले विभक्तीकरण का तथा सत्ता की अभिव्यक्ति में एक अपूर्णता का संकेत रखता है।

अंत में यह कहा जा सकता है कि पूर्ण अस्तित्व रखने का अर्थ है सत्ता के पूर्ण आनंद को प्राप्त करना। एक ऐसी सत्ता जिसमें सत्तासंबंधी आनंद नहीं है, जिसमें उसका अपना और समस्त वस्तुओं का पूर्ण आनंद नहीं है, एक निष्क्रिय या न्यून प्रकार की वस्तु है। वह

अस्तित्व तो है पर सत्ता की पूर्णता नहीं है। इस आनंद को भी आंतरिक, स्वतःस्थित और स्वतःचालित होना चाहिये। यह अपने से बाहर की वस्तुओं पर निर्भर नहीं हो सकता। जिस वस्तु में भी सत्ता आनंद प्राप्त करती है, उसे वह अपना अंग बना लेती है, वह अपनी वैश्वता के एक अंग के रूप में उसका आनंद उठाती है। समस्त निरानंद, समस्त पीड़ा और कष्ट अपूर्णता की, अधूरेपन की निशानी है। इनका उद्‌गम सत्ता के विभाजन में, सत्ता की चेतनता की अपूर्णता में तथा सत्ता की शक्ति की अपूर्णता में होता है। सत्ता में, सत्ता की चेतना, सत्ता की शक्ति तथा सत्ता के आनंद में पूर्णता प्राप्त करना और फिर इस सर्वांगीण पूर्णता में निवास करना ही दिव्य जीवन है।

किंतु पूर्ण अस्तित्व रखने का अर्थ वैश्व रूप में अस्तित्व रखना है। एक छोटे और संकुचित अहंभाव की सीमाओं में रहना भी अस्तित्व कहलाता है पर वह एक अपूर्ण अस्तित्व है। अपने स्वभाव से ही इसका अर्थ सत्ता की एक अपूर्ण चेतना में, एक अपूर्ण शक्ति और आनंद में निवास करना है। यह अपने स्वरूप मे कुछ कम होता है और हमें अज्ञान के प्रति, दुर्बलता और कष्ट के प्रति अवश्यंभावी रूप से अधीन बना देता है, या फिर यदि स्वभाव की किसी दिव्य गठन के कारण यह इन वस्तुओं से बच भी जाय, तो भी इसका अर्थ सत्ता के एक सीमित क्षेत्र में, उसकी सीमित चेतना, शक्ति और आनंद में रहना होगा। समस्त सत्ता एक है और पूर्ण अस्तित्व रखने का अर्थ वह सब बनना है जो कुछ कि यहां अस्तित्व रखता है। सबकी सत्ता में निवास करना और सबको अपनी सत्ता में समाविष्ट कर लेना, सबकी चेतना के प्रति सचेतन होना, वैश्व शक्ति के साथ अपनी शक्ति को संयुक्त कर लेना, समस्त कर्म और अनुभव को अपने अंदर धारण करके उसे अपना कर्म और अनुभव समझना, समस्त सत्ताओं को अपनी सत्ता के रूप में अनुभव करना तथा उनके आनंद को अपनी सत्ता का आनंद समझना—यह सर्वांगीण दिव्य जीवन की एक आवश्यक शर्त है।

किंतु साथ ही अपनी वैश्वता की पूर्णता और स्वतंत्रता में वैश्व रूप से अस्तित्व रखने के लिये व्यक्ति को परात्पर रूप में भी अस्तित्व रखना चाहिये। सत्ता की आध्यात्मिक पूर्णता का अर्थ अनंतता है। यदि मनुष्य के पास कालातीत सनातन सत्ता की चेतना नहीं है, यदि वह शरीर पर या मूर्त मन या मूर्त प्राण पर निर्भर है, या किसी एक या दूसरे जगत् पर, सत्ता की किसी एक या दूसरी अवस्था पर निर्भर है, तो इसे आत्मा का वास्तविक रूप या हमारे आध्यात्मिक जीवन की पूर्णता नहीं कहते। केवल शारीरिक सत्ता के रूप में या शरीर के द्वारा अस्तित्व रखने का अर्थ एक ऐसा प्राणी होना है जो क्षणिक है, जो मृत्यु के, इच्छा के, पीड़ा और कष्ट के तथा नाश और ह्रास के अधीन है। शरीर की चेतना से आगे जाना, उसका अतिक्रमण करना, शरीर के द्वारा और शरीर में बंदी न हो जाना, शरीर को केवल एक यंत्र, सत्ता का एक गौण और बाह्य आकार मानना ही दिव्य जीवन की पहली शर्त है। एक ऐसा मन बनना जो अज्ञान और सीमित चेतना के अधीन न हो, मन से आगे जाकर तथा उसे यंत्र मानकर उसका प्रयोग करना, उसे सत्ता की एक तलीय रचना समझकर उसपर नियंत्रण रखना दूसरी शर्त है। मूल सत्ता और आत्मा के सहारे अस्तित्व रखना, प्राण पर निर्भर न रहना, उसके साथ एकरूप न होना, उससे आगे जाकर उसपर नियंत्रण रखना तथा उसे मूल सत्ता की अभिव्यक्ति और यंत्र मानकर उसका प्रयोग करना तीसरी शर्त है। यहां तक कि यदि चेतना शरीर का अतिक्रमण न करे तथा

समस्त स्थूल अस्तित्व के साथ उसके भौतिक एकत्व को न अनुभव करे, तो शारीरिक जीवन अपनी पूर्ण सत्ता को अधिकृत नहीं कर सकता। प्राणिक जीवन भी अपने ढंग के पूर्ण अस्तित्व को प्राप्त नहीं कर सकता, यदि चेतना वैयक्तिक प्राणिकता की सीमित क्रीड़ा से आगे नहीं निकल जाती, वैश्व जीवन को अपना जीवन नहीं समझ लेती और समस्त जीवन के साथ एकत्व नहीं स्थापित कर लेती। इसी प्रकार मन भी एक अपने ढंग की पूर्ण चेतन सत्ता या क्रिया नहीं होती, यदि मनुष्य अपनी मानसिक सीमाओं का अतिक्रमण करके वैश्व मन के साथ और सब मनों के साथ एकता नहीं अनुभव करता तथा अपनी उस चेतना की समग्रता का आनंद नहीं उठाता जो उनके विभेद के ऐश्वर्य से समृद्ध होती है। किंतु मनुष्य को केवल इस वैयक्तिक सूत्र को ही नहीं वरन् वैश्व सूत्र को भी पार करना है; कारण, केवल तभी वैयक्तिक या वैश्व जीवन अपनी सच्ची सत्ता को, एक पूर्ण समन्वयीकरण को पा सकता है। दोनों अपनी बाह्य रचना में 'परात्परता' की अपूर्ण अवस्थाएं हैं, किंतु वे अपने मूल में वही हैं और उस मूल के प्रति सचेतन होकर ही वैयक्तिक चेतना या वैश्व चेतना अपने सत्य की पूर्णता और स्वाधीनता को प्राप्त कर सकती हैं। नहीं तो, व्यक्ति वैश्व क्रिया के, उसकी प्रतिक्रियाओं तथा सीमाओं के अधीन बना रह सकता है; उस अवस्था में वह अपनी समस्त आध्यात्मिक स्वाधीनता को खो बैठता है। उसे सर्वोच्च दिव्य 'सद्वस्तु' में प्रवेश करना चाहिये, उसके साथ एकता अनुभव करनी चाहिये, उसके अंदर निवास करना चाहिये तथा उसकी निज रचना बन जाना चाहिये। उसका समस्त मन, प्राण और भौतिक शरीर उसकी अतिप्रकृति के रूपों में परिवर्तित हो जाना चाहिये। उसके समस्त विचार, भाव और कर्म उसी के द्वारा निर्धारित होने चाहियें और वही बन जाने चाहियें, उसकी अपनी रचना बन जाने चाहियें। यह कार्य उसमें पूरी तरह संपन्न तभी हो सकता है जब कि वह 'अज्ञान' से बाहर निकलकर 'ज्ञान' में विकसित हो जाय, और फिर 'ज्ञान' में से होकर सर्वोच्च चेतना और उसकी गतिशीलता में तथा अस्तित्वसंबंधी सर्वोच्च आनंद में प्रवेश कर जाय। किंतु इन चीजों का मूल तत्त्व और उनके पर्याप्त साधन शुरू के आध्यात्मिक परिवर्तन के साथ आ सकते हैं तथा विज्ञानमय अतिप्रकृति के जीवन में अपनी चरमता को प्राप्त कर सकते हैं।

ये वस्तुएं बिना अंतर में निवास किये संभव नहीं होतीं। एक ऐसी बाह्य चेतना में जो सदा बाहर की ओर मुड़ी रहती है तथा जो केवल या मुख्यतया ऊपरी तल पर तथा वहां से ही सक्रिय होती है निवास करके इन चीजों को प्राप्त नहीं किया जा सकता। व्यक्ति को अपने आपको, अपनी सच्ची सत्ता को पाना है। ऐसा वह केवल अपने अंदर जा करके, अपने अंदर निवास करके तथा अपने अंदर से ही जीवन की समस्त क्रियाओं को संपन्न करके कर सकता है। कारण, बाह्य या तलीय चेतना या जीवन जो कि आंतरिक आत्मा से अलग कर दिया गया है 'अज्ञान' का क्षेत्र है। वह अपने तथा अज्ञान से आगे तभी जा सकता है यदि वह अपने को एक आंतरिक सत्ता और जीवन की विशालता में खोल दे। यदि हमारे अंदर परात्पर सत्ता है, तो उसे हमारी गुप्त सत्ता में भी अवश्य विद्यमान होना चाहिये। ऊपरी तल पर तो केवल प्रकृति की एक क्षणिक सत्ता होती है, जो सीमा और परिस्थिति के द्वारा निर्मित हुई है। यदि हमारे अंदर एक ऐसी सत्ता विद्यमान है जो विशालता और वैश्वता को प्राप्त कर सकती है, जो वैश्व चेतना में प्रवेश कर

सकती है, तो वह भी हमारे आंतरिक अस्तित्व के ही अंदर है ; बाह्य चेतना एक ऐसी भौतिक चेतना है जो मन, प्राण और शरीर की तिहरी रज्जु से अपनी वैयक्तिक सीमाओं के साथ बंधी है। वैश्वता को प्राप्त करने के किसी भी बाह्य प्रयत्न का परिणाम या तो अहंभाव की वृद्धि होगा या फिर व्यक्तित्व स्वयं ही मिट जायगा; यह व्यक्तित्व या तो जनसमुदाय में विलीन हो जायगा या उसके अधीन हो जायगा। केवल आंतरिक विकास, आंतरिक क्रिया और आंतरिक कर्म से ही व्यक्ति अपनी सत्ता को स्वतंत्रता और सफलता-पूर्वक विश्वमय और परात्पर बना सकता है। दिव्य जीवन के लिये सत्ता की सक्रिय चरितार्थता के केंद्र और तात्कालिक स्रोत को बाहर से अंदर की ओर मुड़ जाना चाहिये। कारण, वहां आत्मा स्थित तो है, पर वह पर्दे के पीछे पूरी या आधी छुपी हुई है और तब हमारी तात्कालिक सत्ता और कर्म का स्रोत ऊपरी तल पर होता है। उपनिषद् का कहना है कि मनुष्यों में स्वतः-स्थित सत्ता ने चेतना के द्वार को बाहर की ओर खोल दिया है, किंतु केवल थोडे से लोग ही अंदर की ओर दृष्टि डालते हैं, और ये ही 'आत्मा' को देखते एवं पहचानते हैं तथा आध्यात्मिक सत्ता को विकसित करते हैं। अतएव अपने अंदर दृष्टि डालना, अपने अंदर देखना और प्रवेश करना तथा अपने अंदर निवास करना प्रकृति के रूपांतर और दिव्य जीवन की पहली आवश्यकता है।

अंदर की ओर जाने तथा अंदर निवास करने की क्रिया एक ऐसा कार्य है जिसका भार मनुष्य की सामान्य चेतना नहीं उठा सकती। किंतु फिर भी स्व-उपलब्धि का कोई और रास्ता नहीं है। जड़वादी विचारक जो बहिर्मुख और अंतर्मुख व्यक्ति में एक विरोध खड़ा कर देता है, बहिर्मुख वृत्ति को ही स्वीकार करता है, क्योंकि उसे केवल उसी में सुरक्षा प्रतीत होती है। उसके लिये अंदर जाने का अर्थ होता है एक अंधकार में, एक शून्यता में प्रवेश करना या चेतना के संतुलन को खोना और अस्वस्थ वृत्तिवाला बनना। एक ऐसा आंतरिक जीवन जिसे गढ़ा जा सकता हो बाहर से ही उत्पन्न होता है, वह स्वस्थ तभी रहता है यदि उसके स्वस्थ्य और पोषक बाह्य स्रोतों पर पूरी तरह से निर्भर रहा जाय,— वैयक्तिक मन और प्राण का संतुलन केवल बाह्य वास्तविकता पर दृढ़ भरोसा रखकर ही प्राप्त किया जा सकता है, क्योंकि उसके लिये स्थूल जगत् ही अकेला मूल सत्य है। यह सब भौतिक मनुष्य के लिये, उस जन्मजात बहिर्मुख व्यक्ति के लिये जो अपने आपको बाह्य प्रकृति का प्राणी समझता है सत्य हो सकता है। क्योंकि वह उसी के द्वारा बना है, उसी पर निर्भर है, वह यदि अंदर की ओर जायगा तो अपने आपको खो बैठेगा। उसके लिये आंतरिक सत्ता का तथा आंतरिक जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। किंतु इस प्रकार के अंतर्मुख व्यक्ति का जीवन आंतरिक नहीं होता। वह सच्ची आंतरिक सत्ता और आंतरिक वस्तुओं का द्रष्टा नहीं होता, वह केवल एक तुच्छ मनोमय मनुष्य होता है जो बड़े ऊपरी ढंग से अपने अंदर की ओर देखता है; वहां वह अपनी आध्यात्मिक सत्ता को नहीं, बल्कि अपने प्राणिक एवं मानसिक अहंभाव को देखता है तथा बड़े अस्वस्थ ढंग से इस छोटे से दयनीय और तुच्छ प्राणी की क्रियाओं में व्यस्त हो जाता है। अंदर देखने हुए एक आंतरिक अंधकार का विचार या अनुभव करना उस मनोमय व्यक्ति की पहली प्रतिक्रिया होती है जो सदा ही ऊपरी तल पर रहा है तथा जिसने आंतरिक सत्ता को प्राप्त नहीं किया है। उसे केवल एक निर्मित आंतरिक अनुभव प्राप्त है जो अपने अस्तित्व के साधनों

के लिये बाह्य जगत् पर निर्भर है। किंतु जिनकी रचना में एक अधिक आंतरिक जीवन की शक्ति प्रवेश कर चुकी है, उनके लिये अंदर जाने और अंदर निवास करने की क्रिया एक अंधकार या जड़ शून्यता नहीं लाती बल्कि एक विशालता, नये अनुभव की एक बाढ़, एक महत्तर अंतर्दृष्टि, एक अधिक बड़ी योग्यता तथा एक ऐसा व्यापक जीवन लाती है जो उस जीवन की पहली तुच्छता से, जो अपने लिये ही हमारी सामान्य भौतिक मानवता से निर्मित किया गया था, असीम रूप में अधिक वास्तविक एवं विविध है। वह सत्ता का एक ऐसा आनंद लाती है जो अस्तित्व के उस किसी भी आनंद से अधिक विशाल एवं समृद्ध है जिसे बाह्य प्राणिक मनुष्य या ऊपरी तल पर निवास करनेवाला मनोमय मनुष्य अपनी गतिशील प्राणिक शक्ति या मानसिक अस्तित्व की क्रिया, सूक्ष्मता और व्यापकता से पा सकता है। एक नीरवता, एक विस्तृत, यहां तक कि एक विशाल या असीम शून्यता में प्रवेश आंतरिक आध्यात्मिक अनुभव का एक अंग है। इस नीरवता और रिक्तता से भौतिक मन को एक प्रकार का भय है, छोटे और ऊपरी ढंग से क्रिया करनेवाले और विचारक या प्राणिक मन को इससे जुगुप्सा एवं घृणा है, क्योंकि वह इस नीरवता को मानसिक या प्राणिक अयोग्यता और रिक्तता को समाप्ति या नास्ति समझ बैठता है। किंतु यह नीरवता आत्मा की नीरवता होती है जो एक महत्तर ज्ञान की, शक्ति और आनंद की शर्त है। इस रिक्तता का अर्थ है हमारी प्राकृतिक सत्ता के प्याले को रिक्त कर देना, उसके गंदले पानी को निकाल देना जिससे कि उसमें देवता का सोमरस भरा जा सके। यह नास्ति में नहीं बल्कि एक महत्तर अस्तित्व में प्रवेश करने का मार्ग है। जब सत्ता अपने विलय की ओर मुड़ती है तब भी वह विलय नास्ति में नहीं होता बल्कि आध्यात्मिक सत्ता की एक विशाल अकथनीय सत्ता में होता है, इसे 'पूर्ण सत्ता' की एक अवर्णनीय अतिचेतना में डुबकी लगाना भी कह सकते हैं।

वस्तुतः इस प्रकार अंदर की ओर मुड़ने और गति करने का अर्थ वैयक्तिक सत्ता में बंदी हो जाना नहीं है बल्कि यह एक सच्ची वैश्वता की ओर पहला पग है। यह हमारे लिये हमारे बाह्य और आंतरिक दोनों अस्तित्वों के सत्य को लाता है। कारण, यह आंतरिक जीवन अपने आपको विस्तृत कर सकता है, वैश्व जीवन को अपने अंदर धारण कर सकता है, यह सबके जीवन के साथ संपर्क प्राप्त कर सकता है, उसमें प्रविष्ट होकर उसे आच्छादित कर सकता है और ऐसा वह उसकी अपेक्षा कहीं अधिक महान् सत्य और सक्रिय शक्ति के साथ करता है जितनी कि हमारी तलीय चेतना के लिये संभव है। ऊपरी तल पर किया गया हमारा अधिकतम वैश्वीकरण भी एक बड़ा मामूली और अधूरा प्रयत्न होता है,—यह एक रचना है, एक बहाना है, असली चीज नहीं है। कारण, हम अपनी ऊपरी चेतना में इस तथ्य के साथ बंधे हुए हैं कि हमारी चेतना दूसरों से अलग है। हम अहंभाव की बेड़ियां पहने हैं। वहां हमारी निःस्वार्थता भी प्रायः स्वार्थ का एक सूक्ष्म रूप धारण कर लेती है तथा हमारे अहंभाव पर और भी अधिक आग्रह करने लगती है। अपने परोपकार-भाव से संतुष्ट रहते हुए हम यह नहीं देखते कि यह हमारे लिये अपनी वैयक्तिक सत्ता को, अपने विचार को, अपने मानसिक और प्राणिक व्यक्तित्व को, अपने अहंभाव की वृद्धि-संबंधी अपनी मांग को दूसरों पर थोपने के लिये एक आवरणमात्र है, जिन सबको हम अपने विस्तृत घेरे में ले लेते हैं। जितनी सफलता हम वास्तविक रूप में दूसरों के

लिये जीने में प्राप्त करते भी हैं, वह भी प्रेम और सहानुभूति की एक आंतरिक और आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा ही प्राप्त होती है; किंतु हमारे अंदर इस शक्ति का बल और इसका प्रभाव-क्षेत्र छोटे हैं, जो आंतरात्मिक क्रिया इसे प्रेरित करती है वह अधूरी है, इसका कार्य प्रायः ही अज्ञानपूर्ण होता है। क्योंकि मन और हृदय परस्परसंबंधित हैं। किंतु हमारी सत्ता दूसरों की सत्ताओं को उस प्रकार अपने अंदर धारण नहीं करती जिस प्रकार वह अपने आपको करती है। दूसरों के साथ बाह्य एकता का अर्थ सदा बाह्य जीवनों का बाह्य मेल-जोल होता है। यद्यपि इसके साथ एक गौण आंतरिक परिणाम भी जुड़ा रहता है। मन और हृदय अपनी क्रियाओं को उस सामान्य जीवन और सत्ताओं के साथ जोड़ देते हैं जिनके संबंध में हम आते हैं, इस संबंध का आधार सामान्य बाह्य जीवन ही रहता है,—निर्मित आंतरिक एकता अथवा उतनी एकता जो पारस्परिक अज्ञान और विरोधी अहंभावों के तथा मनों, हृदयों, प्राणिक स्वभावों एवं हितों के संघर्ष के रहते हुए स्थिर रह सकती है, एक आंशिक और अरक्षित प्रकार की ऊपरी रचना है। आध्यात्मिक चेतना, आध्यात्मिक जीवन रचना के इस सिद्धांत को उलट देता है; वह सामूहिक जीवन में किये गये अपने कर्म को आंतरिक अनुभव पर, हमारी सत्ता के अंदर दूसरों को समाविष्ट करने की क्रिया पर तथा एकतासंबंधी आंतरिक भावना और वास्तविकता पर आधारित करता है। आध्यात्मिक व्यक्ति एकता की उस भावना के अनुसार कार्य करता है जो उसे एक सत्ता की दूसरी सत्ता पर की गयी मांग का, जीवन की आवश्यकता का, शुभ का, प्रेम और सहानुभूति का जो कार्य वास्तव में संपन्न किया जा सकता है उसका एक तात्कालिक एवं प्रत्यक्ष बोध करा देती है। आध्यात्मिक एकता की प्राप्ति, एकमेव सत्ता और समस्त सत्ताओं में उपस्थित एक आत्मा की अंतरतम चेतना की गतिशीलता ही अपने सत्य के द्वारा दिव्य जीवन के कर्म का आधार बन सकती है तथा उसका संचालन कर सकती है। (क्रमशः)

श्रीमाताजी के प्रवचन

१

"भगवान् अपने जगत् पर इतने प्रबल रूप से चोटें क्यों करते हैं, उसे रौंदते एवं आटे के समान क्यों गूंधते हैं, उसे रक्तकुंड और भट्ठी की लाल नरकाग्नि में क्यों झोंक देते हैं? क्योंकि मनुष्य-समुदाय अभी भी एक कठोर, स्थूल और निकृष्ट कच्ची धातु है जो और किसी भी तरह गलाई और ढाली नहीं जा सकती.. ...."

श्रीअरविन्द---'विचार और झांकियां'

अंत में सारी समस्या तो यही है कि क्या मनुष्य उस शुद्ध स्वर्णरूपी अवस्था तक पहुंच गया है जो हिंसा और विनाश की प्रक्रियाओं को अनावश्यक बना देगी।

वस्तुतः बात ऐसी बिलकुल नहीं है। मनुष्य अभी भी अपने रहने-सहने और कर्म करने के उन्हीं सब ढंगों से चिपटा हुआ है जो इन प्रक्रियाओं को आवश्यक ही नहीं, बल्कि अनिवार्य भी बना देते हैं। यह बात ही उस सामान्य अशांति का कारण है जिससे आज सारे देश दुःख पा रहे हैं। यही उस युद्ध के वातावरण का भी कारण है जो अभी भी पृथ्वी को आच्छादित किये हुए है।

चाहे अभी मनुष्यजाति इस विशुद्ध धातु की अवस्था तक नहीं भी पहुंची, फिर भी संसार के इतिहास में एक ऐसी बात अवश्य हो गयी है जो हमें यह आशा बंधाती है कि कुछ चुने हुए मनुष्य, कुछ थोड़े से व्यक्ति विशुद्ध सोने में बदलने के लिये तैयार हैं। इनमें इतनी योग्यता होगी कि शक्ति को बिना हिंसा के, वीरता को बिना नाश के और साहस को बिना विध्वंस के अभिव्यक्त कर सकेंगे।

श्रीअरविन्द इस समस्या का एक और समाधान भी देते हैं। वे कहते हैं, "यदि केवल मनुष्य आध्यात्मिक बनना स्वीकार कर ले!" केवल स्वीकार कर ले! उसके अंदर कोई चीज आवश्यकता अनुभव करती है, अभीप्सा करती है, किंतु बाकी की सत्ता अस्वीकार कर देती है और वही कुछ बनी रहना चाहती है जो कि वह है। वह एक ऐसी मिश्रित कच्ची धातु है जिसे भट्ठी में डालने की आवश्यकता है।

पृथ्वी के इतिहास में आज हम एक बार और एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। कई ओर से लोग मुझसे पूछ रहे हैं, "अब क्या होनेवाला है?" सर्वत्र आज पीड़ा, प्रतीक्षा और भय की भावना दिखायी दे रही है, "अब क्या होनेवाला है?"

इसका उत्तर केवल एक ही है: यदि केवल मनुष्य आध्यात्मिक बनना स्वीकार कर ले! यदि कुछ थोड़े से व्यक्ति भी शुद्ध सोना बन जाते तो उनका उदाहरण वर्तमान घटनाक्रम को बदल देता; हां, यह एक अनिवार्य आवश्यकता है।

और तब जिस साहस की, जिस वीरता की भगवान् हमसे अपेक्षा करते हैं उसका प्रयोग हम क्यों न अपनी कठिनाइयों के साथ, अपनी अपूर्णताओं और अज्ञानपूर्ण क्रियाओं के साथ

युद्ध करने में करें? क्यों न हम आंतरिक पवित्रीकरण की भट्ठी का सामना वीरतापूर्वक करें जिससे कि उस भयानक आसुरिक विनाश में से जो संपूर्ण सभ्यता को पल भर में उड़ा देता है गुजरने की दुबारा आवश्यकता न पड़े?

यही समस्या आज हमारे सामने है और प्रत्येक व्यक्ति को इसका समाधान अपने ढंग से करना है।

मैं इस समय उन प्रश्नों का उत्तर दे रही हूं जो लोगों ने मुझसे किये हैं और मेरा उत्तर वही है जो श्रीअरविंद ने दिया है: "यदि मनुष्य केवल एकबार आध्यात्मिक बनना स्वीकार कर ले!"

मैं इसके साथ एक बात और जोड़ती हूं: समय की यही मांग है—मेरा तात्पर्य है मानवी दृष्टिकोण से।

*
**

२

जो प्रश्न स्वाभाविक रूप से न उठें, अर्थात् जिन्हें ढूंढ़ना पड़े, ऐसे प्रश्न करने चाहियें या नहीं?

यह उस प्रश्न पर निर्भर करता है जिसे तुमने ढूंढ़ा है। क्योंकि तुमने उसे ढूंढ़ने के लिये प्रयत्न किया है इसका यह अर्थ नहीं है कि वह नीरस है।

बात वस्तुतः यह है कि जो कुछ श्रीअरविन्द ने लिखा है उस सबको यदि मनुष्य ध्यान-पूर्वक पढ़ जाय तो उसे अपने सब प्रश्नों का उत्तर मिल जायगा। यह सत्य है कि किन्हीं क्षणों में कुछ विचारों का चेतना पर सक्रिय प्रभाव पड़ता है तथा वे आध्यात्मिक विकास में सहायता पहुंचाते हैं। प्रभावशाली होने के लिये विचार को किसी अनुभूति की तात्कालिक और सहज अभिव्यक्ति होना चाहिये। यदि मनुष्य उन बातों को जो पहले कही जा चुकी हैं, जो भूतकाल के अनुभवों की वस्तुएं हैं उसी ढंग से दुहरा दे तो वह एक उपदेशात्मक कथोपकथन ही कहलायगा। वह मस्तिष्क के कुछ कोषाणुओं को गति अवश्य देता है पर अधिक उपयोगी नहीं होता।

मेरे लिये, जो कार्य मैं करने का प्रयत्न कर रही हूं उसके लिये, नीरवता में किया गया कार्य अधिक महत्त्व रखता है। जो शक्ति कार्य कर रही है वह तब शब्दों द्वारा बांधी नहीं जाती और इस कारण उसे अनंतगुना अधिक बल प्राप्त हो जाता है। साथ ही वह प्रत्येक चेतना में उसी चेतना के अपने ढंग के अनुरूप अभिव्यक्त होती है और यह बात उसे असीम महत्त्व प्रदान करती है।

किसी निश्चित परिणाम तक पहुंचने के लिये नीरवता में एक खास स्पंदन पैदा किया जाता है जिसका एक विशेष उद्देश्य होता है। किंतु प्रत्येक व्यक्ति की ग्रहणशीलता के अनुसार ही वह प्रत्येक वैयक्तिक चेतना में एक ऐसे रूप में अपने आपको अनूदित करता है

जो अत्यधिक प्रभावशाली, सक्रिय एव तात्कालिक रूप में अत्यधिक उपयोगी हो सकता है। उधर जब हम शब्दों की रचना करते हैं तो प्रत्येक मनुष्य उस विचार का रूढ़ रूप ही ग्रहण करता है, जिसका परिणाम यह होता है कि विचार अपनी कर्मसंबंधी शक्ति और प्रचुरता को खो देता है। इसका पहला कारण यह है कि शब्द जिस अर्थ में कहे जाते हैं उनका सदा ही वही अर्थ नहीं लिया जाता, दूसरा यह कि वे सदा प्रत्येक व्यक्ति की समझने की योग्यता के अनुसार नहीं कहे जाते।

मेरे विचार में तो जब तक प्रश्न के साथ कोई ऐसी अनुभूति नहीं जुड़ी होती जो अपने आप-को एक नये रूप में अभिव्यक्त कर सके, तब तक चुप ही रहा जाय तो ठीक रहता है। केवल एक सजीव प्रश्न ही किसी सजीव शिक्षा को उत्प्रेरित कर सकता है, दूसरे शब्दों में, यह एक ऐसा प्रश्न होता है जो किसी आंतरिक आवश्यकता को प्रत्युत्तर देता है, एक ऐसी आवश्यकता को जो सहज भाव में उठती है, जो किसी एक या दूसरे स्तर पर, साधारणतया मानसिक स्तर पर उन्नति करने की होती है। यदि इस क्रिया के साथ आंतरिक अभीप्सा भी हो और एक समस्या हो जो मनुष्य के सामने खड़ी हुई है और जिसका वह समाधान चाहता है, तो उस अवस्था में प्रश्न मनोरंजक, सजीव और सच्चे अर्थों में उपयोगी बन जाता है। तब वह एक उच्चतर स्तर पर एक अंतर्दृष्टि को, एक बोध को, चेतना की अनुभूति को जन्म दे सकता है जिसके परिणामस्वरूप विचार एक नया रूप धारण कर सकता है, अपने साथ उपलब्धि की एक नयी शक्ति ला सकता है।

मेरा तो यही विचार है कि यदि ऐसा न हो सके तो यही अच्छा रहेगा कि कुछ भी न कहा जाय, बल्कि वैसी अवस्था में कुछ मिनट का ध्यान सदा अधिक उपयोगी रहता है।

ध्यान से पहले जो मैं कुछ पढ़ती हूं उसका उद्देश्य यह होता है कि विचार-शक्ति को किसी विशेष समस्या या विचार-समूह की ओर ले जाया जाय, उसे उसी ओर मोड़ा जाय एवं उसी पर स्थिर किया जाय, या उसे एक नयी समझ की संभावना प्रदान की जाय। वस्तुतः यह उन नीरव क्षणों में ध्यान का एक विषय सा बन जाता है जो प्रवचन के बाद आते हैं।

उस समय नीरवता में कुछ ग्रहण करने के लिये सत्ता के किस भाग पर एकाग्रता करनी चाहिये ?

जब मनुष्य ध्यान करता है—हम यहां 'ध्यान' शब्द का प्रयोग कर रहे हैं, पर इसका अर्थ आवश्यक रूप में कुछ विचारों का मस्तिष्क में गतिशील होना नहीं है बल्कि इसके विपरीत है—तो उसके लिये एक केंद्र पर, वरन् अभीप्सा के केंद्र पर, उस स्थान पर जहां ज्योति प्रज्ज्वलित रहती है एकाग्र होने का प्रयत्न करना अधिक अच्छा है। समस्त शक्तियों को वहां, सौर-चक्र के केंद्र पर, ले आना चाहिये और यदि संभव हो तो एक ऐसी एकाग्र नीरवता की स्थिति प्राप्त कर लेनी चाहिये मानों मनुष्य किसी अत्यधिक सूक्ष्म चीज को सुनने का प्रयत्न कर रहा हो, किसी ऐसी चीज को जो पूर्ण ध्यान की, पूर्ण एकाग्रता तथा पूर्ण नीरवता की अपेक्षा करती है; उस समय जरा भी हिलना-डुलना नहीं चाहिये। मनुष्य न कुछ सोचे, न हिले-डुले तथा अपने आपको इतना खोल दे कि जो कुछ ग्रहण किया जा सकता है वह ग्रहण कर ले, किंतु साथ ही एक बात का ध्यान रखे कि जो वस्तु उस समय हो रही है उसे जानने का प्रयत्न न करे। कारण, यदि जानने का प्रयत्न किया गया, या

ध्यानपूर्वक निरीक्षण किया गया तो यह मस्तिष्कसंबंधी एक ऐसी क्रिया उत्पन्न कर देगा जो ग्रहणशीलता की पूर्णता के लिये अनुकूल नहीं होगी। इसलिये चुप रहना, जितना संभव हो उतने पूर्ण रूप से चुप रहना, अत्यंत एकाग्र भाव में चुप रहना और निश्चल रहना ही अच्छा है।

यदि मनुष्य इसमें सफल हो जाय और ध्यान समाप्त होने के बाद वह सामान्य अवस्था में आ जाय तो कुछ समय बाद,—यह तत्काल ही नहीं हो जाता—सत्ता के अंदर से चेतना की एक नयी वस्तु प्रकट होती है, एक नयी बोध-शक्ति, वस्तुओं का एक नया मूल्यांकन, जीवन में एक नयी वृत्ति, संक्षेप में जीवन का एक नया ढंग प्रकट होता है। यह सब क्षणिक हो सकता है, किंतु फिर भी सत्ता का कोई भाग ज्ञान और रूपांतर के मार्ग पर एक पग आगे बढ़ जाता है। यह एक ऐसा प्रकाश, एक ऐसा बोध हो सकता है जो अधिक सच्चा है या सत्य के अधिक निकट है या यह रूपांतर की एक शक्ति हो सकती है जो तुम्हारी मनोवैज्ञानिक उन्नति का कारण बन जाती है, यह चेतना का एक विकास अथवा सत्ता की क्रियाओं और उसके व्यापारों पर एक महत्तर नियंत्रण भी हो सकता है।

पर ये परिणाम तत्काल ही प्रकट नहीं होते। जैसा कि मैं अभी कह चुकी हूं, यदि मनुष्य इन्हें उसी समय प्राप्त करने का प्रयत्न करता है तो उसका प्रयत्न सच्ची ग्रहणशीलता का विरोधी हो जाता है।

व्यक्ति को उस समय जितना हो सके उतना तटस्थ, निश्चल और निष्क्रिय रहना चाहिये; पृष्ठभूमि में नीरव अभीप्सा अवश्य रहनी चाहिये पर वह शब्दों, विचारों, यहां तक कि भावनाओं के रूप में भी उपस्थित नहीं रहनी चाहिये। उसे एक ऐसी वस्तु होना चाहिये जो तीव्र स्पंदन के रूप में प्रतीक्षा करती है, किंतु जो शब्दों का रूप धारण नहीं करती, और सबसे बड़ी बात तो यह है कि जो समझने का प्रयत्न भी नहीं करती।

यह स्वाभाविक है कि शुरू में यह अवस्था सरलता और शीघ्रता से प्राप्त नहीं होती। मनुष्य को धीरे धीरे अपने मन में शांति लानी चाहिये, चेतना के सूत्रों को इकट्ठा करना चाहिये, अपने आपको एकाग्र करना चाहिये। तीन चौथाई समय तो इस तैयारी में ही लग जाता है। किंतु थोड़े अभ्यास के बाद मनुष्य अपनी इच्छानुसार, कुछ क्षणों में ही इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है।

यह ठीक है कि इससे आगे की भी अवस्थाएं हैं जो पूर्णता के अधिक निकट हैं, किंतु वे कुछ देर के बाद आयेंगी। यदि यह एकाग्र नीरवता मनुष्य को प्राप्त हो जाय तो वह ध्यान का पूरा लाभ उठा सकता है।

*
**

ऊपर से पूर्णता प्राप्त करने और नीचे से पूर्णता प्राप्त करने से श्रीअरविन्द का क्या अभिप्राय है?

—श्रीअरविंद, 'अतिमानसिक अभिव्यक्ति'

ऊपर से पूर्णता प्राप्त करने का अर्थ है आध्यात्मिक पूर्णता, भगवान् के साथ पूर्ण मिलन और तादात्म्य, निम्न जगत् की समस्त सीमाओं से मुक्ति। यह योग की पूर्णता है, यह एक ऐसी पूर्णता है जो शरीर और भौतिक जगत् से पूर्णतया स्वतंत्र होती है। प्राचीन समय में इसका अर्थ शरीर और भौतिक जीवन का आवश्यक रूप में त्याग करना था जिससे कि मनुष्य केवल उच्चतर जगत् के साथ और अंत में भगवान् के साथ ही संबंध रख सके।

नीचे से पूर्णता प्राप्त करने का अर्थ यह है कि मनुष्य की मानवी सत्ता से, उसके वर्तमान आकार और शरीर से तथा पार्थिव वस्तु के साथ उसके संबंधों से उतना अधिक से अधिक प्राप्त कर लिया जाय जितने के कि वह योग्य है। ऐसा सब महान् प्रतिभाशाली व्यक्तियों के साथ होता है, कलाकार, साहित्यकार, महान् व्यवस्थापक, महान् शासक तथा उन सबके साथ जो किसी एक या दूसरे क्षेत्र में मानव विकास को उसकी शक्यताओं के अधिकतम विस्तार तक आगे बढ़ाते हैं।

अतएव सब दृष्टिकोणों से—शक्ति और भौतिक गुणों के दृष्टिकोण से, बौद्धिक उपलब्धि के दृष्टिकोण से, सामर्थ्य और साहस के दृष्टिकोण से तथा निःस्वार्थ भाव, उदारता, परोपकार आदि के दृष्टिकोण से,—जब सब मानवी गुण अपने चरम बिंदु पर पहुंचाये जाते हैं तो यह नीचे से प्राप्त की गयी पूर्णता होती है।

ऊपर से प्राप्त की गयी पूर्णता आध्यात्मिक एवं अतिमानवीय है, उधर नीचे से प्राप्त की गयी पूर्णता मानवी पूर्णता की चरम सीमा है। यह एक ऐसी पूर्णता है जो समस्त आध्यात्मिक जीवन से, समस्त आध्यात्मिक अभीप्सा से पूर्णतया स्वतंत्र रह सकती है। मनुष्य बड़ा प्रभावशाली हो सकता है, चाहे उसमें आध्यात्मिक अभीप्सा जरा भी न हो। उसमें अत्यंत विलक्षण नैतिक गुण हो सकते हैं चाहे उसका जीवन आध्यात्मिक न भी हो। और साधारणतया ऐसा भी होता है कि जिन व्यक्तियों को मानवी उपलब्धि की अधिकतम शक्ति प्राप्त होती है वे अपनी अवस्था से कम या अधिक संतुष्ट से रहते हैं। उनका ऐसा विश्वास होता है कि वे अपने में पर्याप्त हैं, उनकी उपलब्धि और उनके आनंद का स्रोत उनके अपने अंदर ही होता है। उन्हें यह समझाना या अनुभव कराना प्रायः ही बड़ा कठिन होता है कि वे अपनी कृतियों के स्रष्टा स्वयं नहीं हैं। उन्हें यह कहने की चेष्टा तो करो: "जो कार्य तुमने किया है उसके कर्त्ता तुम नहीं हो, बल्कि एक शक्ति है जो तुमसे ऊंची है, और तुम केवल उसके यंत्र हो।" और यह निश्चित है कि कुछ व्यक्तियों को अपवाद-रूप छोड़ कर बाकी के सब तुम्हारे इस मजाक को बुरा समझेंगे और तुम्हें वहां से चलता कर देंगे। अतएव, हमारे सामने सचमुच ही दो पूर्णताएं उपस्थित हैं जो सामान्य जीवन में दो विरोधी मार्ग पकड़ती हैं।

ऐसा कहा जाता है कि प्राचीन योग में आध्यात्मिक मार्ग को ग्रहण करने की पहली शर्त जीवन से विरक्ति थी। किंतु जिन लोगों ने इस मानवी पूर्णता को प्राप्त कर लिया है वे शायद ही विरक्त होते हों। हां, एक अवस्था में वे विरक्त अवश्य होते हैं जब कि उन्हें व्यक्तिगत कठिनाइयों का या कृतघ्नता का सामना करना पड़ता है या दूसरे उनकी प्रतिभा को नहीं समझ पाते हैं। बल्कि जब तक वे अपनी सफलता और रचना के काल में होते हैं, वे पूर्णतया संतुष्ट रहते हैं, और वे सबसे अधिक अपने से संतुष्ट रहते हैं, उन्हें किसी और वस्तु को ढूंढ़ने की आवश्यकता नहीं अनुभव होती।

यह सदा सत्य नहीं होता, पर सामान्यतया ऐसा ही होता है। जब तक इन प्रतिभावान् मनुष्यों में एक पूर्ण स्वचेतन आत्मा न हो और वे यह न जान लें कि वे पृथ्वी पर किसी विशेष काम के लिये आये हैं तब तक ऐसा भी हो सकता है कि वे जन्म लें, बड़े हों और पार्थिव जीवन के अतिरिक्त और किसी भी सत्ता को जाने बिना मृत्यु को प्राप्त हो जायं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि जो संतोष उन्हें इस भावना से मिलता है कि वे अपनी चरम सफलता को प्राप्त कर चुके हैं, वह उन्हें किसी और चीज की आवश्यकता अनुभव करने से रोक देता है। यदि उनकी आत्मा अपने प्रति पूर्णतया सचेतन है, यदि वे भौतिक जगत् में अपने अस्तित्व के हेतु को जानते हैं, तो उन्हें एक ऐसा अस्पष्ट सा भास हो सकता है कि ये सब वस्तुएं बड़ी खोखली हैं और ये सब सफलताएं केवल उपरितलीय ही हैं और कोई ऐसी चीज अवश्य है जो उन्हें प्राप्त नहीं है। किंतु यह बोध केवल उन्हें होता है जिनके भाग्य में ऐसा लिखा है। वस्तुतः समूची मनुष्यजाति में ऐसे व्यक्ति अधिक नहीं होते। केवल यही लोग इन दो पूर्णताओं को मिला सकते हैं और किसी सर्वांगीण वस्तु को प्राप्त कर सकते हैं।

किंतु ऐसा कम ही होता है। जो व्यक्ति आध्यात्मिक शिखरों तक पहुंचे हैं उनमेंसे विरलों ने ही भौतिक जगत् में कोई महान् प्राप्ति की है। ऐसा हुआ अवश्य है पर बहुत कम। भगवान् के चेतन अवतारों के अंदर निश्चय ही दोनों पूर्णताओं की संभावना निहित थी किंतु ये उदाहरण अपवादरूप हैं। नहीं तो ऐसा होता है कि जिन्होंने आध्यात्मिक जीवन बिताया है, जिन्हें एक महान् आध्यात्मिक प्राप्ति हो चुकी है, उन्हें किन्हीं विशेष क्षणों में बाह्य प्राप्ति की एक विशेष योग्यता भी प्राप्त हुई है, किंतु ऐसा कभी कभी ही हुआ है, इसमें उन्हें उन लोगों की समग्रता, सर्वांगीणता या पूर्णता नहीं प्राप्त हुई जिनका ध्यान केवल स्थूल प्राप्ति पर ही केंद्रित होता था। यही कारण है कि जो लोग केवल बाह्य चेतना में निवास करते हैं, जिनके लिये केवल स्थूल पार्थिव जीवन ही सत्य है—ऐसा पार्थिव जीवन जो मूर्त्त है, अनुभव और बोध द्वारा गम्य है—वे सदा यही सोचते हैं कि आध्यात्मिक जीवन अस्पष्ट एवं स्थूल रूप में अतिसाधारण है, हां, वे ऐसा ही सोचते हैं।

मुझे कुछ ऐसे व्यक्ति मिले हैं जो यह साबित करना चाहते थे कि आध्यात्मिक शक्तियां बाह्य प्राप्ति के लिये बहुत क्षमता प्रदान करती हैं। उन्होंने अपनी असाधारण आध्यात्मिक अवस्थाओं में चित्रकारी, संगीत या कवितासंबंधी रचनाएं करने की कोशिश की थी, पर जो कुछ भी उन्होंने रचा वह बड़े मामूली स्तर का था; उनकी तुलना उन प्रतिभावान् व्यक्तियों की कृतियों से नहीं की जा सकती जो स्थूल जगत् के स्वामी थे। इसने स्वभावतया ही जड़वादी को यह कहने का एक सुंदर अवसर दिया, "देखो, जिस शक्ति का तुम दावा करते हो, वह तो कुछ भी नहीं है।" किंतु इसका कारण यह है कि बाह्य रूप से ये केवल साधारण व्यक्ति थे, क्योंकि यदि अत्यधिक महान् आध्यात्मिक शक्ति एक अशिक्षित जड़वादी व्यक्ति में प्रवेश कर भी जाय, तो भी वह स्पष्ट ही ऐसी कृति उत्पन्न करेगा जो उस कृति से कहीं अधिक ऊंची होगी जो उस शक्ति के बिना की जाती। किंतु साथ ही वह उस कृति से काफी निचले दर्जे की होगी जिसे एक ऐसा प्रतिभाशाली व्यक्ति उत्पन्न करता जिसका जड़पदार्थ पर स्वामित्व है। आत्मा का श्वास ही काफी नहीं है, यंत्र में भी उसे अभिव्यक्त करने की योग्यता होनी चाहिये।

इसके विपरीत, एक महान् कलाकार को, एक संगीतज्ञ, एक कवि को लो जिसका अपनी कला पर पूरा अधिकार है, जिसने अपने क्षेत्र में उच्चतम मानवीय योग्यता को प्राप्त कर लिया है; अब यदि इसके साथ एक आध्यात्मिक चेतना, एक अतिमानसिक शक्ति को भी जोड़ दो तो तुम्हें एक ऐसी चीज मिलेगी जो सच्चे अर्थों में दिव्य होगी।

यही उस प्रयत्न की कुंजी है जिसके करने की श्रीअरविन्द हमसे अपेक्षा करते हैं, यही उसका उद्देश्य है। यदि तुम अपने शरीर से उसके अंदर निहित सब संभावनाओं को निकाल देते हो, यदि तुम उसे पहले से जानी हुई वैज्ञानिक और सामान्य प्रणालियों के द्वारा शिक्षा देते हो, उसे यथासंभव एक पूर्णतम यंत्र बना देते हो तो जब अतिमानसिक शक्ति उस शरीर में प्रकट होगी, तब वह सदियों की तैयारी की आवश्यकता के बिना ही आत्मा को अभिव्यक्त करने के लिये एक अद्भुत यंत्र बन जायगा।

इसी लिये श्रीअरविन्द सदा ही यह कहते और दुहराते रहे हैं: 'दोनों छोरों पर काम करो, एक के लिये दूसरे को छोड़ो नहीं।"

निश्चय ही, यदि तुम दिव्य चेतना प्राप्त करना चाहते हो, तो तुम्हें आध्यात्मिक अभीप्सा का त्याग नहीं करना चाहिये। किंतु यदि तुम पृथ्वी पर एक पूर्ण दिव्य सत्ता बनना चाहते हो तो इस बात का पूरा ध्यान रखो कि दूसरे सिरे को मत छोड़ो, अपने शरीर को भी अधिकतम श्रेष्ठ यंत्र बनाओ।

यह सामान्य मानवी बुद्धि की एक व्याधि है जो पृथक्ता एवं विभाजन से उत्पन्न होती है, अर्थात् कार्य किसी एक तरह से या फिर दूसरी तरह से ही होना चाहिये। यदि तुम 'इस' वस्तु को चुनते हो, तो 'उस' वस्तु की ओर से मुंह फेर लेते हो, यदि 'उसको' चुनते हो तो 'इससे' मुंह फेर लेते हो।

यह एक बड़ा तुच्छ विचार है। तुम्हें सबको अपने अंदर समाविष्ट करना, सबको एकत्रित करना, सबको समन्वित करना जानना चाहिये। तभी तुम्हें पूर्ण प्राप्ति होगी।

*
**

(४)

"भगवान् के बारे में जितनी अंतर्दृष्टियां हैं वे सब यदि मिलकर एक हो जायं तो एक बड़ा भारी कार्य संपन्न हो जायगा। किंतु बौद्धिक सिद्धांत और मतसंबंधी अहंभाव रास्ते में आ जाते हैं।"

—श्रीअरविन्द 'विचार और झांकियां'

ये सब दृष्टिकोण कैसे आपस में मिलकर एक हो सकते हैं?

मानसिक चेतना में वस्तुएं न तो सुसंगत की जा सकती हैं और न समन्वित। व्यक्ति को इनसे आगे जाकर इनके विचार के पीछे स्थित भाव को ढूंढ़ना चाहिये। यदि मनुष्य अपने महान् धर्मों के बाह्य रूपों को—जो बौद्धिक सिद्धांत एवं विचारमात्र होते हैं—देखने

के बदले, उनके अंदर की सच्ची भावना को तथा जिस सिद्धांत के वे प्रतीक हैं उसको देखें तो उसके लिये उन्हें एक सूत्र में बांधना कठिन नहीं होगा। ये केवल मानव विकास के विभिन्न पक्ष हैं जो एक दूसरे के बड़े अच्छे पूरक हैं। इन पक्षों को अब एक अधिक समग्र और अधिक पूर्ण उन्नति को साधित करने के लिये, जीवन को अधिक पूर्ण रूप से समझने के लिये तथा भगवान् को अधिक सर्वांगीण रूप में प्राप्त करने के लिये और धर्मों को भी अपने अदर मिलाना चाहिये। बल्कि यह एकीकरण भी जो वस्तुओं के पीछे स्थित भावना की ओर जाने की मांग करता है काफी नहीं है। इसके साथ भविष्यसंबंधी अंतर्दृष्टि भी जोड़ देनी चाहिये; यह दृष्टि ही वह लक्ष्य है जिसकी ओर जाति बढ़ रही है, यह वह अंतिम आध्यात्मिक क्रांति है जिसके बारे में श्रीअरविन्द कहते हैं कि वह एक नये युग का उद्घाटन करेगी, यह अतिमानसिक क्रांति है।

अतिमानसिक चेतना में ये सब वस्तुएं न तो परस्पर विरोधी हैं न पृथक् ही। वहां ये सब एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। केवल मानसिक रचना ही विभाजन का कार्य करती है। मानसिक रूप जिस वस्तु का प्रतीक होता है उसे दूसरे मानसिक रूपों के द्वारा प्रकट की गयी वस्तु के साथ एक हो जाना चाहिये जिससे कि सब मिलकर एक सामंजस्य-पूर्ण 'समग्रता' बन जायं। यही वह मूल भेद है जो धर्म और सच्चे आध्यात्मिक जीवन में पाया जाता है। धर्म प्रायः अनन्यभाव में ही अपने स्वरूप में, अपने सिद्धांत में, किसी विशेष विचार-समूह में अपना अस्तित्व रखता है। वह महान् केवल कुछ विशेष व्यक्तियों की आध्यात्मिकता के कारण बनता है। उधर सच्चा आध्यात्मिक जीवन, विशेषकर भविष्य में प्राप्त होनेवाली अतिमानसिक उपलब्धि समस्त यथार्थ बौद्धिक रूपों से, तथा जीवन के समस्त सीमित रूपों से स्वतंत्र है। यह उपलब्धि सब संभावनाओं को, सब अभिव्यक्तियों को अपने अंदर समाविष्ट कर लेती है; अभिव्यक्ति में यह सर्वोच्च और अत्यधिक वैश्व सत्य को दर्शाने का साधन है।

एक नया धर्म केवल अनुपयोगी ही नहीं, हानिप्रद भी होगा। वस्तुतः एक नये जीवन का निर्माण होना चाहिये, एक नयी चेतना को प्रकट होना चाहिये, एक ऐसी वस्तु को जो बौद्धिक सीमाओं और मानसिक रचनाओं से परे की वस्तु हो; यह एक ऐसा सजीव सत्य है जिसे अभिव्यक्त होना ही है।

इस उपलब्धि में सब वस्तुओं को अपने मूल और सत्य सहित समाविष्ट हो जाना चाहिये। इसे दिव्य सत्य की यथासंभव अधिक से अधिक पूर्ण, समग्र एवं वैश्व अभिव्यक्ति होना चाहिये। केवल यही मनुष्यजाति और संसार को बचा सकती है। यही वह आध्यात्मिक क्रांति है जिसकी श्रीअरविन्द ने चर्चा की है और इसी को वे हमें प्राप्त कराना चाहते थे।

*
**

(५)

"स्वतंत्रता अपनी असीम एकता में सत्ता का नियम है, समस्त प्रकृति की गुप्त स्वामिनी

है। दासता सत्ता में प्रेम का नियम है, यह सत्ता अनेकविधता में अपनी दूसरी सत्ताओं की क्रीड़ा में सहायता पहुंचाने के लिये स्वेच्छापूर्वक आत्मदान करती है।"

—श्रीअरविन्द, 'विचार और झांकियां'

एक ही समय स्वतंत्रता और दासता में रहना किस प्रकार संभव हो सकता है?

ऊपरी दृष्टि से स्वतंत्रता और दासता पूर्णतया विरोधी और असंगत प्रतीत होती हैं। फिर भी, एक ऐसी मनोवृत्ति है जो ऊपर से विरोधी दिखायी देनेवाली इन दो वस्तुओं के बीच में मेल पैदा कर देती है और साथ ही इन्हें भौतिक अस्तित्व की एक अत्यधिक सुखकर अवस्था बना देती है।

सत्ता के पूर्ण विकास के लिये स्वतंत्रता एक प्रकार की स्वाभाविक मांग है, आवश्यकता है। अपने मूल में यह सर्वोच्च चेतना को पूर्ण प्राप्ति है, यह एकत्व को, भगवान् के साथ संयोग को व्यक्त करती है तथा स्रोत और चरितार्थता के असली अर्थ को प्रकट करती है। किंतु क्योंकि यह एकता अनेकविधता में अभिव्यक्त होती है, यह आवश्यक था कि कोई चीज स्रोत और अभिव्यक्ति को जोड़ने का साधन बने। क्या प्रेम से बड़ा भी कोई और जोड़ने-वाला साधन हो सकता है? और प्रेम का पहला संकेत क्या है? अपने आपको दे देना, सेवा-भाव का होना। उसकी सहज, तात्कालिक और अनिवार्य क्रिया कौनसी है? सेवा करना, एक प्रसन्न और पूर्ण समर्पण-भाव में सेवा करना।

अतएव हम देखते हैं कि अपनी विशुद्धता और सत्यता में पूर्ण स्वतंत्रता और सेवा-भाव, विरोधी होना तो दूर रहा, एक-दूसरे के पूरक हैं। पूर्ण स्वतंत्रता सर्वोच्च सद्वस्तु के साथ पूर्ण एकता में, और केवल इसी में है। ज्यों ही निश्चेतना या अज्ञान का जरा भी अंश प्रकट होता है, वह एक दुर्बलता एवं दासता बन जाती है। वस्तुतः एक सहज-स्वाभाविक समर्पण के बिना, प्रेम के समर्पण के बिना यह एकता प्राप्त भी कैसे हो सकती है? और हम अभी देख भी चुके हैं कि प्रेम की पहली क्रिया, पहली अभिव्यक्ति सेवा है।

अतएव, 'सत्य' में पूर्ण स्वतंत्रता और सेवा बड़े घनिष्ठ रूप में परस्पर जुड़ी हुई हैं। किंतु यहां, इस पृथ्वी पर, अज्ञान और निश्चेतना के इस जगत् में, सेवा जिसे एक सहज-स्वाभाविक क्रिया होना चाहिये, जिसे स्वयं प्रेम की अभिव्यक्ति होना चाहिये केवल जीवन की स्थिरता के लिये एक विवशता बन गयी है, एक अपमानजनक दासता बन गयी है। जिसे एक आत्म-प्रस्फुटन और आनंद होना चाहिये था वह एक कुरूप, कष्टप्रद और अपवित्र बंधन बन गयी है।

वस्तुतः स्वतंत्रता का अर्थ और उसकी मांग विकृत हो गये हैं। उसने स्वाधीनता प्राप्त करने की एक ऐसी लालसा का रूप धारण कर लिया है, जो सीधे विद्रोह, पृथक्ता और एकाकिता का कारण बन जाती है, एक ऐसी एकाकिता का जो सच्ची स्वाधीनता की विरो-धिनी है।

स्वाधीनता! मुझे एक बुद्धिमान् वृद्ध का एक सुन्दर कथन याद आ रहा है। किसीने उससे कहा, "मैं स्वाधीन होना चाहता हूं।" वृद्ध ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया, "इसका अर्थ यह हुआ कि तुम्हें कोई प्यार नहीं करेगा, क्योंकि यदि तुम्हें किसीने प्रेम किया तो तुम तत्काल ही उस प्रेम पर निर्भर हो जाओगे।"

उत्तर बड़ा सुंदर था, क्योंकि प्रेम ही एकता की ओर ले जाता है और इस एकता की सच्ची अभिव्यक्ति को ही वास्तविक स्वतंत्रता कहते हैं। जो लोग स्वतंत्रता के अपने अधिकार के नाम पर स्वाधीनता की मांग करते हैं वे सच्ची स्वतंत्रता की ओर पूर्णतया पीठ फेर लेते हैं, कारण, वे स्वयं प्रेम का ही निषेध कर देते हैं।

विकृति विवशता से आती है। जहां विवशता होती है, वहां असत्य भी अवश्य होता है। आंतरिक सत्ता की समस्त क्रियाओं में एक स्वाभाविकता होनी चाहिये, एक ऐसी स्वाभाविकता जो आंतरिक मेल से, एक पूर्ण और स्वेच्छापूर्वक किये गये आत्म-समर्पण से तथा गहन सत्य की, सत्ता की यथार्थता और उसके मूल और उद्देश्य की पुनः प्राप्ति से पैदा होती है।

*
**

(६)

"एक ऐसी विजय जो सदा हार खाती है।"—श्रीअरविन्द, 'विचार और झांकियां'

उपर्युक्त वाक्य का क्या अर्थ है?

इसका अर्थ यह है कि विजय कभी भी अंतिम या पूर्ण नहीं होती। ऐसे प्रत्येक समय जब कि तुम यह सोचते हो कि तुमने विजय प्राप्त कर ली है, तुम्हें यह भी पता लग जाता है कि वह केवल आंशिक और क्षणिक है। इसका यह अर्थ नहीं कि अवस्था आवश्यक रूप में वैसी ही बनी रहती है जैसी कि पहले थी, नहीं, कुछ चीज अवश्य बदल जाती है, पर सब कुछ नहीं बदल जाता, न वह पूर्ण रूप से ही बदल जाता है।

यह विशेषतया भौतिक विजयों में अर्थात् शरीर के ऊपर विजयों में देखने में आता है। बड़े कठिन परिश्रम के बाद व्यक्ति एक कमजोरी पर, किसी कमी पर, किसी बुरी आदत पर विजय पाता है और समझता है कि उसकी यह विजय अंतिम है। किंतु कुछ समय बाद, बल्कि कभी कभी तत्काल ही उसे पता चल जाता है कि अभी कुछ भी पूर्ण या निश्चित रूप से नहीं हुआ है; जिस कार्य के विषय में उसने यह समझा था कि वह पूरा हो गया है, उसे अभी दुबारा करना पड़ेगा। कारण, सत्य यह है कि केवल सर्वांगीण परिवर्तन, चेतना का रूपांतर तथा एक नयी शक्ति का हस्तक्षेप ही विजय को अंतिम और पूर्ण बना सकते हैं। पुरानी कैल्डियन (Chaldean) परंपरा में जब कि नौसिखियों को प्रतीकस्वरूप श्वेत वस्त्र पहनाये जाते थे तो उनके सामने यह विचार रखा जाता था और उन्हें कहा जाता था, "धब्बों को एक एक करके दूर न करो, सारी पोशाक ही स्वच्छ करनी है।" अपने दोषों को एक एक करके दूर करने का प्रयत्न न करो, न ही एक एक करके अपनी कमजोरियों पर विजय प्राप्त करो। ऐसा करने से अधिक दूर नहीं पहुंच सकोगे। आवश्यकता तुम्हें अपनी पूरी चेतना को बदलने तथा उसका पूर्ण रूपांतर करने की है। जिस अवस्था में तुम हो उससे बाहर निकलकर तुम्हें एक उच्चतर अवस्था तक

पहुंचना है। वहां से तुम उन सब कमजोरियों पर जिन्हें तुम दूर करना चाहते हो विजय प्राप्त कर लोगे। इस अवस्था में तुम्हें अपने कर्तव्य का पूर्ण ज्ञान रहेगा।

श्रीअरविन्द इससे और आगे भी कहते हैं: "वस्तुस्थिति ऐसी है कि जब तक सब कुछ नहीं हो जाता, समझो कुछ भी नहीं हुआ।" एक पग आगे बढ़ना काफी नहीं है, पूर्ण रूपांतर की आवश्यकता है।

मैंने उन लोगों से जो इस मार्ग पर चल रहे हैं, कई बार सुना है, "मैं कोशिश तो कर रहा हूं पर उसका फायदा क्या हो रहा है? जब जब मैं सोचता हूं कि मैंने कुछ प्राप्ति कर ली है, तब तब मुझे पता चलता है कि मुझे तो कार्य को फिर से शुरू करना होगा।" इसका कारण यह है कि वे एक स्थान पर स्थिर रहकर आगे बढ़ने का प्रयत्न करते हैं, चेतना को बिना बदले उन्नति करने की चेष्टा करते हैं। यहां तो पूरे दृष्टिकोण को ही बदलना है, चेतना जिस कोने में पड़ी है उसे वहां से निकलकर ऊपर उठना चाहिये और वहीं से फिर वस्तुओं का निरीक्षण करना चाहिये।

तभी, केवल तभी विजय निश्चित और पूर्ण होगी।

"किंतु चेतना को कैसे बदला जाय?"

इसके कई तरीके हैं, और प्रत्येक को वही अपनाना चाहिये जो उसकी प्रकृति के लिये अधिक सुलभ है। सामान्यतया यह तरीका अचानक ही किसी भी अप्रत्याशित अनुभूति या वैसी ही किसी चीज के द्वारा आ जाता है। उदाहरणार्थ, तुम सामान्य चेतना में, एक ऐसी चेतना में जिसका विस्तार ऊपरी तल पर है समतल रूप में निवास कर सकते हो और तब तुम एक ऐसे स्तर पर कार्य करते हो जो एक ही समय वस्तुओं का, सत्ताओं तथा परिस्थितियों का बाह्य स्वरूप होता है। तब एकदम, किसी भी एक कारण से जो प्रत्येक के लिये भिन्न भिन्न होता है, तुम ऊपर की ओर, एक दूसरे ही स्थान पर पहुंच जाते हो और वस्तुओं को निम्न स्तर पर या उसी स्तर पर समतल रूप में देखने के स्थान पर एकदम उनके ऊपर अपना नियंत्रण स्थापित कर लेते हो। जो वस्तुएं तुम्हारे अत्यधिक निकट हैं केवल उन्हीं में से कुछ थोड़ी सी देखने के स्थान पर तुम ऊपर से उन्हें समग्र रूप में देखते हो। तुम्हें ऐसा प्रतीत होता है कि तुम एकदम पर्वत के शिखर पर पहुंच गये हो। उनकी छोटी छोटी बारीकियों को देखने के स्थान पर तुम सबको उसके सर्वांगीण रूप में, एक इकाई के रूप में और साथ ही ऊंचाई से देखते हो।

इस अनुभूति को प्राप्त करने के कई ढंग हैं, पर साधारणतया यह किसी भी दिन एकदम ही आ जाती है।

तुम्हें इससे एकदम उलटी अनुभूति भी हो सकती है, किंतु उसमें भी बात वही होती है। तुम एकदम किसी गहराई में पहुंच जाते हो, वस्तुओं के जिस रूप का तुम्हें पहले पता होता है तुम उससे दूर चले जाते हो, वे तुम्हें दूर की, ऊपरी तल की तथा अलग सी चीजें प्रतीत होती हैं। तुम एक आंतरिक नीरवता में, एक आंतरिक शांति में, एक अंतर्दृष्टि में प्रवेश कर जाते हो, तब तुम्हें वस्तु और परिस्थितिसंबंधी एक अंतरतम बोध, एक गहन अनुभूति प्राप्त हो जाती है। मूल्य और महत्त्व बदल जाते हैं। वस्तुओं के बाह्य रूपों की विभिन्नता के पीछे जो उनकी गहन तदात्मता विद्यमान है उसे तुम जान जाते हो।

ऐसा भी होता है कि सीमा की भावना विलीन हो जाती है और तुम कालसंबंधी एक प्रकार की अनंतता के प्रति सचेतन हो जाते हो, इस काल का न कोई आरंभ होता है न अंत, यह एक ऐसी वस्तु होता है जो सदा रही है और सदा रहेगी।

ये अनुभव तुम्हें एकदम, बिजली की चमक की भांति, एक सेकिंड में, तुम्हारे जीवन के एक क्षण में प्राप्त हो जाते हैं, ये कैसे हुए और क्यों हुए इसका तुम्हें पता नहीं चलता। ये अगणित होते हैं और भिन्न भिन्न व्यक्तियों में भिन्न भिन्न होते हैं। किंतु इसी के द्वारा एक मिनट में, इस प्रकार के अस्तित्व के एक सेकिंड में सूत्र का सिरा तुम्हारे हाथ में आ जाता है।

याद रखो कि इस अनुभव को तुम्हें दुबारा प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिये, अपने अंदर गहरे जाकर इसका दुबारा आवाहन करना चाहिये, अभीप्सा करनी चाहिये तथा अपने आपको एकाग्र करना चाहिये। यही आरंभ है।

उन सब लोगों के लिये, जिनकी भवितव्यता ही ऐसी है कि उन्हें अपनी सत्ता के अर्थात् अपनी आंतरिक सत्ता के सत्य को ढूंढना है, कम से कम सदा ही जीवन का एक ऐसा क्षण आता है, जब कि उन्हें सच्ची चेतना की अनुभूति प्राप्त होती है, जब कि उनका पहला स्वरूप बदल जाता है। ऐसा तब भी हो सकता है जब कि वे बहुत छोटे होते हैं, यह केवल बिजली की चमक के समान भी उनके सामने आ सकता है, किंतु उतना ही पर्याप्त होता है। यह उस मार्ग का एक निश्चित संकेत होता है जिसपर व्यक्ति को चलना है, यह वस्तुतः उस मार्ग में प्रवेश करने का द्वार खोल देता है। अतएव तुम्हें इसकी ओर बढ़ना चाहिये और धैर्यपूर्वक अथक आग्रह के साथ उस अवस्था को पुनः प्राप्त कर लेने की चेष्टा करनी चाहिये जो तुम्हें किसी वास्तविक एवं महत्तर वस्तु की ओर ले जायगी।

सच्ची चेतना को प्राप्त करने के कई रास्ते सुझाये जा सकते हैं और सुझाये जा चुके हैं। किंतु जिस तरीके को तुम सीखते हो, जिसके बारे में तुम पुस्तक में पढ़ते हो, यहां तक कि जिसके बारे में तुम किसी गुरु से भी सुनते हो, वह भी उस सहज-स्वाभाविक अनुभूति जैसा मूल्यवान् नहीं है जो किसी भी प्रत्यक्ष कारण के बिना स्वतः प्राप्त हो जाती है, जो केवल आत्मा की जागृति की अभिव्यक्ति होती है। वस्तुतः आंतरात्मिक केंद्र के साथ एक क्षण का संपर्क ही प्रत्येक को उसका सर्वश्रेष्ठ मार्ग बता देता है, यही मार्ग उसके अत्यधिक निकट होता है और यदि व्यक्ति अपने लक्ष्य पर पहुंचना चाहता है तो उसे इसीका धैर्य और लगन के साथ अनुसरण भी करना चाहिये।

कुछ लोगों को इसकी अनुभूति रात को स्वप्न में होती है और कुछ को किसी और समय। वे किसी ऐसी वस्तु को देखते हैं जो उनके अंदर इस नयी चेतना को जगा देती है। वे कुछ सुनते हैं या पढ़ते हैं, चाहे वह कोई सुन्दर संगीत हो या कोई सुन्दर वाक्य; किसी एक प्रयत्न में एकाग्रता की अत्यंत तीव्र अवस्था से भी ऐसा हो सकता है, चाहे जिससे भी हो, कारण हजारों हो सकते हैं और तरीके भी, इससे कुछ फर्क नहीं पड़ता। केवल व्यक्ति को जाग्रत् अवस्था में रहकर ध्यानपूर्वक निरीक्षण करना चाहिये।

कभी कभी जब तुम आत्मा की वीरता, उदारता या महानता का कोई कार्य देखते हो, जब तुम किसी ऐसे आदमी की उपस्थिति में होते हो जो एक विशेष योग्यता दिखाता है या जो एक असाधारण रूप में सुंदर व्यवहार करता है तो तुम्हारी सत्ता में एक प्रकार का

उत्साह, प्रशंसा या कृतज्ञता का भाव एकदम प्रकट हो उठता है तथा वह नयी चेतना की एक ऐसी अवस्था का, एक ऐसी ज्योति, उष्णता और आनंद का द्वार खोल देता है जिसे तुम पहले जानते भी नहीं थे। इस तरह भी सूत्र हाथ में आ सकता है।

किंतु सबसे पहले तुम्हें चेतना के इस परिवर्तन की आवश्यकता अनुभव करनी चाहिये, इस विचार को स्वीकार करना चाहिये कि यही मार्ग लक्ष्य की ओर ले जायगा। जब यह तथ्य मान्य हो जाय तो फिर तुम्हें बड़ी एकाग्रतापूर्वक निरीक्षण करना होगा। तुम्हें मार्ग मिलेगा, अवश्य मिलेगा। और एक बार मार्ग के मिल जाने के बाद तुम्हें बिना किसी हिचक के उसी पर चलना चाहिये।

*
**

(७)

कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनके लिये सब कुछ आसान प्रतीत होता है और कुछ ऐसे जो सदा ही बड़ी सी बड़ी कठिनाइयों में पड़े रहते हैं, गहन अंधकार में गिरे रहते हैं। यह भेद क्यों ?

दूसरों की बातों से तुम क्यों वास्ता रखते हो, मैं बार बार एक ही बात को नहीं कहना चाहती। दूसरों के विषय में अपनी राय मत बनाओ, उनकी आलोचना मत करो, उनमें तुलना मत करो। यह तुम्हारा काम नहीं है। तुम एक भौतिक शरीर में पृथ्वी पर आये हो, तुम्हारा एक निश्चित उद्देश्य है: तुम्हें इस शरीर को यथासंभव अधिक से अधिक पूर्ण यंत्र बनाना है, इसे भगवान् के प्रति अधिक से अधिक सचेतन करना है। तुम्हें समस्त क्षेत्रों में, मानसिक, प्राणिक और शारीरिक क्षेत्रों में, कुछ उपादान मिला है; यह तुम्हें उस कार्य के लिये दिया गया है जिसकी भगवान् तुमसे आशा करते हैं, वस्तुतः तुम्हारे जीवन की सारी परिस्थितियां भी उस वस्तु के साथ संबंधित हैं, जिसकी भगवान् तुमसे आशा करते हैं। अतएव, यह मत कहो, "मेरा जीवन बड़ा दुःखमय है, इस संसार में मेरा जीवन सबसे अधिक कठिन है!" कारण, प्रत्येक को ऐसा जीवन मिला है जो उसके समग्र विकास के लिये उपयुक्त है, प्रत्येक को ऐसे अनुभव होते हैं जो उसके पूर्ण विकास के अनुकूल पड़ते हैं और प्रत्येक की अपनी कठिनाइयां हैं जो उसकी पूर्ण उपलब्धि के लिये आवश्यक हैं।

यदि तुम ध्यान से अपना निरीक्षण करो तो तुम्हें सचमुच यह पता लग जायगा कि जिस गुण को तुम प्राप्त करना चाहते हो उसका ठीक उलटा गुण भी तुम्हारे अंदर मौजूद है, मैं यहां 'गुण' को उसके अधिकतम विस्तृत और उच्च अर्थों में ले रही हूं। तुम्हारा एक विशेष लक्ष्य है, एक विशेष कार्य है, तुम्हें एक विशेष उपलब्धि को प्राप्त करना है, और ये सब तुम्हारी अपनी वस्तुएं हैं, पर साथ ही तुम्हारे अंदर इनके लिये समस्त आवश्यक बाधाएं भी मौजूद हैं जिनका प्रयोजन तुम्हारी उपलब्धि को पूर्ण बनाना है। तुम सदा ही यह देखोगे कि तुम्हारे अंदर प्रकाश और अंधकार दोनों रहते हैं। तुम्हारे अंदर एक योग्यता है,

पर साथ ही उसका विरोधी गुण भी वहां मौजूद है। यदि तुम्हें अपने अंदर गहरा और घना अंधकार दिखायी दे तो विश्वास रखो कि तुम्हारे अंदर किसी स्थान पर एक बड़ा प्रकाश भी मौजूद है। अब यह तुम्हारा काम है कि तुम एक को पाने के लिये दूसरे का प्रयोग करना जानो।

यह मत कहो, "मैं तो ऐसा ही हूं, किसी और तरह का नहीं हो सकता", क्योंकि यह सत्य नहीं है। तुम इस तरह के हो, ठीक इसी लिये क्योंकि तुम्हें इससे उलटा बनना है। ये सब कठिनाइयां वहां केवल इसलिये हैं कि तुम इन्हें इनके अंदर छुपे हुए सत्य में बदल सको।

इसी प्रकार यह भी कहा जा सकता है कि संसार का जो वर्तमान स्वरूप है उसका ठीक विरोधी यदि वह अपने मूल रूप में न होता, तो हमारे लिये कोई आशा नहीं रहती। क्योंकि गढ़ा इतना अंधकारपूर्ण है, इतना गहरा है और निश्चेतना इतनी पूर्ण है कि यदि यह पूर्ण चेतना की संभावना का संकेत न होती तो यह कार्य हाथ में लिया ही न जाता।

शंकराचार्य ने तथा कुछ औरों ने भी यह कहा था कि यह संसार रहने योग्य नहीं है, इसे एक भ्रांति समझकर जितना जल्दी हो सके छोड़ देना चाहिये, क्योंकि इससे कोई लाभ नहीं उठाया जा सकता। इसके विपरीत, मैं तुमसे कहती हूं कि क्योंकि संसार बहुत बुरा है, अत्यंत अंधकारमय है, कुरूप और अचेतन है, कष्ट और पीड़ा से भरा है, उसके अंदर सर्वोच्च 'सौंदर्य', सर्वोच्च 'प्रकाश', सर्वोच्च 'चेतना' और सर्वोच्च 'आनंद' का रूप धारण करने की संभावना भी मौजूद है।

*
**

(८)

शरीर के व्यापार किस प्रकार अपनी उच्चतम योग्यता तक पहुंच सकते हैं?

रूपांतर के द्वारा, पूर्ण रूपांतर के द्वारा। वस्तुतः हमारा शरीर अभी भी पशु के शरीर का एक संशोधित रूप है, क्योंकि यदि यह सत्य है कि हमने एक दृष्टि से कुछ प्राप्त किया है तो यह भी सत्य है कि हमने एक दूसरी दृष्टि से कुछ खो भी दिया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि यदि हम शुद्ध भौतिक योग्यताओं के दृष्टिकोण से देखें तो कई पशु हमसे अधिक ऊंचे हैं। जब तक हम किसी विशेष संस्कृति और अनुशासन की शिक्षा के द्वारा अपनी योग्यताओं को सचमुच ही बदलने में सफल नहीं हो जाते, तब तक स्पष्ट रूप में यह कहा जा सकता है कि शारीरिक शक्ति या बल के विचार से शेर और बाघ हमसे कहीं अधिक बलवान् हैं; फुर्तीलेपन में बंदर हमसे आगे निकल गया है; पक्षी किसी भी बाह्य यंत्र की सहायता के बिना हवा में विचर सकता है, जो कि अभी तक हमारे लिये संभव नहीं हुआ है। हम पशु की भांति ही अपने अंगों की क्रियाओं की मांगों के द्वारा बंधे हुए हैं, उन द्वारा सीमित हैं, अपनी शारीरिक आवश्यकताओं के दास हैं। अतएव यह स्पष्ट है कि जीवित रहने के लिये जब तक हम स्थूल भोजन पर निर्भर रहेंगे, स्थूल ढंग से

जड़ पदार्थ को ग्रहण करेंगे तब तक हम एक निम्न कोटि का पशु ही बने रहेंगे और अपने जीवन को दिव्य नहीं बना सकेंगे।

अब हमें इस बात पर विचारना पड़ेगा कि मनुष्य के अंदर उपस्थित इस पशुता का स्थान जीवन का कोई और स्रोत ले लेगा। यह बात केवल सोचने की ही नहीं है, बल्कि यह आंशिक रूप में चरितार्थ भी हो सकती है। प्रत्यक्ष ही यही वह लक्ष्य है जिसे हमें, यदि हम जड़पदार्थ का रूपांतर चाहते हैं और उसे दिव्य गुणों को व्यक्त करने के योग्य बनाना चाहते हैं, अपने सामने रखना चाहिये।

अति प्राचीन परंपरा में, वैदिक और कैलडियन परंपराओं से भी पहले की परंपराओं में, एक ऐसे गौरवपूर्ण शरीर का जिक्र आता है जो इतना नमनीय होगा कि वह सदा अंतरतम चेतना के द्वारा बदला जा सकेगा, वह शरीर इस चेतना को व्यक्त करेगा। वहां एक 'प्रकाश' की भी चर्चा आती है कि जिस जड़पदार्थ से शरीर निर्मित हुआ है वह इच्छा करने पर प्रकाशमय हो सकेगा, एक ऐसे फुर्तीलेपन का भी वहां जिक्र था जो शरीर को केवल इच्छाशक्ति के द्वारा, आंतरिक शक्ति को प्रयोग में लाने की किसी प्रणाली के द्वारा या किसी और तरह से हवा में विचरने के योग्य बना सकेगा।

इन बातों के विषय में बहुत चर्चाएं हो चुकी हैं। पर क्या पृथ्वी पर कभी भी ऐसे व्यक्ति मौजूद थे जिन्होंने यह पूर्णता प्राप्त कर ली थी? मुझे पता नहीं, पर ऐसा होना संभव है इसे प्रमाणित करने के लिये कुछ थोड़े से और अधूरे उदाहरण अवश्य मिलते हैं। इस विचारधारा में मनुष्य और भी आगे बढ़ सकता है कि इन वर्तमान भौतिक अंगों का स्थान ऐसे केंद्र ले लेंगे जहां बल और शक्ति केंद्रित होगी तथा जो उच्चतर शक्तियों को ग्रहण कर सकेंगे, साथ ही जो एक प्रकार की रसायन-क्रिया के द्वारा इन शक्तियों को भौतिक जीवन की आवश्यकताओं के लिये प्रयुक्त भी कर सकेंगे।

शरीर के विभिन्न केंद्रों के बारे में पहले कहा जा चुका है। जो लोग किन्हीं विशेष योग-प्रणालियों का अभ्यास करते हैं उन्हें इनके विषय में साधारण ज्ञान रहता है। ये केंद्र इतने पूर्ण बनाये जा सकते हैं कि ये उच्चतर शक्ति और स्पंदनों को जड़ पदार्थ पर सीधा कार्य करने की अनुमति दे सकें।

जिन लोगों ने गुह्यविद्या का पर्याप्त अभ्यास कर लिया है, वे सूक्ष्म शक्तियों को भौतिक रूप देने की प्रक्रिया को जानते हैं। इस प्रक्रिया में वे उन्हें भौतिक स्पंदनों के संपर्क में ले आते हैं। यह कार्य केवल हो ही नहीं सकता बल्कि किया भी जा रहा है। यह अपने आपमें एक पूरी विद्या है जिसे सर्वांगीण और पूर्ण बनाना है और जिसका प्रयोग स्पष्ट ही नये शरीरों के निर्माण और उनकी क्रियाओं में किया जाना चाहिये; ये शरीर तब जड़ जगत् में अतिमानसिक जीवन को अभिव्यक्त करने के योग्य हो जायंगे।

किंतु, जैसा कि श्रीअरविन्द कहते हैं, इस बात को करने से पहले व्यक्ति को अपनी शारीरिक क्रियाओं को अधिकाधिक नियंत्रित करने के लिये तथा उस नियंत्रण को अधिक यथार्थता प्रदान करने के लिये समस्त सुलभ साधनों का प्रयोग करना चाहिये। यह स्पष्ट है कि जो लोग शारीरिक शिक्षा का अध्ययन एक वैज्ञानिक और व्यवस्थित ढंग से करते हैं उनका अपने शरीर पर बहुत अधिकार हो जाता है, जब कि वे लोग जिन्हें यह शिक्षा प्राप्त नहीं हुई इससे बिलकुल अपरिचित रह जाते हैं। हम देख ही चुके हैं कि जब रूसी खिलाड़ी

यहां आये थे तो वे कितनी सरलता से ऐसे व्यायाम कर लेते थे जो साधारण शारीरिक क्षमताओं से परे की वस्तुएं थीं। वे बिना प्रयास के उन्हें इस प्रकार कर लेते थे मानों वह संसार की एक अति स्वाभाविक और सरलसी वस्तु हो। शरीर पर यह अधिकार शरीर के रूपांतर के लिये एक महान् पग है। और इन खिलाड़ियों के विषय में—क्योंकि ये खिलाड़ी पेशेवर थे और स्वभावतया ही जड़वादी थे—यह कहा जा सकता है कि उनके प्रशिक्षणों में कोई आध्यात्मिक ढंग नहीं बरता गया था। केवल भौतिक साधनों और मानवी इच्छाशक्ति के सज्ञान प्रयोग से ही उन्होंने अपने शरीर पर उस अधिकार को प्राप्त कर लिया था जिसका प्रदर्शन हम सबने उस दिन देखा था। किंतु यदि उन्होंने इसके साथ आध्यात्मिक ज्ञान और बल भी जोड़ दिया होता तो परिणाम सचमुच ही चमत्कार-पूर्ण होता।

पर क्योंकि संसार में झूठे विचारों का अधिक बोल-बाला है, साधारणतया ये दो चीजें, आध्यात्मिक स्वामित्व और स्थूल स्वामित्व, इकट्ठी नहीं पायी जातीं, एक को सदा ही दूसरी का अभाव रहता है। किंतु यदि, जैसा कि मैं अभी कह चुकी हूं, इन दोनों को मिला दिया जाय तो परिणामस्वरूप वह पूर्णता प्राप्त कर ली जायगी जिसके बारे में साधारण मनुष्य कभी सोच भी नहीं सकता।

ठीक इसी बात को हम यहां करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

किंतु इस समय अनेक मूर्खतापूर्ण विचार हमारे सामनें आ जाते हैं, ऐसे विचार जिनका काम ही भौतिक और आध्यात्मिक जीवन में एक अटल विरोध पैदा करना है। इन्हीं विचारों के विरुद्ध हमें संघर्ष करना है। यह बात मानवी चेतना में इतनी गहरी घुसी है कि इसे बाहर निकाल फेंकना बड़ा कठिन हो गया है, उन लोगों के अंदर से भी जिनका यह विश्वास है कि उन्होंने श्रीअरविन्द की शिक्षा को भली प्रकार समझ लिया है। बहुत से लोग यह सोचते हैं कि आध्यात्मिक जीवन का अर्थ ध्यान करना है। जब तक उक्त मूर्खतापूर्ण विचारों को मानवीय चेतना से उखाड़कर नहीं फेंक दिया जाता तब तक अति-मानसिक शक्ति के लिये अपने आपको मन के अंधकार द्वारा आच्छादित न होने देना बहुत कठिन रहेगा, उस मन के जो किसी भी चीज को समझ सकने में असमर्थ है।

मैं तुम्हें 'अतिमानसिक अभिव्यक्ति' (Supramental Manifestation) पुस्तक पढ़-कर इसलिये सुनाना चाहती थी कि तुम उस सत्य के संपर्क में आ जाओ जो एक संघर्षपूर्ण ढंग से व्यक्त किया गया है और इस पुराने विभाजन के विरुद्ध तथा सनातन 'सत्य' के विषय में इस पूर्ण अज्ञान के विरुद्ध युद्ध कर सको।

*
**

(९)

खेलों के सांमुख्य में कई बुरी भावना से खेलते हैं, वे स्वयं विजयी होने के लिये दूसरों को हानि पहुंचाने की चेष्टा करते हैं। यह भी देखने में आया है कि छोटे बच्चे तक यही बात सीख रहे हैं। इससे कैसे बचा जाय?

बच्चों के लिये तो यह कहा जा सकता है कि इसका कारण अज्ञान और बुरा उदाहरण है जो हानि पहुंचाता है। यह अच्छा होगा कि यदि दलों के नेता खेल शुरू करने से पहले अपने अधीन सब बच्चों को इकट्ठा करके उन्हें वे सब बातें बतायें और उनकी व्याख्या भी करें जो 'अतिमानसिक अभिव्यक्ति', 'पूर्ण खिलाड़ी के नियम' तथा 'आदर्श बालक' नाम की पुस्तकों में खेल के विषय में लिखी गयी हैं। ये बातें बच्चों के सामने प्रायः ही दुहरायी जानी चाहियें। इसके बाद उन्हें बुरी संगति और बुरे साथियों से बचने के लिये चेतावनी भी देनी चाहिये। अंतिम बात यह है कि उनके सामने अच्छा उदाहरण रखा जाय। जो तुम दूसरों को बनाना चाहते हो वह तुम स्वयं बनो। उनके सामने निःस्वार्थता, धैर्य, आत्म-संयम, आत्म-विस्मरण और सब परिस्थितियों में सदा प्रसन्न रहने की वृत्ति का उदाहरण रखो। अपनी क्षुद्र वैयक्तिक असुविधाओं पर विजय प्राप्त कर लो, उदाहरणार्थ, जब तुम थके हुए हो या तुम्हारी तबीयत ठीक नहीं है तब भी प्रसन्न-चित रहो, धैर्य न खोओ। दूसरों के प्रति सदा दयालु रहो, उनकी कठिनाइयों को समझो और अपने स्वभाव में एक ऐसी समता रखो कि बच्चे तुमसे भय न मानें। कारण, दंड का भय ही बच्चों को छल करना, झूठ बोलना, यहां तक कि बुरा काम करना सिखाता है। इसके विपरीत, यदि वे ये समझें कि तुम उनपर विश्वास करते हो तो वे तुमसे कुछ भी नहीं छुपायेंगे और तब तुम उन्हें यथार्थ रूप में आज्ञाकारी और सच्चे बना लोगे।

अतएव सबसे बड़ी और महत्त्वपूर्ण बात है अच्छा उदाहरण। और यह एक पूर्णता की, एक ऐसे आत्म-संयम की मांग करता है जो उपलब्धि के मार्ग में एक बहुत बड़ा पग है। यदि तुम एक सच्चे नेता बनने की शर्तें पूरी कर लेते हो, चाहे वह नेता बच्चों के एक छोटे से दल का क्यों न हो, तो तुम योग साधित करने के लिये जिस अनुशासन की आवश्यकता होती है, उसमें काफी आगे बढ़ चुके होते हो।

तुम्हें समस्या को इसी दृष्टि से देखना है, आत्म-प्रभुत्व, आत्म-नियंत्रण, सहनशीलता की एक ऐसी दृष्टि से जो तुम्हारी वैयक्तिक स्थिति को तुम्हारे दल या सामूहिक कार्य पर प्रतिक्रिया करने की अनुमति नहीं देती। अपने आपको भूल जाना एक सच्चा नेता बनने के लिये अत्यंत आवश्यक शर्त है। अपने साथ किसी चीज का संबंध न जोड़ना, अपने लिये कुछ न चाहना, अपने ऊपर निर्भर दल के हित को, समस्त और पूर्ण दल के हित को ध्यान में रखना तथा इसी लक्ष्य की पूर्त्ति के लिये बिना कुछ अपने लिये चाहे कार्य करना—ये सब सच्चे नेता के गुण हैं।

इसी प्रकार छोटे दल का नेता एक दिन एक विशेष दल का, राष्ट्र का सर्वांगपूर्ण नेता बन सकता है तथा अपने आपको सामूहिक कार्य के लिये तैयार कर सकता है। यह शिक्षा बड़ा भारी महत्त्व रखती है और इसी के लिये हम यहां प्रयत्न करते रहे हैं और अभी भी कर रहे हैं। ज्यों ही संभव होगा, हम प्रत्येक को एक जिम्मेदारी का काम दे देंगे—चाहे वह काम छोटा हो या बड़ा इससे कुछ फर्क नहीं पड़ता—जिससे कि वह सच्चा नेता बनना सीख सके।

सच्चा नेता बनने के लिये व्यक्ति को पूर्णतया निःस्वार्थ बनना चाहिये और जितना संभव हो अपनी ओर कम ध्यान देना चाहिये, न अपने अंदर कोई अहंभावयुक्त क्रिया ही होने देनी चाहिये। नेता बनने के लिये अपने अहंभाव पर पूरा स्वामित्व रखना अति आवश्यक है और अहंभाव पर स्वामित्व रखना योग के अभ्यास के लिये पहला अनिवार्य पग है।

खेल इसी प्रकार भगवान् की प्राप्ति के लिये एक शक्तिशाली साधन बन सकता है।

बहुत कम लोग इस बात को समझते हैं, और सामान्यतया जो लोग इस बाह्य अनुशासन के या खेल जैसी स्थूल उपलब्धि के ऊपर इस प्रकार की एकाग्रता के विरोधी हैं उनका अपनी भौतिक सत्ता पर जरा भी नियंत्रण नहीं है। किंतु श्रीअरविन्द के पूर्णयोग को साधित करने के लिये शरीर पर नियंत्रण रखना सबसे पहला आवश्यक पग है। जो लोग शारीरिक व्यायामों को घृणा की दृष्टि से देखते हैं वे पूर्णयोग के सच्चे रास्ते पर एक पग भी नहीं चल सकेंगे, जब तक कि पहले वह इस घृणा से छुटकारा न पा लें। शरीर पर प्रत्येक प्रकार का नियंत्रण रखना एक आवश्यक आधार है। यदि शरीर तुमपर शासन करता है तो वह तुम्हारा शत्रु है, वह एक ऐसी अस्तव्यस्तता है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। वस्तुतः 'आत्मा' की प्रकाशपूर्ण संकल्पशक्ति का शरीर पर शासन होना चाहिये, यह नहीं कि शरीर आत्मा पर अपना नियम लागू करे। जब व्यक्ति यह जान जाय कि अमुक कार्य बुरा है तो उसमें इतनी सामर्थ्य होनी चाहिये कि वह उसे न करे। जब व्यक्ति एक काम को संपन्न करना चाहे तो उसमें उसे करने की भी सामर्थ्य होनी चाहिये। उसे प्रत्येक पग पर शरीर की किसी अयोग्यता, बुरी भावना या सहयोग के अभाव से रुक नहीं जाना चाहिये। इसके लिये उसे शारीरिक अनुशासन का अभ्यास करना होगा तथा अपने गृह में गृहस्वामी बनकर रहना होगा।

ध्यान में आश्रय ढूंढ़ना और उस कृत्रिम महानता से भौतिक चीजों पर घृणा की दृष्टि डालना देखने में चाहे भला लगे, पर जो अपने घर का स्वामी नहीं है वह दास ही कहलायगा।

*
**

(१०)

क्या खेलों में प्रतियोगिता हमारे विकास के लिये आवश्यक है?

नैतिक शिक्षा की दृष्टि से यह काफी आवश्यक है, क्योंकि यदि तुम यथार्थ वृत्ति से इसमें भाग लेते हो तो तुम्हें अपने अहंभाव पर शासन करने का एक बड़ा अच्छा अवसर मिल जाता है।

स्वभावतया ही यदि तुम साधारण तरीके से अर्थात् समस्त सामान्य प्रतिक्रियाओं और बेढंगी प्रतिक्रियाओं के साथ तथा अपनी कमजोरियों को दूर करने का प्रयत्न किये बिना खेलते हो तो तुम्हें इससे कोई फायदा नहीं होता। किंतु यदि खेलते समय तुम्हारी वृत्ति यथार्थ होती है, तुम्हारे अंदर कोई निम्न क्रिया कार्य नहीं करती, ईर्ष्या और महत्त्वाकांक्षा की भावना नहीं होती, बल्कि एक ऐसी वृत्ति होती है जिसे खेलसंबंधी यथार्थ वृत्ति कहा जा सकता है, दूसरे शब्दों में यदि तुम बिना परिणाम की चिंता किये अपनी ओर से अधिक से अधिक अच्छा खेलते हो, यदि तुम अपनी ओर से पूरा प्रयत्न करते हुए भी इस कारण

दुःखित नहीं हो जाते कि तुम्हें खेल में सफलता प्राप्त नहीं हुई या जीत तुम्हारे पक्ष में नहीं हुई, तो खेल अति उपयोगी हो जाता है। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बाद तुम्हें पता चलता है कि तुमने अपने ऊपर एक महत्तर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है तथा परिणाम के प्रति एक अनासक्ति-भाव पैदा कर लिया है और यह बात तुम्हारे चरित्र-निर्माण में तथा उसमें एक विशिष्टता लाने में खास सहायक होगी। यह तुम्हें विशेष प्रयत्न करने तथा अपनी सामान्य सीमाओं से जरा आगे जाने के लिये बाधित करेगी। यह अवसर निश्चय ही तुम्हें अपनी उन गति-विधियों के प्रति सचेतन बना देगा जो अन्यथा सदा अचेतन ही रहतीं।

किंतु यह भली प्रकार समझ लो कि तुम्हें यह कभी नहीं भूलना चाहिये कि इन प्रतियोगितापूर्ण खेलों और संघर्षों का उद्देश्य विकास के लिये अवसर और साधन प्रदान करना है। कारण, यदि तुम सामान्य ढंग से ही खेलते रहते हो तो तुम समय को खोते हो। किंतु तुम जो भी करो, बात वही रहती है। प्रत्येक चीज सदा उस भावना पर निर्भर करती है जिसके साथ कोई कार्य किया जाता है, न कि स्वयं उस कार्य पर जिसे तुम करते हो।

यदि तुम सब योगी होते और सब कुछ अपने अधिकतम प्रयत्न से और अपनी अधिकतम शक्यता के साथ करते, केवल उतना अच्छा ही नहीं करते जितना कि तुम कर सकते हो, बल्कि उससे भी और अच्छा करने के विचार के साथ कार्य को करते, तो स्पष्टतया ही प्रतियोगिताएं, इनाम और पुरस्कार अनावश्यक हो जाते। किंतु, जैसा कि श्रीअरविन्द लिखते हैं, बच्चों से योगी बनने की मांग नहीं की जा सकती और साथ ही तैयारी के काल में अत्यधिक स्थूल चेतना को कोई न कोई प्रोत्साहन देना ही चाहिये जिससे कि वह अपने विकास के लिये पूरा प्रयत्न कर सके। यह बचपन की अवस्था कई बार वर्षों तक चलती रहती है।

हमें ठीक वही आदर्श अपने सामने रखना चाहिये जिसकी चर्चा मैं पिछले 'बुलेटिन' में कर चुकी हूं: "कोई महत्त्वाकांक्षा न रखो, किसी चीज का झूठा दावा मत करो और प्रतिक्षण वही बनो जिसके कि तुम अधिक से अधिक योग्य हो।" तुम जो भी करो, पर पूर्ण जीवन के लिये यही आदर्श अवस्था है। और यदि तुम इस अवस्था को प्राप्त कर लेते हो तो तुम निश्चय ही पूर्णता के पथ पर बहुत आगे बढ़ जाते हो। किंतु यह प्रत्यक्ष है कि इसे पूर्ण सच्चाई से कर सकने के लिये तुम्हारे अंदर एक प्रकार की आंतरिक परिपक्वता का होना आवश्यक है।

इस बात के लिये तुम सदा ही कोई कार्यक्रम बना सकते हो।

*
**

(११)

अधिकतर लोगों की रुचि खेलों में ही क्यों होती है, जब कि गंभीर प्रकार के व्यायामों को केवल कुछ लोग ही पसंद करते हैं?

क्योंकि अधिकतर लोगों में रुचि पैदा करनेवाली चीज प्राणिक तुष्टि होती है। जिन

व्यायामों के प्रशिक्षण में खेलों का उत्साह नहीं होता उनमें रुचि रखने के लिये यह आवश्यक है कि तुम्हारी सत्ता बुद्धि के द्वारा शासित हो। सामान्य मानवी सत्ता में बुद्धि ही चेतना का शिखर है, यह सत्ता का वह भाग है जिसे बाकी की सत्ता पर शासन करना चाहिये, क्योंकि यही भाग व्यवस्थित और बुद्धिसंगत है। दूसरे शब्दों में यह कार्य को एक व्यवस्था, यथार्थता और उपयोगिता की भावना के साथ तथा एक ऐसी स्थिर प्रणाली के अनुसार करता है जिसे प्रत्येक मनुष्य जानता है और जिसका वह अनुसरण करता है।

उधर सत्ता का प्राणिक भाग उत्तेजना को, किसी अदृष्ट चीज या किसी साहसिक कार्य को पसंद करता है। उसे वही अच्छा लगता है जो खेल को आकर्षक बना दे, वह प्रतियोगिता को, सफलता के लिये किये गये प्रयत्न को और विरोधी के ऊपर विजय प्राप्त करने को पसंद करता है। यह सब प्राणिक प्रवृत्ति होती है और क्योंकि प्राणिक भाग उत्साह का, प्रेरणा तथा सामान्य शक्ति का केंद्र होता है, जब यहां अदृष्ट का, संघर्ष और विजय का आकर्षण नहीं होता तो प्राण सो जाता है। और ऐसा तब तक होता रहता है जब तक कि उसमें बुद्धि की इच्छा का एक नियमित और सहज ढंग से पालन करने की आदत ही नहीं पड़ जाती।

शारीरिक शिक्षा का एक सबसे बड़ा लाभ यह है कि जब तक शरीर प्राणिक प्रवृत्तियों के स्थान पर बुद्धि के आदेश को मानने का अभ्यस्त नहीं हो जाता तब तक व्यक्ति उसे भली प्रकार प्राप्त नहीं कर सकता। उदाहरणार्थ, शारीरिक पूर्णता को विकसित करनेवाले व्यायामों अर्थात् डंबल आदि के व्यायामों को लो, इनमें से कोई भी विशेष उत्तेजनाप्रद व्यायाम नहीं है, बल्कि ये एक कठोर जीवन के अनुशासन की, नियमित और बुद्धिसंगत अभ्यासों की मांग करते हैं, ये किसी आवेग के लिये, किसी इच्छा या प्रबल भावोद्वेग के लिये कोई अवकाश नहीं देते। इसलिये, इन व्यायामों को पूर्णता के साथ कर सकने के लिये जीवन को अवश्य ही 'बुद्धि' के द्वारा शासित होना चाहिये।

किंतु सामान्यतया ऐसा नहीं होता। साधारणतया तो आवेग अर्थात् इच्छा के आवेग,—उत्साह और भावावेग और इन सबकी प्रतिक्रियाएं ही मानवी जीवन को शासित करती हैं। शरीर के कठोर अनुशासन का पालन कर सकने के लिये और उसे एक ऐसे व्यवस्थित, नियमित और नीरस प्रयत्न में लगाने के लिये जो पूर्णता की ओर ले जा सकता है व्यक्ति को एक संत बनना पड़ेगा। अतएव, यहां इच्छाओं या सनकों के लिये कोई स्थान नहीं है। ज्यों ही तुम अतियों या किसी प्रकार के असंयम या अव्यवस्थित जीवन में ग्रस्त हो जाते हो, त्यों ही तुम्हारे लिये अपने शरीर पर शासन करना तथा उसका सामान्य विकास करना असंभव हो जाता है। इसके अतिरिक्त तुम अपने स्वास्थ्य को भी चौपट कर लेते हो जिसके फलस्वरूप शारीरिक पूर्णता के संपूर्ण आदर्श की आधारशिला ही नष्ट हो जाती है। बिगड़े एवं टूटे-फूटे स्वास्थ्य से तुम कुछ विशेष नहीं कर सकते। यह निश्चित है कि इच्छाओं और प्राणिक लालसाओं की तुष्टि या महत्त्वाकांक्षा की अनुचित मांगें ही शरीर के कष्ट और रोग का कारण होती हैं।

'अज्ञान' अर्थात् जीवन के अत्यधिक प्रारंभिक नियमों का अज्ञान तो प्रायः स्वभावतया ही देखने में आता है। यह सब जानते हैं कि मनुष्य को जीवित रहना सीखना चाहिये, उदाहरणार्थ, उसे यह जानना चाहिये कि अग्नि जलाती है और पानी डुबाता है। किंतु

निम्न स्तर पर रहनेवाली मनुष्यजाति को जीवन में तब तक रस नहीं प्राप्त होता जब तक कि वह आवेगपूर्ण जीवन ही व्यतीत न करे, वह सदा ही इस बात को स्वीकार नहीं करती कि जीवन पर बुद्धि का नियंत्रण, यदि किसी और बात के लिये नहीं तो स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिये ही अति आवश्यक है।

मुझे एक आदमी का स्मरण आता है जो बहुत वर्ष पहले यहां आया था और सहकारी-पद के चुनाव के लिये खड़ा हुआ था। क्योंकि लोग उसके विषय में मेरी सम्मति जानना चाहते थे, उन्होंने मुझसे उसका परिचय कराया। उसने मुझसे आश्रम के संबंध में तथा जो जीवन यहां हम बिता रहे हैं उसके संबंध में कई प्रश्न किये और यह भी पूछा कि मेरे विचार में जीवन के लिये सबसे बड़ा अनुशासन कौन-सा है। एक बात मैं तुम्हें यहां बता देना चाहती हूं कि वह व्यक्ति सारा दिन धूम्रपान करता था और अत्यधिक शराब पीता था। उसने मुझसे शिकायत की कि वह बहुत ही थका थका सा रहता है और कई बार तो वह अपने ऊपर जरा भी नियंत्रण नहीं रख पाता। मैंने उससे कहा "सबसे पहली बात जो तुम्हें करनी चाहिये वह यह है कि सिगरेट और शराब पीना दोनों एकदम बंद कर दो।" उस व्यक्ति ने मेरी ओर बड़े व्याकुल भाव में देखा और बोला "किंतु तब! यदि सिगरेट नहीं पी, शराब नहीं पी तो जीवन में रस क्या रहा?"

और ऐसा उससे कहीं अधिक होता है जितने की हम कल्पना करते हैं। हमें यह बात इसलिये मूर्खतापूर्ण प्रतीत होती है, क्योंकि हमारे पास और काम हैं जो स्पष्ट ही सिगरेट या शराब पीने से अधिक रुचिकर हैं, किंतु सामान्य मनुष्य के लिये इच्छाओं की तुष्टि ही जीवन की एकमात्र प्रेरक शक्ति है। जो लोग इन अतियों या बुरे कर्मों में रस लेते हैं वे इन्हें एक प्रकार से अपनी स्वाधीनता और जीवन का हेतु मानकर इन्हें प्रमाणित करने की चेष्टा करते हैं। किंतु वास्तव में यह जीवन की सहज प्रवृत्ति का एक व्यतिक्रम, एक विकृत रूप अथवा एक निषेध होता है; यह भौतिक जीवन में मानसिक और प्राणिक प्रवृत्ति का एक अस्वस्थ और अनुचित हस्तक्षेप होता है।

विकृति मनुष्य की एक व्याधि है, ऐसी व्याधि है जो पशुओं में बहुत ही कम पायी जाती है, यदि पायी भी जाती है तो केवल उन पशुओं में जो मनुष्यों के निकट रहते हैं और जो उनके ढंग के अनुसार रहने-सहने के कारण बिगड़ गये हैं। नहीं तो वे सहज-स्वाभाविक रूप से ही मनुष्यों की अपेक्षा अधिक बुद्धिसंगत कार्य करते हैं।

इस विषय पर मैं तुम्हें एक कहानी सुनाती हूं। अलजीरिआ में नियुक्त एक सैनिक टुकड़ी के कुछ अफसरों ने एक बंदर पाला। बंदर सदा उनके साथ रहता था। एक शाम, खाने के समय, उन्हें यह मूर्खतापूर्ण विचार सूझा कि बंदर को भी शराब पिलायी जाय। दूसरों को पीता देखकर बंदर के मनमें भी पीने की रुचि हुई, उसने गिलास उठाया और पूरा पीकर खाली कर दिया। उसके बाद तो वह बेचारा मेज के नीचे लोटने लगा। उसके पेट में बहुत दर्द हो रहा था, वह ऐसे छटपटाने लगा मानों अभी मर रहा हो। मनुष्य के लिये यह एक उदाहरण है कि शराब का स्वाभाविक प्रभाव उस भौतिक प्रकृति पर जो अभी विकृत नहीं हुई क्या पड़ता है। बंदर ठीक हो गया और उसके कई दिन बाद उसे फिर खाने की मेज पर बैठने की अनुमति मिली। इस बार फिर एक अफसर ने उसके सामने शराब से भरा गिलास रख दिया। अब तो बंदर ने बड़े गुस्से में भर-

कर उस गिलास को उठाया और देनेवाले व्यक्ति के सिर पर दे मारा।

इस बार बंदर ने सचमुच यह प्रमाणित कर दिया कि वह मनुष्य से कहीं अधिक बुद्धिमान् है।

बचपन से ही यह सीखना अच्छा है कि सफल जीवन बिताने के लिये तथा शरीर से उसकी सामर्थ्यानुसार अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिये गृह का स्वामी बुद्धि को ही बनाना चाहिये। ध्यान रखो कि मैं यहां योग या आध्यात्मिक प्राप्ति के विषय में नहीं बात कर रही, मैं केवल सामान्य और प्रचलित जीवन की बात कर रही हूं। जिस मनुष्य पर बुद्धि का शासन नहीं होता, वह एक ऐसा जंगली जानवर है जो पशु से भी गया बीता है। कारण, यदि पशुओं के पास मन या बुद्धि नहीं है जो कि उनपर शासन कर सके, तो उनके पास अपनी जाति की सहजप्रवृत्ति तो है जिसका वे आदेश मानते हैं; यह सहज-प्रवृत्ति अत्यंत बुद्धिसंगत होती है जो उनके हित में उनकी सब क्रियाओं को संचालित करती है, और वे भी सहज-स्वाभाविक रूप में उसे बिना जाने उसकी अधीनता स्वीकार कर लेते हैं। जो पशु किसी कारणवश अपनी सहजप्रवृत्ति से स्वतंत्र हो जाते हैं—क्योंकि वे मनुष्यों के निकट रहते हैं, और इसलिये वे अपनी सहजप्रवृत्ति का अनुसरण करने के स्थान पर मनुष्यों का अनुकरण करने लगते हैं—वे ठीक वही होते हैं जो विकृति के अधीन होकर अपनी जाति के गुणों को खो बैठते हैं। किंतु यदि पशु को अपना प्राकृतिक जीवन बिताने के लिये खुला छोड़ दिया जाय और मनुष्य के प्रभाव से मुक्त कर दिया जाय तो वह अपने दृष्टिकोण से एक बड़ा बुद्धिसंगत जीव होता है, क्योंकि वह ऐसा कुछ भी नहीं करता जो उसकी प्रकृति और उसके हित के अनुकूल न हो।

विकृति चेतन मन के और मनुष्यजाति के साथ आती है। यह मनुष्य का अपनी मानसिक योग्यता का एक बुरा उपयोग है, यह प्रकृति के उस विकास का ह्रास है जिसकी मानसिक चेतना एक प्रतीक है।

ज्यों ही मनुष्य विचार करने के योग्य हो जाय, उसे सबसे पहले यही सिखाना चाहिये कि वह बुद्धि का आदेश माने जो कि मनुष्यजाति की एक सर्वोच्च सहजप्रवृत्ति है। और मैं फिर कहती हूं कि यह आध्यात्मिक जीवन की बात नहीं है बल्कि यह मानवजीवन की, विशुद्ध मानवी जीवन की एक अति प्रारंभिक विवेकशीलता है। प्रत्येक बच्चे को यह जानना चाहिये कि वह एक मनोमय प्राणी बनने के लिये उत्पन्न हुआ है और यदि उसे अपनी मानवी प्रकृति को सामने लाना है तो उसके जीवन का शासन बुद्धि के हाथ में होना चाहिये, प्राणिक आवेगों के हाथ में नहीं। यही वह प्रारंभिक शिक्षा है जो सर्वत्र दी जानी चाहिये।

बुद्धि का शासन केवल तभी समाप्त होना चाहिये जब भागवत संकल्प को व्यक्त करने-वाला आंतरात्मिक नियम प्रकट हो जाय।

*
**

(१२)

"उपवास को चालू रखते हुए यह संभव है कि व्यक्ति बहुत लंबे काल तक आत्मा,

मन और प्राण की, यहां तक कि शरीर की भी समस्त शक्तियों और क्रियाओं को स्थिर रूप में बनाये रखे। यह संभव है कि वह पूरा समय जागता रहे और उस समय योग पर एकाग्र रहे, गहराई से सोचे और दिन-रात लिखता रहे, निद्रा के बिना रह सके, दिन में आठ घंटे चलता रहे; इन सब कार्यों को अलग अलग या साथ-साथ भी करता रहे और फिर भी शक्ति बनी रहे, थकावट न हो और न ही किसी प्रकार के अभाव या ह्रास का अनुभव हो।"

—श्रीअरविंद, 'अतिमानसिक अभिव्यक्ति'

यदि ऐसा उपवास संभव है तो क्या व्यक्ति इसे करके एक बड़ा आध्यात्मिक लाभ नहीं उठा सकता?

जिस बात को श्रीअरविन्द यहां कह रहे हैं वह केवल एक संभावना ही नहीं है, बल्कि उनका अपना अनुभव है, वह एक ऐसी वस्तु है जिसे उन्होंने स्वयं किया है। परंतु यह सोचना एक भारी गलती होगी कि उपवास के बाह्य रूप को अपनाने से ही व्यक्ति को वह अनुभूति प्राप्त हो सकती है। संकल्पशक्ति के प्रयत्न से यदि वह इसमें सफल हो भी जाय तो भी वह अनुभव आध्यात्मिक दृष्टि से पूर्णतया असफल रहेगा, जब तक कि उससे पहले चेतना में ही परिवर्तन न हो जाय, यही आरंभिक मुक्ति होगी।

भोजन का त्याग करके तुम आध्यात्मिक उन्नति नहीं कर सकते। ऐसा केवल भोजन की आसक्ति से ही स्वतंत्र रहके नहीं वरन् उसकी समस्त इच्छा का, उसके विषय की समस्त चिंता का, यहां तक कि उसकी समस्त आवश्यकता का भी त्याग करने से हो सकता है। यह उन्नति उस अवस्था को प्राप्त करके की जा सकती है जिसमें ये चीजें चेतना के लिये इतनी परायी हो जाती हैं कि इनका वहां कोई स्थान नहीं रहता।

अतएव, तभी एक सहज और स्वाभाविक परिणाम के फलस्वरूप मनुष्य उपवास से फायदा उठा सकता है।

यह कहा जा सकता है कि इसके लिये खाना भूल जाना एक आवश्यक शर्त है, क्योंकि तब सत्ता की समस्त शक्ति, समस्त एकाग्रता, एक आंतरिक अनुभूति की ओर मुड़ जाती है जो कि अधिक पूर्ण एवं अधिक सच्ची होती है। वह समस्त सत्ता के—इसमें शरीर के कोषाणु भी शामिल हैं—दिव्य शक्तियों के स्पंदन के साथ, अभिव्यक्ति हो रही अतिमानसिक शक्ति के साथ मिलन के सतत और आवश्यक कार्य में व्यस्त हो जाती है। यही सच्च जीवन है, यह केवल जीवन के अस्तित्व का हेतु ही नहीं बल्कि जीवन का सार भी है, जीवन की एक आवश्यक मांग ही नहीं, उसका समस्त आनंद भी है।

जब मनुष्य को यह उपलब्धि हो जाती है तो खाना, न खाना, सोना, न सोना—इस सबका कोई महत्त्व नहीं रहता। यह एक बाह्य 'लय' होती है तथा उन समस्त वैश्व शक्तियों की क्रीड़ा पर निर्भर करती है जो तुम्हारे चारों ओर की परिस्थितियों और व्यक्तियों के द्वारा अपने आपको व्यक्त करती हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि शरीर आंतरिक सत्य के साथ एक पूर्ण संपर्क प्राप्त कर लेता है और फलतः उसमें एक नमनीयता और एक सतत अनुकूलता रखने की योग्यता पैदा हो जाती है। यदि भोजन होता है तो

खा लेता है, यदि नहीं तो उसके बारे में सोचता नहीं, यदि सोना मिल जाता है तो सो लेता है, यदि नहीं तो उसके विषय में चिंता नहीं करता। यही बात सभी वस्तुओं के साथ है। क्योंकि जीवन यह नहीं है। खाना, सोना आदि जीवन के ऐसे ढंग हैं जिनके अनुकूल तुम अपने आपको बिना सोचे ढाल सकते हो। यह एक प्रकार का प्रस्फुटन होता है, पेड़ पर फूल खिलने के समान होता है। यह एक ऐसी क्रिया है जो किसी एकाग्र संकल्प-शक्ति से नहीं बल्कि उस समस्वरता से पैदा होती है जो तुम अपने चारों ओर की वस्तुओं के साथ स्थापित कर लेते हो। ये सब सत्ता के ढंग हैं और ये अपने आपको उन परिस्थितियों के अनुकूल बना लेते हैं जिनमें व्यक्ति निवास करता है, किंतु इनका अपना कुछ महत्त्व नहीं होता।

फिर एक ऐसा समय आता है जब व्यक्ति इन सब चीजों से स्वतंत्र हो जाता है और उसे किसी चीज की आवश्यकता नहीं पड़ती। वह सब कुछ का उपयोग कर सकता है, सारे कार्य कर सकता है, जब कि उसकी चेतना पर इनका कोई वास्तविक प्रभाव नहीं पड़ता। यही महत्त्वपूर्ण बात है। ऐसी बाह्य प्रणालियों और मनमाने निश्चयों के द्वारा जो एक उच्चतर जीवन की अभीप्सा करनेवाली मानसिक चेतना से जन्म लेते हैं यह अवस्था प्राप्त करने की चेष्टा करना एक साधन हो सकता है; यह साधन चाहे अधिक प्रभावशाली नहीं होता, पर फिर भी यह एक प्रकार से इस बात का स्मरण करा देता है कि मनुष्य अपने वर्तमान पशु-जीवन से अलग कुछ और है। किंतु बात ऐसी नहीं है, बिलकुल भी ऐसी नहीं है। मनुष्य अपनी आंतरिक अभीप्सा में इतना व्यस्त हो सकता है कि वह इन बाह्य वस्तुओं की ओर कुछ ध्यान ही न दे, उनकी जरा भी परवाह न करे, जो सामने आया ले लिया, नहीं आया तो उसके बारे में चिंता नहीं की। ऐसा व्यक्ति उस आदमी की अपेक्षा कहीं आगे बढ़ा हुआ होता है जो अपने ऊपर कठोर नियमों को इसलिये लागू करता है कि वह कुछ प्राप्ति कर ले।

असली चीज जो प्रभावशाली हो सकती है वह चेतना का परिवर्तन है, अतिमानसिक शक्तियों के स्पंदन के साथ एक सतत, पूर्ण और आवश्यक सम्मिलन के द्वारा प्राप्त आंतरिक शक्ति है। तब प्रत्येक क्षण का कार्य, सत्ता के प्रत्येक अंग की संकल्प-शक्ति, समस्त सत्ता की, बल्कि शरीर के अणु-अणु की अभीप्सा अतिमानसिक अर्थात् भागवत शक्तियों के साथ इस एकत्व का रूप धारण कर लेगी। फिर पीछे आनेवाले परिणामों के बारे में चिंता करने की जरा भी आवश्यकता नहीं होगी, वैश्व शक्तियों और उनकी अभिव्यक्ति की क्रीड़ा में जो कुछ होता है उसे स्वाभाविक ओर सहज रूप में तथा स्वयं ही होना चाहिये, उसके बारे में सोचने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिये। आवश्यकता केवल अतिमानसिक चेतना की 'शक्ति', 'ज्योति', 'सत्य', 'बल' और अवर्णनीय 'आनंद' के साथ एक सर्वांगीण, पूर्ण और सतत, हां, सतत एकत्व रखने की है।

इसी को सच्चाई कहते हैं। बाकी सब नकल और ढोंग है, बल्कि एक ऐसा व्यंग है जो मनुष्य अपने साथ करता है। पूर्ण पवित्रता का अर्थ अस्तित्व रखना, अधिकाधिक अस्तित्व रखना है, सदा अधिकाधिक पूर्ण बनते जाना है। तुम कुछ होने का बहाना मत करो। जो बनना है वह सहज-स्वाभाविक रूप में बनो; इसी का नाम सच्चाई है।

(१३)

शरीर-रक्षण में औषध और चेतना का स्थान

लोग प्रायः ही मुझसे पूछते हैं कि इस आदर्श सिद्धांत को मानते हुए कि अपने शरीर के साथ व्यवहार करते समय हमें यह ज्ञान होना चाहिये कि यह केवल विश्व की सर्वोच्च सद्वस्तु तथा हमारी सत्ता के सत्य का एक परिणाम और यंत्र मात्र है और फिर यह सब सिखाने के बाद और यह बताने के बाद कि हमें इसी सत्य को प्राप्त करना है, आश्रम के संगठन में ये डाक्टर, औषधालय आदि क्यों हैं? क्यों यहां और जगह प्रचलित आधुनिक तरीकों से शारीरिक शिक्षा पर इतना ध्यान दिया जा रहा है? पानी को क्यों फिल्टर किया जाता है तथा फलों को कीटाणुनाशक घोलों से क्यों धोया जाता है?

ऊपर से देखने में यह विरोध अवश्य प्रतीत होता है किंतु यह केवल उपरितलीय है। मैं तुम्हें यह कई बार कह चुकी हूं कि जब दो विचार या दो सिद्धांत परस्पर-विरोधी प्रतीत होते हैं तब व्यक्ति को उन विचारों से जरा ऊपर उठकर उस बिंदु को ढूंढ़ लेना चाहिये जहां यह विरोध एक व्यापक समन्वय में समाप्त हो जाता है। यदि तुम यह बात स्मरण रखते हो कि शरीर के पोषण और उन्नति के लिये तथा उसे सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिये जो तरीका बरता जाता है वह पूर्णतया चेतना की उस अवस्था पर निर्भर करता है जिसमें तुम निवास करते हो, तो इस बात को समझना आसान हो जाता है। यह सच है कि शरीर चेतना का एक यंत्र है और चेतना ही उसपर सीधा कार्य कर सकती है तथा उससे अपनी इच्छित वस्तु प्राप्त कर सकती है।

इसलिये, यदि तुम साधारण भौतिक चेतना में निवास करते हो, यदि तुम वस्तुओं को साधारण भौतिक चेतना की ही दृष्टि से देखते हो, साधारण भौतिक चेतना से उनपर विचार करते हो तो तुम्हें अपने शरीर का कार्य करने के लिये साधारण भौतिक साधनों का ही प्रयोग करना पड़ेगा। ये साधारण भौतिक साधन हजारों वर्षों के मानवी अस्तित्व में संगृहीत हुई एक पूर्ण विद्या की उपज हैं। यह विद्या बड़ी जटिल है, इसकी क्रियाएं अनगिनत, जटिल एवं अनिश्चित हैं और प्रायः ही परस्पर-विरोधी होती हैं पर साथ ही ये सदा विकसनशील और पूर्णतया सापेक्ष भी हैं।

पर फिर भी परिणाम बड़े यथार्थ प्राप्त हुए हैं। क्योंकि मनुष्य शारीरिक शिक्षा में बड़ी गंभीरतापूर्वक लगे हुए हैं, उन्होंने बहुत से अनुभव, अध्ययन की प्रणालियां आदि इकट्ठी कर ली हैं और कई बातें उनके निरीक्षण में आ गयी हैं। ये सब चीजें जीवन के बाह्य संगठन का अर्थात् भोजन का, जीवनसंबंधी क्रियाओं एवं व्यायामों का एक पर्याप्त रूप से निश्चित आधार बन जाती हैं। इसका फल यह होता है कि जो लोग इनका अध्ययन करते हैं तथा इनका पूरा पूरा पालन करते हैं उन्हें अपने शरीर को स्वस्थ रखने का ही नहीं वरन् उसके दोषों को दूर करने तथा उसकी सामान्य अवस्था में सुधार करने का अवसर भी मिल जाता है, इस प्रकार उन्हें कई बार आश्चर्यजनक परिणाम प्राप्त हो जाते हैं।

यहां मैं यह भी कह सकती हूं कि यह बौद्धिक मानवी विज्ञान, जैसा कि यह आजकल है, सत्य को प्राप्त करने के अपने सच्चे प्रयत्न में अधिकाधिक और बड़े आश्चर्यजनक रूप में

आध्यात्मिक दृष्टि के निकट पहुंच रहा है। और एक ऐसी अवस्था की कल्पना की जा सकती है जिसमें ये दोनों मिलकर एक ऐसा बोध प्राप्त कर लेंगे जो अत्यंत गंभीर और मूल सत्य के अत्यधिक निकट होगा।

अतएव, जो लोग भौतिक स्तर पर और भौतिक चेतना में निवास करते हैं, उनके शरीर की देखभाल या पोषण के लिये भौतिक साधनों और भौतिक प्रणालियों का ही प्रयोग किया जाना चाहिये। और क्योंकि अधिकतर मनुष्य, आश्रम में भी, एक ऐसी चेतना में निवास करते हैं जो यदि पूर्णतया भौतिक नहीं तो प्रधानतया भौतिक अवश्य है, यह स्वाभाविक ही है कि व्यक्ति को उन सब नियमों का पालन करना चाहिये जिन्हें भौतिक विज्ञान ने हमें प्रदान किया है।

किंतु स्पष्टतया ही यह वह अंतिम उपलब्धि नहीं है जिसकी ओर हम बढ़ रहे हैं, न ही यह वह आदर्श है जिस तक हम उठना चाहते हैं। इससे एक ऊंची अवस्था भी है जहां चेतना अपनी क्रिया में प्रमुखतः या आंशिक रूप में मानसिक होते हुए भी उच्चतर क्षेत्रों की ओर खुल गयी है, वह आध्यात्मिक जीवन के लिये अभीप्सा कर रही है तथा अतिमानसिक प्रभाव की ओर उन्मुख हो रही है।

ज्यों ही तुम इस प्रभाव के प्रति खुल जाते हो, त्यों ही तुम उस अवस्था से जिसमें जीवन बिलकुल भौतिक होता है आगे निकल जाते हो—भौतिक जीवन से मेरा मतलब समस्त मानसिक और बौद्धिक जीवन से तथा सब मानवी उपलब्धियों से भी है, चाहे वे उपलब्धियां बहुत उच्च कोटि की भी क्यों न हों। मैं उस भौतिक जीवन की बात कर रही हूं जो मानवी क्षमताओं का शिखर है, जो एक ऐसा पार्थिव और स्थूल जीवन है जहां मनुष्य उच्च प्रकार की मानसिक और बौद्धिक वस्तुओं को व्यक्त कर सकता है। इसके बाद वह इस अवस्था को भी पार करके एक ऐसे मध्यवर्ती क्षेत्र में प्रवेश करता है जहां ये दो प्रभाव एक दूसरे में मिल जाते हैं, जहां चेतना अपनी क्रियाओं में अभी मानसिक एवं बौद्धिक होती है, पर फिर भी वह अतिमानसिक शक्ति एवं सामर्थ्य से इतनी भरपूर है कि वह उच्चतर सत्य का यंत्र बन सके।

वर्तमान समय में पृथ्वी पर चेतना की यह स्थिति केवल उन्हीं को प्राप्त हो सकती है जो अभिव्यक्त होती हुई अतिमानसिक शक्ति को ग्रहण करने के लिये तैयार हैं। यदि यह प्राप्त हो जाय तो शरीर एक ऐसी अवस्था से जो उस अवस्था से बड़ी है जिसमें वह पहले निवास करता है लाभ उठा सकता है। वह अपनी सत्ता के मूल सत्य के साथ इस हद तक सीधा संपर्क प्राप्त कर सकता है कि वह एकदम और प्रतिक्षण एक आंतरिक दृष्टि से तथा एक सहज-स्वाभाविक तरीके से यह जान ले कि उसे क्या कार्य करना है, और फिर अपने अंदर उसे करने की शक्ति पैदा कर ले। मैं फिर कहती हूं कि जो लोग अतिमानसिक शक्ति को ग्रहण करने, उसे अपने अंदर आत्मसात् करने तथा उसका आदेश मानने के लिये तैयार हो सकते हैं तथा इसके लिये कष्ट उठा सकते हैं वे अब इस अवस्था को प्राप्त कर सकते हैं।

स्वभावतया ही इससे भी ऊंची एक अवस्था है जिसे श्रीअरविन्द चरितार्थ करने योग्य आदर्श मानते हैं, अर्थात् एक दिव्य शरीर में दिव्य जीवन। किंतु वे स्वयं ही हमसे कहते हैं कि इसमें समय लगेगा। यह एक सर्वांगीण रूपांतर है जो एक क्षण में साधित नहीं हो सकता, इसमें अभी बहुत समय लगेगा। किंतु एक बार जब यह हो गया और यह चेतना

अतिमानसिक चेतना बन गयी तब कर्म किसी मानसिक चुनाव से निर्धारित नहीं होगा, न ही वह किसी भौतिक योग्यता के अधीन रहेगा। तब समस्त शरीर आंतरिक सत्य की एक सहज और सर्वांगीण रूप में पूर्ण अभिव्यक्ति हो जायगा। यही वह आदर्श है जिसे तुम्हें अपने सामने रखना चाहिये, इसी को प्राप्त करने के लिये तुम्हें आगे बढ़ना है। किंतु तुम्हें यह भ्रांति नहीं होनी चाहिये और न ही ऐसा सोचना चाहिये कि यह तत्काल ही बिना प्रयत्न और परिश्रम के एक द्रुत, चमत्कारपूर्ण और अद्‌भुत रूपांतर की भांति सिद्ध हो जायगा।

किंतु फिर भी यह एक संभावना मात्र नहीं है, यह केवल एक सुदूर भविष्य के लिये आश्वासन भी नहीं है। यह एक ऐसी चीज है जिसे चरितार्थ किया जा रहा है और इस हद तक किया जा रहा है कि तुम अभी उस समय को पहले से केवल देख ही नहीं सकते बल्कि अनुभव भी कर सकते हो जब कि शरीर सत्ता के सर्वाधिक आध्यात्मिक भाग की उस पूर्ण अनुभूति को प्राप्त कर लेगा जिसे आंतरिक आत्मा पहले ही प्राप्त कर चुकी है। वह अपने आपको अपनी शारीरिक चेतना में, सर्वोच्च सद्वस्तु के सामने खड़ा अनुभव करेगा, उसकी ओर पूर्णतया उन्मुख होकर पूरी सच्चाई के साथ तथा अपने सब कोषाणुओं में पूर्ण आत्म-समर्पण का भाव लाकर कह उठेगा :

"मैं 'तू' बन जाऊं, अनन्य भाव से, पूर्ण भाव से 'तू' बन जाऊं, असीम रूप में, सनातन और सहज रूप में 'तू' बन जाऊं।"

—श्रीमाताजी

---

१५ अगस्त १९५७

'ज्योति' तो निरंतर बढ़ ही रही है।
और छाया? वह केवल छाया ही है,
बढ़ती हुई 'ज्योति' में वह विलीन हो जायगी।

—श्रीअरविन्द

*

प्राचीन समय में महान् आध्यात्मिक सत्यों की शिक्षा गुप्त रखी जाती थी और कुछ थोड़े से शिष्यों को ही दी जाती थी।

अब भी कुछ बातें ऐसी हैं जो कही तो जाती हैं पर लिखी नहीं जा सकतीं, और छापी तो और भी कम जा सकती हैं।

—श्रीमाताजी

त्रैमासिक विवरण

इस त्रिमास में खेलों के टूर्नामेंट समाप्त हुए और सदा की भांति पारितोषिक-वितरण पहली मई को हुआ।

२४ अप्रैल के प्रातः सब दलों ने पंक्तिबद्ध खड़े होकर 'बैलकनी दर्शन' पर श्रीमाताजी का अभिवादन किया और पीछे सबने समाधि के चारों ओर खड़े होकर मौन ध्यान किया।

इस त्रिमास में गुजरात के एक कलाकार श्रीहिम्मतसिंह चावडा ने नृत्य का एक सुंदर कार्यक्रम उपस्थित किया जिससे सबका काफी मनोरंजन हुआ। वे अपनी पार्टी सहित कुछ दिन आश्रम में आकर ठहरे थे। इस अंक में हम उनकी विभिन्न भाव-मुद्राओं के चित्र दे रहे हैं जिन्हें उन्होंने बड़े शास्त्रीय ढंग से प्रस्तुत किया था।

२१ फरवरी को विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में एक विशेष ध्वजारोहण-समारोह हुआ। उसके तथा उसी शाम को हमारे नाटकगृह में मिठाई-वितरण के समय के कुछ चित्र यहां दिये जा रहे हैं।

'लाफूशर गार्डन' आश्रम के एक बाग का नाम है। उसमें एक द्वीप बना है जिसमें हमारे एक साधक रहते हैं। हम यहां इस सुंदर स्थान का एक उस समय का चित्र दे रहे हैं जब कि कुछ लोग उसे देखने के लिये वहां गये हुए थे।

तैरने का तालाब अब खूब प्रयोग में आ रहा है और इस गर्म मौसम में साधक उसका पूरा लाभ उठा रहे हैं। गोता लगाने के तख्ते से नीचे कूदते हुए कुछ तैराकों के चित्र आपको इस अंक में मिलेंगे।

आश्रम में अब एक नयी बात आरंभ हुई है। जो काम पहले बाहर के श्रमिक करते थे वे अब अधिकाधिक आश्रम के लोग स्वयं करने लगे हैं। उदाहरणार्थ, आश्रम के कुछ बड़े लड़कों ने अपने एक साथी का कमरा स्वयं बनाया है। जब काम हो रहा था उस समय का एक चित्र यहां दिया जा रहा है। साथ ही कुछ चित्र भोजनालय में बर्तनों को धोते और पोंछते समय के भी हैं।

पहली जुलाई को हमारा खेल-कूद का त्रिमास शुरू हुआ। इन खेलों का पूरा विवरण अगली पत्रिका में आयगा, किंतु इस अंक में हम उद्घाटन-दिवस की 'मार्च-पास्ट' के और नयी वर्दी में सुसज्जित वाद्य-मंडली के चित्र दे रहे हैं।

इस अंक की हमारी चित्रावली एक संपेरे के चित्र से समाप्त होती है। उसे हमने अपने एक बाग में सांप पकड़ने के लिये बुलाया था। हमें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि किस प्रकार ये लोग बड़ी आसानी से सांपों को पकड़कर अपने वश में कर लेते हैं। उस दिन उसे यह कार्य करते देख हम सबका बहुत मनोरंजन हुआ।

Vol. IX **No. 4**

Bulletin of Physical Education

Bulletin d'Éducation Physique

November 1957

Contents :

THE LIFE DIVINE :
THE SPIRITUAL EVOLUTION, VI
—*Sri Aurobindo*

QUESTIONS AND ANSWERS —*The Mother*

REPORT ON THE QUARTER

ILLUSTRATIONS

Table des Matières:

LA VIE DIVINE :
L'ÉVOLUTION SPIRITUELLE, VI
—*Sri Aurobindo*

ENTRETIENS —*La Mère*

RAPPORT TRIMESTRIEL

ILLUSTRATIONS

SRI AUROBINDO ASHRAM
PONDICHERRY (*India*)

Published by
SRI AUROBINDO ASHRAM
PONDICHERRY

All Rights Reserved

No matter appearing in this journal or part thereof may be reproduced in any form, except small extracts for purposes of review, without the written permission of the publishers.

Printed in India
SRI AUROBINDO ASHRAM PRESS
PONDICHERRY
897/1157/2500

The Life Divine

THE SPIRITUAL EVOLUTION

These six chapters of *The Life Divine* of which the French translation is also given here form the last section of the book comprising Chapters XXIII-XXVIII of Vol. II, Part II and bear the general title, "The Spiritual Evolution". Sri Aurobindo gives here a general outline of the spiritual evolution of mankind and the transformation that will make a divine life upon earth possible.

* *

Les six chapitres de *La Vie Divine* dont nous publions ici la traduction sous le titre général: L'Évolution Spirituelle, sont les derniers de l'œuvre intégrale: les chapitres XXIII à XXVIII de la deuxième partie. Sri Aurobindo y donne une vue d'ensemble de l'évolution spirituelle de l'humanité et de la transformation qui rendra possible la vie divine sur la terre.

The Life Divine

THE SPIRITUAL EVOLUTION

VI

THE DIVINE LIFE (*continued*)

जब हमारी प्रकृति स्वयं अपना अतिक्रमण करके विकसित हो जाती है, जब वह आत्म-ज्ञान की, पारस्परिक विश्वास और एकता की तथा सच्ची सत्ता और सच्चे जीवन की प्रकृति बन जाती है, केवल तभी परिणाम के रूप में हमारी और हमारे अस्तित्व की पूर्णता हमें प्राप्त हो सकती है, तभी सच्ची सत्ता का जीवन, एकत्व, पारस्परिक संबंध, समस्वरता और सच्चे सुख का जीवन तथा एक सामंजस्यपूर्ण और सौंदर्यपूर्ण जीवन प्राप्त किया जा सकता है। यदि हमारी प्रकृति जैसी है या जैसी वह बन चुकी है वैसी ही बनी रहे तो पार्थिव जीवन में कोई भी पूर्णत्व, कोई भी वास्तविक और स्थायी सुख प्राप्त नहीं हो सकता। उस अवस्था में हमें या तो इनके पाने की इच्छा नहीं करनी चाहिये और अपनी अपूर्णताओं के रहते हुए जितना अच्छा हो सके अपने काम को चलाते रहना चाहिये, या फिर हमें इन्हें किसी और जगह, अतिपार्थिव लोक में खोजना चाहिये। यह भी हो सकता है कि हम इन सब खोजों से आगे निकलकर और अपनी प्रकृति और अहंभाव को किसी ऐसी 'पूर्ण सत्ता' में विलीन करके जिससे हमारी अद्‌भुत और असंतोषकारी सत्ता ने जन्म लिया हो जीवन से आगे निकल जायं। किंतु यदि हमारे अंदर एक ऐसी आध्यात्मिक सत्ता है जो अभिव्यक्त हो रही है और हमारी वर्तमान अवस्था केवल एक अपूर्णता या अर्ध-अभिव्यक्ति ही है, यदि 'निश्चेतना' एक प्रारंभिक बिंदु है तथा इसमें 'अतिचेतना' और 'पराप्रकृति' की एक ऐसी संभावना मौजूद है जिसे विकसित होना है, यदि वह दृश्यमान प्रकृति का एक ऐसा आवरण है जिसमें महत्तर चेतना छुपी हुई है और जिसमें से उसे बाहर निकलना है, यदि सत्ता का विकास एक नियम है, तब जिस चीज की हम खोज कर रहे हैं वह केवल संभव ही नहीं वरन् वस्तुओं की अंतिम अनिवार्य स्थिति का एक अंग है। पराप्रकृति को अभिव्यक्त करना और वही बन जाना हमारी आध्यात्मिक भवितव्यता है। कारण, वही हमारी सच्ची सत्ता का, हमारी उस समग्र सत्ता का, जो अभी तक गुह्य है, स्वभाव है, गुह्य इसलिये कि वह अभी विकसित नहीं हुई है; परिणामस्वरूप, एकता की प्रकृति तब अनिवार्य रूप से जीवन में एकता, पारस्परिकता एवं समस्वरता ले आयगी। पूर्ण चेतना के तथा चेतना की पूर्ण शक्ति के प्रति जागृत होकर आंतरिक जीवन उन सबमें जिनके अंदर वह उपस्थित है आत्म-ज्ञान, पूर्ण जीवन, तृप्त सत्ता का आनंद तथा चरितार्थ प्रकृति की प्रसन्नता उत्पन्न कर देगा; यह एक अनिवार्य परिणाम होगा।

विज्ञानमयी चेतना के जन्मजात स्वभाव और पराप्रकृति के साधन का अर्थ दृष्टि और कर्म की समग्रता है, ज्ञान की ज्ञान के साथ एकता है तथा उन सबका मेल है जो हमारे मानसिक बोध और ज्ञान में विरोधी प्रतीत होते हैं; यह उस 'ज्ञान' और 'संकल्प' का तादात्म्य है जो वस्तुसंबंधी सत्य के साथ पूर्णतया एक होकर एक अखंड शक्ति के रूप में कार्य करते हैं। पराप्रकृति का यह जन्मजात स्वभाव ही उसके कर्म की पूर्ण एकता, पारस्परिकता और समस्वरता का आधार है। मनोमय सत्ता में उसके कृत्रिम ज्ञान और वस्तु-संबंधी सच्चे और समग्र सत्य में विरोध होता है, जिसके कारण उसमें जो कुछ सत्य होता है वह भी प्रायः अंत में निष्फल चला जाता है या केवल आंशिक रूप में ही सफल होता है। सत्यसंबंधी हमारी खोजें एक ओर फेंक दी जाती हैं, सत्यसंबंधी हमारी उत्कट चरि-

तार्थता निष्फल हो जाती है। प्रायः ही हमारे कर्म का परिणाम एक ऐसी योजना का अंग बन जाता है जिसका निर्माण किसी ऐसे उद्देश्य के लिये अभिमत नहीं था जिसके औचित्य को हम स्वीकार नहीं करते। ऐसा भी हो सकता है कि विचार का सत्य उसकी व्यावहारिक सफलता के वास्तविक परिणाम के द्वारा धोखा खा जाय। विचार सफलतापूर्वक चरितार्थ हो भी जाय, तब भी, क्योंकि वह अपूर्ण होता है, वह मन की एक पृथक् रचना है तथा वस्तुसंबंधी एकमात्र और समग्र सत्य से अलग है, उसकी सफलता जल्दी या देर में समाप्त हो जायगी और व्यक्ति भ्रम से मुक्त होकर नए प्रयत्न में लग जायगा। वस्तुसंबंधी सच्चे और समग्र सत्य के साथ हमारी दृष्टि और हमारे विचारों का विरोध तथा हमारे मत की भ्रामक रचनाओं की आंशिकता और स्थूलता ही हमारे नैराश्य का कारण है। एक ही व्यक्ति में केवल ज्ञान का ज्ञान के साथ ही विरोध नहीं होता बल्कि संकल्प का संकल्प के साथ तथा ज्ञान का संकल्प के साथ भी विरोध होता है; इनके बीच एक विभाजन, एक असामंजस्य पैदा हो जाता है जिसका परिणाम यह होता है कि जहां ज्ञान परिपक्व और पर्याप्त होता है वहां सत्ता का कोई संकल्प उसका विरोध करता है या संकल्प उसकी सहायता नहीं करता। जहां संकल्प शक्तिशाली और तीव्र होता है या दृढ़ या प्रबल रूप में प्रभावशाली होता है, वहां उसका उचित प्रयोग करनेवाला ज्ञान नहीं होता। हमारे ज्ञान, संकल्प और व्यवहार की तथा हमारी योग्यता और कार्यकारिणी शक्ति की असमानता, दुर्व्यवस्था एवं अपूर्णता सदा ही हमारे कर्म में तथा हमारे जीवन के विकास में हस्तक्षेप करती हैं, साथ ही ये अपूर्णता या असफलता का विपुल स्रोत भी होती हैं। ये अव्यवस्थाएं, ये दोष और असंगतियां 'अज्ञान' की अवस्था एवं शक्ति के लिये सामान्य हैं, ये केवल मनोमय एवं प्राणिक प्रकृति के प्रकाश से एक अधिक बड़े प्रकाश से ही दूर हो सकती हैं। सत्य की सत्य के साथ तदात्म्ता, तथा दोनों की प्रामाणिकता और समस्वरता ही समस्त विज्ञानमयी दृष्टि एवं विज्ञानमय कर्म के सहज गुण हैं। ज्यों ज्यों मन विज्ञान में विकसित होता जाता है, हमारी मानसिक दृष्टि और हमारा मानसिक कर्म जो विज्ञानमय प्रकाश में ऊपर उठकर उसे प्राप्त करते हैं या उसके द्वारा शासित होते हैं इन गुणों को ग्रहण करना आरंभ कर देते हैं, प्रतिबंधों और सीमाओं में कार्य करते हुए भी वे अत्यधिक पूर्ण हो जाते हैं तथा इन सीमाओं के भीतर भी प्रभावशाली हो जाते हैं, उधर हमारी अयोग्यता एवं पराजय के कारण वे कम और विलीन होना भी शुरू हो जाते हैं किंतु साथ ही एक अधिक विस्तृत जीवन मन को एक महत्तर चेतना और शक्ति की संभावनाओं से परिपूर्ण कर देता है, उसमें सत्ता की नयी शक्तियां प्रस्फुटित होने लगती हैं। 'ज्ञान' चेतना की शक्ति एवं उसका कर्म है, 'संकल्प' सत्ता की शक्ति की चेतन सामर्थ्य एवं क्रिया है। विज्ञानमय व्यक्ति में ये दोनों ही उनसे कहीं अधिक विस्तृत हो जायंगे जिनसे हम आज परिचित हैं और अपने से ऊंची अवस्था और अधिक समृद्ध साधनों को प्राप्त कर लेंगे। कारण, जहां भी चेतना की वृद्धि दिखायी देती है, वहीं जीवन की संभाव्य शक्ति और वास्तविक सामर्थ्य की भी वृद्धि होती है।

'ज्ञान' एवं 'शक्ति' की पार्थिव रचना में यह पारस्परिक संबध बिलकुल प्रत्यक्ष रूप में नहीं दिखाई देता, क्योंकि वहां चेतना स्वयं एक मूल 'निश्चेतना' में छुपी होती है और अभिव्यक्त होती हुई शक्तियों की स्वाभाविक सामर्थ्य और लय 'अज्ञान' के विरोधों एवं आवरणों

से क्षीण और क्षुब्ध हो जाती है। वहां 'निश्चेतना' एक मूल, सामर्थ्ययुक्त और सहज रूप में प्रभावशाली शक्ति होती है और चेतन मन केवल एक छोटा सा, परिश्रमरत कार्यकर्ता होता है। किंतु इसका कारण यह है कि हमारे चेतन मन का कार्य सीमित एवं वैयक्तिक होता है, जब कि 'निश्चेतन सत्ता' का कार्य वैश्व और गुप्त 'चेतना' का एक विशाल कार्य होता है। वैश्व 'शक्ति' जो जड़ जगत् की स्थूल 'शक्ति' का रूप धारण किये हुए होती है प्रक्रियासंबंधी अपनी दुराग्रही भौतिकता के द्वारा इस गुह्य तथ्य को हमारी दृष्टि से ओझल कर देती है कि 'निश्चेतना' का कार्य वास्तव में एक विशाल वैश्व 'प्राण' की, एक आवृत वैश्व 'मन' की और एक छुपे हुए 'विज्ञान' की अभिव्यक्ति है और अपने इन स्रोतों के बिना उसके अंदर न तो कार्य करने की कोई शक्ति और न ही कोई व्यवस्थाकारी संगति रह सकती है। प्राणशक्ति भी जड़ जगत् में मन की शक्ति से अधिक सक्रिय और अधिक प्रभावशाली प्रतीत होती है। उधर हमारा मन केवल विचार और ज्ञान में ही स्वतंत्र और पूर्णतया शक्तिशाली होता है। इस मानसिक क्षेत्र के बाहर उसके कर्म की तथा कर्म को चरितार्थ करने की शक्ति प्राण और जड़पदार्थ को साधन बनाकर उनके साथ उन्हीं से द्वारा स्थापित अवस्थाओं में कार्य करने के लिये विवश होती है। हमारे मन को बाधाओं का सामना करना पड़ता है तथा उसे सफलता भी आधी ही प्राप्त होती है। किंतु फिर भी हम देखते हैं कि 'प्रकृति' की शक्ति मनोमय व्यक्ति में, अपने और प्राण एवं जड़ पदार्थ के साथ व्यवहार करते समय, पशु की प्राकृतिक शक्ति से कहीं अधिक प्रबल होती है। चेतना और ज्ञान की यह महत्तर शक्ति, सत्ता और संकल्प की यह महत्तर और प्रकट शक्ति ही इस श्रेष्ठता का कारण है। ऐसा प्रतीत होता है कि मानव जीवन में भी प्राणिक मनुष्य की सक्रिय कर्मशक्ति मनोमय व्यक्ति की सक्रिय कर्मशक्ति से अधिक प्रबल होती है, क्योंकि वह अपनी सक्रिय प्राणिक शक्ति में मानसिक मनुष्य से अधिक ऊंचा है। बौद्धिक मनुष्य विचार में तो अधिक सफल होता है पर संसार पर प्रभुत्व प्राप्त करने में उसे सफलता नहीं मिलती; उधर कर्म करनेवाला गतिशील प्राणिक व्यक्ति जीवन को अपने अधिकार में कर लेता है। किंतु यह ठीक है कि मन के प्रयोग के द्वारा ही वह इस श्रेष्ठता का पूर्ण उपयोग करने में समर्थ हो सकता है और अंत में तो मनोमय व्यक्ति, क्योंकि उसका ज्ञान और विज्ञान पर प्रभुत्व होता है, जीवन को अधिक विस्तृत रूप में अपने अधिकार में कर लेता है, उससे कहीं अधिक जितना जड़गत प्राण अपने साधनों द्वारा कर सकता है या जितना प्राणिक व्यक्ति, प्रभावशाली ज्ञान की वृद्धि के बिना, अपनी प्राणशक्ति या प्राण की सहज प्रवृत्ति के द्वारा कर सकता है। जब हमारी जीवनसंबंधी अत्यधिक वैयक्तिक और सीमित शक्ति में एक और भी अधिक महत्तर चेतना प्रकट होकर मानसिक 'सामर्थ्य' की प्रतिरुद्ध क्रियाओं का स्थान ले लेती है तो जीवन और 'प्रकृति' के ऊपर अधिकार रखनेवाली एक अत्यधिक महान् शक्ति का प्रादुर्भाव होना आवश्यक हो जाता है।

हम सत्ता और वस्तुओं पर अधिकतम मानसिक आधिपत्य स्थापित कर भी लें तो भी मन की प्राण और जड़पदार्थ के प्रति एक प्रकार की मूलभूत अधीनता एवं उस अधीनता की स्वीकृति बनी रहती है, साथ ही मन के विधान को प्रत्यक्षतः प्रबल बनाने तथा उसकी शक्तियों के द्वारा सत्ता की इन निम्नतर शक्तियों के अंध नियम और कार्यों को परिवर्तित करने की असमर्थता भी वहां मौजूद रहती है। किंतु यह कोई ऐसी त्रुटि नहीं है जो

सुधारी न जा सकती हो। यह गुह्य ज्ञान का कार्य है जो हमें यह बताता है,—आध्यात्मिक ज्ञान की सक्रिय शक्ति भी यही प्रमाणित करती है,—कि 'मन' की जड़पदार्थ के प्रति और आत्मा की प्राण के निम्न नियम के प्रति यह अधीनता वस्तुतः वैसी नहीं है जैसी कि शुरू में हमें प्रतीत होती है : वह न तो वस्तुसंबंधी कोई आधारभूत अवस्था है और न ही 'प्रकृति' का कोई अलंघ्य और अपरिवर्तनीय नियम है। सबसे बड़ी, अत्यंत महत्त्वपूर्ण और स्वाभाविक खोज जो मनुष्य कर सकता है वह यह है कि मन और इससे भी बढ़कर आत्मा की शक्ति अनेक परीक्षित और अपरीक्षित तरीकों से तथा सब दिशाओं में प्राण और जड़पदार्थ को अपने अधिकार में कर सकती है तथा उनपर शासन कर सकती है। वह ऐसा अपनी प्रकृति से तथा प्रत्यक्ष शक्ति से करती है, केवल भौतिक 'विज्ञान' द्वारा खोजे गये उत्कृष्ट जड़ यंत्रों और शक्तियों के द्वारा नहीं। विज्ञानमयी प्रकृति के विकास में चेतना की यह प्रत्यक्ष सामर्थ्य, सत्ता की शक्ति का यह सीधा कार्य, प्राण और जड़पदार्थ पर उसका स्वतंत्र प्रभुत्व और नियंत्रण—ये सब विज्ञानमयी प्रकृति के विकासक्रम में पूर्णता प्राप्त करके अपनी चरम सीमा तक पहुंच जायंगे। कारण, विज्ञानमय व्यक्ति का महत्तर ज्ञान प्रधानतया एक बाह्य रूप से प्राप्त या सीखा हुआ ज्ञान नहीं होगा, वह चेतना और चेतना की शक्ति के विकास का, सत्ता की एक नयी गतिशीलता का परिणाम होगा। फलस्वरूप वह कई वस्तुओं के विषय में ज्ञान प्राप्त करके उन्हें अपने अधिकार में कर लेगा। उसे अपनी सत्ता का स्पष्ट और पूर्ण ज्ञान तो होगा ही पर साथ ही दूसरों का, गुप्त शक्तियों का तथा मन, प्राण और जड़ पदार्थ की गुह्य यांत्रिक रचना का भी सीधा ज्ञान होगा, एक ऐसा ज्ञान जो हमारी वर्तमान प्राप्ति से परे की वस्तु होगा। यह नया ज्ञान और इस ज्ञान का कार्य, दोनों, वस्तुसंबंधी एक तात्कालिक और अंतर्ज्ञानयुक्त नियंत्रण पर आधारित होंगे। एक क्रियाशील अंतर्दृष्टि जो कि अब हमें असामान्य प्रतीत होती है इस चेतना का कार्य करने का एक सामान्य ढंग होगी और इस परिवर्तन का परिणाम एक ऐसी समग्र एवं निश्चित सफलता होगा जो सामूहिक कार्य में और बारीकियों में समान रूप से प्राप्त होगी। कारण, विज्ञानमय व्यक्ति उस चेतना-शक्ति के साथ जो सब वस्तुओं के मूल में विद्यमान है एकत्व और संपर्क स्थापित कर लेगा। उसकी दृष्टि और उसका संकल्प दोनों 'सद्वस्तु' के अतिमानसिक विचार और स्वतः-प्रभावशाली 'सत्य-शक्ति' को प्रवाहित करेंगे। उसका कर्म अस्तित्व की मूल 'शक्ति' की सामर्थ्य और क्रिया की स्वतंत्र अभिव्यक्ति होगा, यह शक्ति एक ऐसी सर्वनिर्धारक चेतन आत्मा की शक्ति होगी जिसकी चेतनासंबंधी रचनाएं मन, प्राण और जड़पदार्थ में अनिवार्य रूप में कार्य करती हैं। अतिमानसिक ज्ञान की ज्योति और शक्ति में कार्य करता हुआ विकसनशील विज्ञानमय व्यक्ति अधिकाधिक अपना और चेतना की शक्तियों का, साथ ही प्रकृति की शक्तियों और प्राण और जड़ पदार्थरूपी साधनों का स्वामी बनता जायगा। पर इससे निम्न स्तरों अर्थात् विकसित होती हुई विज्ञानमयी प्रकृति की मध्यवर्ती अवस्थाओं या रचनाओं में यह शक्ति अपने पूर्ण रूप में उपस्थित नहीं होगी, किंतु क्रियाओं के कुछ अंश में वह अवश्य उपस्थित होगी। विकास के आरोहण के साथ साथ यह आरंभ होगी और बढ़ती चली जायगी और चेतना और ज्ञान के विकास का एक स्वाभाविक और सहचारी अंग बन जायगी।

चेतना की एक नयी शक्ति और नयी शक्तियां 'चेतना-शक्ति' के विकास का एक अनि-

वार्य परिणाम होंगी। यह 'चेतना-शक्ति' मन को पार करके ज्ञान प्राप्त करनेवाले एक उच्चतर और गतिशील तत्त्व तक पहुंचती है। मन का प्राण और जड़पदार्थ पर नियंत्रण, चेतन प्राणिक संकल्प और प्राणिक शक्ति का जड़पदार्थ पर नियंत्रण तथा आत्मा का मन, प्राण और जड़पदार्थ पर नियंत्रण—यह इन नयी शक्तियों का मूल स्वभाव होता है। इन-का स्वभाव आत्मा और आत्मा के, मन और मन के तथा प्राण और प्राण के बीच के बंधनों को तोड़ना भी होता है। विज्ञानमय जीवन के क्रियात्मक साधनों को उत्पन्न करने के लिये यह परिवर्तन अनिवार्य है। कारण, एक समग्र विज्ञानमय और दिव्य जीवन में एक व्यक्ति के जीवन का ही नहीं वरन् दूसरे व्यक्तियों के जीवन का भी समावेश रहेगा। यह जीवन एक सर्वसामान्य और एकीकारक चेतना में वैयक्तिक जीवन के साथ एक हो जाता है। इस जीवन की प्रधान निर्माणकारी शक्ति एक सहज-स्वाभाविक और जन्मजात एकता और समस्वरता होगी, कृत्रिम एकता और समस्वरता नहीं। ऐसा तभी हो सकता है जब सब व्यक्ति अपने आध्यात्मिक मूल तत्त्व में एक हो जायंगे, जब उनकी सत्ता और चेतना में भी एक महत्तर तादात्म्य स्थापित हो जायगा, जब वे अपने आपको एक सत्ता, एक ही अस्तित्व की अंशभूत सत्ता अनुभव करने लगेंगे तथा ज्ञान की एक महत्तर एकीकारक शक्ति में और सत्ता की महत्तर शक्ति में कार्य करने लगेंगे। एकत्व और तादात्म्य की चेतना पर आधारित एक आंतरिक और सीधे पारस्परिक ज्ञान का होना आवश्यक है। यह चेतना एक दूसरे के अस्तित्व, विचार, भाव और आंतरिक और बाह्य क्रियाओं की चेतना होती है, यह मन का मन के साथ, हृदय का हृदय के साथ एक चेतन संबंध होता है, तथा प्राण का प्राण पर चेतन प्रभाव और एक सत्ता की शक्तियों का दूसरी सत्ता की शक्तियों के साथ एक चेतन आदान-प्रदान होता है। इन शक्तियों के और इनके गहन प्रकाश के अभाव में या इनकी न्यूनता में व्यक्ति की सत्ता, भावना, विचार और आंतरिक और बाह्य क्रियाओं और उसके चारों ओर के व्यक्तियों की सत्ता, भावना, विचार और आंतरिक एवं बाह्य क्रियाओं में कोई वास्तविक या पूर्ण एकता अथवा एक वास्तविक और पूर्ण स्वाभाविक अनुकूलता स्थापित नहीं हो सकती। यह कहा जा सकता है कि जीवनसंबंधी चेतन एकता का विकसित होता हुआ आधार और ढांचा ही उस अधिक उन्नत जीवन का स्वभाव होगा।

समस्वरता आत्मा का स्वाभाविक नियम है। यह अनेकता में एकता का, विभिन्नता में एकता का, एकत्व की विविध अभिव्यक्ति का एक अंतरीय नियम और स्वाभाविक परिणाम है। एक विशुद्ध और रिक्त एकता में सचमुच ही समस्वरता के लिये कोई स्थान नहीं हो सकता क्योंकि वहां कोई ऐसी चीज है ही नहीं जिसमें समस्वरता पैदा की जाय। एक पूर्ण या एक प्रभुत्वपूर्ण विविधता में या तो विरोध होना चाहिये या फिर भेदों की एक पारस्परिक अनुकूलता और एक निर्मित समस्वरता होनी चाहिये, किंतु अनेकता के अंदर उपस्थित विज्ञानमयी एकता में समस्वरता एकता की एक सहज-स्वाभाविक अभिव्यक्ति के रूप में उपस्थित होगी और इस सहज अभिव्यक्ति में एक ऐसी चेतना का पारस्परिक संबंध निहित है जो दूसरे की चेतना को एक सीधे आंतरिक संपर्क और आदान-प्रदान के द्वारा जानती है। अवबौद्धिक जीवन में समस्वरता प्रकृति की सहज प्रेरित एकता से, प्रकृति के कर्म के एकत्व से, एक सहजप्रेरित संबंध तथा एक सहजप्रेरित या सीधे प्राणिक एवं अंतःप्रेरित भावना के बोध से प्राप्त होती है; इन सबके द्वारा ही पशु और कीड़े-मकौड़े एक दूसरे के साथ संबंध

रख सकते हैं। मनुष्य-जीवन में इनका स्थान इंद्रिय-ज्ञान, मानसिक बोध और वाणी द्वारा विचारों के आदान-प्रदान ने ले लिया है, किंतु जिन साधनों से काम लेना पड़ता है वे अपूर्ण हैं, साथ ही वहां समस्वरता और सहयोग भी अधूरे हैं। विज्ञानमय जीवन में, अतिबौद्धिक और अतिप्राकृतिक जीवन में सत्ता की एक स्वचेतन आध्यात्मिक एकता और प्रकृति की एक आध्यात्मिक चेतन समानता और आदान-प्रदान ही ज्ञान-प्राप्ति का एक गहन और समृद्ध आधार होगा। यह महत्तर जीवन एक चेतना को दूसरी चेतना के साथ आंतरिक रूप से जोड़ने के नये और उच्चतर साधन और शक्तियां विकसित कर लेगा। आंतरिक और सीधे रूप से एक चेतना का दूसरी चेतना के साथ, एक विचार का दूसरे विचार के साथ, एक दृष्टि का दूसरी दृष्टि के साथ, एक बोध का दूसरे बोध के साथ, एक जीवन का दूसरे जीवन के साथ तथा एक शारीरिक चेतना का दूसरी शारीरिक चेतना के साथ घनिष्ठ संबंध ही उसका स्वाभाविक और आधारभूत साधन होगा। ये सब नयी शक्तियां, जो पुराने बाह्य साधनों को अपने हाथ में लेकर उनका एक कहीं अधिक बड़ी शक्ति के साथ और एक बड़े उद्देश्य के लिये निम्न साधनों के रूप में प्रयोग करती हैं, सत्ता और जीवनसंबंधी एक गहन एकत्व में और आत्मा की अभिव्यक्ति के कार्य में प्रयुक्त होंगी।

चेतना की स्वाभाविक और प्रसुप्त पर अभी भी अविकसित शक्तियों का विकास आधुनिक मन के लिये मान्य नहीं प्रतीत होता। क्योंकि ये शक्तियां 'प्रकृति' सबंधी हमारी वर्तमान रचना के आगे की वस्तुएं हैं, ये एक सीमित अनुभव पर आधारित हमारी अज्ञानमय पूर्व-धारणाओं के लिये अतिप्राकृतिक चमत्कारपूर्ण और गुह्य प्रतीत होती हैं। कारण, ये उस भौतिक 'शक्ति' की ज्ञात क्रिया से आगे निकल जाती हैं जो आजकल साधारणतया वस्तुओं का एकमात्र कारण और ढंग तथा 'विश्व-शक्ति' का एकमात्र साधन समझी जाती है। चमत्कारपूर्ण कार्यों का मनुष्यों के द्वारा होना, चेतन सत्ता का उन भौतिक शक्तियों के साधनों को खोजना और विकसित करना जो स्वयं 'प्रकृति' के द्वारा संगठित सब वस्तुओं से आगे निकल जाती हैं हमारे जीवन का एक प्राकृतिक तथ्य और असीम प्रकार की भवितव्यता मानी जाती है। चेतना की शक्तियों की, उन आध्यात्मिक, मानसिक और प्राणिक शक्तियों की, जो प्रकृति या मनुष्य द्वारा व्यवस्थित सभी वस्तुओं के आगे निकल जाती हैं, जागृति और खोज को और साधन-रूप में उनके प्रयोग को संभव नहीं माना जाता। किंतु ऐसे विकास में कुछ भी अतिप्राकृतिक या चमत्कारपूर्ण नहीं होगा, हां इतना अवश्य है कि यह हमारी प्रकृति के लिये उसी तरह अतिप्रकृति या उच्चतर प्रकृति है जिस प्रकार मानव प्रकृति पशु-प्रकृति, वनस्पति या स्थूल वस्तुओं की प्रकृति के लिये अतिप्रकृति या उच्च प्रकृति होती है। हमारा मन और उसकी शक्तियां, बुद्धि का हमारा प्रयोग, हमारा मानसिक सहजज्ञान, हमारी अंतर्दृष्टि और वाणी, सत्यों की दार्शनिक, वैज्ञानिक और सौंदर्यात्मक खोजसंबंधी संभावनाएं, सत्ता की क्षमताएं तथा उसकी शक्तियों का नियंत्रण—यह सब ही वह विकास है जो संपन्न हो चुका है। पर यदि हम सीमित पशु-चेतना और उसकी शक्यताओं पर ही रुक जायं तो यह विकास असंभव प्रतीत होगा। कारण, ऐसी आश्चर्यजनक उन्नति को प्रमाणित करने के लिये यहां कुछ भी नहीं है। किंतु फिर भी पशु में कुछ ऐसी अस्पष्ट और प्रारंभिक ढंग की अभिव्यक्तियां, प्राथमिक तत्त्व या अवरुद्ध संभावनाएं मौजूद हैं जिन्हें हमारी तर्क-शक्ति और बुद्धि अपनी असाधारण प्रगतियों के साथ एक साधारण और निराशापूर्ण स्थान से आरंभ

होनेवाली एक अकल्पनीय यात्रा प्रतीत होती है। इसी प्रकार विज्ञानमयी पराप्रकृति की आध्यात्मिक शक्तियों के प्रथम तत्त्व भी हमारी साधारण रचना में उपस्थित हैं, किंतु ये कभी कभी और बहुत कम ही सक्रिय होते हैं। यह सोचना असंगत नहीं है कि विकास की इस अधिक उच्चतर अवस्था में इन प्राथमिक आरंभिक स्थलों से शुरू होनेवाली एक इसी प्रकार की पर अधिक बड़ी उन्नति एक अन्य विशाल विकास और व्यतिक्रम का कारण हो सकती है।

गुह्यवादी अनुभूति में,—उस समय जब कि आंतरिक केंद्र खुल जाते हैं, या फिर दूसरे तरीकों से अर्थात् सहज रूप में या संकल्प या प्रयत्न के द्वारा या फिर आध्यात्मिक विकास के क्रम में,—चेतना की नयी शक्तियां विकसित होती देखी गयी हैं। ये मानों किसी आंतरिक द्वार के खुलने के स्वाभाविक परिणामस्वरूप अथवा सत्ता की किसी पुकार के प्रत्युत्तर में उपस्थित हो जाती हैं और कभी कभी तो इतने तीव्र रूप में उपस्थित होती हैं कि जिज्ञासु को यह कहना आवश्यक हो जाता है कि वह इनके पीछे न दौड़े, इन्हें स्वीकार न करे और न ही इनका प्रयोग करे। यह त्याग उन लोगों के लिये संगत है जो जीवन से भागना चाहते हैं। कारण, महत्तर शक्ति को स्वीकार करने का अर्थ है जीवन के साथ बंधना या मुक्ति की एक विशुद्ध और एकाकी प्रवृत्ति के लिये भार-स्वरूप होना। अन्य सब उद्देश्यों और परिणामों की ओर उदासीनता भगवान् के उस प्रेमी के लिये स्वाभाविक है जो भगवान् की खोज उसी के लिये करता है, शक्ति की प्राप्ति या किसी और निम्न आकर्षण के लिये नहीं। इन प्रलोभन देनेवाली पर प्रायः ही भयंकर शक्तियों की खोज उसे अपने उद्देश्य से च्युत कर देगी। इस प्रकार का त्याग एक अपरिपक्व जिज्ञासु के लिये भी एक आवश्यक आत्मसंयम और आध्यात्मिक अनुशासन होगा, क्योंकि ये शक्तियां एक बड़ा, यहां तक कि भयानक संकट पैदा कर सकती हैं। कारण, इनकी 'असाधारणता' उसके अंदर के अहंकार की एक असामान्य सीमा तक वृद्धि एवं पोषण कर सकती है। पूर्णता चाहनेवाला अभीप्सु शक्ति को एक प्रलोभन मानकर उससे डरता है, क्योंकि शक्ति यदि ऊपर उठा सकती है तो नीचे भी गिरा सकती है। जितना इसका बुरा प्रयोग हो सकता है उतना और किसी वस्तु का नहीं हो सकता। किंतु जब एक महत्तर चेतना और महत्तर जीवन में विकास के अनिवार्य परिणाम के रूप में नयी योग्यताएं प्रकट होती हैं और यह विकास ही हमारे अंदर की आध्यात्मिक सत्ता के उद्देश्य का अंग होता है तब यह बाधा उपस्थित नहीं होती। कारण, जब तक व्यक्ति और उसका जीवन अपने साथ चेतना और प्राण की एक महत्तर शक्ति नहीं ले आता तथा पराप्रकृति के लिये साधन के रूप में जिस ज्ञान और शक्ति की सामान्यतया जरूरत पड़ती है उनका सहज विकास नहीं साधित कर लेता तब तक पराप्रकृति में उनका अपना विकास भी नहीं हो सकता, यदि हो भी तो वह समग्र नहीं हो सकता। सत्ता के इस भावी विकास में ऐसी कोई भी चीज नहीं है जो अयुक्तियुक्त या अविश्वसनीय मानी जा सकती हो। न ही इसमें कुछ असामान्य या चमत्कारक ही है। यह चेतना और उसकी शक्तियों का हमारे अस्तित्व की मानसिक रचना से विज्ञानमय या अतिमानसिक रचना तक जाने के लिये एक आवश्यक मार्ग होगा। पराप्रकृति की शक्तियों का यह कार्य उस नयी उच्चतर या महत्तर चेतना की एक स्वाभाविक, सामान्य और सहज रूप में सरल क्रिया होगा जिसमें सत्ता अपना विकास करते हुए प्रवेश करती है।

विज्ञानमयी सत्ता विज्ञानमय जीवन को स्वीकार करते हुए इस महत्तर चेतना की शक्तियों को उसी प्रकार विकसित एवं प्रयुक्त करेगी जिस प्रकार मनुष्य अपनी मानसिक प्रकृति की शक्तियों को विकसित एवं प्रयुक्त करता है।

यह स्पष्ट है कि चेतना की एक शक्ति या अनेक शक्तियों का ऐसा विकास एक अधिक महान् और अधिक पूर्ण जीवन के लिये स्वाभाविक ही नहीं बल्कि अनिवार्य है। मानव जीवन अपनी आंशिक समस्वरता के साथ—जहां तक वह समस्वरता उन अंगभूत व्यक्तियों पर जो आंशिक रूप में इच्छा रखते हुए या आंशिक रूप से प्रेरित अथवा विवश होकर, या फिर अनिवार्य रूप में उसे स्वीकृति देते हैं, एक स्थिर नियम एवं व्यवस्था को लागू करके सुरक्षित नहीं रखी जाती,—उन विवेकपूर्ण या संबंधित तत्त्वों की अनुकूलता पर आधारित होता है जो उन व्यक्तियों के मन, हृदय और प्राण में विद्यमान होते हैं, यह अनुकूलता जीवन के सामान्य विचारों, उसकी इच्छाओं, प्राणिक तुष्टियों और उद्देश्यों के संघात की स्वीकृति होती है। किंतु समुदाय के व्यक्ति उन विचारों, जीवन के उद्देश्यों और प्रयोजनों को जिन्हें वे स्वीकार कर चुके हैं पूर्ण रूप से न तो समझते हैं और न उनके विषय में पूर्ण ज्ञान ही रखते हैं। उन्हें चरितार्थ करने की उनकी शक्ति भी अपूर्ण होती है, उन्हें सदा अक्षुण्ण रखने का, उन्हें पूरी तरह चरितार्थ करने तथा जीवन को अधिक पूर्ण बनाने का उनका संकल्प भी अधूरा होता है। संघर्ष एवं विरोध का तत्त्व वहां उपस्थित होता है. दबी-घुटी और असंतुष्ट इच्छाएं और विफल अभिलाषाएं सामूहिक रूप में उपस्थित रहती हैं, साथ ही एक खदबदाता और दबा हुआ असंतोष या असमान रूप से संतुष्ट हितों का जागृत अथवा विस्फोटक असंतोष भी वहां विद्यमान रहता है। उधर ऐसे नए विचार, जीवन के नये उद्देश्य बीच में घुस आते हैं जिनमें बिना किसी उथल-पुथल और अव्यवस्था के कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता। मनुष्यों में और उनके चारों ओर के वातावरण में कुछ ऐसी प्राणिक शक्तियां कार्य करने लगती हैं जो पहले की स्थापित समस्वरता की विरोधी होती हैं। वहां वह पूर्ण शक्ति नहीं होती जो उन विरोधों और स्थानभ्रंशों को पराजित कर सके जो मन और प्राण के संघर्षकारी विरोध और वैश्व प्रकृति की विघटनकारी शक्तियों के आक्रमण के द्वारा उत्पन्न हुए हैं। यहां जिस चीज का अभाव है वह आध्यात्मिक ज्ञान एवं आध्यात्मिक शक्ति है, यह अपने पर प्रभुत्व की शक्ति, दूसरों के साथ आंतरिक एकीकरण से उत्पन्न शक्ति, चारों ओर की या आक्रामक विश्व-शक्तियों पर प्रभुत्व की शक्ति, ज्ञान को चरितार्थ करने की पूर्ण अंतर्दृष्टियुक्त एवं पूर्ण साधन-संपन्न शक्ति है। यही शक्तियां जिनका या तो हममें अभाव है या जो दोषपूर्ण ढंग से हमारे अंदर उपस्थित हैं विज्ञानमय व्यक्ति का सार-तत्त्व हैं; कारण, ये विज्ञानमयी प्रकृति के प्रकाश और सक्रिय साधन में अंतर्निहित हैं।

मानव समाज में उसके निर्माणकारी व्यक्तियों के मनों, हृदयों और प्राणों की पारस्परिक अनुकूलता अपूर्ण तो है ही पर साथ ही स्वयं व्यक्ति का मन और प्राण भी परस्पर-विरोधी शक्तियों के द्वारा प्रेरित होता है। उनमें समस्वरता लाने के हमारे प्रयत्न अपूर्ण हैं और इनमेंसे किसी भी एक को जीवन में समग्र और संतोषकारी रूप में चरितार्थ करने की हमारी शक्ति भी अपूर्ण है। अतएव, प्रेम और सद्भावना हमारी चेतना के लिये स्वाभाविक हैं। जैसे जैसे हमारी आत्मा का विकास होता जाता है, वैसे वैसे उसकी हमारे प्रति मांग

भी बढ़ती जाती है। किंतु बुद्धि की मांग, प्राणिक शक्ति की प्रवृत्ति और हमारे अंदर उसके आवेग तथा उन कई अन्य तत्त्वों की मांग और दबाव भी हममें उपस्थित हैं जो प्रेम और सद्भावना के नियम के साथ मेल नहीं खाते। हम इन सबको अस्तित्व के समग्र नियम के अनुकूल बनाना नहीं जानते और न हम इनमेंसे एक को या सबको उचित और पूर्ण ढंग से प्रभावशाली या अनिवार्य ही बनाना जानते हैं। समस्त सत्ता और समस्त जीवन में इन्हें समन्वयपूर्ण और सक्रिय रूप में सफल बनाने के लिये हमें एक अधिक पूर्ण आध्यात्मिक प्रकृति में विकसित होना होगा और फिर उस विकास के द्वारा हमें उच्चतर और अधिक विस्तृत एवं समग्र चेतना के प्रकाश और बल में निवास करना होगा। ज्ञान और शक्ति, प्रेम और सद्भावना तथा प्राणिक संकल्प की क्रीड़ा इस चेतना के स्वाभाविक और सर्वदा उपस्थित सामंजस्यपूर्ण तत्त्व हैं। हमें उस 'सत्य' के प्रकाश में विचरना एवं कर्म करना है जो करणीय कार्य को तथा उसे करने के ढंग को प्रत्यक्ष ज्ञान और सहज ढंग से जान लेता है और जो अपने आपको प्रत्यक्ष ज्ञान और सहज ढंग से कार्य में चरितार्थ करता है, यह अपने आपको उस शक्ति में भी चरितार्थ करता है जो हमारी शक्तियों की जटिलता को उनके सत्यकी अंतर्ज्ञानात्मक सहजता में और सरल आध्यात्मिक और सर्वोच्च स्वाभाविक स्थिति में ऊपर उठा ले जाती है और प्रकृति के सब क्रमों को उनकी समस्वरित वास्तविकताओं से परिपूरित कर देती है।

यह स्पष्ट हो जाना चाहिये कि मानसिक रचना का कोई भी युक्तियुक्त संयोजन या उसकी निपुणता इस जटिलता में संगति या समस्वरता नहीं ला सकती। केवल जागृत आत्मा का अंतर्ज्ञान और आत्मज्ञान ही यह कार्य कर सकता है। यही विकसित अति मानसिक व्यक्ति और उसके अस्तित्व का स्वभाव होगा। उसकी आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि और भावना सत्ता की समस्त शक्तियों को एकीकृत करनेवाली चेतना में ऊपर उठाकर उन्हें सामान्य समन्वित कर्म के योग्य बना देंगी। कारण, समन्वय और समस्वरता आत्मा के सच्चे और सामान्य नियम हैं। हमारे जीवन और हमारी प्रकृति की असमता एवं असमस्वरता उसके लिये अस्वाभाविक हैं, यद्यपि अज्ञानमय जीवन के लिये ये बिलकुल स्वाभाविक है।

क्योंकि आत्मा के लिये यह बात स्वाभाविक नहीं है, हमारे अंदर का ज्ञान असंतुष्ट होकर हमारे जीवन में एक महत्तर समस्वरता लाने का प्रयत्न करता है। समस्त सत्ता की यह संगति और समस्वरता जो विज्ञानमय व्यक्ति के लिये स्वाभाविक है विज्ञानमय व्यक्तियों के समाज के लिये भी उसी तरह स्वाभाविक होगी। कारण, वह एक सर्वसामान्य और पारस्परिक स्व-चेतना के प्रकाश में आत्मा के साथ आत्मा के मेल पर आधारित होगी। यह सत्य है कि समग्र पार्थिव जीवन में जिसका विज्ञानमय जीवन भी एक भाग होगा अभी भी एक ऐसा जीवन निहित है जो अधिक विकसित नहीं है। सहजज्ञानयुक्त और विज्ञानमय जीवन को इस समग्र जीवन में अपना स्थान बनाना होगा तथा उसमें एकता और समस्वरतासंबंधी अपने नियम का उतना अंश लाना होगा जितना कि संभव हो सकता है। यहां सहज समस्वरता का नियम लागू नहीं भी हो सकता, क्योंकि विज्ञानमय जीवन का अपने चारों ओर के अज्ञानमय जीवन के साथ संबंध स्व-ज्ञान की पारस्परिकता और एकमेव सत्ता और सर्वसामान्य चेतना की भावना पर आधारित नहीं होगा। यह संबंध ज्ञान की क्रिया का अज्ञान की क्रिया के साथ संबंध होगा। किंतु जितनी बड़ी कठिनाई यह हमें अब प्रतीत

होती है उतनी बड़ी इसे होना नहीं चाहिये, क्योंकि विज्ञानमय ज्ञान के अंदर 'अज्ञान' की चेतना का पूरा बोध होगा। अतएव एक सुनिश्चित विज्ञानमय जीवन के लिये अपने अस्तित्व और उन समस्त कम विकसित सत्ताओं के बीच समस्वरता पैदा करना असंभव नहीं होगा जो पार्थिव प्रकृति में उसके साथ अपना अस्तित्व रखती हैं।

यदि यही हमारी विकासात्मक भवितव्यता है तो अब हमें यह देखना है कि हम विकासक्रम के इस स्थल पर कहां खड़े हैं—यह एक ऐसा विकासक्रम है जो सीधा नहीं बल्कि एक चक्करदार और घुमाववाला रास्ता रहा है या कम से कम बड़े टेढ़े मेढ़े ढंग से और ऊपर नीचे होते हुए अपने पथ पर आगे बढ़ा है। हमें यह भी देखना है कि निकट या सुदूर भविष्य में किसी निश्चित मार्ग की ओर हमारे मुड़ने की कितनी संभावना है। वैयक्तिक पूर्णता और समूची जाति के जीवन की पूर्णता के लिये हमारी अभीप्सा में हमें भी भावी विकास के तत्त्वों की पूर्व सूचना मिलती है तथा इनकी खोज की जाती है, किंतु यह खोज एक अर्ध प्रकाशयुक्त ज्ञान की अस्तव्यस्तता में की जाती है। आवश्यक तत्त्वों में विरोध एवं एक प्रतिकूल दबाव होता है, प्रारंभिक, असंतुष्ट और असंगत समाधानों की प्रचुरता होती है। ये हमारे आदर्शवाद के तीन मुख्य विचारों में झूलते रहते हैं, ये आदर्श हैं मनुष्य का अपना पूर्ण वैयक्तिक विकास अर्थात् व्यक्ति की परिपूर्णता, समुदाय का पूर्ण विकास अर्थात् समाज की परिपूर्णता और—जो अधिक व्यावहारिक रूप में सीमित है—व्यक्ति का व्यक्ति और समाज के साथ तथा समाज का समाज के साथ पूर्ण और सर्वश्रेष्ठ संबंध। कभी व्यक्ति पर, कभी समुदाय या समाज पर और कभी व्यक्ति और समग्र मानव समुदाय के यथार्थ और संतुलित संबंध पर पूरी तरह से या प्रधानतया बल दिया जाता है। एक विचार मानव व्यक्ति के प्रगतिशील जीवन को, उसकी स्वतंत्रता और पूर्णता को हमारे जीवन का सच्चा उद्देश्य मानता है, यह आदर्श वैयक्तिक सत्ता की एक स्वतंत्र अभिव्यक्ति-मात्र हो सकता है या पूर्ण मन, सूक्ष्म और विशाल प्राण और पूर्ण शरीर की एक स्वचालित समग्रता भी हो सकता है। अथवा यह एक आध्यात्मिक पूर्णता और मुक्ति भी हो सकता है। इस विचारधारा में समाज केवल व्यक्ति के लिये एक कर्म एवं विकास का क्षेत्र है; उसका उद्देश्य तभी पूरा होता है जब कि वह व्यक्ति के विचार को, उसके कर्म, विकास तथा उसकी सत्ता की पूर्णता की संभावना को विकास के लिये बड़े से बड़ा क्षेत्र, प्रचुर साधन तथा पर्याप्त स्वतंत्रता प्रदान करता है, साथ ही उसका पथप्रदर्शन भी करता है। इससे विपरीत एक और विचार सामुदायिक जीवन को प्रथम और एकमात्र महत्त्व देता है। उसके अनुसार जाति का विकास ही सब कुछ है। व्यक्ति को समाज के लिये, मनुष्यजाति के लिये जीवन धारण करना है या फिर वह समाज का एक कोषाणुमात्र है। उसके जन्म का कोई और उपयोग या उद्देश्य नहीं है, 'प्रकृति' में उसके अस्तित्व का भी और कोई अर्थ नहीं, न इसका कोई और कार्य ही है। यह भी माना जाता है कि राष्ट्र, समाज या जाति एक सामुदायिक सत्ता है, वह अपनी आत्मा को अपनी संस्कृति में, जीवन-शक्ति में, आदर्शों एवं संस्थाओं में तथा आत्म-अभिव्यक्ति के समस्त ढंगों में व्यक्त करती है। वैयक्तिक जीवन को उसी संस्कृति के सांचे में अपने आपको ढालना है, उसी जीवन शक्ति के लिये कार्य करना है तथा सामुदायिक जीवन की स्थिरता और कार्यक्षमता के साधन के रूप में ही अपना अस्तित्व रखना है। एक तीसरे विचार में मनुष्य की पूर्णता उसके अन्य मनुष्यों के

साथ नैतिक और सामाजिक संबंधों में निहित है। वह एक सामाजिक प्राणी है और उसे समाज के लिये, दूसरों के लिये, जाति के लिये अपनी उपयोगिता के हित जीवित रहना है। समाज का अस्तित्व भी सबकी सेवा के लिये है, उन्हें उनका यथार्थ संबंध, यथार्थ शिक्षण, प्रशिक्षण, आर्थिक अवसर तथा जीवन का यथार्थ स्वरूप प्रदान करने के लिये है। प्राचीन संस्कृतियों में जाति पर तथा जाति में व्यक्ति के उपयुक्त स्थान पर अधिकतम बल दिया जाता था, किंतु साथ ही 'पूर्ण व्यक्ति' का विचार भी वहां पैदा हो गया था। प्राचीन भारतवर्ष में आध्यात्मिक व्यक्ति का विचार प्रधान था, पर समाज को भी अत्यधिक महत्त्व दिया जाता था। इससे पहले कि व्यक्ति एक अधिक सच्ची स्व-उपलब्धि और एक स्वतंत्र आध्यात्मिक जीवन के लिये योग्यता प्राप्त कर सके, उसे इसके निर्माणकारी प्रभाव के नीचे अपनी रुचियों, इच्छाओं तथा ज्ञान और यथार्थ जीवन यापन संबंधी खोजों के साथ शारीरिक, प्राणिक और मनोमय सत्ता की सामाजिक स्थितियों में से गुजरना पड़ता था। पिछले दिनों में सारा बल जाति के जीवन तथा एक पूर्ण समाज की खोज पर दिया जाने लगा था पर अब कुछ समय से यह मनुष्यजाति के समग्र जीवन के यथार्थ संगठन और वैज्ञानिक यांत्रीकरण में ध्यान एकाग्र करने पर दिया जाने लगा है। आज की प्रवृत्ति यह है कि व्यक्ति समुदाय का एक अंगमात्र है, जाति की एक इकाई है, उसके जीवन को संगठित समाज के सामान्य उद्देश्यों और उसके समग्र हित के अधीन रहना चाहिये। जीवन-संबंधी अपने अधिकार और बल के साथ एक मनोमय या आध्यात्मिक सत्ता के रूप में तो उसका अस्तित्व बहुत ही कम स्वीकार किया जाता है या बिलकुल ही नहीं किया जाता। यह प्रवृत्ति अभी सब जगह अपनी चरम सीमा तक नहीं पहुंची है, पर सर्वत्र यह तेजी से बढ़ रही है तथा प्रभुत्व-प्राप्ति की ओर अग्रसर हो रही है।

इस प्रकार, मानव विचार के परिवर्तनों में, एक ओर तो व्यक्ति अपनी आत्मपुष्टि की, अपने मन, प्राण और शरीर के विकास की तथा अपनी आध्यात्मिक पूर्णता की खोज में तथा उनके अनुसरण में प्रवृत्त होता है बल्कि उससे यही अपेक्षा की जाती है, और दूसरी ओर उससे यह कहा जाता है कि वह अपने आपको मिटा दे, अधीन बनकर रहे तथा समाज के विचारों, आदर्शों, संकल्पों, सहज प्रवृत्तियों और रुचियों को अपना बना ले। 'प्रकृति' उसे अपने लिये जीवन धारण करनेके लिये प्रेरित करती है, उधर उसके अंदर की गहराई की कोई वस्तु उसे अपने व्यक्तित्व की पुष्टि करने के लिये प्रेरित करती है, जब कि समाज और मानसिक आदर्शवाद उससे जातिके लिये अथवा समाज के महत्तर हित के लिये जीवित रहने की अपेक्षा करते हैं। सत्ता और उसके हितों के सिद्धांत का सामना और विरोध परोपकार के सिद्धांत के साथ होता है। राज्य अपने को देवता मानकर व्यक्ति से यह अपेक्षा करता है कि वह उसके आदेश का पालन करे, उसके आगे नम्र, अधीन और नगण्य बनकर रहे। उधर व्यक्ति को इस इतनी बड़ी मांग के विरुद्ध अपने आदर्शों, विचारों तथा व्यक्तित्व और विवेकसंबंधी अपने अधिकारों की पुष्टि करनी पड़ती है। यह स्पष्ट है कि इन सब मापदंडोंका विरोध मनुष्यके मानसिक 'अज्ञान' का अंधान्वेषण है। यह विरोध अपना मार्ग खोज रहा है तथा सत्य के विभिन्न भागों को पकड़ना चाहता है पर यह ऐसा कर नहीं सकता, क्योंकि उसके ज्ञान में इतनी समग्रता नहीं है कि वह उन पक्षों में समन्वय ला सके। केवल एकता और समस्वरता लानेवाला ज्ञान ही रास्ता ढूंढ़ सकता है किंतु वैसा

ज्ञान हमारी सत्ता के गहनतर तत्त्व की वस्तु है, क्योंकि एकत्व और समग्रता उसके लिये स्वाभाविक हैं। इसी को अपने अंदर ढूंढ़ कर हम अपने जीवन की समस्या का और साथ ही वैयक्तिक और सामाजिक जीवन के सच्चे रास्ते की समस्या का समाधान कर सकते हैं।

एक ऐसी 'सद्वस्तु' है, समस्त अस्तित्वसंबंधी एक ऐसा सत्य है जो उसके सब रूपों और अभिव्यक्तियों से अधिक बड़ा और स्थायी है। उस सत्य और 'सद्वस्तु' को ढूंढ़ना और उनमें निवास करना, उनकी अधिक से अधिक पूर्ण अभिव्यक्ति और रचना को चरितार्थ करना ही वैयक्तिक और सामाजिक सत्ता की पूर्णता का रहस्य है। यह 'सद्वस्तु' प्रत्येक वस्तु में मौजूद है तथा अपने प्रत्येक रूप को सत्तासंबंधी बल एवं महत्त्व प्रदान करती है। विश्व इस 'सद्वस्तु' की एक अभिव्यक्ति है, वैश्व जीवन का एक सत्य है, वैश्व सत्ता की एक 'शक्ति', एक सर्वात्मा या जगत्-आत्मा भी है। मनुष्यजाति विश्व के अंदर स्थित इस 'सद्वस्तु' का एक रूप है, एक अभिव्यक्ति है, मनुष्यजाति का एक सत्य और उसकी एक सत्ता है, एक मानव आत्मा है, मनुष्य जीवन की एक भवितव्यता है। समाज इस 'सद्वस्तु' का एक रूप है, मनुष्य की आत्मा की एक अभिव्यक्ति है, सामुदायिक सत्ता का एक सत्य है, एक सत्ता एवं शक्ति है। व्यक्ति भी 'सद्वस्तु' का एक रूप है, उसका भी एक सत्य है, एक वैयक्तिक सत्ता, अंतरात्मा एवं आत्मा है जो वैयक्तिक मन, प्राण और शरीर के द्वारा अपने आपको व्यक्त करती है, साथ ही वह एक ऐसी वस्तु में भी अपने आपको व्यक्त कर सकती है जो मन, प्राण और शरीर से आगे निकल जाती है, यहां तक कि मनुष्य जाति से भी आगे निकल जाती है। कारण, हमारी मनुष्यजाति वह समस्त 'सद्वस्तु' नहीं है, उसका संभवनीय श्रेष्ठतम रूप अथवा अभिव्यक्ति भी नहीं है। मनुष्य के अस्तित्व से पहले ही 'सद्वस्तु' एक अवमानवीय रूप, एक स्वरचना अपने अंदर धारण कर चुकी है और अब उसके बाद या उसके अंदर भी वह एक अतिमानव रूप और स्व-रचना धारण कर सकती है। आत्मा या सत्ता के रूप में व्यक्ति अपनी मानवीयता में ही सीमित नहीं है। वह मानव से कम रहा है और मानव से अधिक भी हो सकता है। विश्व उसके द्वारा अपने आपको पाता है, इसी प्रकार वह भी अपने आपको विश्व में उपलब्ध करता है, किंतु उसमें विश्व से अधिक बनने की सामर्थ्य भी मौजूद है। कारण, वह उससे आगे निकल सकता है और अपने अंदर की, उसके अंदर की तथा उससे आगे की किसी पूर्ण चीज में भी प्रवेश कर सकता है। वह समाज तक ही सीमित नहीं है, यद्यपि उसके मन और प्राण एक प्रकार से सामाजिक मन और प्राण के ही अंग हैं। उसके अंदर कोई ऐसी चीज मौजूद है जो उससे आगे जा सकती है। समाज व्यक्ति के सहारे जीता है, क्योंकि उसके मन, प्राण और शरीर उसके अंगभूत व्यक्तियों के मन, प्राण और शरीर से निर्मित हुए हैं। यदि वे नष्ट या विघटित हो जायं तो स्वयं उसका अस्तित्व भी नष्ट और विघटित हो जायगा, चाहे उसकी कोई सत्ता या शक्ति दूसरे व्यक्तियों में फिर जन्म ग्रहण कर भी ले। किंतु व्यक्ति केवल सामुदायिक जीवन का एक कोषाणुमात्र नहीं है। यदि वह समुदाय से अलग या निर्वासित कर दिया जाय तो भी वह जीवित रहेगा। कारण, समुदाय या समाज समस्त मानवजाति नहीं है, वह भी जगत् नहीं है। व्यक्ति मनुष्यजाति में अन्य स्थान पर भी अथवा संसार में अपने आप भी अपना अस्तित्व रख सकता है, अपने आपको पा सकता है। यदि समाज

का जीवन अपने व्यक्तियों के जीवन पर प्रभुत्व स्थापित कर भी ले तो भी वह उनके समस्त जीवन को निर्मित नहीं करता। यदि उसकी सत्ता ऐसी है कि वह उसकी पुष्टि व्यक्तियों के जीवन से करना चाहता है, तो व्यक्ति की भी अपनी सत्ता है जिसे वह समाज के जीवन में चरितार्थ करना चाहता है। किंतु वह उससे बंधा हुआ नहीं है, वह किसी अन्य सामाजिक जीवन में भी अपनी पुष्टि कर सकता है अथवा यदि वह काफी सशक्त है तो वह किसी खानाबदोशी जीवन में या संन्यासी के एकांत में, जहां वह पूर्ण भौतिक जीवन की खोज या प्राप्ति न भी कर सके, आध्यात्मिक रूप में रह सकता है तथा अपनी वास्तविकता और सत्ता की अंतर्निहित आत्मा को प्राप्त कर सकता है।

व्यक्ति सचमुच ही विकास-क्रिया की कुंजी है, क्योंकि व्यक्ति ही अपने स्वरूप को पाता है, 'सद्वस्तु' के प्रति सचेतन होता है। उधर समाज की क्रिया अधिकतर अवचेतन और सामूहिक क्रिया है। उसे चेतन बनने के लिये व्यक्तियों के द्वारा ही अपनी रचना या अभिव्यक्ति करनी पड़ती है। उसकी सामान्य सामूहिक चेतना सदा ही उसके अधिकतम विकसित व्यक्तियों की चेतना से कम विकसित होती है, और वह स्वयं उसी हद तक बढ़ती है जिस हद तक वह उनके प्रभाव को स्वीकार करती है या उसी चीज को विकसित करती है जिसे वे विकसित करते हैं। व्यक्ति की अंतिम निष्ठा न तो राज्य के प्रति है जो कि एक मशीन है और न समाज के प्रति, जो पूर्ण जीवन नहीं है बल्कि जीवन का एक अंगमात्र है। उसकी निष्ठा 'सत्य' के प्रति, परम 'सत्ता', परम 'आत्मा', भगवान् के प्रति होनी चाहिये जो उसके तथा सबके अंदर मौजूद है। उसके जीवन का वास्तविक उद्देश्य समूह के अधीन होना या अपने आपको उसमें विलीन कर देना नहीं वरन् अपने अंदर सत्तासंबंधी सत्य को प्राप्त एवं व्यक्त करना है तथा समाज और मनुष्यजाति को अपनी सत्ता के सत्य और उसकी परिपूर्णता की खोज में सहायता देना है। पर किस हद तक वैयक्तिक जीवन की शक्ति या उसके अंदर की आध्यात्मिक 'सद्वस्तु' कार्य करती है यह उसकी अपनी प्रगति पर निर्भर है। जब तक वह अविकसित रहता है उसे अपनी अविकसित सत्ता को कई प्रकार से उसके अधीन रखना पड़ता है जो उससे बड़ा है। जैसे जैसे वह विकसित होता है वैसे वैसे वह एक आध्यात्मिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ता है, किंतु यह स्वतंत्रता कोई ऐसी चीज नहीं है जो सर्व-अस्तित्व से पूर्णतया अलग हो। यह उसके साथ एकत्व रखती है, क्योंकि वह भी वही सत्ता, वही आत्मा है। ज्यों ज्यों वह आध्यात्मिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ता है, त्यों त्यों वह आध्यात्मिक एकता की ओर भी बढ़ता है। 'गीता' में कहा गया है कि आध्यात्मिक रूप में सिद्ध और मुक्त पुरुष समस्त प्राणियों के हित में व्यस्त रहता है। निर्वाण के मार्ग को प्राप्त करके महात्मा बुद्ध को वापिस आकर उन लोगों के लिये रास्ता खोलना ही था जो अभी तक अपनी सच्ची सत्ता या नास्ति के स्थान पर अपनी निर्मित सत्ता के भ्रम में ग्रस्त थे। विवेकानंद भगवान् की ओर आकृष्ट हुए थे पर साथ ही उन्होंने मनुष्यजाति के अंदर छुपे हुए देवता की पुकार और उससे भी अधिक पतित और दुःखी मनुष्यों की पुकार को भी अनुभव किया था; यह विश्व के अंधकारमय स्वरूप में आत्मा की आत्मा के प्रति पुकार थी। जागृत व्यक्ति के लिये अपने सत्तासंबंधी सत्य की प्राप्ति तथा आंतरिक मुक्ति एवं पूर्णता ही पहली खोज है। पहली इसलिये कि यह उसके अंदर की 'आत्मा' की पुकार है, इसलिये भी कि वह मुक्ति, पूर्णता और सत्तासंबंधी सत्य की प्राप्ति

के द्वारा ही जीवन के सत्य को उपलब्ध कर सकता है। एक पूर्ण समाज भी अपने व्यक्तियों की पूर्णता पर ही टिक सकता है और पूर्णता केवल तभी प्राप्त हो सकती है जब प्रत्येक व्यक्ति जीवन में अपनी आध्यात्मिक सत्ता की खोज एवं पुष्टि कर ले, साथ ही सब भी अपनी आध्यात्मिक एकता तथा इसके फलस्वरूप प्राप्त होनेवाली जीवनसंबंधी एकता की खोज कर लें। हम वास्तविक पूर्णता तब तक प्राप्त नहीं कर सकते जब तक हमारी आंतरिक सत्ता और आध्यात्मिक-अस्तित्वसंबंधी सत्य साधनरूपी जीवन के समस्त सत्य को अपने अंदर धारण करके उसमें एकता, समग्रता एवं समस्वरता नहीं ले आते। जिस प्रकार हमारी वास्तविक स्वतंत्रता का अर्थ हमारे अंदर की आध्यात्मिक 'सद्वस्तु' की प्राप्ति एवं अभिव्यक्ति है, उसी प्रकार सच्ची पूर्णता को प्राप्त करने का साधन भी हमारी प्रकृति के समस्त तत्त्वों में आध्यात्मिक सद्वस्तु का प्रभुत्व और उसकी चरितार्थता है।

क्योंकि हमारी प्रकृति जटिल है, हमें जटिलता की किसी पूर्ण एकता एवं परिपूर्णता को पाने की कुंजी ढूंढ़नी पड़ेगी। इसका पहला विकासात्मक आधार भौतिक जीवन है; प्रकृति ने इससे आरंभ किया था और मनुष्य को भी इसी से आरंभ करना है, उसे पहले अपने भौतिक और प्राणिक जीवन का समर्थन करना है। यदि वह यहीं रुक जाय तो वह कोई विकास नहीं कर सकता। उसका अगला महत्तर कार्य यह है कि वह भौतिक जीवन में अपने आपको मनोमय प्राणी के रूप में तथा जितने पूर्ण रूप से हो सके पा ले, ऐसा उसे वैयक्तिक और सामाजिक दोनों प्रकार के जीवनों में करना होगा। यह दिशा यूनानी विचारधारा ने यूरोपीय सभ्यता को प्रदान की थी और रोमवासियों ने इसे अपनी संगठित शक्ति के आदर्श के द्वारा लागू किया था या इस प्रकार शायद उसे कमजोर बना दिया था। तर्क का सिद्धांत अर्थात् एक ऐसे बौद्धिक विचार के द्वारा जीवन की व्याख्या जो समालोचनात्मक, उपयोगितावादी, संगठनकारी और निर्माणकर्ता है तथा 'विज्ञान' द्वारा जीवन का शासन इस प्रेरणा के अंतिम परिणाम हैं। किंतु प्राचीन समय में उच्चतर निर्माणकारी एवं सक्रिय तत्त्व एक आदर्श सत्य, शिव और सुंदर की खोज होता था और उसका अर्थ मन, प्राण और शरीर को इस आदर्श के द्वारा एक पूर्णता एवं समस्वरता में ढालना होता था। ज्योंही मन पर्याप्त रूप में विकसित हो जाता है, त्योंही इस कार्य से आगे और ऊपर जाकर मनुष्य के अंदर आध्यात्मिक प्रवृत्ति जाग उठती है, यह प्रवृत्ति सत्तासंबंधी अंतरतम सत्य एवं आत्मा की खोज की है, आत्मा के सत्य में मनुष्य के मन और प्राण की मुक्ति, आत्मा की शक्ति के द्वारा प्राप्त की गयी पूर्णता, सुदृढ़ता, एकता तथा आत्मा में समस्त प्राणियों के पारस्परिक आदान-प्रदान की है। यह पूर्वीय आदर्श था जो बौद्धधर्म या कुछ अन्य प्राचीन मतों द्वारा एशिया और मिस्र देश के समुद्री तटों पर ले जाया गया था और वहां से ईसाई धर्म इसे यूरोप में ले गया। किंतु ये प्रेरणाएं चाहे बर्बरता की उस बाढ़ से, जिसने पुरानी सभ्यताओं को दबा दिया था, उत्पन्न अस्तव्यस्तता और अंधकार में कुछ समय के लिये धुंधली मशालों की भांति जलती रही हैं, पर अब इन्हें आधुनिक प्रवृत्ति ने त्याग दिया है, क्योंकि उसे अब एक और प्रकाश, अर्थात् 'विज्ञान' का प्रकाश मिल गया है। आधुनिक प्रवृत्ति की खोज आर्थिक और सामाजिक उद्देश्य की रही है। यह उद्देश्य सभ्यता और सुख-सुविधा का एक आदर्श और भौतिक संगठन है, यह उपयोगितावादी बौद्धिकता को व्यापक बनाने के लिये तर्क, विज्ञान और शिक्षा का उपयोग है, यह बौद्धिकता व्यक्ति को एक पूर्णता प्राप्त आर्थिक

समाज में एक पूर्ण सामाजिक प्राणी बना देगी। आध्यात्मिक आदर्श की जो चीज बची है वह कुछ के लिये एक मानसिक और नैतिक मानवहितवाद ही रही है; उसमें धर्म का अंश जरा भी नहीं था, और न वह एक ऐसी सामाजिक नैतिक भावना ही थी जो एक धार्मिक और वैयक्तिक नैतिकता का स्थान लेने के लिये बिलकुल उपयुक्त समझी जाती। जब जाति यहां तक पहुंच चुकी तो उसने देखा कि उसका अपना ही वेग उसे एक ऐसी आंतरिक तथा अपने जीवनसंबंधी अस्तव्यस्तता की ओर द्रुतगति से ले जा रहा है जिसमें सब प्राप्त मूल्य नष्ट हो चुके हैं तथा उसके सामाजिक संगठन का, उसके आचार-व्यवहार और उसकी संस्कृति का सुदृढ़ आधार लुप्त होता दीखने लगा है।

कारण, यह आदर्श, भौतिक और आर्थिक जीवन पर डाला गया यह चेतन दबाव वस्तुतः मनुष्य की पहली अवस्था का, अर्थात् उसकी प्रारंभिक बर्बर अवस्था का तथा जीवन और जड़ पदार्थ में उसकी व्यस्तता का एक सभ्य और परिवर्तित रूप था, यह एक आध्यात्मिक ह्रास था, पर इसके साथ एक विकसित मनुष्यजाति के मन के और एक पूर्णतया विकसित 'विज्ञान' के साधन भी उसके पास थे। एक पूर्ण आर्थिक और भौतिक अस्तित्व पर डाला गया यह आग्रह मानव जीवन की समग्र जटिलता में एक तत्त्व के रूप में 'समग्र' के अंदर अपना स्थान रखता है। एकमात्र और प्रधान आग्रह के रूप में यह मनुष्यजाति के लिये और साथ ही विकास के लिये खतरे से भरा हुआ है। पहला खतरा यह है कि पुराना प्राणिक और स्थूल प्रारंभिक बर्बर मनुष्य एक सभ्य रूप में पुनः प्रकट हो जायगा। विज्ञान ने जो साधन हमें प्रदान किये हैं उनसे यह डर तो नहीं है कि कुछ अधिक सशक्त आदिवासी जातियां पुरानी जर्जर सभ्यता को दबा देंगी या नष्ट कर देंगी, किंतु यह डर अवश्य है कि स्वयं हमारे अंदर अर्थात् सभ्य मनुष्य में ही बर्बर मनुष्य पैदा हो जायगा और यही बात हम अपने चारों ओर आज देख रहे हैं। कारण, यदि हमारे अंदर के प्राणिक और भौतिक मनुष्य को नियंत्रण में रखने तथा ऊपर उठाने के लिये कोई उच्च प्रबल मानसिक और नैतिक आदर्श नहीं है और न ही कोई ऐसा आध्यात्मिक आदर्श है जो उसे अपने आपसे मुक्त कर उसे आंतरिक सत्ता तक पहुंचा दे तो ऐसा होना अवश्यंभावी है। यदि इस सबकी पुनरावृत्ति न भी हो, तो भी एक और खतरा मौजूद है,—विकासात्मक प्रवृत्ति समाप्त हो सकती है, बिना किसी आदर्श या उच्च दृष्टिकोण के एक स्थिर सुखपूर्ण और यांत्रिक सामाजिक जीवन रूढ़ रूप धारण कर सकता है। बुद्धि अपनी शक्ति से जाति को विकसित करने में बहुत दिन तक सहायता नहीं पहुंचा सकती, वह केवल तभी ऐसा कर सकती है यदि वह प्राण और शरीर तथा मनुष्य के अंदर की किसी उच्चतर और महत्तर वस्तु में मध्यस्थ का काम करे। कारण, आंतरिक आध्यात्मिक आवश्यकता तथा उसके अंदर जो कुछ अभी चरितार्थ नहीं हुआ है उसकी एक प्रबल प्रेरणा ही उसके अंदर विकासात्मक प्रवृत्ति को, आध्यात्मिक प्रेरणा को बनाये रखती है, पर ऐसा तभी होता है जब मनुष्य अपने मन को प्राप्त कर लेता है। यदि ऐसा न हो तो वह या तो पुरानी अवस्था में पतित हो जाता है या उसे फिर से सब कुछ आरंभ करना पड़ता है, या फिर वह विकास में असफल होकर अपने से पहले के दूसरे प्राणियों के समान नष्ट हो जाता है। क्योंकि उसमें विकासात्मक प्रवृत्ति को बनाये रखने या उसका पोषण करने की सामर्थ्य नहीं होती। अधिक से अधिक वह एक प्रकार की मध्यवर्ती जातीय पूर्णता पर ठहर जाता है, जैसा कि पशुओं

के साथ होता है, जब कि 'प्रकृति' उसे पीछे छोड़कर अपने रास्ते चलती रहती है और एक महत्तर सृष्टि को उत्पन्न करने के लिये आगे बढ़ती जाती है।

वर्तमान समय में मनुष्य एक ऐसे विकासात्मक संकट में से गुजर रहा है जिसके अंदर उसकी भवितव्यता का चुनाव छुपा हुआ है। कारण, एक ऐसी अवस्था प्राप्त की जा चुकी है जिसमें मानव मन ने कुछ दिशाओं में तो अत्यधिक विकास साधित कर लिया है, जब कि कुछ दूसरी दिशाओं में वह रुककर व्याकुल भाव में खड़ा है और अब उसे आगे कोई रास्ता नहीं सूझता। मनुष्य के सदा सक्रिय मन और प्राणिक संकल्प ने बाह्य जीवन का एक ऐसा ढांचा खड़ा कर लिया है जो इतना विशाल और जटिल है कि उसे वश में नहीं किया जा सकता; इस ढांचे का उपयोग मनुष्य की मानसिक, प्राणिक और शारीरिक मांगों एवं आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये होता है। यह एक जटिल प्रकार का राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासकीय, आर्थिक एवं सांस्कृतिक यंत्र है तथा मनुष्य की बौद्धिक, सवेदनात्मक, सौंदर्यात्मक एवं भौतिक तुष्टि के लिये एक सुसंगठित और सामूहिक साधन है। मनुष्य ने सभ्यतासंबंधी एक ऐसी प्रणाली गढ़ ली है जो उसकी सीमित मानसिक योग्यता और बुद्धि से तथा प्रयोग और व्यवस्था करनेवाली पर और भी अधिक सीमित आध्यात्मिक और नैतिक योग्यता से अधिक बड़ी है। यह प्रणाली उसके भ्रांतिमूलक अहंभाव और उसकी लालसाओं की एक भयानक सेविका है। कारण, उसकी चेतना के ऊपरी तल पर अभी तक कोई ऐसा दृष्टिसंपन्न मन या ज्ञान और सहजविवेकपूर्ण आत्मा प्रकट नहीं हुई है जो जीवन की इस आधारभूत पूर्णता को उससे परे की किसी वस्तु के स्वतंत्र विकास के लिये एक शर्त बना सके। क्योंकि जीवन के साधनों की इस नयी पूर्णता में यह शक्ति है कि यह मनुष्य को उसकी आर्थिक और भौतिक आवश्यकताओं के सतत और असंतोषपूर्ण दबाव से छुटकारा दिला देती है, यह भौतिक जीवन से अधिक महान् उद्देश्यों की, एक उच्चतर सत्य, शिव और सुंदर की तथा एक ऐसी महत्तर और दिव्यतर आत्मा की खोज के लिये अवसर प्रदान करती है जो आगे बढ़कर जीवन का प्रयोग सत्ता की उच्चतर पूर्णता के लिये करेगी। किंतु उसके स्थान पर इसका प्रयोग नयी नयी आवश्यकताओं को बढ़ाने तथा सामूहिक अहंभाव को अत्यधिक विशाल बनाने में किया जाता है। साथ ही विज्ञान न भी इसे वश्व 'शक्ति' की कई क्षमताएं प्रदान की हैं तथा मनुष्यजाति के जीवन को भौतिक रूप में एक बना दिया है। किंतु जो इस वैश्व 'शक्ति' का प्रयोग करता है वह केवल एक तुच्छ वैयक्तिक या सामुदायिक अहंभाव होता है जिसके ज्ञान के प्रकाश में या जिसकी क्रियाओं में कोई चीज भी वैश्व नहीं होगी, न उसमें कोई गूढ़ आंतरिक अर्थ या बल ही होता है जो मानव जगत् के इस भौतिक ढंग के एकीकरण में एक सच्ची जीवन-एकता, एक मानसिक एकता या आध्यात्मिक एकत्व उत्पन्न कर दे। वास्तव में जो चीज मौजूद है वह केवल संघर्षकारी मानसिक विचारों की, वैयक्तिक और सामूहिक भौतिक मांगों और आवश्यकतासंबंधी प्रवृत्तियों की, प्राणिक मांगों और इच्छाओं की, जीवन की अज्ञानमय प्रेरक शक्ति के आवेगों की, व्यक्तियों, वर्गों और राष्ट्रों की जीवन-तुष्टि के लिये लालसाओं और पुकारों की एक अस्तव्यस्तता है, वह केवल राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक योजनाओं और धारणाओं का एक फूला-फला कुकुरमुत्ता है, नारों और 'सर्वरोगनाशक' औषधियों का अस्तव्यस्त मिश्रण है जिनके लिये मनुष्य दुःख देने और दुःख सहने के लिये तथा मरने और मारने के लिये तैयार है। जो

अमित और अत्यधिक भयंकर साधन उसे उपलब्ध हैं उनके द्वारा वह उन्हें किसी न किसी तरह दूसरों पर लादने के लिये तैयार है। उन्हें यह विश्वास है कि इसी के द्वारा वे किसी आदर्श वस्तु तक पहुंच सकते हैं। मानव मन और प्राण के विकास को एक उन्नतिशील वैश्वता की ओर जाना ही चाहिये। किंतु अहंभाव और पृथक्कारी एवं विभाजक मन को आधार मानते हुए यदि मनुष्य विश्व की ओर उन्मुख होगा तो इससे असंगत विचारों और आवेगों का एक विशाल प्रादुर्भाव होगा, प्रबल, शक्तियों और इच्छाओं की बाढ़ आ जायगी, एक अधिक विशाल जीवन के विजातीय, मिश्रित, मानसिक, प्राणिक और भौतिक उपादान का एक अस्तव्यस्त संघात पैदा हो जायगा। क्योंकि आत्मा के सर्जनशील और समन्वयकारी प्रकाश ने इस जीवन को अपने हाथ में नहीं लिया है, यह एक ऐसी वैश्व अस्तव्यस्तता तथा विरोध में ग्रस्त हो जाता है जिसमें से एक महत्तर समन्वयपूर्ण जीवन का निर्माण करना असंभव हो जाता है। पिछले समय में मनुष्य अपने जीवन में एक व्यवस्थित कल्पना और सीमित मर्यादा के द्वारा समन्वय लाया था। उसने ऐसे समाज उत्पन्न किये थे जो रूढ़ विचारों और रूढ़ प्रथाओं पर एक रूढ़ सांस्कृतिक प्रणाली या एक सजीव जीवन-प्रणाली पर आधारित थे; प्रत्येक का अपना क्रम एवं नियम था। यदि इन्हें एक अधिकाधिक मिश्रित होते हुए जीवन के पात्र में डालकर गलाना है और इनमें सदा नए विचार, नए प्रयोजन, नए तथ्य और नयी संभावनाएं लानी हैं तो एक ऐसी नयी और महत्तर चेतना को प्रकट होना ही चाहिये जो जीवन की बढ़ती हुई शक्यताओं का सामना कर सके, उनपर शासन कर सके तथा उनमें समन्वय ला सके। बुद्धि और विज्ञान की सहायता केवल इतनी ही होती है कि वे प्रत्येक वस्तु को भौतिक जीवन की कृत्रिम ढंग से व्यवस्थित और यांत्रिक एकता में स्थापित और स्थिर कर देते हैं। वस्तुतः एक ऐसी अधिक महान् 'समग्र-सत्ता', 'समग्र-ज्ञान' तथा 'समग्र-शक्ति' की आवश्यकता है जो सबको 'समग्र-जीवन' की महत्तर एकता में संयुक्त कर सके।

एक ऐसी एकता, पारस्परिकता और समस्वरता का जीवन ही जो हमारी सत्ता के अधिक गहन और विस्तृत सत्य से उत्पन्न हुई है जीवन का एकमात्र सत्य है; केवल यही सत्य भूतकाल की उन अपूर्ण मानसिक धारणाओं का सफलतापूर्वक स्थान ले सकता है जो सहयोग और नियमित संघर्ष का मिश्रण हैं, उन अहंभावों और हितों का परस्पर समझौता हैं जो समाज का निर्माण करने के लिये एकत्रित किये गये हैं या एक दूसरे के साथ जोड़े गये हैं, यह सर्व-सामान्य और व्यापक जीवन-उद्देश्यों द्वारा निर्मित एक सुदृढ़ एकीकरण है, यह बाह्य शक्तियों के साथ संघर्ष की आवश्यकता और उसके दबाव के द्वारा साधित एकता है। मनुष्यजाति ने अब इस परिवर्तन और जीवन के पुनर्निर्माण की अंधवत् खोज करनी आरंभ कर दी है और यह अधिकाधिक बढ़ती जा रही है, क्योंकि स्वयं उसका अपना अस्तित्व ही इसी मार्ग की खोज पर निर्भर करता है। जीवन पर कार्य करते हुए मन के विकास ने मन की क्रिया और 'जड़पदार्थ' के उपयोग का एक ऐसा संगठन विकसित कर लिया है जिसे बिना आंतरिक परिवर्तन के केवल मनुष्य की सामर्थ्य सहायता नहीं पहुंचा सकती। अब यह आवश्यक हो गया है कि अहंभाव में केंद्रित मानवी व्यक्तित्व को जो संयोग में भी पृथक् रहता है एक ऐसी जीवन-प्रणाली के अनुकूल बना दिया जाय जो एकता, पूर्ण पारस्परिकता तथा समस्वरता की मांग करती है। क्योंकि मनुष्य पर पड़ा हुआ बोझ मानव व्यक्तित्व की वर्तमान तुच्छता और उसके क्षुद्र मन और क्षुद्र प्राणिक सहज-प्रवृत्तियों

के लिये अत्यधिक बड़ा है और यह आवश्यक परिवर्तन को नहीं ला सकता, क्योंकि यह इस नये यंत्र और संगठन को मनुष्यजाति की पुरानी निम्न आध्यात्मिक और निम्न बौद्धिक जीवन-सत्ता के काम में ला रहा है। जाति की भवितव्यता अधीरतापूर्वक, न चाहते हुए भी, विशाल शक्तियों द्वारा ग्रसित प्राणिक अहंभाव द्वारा चालित होकर अस्थिर अनिश्चय की लंबी अस्तव्यस्तता की ओर, उसके भयंकर संकट और अंधकार की ओर बढ़ रही है; ये शक्तियां उसी स्तर की हैं जिस स्तर का जीवनसंबंधी वह विशाल यांत्रिक संगठन और वैज्ञानिक ज्ञान है जिसे उसने विकसित किया है। यह स्तर इतना बड़ा है कि उसकी बुद्धि और उसका संकल्प उसे प्रयोग में नहीं ला सकते। चाहे यह एक परिवर्तनशील रूप अथवा अवस्था ही क्यों न हो, चाहे एक ऐसी कामचलाऊ रचनासंबंधी अनुकूलता प्राप्त हो भी जाय जो मनुष्य को अपनी अनिश्चित यात्रा की ओर कम संकटपूर्ण ढंग से बढ़ने की सामर्थ्य प्रदान करती है, तो भी यह केवल विज्ञान की ही अवस्था होगी। कारण, यह समस्या एक सारभूत समस्या है और इसे सामने रखते हुए मनुष्य की विकासात्मक 'प्रकृति' को एक संकटपूर्ण चुनाव का सामना करना पड़ता है। यदि जाति को अपने लक्ष्य पर पहुंचना है, बल्कि जीवित रहना है तो यह चुनाव एक दिन सच्चे अर्थों में किया जाना ही चाहिये। विकासात्मक प्रयत्न पार्थिव जीवन में वैश्व शक्ति के विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। इस विकास को एक अधिक विशाल मानसिक और प्राणिक सत्ता की, एक अधिक विस्तृत मन तथा एक अधिक बड़ी, अधिक विस्तृत चेतन सर्वात्मभूत 'प्राणिक आत्मा' की सहायता की आवश्यकता है, और साथ ही इसे बनाये रखने के लिये भी अंदर की सहायक 'आत्मा' और आध्यात्मिक 'सत्ता' के प्रकट होने की आवश्यकता है।

इस संकट से त्राण पाने के लिये आधुनिक मन ने हमें एक ज्योति प्रदान की है, यह प्राणिक और जड़वादी मनुष्य और उसके जीवन का एक बौद्धिक और वैज्ञानिक सूत्र है, एक पूर्णता-प्राप्त आर्थिक समाज की खोज तथा एक सामान्य मनुष्य की जनतंत्रीय प्रवृत्ति है। इन विचारों में सत्य जो भी हो पर यह प्रत्यक्ष है कि ये उस मनुष्यजाति की आवश्यकता को पूरा करने के लिये काफी नहीं हैं जिसे अपने से आगे की किसी चीज में विकसित होना है या कम-से-कम जिसे जीवित रहने के लिये अपने वर्तमान स्वरूप से परे की किसी चीज में विकसित होना ही चाहिये। जाति की और साथ ही सामान्य व्यक्ति की भी एक सहज जीवन-प्रवृत्ति ने अपनी अपर्याप्तता अनुभव कर ली है, वह पुराने महत्त्वों को बदलने की चेष्टा कर रही है अथवा नये मूल्यों की खोज कर रही है तथा जीवन को एक नये आधार पर खड़ा करने की कोशिश कर रही है। इस कार्य ने अब एक ऐसे प्रयत्न का रूप धारण कर लिया है जो सामान्य जीवन के लिये एकता, पारस्परिकता और समस्वरता का एक सरल और तैयार आधार ढूंढ़ सके तथा अहंभाव के प्रतियोगितापूर्ण संघर्ष को दबाकर उसे जीवन पर लागू कर सके और इस प्रकार समाज के लिये एक विभेदपूर्ण जीवन के स्थान पर एक तादात्म्यपूर्ण जीवन की स्थापना कर सके, किंतु इन वांछनीय उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये निम्नलिखित साधन प्रयुक्त किये गये हैं: अन्य सब विचारों को छोड़कर कुछ थोड़ी सी सीमित धारणाओं या नारों को महत्त्व देकर उनका बलपूर्वक और सफल रूप में यांत्रीकरण करना, व्यक्ति के मन को दबा देना, जीवन के तत्त्वों को यांत्रिक तरीके से कुचल देना, जीवन-शक्ति की यांत्रिक एकता और प्रवृत्ति को

स्थापित करना, मनुष्य का राज्य द्वारा बाधित किया जाना तथा वैयक्तिक अहंभाव के स्थान पर सामाजिक अहंभाव की स्थापना करना। यहां सामाजिक अहंभाव को राष्ट्र की, जाति की, समाज की आदर्शरूप आत्मा माना गया है। किंतु यह एक बहुत बड़ी भ्रांति है जो आगे जाकर घातक सिद्ध हो सकती है। सामुदायिक आत्मा को, सामुदायिक जीवन को अधिक बड़ा मानकर यह सिद्धांत बना लिया गया है कि मन, प्राण और कर्म इसी के द्वारा प्रेरित होकर अपने अत्यधिक विस्तृत रूप में एक ऐसी एकता प्राप्त कर लें जो वस्तुतः इन पर बाहर से बलपूर्वक लादी गयी हो। किंतु यह अस्पष्ट सामुदायिक सत्ता समाज की आत्मा या वास्तविक सत्ता नहीं है। यह केवल एक जीवनशक्ति है जो अवचेतन से जन्म लेती है; इस जीवनशक्ति को यदि बुद्धि का प्रकाशपूर्ण पथप्रदर्शन न मिले तो इसे केवल वे काली विशाल शक्तियां ही आगे चला सकती हैं जो शक्तिशाली तो हैं पर जाति के लिये बड़ी भयानक हैं; कारण, ये उस चेतन विकास के प्रतिकूल हैं जिसे मनुष्य को ही साधित करना है, वस्तुतः यह कार्य मनुष्य को ही सौंपा गया है। पर विकासात्मक 'प्रकृति' ने मनुष्य को इस दिशा में चलने का निर्देश नहीं दिया है, यह तो उस चीज की ओर लौटना होगा जिसे प्रकृति पीछे छोड़ गयी है।

एक और समाधान भी प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है जो जड़वादी बुद्धि तथा जाति के आर्थिक जीवन की एकीकृत व्यवस्था पर आधारित है। किंतु जो प्रणाली कार्यान्वित की जा रही है वह वही है अर्थात् मन और प्राण पर बलपूर्वक डाला गया दबाव और उनपर बाहर से लादी गयी एकता तथा सामाजिक अस्तित्व की यांत्रिक व्यवस्था। इस प्रकार की एकता केवल विचार और जीवनसंबंधी समस्त स्वतंत्रता को दबाकर ही स्थायी बनायी जा सकती है, जिसका परिणाम या तो यह होगा कि विनाशकारी सभ्यता निपुण एवं स्थायी ढंग से स्थापित हो जायगी या फिर जीवन के स्रोत सूख जायंगे और द्रुत या धीमी गति से सब कुछ नष्ट हो जायगा। वस्तुतः चेतना के विकास के द्वारा ही सामुदायिक आत्मा और उसका जीवन अपने प्रति सचेतन हो सकते हैं और अपना विकास कर सकते हैं। मन और प्राण की मुक्त क्रीड़ा चेतना के विकास के लिये आवश्यक है। कारण, जब तक कोई और उच्चतर साधन विकसित नहीं हो जाता तब तक मन और प्राण ही आत्मा के साधन रहेंगे। इनके कार्यों में बाधा नहीं डालनी चाहिये, न ही इन्हें कठोर, अनमनीय और अविकसनशील बना देना चाहिये। वैयक्तिक मन और प्राण के विकसित होने से जो गड़बड़ी और कठिनाइयां पैदा होती हैं उन्हें हटाने का स्वस्थ तरीका व्यक्ति को दबाना नहीं है। सच्चा इलाज केवल तभी किया जा सकता है यदि व्यक्ति एक ऐसी महत्तर चेतना में विकसित हो जाय जिसमें वह अपनी परिपूर्णता और चरितार्थता को प्राप्त कर ले।

एक और समाधान भी है कि सामान्य मनुष्य की प्रकाशयुक्त बुद्धि और उसका संकल्प विकसित हो जायं। वह स्वयं एक ऐसा नया सामाजिक जीवन स्वीकार कर ले जिसमें वह समाज के जीवन की उचित व्यवस्था की खातिर अपने अहंभाव को दबा ले। यदि हम यह पूछें कि इस आमूल परिवर्तन को कैसे साधित किया जाय तो दो तरीके सुझाये जा सकते हैं,—पहला, एक महत्तर और श्रेष्ठतर मानसिक ज्ञान, यथार्थ विचार, यथार्थ अभिज्ञता और सामाजिक और नागरिक व्यक्ति का यथार्थ प्रशिक्षण; दूसरा, एक ऐसी नयी सामाजिक यांत्रिक रचना जो सब समस्याओं को सामाजिक यंत्र के जादू से सुलझा देगी और मनुष्य-

जाति को एक श्रेष्ठतर नमूने में ढाल देगी। पहले जो भी आशा की जा चुकी हो, पर अनुभव हमें यह नहीं बताता कि शिक्षा और बौद्धिक प्रशिक्षण अपने आपमें मनुष्य को बदल सकते हैं। ये केवल वैयक्तिक और सामूहिक अहंभाव को अपनी पुष्टि के लिये अधिक अच्छा ज्ञान और अधिक निपुण साधन तो प्रदान करते हैं, पर उसे वही अपरिवर्तित मानव अहंभाव ही बना रहने देते हैं। न मानव मन और मानव जीवन ही किसी सामाजिक यंत्र द्वारा पूर्णता में ढाले जा सकते हैं, उस पूर्णता में भी नहीं जिसे पूर्णता कहा जाता है, किसी ऐसी चीज में भी नहीं जो उसका स्थान लेने के लिये गढ़ी जाती है। जड़पदार्थ को इस प्रकार ढाला जा सकता है, विचार को भी ढाला जा सकता है, किंतु हमारे मानव अस्तित्व में जड़पदार्थ और विचार आत्मा और जीवनशक्ति के साधनमात्र हैं; कोई भी यंत्र या मशीन आत्मा और जीवनशक्ति को एक निश्चित आकार नहीं दे सकती। वह अधिक से अधिक उनपर बलप्रयोग कर सकती है, आत्मा और मन को निष्क्रिय और स्थिर बना सकती है तथा जीवन के बाह्य कर्म को निर्धारित कर सकती है। किंतु यदि इस कार्य को सफलतापूर्वक करना हो तो मन और प्राण को विवश करना, उन्हें दबाना अतिआवश्यक हो जाता है जिसका फल फिर वही, या तो अप्रगतिशील स्थिरता या फिर विनाश होता है। तर्कशील मन और उसकी तर्कयुक्त व्यावहारिकता का 'प्रकृति' की अस्पष्ट और जटिल क्रियाओं पर विजय प्राप्त करने का केवल एक ही ढंग है—मन और प्राण को नियम और यांत्रिक रचना में बांध देना। ऐसा होने पर मनुष्य की आत्मा विद्रोह करके या उस मशीन को नष्ट करके अपनी स्वतंत्रता और अपने विकास को प्राप्त करेगी जिसमें वह जकड़ दी गयी है, या फिर वह जीवन का त्याग करके अपने अंदर ही विश्राम करेगी, यही उसके बचाव का साधन होगा। मनुष्य के लिये सच्चा रास्ता अपनी आत्मा को तथा अपनी शक्ति और साधनों को ढूंढना और फिर इन्हें मन की यांत्रिक रचना और प्राणिक प्रकृति के अज्ञान और अस्तव्यस्तता के स्थान पर स्थापित करना है। किंतु एक अत्यंत नियमित और यांत्रिक सामाजिक जीवन में आत्म-खोज और आत्म-चरितार्थता की ऐसी क्रिया के लिये अधिक अवकाश या स्वतंत्रता नहीं है।

यह भी संभव है कि यदि जीवन और समाज के यांत्रिक विचार को छोड़कर पीछे हटा जाय तो मानव मन धार्मिक विचार में लौटकर धर्मद्वारा शासित और स्वीकृत समाज में आश्रय ग्रहण कर ले। किंतु संगठित धर्म यद्यपि व्यक्ति को आंतरिक उन्नति करने का साधन अवश्य प्रदान कर सकता है, साथ ही उसके अंदर और उसके पीछे उसके आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने के लिये मार्ग भी सुरक्षित रख सकता है, तो भी वह मानव मन और समाज को अभी तक बदल नहीं सका है। वह ऐसा नहीं कर सका, क्योंकि शासक समाज में उसे जीवन के निम्न अंगों के साथ समझौता करना पड़ा था और इसलिये वह समस्त सत्ता के आंतरिक परिवर्तन पर जोर नहीं दे सका। वह केवल एक धार्मिक भक्ति पर, अपने नैतिक मानदंडों की बौद्धिक स्वीकृति पर और संस्थाओं, उत्सवों और पूजा-विधियों के अनुसरण पर ही आग्रह कर सकता था। इस प्रकार से सोचा गया धर्म का रूप कभी कभी धार्मिक-नैतिक संस्पर्श या ऊपरी रंग प्रदान कर सकता है और यदि उसके अंदर ठोस आंतरिक अनुभव हो तो वह कुछ हद तक एक अपूर्ण आध्यात्मिक प्रवृत्ति को भी व्यापक बना सकता है, किंतु वह जाति को बदल नहीं सकता, वह मानव अस्तित्वसंबंधी

किसी नये सिद्धांत को उत्पन्न नहीं कर सकता। समस्त जीवन को, समस्त प्रकृति को दिया गया एक पूर्ण आध्यात्मिक पथप्रदर्शन ही मनुष्यजाति को अपने से आगे ले जा सकता है। धार्मिक समाधान से मिलता-जुलता एक और विचार भी संभव है—आध्यात्मिक विद्या-प्राप्त व्यक्तियों के द्वारा समाज का पथप्रदर्शन, धर्म या अनुशासन द्वारा उत्पन्न भ्रातृभाव या एकत्व, जीवनसंबंधी पुराने यंत्र को एकीकरण में लाकर या एक नये यंत्र का अन्वेषण करके जीवन और समाज का आध्यात्मीकरण। इस विचार या समाधान को पहले कार्या-न्वित करने की चेष्टा की जा चुकी है पर उसमें सफलता प्राप्त नहीं हुई है। वस्तुतः यह अनेक धर्मों का मूल और आधारभूत विचार रह चुका है। किंतु मानव अहंभाव और प्राणिक प्रकृति उस धार्मिक विचार के लिये अत्यधिक बलशाली थे जो मनपर और मन के द्वारा उसकी बाधा का सामना करने के लिये कार्य कर रहा था। केवल आत्मा की पूर्ण अभिव्यक्ति, 'परम सत्ता' की जन्मजात ज्योति और शक्ति के अवतरण से तथा हमारी अपर्याप्त मानसिक और प्राणिक प्रकृति के स्थान पर एक आध्यात्मिक और अति-मानसिक पराप्रकृति की स्थापना से, उसके इसमें परिवर्तन तथा उसके उन्नयन से ही यह विकासात्मक चमत्कार साधित हो सकता है।

पहली दृष्टि में तो ऐसा प्रतीत होता है कि प्रकृति के आमूल परिवर्तन पर यह आग्रह मनुष्यजाति की विकाससंबंधी समस्त आशा को सुदूर भविष्य की वस्तु बना देता है। कारण, हमारी सामान्य मानव प्रकृति से, हमारी मानसिक, प्राणिक और भौतिक सत्ता से ऊपर उठना एक ऐसा महान् और कठिन प्रयत्न प्रतीत होता है जिसे साधित करना इस समय मनुष्य की वर्तमान अवस्था को देखते हुए असंभव दिखाई देता है। पर ऐसा रहते हुए भी जीवन के रूपांतर की एकमात्र संभावना यही रहेगी, क्योंकि मानव-प्रकृति को बदले बिना मानव-जीवन के सच्चे परिवर्तन की आशा करना एक अयुक्तियुक्त और अनाध्यात्मिक धारणा है। यह तो एक प्रकार से किसी अस्वाभाविक और अवास्तविक चीज की, एक असंभव चमत्कार की इच्छा करना हुआ। किंतु यह परिवर्तन जिस चीज की मांग करता है वह कोई बहुत दूर की चीज नहीं है, न वह हमारे अस्तित्व के लिये परकीय और आमूल रूप में असंभव ही है। कारण, जिस चीज को विकसित करना है वह कहीं बाहर नहीं बल्कि हमारी सत्ता में ही मौजूद है। जिस वस्तु पर विकासात्मक 'प्रकृति' जोर देती है वह सत्ता के ज्ञान के प्रति, सत्ता की खोज के प्रति तथा सत्ता और आत्मा की अभिव्यक्ति के प्रति जागृति है, साथ ही वह उसके आत्म-ज्ञान, उसकी आत्म-शक्ति और उसके जन्मजात आत्म-साधनों का प्रकट होना है। इसके अतिरिक्त यह एक ऐसा सोपान है जिसके लिये समस्त विकास ही एक तैयारीमात्र रहा है तथा जो मानव भवितव्यता के प्रत्येक संकट काल में और निकट आ जाता है। इस समय सत्ता का मानसिक और प्राणिक विकास एक ऐसे स्थल का स्पर्श करता है जहां बुद्धि और प्राणिक शक्ति तनाव की चरम सीमा तक पहुंच जाती हैं और तब या तो वे शिथिल पड़ जाती हैं या पराजय की तंद्रा अथवा अविकसनशील स्थिरता की विश्रांति में डूब जाती हैं। ऐसा भी होता है कि जिस आवरण में से निकलने के लिये वे संघर्ष कर रही हैं उसे फाड़कर वे बाहर निकल आती हैं। वस्तुतः आवश्यकता इस बात की है कि मनुष्यजाति में, कुछ या अनेक व्यक्तियों में इस परिवर्तन को प्रत्यक्ष अनुभव करने की प्रवृत्ति उत्पन्न हो जाय, इसकी अनिवार्य आवश्यकता प्रतीत होने लगे, तथा

इसकी संभावना का बोध हो जाय, उनके अंदर इसे संभव बनाने का तथा मार्ग ढूंढ़ने का संकल्प पैदा हो जाय। वस्तुतः यह प्रवृत्ति अभी विद्यमान है और इसे मनुष्य की विश्व-संबंधी भवितव्यता में आनेवाले संकटकाल के तनाव के साथ साथ बढ़ते जाना चाहिये। इससे बचने या इसका समाधान ढूंढ़ने की आवश्यकता तथा यह भावना कि आध्यात्मिक समाधान के अलावा और कोई समाधान नहीं है बढ़ ही रही हैं तथा इन संकटपूर्ण परिस्थितियों के कारण अधिकाधिक अनिवार्य बनती जा रही हैं। सत्ता की इस अभीप्सा की तृप्ति के लिये 'दिव्य सद्वस्तु' और प्रकृति के पास अवश्य ही कोई उत्तर होगा।

यह उत्तर वस्तुतः केवल वैयक्तिक ही हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप आध्यात्मिक व्यक्तियों की संख्या बढ़ सकती है या फिर एक विज्ञानमय व्यक्ति अथवा बहुत से विज्ञानमय व्यक्ति भी प्रकट हो सकते हैं; यद्यपि यह अधिक संभव नहीं पर इसकी कल्पना की जा सकती है। ये विज्ञानमय व्यक्ति अनाध्यात्मिक मानव-समुदाय के बीच में कहीं कहीं उपस्थित होंगे। ये विरल सिद्ध व्यक्ति या तो अपने अंदर के गुप्त दिव्य राज्य में चले जायंगे और एक आध्यात्मिक एकांत में अपने आपको सुरक्षित रखेंगे या फिर अपनी आंतरिक ज्योति से मनुष्य-जाति पर इस आशापूर्ण दृष्टि से कार्य करेंगे कि अधिक सुखमय भविष्य के लिये इन अवस्थाओं में क्या कुछ किया जा सकता है। सामूहिक रूप में आंतरिक परिवर्तन केवल तभी साधित होना शुरू हो सकता है यदि विज्ञानमय व्यक्ति को कुछ ऐसे अन्य व्यक्ति भी मिल जायं जिनका आंतरिक जीवन उसी के जीवन की भांति हो, यदि वह अपना स्वतंत्र अस्तित्व रखता हुआ भी उनके साथ मिलकर एक समुदाय की स्थापना कर सके या व्यक्तियों का एक पृथक् समुदाय या संगठन बना सके पर इसके साथ ही उसका अपना जीवनसंबंधी आंतरिक नियम भी बना रहे। अपना एक विशेष नियम रखनेवाले पृथक् जीवन की यह आवश्यकता ही पुराने समय में संघीय जीवन की रचना में प्रकट हुई है; यह नियम आध्यात्मिक अस्तित्व की आंतरिक शक्ति या प्रेरक शक्ति के अनुकूल था और उसके लिये उसका स्वाभाविक वायुमंडल पैदा करता था। एक नये पृथक् सामूहिक जीवन की कई और रचनाएं भी गढ़ने का प्रयत्न किया गया, यह अपना शासन आप करता था, इसका अपना आध्यात्मिक सिद्धांत होता था, सामान्य मानव जीवन से यह पृथक् होता था। संघीय जीवन वास्तव में परलोक की जिज्ञासा करनेवाले व्यक्तियों का एक संगठन होता है, इन व्यक्तियों का समस्त प्रयत्न ही अपने अंदर आध्यात्मिक सद्वस्तु को ढूंढ़ना एवं प्राप्त करना होता है, ये अपने सामान्य जीवन को रहन-सहनसंबंधी ऐसे नियमों के द्वारा गढ़ते हैं जो उन्हें उस प्रयत्न में सहायता पहुंचाते हैं। यह साधारणतया जीवन की एक ऐसी नयी रचना को पैदा करने का प्रयत्न नहीं होता जो साधारण मानव-समाज से आगे बढ़कर जगत् की एक नयी व्यवस्था पैदा कर दे। धर्म इस अंतिम उद्देश्य को अपने सामने रख सकता है या उस तक पहुंचने का प्रारंभिक प्रयत्न कर सकता है; एक मानसिक आदर्शवाद भी इसी प्रयत्न में लग सकता है, किंतु ये प्रयत्न हमारी मानवीय प्राणिक प्रकृति की दुराग्रही निश्चेतना और अज्ञान के द्वारा सदा ही पराजित होते रहे हैं। कारण, प्राणिक प्रकृति एक ऐसी बाधा है जिसे उसके विद्रोही संघात में केवल आदर्शवाद या कोई अपूर्ण आध्यात्मिक अभीप्सा बदल नहीं सकती, न जिसे स्थायी रूप से अधिकृत ही कर सकती है। या तो यह प्रयत्न अपनी ही अपूर्णता के कारण असफल हो जाता है या फिर यह बाह्य

जगत् की अपूर्णता के द्वारा आक्रांत हो जाता है और फिर अपनी अभीप्सा की प्रकाशमयी ऊंचाई से नीचे एक ऐसी चीज पर आ गिरता है जो मिश्रित, निम्न एवं साधारण मानवी स्तर की होती है। एक सर्वसामान्य आध्यात्मिक जीवन को जिसका कार्य मानसिक, प्राणिक और शारीरिक सत्ता को नहीं बल्कि आध्यात्मिक सत्ता को अभिव्यक्त करना है, सामान्य मानव समाज के मानसिक, प्राणिक और भौतिक मूल्यों से अधिक बड़े मूल्यों पर आधारित होना चाहिये तथा उन्हीं से पोषण प्राप्त करना चाहिये। यदि उसका आधार यह न हो तो वह केवल एक साधारण मानव-समाज ही रहेगा, उसमें जरा सा भेद कहीं हो सकता है। नये जीवन के प्रादुर्भाव के लिये अनेक व्यक्तियों में एक ऐसी पूर्ण तथा नयी चेतना के प्रकट होने की आवश्यकता है जो उनकी संपूर्ण सत्ता को, उनकी मानसिक, प्राणिक और भौतिक प्रकृति-सत्ता को रूपांतरित कर दे। सामान्य मन, प्राण और शारीरिक प्रकृति का ऐसा परिवर्तन ही व्यक्ति के अंदर एक नया और उपयोगी सामूहिक जीवन ला सकता है। विकासात्मक प्रयत्न की प्रवृत्ति केवल मनोमय प्राणियों की एक नयी जाति को उत्पन्न करने की ओर ही नहीं बल्कि ऐसे प्राणियों के एक समाज को भी उत्पन्न करने की ओर होनी चाहिये जिन्होंने अपने समस्त जीवन को वर्तमान मानसिक पशु-जीवन से ऊपर उठाकर पार्थिव प्रकृति के एक महत्तर आध्यात्मिक स्तर पर स्थापित कर लिया हो।

पार्थिव जीवन का इस प्रकार का पूर्ण रूपांतर बहुत से मनुष्यों में एकदम ही पूरी तरह से साधित नहीं हो सकता। एक निश्चित मोड़ पर आदमी पहुंच भी जाय, निर्णायक रेखा को चाहे पार कर भी लिया जाय, तो भी नये जीवन को अपनी प्रारंभिक अवस्था में कठोर परीक्षा और कठिन विकास में से गुजरना ही पड़ेगा। पुरानी चेतना का एक ऐसा सामान्य परिवर्तन जो संपूर्ण जीवन को अपने हाथ में लेकर आध्यात्मिक तत्व में उठा ले जाय पहला आवश्यक पग होगा। इसकी तैयारी ही काफी समय ले सकती है, बल्कि स्वयं रूपांतर भी एक बार आरंभ होकर थोड़ा थोड़ा करके ही आगे बढ़ता है; पर व्यक्ति में यह एक स्थल के बाद जल्दी भी आगे बढ़ सकता है, बल्कि एक छलांग में अर्थात् विकासात्मक द्रुतगति से भी साधित हो सकता है। पर वैयक्तिक रूपांतर का अर्थ प्राणियों की नयी जाति की या एक नये सामूहिक जीवन की उत्पत्ति नहीं है। हम कुछ ऐसे व्यक्तियों की कल्पना कर सकते हैं जो इस प्रकार पुराने जीवन में अलग अलग विकसित होते हैं और फिर नये जीवन के आकर्षण-केंद्र की स्थापना के लिये एकत्र हो जाते हैं। किंतु 'प्रकृति' शायद इस ढंग से कार्य नहीं करेगी और व्यक्ति के लिये पूर्ण परिवर्तन साधित करना उस समय तक बड़ा कठिन होगा जब तक कि वह अपनी निम्न प्रकृति के जीवन में जकड़ा रहेगा। किसी विशेष अवस्था में पृथक् समाज के युगव्यापी साधन को काम में लाना आवश्यक हो सकता है, पर इसका दोहरा प्रयोजन होगा। पहला यह कि एक सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिये, एक अलग स्थान या जीवन नियत होना चाहिये जिसमें व्यक्ति की चेतना कुछ ऐसी परिस्थितियों में जिनमें सब कुछ एक ही प्रयत्न पर स्थापित एवं केंद्रित हो अपने विकास के लिये एकाग्र भाव में प्रयत्न कर सके। और दूसरा, जब तैयारी हो जाय तो उन परिस्थितियों तथा इस आध्यात्मिक वातावरण में एक नये जीवन की रचना करके उसे विकसित किया जाय। यह भी हो सकता है कि ऐसे एकाग्र प्रयत्न में परिवर्तनसंबंधी सब कठिनाइयां अपनी समग्र शक्ति के साथ सामने आ जायं। कारण, प्रत्येक जिज्ञासु के अंदर शक्यताओं

के साथ साथ एक ऐसे जगत् की अपूर्णताएं भी होती हैं जिसे अभी रूपांतरित होना है, अतएव वह उस क्षेत्र में अपनी योग्यताओं को ही नहीं वरन् अपनी कठिनाइयों और पुरानी प्रकृति के विरोधों को भी लायगा। ये सब फिर एक छोटे और संकुचित सामान्य जीवन के सीमित घेरे में निश्चित होकर बाधा की एक ऐसी सबल शक्ति उत्पन्न कर देंगे जो विकास साधित करनेवाली शक्तियों की प्रबल सामर्थ्य और एकाग्रता के समकक्ष हो जायगी। भूत-काल में इसी कठिनाई ने मनोमय मनुष्य के उन समस्त प्रयत्नों को विफल कर दिया था जो सामान्य मानसिक और प्राणिक जीवन से एक अधिक श्रेष्ठ सत्य और सामंजस्यसूर्ण वस्तु को विकसित करने के लिये किये गये थे। किंतु यदि प्रकृति तैयार है और उसने विकाससंबंधी अपना निश्चय पक्का कर लिया है और यदि उच्च स्तरों से आनेवाली आत्मा की शक्ति काफी प्रबल है तो कठिनाइयां स्वयमेव दूर हो जायंगी और एक प्रथम विकासात्मक रचना या रचनाओं की उत्पत्ति संभव हो जायगी।

किंतु यदि पथप्रदर्शन करनेवाले 'प्रकाश' और 'संकल्प' पर पूर्ण भरोसे को और जीवन में 'आत्मा' के सत्य की ज्योतिपूर्ण अभिव्यक्ति को नियम बनाना है तो एक विज्ञानमय जगत् को मानने की आवश्यकता प्रतीत होती है, एक ऐसे जगत् को जिसके अंदर उसके समस्त प्राणियों की चेतना इसी आधार पर स्थापित हो। वहां यह समझ में आ सकता है कि विज्ञानमय समाज या समाजों में विज्ञानमय व्यक्तियों का जीवनसंबंधी आदान-प्रदान स्वभाव से ही एक पारस्परिक समझौता और एक सामंजस्यपूर्ण प्रक्रिया होगा। किंतु यहां, वास्तव में, विज्ञानमय व्यक्तियों का जीवन अज्ञान में रहनेवाले व्यक्तियों के जीवन के क्षेत्र के अंतर्गत या उनके साथ साथ आगे बढ़ेगा, उसके अंदर या उसमेंसे अभिव्यक्त होने की कोशिश करेगा पर फिर भी इन दो जीवनों का नियम विरोधी और एक दूसरे के लिये हानिकर प्रतीत होगा। और तब लोग यह बात मानने को विवश हो जायंगे कि आध्यात्मिक समाज के जीवन को अज्ञान के जीवन से बिलकुल अलग होकर उससे पूरी तरह से संबंध-बिच्छेद कर लेना चाहिये। यदि ऐसा न हो तो दोनों प्रकार के जीवनों में कोई समझौता होना आव-श्यक है, पर समझौता होने पर महत्तर जीवन के भ्रष्ट होने या अपूर्ण रहने का भय भी पैदा हो जाता है। जब जीवनसंबंधी दो विभिन्न और असंगत सिद्धांत परस्पर संपर्क में आते हैं तो, छोटे सिद्धांत पर बड़े का प्रभाव पड़ने पर भी, निम्न जीवन उच्च जीवन को प्रभावित अवश्य करेगा, क्योंकि ऐसा पारस्परिक संघर्ष ही समस्त निकट संपर्क और आदान-प्रदान का नियम है। यह भी प्रश्न उठ सकता है कि क्या उनके संबंध का पहला नियम संघर्ष और पारस्परिक टक्कर ही नहीं होगा, क्योंकि 'अज्ञान' के जीवन में 'अंधकार' की उन शक्तियों का अर्थात् अशुभ और हिंसा के उन सहायकों का भयानक प्रभाव सक्रिय रूप में उपस्थित होता है जिनका प्रिय काम ही मानव जीवन में प्रवेश करनेवाले समस्त उच्च-तर 'प्रकाश' को धूमिल या नष्ट करना है। जो कुछ नया है या ऊपर उठने की चेष्टा कर रहा है या जो मानव 'अज्ञान' की स्थापित व्यवस्था से अपना संबंध तोड़ना चाहता है उस सबका विरोध करना, उसके प्रति असहनशीलता दिखाना, यहां तक कि उसे पीड़ा पहुंचाना या यदि वह विजयी हो गया हो तो उसमें निम्न शक्तियों का प्रवेश कराना, संसार के द्वारा उसे दी गयी स्वीकृति का उसके विरोध से अधिक भयानक होना और अंत में जीवन के इस नये सिद्धांत का समाप्त हो जाना या क्षीण और कलुषित हो जाना—ये सब

बातें प्रायः ही पिछले समय में होती रही हैं। यह विरोध उस समय और भी अधिक प्रबल हो सकता है, निराशा की यह संभावना और भी अधिक बढ़ सकती है, यदि एक आमूल प्रकार की नयी ज्योति या नयी शक्ति पृथ्वी पर अपना अधिकार जमाना शुरू कर दे। किंतु यह मानना होगा कि नयी और अधिक पूर्ण ज्योति अपने साथ एक नयी और अधिक पूर्ण शक्ति भी लायगी। इसके लिये उसका पूर्णतया अलग रहना आवश्यक नहीं है। वह कितने ही स्थलों में अपनी स्थापना कर सकती है और फिर वहां से पुराने जीवन में अपना विस्तार कर सकती है, उसपर अपने प्रभाव और सूक्ष्म प्रकार की छनी हुई धाराएं फेंक सकती है, उसे अपने अधिकार में कर सकती है तथा उसे एक ऐसी सहायता और ज्योति प्रदान कर सकती है जिसे मनुष्यजाति की नयी अभीप्सा कुछ समय बाद समझना और जिसका स्वागत करना शुरू करेगी।

किंतु ये स्पष्ट ही संक्रमण-काल की, विकास से पहले के उस काल तक की समस्याएं हैं जब तक कि अभिव्यक्त होती हुई 'शक्ति' पूरी तरह से और विजयी भाव में परिवर्तित नहीं हो जाती और विज्ञानमय व्यक्ति का जीवन मनोमय प्राणी के जीवन जितना ही पार्थिव जगत्-व्यवस्था का एक स्थिर अंग नहीं बन जाता। यदि हम विज्ञानमयी चेतना की पार्थिव जीवन में स्थापना को मान लें, तो उसके पास जो ज्ञान और बल होगा वह मनोमय व्यक्ति के ज्ञान और बल से कहीं अधिक बड़ा होगा और विज्ञानमय व्यक्तियों के समाज का जीवन, चाहे उसे अलग मान भी लिया जाय, किसी आक्रमण से उतना ही सुरक्षित होगा जितना कि निम्न जातियों के आक्रमण के विरुद्ध मनुष्य का संगठित जीवन होता है। किंतु जिस प्रकार यह ज्ञान और विज्ञानमयी प्रकृति का सिद्धांत विज्ञानमय व्यक्तियों के सामान्य जीवन में एक प्रकाशपूर्ण एकता स्थापित कर देगा, उसी प्रकार वह जीवन के दो प्रतिरूपों में एक शक्तिशाली समन्वय और शांति स्थापित करने के लिये भी पर्याप्त होगा। पृथ्वी पर विद्यमान अतिमानसिक तत्त्व का प्रभाव अज्ञान के जीवन पर पड़ेगा और वह उसकी सीमाओं के भीतर उसपर अपना समन्वय लागू करेगा। यह कहा जा सकता है कि विज्ञानमय जीवन अपना पृथक् अस्तित्व रखेगा पर वह निश्चय ही अपनी सीमाओं में उतने मानव जीवन को अवश्य समाविष्ट कर लेगा जितना कि आध्यात्मिकता की ओर मुड़ चुका है और ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। बाकी का जीवन प्रमुखतः मानसिक सिद्धांत और पुराने आधारों पर अपनी व्यवस्था कर सकता है पर फिर भी उसे एक काफी महत्तर ज्ञान की सहायता अवश्य मिलेगी, साथ ही उसका प्रभाव भी उसपर पड़ेगा। यह कार्य वह एक ऐसे अधिक पूर्ण समन्वयीकरण की दिशाओं में करेगा जिसके योग्य मानव समुदाय अभी नहीं बना है। यहां भी मन केवल संभावनाओं और शक्यताओं के बारे में ही पूर्वाभास दे सकता है। 'परा प्रकृति' का अतिमानसिक सिद्धांत स्वयं ही वस्तुसंबंधी सत्य के अनुसार नयी विश्व-व्यवस्था के संतुलन को निर्धारित करेगा।

एक विज्ञानमयी 'परा प्रकृति' हमारी सामान्य अज्ञानमयी 'प्रकृति' के सब मूल्यों को पार कर जाती है। हमारे मानदंड और मूल्य अज्ञान के द्वारा निर्मित हुए हैं, अतएव वे 'परा प्रकृति' के जीवन का निर्धारण नहीं कर सकते। साथ ही हमारी वर्तमान प्रकृति भी परा प्रकृति से उत्पन्न हुई है, वह विशुद्ध अज्ञान नहीं है बल्कि अर्ध-ज्ञान है। इसलिये यह सोचना युक्तिसंगत है कि जो कुछ भी आध्यात्मिक सत्य इसके मानदंडों या मूल्यों के अंदर

या पीछे विद्यमान है वह उच्चतर जीवन में पुनः प्रकट होगा, मानदंडों के रूप में नहीं बल्कि ऐसे तत्त्वों के रूप में जो रूपांतरित हो चुके होंगे तथा अज्ञान से बाहर निकलकर एक अधिक प्रकाशपूर्ण अस्तित्व के सच्चे समन्वय को प्राप्त कर चुके होंगे। ज्यों ज्यों वैश्वता-प्राप्त आध्यात्मिक व्यक्ति अपने सीमित व्यक्तित्व अर्थात् अपने अहंभाव को छोड़ता जाता है, ज्यों ज्यों वह मन से आगे जाकर 'परा प्रकृति' में एक अधिक पूर्ण ज्ञान को पाने के लिये ऊपर उठता है, त्यों त्यों मन के संघर्षकारी आदर्श भी उससे छूटते जाते हैं, किंतु इनके पीछे जो सच्ची वस्तु विद्यमान है वह 'परा प्रकृति' के जीवन में फिर भी बनी रहेगी। विज्ञानमयी चेतना एक ऐसी चेतना है जिसमें समस्त विरोध मिट जाते हैं या दृष्टि और अस्तित्वसंबंधी एक उच्चतर प्रकाश में, एकीकृत आत्मज्ञान और विश्वज्ञान में एक दूसरे के अंदर घुल-मिल जाते हैं। विज्ञानमय व्यक्ति मन के आदर्शों और मानदंडों को स्वीकार नहीं करेगा। वह अपने हित, अपने अहंभाव के हित, मनुष्यजाति या दूसरों के हित अथवा समाज या राज्य के हित जीवन धारण करने के लिये प्रेरित नहीं होगा। कारण, वह एक ऐसी चीज से जो इन अर्ध-सत्यों से बड़ी है अर्थात् 'दिव्य सद्वस्तु' से परिचित होगा, वह उसी के लिये जीवित रहेगा, वह अपने अंदर और सबके अंदर, विशाल वैश्वता की आत्मा के अंदर 'परात्पर सत्ता' के संकल्प के प्रकाश में स्थित 'दिव्य सद्वस्तु' के संकल्प के लिये जीवित रहेगा। यही कारण है कि विज्ञानमय जीवन में आत्म-पुष्टि और परोपकार के बीच में कोई विरोध नहीं रह सकता, क्योंकि विज्ञानमय व्यक्ति की सत्ता सबकी सत्ताओं से तादात्म्य रखती है,—इसी प्रकार व्यक्तिवाद और समूहवाद के आदर्शों में भी कोई विरोध नहीं रहेगा; कारण दोनों एक ही महत्तर 'सद्वस्तु' के पक्ष हैं और जहां तक इनमेंसे कोई भी 'सद्वस्तु' की अभिव्यक्ति करता है अथवा इनकी परिपूर्णता 'सद्वस्तु' के संकल्प के उपयोग में आती है वहीं तक ये उसकी आत्मा के लिये कोई मूल्य रख सकते हैं। किंतु साथ ही जो कुछ मानसिक आदर्शों में सत्य होता है और उनमें एक अस्पष्ट आकार ग्रहण करता है वह सब उसके जीवन में चरितार्थ हो जायगा। कारण, जब कि उसकी चेतना मानव मूल्यों से इस प्रकार आगे निकल जाती है कि वह भगवान् के स्थान पर मनुष्यजाति की या समाज या 'राज्य' की या दूसरों की या स्वयं अपनी स्थापना नहीं कर सकता, तो उसके अपने अंदर भगवान् की स्थापना, दूसरों के अंदर भगवान् की अनुभूति, मनुष्यजाति के साथ, अन्य सब प्राणियों तथा समस्त जगत् के साथ—क्योंकि उन सबमें भगवान् विद्यमान है—एकता की भावना और उनके अंदर उपस्थित वृद्धिशील 'सद्वस्तु' की अधिक महान् और श्रेष्ठ पुष्टि की प्रेरणा—ये सब उसके जीवन के कार्य का अंग बन जायंगी। किंतु वह क्या करेगा यह उसके अंदर के ज्ञान और संकल्प के सत्य के द्वारा निर्धारित होगा; यह एक ऐसा समग्र और असीम 'सत्य' है जो किसी भी अकेले मानसिक नियम या मानदंड से बंधा नहीं है, बल्कि वह समस्त वास्तविकता में स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करता है तथा प्रत्येक अंशभूत सत्य को उसका उचित स्थान प्रदान करके उसका आदर करता है। उसे कार्यरत शक्तियों का, वैश्व विकासक्रम के प्रत्येक पग पर और प्रत्येक घटना और परिस्थिति में अभिव्यक्त करते हुए 'भागवत प्रयत्न' के अभिप्राय का स्पष्ट ज्ञान होगा।

एक ऐसी आध्यात्मिक या विज्ञानमयी चेतना के लिये जो उपलब्ध हो चुकी है समस्त जीवन आत्मा के चरितार्थ सत्य की अभिव्यक्ति होगा। जो कुछ अपने आपको रूपांतरित

कर सकता है तथा उस महत्तर सत्य में अपनी आध्यात्मिक सत्ता को ढूंढ़ सकता है, साथ ही जो अपने आपको उसके साथ पूरी तरह से समन्वित कर सकता है केवल वही जीवन द्वारा स्वीकार किया जा सकेगा। इस प्रकार जो बच रहेगा उसे मन निर्धारित नहीं कर सकेगा। कारण, अतिमानसिक विज्ञान अपने सत्य को स्वयं अवतरित करेगा और वह सत्य फिर अपने उस अंश को हाथ में ले लेगा जो हमारे मन, प्राण और शरीरसंबंधी आदर्शों और उपलब्धियों में प्रकट हुआ है। जो रूप उसने वहां ग्रहण किये हैं वे अधिक दिन तक जीवित नहीं रह सकते, क्योंकि नये जीवन में बिना परिवर्तन या स्थानांतर के वे उपयुक्त नहीं हो सकेंगे। किंतु जो कुछ उनमें या उनके बाह्य आकारों में वास्तविक एवं स्थायी है उसे जीवित रहने के लिये आवश्यक रूपांतर में से गुजरना होगा। वह बहुत कुछ जो मानव जीवन के लिये सामान्य प्रतीत होता है समाप्त हो जायगा। विज्ञान के प्रकाश में वे अनेक मानसिक प्रतिमाएं, निर्मित सिद्धांत और प्रणालियां और संघर्षकारी आदर्श जिन्हें मनुष्य ने अपने मन और प्राण के क्षेत्रों में उत्पन्न कर लिया है, अपना सम्मान खो देंगे एवं अस्वीकार कर दिये जायंगे। केवल उस सत्य को ही जो इन सुंदर दीखनेवाली प्रतिमूर्तियों के अंदर छुपा हुआ है, यदि वह सचमुच वहां है तो, एक कहीं अधिक विस्तृत आधार पर स्थापित समन्वय के तत्त्वों की भांति विज्ञानमय जीवन के अंदर प्रवेश मिल सकेगा। यह स्पष्ट है कि विज्ञानमयी चेतना के द्वारा शासित जीवन में युद्ध और उसकी विरोध और शत्रुतासंबंधी भावना, उसकी क्रूरता, विनाश और अज्ञानमय हिंसा, राजनीतिक कलह और उसका स्थायी संघर्ष अपना अस्तित्व नहीं रख सकते, न ही उसमें बार बार होनेवाले अत्याचार के लिये, धूर्तता, दुष्टता, स्वार्थपूर्ण हित, अज्ञान, अयोग्यता और अस्तव्यस्तता के लिये कोई स्थान हो सकता है। कला-कौशल को उसमें स्थान अवश्य मिलेगा पर वह किसी निम्न मानसिक या प्राणिक मनोरंजन के लिये नहीं, न ही फुरसत के समय के दिल-बहलाव के लिये या कष्टहारी उत्तेजना या इंद्रिय-सुख के लिये उसे यह स्थान प्राप्त होगा, बल्कि इसका उपयोग आत्मा के सत्य और अस्तित्व के सौंदर्य और आनंद की अभिव्यक्ति और उनके साधनों के रूप में किया जायगा। प्राण और शरीर अब ऐसे क्रूर स्वामी नहीं रहेंगे जो अपनी संतुष्टि के लिये जीवन का नव-दशमांश मांगते हों, बल्कि वे अब आत्मा की अभिव्यक्ति के लिये बल और साधन होंगे। साथ ही, क्योंकि जड़ पदार्थ और शरीर को स्वीकार कर लिया गया है, भौतिक वस्तुओं पर नियंत्रण और उनका उचित प्रयोग पार्थिव प्रकृति में अभिव्यक्त होती हुई आत्मा के चरितार्थ जीवन के अंग बन जायंगे।

प्राय: सर्वत्र ही लोग ऐसा मानते हैं कि आध्यात्मिक जीवन को अवश्य ही तपस्या और अभाव का जीवन होना चाहिये, उस सबको जो शरीर के पोषणमात्र के लिये अत्यंत आवश्यक नहीं है त्याग देना चाहिये; यह एक ऐसे आध्यात्मिक जीवन के लिये तो ठीक है जो अपने स्वभाव और अभिप्राय में जीवन से विरत होनेवाला हो। इस आदर्श के साथ साथ लोग यह भी सोच सकते हैं कि आध्यात्मिक प्रवृत्ति का परिणाम अत्यधिक सादगी होना चाहिये, क्योंकि बाकी सब प्राणिक लालसा और भौतिक उपभोग का जीवन होगा। किंतु यदि एक अधिक विशाल दृष्टिकोण से देखा जाय तो यह अज्ञान के नियम पर आधारित एक ऐसा मानसिक मानदंड है जिसका उद्देश्य इच्छा की पूर्ति है। अज्ञान पर विजय प्राप्त करना, अहंभाव का उन्मूलन करना, केवल इच्छा का ही नहीं वरन् उन सब वस्तुओं का भी

त्याग करना जो इच्छा-पूर्ति करने की सामर्थ्य रखती हैं एक उचित सिद्धांत के रूप में स्वीकार किया जा सकता है, किंतु यह मानदंड या कोई भी मानसिक मानदंड पूर्ण नहीं कहा जा सकता, न ही उसे उस चेतना पर जो इच्छामात्र से ऊपर उठ चुकी है नियम के रूप में लागू किया जा सकता है। आध्यात्मिक जीवन का असली स्वभाव एक पूर्ण विशुद्धता और आत्मसंयम होगा और वह गरीबी और अमीरी दोनों में समान रहेगा। कारण, यदि यह इनमेंसे किसी के द्वारा भी स्खलित या मलिन हो जाय तो यह न तो वास्तविक होगा और न पूर्ण। विज्ञानमय जीवन का एक ही नियम है और वह 'परम आत्मा' की अभिव्यक्ति है, 'भागवत सत्ता' की इच्छा है। यह इच्छा, यह आत्म-अभिव्यक्ति अत्यधिक सादगी के द्वारा या अत्यधिक जटिलता और ऐश्वर्य के द्वारा या फिर इनके स्वाभाविक संतुलन के द्वारा प्रकाश में आ सकती है। कारण, सौंदर्य और समृद्धि, वस्तुओं के अंदर छुपा हुआ ह्रास और माधुर्य तथा जीवन की सफलता और प्रसन्नता भी 'आत्मा' की शक्तियां और अभिव्यक्तियां हैं। सब दिशाओं में अंतःस्थित 'आत्मा' प्रकृति के नियम को निर्धारित करने के साथ साथ जीवन के ढांचे तथा उसकी बारीकियों एवं परिस्थितियों को भी निर्धारित करेगी। सबमें वही नमनीय नियम सिद्धांत लागू होगा। एक कठोर मानदंड चाहे वस्तुसंबंधी मानसिक व्यवस्था के लिये कितना भी आवश्यक क्यों न हो पर वह आध्यात्मिक जीवन का नियम नहीं बन सकता। एक आधारभूत एकता पर आश्रित अभिव्यक्तिसंबंधी विशाल विभिन्नता और स्वतंत्रता प्रकाश में आ सकती हैं, पर सर्वत्र व्यवस्थासंबंधी समन्वय और सत्य अवश्य पाया जायगा।

ऐसे विज्ञानमय व्यक्तियों के जीवन को जो विकास को एक उच्चतर अतिमानसिक स्थिति तक ले जाते हैं यथार्थ रूप में दिव्य जीवन कहा जा सकता है। कारण, यह भगवान् के अंदर प्रतिष्ठित होगा, यह जड़ प्रकृति में अभिव्यक्त होते हुए आध्यात्मिक दिव्य प्रकाश, दिव्य शक्ति और आनंद के प्रारंभिक रूपों का जीवन होगा। क्योंकि यह मानसिक मानवी-स्तर को पार कर जाता है, इसे आध्यात्मिक और अतिमानसिक अतिमानव का जीवन भी कहा जा सकता है। किंतु इसे अतिमानवता के प्राचीन और वर्तमान विचारों के साथ मिला नहीं देना चाहिये। कारण, मानसिक विचारों के अनुसार अतिमानवता का अर्थ सामान्य मानवी-स्तर से आगे चले जाना है, गुणों में ही नहीं, बल्कि गुणों की मात्रा में भी; इसमें व्यक्तित्व विशाल हो जाता है, अहंभाव बड़ा और अतिरंजित हो जाता है, मन का और प्राणिक शक्ति का बल बढ़ जाता है, मानव 'अज्ञान' की शक्तियां या तो सूक्ष्म हो जाती हैं या फिर घने और विशाल रूप में बढ़ जाती हैं। इसमें मनुष्यजाति पर अतिमानव के एक प्रबल प्रभुत्व का विचार भी सामान्यतया निहित रहता है। इसका अर्थ नीट्शे का अतिमानव होगा। अधिक-से-अधिक बुरा हुआ तो यह 'भूरे जंगली जानवर' या 'काले जंगली जानवर' या किसी भी जंगली जानवर का राज्य कहलायगा। यह एक प्रकार की बर्बर शक्ति, क्रूरता और बल की ओर पुनः लौटना होगा। यह विकास नहीं होगा बल्कि एक प्राचीन और उग्र प्रकार की बर्बरता में पुनः पतन होगा। इसका अर्थ यह भी हो सकता है कि मनुष्यजाति के अपने से आगे बढ़ने के गंभीर प्रयत्न में से राक्षस या असुर की उत्पत्ति हो जायगी, यद्यपि यह आगे बढ़ना गलत दिशा में होगा। एक ऐसा उग्र और भयंकर विशालकाय प्राणिक अहंभाव जो अपनी ही चरितार्थता की अत्यधिक निष्ठुर और

निरंकुश शक्ति से अपने को संतुष्ट करता है एक प्रकार की राक्षसी अतिमानवता होगी। किंतु वह दानव, दैत्य या संसारभक्षी 'राक्षस' चाहे अभी जीता है पर असल में अब वह भूतकाल की वस्तु हो गया है। इस प्रतिरूप का प्रादुर्भाव यदि अधिक मात्रा में हुआ तो यह पीछे की ओर जाता हुआ विकास कहलायगा। एक अतिक्रांत कर देनेवाली शक्ति का विशाल प्रदर्शन—एक ऐसी शक्ति का जो स्व-शासक एवं स्व-अधिकृत है, यहां तक कि जो एक कठोर ढंग से स्व-संयमित मानसिक और प्राणिक शक्ति भी कही जा सकती है, जो सबल, शांत या फिर मंद अथवा सामूहिक तीव्रता में भीषण है अथवा सूक्ष्म या अत्यधिक प्रबल है,—और मानसिक और प्राणिक अहंभाव का विकास असुर की विशेषता है। किंतु अपने भूतकाल में पृथ्वी यह सब काफी भुगत चुकी है; यदि इसकी पुनरावृत्ति हुई तो वही पुरातन ढर्रा और लंबे समय तक चलता रहेगा। दानव या असुर से उसके भविष्य को कोई सच्चा लाभ नहीं पहुंच सकता उसे अपने से ऊपर उठने की कोई शक्ति भी नहीं प्राप्त हो सकती। एक महान् और असाधारण शक्ति भी उसे केवल अपने पुराने धुरे के कुछ अधिक बड़े चक्कर ही दिला सकती है किंतु जिस वस्तु को प्रकट होना है वह इससे कहीं अधिक कठिन और कहीं अधिक सरल भी है। वह एक स्वयं चरितार्थ सत्ता है, आध्यात्मिक सत्ता की रचना है, वह आत्मा की तीव्रता है, उसका संवेग है, उसके प्रकाश, बल और सौंदर्य की उन्मुक्तता और उच्चता है। वह एक ऐसी अहंभावयुक्त अतिमानवता नहीं है जो मनुष्यजाति पर मानसिक और प्राणिक प्रभुत्व स्थापित कर लेती हो, बल्कि वह 'परम आत्मा' का अपने यंत्रों पर प्रभुत्व है, उसका अपने पर तथा आत्मा की शक्ति के द्वारा जीवन पर अधिकार है, वह एक ऐसी नयी चेतना है जिसमें मनुष्यजाति स्वयं ही उस दिव्यता के आविर्भाव से जो उसके अंदर जन्म लेने का प्रयत्न कर रही है अपने से आगे बढ़कर अपनी चरितार्थता प्राप्त कर लेगी। यही सच्ची और एकमात्र अतिमानवता है तथा विकासात्मक 'प्रकृति' में एक पग आगे बढ़ने की एकमात्र वास्तविक संभावना है।

यह नयी स्थिति सचमुच ही मानव चेतना और मानव जीवन के वर्तमान नियम का रूपांतरित रूप होगी, कारण यह 'अज्ञान'-मय जीवन के समस्त सिद्धांत को ही उलट देगी। यह कहा जा सकता है कि आत्मा 'अज्ञान' के रस के लिये, उसके आश्चर्य और साहसपूर्ण कार्य के लिये निश्चेतना में उतरी है तथा उसने 'जड़पदार्थ' का रूप धारण किया है; ऐसा उसने सृष्टि और खोज के साहसिक कार्य और आनंद की खातिर, आत्मा, मन और प्राण के साहसपूर्ण कार्य तथा जड़पदार्थ में उनकी क्रिया के सांयोगिक आश्चर्यों की खातिर तथा नयी और अज्ञात वस्तु की खोज एवं उसपर विजयप्राप्ति की खातिर किया है। यही सब जीवन का प्रयत्न कहा जाता है और ऐसा प्रतीत हो सकता है कि यह सब भी 'अज्ञान' की समाप्ति के साथ साथ समाप्त हो जायगा। मनुष्य का जीवन अज्ञान के प्रकाश और अंधकार से, लाभ और हानि से, कठिनाइयों और संकटों से, दुःख और सुख से बना है, यह उन विविध रंगों की क्रीड़ा है जो 'जड़पदार्थ' की सामान्य जड़ता की भूमि पर दृष्टिगोचर हो रहे हैं और इस जड़पदार्थ का आधार निश्चेतना का निर्ज्ञान और संवेदनहीनता है। सामान्य मानव-अस्तित्व के लिये जीवन सफलता और निराशा की, प्राणिक हर्ष और शोक की, संकट और लालसा की तथा सुख और दुःख की प्रतिक्रियाओं के बिना, भाग्य, संघर्ष, युद्ध और प्रयत्नों की अनिश्चितताओं और परिवर्तनों के बिना, अज्ञात के अंदर अपने को प्रक्षिप्त करनेवाली

नवीनता, आश्चर्य और सृष्टि के आनंद के बिना, विविधता से और इस कारण प्राणिक रस से रहित प्रतीत हो सकता है। यदि कोई जीवन इन वस्तुओं से आगे निकल जाय तो वह उसे एक ऐसी चीज प्रतीत होता है जिसका कोई आकार नहीं होता, साथ ही वह रिक्त प्रतीत होता है या सदा ही एक अपरिवर्तनीय रूप धारण किये रहता है। मनुष्य के मन का स्वर्गसंबंधी चित्र एक सदा एकरस रहनेवाली अवस्था की सतत पुनरावृत्ति है। किंतु यह एक भ्रांतिपूर्ण विचार है। कारण, विज्ञानमय चेतना में प्रवेश करने का अर्थ 'असीम' में प्रवेश करना होगा। वह एक ऐसी स्व-रचना होगी जो 'असीम' को असीम रूप में सत्ता का रूप प्रदान करती है, साथ ही 'असीम' की रुचि ससीम की रुचि से कहीं अधिक बड़ी, बहुविध और आनंद से परिपूर्ण होती है। ज्ञान में होनेवाले विकास की अभिव्यक्ति अज्ञान में हो सकनेवाले किसी भी विकास की अभिव्यक्ति से अधिक सुंदर और अधिक श्रेष्ठ होगी, उसमें कई दृश्य-क्षेत्र होंगे जो अपने आपको सदा नये नये रूपों में व्यक्त करते रहेंगे, साथ ही यह विकास सब प्रकार से अधिक सबल भी होगा। परम आत्मा का आनंद सदा नया रहता है; जो सौंदर्यपूर्ण रूप वह धारण करता है वे अनिश्चित होते हैं, उसकी दिव्यता सदा युवा रहती हैं और 'असीम' का आनंद-रस सनातन एवं अक्षय होता है। जीवन की विज्ञान-मयी अभिव्यक्ति अधिक पूर्ण एवं फलदायक होगी, उसकी रुचि अज्ञान की सर्जनकारी रुचि से अधिक स्पष्ट होगी। वह एक अधिक महान्, अधिक सुखकर एवं स्थायी चमत्कार होगी।

यदि भौतिक 'प्रकृति' में कोई विकास साधित हो रहा है, यदि यह विकास सत्ता का विकास है और चेतना और प्राण उसकी दो कुंजियां एवं शक्तियां हैं तो सत्ता, चेतना और प्राण की इस परिपूर्णता को विकास का लक्ष्य होना चाहिये, इसी लक्ष्य की ओर हम बढ़ रहे हैं और यही हमारे भविष्य की किसी प्रारंभिक या पिछली अवस्था में अभिव्यक्त होगा। सत्ता, आत्मा अर्थात् वह 'सद्वस्तु' जो प्राण और जड़ पदार्थ की प्रारंभिक निश्चेतना में से अपने आपको अभिव्यक्त कर रही है उसी प्राण और जड़पदार्थ में सत्ता और चेतनासंबंधी अपने पूर्ण सत्य को विकसित भी करेगी। वह अपनी ओर पुनः लौट आयगी,—या, यदि व्यक्तिगत रूप में उसका अंत अपनी पूर्ण सत्ता की ओर लौटना ही है तो वह उस सत्ता की ओर भी लौट सकती है,—किंतु वह जीवन से निराश होकर नहीं बल्कि उसमें अपनी आध्यात्मिक पूर्णता को प्राप्त करके यह कार्य करेगी। अज्ञान में किया गया विकास आत्म खोज और विश्व-खोजसंबंधी अपने विविध प्रकार के कष्ट और आनंद के साथ, अपनी अर्ध-उपलब्धियों और सतत लाभों और हानियों के साथ केवल हमारी प्रारंभिक अवस्था है। इसे अनिवार्य रूप में 'ज्ञान' में होनेवाले विकास की ओर, 'आत्मा' की स्व-उपलब्धि और स्व-अभिव्यक्ति की ओर, वस्तुओं में निहित दिव्यता की आत्म-अभिव्यक्ति और उस 'प्रकृति' में निहित सच्ची शक्ति की ओर बढ़ना होगा जो अभी भी हमारे लिये "परा प्रकृति है।"

—श्रीअरविंद

श्रीमाताजी के प्रवचन

(प्रश्न और उत्तर)

श्रीअरविन्द का जन्म एक सनातन जन्म है।

आज किसी ने मुझसे एक प्रश्न पूछा है। यह मेरे उन शब्दों से संबंध रखता है जो मैंने तुम्हें १४ अगस्त को, श्रीअरविन्द के जन्मदिवस की पहली शाम को कहे थे। यह प्रश्न मुझे रोचक प्रतीत हुआ क्योंकि इसका संबंध एक ऐसे वाक्य से है जो कुछ कुछ गोपनीय है और अपनी अत्यधिक सरलता के कारण कुछ अस्पष्ट भी है, पर उसे ऐसा होना ही था जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति उसे अपनी चेतना के स्तर के अनुसार समझ सके। मैं तुम्हें पहले कई बार कह चुकी हूं कि एक ही जैसे शब्दों को विभिन्न स्तरों पर समझा जा सकता है। मैं यह भी कह चुकी हूं कि इन शब्दों का प्रयोग जानबूझकर सरल ढंग से किया गया था। इनमें अस्पष्टता भी जानबूझकर लायी गयी थी जिससे कि ये व्यक्त करने योग्य अर्थ की जटिलता को धारण कर सकें।

यह अर्थ विभिन्न स्तरों पर थोड़ा विभिन्न प्रकार का है, किंतु है पूरक; पर यह सच्चे रूप में पूर्ण तभी होगा यदि यह एक ही समय सब स्तरों पर समझा जा सकता हो। सच्चे रूप में समझने का अर्थ है एकदम समझ लेना, तब सब अर्थ एक ही समय में दृष्टि, पकड़ और समझ में आ जाते हैं, किंतु, क्योंकि हमें जो भाषा मिली है वह बहुत ही अक्षम है, हमें उन्हें व्यक्त करने के लिये अपनी बात को बहुत से शब्दों के द्वारा, बहुत सी व्याख्याओं के द्वारा, एक एक करके कहना पड़ता है। अब मैं भी यही करने लगी हूं।

इस प्रश्न का संबंध उस वाक्य से था जिसमें मैंने श्रीअरविन्द के जन्म का जिक्र किया है, यह उनके जन्म-दिवस की पहली शाम थी। मैंने इसे एक 'सनातन जन्म' कहा था। मुझसे अब प्रश्न किया गया है कि यहां 'सनातन' से मेरा क्या तात्पर्य है।

स्वभावतया ही यदि इसका शाब्दिक अर्थ लिया जाय तो 'सनातन जन्म' का अर्थ कोई बहुत बड़ा नहीं है। किंतु मैं अभी तुम्हें बताऊंगी कि इसकी एक भौतिक व्याख्या और भौतिक अर्थ, एक मानसिक अर्थ और एक आंतरिक और आध्यात्मिक अर्थ भी हो सकता है, और वस्तुतः यही अर्थ है भी।

भौतिक रूप में इसका अर्थ यह है कि इस जन्म के परिणाम तब तक स्थायी रहेंगे जब तक कि पृथ्वी विद्यमान रहेगी। यह कहा जा सकता है कि श्रीअरविन्द के जन्म के परिणाम सर्वदा अनुभव किये जायंगे। इसी लिये मैंने इसे कवितामय ढंग से "सनातन" कहा है।

मानसिक रूप में यह एक ऐसा जन्म है जिसकी याद सदा के लिये बनी रहेगी, युगों तक श्रीअरविन्द का जन्म और इसके परिणाम लोगों को याद रहेंगे।

आंतरात्मिक रूप से यह एक ऐसा जन्म कहा जा सकता है जिसकी पुनरावृत्ति विश्व के

इतिहास में सदा और एक युग से दूसरे युग तक होती रहेगी। यह जन्म एक ऐसा प्रादुर्भाव है जो समय समय पर होता रहता है, अर्थात् यह जन्म नये नये रूपों में बार बार होता रहेगा और यह शायद प्रत्येक बार कोई अधिक बड़ी चीज, अधिक पूर्ण और सर्वांगीण चीज अपने साथ लायगा, किंतु यह पृथ्वी के ऊपर एक शरीर में अवतरण की, अभिव्यक्ति तथा जन्म की वही क्रिया होगी।

अंत में अब हम विशुद्ध आध्यात्मिक दृष्टिकोण को लेते हैं। इस दृष्टि से यह कहा जा सकता है कि यह पृथ्वी पर 'सनातन सत्ता' का जन्म है, क्योंकि ऐसे प्रत्येक समय जब कि 'अवतार' भौतिक शरीर धारण करता है, वह पृथ्वी पर स्वयं 'सनातन सत्ता' का जन्म होता है।

यह सब दो शब्दों में आ गया है, "सनातन जन्म"। अंत में मैं तुम्हें यह सलाह देती हूं कि भविष्य में अपने से यह कहने के पहले कि, "इसका क्या अर्थ है, मुझे कुछ समझ में नहीं आता, यह अच्छी तरह स्पष्ट नहीं है," तुम यह कह सकते हो: "शायद मैं उस स्तर पर नहीं हूं जहां मैं इसे समझ सकूं।" और तब शब्दों को नहीं बल्कि उनके पीछे स्थित किसी और चीज को ढूंढ़ने का यत्न करो।"

*
**

सच्चा साहसपूर्ण कार्य

पिछले वर्ष जब मैंने अतिमानसिक चेतना, अतिमानसिक ज्योति और अतिमानसिक शक्ति की अभिव्यक्ति की घोषणा की थी तो मुझे यह भी कहना चाहिये था कि यह घटना एक नये जगत् की अग्रदूत है। किंतु उस समय नया जगत् पुराने जगत् में इस प्रकार गुंथा हुआ था कि अभी तक भी ऐसे बहुत कम लोग हैं जो इस अभिव्यक्ति के प्रति तथा संसार में इसने जो परिवर्तन किया है उसके प्रति सचेतन हैं। फिर भी नयी शक्तियां अत्यधिक नियमित, स्थायी, और सुदृढ़ ढंग से, बल्कि एक हद तक प्रभावशाली ढंग से अपना कार्य करती आ रही हैं। इस सबका परिणाम प्रत्येक पग पर, प्रतिदिन के अनुभवों तक अंकित किया जा चुका है। इसकी एक संक्षिप्त और सीधी रूपरेखा यहां दी जा सकती है। पहली बात तो यह है कि यह विचार आध्यात्मिक जीवन और दिव्य 'सद्वस्तु' का एक नया विचारमात्र नहीं है। श्रीअरविन्द ने इस विचार को अत्यधिक स्पष्ट और पूर्ण ढंग से व्यक्त किया है। संक्षेप में हम इसे इस प्रकार उपस्थित कर सकते हैं।

पुरानी आध्यात्मिकता का अर्थ यह था कि दिव्य 'सद्वस्तु' की ओर जाने के लिये जीवन का त्याग कर देना चाहिये, अर्थात् संसार को उसी स्थान पर तथा उसी रूप में छोड़ देना चाहिये जहां या जिस रूप में वह पहले था। इसके विपरीत, हमारे नये ज्ञान का अर्थ है जीवन का दिव्यीकरण, स्थूल जगत् का दिव्य जगत् में रूपांतर। यह पहले कहा जा चुका है और बार बार कहा जा चुका है, बल्कि थोड़ा बहुत समझा भी जा चुका है। यही उस कार्य का आधारभूत विचार है जिसे हम करना चाहते हैं। किंतु यह कार्य पुराने जगत् को, जैसा कि वह था, जारी रखने की क्रिया, उसकी उन्नति एवं उसकी समृद्धि हो सकता

है। यह संपूर्ण विचार चाहे कितना भी सच्चा और नया क्यों न हो पर जब तक यह उच्चतर स्तरों में अर्थात् विशुद्ध विचार के प्रदेश में निवास करता है तब तक यह केवल संभाव्य रूप में ही एक नयी रचना हो सकता है। किंतु जो कुछ हो चुका है वह सचमुच ही एक नयी चीज है, एक नया जगत् जन्म ले चुका है। पुराने का रूपांतर नहीं हो रहा है पर यह एक बिलकुल नया जगत् है जिसने सचमुच ही मूर्त रूप में जन्म ले लिया है।

आजकल हम संक्रमण काल के ठीक बीच में से गुजर रहे हैं, उस कालमें से जहां ये दोनों जगत् एक दूसरे में गुंथे हुए हैं। पुराना जगत् विद्यमान् है और अभी भी काफी शक्तिशाली है तथा सामान्य चेतना को अधिकृत किये हुए है, जब कि नया जगत् मंद गति से, लजीले भाव में पदार्पण कर रहा है, और वह इस हद तक प्रकाश में भी नहीं आता कि बाह्य रूप में कुछ परिवर्तन लक्षित हो सके, बल्कि बहुत से लोगों की चेतना के लिये वह बिलकुल ही अदृश्य है। पर फिर भी वह अपना कार्य कर रहा है और लगातार बढ़ रहा है और ऐसे ही बढ़ता रहेगा जब तक कि वह अपनी सत्ता दृश्य रूप में स्थापित करने की शक्ति नहीं प्राप्त कर लेता।

जो भी हो, विचार को सरल ढंग से प्रस्तुत करने के लिये यह कहा जा सकता है कि पुराना जगत् जिसकी रचना को श्रीअरविन्द अधिमानस या अधिमानसिक कहते हैं विशिष्ट रूप में देवताओं का युग था और इसलिये वह 'धर्मों' का युग भी कहा जाता है। जो वस्तु मनुष्य से अधिक ऊंची थी उसकी ओर किये गये उसके प्रयत्नों के फलस्वरूप अनेक धर्मों ने, विभूतियों की आत्मा और अदृश्य जगत् के बीच के धार्मिक संबंधों ने जन्म लिया; और इन सबसे ऊपर, एक और भी अधिक ऊंची उपलब्धि को पाने के प्रयत्न के रूप में धर्मों की एकता के विचार ने, समस्त अभिव्यक्ति के पीछे स्थित इस एकमेव वस्तु के विचार ने जन्म लिया; यह विचार सचमुच ही मानव अभीप्सा की पराकाष्टा थी। यह विचार अभी सीमा प्रदेश पर है, यह अभी भी पूरी तरह से अधिमानसिक जगत् की, अधिमानसिक सृष्टि की वस्तु है और जो वहां से किसी और चीज की ओर, एक ऐसी चीज की ओर जिसका उसे केवल कुछ पूर्वाभास है दृष्टिपात करती प्रतीत होती है। वह एक ऐसी नयी सृष्टि है जिसे वह पाना तो चाहता है पर पा नहीं सकता। उसे पाने के लिये परिवर्तन की आवश्यकता है। मनुष्य को अधिमानसिक जगत् से बाहर निकल आना चाहिये पर ऐसा करने के लिये नयी सृष्टि को अर्थात् अतिमानसिक सृष्टि को उसका स्थान ले लेना होगा।

और अब तो वे सब पुरानी चीजें बहुत ही पुरानी, दकियानूसी और निरंकुश हो गयी हैं और वास्तविक सत्य की नकलमात्र रह गयी हैं।

अतिमानसिक सृष्टि में धर्मों का अस्तित्व नहीं होगा। समस्त जीवन ही विश्व में प्रकट होती हुई 'दिव्य एकता' की, रूपों में अभिव्यक्ति एवं उसका प्रस्फुटन होगा। और जिन्हें लोग आज देवता कहते हैं वे भी वहां नहीं रहेंगे।

ये महान् दिव्य सत्ताएं स्वयं भी नयी सृष्टि में भाग ले सकेंगी, किंतु उसके लिये उन्हें वह वेष धारण करना पड़ेगा जिसे हम पृथ्वी पर अतिमानसिक उपादान कह सकते हैं। यदि उनमेंसे कुछ ऐसे हैं जो अपने संसार में, अपनी वर्तमान स्थिति में ही रहना चाहते हैं, यदि वे शारीरिक रूप में अपनी अभिव्यक्ति नहीं चाहते तो अतिमानसिक जगत् की दूसरी सत्ताओं के साथ उनका संबंध मित्रों का संबंध, सहयोगियों और समान पदवालों का संबंध

होगा, क्योंकि उच्चतम दिव्य सारतत्त्व पृथ्वी पर नये अतिमानसिक जगत् की सत्ताओं में अभिव्यक्त हो चुका होगा।

जब भौतिक तत्त्व अतिमानसिक बन जायगा तब पृथ्वी पर एक शरीर में जन्म लेना कोई निम्नता की निशानी नहीं होगी। इसके विपरीत, उसे एक ऐसी उत्कृष्टता की प्राप्ति हो जायगी जो किसी और प्रकार प्राप्त नहीं की जा सकती।

किंतु यह सब भविष्य की बात है, उस भविष्य की जो शुरू हो चुका है पर पूरी तरह से चरितार्थ होने के लिये जिसमें अभी कुछ समय लगेगा। इस बीच, हम एक विशेष अवस्था में, एक बहुत ही विशेष अवस्था में स्थित हैं, जैसी कि पहले कभी नहीं आयी है। हम अपने सामने एक नये जगत् के जन्म को देख रहे हैं जो बिलकुल ही शिशुवत् और निर्बल है, निर्बल अपने सारतत्त्व में नहीं बल्कि अपनी बाह्य अभिव्यक्ति में है, जिसे अभी किसीने पहचाना नहीं है, अनुभव नहीं किया है, बल्कि बहुतों ने तो जिसे अस्वीकार भी कर दिया है। किंतु फिर भी वह मौजूद है, बढ़ने का प्रयास कर रहा है और परिणाम की ओर से पूरा निश्चित है। परंतु वहां तक पहुंचने की सड़क एक बिलकुल नयी सड़क है, जिसपर इससे पहले अभी तक कोई नहीं चला है। उस रास्ते अभी तक कोई नहीं गया है, किसीने भी उस कार्य को नहीं किया है। यह एक आरंभ है, एक जागतिक आरंभ है। इसीलिये यह एक साहसपूर्ण कार्य है जिसकी किसीको भी कोई आशा और कल्पना नहीं थी।

कुछ लोगों को साहसिक कार्य प्रिय होते हैं। उन्हीं लोगों का मैं आह्वान कर रही हूं और मैं उनसे यह कहती हूं: "मैं तुम्हें इस महान् साहसिक कार्य के लिये निमंत्रित करती हूं, तुम्हे इसमें आध्यात्मिक रूप से उन्हीं कार्यों को दुबारा नहीं करना है जिन्हें हमसे पहले कुछ और लोग कर चुके हैं, क्योंकि हमारा कार्य उस अवस्था के आगे से आरंभ होता है। हम एक नयी सृष्टि, पूर्णतया नयी सृष्टि चाहते हैं, उसके अंदर वह सब निहित होगा जिसे अभी तक किसीने नहीं देखा है, उसमें समस्त संकट और भय भी मौजूद हैं। यह एक सच्चा साहसिक कार्य है जिसका लक्ष्य निश्चित ही विजयप्राप्ति है, किंतु जिसका मार्ग अज्ञात है पर इस मार्ग को हमें अनजान प्रदेश में पग पग करके ढूंढ़ना है। यह एक ऐसी वस्तु है जो वर्तमान जगत् में कभी विद्यमान नहीं थी और न ही उसी ढंग से विद्यमान होगी ही। यदि यह सब तुम्हें रुचिकर लगता है तो चलो, आरंभ करो; कल क्या होगा, यह मैं नहीं जानती।

जो कुछ पहले देखा जा चुका है, जो कुछ पहले सोचा जा चुका है, जो कुछ पहले गढ़ा जा चुका है उस सबको पीछे छोड़कर तुम आगे, अज्ञात प्रदेश में बढ़ो। जो होगा सो देखा जायगा।

*
**

"एक नयी मनुष्यजाति के पास.....पहले से ही वह वस्तु होगी जिसे 'प्रकाश'युक्त मन कहा जा सकता है, एक ऐसा मन जो सत्य में निवास कर सकता है, सत्य के प्रति सचेतन हो सकता है, उसके जीवन में प्रत्यक्ष ज्ञान के स्थान पर प्रत्यक्ष ज्ञान को अभिव्यक्त कर सकता है। इस नयी जाति का मन अब 'अज्ञान' का नहीं बल्कि 'प्रकाश' का यंत्र होगा। जब वह अपनी उच्चतम अवस्था पर पहुंच जायगा तो वह अतिमानस में प्रविष्ट हो सकेगा।" **श्रीअरविन्द—"अतिमानसिक अभिव्यक्ति"**

यह निश्चित ही वही चीज है जिसकी श्रीअरविन्द हमसे आशा करते थे, जिसकी वे एक ऐसे अधिमानव के रूप में कल्पना करते थे जिसे वर्तमान मनुष्यजाति और अतिमानसिक रूप में सृष्ट अतिमानसिक सत्ता के बीच की सत्ता होना चाहिये, दूसरे शब्दों में, जिसमें पशु का कोई भी गुण नहीं होगा, जो सब पशु की आवश्यकताओं से मुक्त होगी।

हम लोग, जैसे कि हम आजकल हैं, पशु की साधारण प्रजनन-प्रणाली से उत्पन्न हुए हैं। इसलिये हम चाहे रूपांतरित हो भी जायं, तो भी पशुता का कुछ न कुछ अंश हममें पीछे रह ही जायगा। जिस अतिमानसिक सत्ता की श्रीअरविन्द ने कल्पना की है वह साधारण पशु-ढंग से जन्म नहीं लेता, किंतु वह प्रत्यक्ष रूप में एक ऐसी प्रक्रिया द्वारा निर्मित होता है, जो अभी भी, कुछ समय के लिये, हमें गुह्य प्रतीत होती है। यह उपादान और शक्तियों का एक ऐसा सीधा प्रयोग है और इस ढंग से किया जाता है कि शरीर एक मूर्त्त आकार ग्रहण कर लेता है, सामान्य पशु की प्रणाली से सृष्ट नहीं होता।

यह बिलकुल स्पष्ट है कि मध्यवर्ती सत्ताएं भी विद्यमान हैं। इन्हीं को अतिमानसिक सत्ताओं को उत्पन्न करने के साधन ढूंढ़ने चाहियें और इस बात में कोई संदेह नहीं कि जब श्रीअरविन्द ने यह लिखा था उन्हें इस बात का विश्वास था कि इसी कार्य को हमें करना है।

मैं सोचती हूं.....मैं जानती हूं कि जिसकी वे हमसे आशा करते हैं वह हम निश्चय ही चरितार्थ कर लेंगे। अब यह आशामात्र नहीं रही है, यह अब निश्चयता हो गयी है। केवल एक बात है कि इसे चरितार्थ करने के लिये जिस समय की आवश्यकता है वह हमारे वैयक्तिक प्रयत्न के अनुसार, हमारी एकाग्रता और सद्भावना के अनुसार और साथ ही उस महत्त्व के अनुसार जो हम इस तथ्य को देते हैं कम या अधिक लंबा होगा।

जो व्यक्ति ध्यानपूर्वक नहीं देख रहा उसे वस्तुएं बहुत थोड़ी परिवर्तित दीखेंगी, किंतु जो व्यक्ति देखना जानता है और बाह्य रूपों के द्वारा धोखा नहीं खाता उसके लिये वस्तुएं शुभ मार्ग की ओर बढ़ रही हैं। यदि प्रत्येक अपनी सामर्थ्य के अनुसार अधिकतम कार्य करे, तो शायद बहुत वर्षों के गुजरने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और उससे पहले ही प्रत्यक्ष परिणाम सबकी दृष्टि में आ जायंगे।

अब यह जानना तुम्हारा काम है कि क्या यह कार्य तुम्हें संसार की अन्य सब वस्तुओं से अधिक रोचक लगता है या नहीं।

एक क्षण ऐसा आता है जब कि स्वयं शरीर यह अनुभव करने लगता है कि रूपांतर के समान ऐसी कोई चीज नहीं है जिसके लिये जीवन धारण किया जाय, ऐसी कोई चीज नहीं है जो रूपांतर के समान प्रबल रूप में रोचक हो। ऐसा प्रतीत होता है मानों शरीर के सब कोषाणु इस 'प्रकाश' के लिये जो अभिव्यक्त होना चाहता है प्यासे हैं। वे उसे पुकारते हैं और उसमें एक गंभीर आनंद पाते हैं और उन्हें यह विश्वास होता है कि उनकी विजय अवश्य होगी।

यही वह अभीप्सा है जिसे मैं तुम्हारे अंदर संचारित करने की कोशिश कर रही हूं। तुम समझ जाओगे कि संसार में और सब कुछ उस वस्तु अर्थात् प्रकाश में होनेवाले रूपांतर की तुलना में जड़, अरोचक, व्यर्थ और मूल्यहीन है।

शरीर में भगवान् के लिये अभीप्सा कैसे जगाई जाय ?

स्वभावतया ही इसके जगाने के कई तरीके हैं, बल्कि प्रत्येक को अपना तरीका आप ढूंढ़ना होगा। प्रारंभिक ढंग भिन्न भिन्न व्यक्तियों के अनुसार भिन्न भिन्न होगा, बाह्य रूप में वह विरोधी तक हो सकता है।

पहले समय में जब कि योग का अर्थ जीवन से भागना था, कुछ लोगों को छोड़कर जिनकी भवितव्यता ही ऐसी थी, साधारणतया लोग योग के बारे में तभी सोचते थे जब कि वे बूढ़े हो जाते थे, जब वे एक लंबा जीवन व्यतीत कर चुकते थे तथा जीवन के समस्त उतार-चढ़ावों को, उसके दुःखों और सुखों को, शोकों और हर्षों को, उत्तरदायित्वों और निर्भ्रांतियों को अर्थात् उस सबको जिसे मनुष्य सामान्यतया जीवन से प्राप्त करता है जान चुकते थे। जब वे जीवन के सुखों की भ्रांतियों से जरा मुक्त हो जाते थे तभी वे दूसरी चीजों को सोचने के लिये परिपक्व होते थे, चाहे उस समय उनके शरीर में युवावस्था का उत्साह नहीं होता था, पर उसकी उन्हें अधिक जरूरत भी नहीं पड़ती थी।

इस दृष्टिकोण से वस्तुओं को देखना उस समय बड़ा अच्छा होता है जब व्यक्ति आध्यात्मिकता की खातिर जीवन का त्याग करना चाहता है तथा शरीर से रूपांतर में भाग लेने की आशा नहीं करता। स्पष्ट ही यह सबसे आसान तरीका है। किंतु यह भी स्पष्ट है कि यदि भौतिक जीवन को दिव्य जीवन में भाग लेना है, कार्य और उपलब्धि के लिये उसका क्षेत्र बनना है तो यह अधिक अच्छा है कि वह शरीर के जीर्ण होने या इतना शांत होने तक कि वह योग के मार्ग में बाधा न बने प्रतीक्षा न करे। इसके विपरीत, शरीर का काफी युवावस्था से ही इसमें भाग लेना अच्छा है, जब कि वह शक्ति से भरपूर होता है, जब वह अपनी अभीप्सा में काफी उत्साह और तीव्रता ला सकता है। तब व्यक्ति को उस थकावट का आश्रय लेने के स्थान पर, जिसे अब किसी चीज की आवश्यकता नहीं रहती, अज्ञात और नवीन वस्तु के लिये और पूर्णता के लिये जिस आंतरिक उत्साह की आवश्यकता होती है उसका आश्रय लेना चाहिये। और यदि तुम सौभाग्य से ऐसी अवस्थाओं में निवास करते हो जिनमें तुम्हें बचपन से ही सहायता और पथप्रदर्शन प्राप्त हो सकता है तो तुम्हें तभी से अस्थिर आनंद और ऊपरी सुख जिन्हें जीवन तुम्हें दे सकता है और जीवन, कर्म एवं विकास के उस आश्चर्यजनक रूप में भेद करने का प्रयत्न करना चाहिये जिसे वे पूर्णता और सत्य के एक ऐसे जगत् में धारण करेंगे जिसमें समस्त साधारण सीमाएं और अयोग्यताएं समाप्त हो जायंगी।

जब तुम छोटे होते हो, जब तुमने, जैसा कि मैं इसे समझती हूं, 'शुभ जन्म' लिया होता है, दूसरे शब्दों में जब जन्म से तुम्हारे अंदर आंतरात्मिक सत्ता चेतन होती है, तब तुम्हारे स्वप्नों में सदा ही एक अभीप्सा रहती है। वह बच्चे की चेतना के लिये एक ऐसी चीज की महत्त्वाकांक्षा होती है जो कुरूपता से रहित सौंदर्य है, अन्याय से रहित न्याय है, असीम दयालुता है। यह महत्त्वाकांक्षा एक ऐसी सफलता के लिये है जो चेतन और स्थायी है, जो एक सदा रहनेवाला चमत्कार है। जब तुम बच्चे होते हो तो तुम चमत्कारों के बारे में स्वप्न देखते हो, तुम चाहते हो कि संसार से सब दुष्टता दूर हो जाय, सब कुछ सदा प्रकाशमय, सुंदर और सुखी रहे, तुम उन कहानियों को पसंद करते हो जिनका अंत

सुखद होता है। इसी वस्तु का तुम्हें आश्रय लेना चाहिये। जब शरीर कष्ट अनुभव करता है, अपनी सीमाएं अनुभव करता है, तो उसी स्थान पर तुम एक ऐसी शक्ति की कल्पना करो जिसमें कोई सीमा न हो, वहां एक ऐसा सौंदर्य ले आओ जिसमें कोई कुरूपता न हो। यह एक आश्चर्यजनक शक्ति की कल्पना होती है, यह शक्ति प्रकाश में उड़ा सकती है, जहां जाना हो वहां ले जा सकती है, वस्तुओं के बिगड़ने पर उनमें व्यवस्था ला सकती है, रोगों को दूर कर सकती है। संक्षेप में, जब तुम बच्चे होते हो यही सब स्वप्न तुम देखते हो।

सामान्यतया ऐसा होता है कि माता, पिता और शिक्षक इन सब कल्पनाओं पर पानी फेर देते हैं जब कि वे कहते हैं: "ओह, यह तो एक स्वप्न है, वास्तविकता नहीं।" उन्हें वस्तुतः इससे ठीक उलटा करना चाहिये। उन्हें बच्चों को यह सिखाना चाहिये: "तुम्हें इस सबको चरितार्थ करने का प्रयत्न करना चाहिये और यह सब केवल संभव ही नहीं है, बल्कि यदि तुम अपने अंदर की उस चीज के साथ संबंध स्थापित कर लेते हो जो उन स्वप्नों को चरितार्थ करने की सामर्थ्य रखती है तो यह सुनिश्चित भी है। इसी को तुम्हारे जीवन का पथप्रदर्शन करना चाहिये, उसमें व्यवस्था लानी चाहिये, इसी को तुम्हें उस सच्ची वास्तविकता में विकसित होने देना चाहिये जिसे साधारण लोग भ्रांति कहते हैं।

यही सब उन्हें करना चाहिये। उन्हें अपने बच्चों को साधारण, गंवारू और स्थूल बुद्धि से युक्त साधारण बच्चे नहीं बनाना चाहिये, ऐसी बुद्धि को उनका अभ्यास नहीं बनने देना चाहिये। इस अभ्यास का परिणाम यह होता है कि जब कभी कोई कार्य अच्छा हो जाता है तो उनकी सत्ता में तुरंत ही यह विचार आता है, "ओह, यह टिकेगा नहीं।" यदि किसीने तुम्हारे साथ अच्छा व्यवहार किया है तो यह प्रतिक्रिया होगी, "अरे, यह सब स्थायी कहां रहेगा।" जब तुम कुछ कर सकते हो तो तुम यह सोचते हो—"ओह, कल मैं इसे इतनी अच्छी तरह नहीं कर सकूंगा।" यही बात सत्ता को खटाई में डाल देती है, यह एक ऐसी विनाशकारी 'खटाई' है जो सब आशाओं को, निश्चयता और भविष्य की संभावना में विश्वास को समाप्त कर देती है।

जब बच्चा उत्साह से भरा हो तो उसके उत्साह पर पानी मत फेरो, उसे यह कभी मत कहो, "तुम्हें पता होना चाहिये कि जीवन ऐसा नहीं है।" इसके विपरीत, तुम्हें उसे उत्साहित करना चाहिये, उसे यह कहना चाहिये, "वस्तुस्थिति सदा एकसी नहीं रहती; वह इस समय कुरूप लग रही है किंतु इस ऊपरी अवस्था के पीछे एक ऐसा सौंदर्य विद्यमान है जो प्रकट होने की चेष्टा कर रहा है। उसीसे तुम्हें प्रेम करना चाहिये, उसी को तुम्हें अपनी ओर लाने का प्रयत्न करना चाहिये, उसी को तुम्हारे स्वप्नों का, तुम्हारी महत्त्वाकांक्षाओं का विषय बनना चाहिये।

यदि इसका बचपन से अभ्यास किया जाय तो उस अवस्था से कठिनाई बहुत कम होगी जब कि उसे सब पुरानी चीजों को छोड़ना पड़ता है, बुरी शिक्षा के कारण किये गये बुरे काम छोड़ने होते हैं तथा साधारण, गंवारू और स्थूल बुद्धि को भी भुलाना पड़ता है; कारण, व्यक्ति जीवन से किसी भी भली वस्तु की आशा नहीं करता, जीवन उसे नीरस, दुःखदायी प्रतीत होने लगता है और उसकी समस्त आशाएं और सौंदर्यसंबंधी समस्त तथाकथित और मिथ्या स्वप्न भंग हो जाते हैं। इसके विपरीत, तुम्हें बच्चे से यह कहना चाहिये,

बल्कि अपने से भी यही कहना चाहिये यदि तुम बिलकुल गोद के बच्चे ही नहीं हो, "जो कुछ मेरे अंदर अवास्तविक, असंभव और भ्रांतिपूर्ण प्रतीत होता है वही सब सत्य है, उसी-को मुझे चरितार्थ करना चाहिये। जब मेरे अंदर ये अभीप्साएं हों कि मैं सब समय असमर्थता द्वारा सीमित नहीं रहूंगा, सब समय अशुभ भावना द्वारा नहीं रोका जाऊंगा तभी मुझे अपने अंदर इस निश्चय को उत्पन्न करना चाहिये कि यही मूलरूप में सत्य है और इसे ही मुझे चरितार्थ करना है।"

तभी शरीर के कोषाणुओं में विश्वास भी जागृत होता है। और तब तुम देखोगे कि तुम्हें अपने शरीर में ही इसका प्रत्युत्तर मिल जायगा। स्वयं शरीर यह अनुभव करेगा कि यदि वहां सहायता करने के लिये आंतरिक संकल्प विद्यमान है तो ये सब दुर्बलताएं थोड़ा थोड़ा करके विलीन हो जायंगी।

और जब पहली अनुभूति प्राप्त होती है, जब वह अपनी प्रारंभिक अवस्था में होती है, जब आंतरिक आह्लाद के साथ, आंतरिक सौंदर्य और आंतरिक प्रकाश के साथ तुम्हारा पहला संपर्क स्थापित होता है तब तुम एकदम ही यह अनुभव करने लगते हो, "ओह, यही तो मैं चाहता हूं।" तब तुम्हें इसे कभी नहीं भूलना चाहिये, तुम्हें अपने अंदर इसका पोषण करना चाहिये, इसे अपने सामने रखकर तुम्हें अपने आपसे कहना चाहिये, "मैंने इसे एक बार अनुभव किया है, अतएव इसे मैं दुबारा भी अनुभव कर सकता हूं। चाहे यह एक सेकिंड के कुछ भाग के लिये ही क्यों न ठहरा हो पर यह मेरे लिये सत्य अवश्य था, इसे मैं अपने अंदर फिर लाऊंगा।" तुम्हें शरीर को इसकी खोज के लिये उत्साहित करना चाहिये, उसे इस विश्वास से इस खोज में लग जाना चाहिये कि उसके अंदर इस सबकी संभावना मौजूद है और यदि वह इसकी मांग करेगा तो यह दुबारा भी आयगा।

यह तुम्हें अपने बचपन से ही करना चाहिये, जब जब तुम्हें अपने आपको एकाग्र करने का, एकचित्त होने का और आत्म खोज करने का अवसर प्राप्त हो तब तब तुम्हें ऐसा करना चाहिये।

तभी तुम्हें इस बात का पता चलेगा। जब तुम अपनी सामान्य अवस्था में हो, अर्थात् जब तुम बुरी शिक्षा और बुरे अभ्यासों द्वारा बिगड़ नहीं चुके हो, जब तुम स्वस्थ और एक अपेक्षाकृत संतुलित वातावरण में निवास करते हो, तब शरीर को सहज रूप में ही यह विश्वास हो जाता है कि यदि इस समय कोई वस्तु ठीक नहीं चल रही है तो यह समय भी निकल जायगा, इस विश्वास में मन या प्राण को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उसके अंदर ठीक होने का विश्वास निहित रहता ह, यह विश्वास कि रोग या अस्वस्थता निश्चय ही दूर हो जायगी। यह केवल अपने चारों ओर की परिस्थितियों द्वारा प्राप्त गलत शिक्षा का ही परिणाम है कि व्यक्ति धीरे धीरे अपने शरीर को यह सिखा देता है कि संसार में असाध्य रोग, असाध्य दुर्घटनाएं और बुढ़ापा विद्यमान हैं। ये सब वस्तुएं उसके निश्चय और विश्वास को उससे छीन लेती हैं। किंतु साधारणतया एक सामान्य बच्चे में शरीर—यहां मैं मन की बात नहीं कर रही—स्वयं ही अनुभव करता है कि यदि उसमें कोई चीज ठीक नहीं है तो वह ठीक हो जायगी। यदि ऐसा नहीं है तो समझ लो कि शरीर बिगड़ चुका है। सामान्यतया शरीर को स्वस्थ होना ही चाहिये, और यह एक बिलकुल असामान्य अवस्था है कि उसमें कोई खराबी पैदा हो जाय या वह बीमार पड़

जाय। उसके अंदर एक सहज और स्वाभाविक प्रवृत्ति मौजूद है और इसी के द्वारा उसे यह विश्वास होता है कि सब ठीक हो जायगा। केवल गलत विचार ही उससे यह विश्वास छीन लेता है। दुर्भाग्य से ज्यों ज्यों बच्चा बड़ा होता है यह विचार अधिकाधिक गलत होता जाता है। व्यक्ति सामूहिक सुझावों के प्रति आत्मसमर्पण कर देता है और फिर क्रमशः शरीर भी आत्म-विश्वास खो बैठता है और यह स्वाभाविक ही है कि आत्मविश्वास खोने के बाद वह संतुलन को पुनः स्थापित करने की सहज क्षमता भी खो बैठता है जिसकी आवश्यकता उसे संतुलन बिगड़ने पर पड़ती है।

यदि तुम्हें बहुत छोटी आयु से ही वे सब बातें सिखायी गयी हैं जो धोखा देनेवाली हैं, दुःख और विनाशकारी हैं, यहां तक कहा जा सकता है कि जो विघटनकारी हैं, तो चाहे शरीर अपनी तरफ से अच्छे से अच्छा व्यवहार भी करे, तो भी वह ठीक रास्ते से भटक चुका होता है, मिथ्यात्व धारण कर चुका होता है और तब वह अपने अंदर आंतरिक बल, आंतरिक सामर्थ्य और प्रतिक्रिया की शक्ति अनुभव नहीं करता क्योंकि इन सबको वह खो चुका होता है।

इसके विपरीत यदि शुरू से ही शरीर को मिथ्या रूप ग्रहण करने से बचाया जाय तो उसके अंदर विजय-प्राप्ति की निश्चयता बनी रहती है। मन का और शरीर पर उसके प्रभाव का दुरुपयोग ही शरीर से इस निश्चयता को छीन लेता है।

अतएव, पहला कार्य जो हमें करना चाहिये वह इस निश्चयता को बढ़ाना है न कि इसे नष्ट करना। ऐसा होने पर इसकी अभीप्सा प्रयत्नरूप नहीं रहती, बल्कि वह विजय-प्राप्ति के इस आंतरिक निश्चय का एक सरल प्रस्फुटन और अभिव्यक्ति बन जाती है। शरीर के अंदर तब अपनी दिव्यता की अनुभूति बनी रहती है।

यदि इसे तुमने खो दिया है तो इसे अपने अंदर पुनः प्राप्त करने की कोशिश करो।

जब कोई बालक तुम्हें एक ऐसा सुंदर स्वप्न बताये जिसमें उसे बहुत ही शक्तियों पर अधिकार प्राप्त हो गया था, जिसमें सब कुछ बहुत सुंदर था, तो उसे यह कभी मत कहो : "ओह, जीवन ऐसा नहीं है," क्योंकि तुम्हारा यह कार्य ठीक नहीं होगा। बल्कि उसे यह कहना चाहिये : "जीवन को ऐसा होना चाहिये और वह ऐसा होगा।"

*
**

मनुष्य यह कब कह सकता है कि वह पूर्णयोग के लिये तैयार हो गया है?

जब उसने अपने अंदर सब परिस्थितियों में आत्मा की एक पूर्ण समता प्राप्त कर ली हो। यह एक अनिवार्य शर्त है, एक पूर्णतया आवश्यक आधार है; उसके अंदर एक अत्यंत निश्चल, अत्यंत शांत और स्थिर वस्तु, एक महत्तर शक्ति की अनुभूति होनी चाहिये, ऐसी निश्चलता नहीं जो तमस् से उत्पन्न हुई हो, बल्कि उसमें एक ऐसी एकाग्र शक्ति की भावना होनी चाहिये जो उसे सदा, जीवन की भयानक परिस्थितियों में भी समस्थिति में रखे, उसके आसपास चाहे जो भी हो रहा हो।

इस अवस्था से पहले कुछ ऐसे संकेत देखने में आते हैं जो यह बताते हैं कि व्यक्ति ठीक दिशा में चल रहा है।

एक ऐसा समय आता है जब तुम सचमुच अपने आपको साधारण चेतना में बंदी अनुभव करते हो। तुम्हें ऐसा प्रतीत होता है मानों तुम किसी अत्यंत संकुचित और कठोर वस्तु में जकड़ दिये गये हो। तुम्हारा सांस घुटने लगता है और यह व्याकुलता असहनीय हो जाती है। तुम मुक्त होने की कोशिश करते हो पर तुम केवल ऐसी दीवारों से जा टकराते हो जो कठोर कांसे की बनी प्रतीत होती है।

इसका अर्थ यह है कि आंतरिक चेतना एक ऐसे स्थल पर पहुंच गयी है जहां बाह्य ढांचा उसके लिये बहुत छोटा पड़ गया है। साधारण जीवन, साधारण कर्म और संबंध सब इतने तुच्छ, इतने व्यर्थ प्रतीत होने लगते हैं कि तुम अपने अंदर एक ऐसी शक्ति अनुभव करने लगते हो जो बस अत्यधिक संकुचित आवरण को भेदकर अब बाहर फूटने ही वाली है।

एक और संकेत भी मिलता है कि जब जब तुम अपने को एकाग्र करते हो या अभीप्सा करते हो, तुम अपने अंदर एक शक्ति, एक ज्योति, एक शांति उतरती अनुभव करते हो,— तुम्हें तुरंत ही अपनी अभीप्सा का उत्तर मिल जाता है। यह इस बात को सूचित करता है कि संबंध भली प्रकार स्थापित हो चुका है।

*
**

जब मनुष्य को यह अनुभूति हो कि वह किसी बहुत ही संकीर्ण वस्तु में बंदी हो गया है तो उस अवस्था में उसे क्या करना चाहिये?

सबसे पहले तो यह कि अपने पर जोर-जबर्दस्ती मत करो। इसका परिणाम तो कुछ निकलने का नहीं, उलटे तुम अत्यधिक थक जाओगे।

यदि तुम अपनी आंतरिक ज्योति के प्रति सचेतन हो तो अपनी अभीप्सासंबंधी समस्त शक्ति को एकत्रित करो, उसे बड़े तीव्र भाव में उस ज्योति पर केंद्रित करो तथा उसका आह्वान करो। उस अग्नि को अधिकाधिक प्रज्वलित करने के लिये तुम जो भी उसमें झोंक सको, झोंको, किंतु साथ ही जितना हो सके शांत बने रहो। यदि तुम चंचल हो जाओगे, अस्थिर हो जाओगे या घबरा जाओगे तो तुमसे कुछ न हो सकेगा। पूर्णतया शांत बन जाओ और विश्वास रखो कि उत्तर अवश्य मिलेगा।

जब तुम इस अवस्था में होओ, जब तुम्हारी समस्त अभीप्सा और शक्ति इस आंतरिक ज्योति पर एकाग्र हो जाय तो तुम धीरे धीरे अपने बाह्य कठोर आवरण पर दबाव डालो, अधिक जोर जबर्दस्ती से नहीं पर स्थिरतापूर्वक तब तक डालते रहो जब तक तुम डाल सकते हो। पर ऐसा करते समय न तो तुममें चंचलता होनी चाहिये और न उत्तेजना अथवा खीझ ही।

यदि तुम ऐसा कर लेते हो तो तुम्हारी सफलता निश्चित है। हां, यह ठीक है कि पहली बार में ही यह सफलता तुम्हें प्राप्त नहीं होगी। किंतु इसे तुम बार बार, जितनी अधिक बार और जितना अधिक समय के लिये ऐसा करना आवश्यक है, करो; एक दिन ऐसा आयगा जब तुम एकदम ही प्रकाश के सागर में पहुंच जाओगे।

*
**

महात्मा बुद्ध को श्रीअरविन्द 'अवतार' मानते हैं, उनकी शिक्षा वर्तमान समय में अति-मानसीकरण के मार्ग में किस प्रकार बाधक या सहायक सिद्ध हो सकती है?

जो चीज मनुष्यजाति को उन्नति करने में सहायता पहुंचाती है वह सहायक है और जो उसकी उन्नति के मार्ग को अवरुद्ध करती है वह बाधक।

'दिव्य' शक्ति के जो रूप महात्मा बुद्ध में या उनकी भांति और व्यक्तियों में अवतरित हुए हैं वे किसी विशेष उद्देश्य और किसी विशेष कार्य के लिये तथा वैश्व विकासक्रम के किसी विशेष समय में ही अवतरित हुए हैं, किंतु वे मूल रूप में केवल एक और उसी 'सत्ता' के विभिन्न पक्ष हैं। अतएव विभिन्नता केवल कार्य की विशिष्टता में है। अन्यथा, वह सत्ता सदा वही 'सत्य', वही 'बल' और वही 'सनातन' जीवन रहती है जो इन सब रूपों में अभिव्यक्त होता है तथा जो इन रूपों को किसी विशेष समय, किसी विशेष कारण, और किसी विशेष उद्देश्य के लिये आकार प्रदान करता है। ऐसा इतिहास में सदा होता रहा है, किंतु रूप सदा नये होते हैं और उनका उपयोग सदा एक नयी उन्नति के लिये किया जाता है। पुराने रूप भी किसी स्पंदन की भांति चलते रहते हैं, किंतु ऐतिहासिक दृष्टि से यह कहा जा सकता है कि उनके जीवन का उद्देश्य केवल अस्थायी होता है तथा एक रूप का स्थान दूसरा रूप ले लेता है, इसमें वह एक पग आगे बढ़ जाता है। मनुष्य की गलती इसमें है कि वह बीते काल के साथ चिपटा रहता है, अनिश्चित समय के लिये भूतकाल को पकड़े रहना चाहता है।

इन शिक्षाओं का उपयोग उस समय करना चाहिये जब कि ये लाभकारी होती हैं, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति के विकास की अपनी कहानी होती है। तुम्हें उन अवस्थाओं में से गुजरना पड़ सकता है जिनमें ऐसे अनुशासनों की, उदाहरणार्थ, 'धम्मपद' जैसे ग्रंथों की कुछ समय के लिये उपयोगिता होती है। किंतु जब तुम उस अवस्था को पार कर लेते हो तब तुम्हें एक और अनुशासन का पालन करना चाहिये और यह देखना चाहिये कि जो तुम्हारे लिये इतिहास के किसी विशेष काल में उपयोगी था वह अब उपयोगी नहीं है। निश्चय ही जो लोग मानसिक विकास और संयम की एक विशेष अवस्था तक पहुंच चुके हैं उनसे मैं यह नहीं कहूंगी: "'धम्मपद' को पढ़ो और उसपर चिंतन करो।" यह एक प्रकार समय को नष्ट करना होगा। यह मैं केवल उन लोगों से ही कहूंगी जिन्होंने अभी उस अवस्था को पार नहीं किया है जहां उसके पढ़ने की आवश्यकता है।

किंतु मनुष्य सदा ही अपने कंधों पर अनंत बोझ लाद लेता है। वह भूतकाल की किसी भी चीज को छोड़ना नहीं चाहता और वह एक कार्य के 'निरुपयोगी' और एकत्रित होते हुए बोझ के नीचे अधिकाधिक दबता चला जाता है। मार्ग के एक भाग पर तुम्हें एक विशेष पथप्रदर्शक मिलता है, किंतु जब तुम उस भाग को पार कर लेते हो तो तुम उस भाग और पथप्रदर्शक दोनों को छोड़ दो और आगे बढ़ जाओ। यही वह कार्य है जिसे मनुष्य बड़ी कठिनाई से कर पाते हैं। जब उन्हें कोई ऐसी चीज मिल जाती है जो उन्हें सहायता पहुंचाती है तो वे उसीसे चिपट जाते हैं और तब वे आगे बढ़ना नहीं चाहते। यही कारण है कि जिन लोगों ने ईसाई धर्म की सहायता से उन्नति की है वे अब उसे छोड़ना नहीं चाहते और उसका बोझ अपने कंधों पर ढोए फिरते हैं। इसी प्रकार जिन्होंने अपना विकास

बौद्ध धर्म की सहायता से किया है वे भी इसे छोड़ना नहीं चाहते और उसे अपने कंधों पर लिये फिरते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि उनकी गति मंद पड़ जाती है और अनिश्चित समय के लिये रुक जाती है।

एक बार जब तुम एक अवस्था को पार कर लो तो उसे छोड़ दो, उसे पीछे रह जाने दो और तुम आगे बढ़ते जाओ।

*
**

वर्तमान जगत् की दशा को बदलने के लिये मनुष्य किस प्रकार सहायता पहुंचा सकता है?

संसार की वर्तमान दशा को देखकर बहुत लोग निराश हो गये हैं, वे रो रोकर कहते हैं: "दुनिया इतनी भयंकर क्यों है?" पर इस प्रकार का रोना-धोना व्यर्थ है, उपयोगी बात केवल इतनी है कि इसे बदलना चाहिये। हम सब इस विषय में एक मत हैं कि संसार घृणा के योग्य है, वह वैसा नहीं है जैसा कि उसे होना चाहिये, पर इसके लिये हमें केवल एक कार्य करना है कि इसे बदल दें।

किंतु वैयक्तिक रूप में हम उसे कैसे बदलें?

एक तरीका ऐसा है जिसे सब काम में ला सकते हैं—अपने आपको बदलना। यदि तुम स्वयं से कह सको, "मैं यह अच्छी तरह नहीं जानता कि मैं क्या हूं, किंतु जिन अनेक वस्तुओं ने मेरा निर्माण किया है शायद वही मेरा कार्यक्षेत्र हैं और यदि मैं अपनी ओर से इस कार्य को अधिक से अधिक अच्छा कर सकूं तो यही वह अच्छे से अच्छा कार्य होगा जो मैं कर सकता हूं।" यह एक बहुत बड़ा आरंभ है, बहुत ही बड़ा। और यह कोई अत्यधिक कार्य-भार नहीं है, यह तुम्हारी क्षमताओं से परे की भी कोई चीज नहीं है। यह कहा जा सकता है कि तुम्हारी शक्ति के अनुसार ही तुम्हें कार्य-क्षेत्र मिला है और वह कार्य-क्षेत्र इतना बहुविध, जटिल, विशाल और गंभीर है कि वह तुम्हें रुचिकर होगा ही। यह एक अज्ञात प्रदेश है जिसमें तुम्हें नयी खोज के लिये प्रवेश करना है।

तुम शायद मुझसे यह कहोगे: "किंतु यह तो मनुष्य का अहंभाव है।" यह अहंभाव अवश्य है पर तभी जब कि तुम कार्य को अहंभावयुक्त तरीके से, अपने वैयक्तिक लाभ के लिये करते हो, जब तुम कोई शक्ति प्राप्त करना चाहते हो, दूसरों पर अपना प्रभाव डालने के लिये बलशाली बनना चाहते हो, अपने जीवन को सुख-सुविधा प्रदान करने के लिये साधन ढूंढ़ते हो; तब स्वभावतया ही यह अहंभावयुक्त कार्य होगा। साथ ही यह भी जान लो कि तुम्हें इसमें प्राप्ति कुछ नहीं होगी। तुम अपने आपको धोखा देना शुरू कर दोगे, तुम नित्यप्रति बढ़ती हुई भ्रांतियों में निवास करने लगोगे और एक अधिकाधिक बड़े अंधकार में गिरने लगोगे। जगत् की व्यवस्था मनुष्य के विश्वास से कहीं अधिक अच्छी है.... आवश्यकता केवल इस बात की है कि तुम भागवत कार्य की सिद्धि के लिये अपनी अभीप्सा में पूर्णतया सच्चे रहो।

यदि तुम इस प्रकार आरंभ करो तो मैं तुम्हें पूरा निश्चय दिलाती हूं कि तुम्हारी यात्रा इतनी मनोरंजक होगी कि उसमें समय चाहे बहुत लगे भी, पर तुम उससे कभी

थकोगे नहीं। यदि तुम्हारे अंदर एक शक्तिशाली संकल्प, एक अडिग अध्यवसाय और एक ऐसी अनिवार्य प्रसन्न वृत्ति विद्यमान है जो तुम्हें समस्त कठिनाइयों और भूलों में मुसकराने की सामर्थ्य प्रदान करती है तो अंत में सब भला होगा।

*
**

श्रीअरविन्द लिखते हैं: "अतिमानस का अवतरण उस मनुष्य को जो उसे ग्रहण करता है तथा जो सत्य-चेतना में अपने आपको चरितार्थ करता है दिव्य जीवन की सब संभावनाएं प्रदान करेगा। वह किसी ऐसे संपूर्ण विशिष्ट अनुभव को ही नहीं जिसे हम आध्यात्मिक जीवन का निर्माता मान चुके हैं वरन् उस सबको भी अपने हाथ में ले लेगा जिसे इस समय हम उस श्रेणी से बाहर रखते हैं....."

श्रीअरविन्द—'अतिमानसिक अभिव्यक्ति'

वह क्या वस्तु है जिसे हम इस प्रकार बाहर रखते हैं?

यह व्यक्तियों पर निर्भर करता है। हम तो यह कहते हैं कि हम किसी भी चीज को बाहर नहीं रखते, बात केवल इतनी ही है। हमने समस्त मानवी कर्मों को अपने हाथ में ले लिया है, चाहे जो भी वे हों, उन्हें भी जिन्हें सबसे कम आध्यात्मिक माना जाता है। किंतु मुझे यह कह देना चाहिये कि उनका स्वभाव बदलना अधिक कठिन होता है। फिर भी हम चेष्टा करते हैं, अधिकतम सद्भावना के साथ उनपर कार्य करते हैं।

यह भी कहा गया है कि अतिमानसिक अवतरण परिवर्तन को अधिक आसान बना देगा, क्या यह ठीक है?

यहां दो बातें हैं जो काफी प्रतिरोध की शक्ति रखती हैं, पहली, जिसका संबंध राजनीति से है और दूसरी धन से संबंध रखती है। यही वे दो स्थल हैं जहां मनुष्य की वृत्ति को बदलना अत्यधिक कठिन हो जाता है।

हम यह कह चुके हैं कि सिद्धांत रूप में हमारा राजनीति से कोई सरोकार नहीं है और यह सत्य है कि जो रूप राजनीति का वर्तमान समय में दृष्टिगोचर हो रहा है उससे वास्तव में हमारा कोई संबंध नहीं है। किंतु यह प्रत्यक्ष है कि यदि राजनीति को उसकी सच्ची भावना में लिया जाय अर्थात् उसे मानव समुदायों के संगठन और उसके दूसरे समुदायों के साथ अर्थात् दूसरे राष्ट्रों और दूसरे देशों के साथ संबंध के नियमन के रूप में लिया जाय तो अवश्य ही यह भी अतिमानसिक रूपांतर का एक अंग बन जायगी। कारण जब तक राष्ट्रों के जीवन और उनके आपसी संबंध अपने वर्तमान रूप में ही बने रहेंगे तब तक पृथ्वी पर अतिमानसिक जीवन बिताना पूर्णतया असंभव होगा। इसलिये, इसको भी बदलना होगा, इसपर भी कार्य करना होगा।

अब वित्तीय प्रश्न को लो। पृथ्वी पर जीवन को सरल बनाने के लिये यह अति आवश्यक है कि हमें वस्तु-विनिमय और उत्पादन के सरल ढंग को ढूंढ़ना चाहिये, इसे

वास्तव में सरल होना चाहिये, प्राचीन समय के विनिमय के उस ढंग से अधिक सरल होना चाहिये जिसमें कोई चीज पाने के लिये उसके बदले दूसरी चीज दी जाती थी। इसे सिद्धांततः संपूर्ण पृथ्वी के लिये एक समान अर्थात् सार्वभौम होना चाहिये। जीवन को सरल बनाने के लिये ऐसा करना आवश्यक है, किंतु मनुष्य की वर्तमान प्रकृति के कारण इससे बिलकुल उलटा हो रहा है और अवस्था इतनी बिगड़ गयी है कि वह प्रायः असह्य हो गयी है। दूसरे देशों से जरा सा संबंध रखना भी संभव नहीं रहा है और विनिमयसंबंधी प्रचलित ढंग भी जिसे सरल होना चाहिये था इतना जटिल हो गया है कि वह जल्दी ही एक असंभव ढंग बन जायगा। मनुष्य अब इस अवस्था के इतना निकट आ गया है कि वह प्रत्येक कार्य के लिये बंधा होने के कारण कुछ भी नहीं कर सकेगा। तुम्हें यदि किसी देश से कोई चीज लेनी हो तो तुम्हें उसके लिये इतना जटिल और श्रमपूर्ण तरीका अपनाना पड़ेगा कि अंत में तुम्हें अपने छोटे से कोने में ही संतुष्ट होकर बैठ रहना पड़ेगा और जो आलू तुम अपने बगीचे में बोते हो उन्हीं से अपना गुजारा करना होगा। संसार में क्या हो रहा है और क्या पैदा हो रहा है इसके विषय में कुछ भी जानने की आशा को छोड़ देना होगा।

हां, तो ये दो विषय, राजनीतिक और वित्तीय, दोनों ही अत्यधिक प्रतिरोधपूर्ण हैं। मानवीय चेतना में यही दोनों सबसे अधिक अज्ञान और निश्चेतना की शक्तियों के, यह भी कहा जा सकता है कि अत्यंत सामान्य रूप से दुर्भावना की शक्तियों के अधीन हैं। यही बात उन्नति में, सत्य की ओर बढ़ने में रुकावट डालती है। दुर्भाग्य से प्रत्येक मनुष्य में भी यही स्थल दुराग्रही होता है और संकीर्ण रूप में मूर्खतापूर्ण रहता है। यह उस सबको जो उसके अभ्यास के अंतर्गत नहीं है समझना अस्वीकार कर देता है। अतएव इन सब वस्तुओं को अपने हाथ में लेकर इन्हें रूपांतरित करना सचमुच ही एक वीरतापूर्ण कार्य है। इसके लिये प्रयत्न किया जा रहा है और जब तक यह हो नहीं जाता तब तक पृथ्वी की वर्तमान दशा को बदलना असंभव है।

राजनीतिक और वित्तीय अवस्था को बदलने से सामाजिक और आर्थिक अवस्थाओं को बदल लेना अपेक्षाकृत कहीं अधिक आसान है। यदि हम आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण को लें तो कुछ ऐसे सामान्य और सार्वभौमिक विचार हमारे सामने उपस्थित होते हैं जिन्हें मानव-मन समझ सकता है, इनमें कुछ ऐसे उदार और विशाल विचारें तथा सामुदायिक संगठन भी हैं जो बिलकुल ही अर्थहीन और चरितार्थता के अयोग्य नहीं प्रतीत होते। किंतु ज्यों ही तुम उन दोनों प्रश्नों का स्पर्श करते हो जो अभी तक बड़े महत्त्वपूर्ण हैं, विशेषकर राजनीतिक प्रश्न का तो बात बिलकुल और हो जाती है.... कारण, हम एक ऐसे जीवन की कल्पना कर सकते हैं जो वित्तसंबंधी सब जटिलताओं से मुक्त हो, यद्यपि वह—यह शब्दों की क्रीड़ामात्र नहीं है—होगी एक विशुद्ध दरिद्रता ही। जो चीज वित्तीय संभावनाएं और वित्तीय प्रक्रियाएं अपने साथ लाती हैं उसमें संभावनाओं का विपुल ऐश्वर्य निहित रहता है। यदि यह उचित ढंग और उचित वृत्ति से प्रयोग में लाया जाय तो वह बहुत हद तक मनुष्य के समस्त संबंधों और कार्यों को सफल बना देगा तथा जीवनसंबंधी एक ऐसी जटिलता को अनुमति दे देगा जिसका उत्पन्न होना अन्य अवस्थाओं में कठिन होगा। किंतु मैं नहीं जानती किस कारण से,—हां, यदि यह ठीक हो कि भले से पहले बुरा अवश्य आता है तो दूसरी बात है,—वस्तुएं सरल ढंग को छोड़कर जटिल ढंग को इस हद तक अपना

लेती हैं कि ऐसे वायुयानों के होते हुए जो तुम्हें दो दिन में संसार के एक सिरे से दूसरे सिरे तक ले जाते हैं, उन सब आधुनिक आविष्कारों के होते हुए जो जीवन को इतना 'छोटा' और निकट बनाते जा रहे हैं कि दुनिया का पूरा चक्कर लगाने में जहां ८० दिन लगते थे वहां अब तुम कुछ दिन में यह काम पूरा कर लेते हो, मैं कहती हूं, यह सब होते हुए भी विनिमिय की जटिलताएं—यह केवल एक उदाहरण है—इतनी बड़ी हो गयी हैं कि कुछ लोगों के लिये तो अपने घर से बाहर निकलना कठिन हो गया है, मेरा मतलब है अपने देश से, जिसमें वे रहते हैं। और इसका कारण यह है कि उनके पास दूसरे देश में जाने के लिये साधन नहीं हैं, उदाहरणार्थ, यदि वे दूसरे देश में रह सकने के लिये धन की मांग करते हैं तो उनसे कहा जाता है : "क्या तुम्हारी यात्रा अत्यंत महत्त्वपूर्ण है ? क्या थोड़ी देर और ठहर नहीं सकते ? इस समय हमारे लिये प्रबंध करना अत्यंत कठिन है।" मैं हंसी नहीं कर रही, बड़ी गंभीरतापूर्वक यह बात कह रही हूं, यही आजकल हो रहा है। दूसरे शब्दों में जिस स्थान पर हमने जन्म लिया है उसी में हम बंदी हो रहे हैं, जब कि विज्ञान की प्रवृत्तियों ने देशों को परस्पर इतना निकट ला दिया है कि मनुष्य सारे विश्व का हो सकता है, कम से कम सारी पृथ्वी का तो हो ही सकता है।

यह आजकल की दशा है। पिछली लड़ाई से तो यह और भी बिगड़ गई है और हर साल अधिकाधिक बिगड़ती जा रही है। लोग आजकल अपने आपको एक अजीब परिस्थिति में पा रहे हैं। क्योंकि जिस चीज को उन्होंने बहुत जटिल बना दिया है उसे सरल बनाने के उनके सब साधन अब समाप्त हो गये हैं। इसके फलस्वरूप पृथ्वी पर यह विचार विकसित हो रहा है कि यदि संसार में एक बहुत बड़ी क्रांति हो जाय तो पीछे शायद दशा कुछ सुधर जायगी। इस विचार को मैं निरर्थक कहूंगी, पर दुर्भाग्य से यह 'निरर्थक' से भी बुरा है, यह विपत्तिपूर्ण है।

लोग निषेधों, असंभावनाओं, प्रतिरोधों, नियमों, सिद्धांतों और उलझनों के अंदर प्रतिक्षण इस कदर बंधे रहते हैं कि उनका दम घुटने लगता है। इसी कारण उनके अंदर इस 'बढ़िया' विचार ने घर कर लिया है कि यदि सब कुछ नष्ट हो जाय तो पीछे शायद हालत कुछ सुधर जायगी। यह विचार आजकल हवा में तैर रहा है और सरकारों ने अपनी स्थिति ऐसी असंभव बना ली है और वे इस हदतक जकड़ दी गई हैं कि उन्हें यह प्रतीत होने लगा है कि आगे बढ़ने के लिये उन्हें सब कुछ नष्ट-भ्रष्ट कर देना चाहिये... दुर्भाग्य से, यह संभावना से भी कुछ अधिक हो गया है, यह एक गंभीर खतरा बन गया है.....और यह पूरी तरह से निश्चित नहीं है कि लोग अपना जीवन अभी और असंभव नहीं बना लेंगे, क्योंकि जिन उलझनों में मनुष्य ने अपने आपको फंसा लिया है उनमें से निकलने के लिये मनुष्य अब असमर्थ अनुभव करता है। यह एक छाया है पर दुर्भाग्य से यह एक बड़ी सक्रिय छाया है, यह उस नई आशा की परछाईं है जो मानवीय चेतना में विकसित हो रही है, यह किसी अधिक समन्वयपूर्ण वस्तु की आशा और आवश्यकता है। ज्यों ज्यों वर्तमान काल का संगठित जीवन समस्त समन्वय से विपरीत होता जा रहा है त्यों त्यों यह आवश्यकता अधिकाधिक तीव्र होती जा रही है। ये दो विपरीत अवस्थाएं इतने तीव्र रूप में आमने सामने मुकाबिले में खड़ी हैं कि विस्फोट जैसी कोई भी चीज किसी भी समय घट सकती है।

संसार की आजकल यही दशा है, और यह कोई अधिक अच्छी नहीं है। किंतु हमारे लिये अभी भी एक संभावना है। मैं उसके बारे में कई अवसरों पर तुमसे चर्चा कर चुकी हूं। चाहे बाहर की वस्तुस्थिति बिलकुल ही बिगड़ गई है और विपत्ति रोकी नहीं जा सकती, तो भी हमारे लिये अभी भी एक संभावना मौजूद है। मेरा मतलब उन लोगों से है जिनके लिये अतिमानसिक जीवन एक निरर्थक स्वप्न ही नहीं है, जो उसकी वास्तविकता में विश्वास रखते हैं, जिनमें उसे चरितार्थ करने की अभीप्सा विद्यमान है। इससे मेरा यह मतलब नहीं कि ये लोग आवश्यक रूप में वही हैं जो यहां पांडिचेरी के आश्रम में इकट्ठे हुए हैं, मेरा मतलब उन सब लोगों से है जो श्रीआविंद-प्रदत्त ज्ञान से तथा इस ज्ञान द्वारा ही जीवन-यापन करने के संकल्प से परस्पर बंधे हुए हैं—मेरा कहना है कि इनके लिये अभी भी वैयक्तिक चमत्कार साधित करने की संभावना है जो कुछ हद तक सामूहिक भी होगा। इसे साधित करने के लिये आवश्यक काल, स्थान और समय पर विजय प्राप्त करने की, समय का स्थान प्रयत्न की उत्कटता को देने की तथा इस प्राप्ति की ओर काफी द्रुतगति से और काफी दूर तक आगे बढ़ने की, जिससे कि मनुष्य वर्तमान जगत्-स्थिति के परिणामों से बच सके, तथा शक्ति, बल, प्रकाश और सत्य को एकाग्र करने की संभावना अभी है। यह एकाग्रता इतनी उत्कट होगी कि केवल इस प्राप्ति के द्वारा व्यक्ति इन परिणामों से ऊपर, एक सुरक्षित स्थान में पहुंच सकेगा और 'प्रकाश', 'सत्य' और 'पवित्रता' के द्वारा प्रदान की गयी सुरक्षा का उपभोग कर सकेगा। यह पवित्रता आंतरिक रूपांतर द्वारा प्राप्त एक दिव्य पवित्रता होगी जिसके परिणामस्वरूप यह संभव है कि तूफान पृथ्वी के ऊपर से ही निकल जाये और यह आंधी-झक्खड़ इस प्राप्ति के आरंभ को अपने साथ उड़ा नहीं ले जाय।

यदि एक सहज निश्चलता में लीन हो जाने के स्थान पर, वस्तुओं को अपनी लय में चलते रहने देने के स्थान पर तुम अपने संकल्प को, अपने उत्साह और अपनी अभीप्सा को उकसाते हो और प्रकाश में आ जाते हो, तो तुम अपना सिर सीधा तानकर खड़े हो सकते हो; तब तुम आंधी और तूफानों से ऊपर जाकर, जो अंत में निकल ही जायंगे, चेतना के एक उच्चतर प्रदेश में रहने और श्वास लेने के लिये तथा उन्नति और विकास करने के लिये स्थान प्राप्त कर सकते हो।

यह कुछ हद तक अवश्य संभव है.... पिछले युद्ध के दिनों में जब श्रीअरविन्द यहां विद्यमान थे ऐसा हो भी चुका है। यह दुबारा भी हो सकता है, परंतु मनुष्य में इसके करने का संकल्प होना चाहिये और प्रत्येक को अपने हिस्से का कार्य जितनी सच्चाई से वह कर सकता है उतनी सच्चाई से करना चाहिये।

*
**

अतिमानसिक जगत् में गुह्य विद्या का क्या स्थान होगा? उसमें सब कुछ ज्ञात होगा, इसलिये वहां गुह्यविद्या सीखने की आवश्यकता कहां पड़ेगी?

तुम सोचते हो कि लोग गुह्यविद्या ऐसे सीखते हैं जैसे कि वे पियानो बजाना सीखते हैं।

किंतु यह बात बिलकुल ही ऐसे ढंग की नहीं है क्योंकि यहां हमारा संबंध एक ऐसी चेतना के स्तर से पड़ता है जो भौतिक नहीं है। बात वस्तुतः ऐसी है कि यदि तुममें इसके लिये विशेष प्रवृत्ति नहीं है तो तुम इस विषय पर संसार भर की पुस्तकें पढ़ सकते हो पर तुम उसका प्रयोग कभी नहीं कर सकोगे, यह एक विशेष योग्यता है।

यह भी सत्य है कि तुम पियानो बजाने के विषय में दुनिया भर की पुस्तकें पढ़ सकते हो, किंतु यदि तुम उसे सचमुच बजाओगे नहीं तो तुम्हें कभी बजाना नहीं आयगा। कोई जन्म से संगीतज्ञ होते हैं, जन्म से कलाकार होते हैं, और कुछ ऐसे लोग भी हैं जो अपने सारे जीवन परिश्रम करते हैं पर किसी भी चीज में सफलता प्राप्त नहीं कर सकते। यही बात गुह्यविद्या के साथ भी है। यदि इससे तुम्हारा यह मतलब है कि जब मनुष्य अतिमानसिक व्यक्ति बन जायगा तो उसे सब कुछ करने की शक्ति स्वयमेव प्राप्त हो जायगी तो यह बात ठीक है। किंतु यह नहीं कहा गया है कि यह शक्ति सहज-स्वाभाविक होगी। यह हो सकता है कि तुममें इतनी सामर्थ्य हो कि तुम सब कुछ कर सको, पर यह आवश्यक नहीं है कि तुम सब कुछ करोगे ही। यह सब होते हुए भी विभिन्न लोगों और उनकी व्यक्तिगत रुचियों के अनुसार श्रेणीगत भेद-विभेद होंगे ही, विशेष व्यक्तियों को ही विशेष कार्य सौंपे जायंगे। मुझे यह समझ में नहीं आता कि तुम अतिमानसिक जगत् को ही गुह्यविद्यासंबंधी योग्यता से वंचित क्यों करना चाहते हो।

अतिमानसिक जीवन के संबंध में तुम्हारा क्या विचार है? क्या इससे तुम्हारा मतलब एक ऐसे स्वर्ग से है जहां प्रत्येक व्यक्ति एक ही कार्य, एक ही ढंग से करेगा.....? यह तो स्वर्ग का वही पुराना विचार हुआ जहां प्रत्येक व्यक्ति ही देवदूत होता है और अपनी वीणा बजाया करता है। बात बिलकुल ऐसी ही नहीं है। वहां सब विभेद, विभिन्नताएं तथा भिन्न भिन्न कार्य होंगे, पर भेद केवल इतना होगा कि वहां व्यक्ति साधारण मानव अज्ञान के द्वारा नहीं वरन् ज्ञान के द्वारा कार्य करेगा।

क्या अतिमानसिक जीवन में शक्तियां अधिक महान् नहीं होंगी?

तुम गुप्त विद्या को एक ऐसी शक्ति के रूप में ले रहे हो जो जीवन और वस्तुओं पर एक प्रक्रिया के समान कार्य कर सकती है, किंतु यह गुह्यविद्या नहीं जादू होगा।

गुह्यविद्या चेतना का एक विशेष प्रयोग है। आजकल जिस ढंग से यह मनुष्यों द्वारा प्रयुक्त हो रही है, उसे देखते हुए वह वस्तुओं के बाह्य स्वरूप के पीछे स्थित शक्तियों का एक सीधा और चेतन बोध एवं उनकी क्रीड़ा है। क्योंकि तुम्हें उनका प्रत्यक्ष ज्ञान है, तुम्हारे पास उनपर कार्य करने की शक्ति भी है और तुम वांछित परिणाम के प्राप्त करने के लिये शक्तियों की क्रीड़ा में हस्तक्षेप करने के लिये एक ऐसी इच्छाशक्ति नीचे उतारते हो जो थोड़ी बहुत ऊंचे दर्जे की होती है।

पर अतिमानसिक जीवन में क्या ये शक्तियां मनुष्यों को सहज रूप से प्राप्त नहीं हो जायंगी?

सहज रूप से! ....किंतु गुह्यविद्या का अभ्यास तो सभी करते हैं, केवल उसे वे जानते नहीं। यह शक्ति तो सभी को सहज में ही प्राप्त है, पर शायद वह बहुत जरा सी, सुई की

नोक के बराबर होती है पर वह बड़ी भी हो सकती है, पृथ्वी या विश्व जैसी बड़ी भी। तुम उसका प्रयोग किये बिना रह नहीं सकते, केवल तुम उस विषयमें कुछ जानते नहीं। जब तुम्हें अतिमानसिक चेतना मिल जायगी, तब तुम जान लोगे कि भेद केवल इतना ही है।

मैं तुम्हें पहले ही समझा चुकी हूं कि जब तुम सोचते हो तब भी तुम गुह्यविद्या की क्रिया कर रहे होते हो। जब तुम किसी अन्य व्यक्ति के बारे में सोचते हो तो स्वभावतया ही तुम्हारे अंदर की कोई चीज उस व्यक्ति के संपर्क में आ जाती है, और यदि तुम अपने विचार के साथ यह संकल्प जोड़ लेते हो कि वह व्यक्ति एक या दूसरे प्रकार का बन जाय, एक या दूसरा काम करे या इस या उस बात को समझे तब तुम गुह्यविद्या की क्रिया ही कर रहे होते हो।

कुछ लोग यह अभ्यास बड़े शक्तिशाली रूप में करते हैं और जब उनका विचार बहुत सबल होता है तो वह व्यक्त हो जाता है तथा अपने आपको चरितार्थ कर लेता है। जब कि कुछ लोगों में वह कोई हानि नहीं पहुंचाता और न ही उसका कोई बड़ा परिणाम निकलता है। यह बात तुम्हारे विचार की शक्ति पर और साथ ही तुम्हारी एकाग्रता की शक्ति पर निर्भर करती है। इस गुह्यविद्या का अभ्यास सभी लोग करते हैं। भेद केवल इतना है कि जो सच्चे रूप में इसका अभ्यास करता है वह यह जानता है कि वह क्या करता है और आंशिक रूप में यह भी जानता है कि वह यह कैसे कर रहा है।

अतिमानसिक जगत् में क्या प्रत्येक व्यक्ति चेतन रूप से गुह्यविद्या का प्रयोग नहीं करेगा ?

वस्तुओं को जानने के ढंग वहां सदा भिन्न होंगे। शायद गुह्य शक्ति भी वहां अधिक व्यापक रूप में पायी जायगी, पर यदि तुम एक ऐसे संसार की कल्पना करो जिसमें प्रत्येक के पास समान गुह्य शक्ति हो, तो वहां कोई भेद नहीं रहेगा। जिन लोगों के पास गुह्य शक्ति होती है वह उसका प्रयोग उनपर करते हैं जिनके पास वह शक्ति नहीं होती, किंतु यदि प्रत्येक के पास वह समान मात्रा में हो तो वह गुह्यशक्ति रहेगी ही नहीं।

मुझे पूरा विश्वास है कि अत्यधिक पूर्ण अतिमानसिक उपलब्धि में भी मनुष्यों की योग्यताओं में और उनके कार्यों में जो प्रत्येक को दिये जायंगे भेद सदा रहेगा। फर्क केवल इतना होगा कि कोई अपने स्थान पर है या नहीं, जो कार्य व्यक्ति को करना चाहिये उसे वह कर रहा है या नहीं—इसके स्थान पर प्रत्येक अपने ठीक स्थान पर स्थित होगा, मुझे आशा है कि वह सदा अपने ठीक स्थान पर ही रहेगा, साथ ही जो कार्य उसे करना चाहिये उसे भी वह सदा चेतन रूप में करेगा। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि वहां रहकर व्यक्ति अंधकार में जानने या अपना रास्ता टटोलने के स्थान पर यह जान लेगा कि उसे क्या करना है और फिर उसे भली प्रकार करेगा। बस यही सारा भेद है। विभिन्नताएं वहां भी रहेंगी, प्रत्येक का अपना स्थान होगा, प्रत्येक का अपना कार्य होगा। यह मत सोचो कि सारा संसार एक जैसा बनना शुरू कर देगा और एक ही कार्य, एक ही ढंग से करने लगेगा। यदि ऐसा होने लगे तो संसार भयावह बन जाय।

जो वस्तु अतिमानसिक जगत् और वर्तमान जगत् में भेद दिखायेगी उसकी व्याख्या हम इस प्रकार कर सकते हैं: जिस वस्तु को तुम नहीं जानते, उसे तुम जान लोगे, जिसे तुम नहीं कर सकते उसे तुम कर लोगे, जिसे तुम नहीं समझते उसे तुम समझ लोगे और जिस

चीज के प्रति तुम चेतन नहीं हो उसके प्रति तुम चेतन हो जाओगे। यही नये जगत् का आधार है अर्थात् अज्ञान के स्थान पर ज्ञान की स्थापना करना, अचेतना के स्थान पर चेतना की तथा दुर्बलता के स्थान पर शक्ति की स्थापना करना, किंतु इसका यह अर्थ नहीं कि सब कुछ इतना मिश्रित हो जायगा कि कोई चीज पहचानी ही नहीं जा सकेगी।

श्रीअरविन्द हमसे कह चुके हैं कि 'अतिमानस' में उपलब्धि प्राप्त करने के विभिन्न विभिन्न स्तर होंगे और वे उसी विकसनशील क्रिया में क्रमशः अभिव्यक्त होंगे जिसने सदा ही वैश्व विकास का पथप्रदर्शन किया है। लोगों के लिये अतिमानसिक जगत् में विकास की कल्पना करना कठिन केवल इसलिये हो रहा है कि अब तक यह जगत् मनुष्यजाति के अधिकांश भाग के लिये बंद रहा है, या फिर बहुत कम लोगों के लिये मुश्किल से थोड़ा सा खुला है। पर असल में विकास वहां होगा ही, और, क्योंकि वहां विकास है, वहां आरोहण होगा और वहां एक ऐसी पूर्णता होगी जो स्वयं अपने नियम के अनुसार विकसित होती है, जो निश्चेतना से धीरे धीरे अपने आपको मुक्त करके पूर्णतया प्रकाशयुक्त चेतना को प्राप्त करती है तथा अज्ञान में कार्य करने के स्थान पर 'सत्य' में कार्य करती है। वह 'अनभिव्यक्त', जो अपने आपको अभिव्यक्त करने के लिये अतिमानसिक जगत् का प्रयोग करेगा, जो अभिव्यक्ति में संपूर्ण एवं समग्र रूप से तथा एक ही बारगी, यह भी कहा जा सकता है कि सबल रूप में विद्यमान नहीं है पर जो विकसनशील है, विकास के उसी नियम का अनुसरण करेगा जिसका कि यह जगत् जिसमें हम अब निवास करते हैं करता है। इसमें फर्क केवल इतना होगा कि तब अपने गंतव्य स्थान को न जानने के स्थान पर हम वहां तक पहुंचने के मार्ग को जान लेंगे और चेतन रूप में उसका अनुसरण करने लगेंगे। जो होना चाहिये उसके विषय में कल्पना करने, अनुमान लगाने, अटकल लगाने के स्थान पर हमें यह पता होगा कि हमें कहां जाना है और वहां कैसे पहुंचना है। उस जगत् में हमारे वर्तमान जगत् से इतना ही मूल भेद होगा। निश्चय ही वह एक ऐसा नीरस जीवन नहीं होगा जिसमें सब कुछ अनिश्चित और अपरिवर्तित रूप में एक समान रहेगा।

मेरा विश्वास है कि मानव चेतना में सदा ही एक ऐसी प्रवृत्ति है जो किसी एक स्थान पर पहुंचना चाहती है और फिर वहां सब कुछ समाप्त हुआ देखना चाहती है। "अब हम पहुंच गये, आराम से बैठ गये, अब यहां से हिलेंगे नहीं," यह एक निम्न प्रकार का अतिमानसिक जीवन होगा।

किंतु एक विकसनशील पूर्णता की ओर आरोहण करने और बढ़ने की क्रिया निश्चय ही अतिमानसिक जगत् में हमारे वर्तमान जगत् से कहीं अधिक दृष्टिगोचर होगी। अंधकार में व्यक्त होने के स्थान पर जहां सब कोई अंधवत् टटोल रहे हों यह क्रिया प्रकाश में अपने आपको अभिव्यक्त करेगी और व्यक्ति को यह जानने का आनंद प्राप्त होगा कि वह कहां जा रहा है और किस रास्ते से जा रहा है।

अतएव, तुम्हें मेरे पास आकर यह नहीं पूछना चाहिये: "क्या वहां यह चीज होगी?" या "क्या वहां वह चीज नहीं होगी?" जितनी चीजें हमारे पास अब हैं उससे कहीं अधिक चीजें वहां मौजूद होंगी। सब संभव वस्तुएं वहां विद्यमान होंगीं।

*
**

"अतिमानसिक शक्ति का प्रभाव पूरी मनुष्यजाति पर पड़ेगा या केवल उसका एक भाग ही जो परिवर्तन के लिये तैयार है उससे लाभ उठायगा यह इस बात पर निर्भर करता है कि विश्व की स्थायी व्यवस्था में क्या अभिप्रेत या संभव था।"

श्रीअरविन्द—'अतिमानसिक अभिव्यक्ति'

"क्या अभिप्रेत या संभव था", इस वाक्य का क्या अर्थ है? क्या इन दोनों बातों में भेद है?

दोनों एक ही हैं। जब तुम किसी चीज को किसी विशेष स्तर पर देखते हो तो तुम उसे समतल रूप में देखते हो और जब तुम उसी चीज को एक दूसरे स्तर से देखते हो तो वह तुम्हें गुरुत्वोन्मुख दिशा में दिखाई देती है। यदि तुम उसे ऊंचाई से देखते हो तो तुम कहते हो यह 'अभिप्रेत' था....और यदि उसे नीचे से देखा जाय तो उसे "संभव" कहा जायगा। पर है यह एक ही बात, केवल दृष्टिकोण में भेद है।

यदि तुम एक ऐसी चेतना में निवास करते हो जिसकी क्रिया मानसिक स्तर पर होती है, चाहे वह स्तर कितना भी ऊंचा क्यों न हो, तो तुम्हें यह बोध होता है कि 'कारण' और 'परिणाम' पूर्णतया नियत हैं और वस्तुएं जैसी हैं वैसी इसलिये हैं क्योंकि वे वही हैं जो वे हैं, और वे उससे भिन्न हो नहीं सकतीं। जब तुम अपनी मानसिक चेतना से पूर्णतया बाहर निकल आते हो और वस्तुओंसबधी एक उच्चतर अर्थ में,—इसे आध्यात्मिक या दिव्य अर्थ भी कहा जा सकता है,—प्रवेश पा लेते हो, केवल तभी तुम एकदम अपने आपको पूर्ण स्वतंत्रता की एक ऐसी अवस्था में पाते हो जहां सब कुछ संभव है।

जिन लोगों ने इस अवस्था का स्पर्श पा लिया है या इसमें वे निवास कर चुके हैं, चाहे वह एक क्षण के लिये भी क्यों न हों, वे इसका वर्णन एक पूर्ण और सक्रिय संकल्प के एक ऐसे प्रभाव के द्वारा करने की कोशिश करते हैं जो मानव मन के लिये स्वेच्छाचारिता के भाव को सूचित करता है। इसी विकृति के कारण ही एक स्वेच्छाचारी सर्वोच्च भगवान् के विचार ने, जिसे एक परंपरागत विचार भी कहा जा सकता है, जन्म लिया है। यह एक ऐसा विचार है जिसे आलोकित मन के लिये स्वीकार करना सबसे अधिक कठिन है। मैं कल्पना कर सकती हूं कि यह अनुभव जिसे ठीक ढंग से व्यक्त नहीं किया गया है इस विचार का स्रोत है। वास्तव में, इसे एक सर्वथा स्वतंत्र संकल्प कहना ठीक नहीं है; वस्तुतः, यह इससे बहुत भिन्न है, बल्कि बिलकुल ही दूसरी चीज है। कारण, साधारणतया मनुष्य संकल्प शब्द से यह अर्थ लेते हैं कि वह एक ऐसा निर्णय है जिसपर पहुंच कर वे उसे कार्यान्वित करते हैं। हमें 'संकल्प' शब्द का ही प्रयोग करना पड़ता है, किंतु जो संकल्प विश्व में कार्य करता है वह वास्तव में किसी चुनाव या निर्णय का परिणाम नहीं होता, उसे व्यक्त करने के लिये जो शब्द मुझे सबसे उपयुक्त प्रतीत होता है वह 'अंतर्दृष्टि' है।

वस्तुएं जैसी हैं वे वैसी इसलिये हैं कि वे सहज-स्वाभाविक रूप में वैसी दिखाई देती हैं, इसलिये नहीं कि वे वैसी आंखों से दिखायी देती है,....यह सब होते हुए भी यह शब्द अर्थात् 'अंतर्दृष्टि' सबसे अधिक निकट है, एक ऐसी अंतर्दृष्टि जो अभिव्यक्त हो रही

है। विश्व अपने आपको वैसा ही मूर्त्त रूप देता है जैसा कि वह हमारी दृष्टि में आ रहा है और इसी कारण श्रीअरविन्द ने इन शब्दों का प्रयोग किया है: "अभिप्रेत या संभव"। यह वास्तव में न एक है न दूसरा। वस्तुतः जो भी हम कह सकते हैं वह सब विकृत हो जाता है। मूर्त्त रूप धारण करना अर्थात् विश्व का मूर्त्त रूप में आना देश और काल में एक प्रकार का प्रक्षेप है; यह उस वस्तु की सजीव प्रतिमूर्त्ति है जो सनातन काल से चली आ रही है और जैसे ही यह प्रतिमूर्त्ति देश और काल के पर्दे पर प्रक्षिप्त की जाती है, वैसे ही वह मूर्त्त रूप धारण कर लेती है—सर्वोच्च भगवान् अपनी प्रतिमूर्त्ति अपने आप सोच लेता है।

*
**

इसका क्या कारण है कि कई बार पहली दृष्टि में ही तुम किसी के प्रति आकर्षित हो जाते हो, जब कि कुछ के प्रति तुम्हें जुगुप्सा होती है?

सामान्यतया यह प्राणिक समानताओं पर निर्भर करता है, किसी और चीज पर नहीं। कुछ प्राणिक स्पंदन ऐसे होते हैं जो अनुकूल होते हैं और कुछ ऐसे जो परस्पर अनुकूल नहीं होते। सामान्यतया यही बात होती है, और कुछ नहीं। यह एक प्रकार की प्राणिक रसायन-विद्या होती है।

इससे भिन्न दृष्टकोण अपनाने के लिये व्यक्ति को एक अत्यधिक गहन और स्पष्टदर्शी चेतना में स्थित होना चाहिये। एक ऐसा आंतरिक बोध होता है जो आंतरात्मिक चेतना पर आधारित होने के कारण तुम्हें यह जानने में सहायता देता है कि किन लोगों की तुम्हारी जैसी अभीप्सा है, तुम्हारे जैसा ही लक्ष्य है और कौन इस मार्ग पर तुम्हारे संगी हो सकते हैं। यह बोध तुम्हें उन लोगों का भी स्पष्ट ज्ञान करा देता है जिनका रास्ता तुम्हारे रास्ते से भिन्न होता है या जो तुम्हें हानि पहुंचानेवाली तथा तुम्हारे विकास में बाधा पहुंचानेवाली शक्तियां रखते हैं। किंतु ऐसा बोध प्राप्त करने के लिये व्यक्ति को अपनी आध्यात्मिक उन्नति और पूर्ण उपलब्धि को ही अपना एकमात्र कार्य मानना चाहिये। किंतु ऐसा प्रायः होता नहीं। सामान्य रूप में भी जब मनुष्य को यह स्पष्ट अंतर्दृष्टि प्राप्त हो जाती है तो इसका परिणाम आकर्षण या विकर्षण नहीं होता बल्कि एक अत्यंत मूर्त्त ज्ञान होता है, एक प्रकार की आंतरिक निश्चयता होती है जो तुम्हें आकर्षणों या विकर्षणों द्वारा नहीं वरन् एक स्थिर और विचारपूर्ण ढंग से काम करने के लिये प्रेरित करती है।

अतएव सामान्य रूप और कुछ हद तक पूर्ण रूप से भी यह कहा जा सकता है कि जिन लोगों की राग और द्वेष संबंधी वृत्तियां बड़ी निश्चित और आवेगयुक्त होती हैं वे वही होते हैं जो प्राणिक चेतना में निवास करते हैं। इसके साथ कुछ समान प्रकार की मानसिक रुचियां भी मिली रह सकती हैं, दूसरे शब्दों में, कुछ मन ऐसे होते हैं जो एक जैसी क्रियाएं करना पसंद करते हैं किंतु इन लोगों का स्तर बौद्धिक क्रम से अधिक ऊंचा होता है और दूसरे के साथ उनके संबंधों में उनकी भावना सरलता की, एक अत्यधिक शांति और निरासक्ति की होती है। मनुष्य कुछ लोगों से बात करके प्रसन्न होता

है, जब कि दूसरों के प्रति जरा भी आकर्षित नहीं होता, उनसे बात करके उसे कोई लाभ नहीं पहुंचता, क्योंकि उसमें दूरी और ठंडापन रहता है। इस प्रकार के संबंध बुद्धि के जगत् के होते हैं। किंतु प्रेम करना या घृणा करना प्राणिक जगत् की चीजें हैं।

जिस प्रकार एक भौतिक रसायन-विद्या है उसी प्रकार एक प्राणिक रसायन-विद्या भी है। कुछ ऐसे शरीर होते हैं जो एक दूसरे को आकर्षित करते हैं और कुछ ऐसे जो एक दूसरे से घृणा करते हैं। कई ऐसे पदार्थ होते हैं जो एक दूसरे के साथ मिल जाते हैं और कई ऐसे होते हैं जिनमें परस्पर मिलने पर विस्फोट हो जाता है। यही देखने में आता है। कुछ ऐसे प्राणिक स्पंदन होते हैं जिनमें परस्पर अनुकूलता होती है, और वह इतनी होती है कि ९९ प्रतिशत लोग इन आकर्षणों को 'प्रेम' समझ लेते हैं। वे एकदम यह अनुभव करने लगते हैं: "ओह! वह पुरुष! उसीके लिये तो मैं प्रतीक्षा कर रही थी; ओह, वह स्त्री! उसीकी तो मुझे खोज थी।" और वे एक दूसरे में बुरी तरह व्यस्त हो जाते हैं और ऐसा तब तक चलता रहता है जब तक कि वे यह समझ नहीं जाते कि ये सब ऊपरी बातें हैं, ये स्थायी नहीं रह सकतीं। इसलिये, जो लोग योग करना चाहते हैं उनके लिये मेरी पहली सलाह यह है, "तुम पसंदगियों और नापसंदगियों से ऊपर उठ जाओ।" इस बात में कोई सार नहीं है और यह कम से कम तुम्हें ऐसी कठिनाइयों में तो ले ही जायगी जिन पर विजय पाना कभी कभी असंभव हो जाता है। इन बातों से तुम अपने जीवन को नष्ट तक कर सकते हो। सबसे अच्छी बात तो यह है कि इन-की ओर ध्यान ही न दो और जरा अपने अंदर जाकर अपनेसे यह पूछो कि किस कारण—यह कारण कोई अधिक रहस्यमय नहीं होता—तुम एक व्यक्ति से मिलना पसंद करते हो और दूसरे से मिलना पसंद नहीं करते।

जब तुम पूर्णतया अपनी साधना में लगे होते हो तो एक समय ऐसा आता है जब कि तुम यह अनुभव कर सकते हो, पर बड़े सूक्ष्म और शांत ढंग से, कि यह संपर्क तुम्हारी साधना के लिये हितकारी है और दूसरा उसके प्रतिकूल है। किंतु इस भावना का रूप बड़ा तटस्थ होता है और वह प्रायः ही प्राणके इन तथाकथित आकर्षणों और विकर्षणों की विरोधी होती है। अधिकतर तो दोनों में कोई समानता नहीं होती।

अतएव अधिक अच्छा तो यह है कि इन बातों से जरा दूर रहकर इनपर दृष्टिपात करो और अपनेको इन चीजों की व्यर्थता का उपदेश दो।

यह स्पष्ट है कि कुछ ऐसी प्रकृतियां हैं जो पूर्णतया बुरी होती हैं, कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जो जन्म से ही दुष्ट होते हैं और सदा दूसरों को हानि पहुंचाना ही पसंद करते हैं। पर यदि तुम अपनी स्वाभाविक अवस्था में हो, जिस प्रकार की पशु होते हैं, विकृत अवस्था में नहीं,—इस बात में पशु मनुष्यों से बहुत ऊंचे होते हैं, विकृति मनुष्यों से शुरू होती है,—तो तुम स्वभावतया ही अपने आपको उनसे अलग रखते हो जिस प्रकार कि कोई किसी हानिप्रद वस्तु से दूर रहता है, किंतु सौभाग्य से ऐसे दुष्ट व्यक्ति अधिक नहीं होते। साधारणतया तो जीवन में मिश्रित स्वभाववाले व्यक्ति ही पाये जाते हैं जिन-में भलाई और बुराई दोनों का एक प्रकार का संतुलन रहता है, और उनके साथ तुम्हारा संबंध भी एक ही साथ भला और बुरा दोनों प्रकार का होता है। पर इस बात का कोई कारण नहीं है कि तुम उनसे अत्यधिक गंभीर प्रकार की अरुचि करो, क्योंकि तुम

स्वयं भी तो इसी प्रकार के मिश्रण हो; जैसे को तैसा तो मिलता ही है।

यह भी कहा जाता है कि कुछ लोग भूत-प्रेतों के समान होते हैं और जब वे किसी अन्य व्यक्ति के निकट आते हैं तो वे उसकी सारी शक्ति और बल चूस लेते हैं। इसलिये इन लोगों से मनुष्यों को ऐसे ही बचना चाहिये जैसे कि किसी भयानक संकट से बचा जाता है। इनका अस्तित्व होता तो है, पर न तो इनकी बहुलता होती है और न ही ये इतने पूर्णतया निकृष्ट होते हैं कि इनसे मिलने पर दूर भागने की आवश्यकता पड़े।

संक्षेप में, जब तुम आध्यात्मिक अर्थ में विकसित होना चाहते हो तो तुम्हारा पहला कार्य इन रुचियों और अरुचियों पर विजय प्राप्त करना है; इन सबपर मुस्कराना सीखो।

*
**

ऐसा प्रतीत होता है कि जब से आश्रम का विस्तार अधिक बढ़ने लगा है तब से यहां की सामान्य चेतना कुछ नीचे गिर गयी है। इसका क्या कारण है और इस सामान्य स्तर को कैसे ऊपर उठाया जाय?

यह जरा पेचीदी सी बात है। मैं इसे समझाने की कोशिश करूंगी। बहुत दिन तक आश्रम केवल कुछ व्यक्तियों के एकत्रित होने का स्थान रहा है; प्रत्येक व्यक्ति किसी विशेष वस्तु का प्रतिनिधित्व करता रहा है, उनमें कोई सामूहिक व्यवस्था नहीं थी। वे शतरंज के पटल पर रखे पृथक् पृथक् प्यादों की भांति थे, उनमें केवल ऊपरी एकता ही थी। बल्कि बाहर से यही दिखाई देता था कि वे एक ही स्थान पर इकट्ठे रह रहे हैं, कुछ आदतें समान हैं, पर वे भी थोड़ी सी ही, बहुत नहीं। प्रत्येक अपनी योग्यता के अनुसार अपना विकास करता था, या नहीं भी करता था; दूसरों के साथ उसका बहुत ही कम संबंध था। अतएव, उस असमान समुदाय के निर्माण करनेवाले व्यक्तियों के विकास की मात्रा को देखते हुए यह कहा जा सकता था कि कुछ सामान्य ढंग का विकास हो चुका है, पर यह विकास कुछ अस्थिर प्रकार का था, इसमें कोई सामूहिक ढंग की वास्तविकता नहीं थी। ऐसा बहुत दिन तक चलता रहा।

यह अभी थोड़े समय की ही बात है कि एक सामूहिक वास्तविकता की आवश्यकता प्रतीत होने लगी है। यह सामूहिक वास्तविकता केवल आश्रम में ही सीमित नहीं होगी, वरन् उन सब लोगों को भी अपने अंदर समाविष्ट कर लेगी जिन्होंने—मेरा मतलब है अपनी चेतना में, न कि भौतिक रूप से—अपनेको श्रीअरविन्द के शिष्य घोषित कर दिया है और जो उनकी शिक्षा के अनुसार जीवन बिताने का यत्न कर रहे हैं। उन सबमें, बल्कि अतिमानसिक चेतना और शक्ति के अवतरण के बाद से और भी अधिक, एक सच्चे सर्व-सामान्य जीवन की आवश्यकता जागृत हो गयी है। यह केवल विशुद्ध भौतिक परि-स्थितियों पर ही आधारित नहीं है बल्कि यह एक गहनतर सत्य का प्रतिनिधित्व करती है। यह एक ऐसे समाज का आरंभ है जिसे श्रीअरविन्द अतिमानसिक या विज्ञानमय समाज कहते हैं।

श्रीअरविन्द यह कह चुके हैं कि इसके लिये समुदाय के सब व्यक्तियों की चेतना को भी अतिमानसिक होना चाहिये। किंतु इससे पहले कि यह पूर्णता व्यक्तिगत रूप में साधित

हो सके, यह आवश्यक हो गया है कि इस सामूहिक व्यक्तित्व को—यदि इसे यह नाम दिया जा सकता हो तो—उत्पन्न करने के लिये आंतरिक प्रयत्न किया जाय। एक सच्ची एकता की, एक गहनतर संबंध की आवश्यकता अब अनुभव होने लगी है और इसे प्राप्त करने के लिये प्रयत्न शुरू हो चुका है। पर इससे कुछ कठिनाई पैदा हो गयी है। कारण, पहले प्रवृत्ति इतनी अधिक वैयक्तिक थी कि कुछ लोगों के स्वभाव अस्तव्यस्त हो गये थे, भौतिक रूप में नहीं, क्योंकि उस रूप में उनमें अब भी कोई पहले से अधिक फर्क नहीं है, मेरा मतलब आंतरिक रूप से है; अब उनमें चेतना के कुछ अधिक गहन रूप में एक प्रकार की पारस्परिक निर्भरता पैदा हो गयी है और मैं इसी बात पर सबसे अधिक बल भी देती हूं। इसने कुछ हद तक वैयक्तिक स्तर को नीचे गिरा दिया है, उन लोगों के स्तर को छोड़कर जो पहले ही एक इतनी सशक्त आंतरिक उपलब्धि प्राप्त कर चुके थे कि वह स्तर को बराबर करने की क्रिया का सामना कर सकते थे।

इसी बात से हम यह समझने लगे हैं कि सामान्य स्तर नीचे गिर गया है, पर यह ठीक नहीं है। बल्कि सामान्य स्तर अब पहले से अधिक ऊंचा है, किंतु वैयक्तिक स्तर कई लोगों में नीचे अवश्य गिर गया है। जो व्यक्ति किसी न किसी उपलब्धि के पाने की सामर्थ्य रखते थे वे बिना जाने अपने आपको एक ऐसे बोझ के नीचे दबा अनुभव करने लगे हैं जिसे उन्हें पहले कभी नहीं ढोना पड़ा था और जिसका कारण भी यही पारस्परिक निर्भरता है। किंतु यह बात कुछ समय तक ही रहेगी और अंत में इसका परिणाम एक उन्नत अवस्था में बल्कि एक अत्यंत प्रत्यक्ष सामान्य उन्नति में लक्षित होगा। स्वभावतया ही यदि प्रत्येक व्यक्ति चेतन होता, इस प्रकार निम्न स्तर की ओर जाने के स्थान पर वह दूसरों से प्राप्त तत्त्वों प्रभावों और प्रवाहों को रूपांतरित करने, उन्हें परिवर्तित एवं उन्नत करने के प्रयत्न में लगा रहता तो पूरा समुदाय ही एक उच्चतर चेतना तक उठ जाता, उससे कहीं अधिक उच्च चेतना में जिसमें व्यक्ति पहले था।

जब मैंने तुमसे प्रयत्न करने की एक अधिकाधिक अनिवार्य आवश्यकता का जिक्र किया था तब मैं तुम्हें वस्तुस्थिति की बारीकियों में गये बिना इसी बात की ओर ला रही थी। और मैं ठीक यही एक दिन तुम्हें बतानेवाली थी कि यह प्रयत्न केवल वैयक्तिक उन्नति ही साधित नहीं करेगा, वरन् यह कहा जा सकता है कि यह एक विस्तृत रूप भी धारण कर लेगा, इसके सामूहिक परिणाम अत्यंत महत्त्वपूर्ण होंगे। किंतु यह सब मैंने तुम्हें नहीं कहा, क्योंकि मैं महीनों तक वैयक्तिक चेतनाओं को इसलिये तैयार करना चाहती रही कि वे सामूहिक व्यक्तित्व को केवल स्वीकार ही न कर लें बल्कि उसे भली प्रकार पहचान भी लें।

अब इस बात को समझाने का समय आ गया है। यह निम्न स्तर जो तुम्हें दिखाई देता है इसका और कोई कारण नहीं है, वस्तुतः यह निम्न है ही नहीं। यह उन्नति की एक घुमावदार क्रिया है। इसमें यह आवश्यक है कि व्यक्ति किसी एक उपलब्धि से थोड़ा दूर चला जाय जिससे कि उपलब्धि अधिक विस्तृत ही न हो बल्कि अधिक ऊंची भी हो जाय। यदि इसमें प्रत्येक व्यक्ति चेतन रूप में और शुभ भावना के साथ सहयोग दे तो यह विकास शीघ्र ही साधित हो जायगा। यदि आश्रम के जीवन को अपना अस्तित्व रखना है तो ऐसा करना एक अनिवार्य आवश्यकता है। वे सब चीजें जो उन्नति की ओर नहीं बढ़तीं, अवश्य ही अवनति को प्राप्त होकर नष्ट हो जायंगी। आश्रम को अपना अस्तित्व

रखने के लिये अपनी चेतना का विकास करना ही होगा, साथ ही उसे एक सजीव सत्ता भी बनना होगा। बस सारी बात यही है। विकास के घुमावदार क्रम में इस समय हम उपलब्धि की उस रेखा से कुछ दूरी पर अवश्य स्थित हैं जिसका हम कुछ साल अनुसरण करते रहे हैं, किंतु हम दुबारा उसपर लौट आयंगे, पर पहले से ऊंचे स्तर पर, यही इस सबका कारण है।

स्पष्ट ही, कुछ ऐसी गतियां भी हो सकती हैं जो उस बात की विरोधी हों जो अभी मैंने तुमसे कही है, किंतु ऐसा हुआ ही करता है। कारण, प्रत्येक बार जब तुम कोई चीज चरितार्थ करना चाहते हो, पहली कठिनाई जो तुम्हारे सामने आती है वह उस सबका विरोध होता है जो पहले सक्रिय नहीं था और अब सामना करने के लिये उठ खड़ा हुआ है। स्वभावतया ही वह सब जो इस परिवर्तन को स्वीकार नहीं करना चाहता मुकाबले में उठ खड़ा होता है और विद्रोह करने लगता है, किंतु इसका कोई महत्व नहीं। यही बात व्यक्ति के अंदर भी होती है। जब तुम कोई विकास साधित करना चाहते हो तो जिस कठिनाई पर तुम विजय प्राप्त करना चाहते हो वह तुम्हारी चेतना में दस गुना अधिक तीव्र एवं महत्त्वपूर्ण हो उठती है। तुम्हारा कार्य केवल कार्य में लगे रहना है, बस इतना ही, कठिनाई अपने आप दूर हो जायगी। —श्रीमाताजी

सोने से पहले विश्राम लेना

जो खोजें व्यक्ति स्वप्नों में करता है उनका कोई अंत नहीं है। किंतु एक बात अत्यंत महत्त्वपूर्ण है: जब तुम अत्यधिक थके हुए हो तो उस वक्त मत सोओ, कारण, उस समय यदि तुम सोओगे तो तुम एक प्रकार की निश्चेतना में जा गिरोगे और स्वप्न तुम्हारे साथ मनमाना व्यवहार करने लगेंगे, उनपर तुम्हारा नियंत्रण जरा भी नहीं रहेगा। जैसे तुम्हें विश्राम करने के बाद ही भोजन करना चाहिये वैसे ही, मैं तुम सबको यही सलाह दूंगी कि सोने से पहले भी कुछ विश्राम ले लो; किंतु तुम्हें विश्राम लेना आना चाहिये।

विश्राम करने के कई तरीके हैं। एक यह है: पहले शरीर को आराम से पलंग या आरामकुर्सी पर निश्चल भाव में लिटा दो, तब अपनी सब स्नायुओं को एक साथ या एक एक करके ढीला करने की चेष्टा करो, जब तक कि पूरी तरह से वे ढीली नहीं हो जातीं। जब यह हो जाय और तुम्हारा शरीर पलंग पर ऐसे लेटा रहे मानों उसपर कोई चादर बिछी हुई हो तो तुम अपने मस्तिष्क को नीरव और निश्चल कर दो, इस हद तक कि वह अपने प्रति चेतन न रहे। तब धीरे धीरे, अलक्षित रूप में इस अवस्था से निद्रा की गोद में चले जाओ। जब तुम अगली सुबह को उठोगे तो तुम अपने आपको शक्ति से भरपूर पाओगे। इसके विपरीत, यदि तुम थकी हालत में और अपने आपको बिना ढीला छोड़े सोने चले जाओगे तो तुम एक ऐसी बोझिल, जड़ और अचेतन निद्रा में ग्रस्त हो जाओगे जिसमें प्राण अपनी समस्त शक्तियां खो देगा।

ऐसा हो सकता है कि इसका फल तुम्हें तत्काल ही न प्राप्त हो पर तुम अपनी ओर से प्रयत्न करते रहो।

त्रैमासिक विवरण

यह त्रिमास हमारे 'खेल-कूद' का त्रिमास था। अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रतियोगिताएं पहली जुलाई से पहली सितंबर तक अर्थात् दो मास तक चलती रहीं। इसका आरंभ सदा की भांति हमारे बड़े खेल के मैदान में विशेष 'मार्च-पास्ट' से हुआ जब कि सब दलों ने श्रीमाताजी का अभिवादन किया।

इस बार प्रतियोगिता में आये नामों की संख्या पहले वर्षों से कम थी, क्योंकि हमने इस बार प्रत्येक खेल में आवश्यक मानदंड को ऊंचा कर दिया था। किंतु फिर भी कार्यक्रम खूब भरा-पूरा था और स्वभावतया ही मानदंड को ऊचा उठाने से खेलों का स्तर पहले से बहुत अच्छा हो गया था।

पहली सितंबर को पारितोषिक-वितरण हुआ और इससे पहले सदा की भांति इस वर्ष भी छोटे बच्चों की कुछ 'रोचक दौड़ें' हुईं। इस अंक में हम इन दौड़ों के तथा पुरस्कार-पत्रों के कुछ चित्र दे रहे हैं, साथ ही कुछ चित्र बड़े मैदान के दृश्यों और वहां किये गये खेलों के भी हैं।

इस त्रिमास की विशेष घटना पांडिचेरी के तृतीय अंतर्राष्ट्रीय चित्र-प्रदर्शनी का खुलना थी। यह १५ अगस्त से आरंभ होकर एक सप्ताह तक खुली रही। ३६ देशों से चित्र प्राप्त हुए और प्रदर्शनी बहुत सफल रही। प्रदर्शनी का सामान्य स्तर ऊंचा था, किंतु कोई इतना उत्कृष्ट चित्र नहीं था जिसे पुरस्कार दिया जाता। इस प्रदर्शनी में एक विशेषता यह थी कि इस बार रूस और पोलैंड से भी चित्र प्राप्त हुए थे; इनसे इन देशों की छबि-चित्र संबंधी ऊंचे स्तर की उन्नति का पता चलता है।

इस प्रदर्शनी के साथ साथ आश्रम के कलाकारों और चित्रकला के विद्यार्थियों के चित्रों की भी प्रदर्शनी हुई। इनमेंसे कुछ चित्र बहुत अच्छे थे। दोनों प्रदर्शनियों में खूब भीड़ रही।

अब हमारे पास क्योंकि १६ मिलीमीटर प्रोजैक्टर के साथ साथ ३५ मिलीमीटर प्रोजैक्टर भी हो गया है, हम महीने में दो बार चलचित्र भी दिखाते हैं। अधिकतर ये तथ्यात्मक चित्र होते हैं; साथ ही हम कुछ ऐसे मशहूर चित्र भी दिखाते हैं जो सुन्दर होने के साथ साथ शिक्षाप्रद भी होते हैं।

इस अंक का अंतिम चित्र एक बहुत ही सुंदर चित्र है, इसमें दो पक्षी अपने नीड़ के सामने बैठे हैं।